रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)--72

Regd. No. D. (D.N.)—72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 56] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 15, 1983/चैत्र 25, 1905
No. 56] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 15, 1983/CHAITRA 25, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

वाणिज्य मंत्रालय
आयात व्यापार नियंत्रण
नई दिल्ली, दिनांक 15 अप्रैल, 1983

विषय:—अप्रैल, 1983—मार्च 1984 के लिए आयात-निर्यात क्रियाविधि पुस्तक

सार्वजनिक सूचना संख्या 11 आई टी सी (पी एन)/83 अप्रैल, 1983–मार्च, 1984 के लिए आयात-निर्यात क्रियाविधि पुस्तक इस सार्वजनिक सूचना के लिए अनुबंध में दी जाती है।

रीमा मजुमदार मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात।

अध्याय 1
प्रस्तावना

1. **उद्भव**: भारत में आयात व्यापार नियंत्रण को द्वितीय महायुद्ध के प्रारंभिक काल में युद्धकालीन उपाय के रूप में आरंभ किया गया था। इस संबंध में भारत रक्षा नियमावली के अधीन प्रदत्त अधिकारों को लागू करने के लिए 20 मई, 1940 को एक अधिसूचना जारी की गई। इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा के स्रोतों को सुरक्षित करना और वास्तविक आयात पर प्रतिबन्ध लगाना था जिससे कि जलयानों के लिए उपलब्ध सीमित स्थान पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। प्रारंभिक आदेश के अनुसार आयात की जाने वाली केवल उन 68 वस्तुओं पर नियंत्रण लागू किया गया जिनमें ज्यादातर उपभोक्ता वस्तुएं थी। विदेशी मुद्रा के स्रोतों पर दबाव पड़ने के कारण बाद में आयात नियंत्रण अन्य वस्तुओं पर भी लागू कर दिया गया। 31 दिसम्बर, 1940 को कच्चे इस्पात और अर्धविनिर्मित इस्पात पर भी नियंत्रण लागू कर दिया गया। 15 फरवरी, 1941 को मशीन के औजारों के आयात पर भी नियंत्रण लागू कर दिया गया। 23 अगस्त, 1941 को बहुत-सी अन्य वस्तुओं को विशेषकर पूंजीगत माल और औद्योगिक आवश्यकता की वस्तुओं को भी आयात नियंत्रण की सीमा में ले लिया गया। इस प्रकार आयात, नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं की सीमा बढ़ती गई। जनवरी, 1942 में कुछ और मदें भी इसकी सीमा में ले ली गई। 1 जुलाई, 1943 को अंतिम रूप से एक समेकित अधिसूचना जारी की गई जिनमें मशीन के औजारों के अतिरिक्त सभी नियंत्रित मदें शामिल थी।

2. **विधान का विकास**

युद्ध समाप्त होने पर भारत रक्षा नियमावली रद्द हो गई, इसलिए आयात व्यापार नियंत्रण उपबन्धों को जारी रखने के लिए सितम्बर, 1946 में आयात उपबन्ध (जारी रखना) अध्यादेश, 1946 जारी किया गया। अंत में इन नियमों के बदले में आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) बनाया गया जो शुरू में 25 मार्च, 1947 से तीन वर्ष के लिए लागू किया गया। तत्पश्चात् इस अधिनियम की वैधता 5-5 वर्ष की दो अवधियों के लिए लगातार बढ़ा दी गयी, जिसकी पहली अवधि छः वर्ष थी और इसके बाद की दूसरी अवधि 31 मार्च, 1971 तक 5 वर्ष की थी।

इसके बाद इस अवधि को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया गया। इस अधिनियम के अधीन समय-समय पर अनेक अधिसूचनाएं जारी की गई। इनकी जगह 7 दिसम्बर, 1955 को आयात (नियंत्रण) आदेश सं. 17/55 के नाम से समेकित आदेश जारी किया गया। इस आदेश में समय-समय पर संशोधन किया गया और यह अब तक लागू है। आयात सुविधाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की दृष्टि से उपबन्ध बनाने के लिए 4 नवम्बर, 1975 को आयात और निर्यात (नियंत्रण) संशोधन अध्यादेश 1975 (1975 की सं. 19) जारी किया गया। बाद में इस अध्यादेश के स्थान पर संसद ने आयात और निर्यात (नियंत्रण) संशोधित अधिनियम, 1976 पारित किया। 31 मार्च, 1982 तक संशोधित अधिनियम, आयात और निर्यात (नियंत्रण) 1947 और आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955, इस पुस्तक के परिशिष्ट 1 और 2 में दिए गए हैं।

3. निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 को परिशिष्ट 2 में पुनः उद्धृत किया गया है।

नियंत्रण के अधीन आने वाली मदें :—

4. वास्तव में आजकल सभी वस्तुएं आयात नियन्त्रण के अधीन हैं और इन्हें आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 1 में शामिल कर लिया गया है। इस प्रकार की मदों का आयात करना निषेध है। लेकिन, लाइसेन्स के अनुसार अथवा उक्त आदेश के अंतर्गत जारी किए गए सीमा शुल्क निकासी परमिट अथवा केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए खुले सामान्य लाइसेंस या यदि वे मदें उक्त आदेश के खण्ड 11 में उल्लिखित किसी शर्त के अन्तर्गत आती हैं, तो उन का आयात किया जा सकता है। सोने, चांदी, करेंसी नोट, बैंक नोट और सिक्कों के आयात पर विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अंतर्गत रिजर्व बैंक आफ इंडिया का नियंत्रण है।

निर्यात नियंत्रण

5. (1) निर्यात नियंत्रण में केवल निर्यात (निबंत्रण) आदेश, 1977 की अनुसूची 1 में शामिल की गई मदें आती हैं। निर्यात लाइसेन्स के बिना निम्नलिखित माल का निर्यात किया जा सकता है:—

(क) वह माल जो उक्त अनुसूची में शामिल न हो; या

(ख) वह माल जो निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की धारा 15 की व्याप्ति के भीतर आता हो; या

(ग) वह माल जो आयात-निर्यात-नीति 1983-84 में शामिल खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आता हो।

(2) सोना, करेंसी नोटों, बैंक नोटों और सिक्कों का निर्यात विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

आयात/निर्यात नीति

6. (1) आयात और निर्यात नीति प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए भारत के असाधारण राजपत्र में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से घोषित की जाती है। 1983-84 के लिए आयात-निर्यात नीति दो भागों में जारी की गई है। भाग-1 में आयात एवं निर्यात संवर्धन के लिए नीति निहित है और भाग-2 में उन मदों के संबंध में नीति निहित है जो निर्यात लाइसेंस शर्त के अधीन हैं। ये मूल्य पर उपलब्ध होने वाले प्रकाशन हैं और क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों, प्रकाशन प्रबन्धक, दिल्ली और सरकारी प्रकाशनों के अन्य अधिकृत व्यापारियों के पास बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

2. आयात या निर्यात नीति में परिवर्तन/संशोधन जो समय-समय पर आवश्यक हो जाते हैं, वे सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से अलग से अधिसूचित कर दिए जाते हैं; जब और जैसे ही ऐसे संशोधन/परिवर्तन अधिसूचित हो जाते हैं, उपर्युक्त नीति पुस्तकों की व्यवस्थाएं उसके अधीन आ जाती हैं।

(3) इस पुस्तक में निहित अनुदेश और मार्गदर्शन ऐसे संशोधनों/परिवर्तनों के अधीन लागू हैं जो समय-समय पर किए जा सकते हैं।

(4) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात सार्वजनिक सूचना जारी करके किसी भी लाइसेंस अवधि या पण्य वस्तु या आयातकों/निर्यातकों की किसी भी श्रेणी के सम्बन्ध में आयात-निर्यात लाइसेंस जारी करने के लिए कोई भी विशेष-क्रियाविधि प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे मामलों में आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए और उन पर विचार करने के लिए निर्धारित क्रियाविधि केवल उसी सीमा तक लागू होगी जो उस सार्वजनिक सूचना में निर्धारित की जाती है।

अन्य कानूनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आयात/निर्यात लाइसेंस जारी करना

7. आयात या निर्यात लाइसेन्स उन अन्य कानूनों के प्रचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जारी किया जाता है जिनके अधीन माल या आवेदक/लाइसेन्सधारी प्रभावित हो सकते हैं। यह बात खुले सामान्य लाइसेंस में रखे गए आयात/निर्यात के लिए अनुमेय माल के लिए भी लागू होती है। प्रत्येक सम्बद्ध व्यक्ति से यह आशा की जाती है कि उसने सभी समय अपने मामले पर लागू अन्य सभी कानूनों का पालन किया है और करता रहेगा।

आयात/निर्यात के देश

8. जब तक कि लाइसेंसों में अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, आयात और निर्यात के लिए लाइसेंस और खुले सामान्य लाइसेंस दक्षिणी अफ्रीका और दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका को छोड़कर संसार के किसी भी देश से और किसी भी देश को आयात और निर्यात करने के लिए वैध होंगे।

अध्याय 2

सामान्य लाइसेंस क्रियाविधि

9. इस अध्याय में आयात लाइसेंस क्रियाविधि दी गई है। निर्यात प्रक्रिया एक अलग अध्याय में दी गई है। इस पुस्तक में दिए गए अनुदेश, सम्बद्ध आयात-निर्यात नीति प्रावधानों के अधीन होंगे।

आयातक का "कोड नम्बर"

10. आयातकों का कोड नम्बर-आबंटन की पद्धति 1 जुलाई 1982 से प्रारम्भ की गई है। भारत में माल आयात करने वाला प्रत्येक व्यक्ति (चाहे वह निजी अथवा फर्म या कम्पनी आदि हो) को कोड नम्बर की आवश्यकता होगी जब तक कि वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा इससे विशिष्ट रूप से मुक्त न कर दिया गया हो। सीमा शुल्क प्राधिकारी इसमें किसी भी व्यक्ति को भारत में माल आयात करने के लिए अनुमति नहीं देगा जब तक कि उसके पास वैध आयातक कोड नम्बर न हो। अतः आयातकों को सलाह दी जाती है कि वे अपेक्षित कोड नम्बर प्राप्त करने के लिए शीघ्र कदम उठाएं। कोड नम्बरों का आबंटन सम्बद्ध क्षेत्रीय आयात व्यापार नियंत्रण लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कोड नम्बर प्राप्त करने की क्रियाविधि इस पुस्तक में दी गई है।

आयातकर्ताओं की श्रेणी

11. (1) आयातकर्ताओं को लाइसेंस जारी करने के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है:—

(1) वास्तविक उपयोक्ता

(क) औद्योगिक

(ख) गैर-औद्योगिक

(2) पंजीकृत निर्यातकर्ता अर्थात जो पंजीकृत निर्यातकर्ताओं के लिए आयात नीति के अन्तर्गत आयात करते हैं।

(3) अन्य

(2) लाइसेंस के आवेदन-पत्रों पर सम्बद्ध लागू नीति के अनुसार विचार किया जाता है।

आवेदन-पत्र

12. (1) लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में होने चाहिए।

(2) आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र परिशिष्ट 11 में दिए गए हैं। पंजीकृत निर्यातकों के लिए प्रपत्र परिशिष्ट 10 में दिए गए हैं।

(3) आवेदन-पत्र लाइसेंस कार्यालयों और सरकारी प्रकाशनों के प्राधिकृत विक्रेताओं से खरीदा जा सकता है। यदि फार्म तुरन्त उपलब्ध नहीं है, तो आवेदक निर्धारित फार्म की टाइप, साइक्लोस्टाइल या मुद्रित प्रतियों का उपयोग कर सकता है।

(4) आवेदक को नियमों के अधीन या निर्धारित आवेदन फार्म में निर्दिष्ट मांगी गई आवेदन-पत्र की एक या अधिक प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

आवेदन-पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति

13. आयात लाइसेंस के लिए प्रत्येक आवेदन पत्र या आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम या आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अन्तर्गत अन्य दस्तावेज या प्रपत्र आवेदक द्वारा स्वयं या आवेदक द्वारा विधिवत/कानूनी रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। आवेदन-पत्र/दस्तावेज/प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा धारित फर्म कानून प्राधिकारी की स्थिति और स्वरूप क्या है, यह उसके पद की सरकारी मोहर के साथ स्पष्ट रूप से दिया जाना चाहिए। अन्यथा ऐसे आवेदनपत्र/दस्तावेज/प्रपत्र पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। ये बातें किसी सरणीबद्ध मद के सीधे आबंटन के लिए सरणीबद्ध अभिकरण को दिए गए आवेदन पत्रों के लिए समान रूप से लागू होती हैं।

आवेदन शुल्क

14. (1) आयात आवेदन-पत्रों की विभिन्न श्रेणियों के लिए चुकाए जाने वाले शुल्क का मापक्रम आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 3 में दिया गया है, देखिए परिशिष्ट 2 जिसमें सीमा शुल्क निकासी परमिटों के लिए मापक्रम भी शामिल है। प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ निर्धारित शुल्क के भुगतान का साक्ष्य देते हुए एक वैध रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट होना चाहिए। यदि आवेदक को आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अन्तर्गत ऐसे भुगतान से छूट प्राप्त है तो यह स्पष्ट रूप से आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट होना चाहिए।

(2) शुल्क चुकाने के लिए क्रियाविधि परिशिष्ट 9 में दी गई है।

(3) सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण से नीति के अन्तर्गत सारणीबद्ध मद के सीधे आबंटन चाहने वाले आवेदक को शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं है।

(4) जमा किए गए आवेदन शुल्क की वापसी की मांग के लिए अनुसरण की जाने वाली क्रियाविधि परिशिष्ट 9 में दी गई है।

आवेदन करने की अन्तिम तिथि

15. (1) आवेदकों की विशिष्ट श्रेणियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अन्तिम तिथियां 1983-84 की आयात-निर्यात नीति में दी गई हैं। जिस मामले में ऐसी तिथि न दी गई हो, उसमें आवेदन-पत्र 29 फरवरी, 1984 तक किसी भी समय दिए जा सकते हैं।

(2) यदि अंतिम तिथि सार्वजनिक छुट्टी की तिथि हो या अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों से आवेदन उक्त अंतिम तिथि को या इससे पहले लाइसेंस प्राधिकारी के पास कार्यालय में न पहुंच सका हो, तो अगले कार्य दिवस को प्राप्त किए

गए आवेदन-पत्र अन्तिम निर्धारित तिथि को प्राप्त किए गए ही समझे जाएंगे।

(3) जिस मामले में आवेदन-पत्र प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से भेजना पड़ता है, उस में आवेदन-पत्र निर्धारित अंतिम तिथि से काफी पहले भेजना चाहिए। प्रायोजक प्राधिकारी लाइसेंस प्राधिकारी को भेजी गई सिफारिश में वह तिथि रिकार्ड करेगा जिस तिथि को उसने आवेदनपत्र वास्तव में प्राप्त किया था। सभी प्रायोजक प्राधिकारियों से यह आशा की जाती है कि वे ऐसे प्रत्येक आवेदन-पत्र सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को ऐसे समय में भेजें जिससे कि वे निर्धारित अंतिम तिथि को या इससे पहले पहुंच जाएं।

16. (1) लाइसेंस अवधि के दौरान अलग अलग व्यक्तियों द्वारा उन के स्वयं के उपयोग के लिए माल के आयात के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की कोई अन्तिम तिथि नहीं होगी।

(2) लाइसेंस अवधि के दौरान पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस प्रदान करने के लिए भी आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की कोई अन्तिम तिथि नहीं होगी।

आयकर सत्यापन

17. (1) आयात लाइसेन्स के लिए प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ, परिशिष्ट 11 में दिए गए प्रपत्र में आवेदक द्वारा भरे गए आयकर विवरण और देय करों के भुगतान के संबंध में एक घोषणा पत्र (दो प्रतियों में) होना चाहिए। इस तथ्य की ओर विशेषकर ध्यान आकर्षित किया जाता है घोषणापत्र दो भागों में हो, भाग (क) एवं भाग (ख) और आवेदक को निश्चय कर लेना चाहिए कि उसके लिए जो भाग लागू नहीं है उसे स्पष्ट रूप से काट दिया गया है।

(2) सभी सार्वजनिक क्षेत्र संस्थान (केन्द्रीय या राज्य) उपर्युक्त उप-कंडिका (1) में उल्लिखित आयकर घोषणा-पत्र भरने से मुक्त होंगे।

(3) निजी क्षेत्र के वे आवेदक जिन्हें वित्त मंत्रालय द्वारा आरम्भ की गई पाइलट योजना के अधीन आयकर सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए छूट प्रदान कर दी गई है उन्हें भी उपर्युक्त कंडिका (1) में उल्लिखित आयकर घोषणापत्र दाखिल करने की आवश्यकता नहीं होगी।

लाइसेंस प्राधिकारी

18. (1) लाइसेन्स प्राधिकारी का पद, क्षेत्राधिकार एवं पता परिशिष्ट 8 में दिया गया है। जहां आवेदक स्थित हो, उसी के अनुसार ही आवेदनपत्र इन प्राधिकारियों को देने चाहिएं।

(2) पंजीकृत निर्यातक को आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंसों के लिए परिशिष्ट-8 में उल्लिखित सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों के पास आवेदन करना चाहिए।

(3) जब तक अन्यथा रूप से प्रावधान न हो, वास्तविक उपभोक्ता को चाहिए कि वह उसी लाइसेंस प्राधिकारी को आवेदन करे जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक का कारखाना स्थित है।

(4) वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को एक से अधिक स्थानों पर स्थित होने पर सभी फैक्टरियों की जरूरतों के लिए समेकित आवेदनपत्र देने का विकल्प होगा। ऐसे मामलों में प्रत्येक एकक की जरूरतों को समेकित आवेदनपत्र के लिए संलग्न सूची में अलग से दर्शाना चाहिए और जिसमें प्रत्येक के लिए उपभोक्ता प्रमाण-पत्र भी अलग से साथ हो। लाइसेंस प्राधिकारी जिनके क्षेत्राधिकार में पंजीकृत/मुख्य कार्यालय स्थित है, को किए गए समेकित आवेदन-पत्र के आधार पर नीति की शर्तों के अनुसार प्रत्येक एकक को उसके लिए अनुमत्य मूल्य/मद के लिए अलग लाइसेंस जारी किये जाएंगे।

(5) जहां अकेला एकक एक से अधिक अन्तिम उत्पादों का विनिर्माण करता है वहां अन्तिम उत्पाद-वार आवेदन-पत्र देना चाहिए। लेकिन, सम्बद्ध अन्तिम उत्पादों के लिए केवल एक ही आवेदन-पत्र भेजा जा सकता है।

त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्र

19. आयात आवेदन-पत्र जो (1) निर्धारित प्रपत्र में नहीं होंगे; (2) अपेक्षित आवेदन शुल्क के लिए बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ नहीं होंगे; (3) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं होंगे; (4) जिन के साथ हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के प्राधिकार को निर्दिष्ट करने वाले दस्तावेज नहीं होंगे; या (5) जो नीति में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त किए जाएंगे या (6) जिन के साथ उचित रूप से निष्पादित आय-कर घोषणापत्र नहीं होगा, वे अस्वीकार कर दिए जाएंगे। आवेदकों से आशा की जाती है कि वे आवेदन-पत्र के सभी कालम सत्यता-पूर्वक और उचित रूप से पूर्ण करेंगे। इन सब बातों को सुनिश्चित रूप से पूर्ण करने के लिए वे काउण्टर सहायता पद्धति से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

मुद्रा क्षेत्र

20. निम्नलिखित दो प्रकार के आयात लाइसेन्स जारी किए जाते हैं:—

(1) "सामान्य मुद्रा क्षेत्र लाइसेन्स" जो सभी देशों से आयात के लिए वैध हैं, किन्तु उन देशों को छोड़ कर जहां से आयात निषेध है; और

(2) "विशिष्ट लाइसेन्स" जो कि विशिष्ट देश या देशों से आयात के लिए वैध हैं।

लाइसेंस अवधि

21. (1) प्रत्येक वित्तीय वर्ष अर्थात् अप्रैल से मार्च के लिए आयात-निर्यात नीति घोषित की जाती है जिसे सामान्यतः "लाइसेन्स अवधि" कहा जाता है।

(2) आयात-निर्यात नीति पुस्तक और इसके साथ-साथ आयात-निर्यात क्रियाविधि पुस्तक कीमत पर बिकने वाले प्रकाशन हैं। ये सरकारी प्रकाशनों के प्राधिकृत विक्रेताओं से खरीदे जा सकते हैं।

मदों का वर्गीकरण

22. (1) इस पुस्तक के परिशिष्ट 2 में उद्धृत आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 1 आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के नाम से जानी जाती है और इसमें आयात व्यापार के अन्तर्गत आने वाली सभी मदों का वर्गीकरण दिया गया है।

(2) इस पुस्तक के परिशिष्ट 2 में उद्धृत आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 1 में पहली अप्रैल, 1976 से सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (1975 का 51) की पहली अनुसूची के अनुसार संशोधन किया गया है। संशोधित आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के 21 खण्ड हैं, जिन्हें 99 अध्यायों में उप-विभाजित किया गया है।

(3) अब आयात व्यापार नियंत्रण वर्गीकरण और भारतीय सीमा शुल्क टैरिफ वर्गीकरण में पूर्ण सह-सम्बन्ध है। ये दोनों बी.टी.एन. (ब्रूसल्स व्यापार नोमेन्क्लेचर) पर आधारित है।

आयातकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत

23. (1) लाइसेन्स के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन किया जाना चाहिए।

(2) आवेदन-पत्र को साफ और ठीक तरह भरना चाहिए। कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ना चाहिए। आवेदन पत्र के कालमों में जहां कहीं भी आवश्यक हो, वहां 'हां' या 'नहीं' या 'लागू नहीं होता है' शब्दों का इस्तेमाल करें। यदि आवेदक किसी विशेष कालम का उत्तर देने में असमर्थ हो, तो उसे उसका वास्तविक कारण बताना चाहिए ।

(3) निर्धारित प्रपत्र में सूचना सही और ईमानदारी से देनी चाहिए।

(4) आवेदित मूल्य के आधार पर आवेदन शुल्क की अदायगी की मूल खजाना/बैंक रसीद आवेदन पत्र के साथ भेजनी चाहिए।

(5) सभी आवश्यक कागजात आवेदन-पत्र के साथ दिए जाने चाहिए और आवेदन पत्र के आवरण पत्र में प्रत्येक कागजात का विवरण देते हुए सभी उन संलग्नकों के ब्यौरे देने चाहिए।

(6) आवेदन-पत्र पर किसी प्राधिकृत व्यक्ति के पते और पद सहित हस्ताक्षर होने चाहिएं ।

(7) आवेदक का पूरा पता साफ-साफ अक्षरों में लिखा होना चाहिए।

(8) यदि लाइसेंन्स प्राधिकारी की कोई संदर्भ संख्या है, तो उसका सही और पूरा संदर्भ उद्धृत करना चाहिए।

(9) कार्यविधि में दी गई व्यवस्था के अनुसार जैसा भी मामला हो, अंतिम तारीख से पहले उपयुक्त लाइसेंस प्राधिकारी या संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी आवेदन-पत्र डाक से भेजा जाना चाहिए या लाइसेंस प्राधिकारी अथवा प्रायोजक प्राधिकारी के कार्यालय के काउन्टर पर निर्धारित अन्तिम तारीख से पूर्व दे देना चाहिए ।

(10) महानिदेशक, तकनीकी विकास के रजिस्टर में दर्ज वास्तविक उपयोक्ताओं को अपने आवेदन पत्रों में तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा प्रदान की गई कोड संख्या भी उद्धृत करनी चाहिए। यदि कोई कोड संख्या नहीं दी गई हो, तो निर्धारित प्रपत्र के ऊपर उचित खाने में "नहीं दी गई" शब्द लिखना चाहिए।

(11) वास्तविक उपयोक्ता को एक ऐसा समेकित आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए जिसमें यूनिटों के लिए प्रत्येक तैयार-उत्पाद के लिए अपेक्षित कच्चे माल और संघटकों की आवश्यकता को शामिल कर लिया गया हो । उसी एकक द्वारा विनिर्मित सम्बद्ध अन्तिम उत्पादों के लिए केवल एक ही आवेदन पत्र भेजा जा सकता है ।

(12) आवेदकों को आयात किए जाने वाले माल की सूची संलग्न करते हुए यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पत्तन से माल की निकासी के समय संभावित असुविधा को दूर करने के उद्देश्य से सूची अच्छे और टिकाऊ कागज पर तैयार की गई है। जिन यूनिटों के नाम महानिदेशालय, तकनीकी विकास के रजिस्टर में दर्ज हैं उनके आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन्होंने लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए माल की सूची की जो प्रतियां तैयार की हैं वे महानिदेशालय, तकनीकी विकास द्वारा निकासी की गई सूची के अनुसार हैं।

(13) आयात लाइसेंस प्राप्त करने पर, लाइसेंसधारी को सावधानीपूर्वक इस बात की जाच कर लेनी चाहिए कि लाइसेंस सभी तरह से पूर्ण है। लाइसेंसधारी को विशेष रूप से निम्नलिखित बातों की जाच करनी चाहिए :—

(क) क्या लाइसेंस के साथ आयात के लिए स्वीकृत वस्तुओं की सूची लगी है, यदि ऐसी सूची का उल्लेख लाइसेंस में किया गया है।

(ख) क्या सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर लाइसेंस प्राधिकारी ने विधिवत रूप से हस्ताक्षर किए हैं।

(ग) क्या सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर लाइसेंस प्राधिकारी ने सुरक्षा सील लगाई है।

(घ) यदि सूची में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, तो क्या लाइसेंस प्राधिकारी ने विधिवत् रूप से उनको साक्ष्यांकित किया है।

(ङ) क्या लाइसेंस की दोनों प्रतियों पर लाइसेंस प्राधिकारी ने सुरक्षा सील लगाई है।

(च) क्या लाइसेंस पर लगाई गई शर्तों पर लाइसेंस प्राधिकारी ने विधिवत् हस्ताक्षर किए हैं।

(छ) यदि लाइसेंस में से कोई शर्त काट दी गई है, तो क्या लाइसेंस प्राधिकारी ने उसे साक्ष्यांकित किया है।

(ज) क्या विदेशी साख पर जारी किए गए लाइसेंसों के मामले में साख पर लागू होने वाली शर्तों को लाइसेंस के साथ संलग्न कर दिया गया है, यदि लाइसेंस में इस तरह के आदेश का संदर्भ है, तो क्या ऐसी शर्तों पर लाइसेंस प्राधिकारी ने विधिवत हस्ताक्षर किए हैं।

(झ) लाइसेंस पर या लाइसेंस के साथ संलग्न सूची पर या लाइसेंस के साथ नत्थी की गई शर्तों पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा किए गए प्रत्येक हस्ताक्षर को विधिवत प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षर के ऊपर सुरक्षा सील लगी है।

यदि लाइसेंसधारी को यह पता लगे कि लाइसेंस किसी भी प्रकार से अपूर्ण है, तो उसे यह बात तुरन्त सम्बन्धित लाइसेंस प्राधिकारी के ध्यान में लानी चाहिए और लाइसेंस प्राधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए लाइसेंस वापस कर देना चाहिए।

अध्याय 3

वास्तविक उपयोक्ता

24 (1) परिभाषा.—"वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक)" का अर्थ होगा, एक औद्योगिक उपक्रम चाहे वह वृहत पैमाने, लघु पैमाने या कुटीर उद्योग क्षेत्र का हो और जो किसी उस वस्तु के विनिर्माण में लगा हुआ हो जिसके लिए उसके द्वारा उचित सरकारी प्राधिकारी से लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण-पत्र इनमें से जो भी लागू हो प्राप्त किया गया हो।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) वे होते हैं जिन्हें औद्योगिक विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान इस्तेमाल के लिये कच्चे माल, संघटकों, सहायक उपकरणों, मशीनों और पुर्जों की जरूरत पड़ती है।

(3) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के पास उस के विनिर्माण इकाई के लिए औद्योगिक मशीनरी स्वामित्व या पट्टे के आधार पर हो सकती है। पट्टे के आधार प्राप्त की गई मशीनरी के मामले में वास्तविक उपयोक्ता द्वारा सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को सूचना भेजी जानी चाहिए।

(4) **वास्तविक उपयोक्ताओं की श्रेणियां:**—स्थूल रूप से औद्योगिक वास्तविक उपयोक्ताओं को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है अर्थात् (1) तकनीकी विकास महानिदेशालय के रजिस्टरों में दर्ज अनुसूचित उद्योग (2) अनुसूचित उद्योग जिनके नाम तकनीकी विकास महानिदेशालय के रजिस्टरों में दर्ज नहीं होते और लघु उद्योगों से इतर गैर अनुसूचित उद्योग, (3) लघु उद्योग।

प्रायोजक अधिकारी

25 (1) प्रायोजक प्राधिकारियों की एक सूची परिशिष्ट 7 में दी गई है।

(2) जिला उद्योग केन्द्रों के महाप्रबन्धकों को भी लघु पैमाना और कुटीर क्षेत्रों से सम्बद्ध एककों के लिये प्रायोजक प्राधिकारियों के रूप में मनोनीत किया गया है।

(3) उन मामलों में जहां लागू आयात नीति के अन्तर्गत आयात आवेदन पत्र प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से भेजे जाते हैं, वहां प्रायोजक प्राधिकारी, एककों के लिये लागू आयात नीति को ध्यान में रखते हुए उनकी आयात जरूरतों का निर्धारण करेंगे।

(4) आयात आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करने के मामले में विकास आयुक्त (लघु पैमाना एकक), नई दिल्ली, प्रायोजक प्राधिकारी को ऐसे सामान्य निर्देश दे सकता है जिन्हें वह वांछनीय या आवश्यक समझे। विकास आयुक्त यह देखने के लिये प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा लाइसेंस जारी करने के लिये की गई कायान्तर सिफारिशों की जांच भी कर सकता है कि क्या उक्त सिफारिशें सामान्य नीति के अनुसार की गई थीं या नहीं।

पंजीकरण योजना

26. जिन यूनिटों को उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत औद्योगिक लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि समय-समय पर अपने आवेदनपत्रों को अधिक सुविधापूर्वक निपटान के लिए वे अपने आप को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी से पंजीकृत कराएं। जिन यूनिटों के पास उक्त अधिनियम के अन्तर्गत लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण-पत्र हैं, वे भी अपनी यदि कोई हो, तो अन्य आवश्यकताओं के सम्बन्ध में ऐसा कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र का संगत प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 15 में दिया गया है।

27. (1) लघु उद्योगों के पंजीकरण की पद्धति 1960 से प्रचलित रही है। आयातित निवेश की आवश्यकता करने वाले सभी लघु उद्योग और जो इस पद्धति के अन्तर्गत आते हैं उन्हें अपने आप को सम्बद्ध राज्य के उद्योग निदेशक के पास पंजीकृत कराना होता है।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) को इस नीति के उद्देश्य के लिए राज्य के उद्योग निदेशकों के साथ स्वयं को पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है, यद्यपि कुछ मामलों में आयात-नीति के लिए उनके आयात आवेदनपत्रों को राज्य के उद्योग निदेशकों की सिफारिश की आवश्यकता है।

28 आयात लाइसेन्स के लिये या सरणीबद्ध मद के आवंटन के लिये अपने आवेदनपत्र में आवेदक को इस पद्धति के अन्तर्गत यूनिट को आवंटित पंजीकरण संख्या (और उसकी तिथि) उद्धृत करनी चाहिए। वैध पंजीकरण संख्या के बिना ऐसे आवेदनपत्र सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिये जायेंगे। प्रत्येक लाइसेंस प्राधिकारी और सरणीबद्ध अभिकरण को एतद्द्वारा आगे ऐसी सूचना मांगने के लिये प्राधिकृत किया जाता है जिसे पंजीकरण की वैधता या क्षेत्र के विषय में वह अपने आपको संतुष्ट करने के लिये आवश्यक समझे।

29. (1) उद्योग निदेशकों (राज्य) लाइसेन्स प्राधिकारियों और सम्बद्ध सारणीबद्ध अभिकरणों को उनके क्षेत्राधिकार में लघु उद्योगों को जारी किए गए प्रत्येक पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति भेजेंगे। राज्य के उद्योग निदेशकों द्वारा लाइसेंसों को रद्द करने या उन में कुछ संशोधन करने के विषय में सूचना लघु उद्योगों को भेजे जाने वाले पत्र के साथ-साथ ही लाइसेंस प्राधिकारियों और सरणीबद्ध अभिकरणों को भी भेजी जानी चाहिए।

(2) यदि एक विद्यमान एकक एक नए अन्तिम उत्पाद के विनिर्माण के लिये (अतिरिक्त मशीनरी के साथ या उसके बिना पंजीकृत हो तो राज्य के उद्योग निदेशक ऐसे नए अंतिम उत्पाद की प्रविष्टि वर्तमान पंजीकरण प्रमाण पत्र में करेंगे जो कि उस यूनिट के पास पहले से ही है; ऐसे मामलों में अलग पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा और सम्बद्ध यूनिट आयात लाइसेंस के उद्देश्य के लिए एक विद्यमान यूनिट के रूप में समझी जाती रहेगी।

30. यदि पंजीकरण के समय तक किसी यूनिट ने मशीनरी नहीं लगाई है या वह यूनिट उत्पादन नहीं करती है तो पंजीकरण प्रमाणपत्र पर "उत्पादन में नहीं है" का पृष्ठांकन किया जाएगा यह पृष्ठांकन उद्योग निदेशक (राज्य) द्वारा केवल इस बात का सत्यापन करने के बाद हटा दिया जाएगा कि यूनिट में उत्पादन होने लगा है।

31. महानिदेशक तकनीकी विकास की सूची के लघु क्षेत्र को हस्तांतरित की गई यूनिटों को अपने आप को तत्सम्बन्धी राज्य उद्योग निदेशकों से शीघ्र ही पंजीकृत करा लेना चाहिए और इसी तरह उनके उपरान्त लघु पैमाना क्षेत्र से महानिदेशक तकनीकी विकास के हस्तांतरित यूनिटों को। लेकिन, ऐसे मामलों में महानिदेशक, तकनीकी विकास या राज्य के उद्योग निदेशक, जो भी हो, के पास पंजीकरण के लिए पड़े हुए मामलों में सम्बद्ध एकक उचित अवधि के लिए अपनी वर्तमान स्थिति में ही आयात की सुविधा प्राप्त करते रहेंगे।

32. लाइसेंस प्राधिकारी के लिये या सरणीबद्ध अभिकरण के लिए छूट होगी कि वह वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) को (राज्य) उद्योग निदेशक द्वारा जारी किये गए पंजीकरण प्रमाणपत्र को स्वीकार न करें। जिस मामले में ऐसा समझा जाए उसमें यूनिट से नया पंजीकरण प्राप्त करने को कहना चाहिए।

33(1) लेकिन, उपर्युक्त प्रावधानों की सामान्यता को ध्यान में रखे बिना 1982-83 के लिए लघु पैमाने की यूनिटों को उपर्युक्त लाइसेंस पहले से उनके पास पंजीकरण प्रमाणपत्रों के आधार पर या 1983-84 में उनको जारी किए गए प्रमाणपत्रों के आधार पर आवेदक द्वारा यह घोषणा प्रस्तुत करने पर प्रदान किए जाएंगे कि उनका पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द नहीं किया गया है या वापस नहीं लिया गया है और यह कि यूनिट वास्तव में प्रचालित है। इस घोषणा के लिए उन मामलों में आग्रह नहीं किया जाएगा जिनमें उनका पंजीकरण प्रमाणपत्र 1-4-1983 को 5 वर्ष से कम का था।

(2) उपकंडिका 1 में दी गई व्यवस्थाएं सरणीबद्ध करने वाले अभिकरणों द्वारा सरणीबद्ध मदों के आबंटन के लिए भी लागू होंगी।

वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा खपत का लेखा रखना

34. (1) प्रत्येक वास्तविक उपयोक्ता को परिशिष्ट 18 में दिये गये प्रपत्र में आयातित माल के उपभोग और उपयोग का सही और उचित लेखा रखना चाहिए। लाइसेंस और खुले सामान्य लाइसेंस के आधार पर आयात किये गये माल के सम्बन्ध में या सरणीबद्ध अभिकरणों से आबंटनों के रूप में प्राप्त माल के सम्बन्ध में इस प्रकार का लेखा रखने में असमर्थ रहने पर भविष्य में लाइसेंस या आबंटन जारी करने के लिये आवेदन-पत्र उस अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना अस्वीकार कर दिये जाएंगे जो कि आवेदक के विरुद्ध कानून के अन्तर्गत की जा सकती है। प्रायोजक प्राधिकारी को और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को या अन्य लाइसेंस प्राधिकारी को इस बात से संतुष्ट करने का पूर्ण दायित्व सदैव वास्तविक उपयोक्ता पर होगा कि उसने उचित और सही लेखा रखा है और विशेष रूप से लागू वास्तविक उपयोक्ता शर्त सहित किसी भी संदेह के बिना वह अपनी सदाशयता को सिद्ध करने की स्थिति में है और यह कि जिन शर्तों के अधीन उसने आयातित माल का आयात या आबंटन या हस्तांतरण/ऋण प्राप्त किया था उससे संबंधित कानून का पूर्ण रूप से अनुपालन किया है। वास्तविक उपयोक्ता को आयातित माल के लेखे और प्राप्ति के रजिस्टरों, उपभोग और उपयोग को लाइसेंस प्राधिकारी या प्रायोजक प्राधिकारी या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी को उनके द्वारा निरीक्षण करने या सत्यापन करने के लिये मांग करने पर प्रस्तुत करना होगा।

(2) व्यापार सदन, निर्यात सदन, वास्तविक उपयोक्ताओं की संस्थाएं या सहकारी समितियां या सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण-जिन्हें लागू आयात-निर्यात नीति के अन्तर्गत वास्तविक उपयोक्ताओं को आयातित माल संभरण करने का कार्य सौंपा गया है, से वास्तविक उपयोक्ता द्वारा अधिप्राप्त आयातित माल भी "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के अधीन होगा। ऐसे माल की अधिप्राप्ति एवं उपभोग का उचित लेखा और माल प्राप्त करने के उस स्रोत को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हुए रखना चाहिए जिससे माल प्राप्त किया गया था।

(3) 1982-83 में वास्तविक उपयोक्ताओं को उनके लिए लागू आयात नीति के अंतर्गत यूनिट द्वारा संयुक्त लाइसेंसों की पद्धति के अंतर्गत प्राप्त की गई मदों के आयात और उपभोग का अलग लेखा रखना चाहिए।

35. 1975-76 वर्ष और इससे आगे के वर्षों के लिए आयातित माल की प्राप्ति, उपभोग और उपयोग के लेखे जिस वर्ष से सम्बद्ध लेखा सम्बन्धित है, उसकी समाप्ति से कम से कम 8 साल की अवधि तक लाइसेंसधारी द्वारा सुरक्षित रखे जायेंगे। पिछले वर्षों के लेखे भी जिस वर्ष से लेखा सम्बन्धित है उसकी समाप्ति से 8 वर्षों के लिये या 1-4-1975 से 2 वर्षों के लिये, इन में जो भी बाद में हो उस अवधि के लिए सुरक्षित रखे जायेंगे।

36. यदि वास्तविक उपयोक्ता किसी परिस्थिति में उपर्युक्त पैरा 35 का पालन करने में असमर्थ है तो वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से लिखितरूप में पूर्व अनुमति मांग सकता है, परन्तु वह अपने वर्तमान रजिस्टर को अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ सुरक्षित (और उनका पोस्टिंग रखेगा) रखेगा। लेकिन, ऐसे सभी मामलों में उपर्युक्त पैरा 34 में निर्धारित कर्तव्य और आभार वास्तविक उपयोक्ता के कर्तव्य और आभार होंगे।

37. आयातित मशीनरी रखने वाले औद्योगिक एकक के हस्तांतरण के लिये आवेदनों पर विचार करते समय प्रायोजक प्राधिकारी स्वयं इस बात की संतुष्टि करेगा कि हस्तांतरणकर्ता द्वारा रखे गये उपर्युक्त लेखे और रजिस्टर उसी के द्वारा सुरक्षित रखे जायेंगे या परिचय-सूची के आधार पर हस्तांतरण लेने वाले व्यक्ति को दिये जाएंगे। अपने कर्तव्यों और आभारों का उचित और पूर्णरूपेण पालन करने के लिये हस्तांतरण करने वाला और हस्तांतरण लेने वाला दोनों व्यक्ति अलग-अलग और संयुक्त रूप से कानूनन पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होंगे।

लाइसेंस की स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना

38. (1) प्रत्येक मामले में लाइसेंस प्रदान करने अथवा अस्वीकृति की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को भेजी जाएगी, इसमें आटोमेटिक लाइसेंस भी शामिल होंगे। इस उद्देश्य के लिये "लाइसेंस अग्रेषणपत्र" की प्रति और उस के लाइसेंस मूल्य के साथ अनुमित मदों की सूची (यदि कोई हो) या अस्वीकृति-पत्र पृष्ठांकित किया जाएगा। उक्त अग्रेषणपत्र अन्तिम उत्पाद को भी निर्दिष्ट करेगा। लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे पत्र की प्रतियां आवेदक से सम्बद्ध केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकारी और आय-कर प्राधिकारी को भी भेजेगा।

(2) प्रायोजक प्राधिकारी, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरण और आय-कर प्राधिकारी को सूचना भेजते समय खपत विवरण की वे प्रतियां भी भेजी जाएंगी जिन के आधार पर आटोमैटिक लाइसेन्स प्रदान किया जाता है।

(3) उपर्युक्त उप-पैरा (1) के अन्तर्गत यथा-अपेक्षित "वास्तविक उपयोक्ता" शर्तों के साथ विनिर्माता निर्यातकों को आर. ई. पी. लाइसेन्स प्रदान के सम्बन्ध में सूचना लाइसेन्स प्राधिकारी और सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकारी को भी भेजनी होगी।

प्रायोजक प्राधिकारियों को सूचना देने के लिए सरणीबद्ध अभिकरण

39. प्रत्येक सरणीबद्ध अभिकरण सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों को सारणीबद्ध मदों के अपने द्वारा किये गये सीधे आवंटन के विषय में मासिक विवरणपत्र भेजेगा जिसमें आवंटी के नाम, उनके पते, लाइसेंस पंजीकरण संख्या और आवंटन/रिहाई की मात्रा और तिथि निर्दिष्ट करेगा।

माल के उपयोग की जांच

40. सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि उनके अधिकार क्षेत्र में वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा आयातित माल का उचित उपयोग किया गया है या नहीं और उन्होंने निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित तरीके से आयात और उपभोग का सही और उचित लेखा रखा है या नहीं। जैसा कि नीति में उल्लिखित है, वे एक वास्तविक उपयोक्ता से दूसरे वास्तविक उपयोक्ता को आयातित माल के हस्तांतरण को उधार लेने के लिये आवेदनों पर सहमति देने में अपने निजी विवेक का भी प्रयोग करेंगे। वे सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को ऐसे मामलों की तुरन्त सूचना देंगे जिनमें वास्तविक उपयोक्ताओं ने उन शर्तों का उल्लंघन किया है जिनके अधीन माल और पूंजीगत माल के आयात की अनुमति दी गई थी या सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा आबंटित किया था या अन्य प्रकार से हस्तांतरित किया गया था/उधार दिया गया था। तब लाइसेंस प्राधिकारी चूक-कर्ता के विरुद्ध आयात कानून के अन्तर्गत यथा-अपेक्षित कार्रवाई प्रारम्भ करेगा परन्तु यह कार्रवाई उस अन्य दण्डनीय कार्रवाई के अतिरिक्त होगी जो प्रायोजक प्राधिकारी यदि कोई हो, अपने निजी अधिकारों के अन्तर्गत कर सकता है।

सनदी/लागत लेखापाल और सनदी इंजीनियर

41. (1) सनदी/लागत लेखापालों और सनदी इंजीनियरों से आशा की जाती है कि आयात/निर्यात नीति में निहित विभिन्न उद्देश्यों के लिये प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते समय उचित ध्यान रखें और कर्तव्य परायणता का पालन करें। यह कार्य उनके कार्यों में से इस प्रकार का उत्तरदायी कार्य है जो कि इस प्रकार निर्धारित किया गया है कि उदार क्रियाविधि की सफलता इसी पर निर्भर करती है। यह उन अन्य व्यक्तियों के लिए भी इसी प्रकार से लागू होगा जो लोग आयात नीति के अधीन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत हैं। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि उनके द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र में सही सूचना नहीं थी तो उन्हें आयात तथा निर्यात नियंत्रण विनियमों के दण्डात्मक प्रावधानों के अधीन दण्ड दिया जाएगा।

(2) आयात-निर्यात नीति में विभिन्न प्रावधान शामिल हैं, जिनके अनुसार उन आयातकों को उपभोग/निर्यात विवरण भेजने हैं जो निर्यात सदन प्रमाणपत्र या व्यापार सदन प्रमाणपत्र या निर्यात निष्पादन प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर रहे हैं और उन्हें अपने निष्पादन, व्यावसायिक सनदी लेखापाल या लागत लेखापाल, जो सम्बद्ध फर्म या कम्पनी या उनकी सहयोगी कम्पनी के साझीदार, स्वामी या निदेशक या कर्मचारी न हों, के द्वारा सत्यापित करवाने चाहिए। ऐसे मामलों में सम्बद्ध व्यक्ति सनदी लेखापाल या लागत लेखापाल के बजाए व्यावसायिक कम्पनी सचिव से भी अपेक्षित प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

आटोमैटिक लाइसेंस

42. ओटोमेटिक लाइसेंस के लिये आवेदन पत्र आयात नीति में निर्धारित प्रपत्र में एवं विधि से सम्बद्ध क्षेत्रीय प्राधिकारियों को भेजे जाने हैं। आयात लाइसेंसों में विशेष मदों की सूची नहीं होगी और ये सम्बद्ध आयात नीति के प्रावधानों के अनुसार कच्चे माल, संघटक, उपभोज्य सामग्री और फालतू पुर्जों के आयात के लिये वैध होंगे। वास्तविक उपयोक्ताओं के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे केवल उन्हीं मदों का आयात करें जो लाइसेंस में अनुमित हैं और जिनकी आवश्यकता कारखाने में उस अन्तिम उत्पाद के निर्माण के लिये है जिसके लिये उन्होंने लाइसेंस प्राप्त किया है।

पूरक लाइसेंस

43. (1) वे वास्तविक उपयोक्ता जिनकी आयात की जरूरतें आटोमैटिक लाइसेंसों से पूरी नहीं होती हैं, वे संबद्ध आयात नीति के प्रावधानों के अनुसार कच्चे माल, संघटकों, उपभोज्य सामग्री और फालतू पुर्जों के पूरक आयात लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकते हैं। ऐसे लाइसेंसों के लिये आवेदन पत्र सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से भेजने चाहियें।

(2) निर्धारित अन्तिम तिथि के भीतर पूरक लाइसेंसों के लिये आवेदन पत्र दिये जाने चाहिए। ऐसे आवेदनपत्र केवल तब भेजे जा सकते हैं जबकि वास्तविक उपयोक्ता ने उसी लाइसेंस अवधि के लिए आटोमैटिक लाइसेंस के लिए आवेदन किया हो या प्राप्त किया हो। पहले से ही आवेदन किए गए या प्राप्त किए गए आटोमैटिक लाइसेंस के साथ-साथ पूरक लाइसेंस के लिए जरूरत के औचित्य के लिए पर्याप्त सूचना देनी चाहिए।

(3) चालू आयात नीति के अनुसार भेजी जाने वाली अन्य आवश्यक जानकारी के अलावा पूरक लाइसेंस के लिये प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ आयात की जाने वाली प्रत्येक मद और उसके मूल्य की सूची भी भेजी जानी चाहिये। पूरक लाइसेंसों के लिये दावा करते समय वास्तविक उपयोक्ता को इसके लिये पूरे औचित्य देने चाहियें।

(4) प्रायोजक प्राधिकारी जब पूरक लाइसेंस के आवेदन पत्र की सिफारिश कर रहा हो तब उन्हें अपनी सिफारिश में उस कारण का भी उल्लेख करना चाहिए जिसके लिये उनके द्वारा सिफारिश की गई मदें आवश्यक हैं और वास्तविक उपयोक्ता की जरूरतें आटोमैटिक लाइसेन्स या देशी स्रोतों के आयात के अन्य प्राधिकृत माध्यम से पूरी हो सकती हों।

बिक्री के बाद सेवाओं के लिए फालतू पुर्जे

44. (1) आयात नीति में दिये गये प्रावधानों के अनुसार ग्राहकों के लिये आश्वासन पूरा करने/बिक्री के बाद सेवाओं की व्यवस्था के लिये वांछित फालतू पुर्जों के आयात के लिये आवेदन पत्र सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी को उसी प्रपत्र में भेज सकते हैं जो कि आटोमैटिक लाइसेंसों के लिये लागू हैं, लेकिन, इसके साथ आयात नीति के अन्तर्गत अतिरिक्त जानकारी और प्रमाण पत्र भी भेजने होंगे।

(2) इस प्रावधान के अन्तर्गत जारी किये गये आयात लाइसेंस निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे :—

> "इस लाइसेंस के मद्दे आयातित माल का उपयोग केवल लाइसेंस धारी द्वारा निर्मित मशीनरी/उपस्कर/वाहन की सर्विसिंग और रख रखाव (चाहे वह निशुल्क हो या मूल्य पर हो) के लिये किया जायेगा।"

(3) इस प्रावधान के अन्तर्गत वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) द्वारा प्राप्त किये गये आयात लाइसेंस के मूल्य की सूचना महानिदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिये ताकि महानिदेशक, तकनीकी विकास वास्तविक उपयोक्ता द्वारा ग्राहकों को किस दर्जे की सेवा प्रदान की गई है उस पर निगरानी रख सकें।

(4) निर्यातित मशीनरी के सम्बन्ध में दिये गये आश्वासन/बिक्री के बाद सेवा के लिये पंजीकृत निर्यातकों में सम्बद्ध अध्याय में अलग से व्यवस्था की गई है।

45. **फालतू पुर्जों के लिए आपाती लाइसेन्स**—लागू आयात नीति के अधीन फालतू पुर्जों के आयात के लिए आपाती लाइसेन्स के आवेदनपत्रों के साथ आयात किए जाने वाली मदों की सूची और मुख्य कार्यकारी अर्थात अध्यक्ष/प्रबन्धक निदेशक/कार्यकारी निदेशक/प्रबन्धक साझीदार का निम्न प्रकार का एक घोषणापत्र होना चाहिए :—

"मैं घोषणा करता हूं कि फालतू पुर्जों के लिए आपाती लाइसेन्स प्रदान करने के लिए हमारे आवेदनपत्र लागू आयात नीति के समरूप है क्योंकि मशीनरी के उत्पादन में वास्तविक/निकटवर्ती विकार हो गया है। निम्नलिखित कारणों से फालतू पुर्जों का आपाती आयात अनिवार्य हो गया है :—

(स्थिति का विस्तृत ब्यौरा दिया जाना है)

उत्पादन विवरणियां

46. (1) सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को मासिक विवरण (लघु उद्योग के एककों के मामलों में त्रैमासिक) अपने प्रायोजक प्राधिकारियों को भेजने चाहियें। पूर्ण मासिक/त्रैमासिक विवरणी भेजने में असमर्थ एककों के नाम प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा संबद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को सूचित किए जाएंगे। ऐसे दोषी एककों को आगे लाइसेन्स प्रदान करने के लिये दिए गए आवेदन पत्रों को, इस सम्बन्ध में उनके विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के अलावा, रद्द कर दिया जायगा।

(2) उन मामलों में जहां आयात आवेदन पत्र प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से दिये जाते हैं, आवेदन पत्रों पर कार्यवाही करते समय, प्रायोजक प्राधिकारी यह भी जांच करेगा कि आवेदक ने अन्तिम उत्पाद से सम्बद्ध नजदीकी वर्ष और अद्यतन वर्ष के लिये पूर्ण मासिक/त्रैमासिक विवरणी भेज दी हैं, जिससे आवेदन पत्र सम्बन्धित है।

(3) आयात-निर्यात नीति में सभी वास्तविक उपयोक्ताओं के लिये यह भी प्रावधान है कि वे खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन किए गए अपने आयात का विवरण/घोषणा सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी और प्रायोजक प्राधिकारी को भेजें। इस आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ वास्तविक उपयोक्ताओं के विरुद्ध आयात नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई भी की जा सकती है।

(4) आयात-निर्यात नीति में सभी वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए यह भी व्यवस्था है कि वे अपने अनुमोदित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम में प्राप्त किए गए स्वदेशीपन की प्रतिशता बताते हुए छमाही विवरणिका भेजें। इस आवश्यकता को पूरा करने वाले असमर्थ वास्तविक उपयोक्ता के विरुद्ध आयात-नियंत्रण अधिनियम के अधीन कार्रवाई भी की जा सकती।

(5) ऐसे महानिदेशक तकनीकी विकास के एकक जिन्हें चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम पूरा करना है उनके द्वारा संघटकों के आयात के लिए 1 अप्रैल, 1983 से विशेष सूची सत्यापन क्रियाविधि (एल. ए. क्रियाविधि) चालू की गई है। उनके मामले में संघटकों के आयात चाहे वे आटोमेटिक लाइसेंस या खुले सामान्य लाइसेंस या आयात नीति के किसी भी ढील से सबद्ध प्रावधानों के अधीन किए गए हों, सूची सत्यापन क्रियाविधि द्वारा शासित होंगे। इस क्रियाविधि के विस्तृत ब्यौरे 1983-84 की आयात-निर्यात नीति (जिल्द-I) के अध्याय 20 में निहित हैं। ऐसे वास्तविक उपयोक्ता जो निर्धारित क्रियाविधि का अनुपालन करने में असमर्थ होंगे उनके विरुद्ध आयात नियंत्रण विनियमों के अधीन कार्रवाई की जाएगी और उन्हें आगामी आयात सुविधाएं प्रदान करनी बन्द कर दी जाएंगी।

ग गए
ारा
ाक

अध्याय-4

पंजीकृत निर्यातक

निर्यातकों का पंजीकरण

पंजीकरण प्राधिकारी

47 (1) भिन्न-भिन्न निर्यात उत्पादों के लिए पंजीकरण प्राधिकारियों के नाम परिशिष्ट 10 (अनुबंध 1) में दिए गए हैं।

47 (2) निर्यात संवर्धन परिषद् मद्रास और इसके कार्यालयों, यदि कोई है तो उसके स्थान पर हथकरघा उत्पादों के निर्यातकों के लिए पंजीकरण प्राधिकारी के रूप में विकास आयुक्त हथकरघा, उद्योग भवन, नई दिल्ली को मनोनीत किया गया है। यह निर्णय 1 अप्रैल, 1983 से लागू है। वे निर्यातक जिनके पास पहले से ही, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद्, मद्रास या इसके क्षेत्रीय कार्यालयों, यदि कोई है, द्वारा 31 मार्च, 1983 तक जारी किए गए वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र हों तो वे विकास आयुक्त हथकरघा, नई दिल्ली के पास निर्यातक के रूप में पंजीकृत किए गये समझे जाएंगे। निर्यातकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे नया पंजीकरण प्राप्त करने या पहले प्राप्त किए गए पंजीकरण के नवीकरण के हथकरघा विकास आयुक्त, नई दिल्ली को आवेदन करें।

48. निम्नलिखित राज्यों/संघ शासित राज्यों से रत्न तथा आभूषण से भिन्न मदों के निर्यातकों के मामलों में पंजीकरण प्राधिकारी सम्बद्ध (राज्य) उद्योग निदेशक या सम्बद्ध राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में नामित अन्य अधिकारी होगा :--

(1) अण्डमान और निकोबार द्वीप
(2) अरुणाचल प्रदेश
(3) लक्षद्वीप
(4) मणिपुर
(5) मिज़ोरम
(6) नागालैण्ड
(7) त्रिपुरा
(8) जम्मू और कश्मीर
(9) गोवा, दमन और दिव

49. (1) जिन निर्यात सदनों/व्यापार सदनों के पास निर्यात सदन प्रमाण-पत्र हैं, वे यदि ऐसा चाहें तो संबद्ध निर्यात परिषद्/पण्यवस्तु बोर्ड के बजाय अपने आप को भारतीय निर्यात संगठन के संघ पी एच डी हाउस, श्री इन्स्टिट्यूशनल एरिया होज खास नई दिल्ली के साथ पंजीकृत करा सकते हैं। भारतीय निर्यात संगठन संघ के साथ ऐसा पंजीकरण सभी उत्पाद ग्रुपों के लिए वैध होगा। लेकिन, मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात द्वारा जारी किए गए निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाण पत्र को प्राप्त किए हुए निर्यात सदनों/व्यापार सदनों को भारतीय निर्यात संगठन के संघ के सदस्यों के रूप में पंजीकृत कराना होगा। निर्यात सदनों/व्यापार सदनों को निर्यात के लिए अपनी विस्तृत योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रतियां और पण्यवस्तुवार और देशवार अपने निर्यातों के त्रैमासिक और वार्षिक विवरणपत्र भी उस तरीके से भारतीय निर्यात संगठन के संघ को भेजने होंगे जिसे वह समय समय पर निर्धारित करें। [वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ई. पी. प्रभाग), नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिएं।] व्यापार सदनों को यह सलाह दी जाती है कि वे निर्यात संवर्धन कार्यक्रम के लिए विदेश में बिक्री-बाद सुविधाएं प्रदान करें। उन्हें भारतीय निर्यातक के समुदाय के महासंघ और मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजी जाने वाली वार्षिक और त्रैमासिक रिपोर्टों में उनके द्वारा इस सम्बन्ध में हुई प्रगति का ब्यौरा भेजना चाहिए।

(2) स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र में स्थित एककों के मामलों में संबद्ध क्षेत्र का विकास आयुक्त पंजीकरण प्राधिकारी होगा।

(3) वे निर्यातक जिनके लिए कोई भी पंजीकरण प्राधिकारी विनिर्दिष्ट न किया गया हो या (जिनके कोई भी पंजीकरण प्राधिकारी पंजीकरण को स्वीकार न करे।) वे पत्तनों अर्थात् बंबई, मद्रास और कलकत्ता के निर्यात संवर्धन अधिकारियों के पास स्वयं को पंजीकृत करवा सकते हैं। उनके क्रमशः पश्चिमी, दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र क्षेत्राधिकार होंगे। उत्तरी क्षेत्र के मामले में पंजीकरण प्राधिकारी संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र, नई दिल्ली होगा।

50. सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों, राज्य स्वामित्व या नियंत्रण में आने वाले निगमों, सरकार या सरकारी विभागों द्वारा स्थापित किए गए सांविधिक निकायों को भी पंजीकृत निर्यातकों के लिये आयात नीति के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के उद्देश्य के लिए संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा। लेकिन, यदि वे चाहें, तो संबद्ध निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य बोर्ड के स्थान पर अपने आप को भारतीय निर्यात संगठनों के संघ के पास पंजीकृत करा सकते हैं। भारतीय निर्यात संगठनों के पास किये गए इस प्रकार के पंजीकरण सभी उत्पादों के लिए वैध होंगे।

पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र

51. पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी को भेजने चाहिएं। शाखाओं वाली व्यापार संस्थाओं के मामले में पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र लिमिटेड कम्पनियों के मामले में पंजीकृत कार्यालय द्वारा भेजे जा सकते हैं और अन्यों के मामले में मुख्य कार्यालय द्वारा। ऐसे मामलों में पंजीकृत कार्यालय/मुख्य कार्यालय को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाण-पत्र इसकी शाखाओं के लिए भी वैध होगा। शाखाएं पंजीकरण के लिए अलग से भी आवेदन कर सकती हैं, ऐसे मामले में पंजीकरण प्राधिकारी आवेदक शाखा को एक अलग पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करेगा; लेकिन निर्यात सदन अपनी सभी शाखाओं और सम्बद्ध मुख्यालयों के लिए समेकित आधार को छोड़ कर अपने आर. ई. पी और अतिरिक्त लाइसेंसों के लिए स्वतंत्र रूप से आवेदन पत्र भेजने के लिए पात्र नहीं होंगे।

52. (1) पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र परिशिष्ट-10 (अनुबंध-2) में दिए गए प्रपत्र में भेजे जाने चाहिए।

(2) महानिदेशक, तकनीकी विकास के पास पंजीकृत से भिन्न विनिर्माताओं के मामले में पंजीकरण व सदस्यता प्रमाण-

पत्र का भाग-2 संबद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है। लेकिन, एक पंजीकरण प्राधिकारी संबद्ध राज्य उद्योग निदेशक या प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा आवेदक को जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रमाण-पत्र के भाग-2 को स्वयं भरे। इस आधार पर आवेदक को एक व्यावसायिक पंजीकरण व सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है। इसके बाद जैसा भी मामला हो, पंजीकरण प्राधिकारी को चाहिए कि जैसा भी मामला हो राज्य उद्योग निदेशक या प्रायोजक प्राधिकारी से आवश्यक सत्यापन परिवर्तन करे और वहां से "व्यावसायिक" शब्द को भी हटा दे।

53. पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए :—

(1) आवेदक की वित्तीय क्षमता की पुष्टि में बैंक प्रमाण-पत्र, और

(2) विधिवत भरे हुए भाग-1 और भाग-2 के संबंधित कालम के साथ पंजीकरण व सदस्यता प्रमाण-पत्र।

पंजीकरण प्रमाण-पत्र

54. पंजीकरण प्रमाण-पत्र का प्रपत्र परिशिष्ट 10 (अनु-बंध-3) में दिया गया है।

55. रेयन टैक्सटाइल के निर्यातकों के मामले में पंजीकरण का एक अलग प्रपत्र परिशिष्ट 10 के अनुबन्ध - 3 में निर्धारित किया गया है।

56. यदि आवेदक विनिर्माता निर्यातक और व्यापारी निर्यातक दोनों है तो सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा उसको एक अलग प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा। (यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कोई विनिर्माता अन्य द्वारा विनिर्मित उत्पादों का भी निर्यात करता है तो उसे ऐसे निर्यातों के लिए अपने आप को व्यापारी निर्यातक के रूप में पंजीकृत करवाना चाहिए)।

पंजीकरण के लिए पात्रता

57. भूतकालीन निर्यात निष्पादन, अच्छा रिकार्ड और अनुभव रखने वाले निर्यातक जो सम्बद्ध निर्यात संवर्धन परिषद् के सदस्य हैं, पंजीकरण के लिये पात्र हैं। जिस आवेदक को किसी विशेष क्षेत्र में निर्यात का अनुभव नहीं है, उसका भी पंजीकरण किया जा सकता है बशर्ते कि पंजीकरण प्राधिकारी आवेदक की सामान्य वाणिज्यिक पृष्ठभूमि, उसके औद्योगिक अनुभव या अन्य क्षेत्रों में उसके निर्यात निष्पादन के विषय में सन्तुष्ट हो।

पंजीकरण की शर्तें

58. (क) पंजीकरण प्रमाण-पत्र ऐसी शर्तों के अधीन जारी किया जायेगा जिसे पंजीकरण प्राधिकारी आवश्यक समझे। पंजीकरण की एक शर्त यह होगी कि पंजीकृत निर्यातक तिमाही के बाद के महीने के पन्द्रहवें दिन तक निर्यात का एक तिमाही विवरणपत्र (शून्य विवरणपत्र सहित) पंजीकरण प्राधिकारी को भेजेगा।

(ख) निर्यात संवर्धन परिषद या पण्यवस्तु बोर्ड द्वारा किसी मद के लिये पंजीकरण उन सभी मदों के लिये लागू होगा जिनसे विशेष परिषद/बोर्ड सम्बद्ध है। (लेकिन यह उपर्युक्त कंडिका 55 में किए गए प्रावधानों के अधीन होगा)

(ग) जो इंजीनियरी माल और हथकरघा (वस्त्र और तैयार वस्तुएं) के संवर्धक, प्रतिपूर्ति लाइसेंसों की मंजूरी के लिए उनके विनिर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्री पर निर्भर करते हुए अलग-अलग उत्पाद ग्रुपों के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये हैं, उनके मामले में पंजीकृत निर्यातक अपने आप को किसी भी सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकृत करा सकते हैं। इसी प्रकार से बहु-मूल्य/कम बहुमूल्य रत्नों की बनी वस्तुएं जैसे राखदानी, कलम-दान आदि जो 'हस्तशिल्प' के अन्तर्गत आते हैं, उनके मामले में निर्यातकों को अपने आपको पंजीकृत नहीं कराना होगा बशर्ते कि वे रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद् के पास पहले ही पंजीकृत हैं। यदि लाइसेंस प्राधिकारी यह निश्चित कर देता है कि हस्तशिल्प के रूप में निर्यात किया गया उत्पाद वास्तव में किसी अन्य स्थान पर वर्गीकरणीय है तो उस मामले में भी आवेदक यदि अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड के साथ पहले ही पंजीकृत है तो अन्य पंजीकरण प्राधिकारी से पंजीकरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अखिल भारतीय हस्तशिल्प के पास पंजीकृत ई.पी.एन.एस. वस्तुओं के निर्यातकों के लिए भी इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद् के पास अलग से पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं होगी।

(घ) जिन मिश्रित मदों में अलग-अलग उत्पाद ग्रुपों के अंतर्गत आने वाली कच्ची सामग्री अर्थात प्लास्टिक, इंजीनियरी आदि हो, उनके मामले में यदि प्रयोग की गई किसी विशेष कच्ची-सामग्री का मूल्य मिश्रित मद के मूल्य से 50% से अधिक हो तो इतना ही पर्याप्त होगा कि आवेदक अपने आपको मिश्रित मद की मुख्य मात्रा के संबंध में सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकृत करा ले।

(ङ) "परियोजना निर्यातों" के मामले में यदि निर्यातक इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् के पास पंजीकृत है तो उसके लिये विषयाधीन परियोजना में शामिल विभिन्न पण्य वस्तुओं से सम्बद्ध अन्य निर्यात संवर्धन परिषदों/पण्य वस्तु बोर्ड के साथ पंजीकरण कराना आवश्यक नहीं होगा।

(च) एक बार पंजीकृत कर लिये जाने के बाद पंजीकरण (जारी होने की तारीख से) चार वर्षों के लिए तब तक वैध रहेगा जब तक कि पंजीकृत निर्यातक के रूप में निर्यात करना बन्द न कर दे, या किसी कारण से उसका नाम अपंजीकृत न कर दिया जाये या वह प्रमाणपत्र रखने के लिए अपात्र न बन जाये। जो पंजीकरण प्रमाण-पत्र (इसमें भारतीय निर्यात संगठन के संघ के साथ पंजीकृत निर्यात सदन भी शामिल है) 1982-83 के दौरान समाप्त हो जायें, वे 6 महीनों की अतिरिक्त अवधि के लिये लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किए जा सकते हैं जिससे निर्यातक नया पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त कर सके।

(छ) काण्डला स्वतन्त्र व्यापार क्षेत्र और सान्ताक्रुज इलेक्ट्रानिक निर्यात संसाधन क्षेत्र, बम्बई में स्थित यूनिटों के मामले में पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता अवधि सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा यथा निर्दिष्ट होगी।

पंजीकरण के लिए आवेदनपत्र की तिथि से पहले निर्यात

59. पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र देने की तिथि से 12 महीने की अवधि की तिथि से पहले पंजीकृत निर्यातक द्वारा किये गये निर्यात आयात प्रतिपूर्ति के लिये पात्रता प्रदान नहीं करेंगे। इस उद्देश्य के लिए आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की लागू तिथि वह तिथि होगी जिस तिथि को पूर्ण आवेदनपत्र प्राप्त किया हो (गैर-महानिदेशक तकनीकी विकास एककों के मामले में पंजीकरण-व-सदस्यता प्रमाण-पत्र के भाग 2 को भरने के प्रयोजन के लिए प्रयोजक प्राधिकारी द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की तारीख इस कंडिका के प्रयोजन के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन करने की तारीख ही गिनी जाएगी)। 12

माह की अवधि पर पहुंचने के लिए उस महीने को उसमें नहीं गिना जाएगा जिसके दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किया जाता है। निर्यात की जो मदें केवल विदेशी मुद्रा की वसूली के बाद प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान करती हैं उनके संबंध में 12 महीनों की अवधि निर्यात की अवधि में गिनी जाएगी और भुगतान की वसूली की तिथि से नहीं।

संगठन या स्वामित्व में परिवर्तन

60. (1) जिस मामले में किसी पंजीकृत निर्यातक के स्वामित्व, संगठन, नाम या पते में परिवर्तन हुआ हो उसके लिए परिवर्तन की सूचना 3 महीने के भीतर पंजीकरण प्राधिकारी को देना आवश्यक होगा। इस सम्बन्ध में पंजीकरण प्राधिकारी 3 महीने तक के विलम्ब को क्षमा कर सकता है। विनिर्माता निर्यातकों के मामले में पंजीकरण प्राधिकारी इस बात का भी सत्यापन करेगा कि परिवर्तन के सम्बन्ध में प्रायोजक प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त की गई है या नहीं। उचित सत्यापन करने के बाद पंजीकरण करने वाला प्राधिकारी नई या पुनर्गठित व्यापार संस्था का एक नया पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करेगा जो नाम, स्वामित्व, या संगठन, जो भी हो में परिवर्तन की तिथि से वैध होगा। (निर्यात सदनों के लिए आयात नीति 1983-84 के अध्याय 18 का संदर्भ दिया जा सकता है)

(2) जिस मामले में किसी साझीदार के प्रवेश या सेवा निवर्तन या मृत्यु के कारण (या अविभाजित हिन्दू परिवार व्यापार संस्था के मामले में कर्ता के परिवर्तन के कारण) पंजीकृत निर्यातक व्यापार संस्था के संघटन में परिवर्तन हुआ हो और पुनर्गठित व्यापार संस्था अपने नाम और पते में किसी परिवर्तन के बिना पूर्ण व्यवसाय को संभाल लेती हो तो ऐसे परिवर्तन में पंजीकरण प्राधिकरण से नया पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मामलों में पंजीकरण प्राधिकारी को केवल परिवर्तन के विषय में सूचना दे देनी चाहिए। इसी प्रकार प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी या इसके विपरित परिवर्तित होने पर पंजीकरण प्राधिकारी को केवल सूचना भेजनी चाहिए, और ऐसे परिवर्तनों में किसी नये पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

निर्यातकों का विपंजीकरण

61. (1) पंजीकरण प्राधिकारी निर्धारित या अनिश्चित अवधि के लिये और एक या अधिक निर्यात उत्पादों के लिए किसी निर्यातक को निम्नलिखित मामलों में विपंजीकृत कर सकता है :—

(क) निर्यातक में पंजीकरण के लिये अपेक्षित योग्यताएं न रही हों या उसने पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन किया हो, अथवा

(ख) निर्यातक किसी अनुचित, भ्रष्ट, या कपटपूर्ण कार्य में फंस गया हो या किसी निर्यात आभार को पूर्ण न कर सका हो; या

(ग) निर्यातक या साझेदारी होने के नाते, भागीदार या लिमिटेड कम्पनी होने के नाते उस का पूर्णकालीन संचालक या प्रबन्ध संचालक पिछले निर्यात के लिये आबंटित किसी भी कोटे को संतोषपूर्वक उपयोग करने में असफल रहा हो।

(2) विपंजीकृत करने से पहले निर्यातक को सामान्यतः एक कारण बताओ नोटिस दिया जायेगा।

(3) पंजीकृत निर्यातक के विरुद्ध प्राप्त किसी शिकायत के संबंध में या लिखित रूप में रिकार्ड किये जाने वाले किसी विशेष और पर्याप्त कारण के सम्बन्ध में पड़ी हुई पूछताछ के लिए पंजीकरण प्राधिकारी या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय के अपर मुख्य नियंत्रक या निर्यात आयुक्त, निर्यातक के पंजीकरण को निर्धारित अवधि के लिए निलम्बित रख सकते हैं।

(4) यदि निर्यात सदन भारतीय निर्यात संगठनों के महा संघ से और सम्बन्धित निर्यात संवर्धन परिषद्/पण्य वस्तु बोर्ड में भी पंजीकृत है तो उस के पंजीकरण को संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य वस्तु बोर्ड में भारतीय निर्यात संगठनों के महा संघ द्वारा स्वतः विपंजीकृत किया गया समझा जाएगा। इसी प्रकार यदि ऐसा निर्यातक, निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य वस्तु बोर्ड से विपंजीकृत है तो यह संबंधित निर्यात उत्पाद (दों) के लिए भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ के साथ उस के पंजीकरण के लिए स्वतः लागू होगा।

(5) जब एक कम्पनी या फर्म को विपंजीकृत किया जाता है या पंजीकरण को आस्थगन में रखा जाता है तो विपंजीकरण/आस्थगन आदेश में फर्म/कम्पनी के मालिक/साझीदार/संचालक के नामों का भी उल्लेख होगा।

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा पंजीकरण और विपंजीकरण

62. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय के अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या निर्यात आयुक्त किसी निर्यातक को पंजीकृत या विपंजीकृत कर सकते हैं या ऐसा करने के लिये पंजीकरण प्राधिकारी को निदेश दे सकते हैं। इस उपबन्ध के अन्तर्गत विपंजीकरण का आदेश उपर्युक्त पैरा 61 में आने वाले कारणों से दिया जा सकता है या उन मामलों में दिया जा सकता है जिन में निर्यातक ने विदेश व्यापार से संबंधित किसी कानून, नियम या विनियम का उल्लंघन किया हो या विदेशी पार्टी के साथ ठेके का अपर्याप्त कारणों से उल्लंघन किया हो या विदेशी एजेन्ट को देय कमीशन की धनराशि चुकाने में असमर्थ रहा हो या किसी मांगी गई सूचना या आंकड़े भेजने में असफल रहा हो या अन्य कोई पर्याप्त कारण जो निगाह में आए हों।

भारतीय निर्यातकों के विरुद्ध शिकायत

63. प्रत्येक निर्यातक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा की जायेगी। चूक करने वाले निर्यातकों को चेतावनी देने के लिये कारवाई की जायेगी जिससे कि समुद्रपार भारतीय निर्यातों की प्रतिष्ठा को कायम रखा जा सके।

निर्यातों का प्रमाणीकरण

64. (1) पोतलदान के समय पंजीकृत निर्यातक के पास सीमाशुल्क विभाग द्वारा विधिवत प्रमाणीकृत पोत परिवहन बिल की एक प्रति होनी चाहिये।

(2) पोतलदान के बाद पंजीकृत निर्यातक को सौदा तय करने और/या बिलों को प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी अर्थात बैंक को निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत करते समय उनसे निर्यातों को प्रमाणित कराना चाहिये। निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत करते समय उसे "एक दम" बिक्री के आधार पर किये गये निर्यातों के लिये परिशिष्ट 10 (अनुबन्ध-5) में दिये गये प्रपत्र 1 में और परेषण के आधार पर/अनुमोदन के

आधार पर किये गये निर्यातों के लिये परिशिष्ट 10 (अनुबन्ध 5) में दिये गये प्रपत्र 2 में एक घोषणा (तीन प्रतियों में) भरनी चाहिये और बैंक को देनी चाहिये।

(3) बैंक निर्यातों के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य को भारतीय रुपये में प्रमाणित करेगा और निर्यात दस्तावेजों के सन्दर्भ में आवश्यक सत्यापन के बाद घोषणा पर प्रति-हस्ताक्षर करेगा। बैंक यह भी सत्यापन करेगा कि पोत परिवहन बिल सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा विधिवत प्रमाणीकृत किया गया है या नहीं। इसके पश्चात् बैंक मूल प्रमाण-पत्र को बैंक द्वारा साक्ष्यांकित बीजक की सम्बन्धित प्रति के साथ सम्बन्धित पंजीकृत निर्यातक को भेजेगा। दूसरी प्रति संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजेगा और तीसरी प्रति अपने रिकार्ड के लिये रख लेगा। परेषण के आधार पर/अनुमोदन के आधार पर किये गये निर्यातों के मामले में बैंक जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य को प्रमाणित करेगा, उस पर प्रति हस्ताक्षर करेगा और प्रपत्र संख्या 2 के अनुसार प्रमाण पत्र पंजीकृत निर्यातक को केवल तब भेजेगा जब कि निर्यात बिक्री की रकम वसूल कर ली गई हो और भारतीय मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग को सौंप दी गई हो। एक से अधिक माल परेषण को शामिल करने वाला बैंक प्रमाण पत्र भी स्वीकार किया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत क्रियाविधि परिशिष्ट 10 (अनुबन्ध 6) में दी गई है। उन मामलों में जहां बैंक ने यह सत्यापित न किया हो कि जहाजरानी बिल सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत प्रमाणित किए गए हैं और निर्यातक सम्बन्धित जहाजरानी बिल के बजाय सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत् प्रमाणित निर्यात संवर्धन प्रति प्रस्तुत करता है तो लाइसेन्स प्राधिकारी उसे स्वीकार कर सकता है यदि वह अन्यथा रूप से सही हो।

(4) जिस मामले में पंजीकृत निर्यातक पोत परिवहन कम्पनी के बाद में "भाड़े की छूट" प्राप्त करता है जिसके परिणामस्वरूप जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य बढ़ जाता है तो वह इस अतिरिक्त जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्राप्त करने के लिए बैंक प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता है। ऐसे मामलों में अतिरिक्त लाभ उठाने के लिए आवेदन पत्र एक वर्ष की उसी तिमाही के दौरान जिसमें सम्बद्ध उत्पाद का निर्यात किया गया हो या भाड़े में छूट की प्राप्ति के तीन मास के दौरान, इनमें जो भी पहले हो, उसके भीतर भेजा जाना चाहिए।

(5) आयात प्रतिपूर्ति की हकदारी की गणना करने के प्रयोजन के लिए विदेशी अभिकर्ता को भुगतान कर दिए गए या भुगतान किए जाने वाले कमीशन या छूट की धनराशि निर्यातों के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य में से काट दी जाएगी।

(6) लेकिन, हाइड्रालिक, परीक्षण और पेन्ट संबंधी भाड़ों, प्रबन्ध और जहाजी कुली सम्बन्धी भाड़ों को जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य की गणना करने के लिए लेखे में लिया जाएगा। ब्याज प्रभार भी जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के एक भाग के रूप में लेखे में केवल तभी लिए जाएंगे जबकि वे बीजक में अलग से दर्शाए गए हों और बैंक ने ब्याज प्रभार सहित उस धनराशि के बिल के लिए सौदा कर लिया हो।

(7) विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा निर्यातों के प्रमाणीकरण के लिए ऊपर उल्लिखित क्रियाविधि निम्नलिखित मामले में लागू नहीं होगी :—

(1) सिनेमैटोग्राफिक फिल्म (अभिदर्शित),

(2) डाक पार्सलों द्वारा मूल्य देय निर्यात,

(3) पुस्तकों, पत्रिकाओं और सावधिकों के निर्यात,

(4) विदेश में अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में की गई बिक्री,

(5) अग्रिम भुगतान के प्रति विदेशी पर्यटकों को कालीनों का निर्यात,

(6) भारत में अन्तर्राष्ट्रीय बैंक, पुनःनिर्माण तथा विकास/अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए किए गए संभरण,

(7) स्वतन्त्र विदेशी मुद्रा में भुगतान के मद्दे भारत में किए गए संभरण,

(8) विदेश में संयुक्त उद्योगों में भारतीय समान सहयोग के मद्दे मशीनरी और उपस्कर का निर्यात।

लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की क्रियाविधि

65. (1) एक उत्पाद वर्ग में सभी उत्पादों के निर्यात के मद्दे आयात लाइसेंसों के लिए समेकित आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र एवं विधिनुसार उस लाइसेंस अधिकारी को किए जाने चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में, एक लिमिटेड कम्पनी के मामले में पंजीकृत कार्यालय और अन्य पंजीकृत निर्यातकों के मामले में मुख्यालय स्थित हो। लाइसेंस प्राधिकारी के नाम और उनके क्षेत्राधिकार परिशिष्ट 8 में संकेतित हैं।

(2) वे क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी जिन के पास सामान्य क्षेत्राधिकार है वे 1 अप्रैल, 1983 से पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अंतर्गत उन के क्षेत्राधिकार में स्थित निर्यातकों के संबंध में भी आयात लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्रों पर विचार करेंगे।

(3) लेकिन पंजीकृत ठेकों या परियोजना निर्यातों के मामले में एक उत्पाद ग्रुप से संबंधित सभी निर्यातों को शामिल करने के बजाए आवेदनपत्र ठेकेवार या उत्पादवार भरे जा सकते हैं।

(4) लिमिटेड कम्पनी या पंजीकृत निर्यातक की शाखा के लिए यह छूट होगी कि वह अपने द्वारा किए गए निर्यातों के मद्दे आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए उस लाइसेंस प्राधिकारी से आवेदन करे जिसके अधिकार क्षेत्र में वह शाखा स्थित है बशर्ते कि ऐसी शाखा एक निर्यातक के रूप में अलग से पंजीकृत हो या इस सम्बन्ध में एक साक्ष्य प्रस्तुत करे कि लिमिटेड कम्पनी/मुख्य कार्यालय को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र विषयाधीन शाखा के लिए वैध है। इस प्रकार के मामलों में आवेदन पत्र के साथ मुख्य कार्यालय या पंजीकृत कार्यालय, जो भी हो, का एक प्रमाणपत्र इस संबंध में होना चाहिए कि उसने आवेदनपत्र में शामिल निर्यातों के मद्दे किसी प्रतिपूर्ति लाइसेंस का न तो दावा किया है और न करेगा।

आवेदन पत्रों की आवृत्ति

66. पंजीकृत निर्यातक को एक महीने या एक तिमाही (अप्रैल - जून आदि) या छमाही (अप्रैल-सितम्बर) या वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान किए गए निर्यातों के आधार पर लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहिए। पंजीकृत निर्यातकों द्वारा आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र प्रत्येक मास या त्रैमासिक या प्रत्येक छमाही या वार्षिक आधार पर जैसे भी सुगम हो, भेजने चाहिए। प्रत्येक निर्यातक यह सुनिश्चय करेगा कि वह किस क्रियाविधि को अपनाना चाहेगा और इसकी

सूचना आर.ई.पी. लाइसेंस के लिए पहला आवेदन करते समय लाइसेंस प्राधिकारी को भेजेगा। यदि वह किसी भी क्रियाविधि को चुनने में असमर्थ रहता है तो यह मान लिया जाएगा कि उसने त्रैमासिक क्रियाविधि को चुना है। (लाइसेंस अवधि के दौरान चुनाव के परिवर्तन के लिए स्वीकृति नहीं दी जाएगी।) परेषण/अनुमोदन के आधार पर निर्यातों के मामले में ऐसे आवेदनपत्र इसी प्रकार से वसूल की गई बिक्री की रकम के सम्बन्ध में दिए जाने चाहिए।

आवेदन प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा

67. (1) आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदनपत्र ऐसे समय में भेजना चाहिए जिससे कि वह निर्यात की तीन महीने की अवधि के अन्त होने के भीतर या परेषण निर्यात के मामले में बिक्री की रकम की प्राप्ति की अवधि के अंत होने से तीन महीने के भीतर, जैसा भी मामला हो, सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को पहुंच जाए। उन मामलों में जहां बिक्री की रकम अग्रिमरूप में प्राप्त होती है या जहा निर्यात भारतीय रिजर्व बैंक के आस्थागित भुगतान शर्तों के आधार पर किए जाते हैं तो आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन-पत्रों को प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा की गणना वास्तविक निर्यात की अवधि के संदर्भ में की जाएगी।

(2) यदि एक निर्यातक एक विशेष निर्यात अवधि में एक उत्पाद वर्ग के अधीन अपने निर्यात से सम्बद्ध एक समेकित आवेदन पत्र देने के बजाए एक से अधिक आवेदन-पत्र देता है तो लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे बाद वाले आवेदन-पत्र (पत्रों) पर स्वीकार्य प्रतिपूर्ति के भीतर 5% या 5000/- रुपए, इन में जो भी कम हो, की कटौती कर के विचार कर सकता है। यह कटौती उसके अतिरिक्त होगी जो कि इस पैरा के उप-पैरा (4) के अधीन उसी आवेदनपत्र के प्रस्तुतीकरण में विलम्ब के कारण लगाई जाएगी ।

(3) यदि आयात आवेदन-पत्र के साथ आवेदन शुल्क के भुगतान की बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी या निर्यात का विवरण या निर्यात को सत्यापित करने वाले दस्तावेजों से इतर अन्य दस्तावेज नहीं भेजे गए हों तो लाइसेंस अधिकारी 1% की कटौती लगाकर जो अधिकतम 100 रुपया होगी इन दस्तावेजों के देर से प्रस्तुतीकरण को स्वीकार कर सकता है। (इस उप-कंडिका के अंतर्गत आने वाले मामलों में निर्यातक को नीचे की उप-कंडिका (4) के अधीन दर्शाई गई अधिक कटौती नहीं देनी पड़ेगी)।

(4) लाइसेंस प्राधिकारी उन आवेदन पत्रों (जिन में अतिरिक्त लाइसेंसों के आवेदन पत्र भी शामिल हैं) पर भी विचार कर सकता है, जो निर्धारित समय के बाद मिले अथवा जिनमें आवेदन पत्र देने की अंतिम तारीख के बाद त्रुटियों को सुधारा गया हो, लेकिन इसके लिए यह आवश्यक होगा कि आवेदन-पत्र देने के लिए निर्धारित तारीख से तीन महीने के अन्दर आवेदन पत्र पेश कर दिया जाए अथवा आवेदन पत्र की त्रुटियों को सुधार लिया जाय । इस अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जा सकता। लेकिन ऐसी स्थिति में सम्बद्ध निर्यात के मद्दे स्वीकार्य आयात-प्रतिपूर्ति मूल्य में कटौती करके इस प्रकार के आवेदन पत्रों पर गुण-दोष के आधार पर लाइसेंस प्राधिकारी विचार कर सकता है। उक्त मामले में, मूल्य में नीचे लिखे ढंग से कटौती की जाएगी :—

(1) निर्यात अवधि के अन्तिम महीने से 6 महीने के बाद किन्तु 12 महीने के अन्दर की अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र.........5% कटौती।

(2) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 12 महीने के बाद किन्तु 18 महीने के अन्दर की अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र........10% कटौती।

(3) निर्यात अवधि के अन्तिम महीने से 18 महीने के बाद किन्तु 24 महीने के अंदर की अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र.....15% कटौती।

(4) निर्यात अवधि के अन्तिम महीने से 24 महीने के बाद की अवधि में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किए बिना ही कालातीत मानकर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(5) जिन उत्पादों के निर्यात के मद्दे प्रतिपूर्ति केवल विदेशी मुद्रा की वसूली के बाद अर्हता प्राप्त करती है तो उनसे सम्बन्धित देर से प्राप्त/त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों में उस अवधि के हिसाब से कटौती की जाएगी, जब निर्यातकर्ता के खाते में राशि जमा करायी गयी हो, निर्यात अवधि के समय से नहीं।

(6) रत्नों और आभूषणों तथा चलचित्र फिल्मों (एक्सपोज्ड) को छोड़कर वी. पी. पी. से निर्यात किए जाने वाले अन्य उत्पादों के मामले में पोस्ट मास्टर के प्रमाण पत्र अथवा सूचना पर्ची में दी गयी भुगतान की तारीख से आवेदन पत्र देने की समय सीमा का हिसाब लगाया जाएगा।

(7) जहां आवेदन पत्र आंशिक रूप से अपूर्ण हो अर्थात कुछ पोतलदानों से सम्बद्ध निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत न किए गए हों तो लाइसेंस प्राधिकारी आवेदन पत्र के उस अंश के लिए आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकते हैं जिसके लिए पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हों। ऐसे मामलों में उस हिस्से के दावे को अपूर्ण हिस्से के दावे के कारण न रोका जाए जिसके आवश्यक दस्तावेज भेज दिए गए हों।

पोतलदान/परेषण की तिथि

68. पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन पत्रों पर विचार करने के उद्देश्य से निर्यात की सम्बन्धित तिथि निम्नलिखित अनुसार निश्चित की जाएगी :—

(क) सागर द्वारा पोतलदानों के मामले में निर्यात की तिथि निम्नलिखित अनुसार निश्चित की जाएगी :—

(1) पोत द्वारा निर्यातित ब्रेक-बल्क कार्गो के मामले में लदान बिल की तिथि अथवा मालिम रसीद की तिथि इनमें जो भी बाद में होगी, वही निर्यात की तिथि होगी।

(2) आधानीकृत कार्गो के मामले में पोत पर आधान के लदान का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए "पोत पर लदान बिल" की तिथि ही निर्यात की तिथि होगी। लेकिन आधान में निर्यात माल के लदान की तिथि का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए "पोत-लदान के लिए लदान बिल के लिए प्राप्त" तिथि भी निर्यात की तिथि मानी जा सकती है यदि साख-पत्र ऐसे लदान बिल की विशेषरूप से व्यवस्था करता हो। अन्तरदेशीय आधान डिपो (आईडीसी) से आधानों द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात की तिथि वही होगी जो सीमा शुल्क द्वारा निकासी के बाद आईडीसी

में निर्यात माल के लदान के समय पोतपरिवहन एजेन्टों द्वारा जारी किए गए लदान बिल की तिथि हो।

(3) लैश बार्ज द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात तिथि वही होगी जो बार्ज पर उस निर्यात माल के लदान का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए लदान बिल की तिथि हो जिसको मातृ-पोत पर ले जाने वाले बार्ज तक ले जाना है।

(ख) वायुयान द्वारा निर्यातों के मामले में निर्यात की तिथि वायु मार्ग बिल की तिथि द्वारा निश्चित की जाएगा।

(ग) डाक पार्सल द्वारा निर्यातों के मामले में निर्यात की तिथि डाक रसीद पर अंकित तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी।

(घ) रेल द्वारा निर्यातों के मामले में निर्यात की तिथि रेलवे रसीद की तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी।

(ङ) सड़क द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात की तिथि स्थल सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा प्रमाणित माल भेजने की तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी।

आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

69. लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्र सब प्रकार से पूर्ण और आवेदन शुल्क के लिए उचित धनराशि के लिए बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी और अन्य निर्धारित दस्तावेजों द्वारा समर्थित भेजने चाहिए।

70. जिन निर्यातों के मद्दे आयात के लिए आवेदन-पत्र दिया गया है उसका ब्यौरा निर्दिष्ट करते हुए परिशिष्ट-10 (अनुबन्ध-7) में दिए गए प्रपत्र में निर्यातों का विवरण आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ भेजा जाना चाहिए।

71. आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित निर्यात दस्तावेज भी प्रस्तुत करने चाहिएं :—

(1) पैरा 64 (7) में उल्लिखित उत्पादों से भिन्न उत्पादों का निर्यात :—

(1) निर्यातों का बैंक प्रमाणपत्र (मूल रूप में)।

(2) बीजक की बैंक साक्ष्यांकित प्रति।

(2) रत्न व आभूषण और सिनेमैटोग्राफिक फिल्मों (अभिदर्शित) से भिन्न उत्पादों का मूल्य देय डाक पार्सलों (वी.पी.पी) द्वारा निर्यात :—

(1) माल, अलग-अलग मद का वजन और वास्तव में निर्यात-किए गए माल के कुल वजन का विवरण देते हुए सीमाशुल्क द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित बीजक।

(2) सम्बन्धित डाक रसीद या उसकी फोटो स्टेट प्रति या डाक घर द्वारा जारी किया गया डाक से भेजने का प्रमाणपत्र; और

(3) पोस्ट मास्टर का भुगतानों का प्रमाणपत्र या एक सूचना पर्ची जो मूल्यदेय डाक पार्सल (वी. पी. पी.) द्वारा किए गए निर्यातों की रकम पर देने वाले भारतीय प्राप्तकर्ता को डाक विभाग द्वारा दी गई हो।

(3) उन पंजीकृत निर्यातकों द्वारा डाक द्वारा पुस्तकों और समाचार पत्रों का किया गया निर्यात जिनको पी. पी. औपचारिकताओं का पालन किए बिना अपने निर्यात करने की भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमति दी गई है, या सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से ऐसी हर औपचारिकताओं के बिना प्रेषिती को सीधे ही दस्तावेज भेजने की अनुमति दी गई है।

(1) डाक रसीद या डाक घर द्वारा जारी किया गया डाक का प्रमाण-पत्र या जिन मामलों में मूल डाक रसीद आयातक को भेज दी गई हो, उनमें कोई अन्य साक्ष्य। साधारण डाक द्वारा निर्यात के मामले में यदि निर्यातक डाक से भेजने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में समर्थ नहीं है तो डाक खर्चों के पूर्ण ब्यौरे, निर्यातों की तिथियों और निर्यातों के ब्यौरे देते हुए सनदी लेखापाल का एक प्रमाण-पत्र डाक घर द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र के बदले में प्रस्तुत करना चाहिए।

(2) निर्यातों, भाड़े आदि के ब्यौरे देते हुए सनदी लेखापाल का एक प्रमाणपत्र।

(3) सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित बीजक।

(4) जिन मामलों में आवेदक उपर्युक्त (1) से (3) तक के दस्तावेज प्रस्तुत करने में समर्थ न हो, और निर्यातित माल के मद्दे उस ने भुगतान पहले ही प्राप्त कर लिया हो, उनमें लाइसेंस प्राधिकारी निम्नलिखित दस्तावेज स्वीकार कर सकता है, अर्थात:—

(क) निर्यात किए गए प्रत्येक प्रकाशन का नाम, किए गए निर्यातों का मूल्य और विषयाधीन परेषणों पर किए गए डाक खर्चों की कुल धनराशि का संकेत करते हुए सनदी लेखापाल से एक प्रमाणपत्र;

(ख) उपर्युक्त (क) में उल्लिखित निर्यातों को शामिल करते हुए विदेशी मुद्रा में भुगतान की प्राप्ति के समर्थन में एक बैंक प्रमाणपत्र; और

(ग) इस सम्बन्ध में आवेदक की यह घोषणा कि उसने इस विदेशी मुद्रा वसूली के आधार पर अलग से आर.ई.पी. लाइसेंस के लिए न तो दावा किया है और न करेगा जिससे उपर्युक्त (ख) में बैंक प्रमाणपत्र संबंधित है।

(4) जिन पंजीकृत निर्यातकों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पी.पी. औपचारिकताओं से छूट नहीं दी गई है, उनके द्वारा पुस्तकों, समाचार पत्रिकाओं और आवधिकों का डाक द्वारा निर्यात:—

(1) मूल डाक रसीद या उसकी फोटो स्टेट प्रति या डाक घर द्वारा जारी किया गया डाक से भेजने का प्रमाणपत्र। साधारण डाक द्वारा निर्यात के मामले में यदि निर्यातक डाक से भेजने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो डाक खर्चों के पूर्ण ब्यौरे, निर्यात की तिथियां और निर्यात के ब्यौरे देते हुए सनदी लेखापाल से एक प्रमाणपत्र भेजना चाहिए।

(2) पी. पी. फार्म संख्याएं निर्दिष्ट करते हुए सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित बीजक।

(3) विदेशी मुद्रा में भुगतान की रसीद और संबंधित पी.पी. फार्म संख्या निर्दिष्ट करते हुए बैंक प्रमाण-पत्र (पी.पी. फार्म के बिना साधारण डाक द्वारा किए गए 50/- रुपए से कम के निर्यात इस क्रिया-विधि के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान नहीं करेंगे)।

(5) जिन पंजीकृत निर्यातकों को जी. आर. प्रपत्र की औपचारिकताओं का पालन किए बिना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयात की अनुमति दे दी गई है, या उन्हें अपने प्रलेखों को सामान्य बैंकिंग चेनल के माध्यम से भेजे बिना सीधे ही परेषिती को भेजने की अनुमति है, उनके द्वारा जल/वायु मार्ग द्वारा पुस्तकों और समाचार पत्र पत्रिकाओं का निर्यात :—

(1) सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित बीजक,

(2) लदान–वायुमार्ग बिल,

(3) सम्बन्धित जी.आर. प्रपत्रों के मद्दे तिथिक्रम से रखी गई निर्यात रकमों की वसूली से संबंधित निर्यातक के बैंक/सनदी लेखापाल द्वारा विधिवत प्रमाणित एक विवरणपत्र। लेकिन, जिन मामलों में निर्यातकों ने भारतीय रिजर्व बैंक से जी. आर. औपचारिकताओं से छूट का सामान्य परमिट प्राप्त कर लिया हो, उनमें (निर्यातकों) के लिए जी.आर. प्रपत्र संख्याएं निर्दिष्ट करते हुए प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है और इसके बजाए वे सनदी लेखापाल/निर्यातक के बैंक द्वारा जारी किए गए विवरणपत्र में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई सामान्य परमिट संख्या उद्धृत कर सकते हैं।

(6) रत्न व आभूषण और सिनेमैटोग्राफिक फिल्मों (अभिदर्शित) से भिन्न उत्पादों का पंजीकृत डाक द्वारा निर्यात:—

(1) निर्यातक के बैंक द्वारा जारी किया गया निर्यात का बैंक प्रमाणपत्र (मूल रूप में)

(2) माल, अलग-अलग मद का वजन और वास्तव में निर्यात किए गए माल के कुल वजन का विवरण देते हुए सीमा-शुल्क द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित बीजक।

(3) डाक रसीद या जिन मामलों में डाक रसीद परेषिती को भेज दी गई हो, उसमें स्पष्ट रूप से डाक रसीद संख्या, दिनांक और धनराशि निर्दिष्ट करते हुए और प्रेषिती को डाक रसीद भेज दी गई है यह प्रमाणित करते हुए निर्यातक के बैंक या डाक निरूपक विभाग द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र।

(7) विदेशी पोत परिवहन कम्पनियों को पोत-भण्डारों और अन्य माल (आधानों को छोड़कर) के रूप में किए गए माल के सम्भरण:

(1) विदेशी मुद्रा या विदेशी मुद्रा विनिमय से भारत में किए गए भारतीय रुपयों की प्राप्ति के सम्बन्ध में बैंक प्रमाणपत्र (मूल रूप में)।

(2) बैंक का साक्ष्यांकित बीजक।

(3) विदेशी पोत परिवहन कम्पनियों को कि[illegible] संभरण के संबंध में सीमा शुल्क विभाग द्व[illegible] विधिवत् प्रमाणित पोत परिवहन बिल की [illegible] प्रति।

(4) जिस मामले में सीमा शुल्क विभाग द्वारा प्रमाणित पोत परिवहन बिल उपलब्ध न हो, उस में सीमा शुल्क का 'अनुमति आदेश'।

(5) जिन मामलों में आवेदक उपर्युक्त (1) और (2) के दस्तावेज प्रस्तुत करने में समर्थ न हो उनमें लाइसेंस प्राधिकारी इन दस्तावेजों के बदले में पोत परिवहन कम्पनी या इसके एजेन्ट से एक प्रमाणपत्र स्वीकार कर सकता है, यह प्रमाणपत्र सनदी लेखापाल द्वारा इस सम्बन्ध में विधिवत प्रतिहस्ताक्षरित होगा कि (क) बिल की धनराशि (जिसका पूर्ण ब्यौरा निर्दिष्ट किया जाना चाहिए) ऐसी कम्पनी के भाड़े की कमाई में से चुकाई गई है और (ख) खर्च भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किए जाने वाले भुगतान के मासिक विवरणपत्र में प्रदर्शित कर दिया गया है या कर दिया जाएगा।

(8) (1) व्यापार प्रदर्शनी अभिकरण द्वारा विदेश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में बेचे गए माल का निर्यात :—

माल के पूर्ण विवरण, जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य, भारतीय निर्यातक का नाम, बिक्री की तिथि को निर्दिष्ट करते हुए और विषयाधीन बिक्रियों के मद्दे भुगतान भारत को भेज दिया गया है और भारतीय मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है, यह प्रमाणित करते हुए व्यापार प्रदर्शनी प्राधिकरण के निदेशक से एक प्रमाणपत्र/आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की समय-सीमा बिक्री की तिथि से गिनी जाएगी।

(2) निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा, विदेश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में बेचे गए माल का निर्यात :—

(1) माल का पूर्ण विवरण, जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और भारतीय निर्यातक का नाम, बिक्री की तिथि निर्दिष्ट करते हुए और विषयाधीन बिक्रियों के मद्दे भुगतान भारत को भेज दिया गया है और भारतीय मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है, यह प्रमाणित करते हुए निर्यात संवर्धन परिषद् से एक प्रमाणपत्र।

(2) विदेशी मुद्रा में भुगतान की प्राप्ति को निर्दिष्ट करते हुए बैंक प्रमाण-पत्र। परिशिष्ट-10 (अनुबंध-9) में दिया गया बैंक प्रमाणपत्र का प्रपत्र उचित आशोधनों के साथ उपयोग किया जाए। आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की समय-सीमा बैंक प्रमाणपत्र में यथाप्रदर्शित भुगतान की तिथि से गिनी जाएगी।

(3) जिस मामले में आवेदक इस कारण से बैंक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ हो कि दस्तावेज बैंक के माध्यम से नहीं भेजे गए थे, उसमें लाइसेंस प्राधिकारी उपर्युक्त (1) में उल्लिखित दस्तावेज

इस शर्त पर स्वीकार कर सकता है कि अन्य साक्ष्य के आधार पर वह इस बात से संतुष्ट है कि विषयाधीन माल के लिए भुगतान प्राधिकृत सूत्रों के माध्यम से प्राप्त किया गया है।

(3) जहां व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा भारतीय विनिर्माताओं/निर्यातकों को सीधे भाग लेने के लिए अनुमति दिए जाने पर उनके द्वारा विदेश में अंतर्राष्ट्रीय मेलों/नुमायशों में बेचे गए माल का निर्यात :—

(1) माल का पूर्ण विवरण, जहाज पर निःशुल्क मूल्य, भारतीय निर्यातकों का नाम, बिक्री की तिथि दर्शाते हुए व्यापार मेला प्राधिकरण से प्रमाणपत्र।

(2) विदेशी मुद्रा में भुगतान की रसीद दर्शाने वाला बैंक प्रमाण-पत्र। परिशिष्ट 10 (अनुबंध-9) में दिए गए बैंक प्रमाण-पत्र का प्रपत्र उचित संशोधनों के साथ उपयोग में लाया जा सकता है। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा की गणना बैंक प्रमाण पत्र में दर्शाई गई तारीख से की जाएगी।

(9) उन ख्यातिलब्ध समाचार कैमरामैन द्वारा समाचार फिल्म और टी.वी. फिल्मों का निर्यात जिन्हें जी आर आई/पीपी औपचारिकताओं का अनुपालन करने से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छूट प्रदान की गई है :--

(1) वायुमार्ग बिलों की सत्यापित प्रतियों के साथ संबद्ध वायुमार्ग बिल संख्या दर्शाते हुए निर्यातित समाचार फिल्मों/टी.वी. फिल्मों की सूची

(2) विदेशी मुद्रा की रसीद दर्शाने वाला बैंक प्रमाण-पत्र,

(3) आवेदक की घोषणा कि उसने उपर्युक्त (2) में रखे गए बैंक प्रमाण-पत्र के लिए विदेशी मुद्रा वसूली के आधार पर अलग-अलग प्रतिपूर्ति लाइसेन्स के लिए दावा नहीं किया है और न किया जाएगा।

(10) ऊनी कालीनों का निर्यात जिस के लिए विदेशी पर्यटकों से (क) विदेशी मुद्रा पर्यटक चेकों, (ख) क्रास्ट विदेशी बैंक ड्राफ्ट, और (ग) विदेशी बैंकों के नाम व्यक्तिगत चेक के रूप में, भुगतान स्थानीय रूप में (पूर्णरूप में या आंशिक रूप में) प्राप्त किए जाते हैं:—

(1) परिशिष्ट-10 (अनुबन्ध-10) में दिए गए प्रपत्र में, निर्यातक के बैंक द्वारा जारी किया गया भुगतान का प्रमाणपत्र (मूलरूप में)।

(2) बैंक का साक्ष्यांकित बीजक,

(3) डाक से निर्यातों के मामले में मूल डाक रसीद, और

(4) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बिक्रेता को जारी किए गए मनी चेंजर्स लाइसेंस की एक प्रति।

(11) महासागर भाड़ा आधानों की बिक्री के मामले में निम्नलिखित दस्तावेज भेजे जाने चाहिए :—

(1) विदेशी क्रेता से प्राप्त किया गया आदेश,

(2) बेचे गए माल और उसके मूल्य के ब्यौरे देते हुए बैंक द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित बीजक,

(3) विदेशी क्रेता या भारत में उनके अधिकृत एजेन्ट द्वारा प्राप्त किए गए माल का साक्ष्य, और

(4) परिशिष्ट-10, अनुबंध-5 (प्रपत्र-2) में दिए गए प्रपत्र में बैंक प्रमाणपत्र (मूल में)। (पोतलदान बिल के अभाव में जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की वसूली को बैंक द्वारा बीजक के आधार पर सत्यापित किया जा सकता है।

(12) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक/अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण से भारत में सहायता प्राप्त परियोजनाओं द्वारा किए गए संभरण, जिस मामले में भारतीय निर्यातक विदेशी क्रेता को निर्यात दस्तावेज भेजता है और विदेशी क्रेता स्वयं को प्रदान किए गए ऋण में से आपसी तौर से निर्यातक को भुगतान करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक/अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण से आवेदन करता है :—

(1) बिक्री की रकम की वसूली प्रदर्शित करते हुए परिशिष्ट-10 के अनुबन्ध-5 के प्रपत्र-2 में बैंक प्रमाणपत्र जो ऐसे विलोपनों/आशोधनों के साथ जो अलग-अलग सौदे या बीजक के मद्दे भारत में निर्यातक के लेखे में जमा करने के लिए भुगतान की प्राप्ति को निर्दिष्ट करने के लिए पर्याप्त हो,

(2) सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा विधिवत् प्रमाणित पोत परिवहन बिल,

(3) अन्य बातों के साथ-साथ पोत परिवहन बिल की संख्या और तिथि को निर्दिष्ट करते हुए बीजक की प्रति,

(4) लदान बिल, और

(5) बीमा रसीद ।

(13) विदेश में संयुक्त उद्यमों में भारतीय साम्य सहयोग शेयर के मद्दे मशीनरी और उपस्कर का निर्यात :—

(1) बीजक की प्रति/बीजक में एक अभ्युक्ति होनी चाहिए, अर्थात्, "वाणिज्य विभाग के पत्र संख्या. . . . . .दिनांक. . . . . द्वारा यथा अनुमोदित संयुक्त उद्यम, सर्वश्री . . . .(स्थान और देश का नाम) के नाम में साम्य सहयोग करने के लिए निर्यात।"

(2) निर्यातों के लागत बीमा-भाड़ा/लागत और भाड़ा/जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य, यदि कोई किया गया हो तो भाड़ा और बीमा खर्च, परिशिष्ट-10 में दिए गए अनुबन्ध-11 के अनुसार जी. आर. प्रपत्र आदि को प्रमाणित करते हुए सनदी लेखापाल का मूल रूप में प्रमाणपत्र।

(3) साम्य सहयोग के रूप में उपयोग किए जाने के लिए निर्यातों के मूल्य की अनुमति देते हुए सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी की एक प्रति।

(14) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक/अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के मद्दे या द्विपक्षी/बहुपक्षी सहायता परियोजनाएं, या संयुक्त संघ

के सहायता कार्यक्रमों और अन्य बहु राष्ट्रीय अभिकरणों के अंतर्गत भारतीय संस्थाओं द्वारा भारत में अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर किए गए और विदेशी मुद्रा में चुकाए गए संभरण :--

प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज और संभरणों के प्रति प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए अनुसरण की जाने वाली क्रियाविधि परिशिष्ट-10 के अनुबन्ध-19 में दी गई है।

(15) विदेश में तकनीकी/परामर्श कार्य/निर्माण कार्य लेने से परामर्शदात्री संस्थाओं और डिजाइन इंजीनियरी व्यापार संस्थाओं द्वारा कमाई गई विदेशी मुद्रा :--

(1) परामर्श शुल्क/अन्य खर्च/निर्माण खर्च की धनराशि को प्रदर्शित करते हुए मूलरूप में बैंक प्रमाणपत्र,

(2) परामर्श समझौते का अनुमोदन करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र की संख्या और तिथि, यदि कोई हो,

(3) विदेशों में इंजीनियरों/अन्य भ्रमण आदि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिहा की गई विदेशी मुद्रा की धनराशि जिसके साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए परमिट की संख्या और तिथि हो, और

(4) कार्मिकों की यात्रा बुक करने के लिए भारत में चुकाई गई यात्रा की धनराशि।

उपर्युक्त (2) से (4) तक के ब्यौरे सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित होने चाहिए।

(16) विदेश में निर्यात संवर्धन परिषद् के प्रदर्शन कक्ष में प्रदर्शित माल की बिक्री:--ऐसे मामलों में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज वही होंगे जो उपर्युक्त उप-पैरा (8) में निर्दिष्ट किए गए हैं, वे इस आशोधन के साथ होंगे कि निदेशक, व्यापार प्रदर्शनी प्राधिकरण प्रमाणपत्र के बजाये सम्बद्ध निर्यात संवर्धन परिषद् का प्रमाणपत्र होना चाहिए। आवेदनपत्र प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा बिक्री की तिथि से गिनी जाएगी।

(17) स्वतंत्र विदेशी मुद्रा के मद्दे यात्रियों को कर मुक्त दुकानों पर बेचे गए माल की बिक्री के मामले में आवेदनपत्र के साथ भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) का प्रमाणपत्र होना चाहिए जिसमें कैशमीमों की तारीख, बेची गई मद का नाम (यदि माडल हो तो उसका भी नाम), बेची गई मद का और वसूल की गई विदेशी मुद्रा को दर्शाया जाए। विवरण मदवार तैयार किया जाना चाहिए और वह कर मुक्त दुकान के प्रबंधक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए और नियंत्रक (दुकान) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए और विवरण के अन्त में निम्नलिखित प्रमाणपत्र भी देना चाहिए :--

> "विवरण में दिए गए ब्यौरे सत्य और सही हैं और विवरण में दर्शायी गई विदेशी मुद्रा वसूल कर ली गई है और उसे हवाई अड्डे पर स्थित स्टेट बैंक में जमा करा दिया गया है।"

(आवेदन-पत्र के साथ कैश मीमो भेजने की आवश्यकता नहीं है।)

(18) समुद्र में चलने वाले जहाजों के लिए भारतीय पोत कारखानों में जुड़नार मदों (पूंजीगत माल किस्म की) का संभरण :--

(क) भारतीय पोत कारखानों भवन से समुद्र की तरफ जाने वाले जहाजों के लिए जुड़नार मदों के संभरण के मद्दे भुगतान की रसीद को दर्शाने वाला बैंक प्रमाण-पत्र।

(ख) बैंक द्वारा सत्यापित आपूर्ति बीजक।

72. ऊपर उल्लिखित दस्तावेजों के अतिरिक्त पंजीकृत निर्यातकों को वे अन्य दस्तावेज/सूचना भी प्रस्तुत करने होंगे जो लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझे जाएं या सम्बन्धित आयात नीति और लागू क्रियाविधियों के अनुसार आवश्यक हों।

73. रत्न और आभूषण की मदों और सिनेमेटोग्राफिक फिल्मों (अभिदर्शित) से भिन्न उत्पादों के नियमित निर्यातकों के प्रत्येक तिमाही में प्रतिपूर्ति के लिए निर्यात सौदों की बड़ी संख्या वाले आवेदनों पर प्रतिपूर्ति के लिए उनके आवेदन पत्र स्वीकार करने के लिए आवेदनों पर अन्य दस्तावेजी साक्ष्य जैसे सनदी लेखापाल का प्रमाण-पत्र जिसमें निर्धारित निर्यात दस्तावेजों में यथा निहित संबंधित ब्यौरे निर्दिष्ट किए गए हों के आधार पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा बशर्ते कि उनका वार्षिक निर्यात 50 लाख रुपये से अधिक हो और आगे यह भी शर्त होगी कि निर्यात उत्पाद केवल आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान करता हो।

74. पंजीकृत निर्यातकों को भाड़े और बीमे के खर्चों का साक्ष्य सम्बद्ध बैंक को प्रस्तुत करना चाहिए जिससे कि वह बैंक प्रमाणपत्र में निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य का सत्यापन कर सके। पोतलदान के समय विदेशी पोत परिवहन कम्पनियों द्वारा भाड़े के खर्चे में दी गई तत्काल छूट भी जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की गिनती करते समय बैंक द्वारा हिसाब में ली जानी चाहिए। जिन मामलों में निर्यात ठेके में भाड़ा विभिन्नता धारा हो उनमें निर्यातक भाड़ा विभिन्नता पर वसूल की गई विदेशी मुद्रा के सम्बन्ध में प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए पात्र होगा।

75. निर्यात सदनों को आयात के लिए अपने आवेदन-पत्रों के साथ मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्यात सदन प्रमाणपत्र की एक प्रति इस घोषणा के साथ प्रस्तुत करनी चाहिए कि यह न तो रद्द किया गया है और न वापस लिया गया है।

रत्न व आभूषण से भिन्न मदों की विदेशी पर्यटकों को बिक्री

76. (1) एक पंजीकृत निर्यातक अर्थात वह व्यापारी जिसको उसके द्वारा विदेशी पर्यटकों को की गई बिक्री के लिए विदेशी मुद्रा में भुगतान प्राप्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, वह (1) विदेशी मुद्रा पर्यटक चैक, (2) क्रास्ड विदेशी बैंक ड्राफ्ट (3) विदेशी बैंकों के नाम लिखे गए व्यक्तिगत चैक और (4) विदेशी मुद्रा के नोटों और सिक्कों के मद्दे विदेशी पर्यटकों को बेचे गए विशिष्ट माल के लिए प्रतिपूर्ति लाइसेंस की मंजूरी के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगा।

(2) ऐसी बिक्रियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित क्रियाविधि लागू होगी :--

(क) पंजीकृत निर्यातक को मुद्रित और क्रमवार संख्यांकित वाउचर पुस्तकें रखनी होंगी। वाउचर का एक नमूना इस पुस्तक के परिशिष्ट-10 के अनुबंध-12 में दिया गया है,

(ख) पर्यटक का नाम और राष्ट्रिकता, उसके पासपोर्ट की संख्या, बेची गई मदों का विवरण, विदेशी मुद्रा में बिक्री मूल्य और उसके तुल्य रूपए के सम्बन्ध में ब्यौरे प्रदर्शित करते हुए प्रत्येक बिक्री वाउचर तीन प्रतियों में होगा,

(ग) मूल बिक्री वाउचर पर्यटक को उसके निजी उपयोग के लिए सौंप दिया जाएगा,

(घ) वाउचर की अनुलिपि प्रति व्यापारी द्वारा प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र के साथ उसे प्रस्तुत करने के समय भेज दी जाएगी, और

(ङ) तीसरी प्रति व्यापारी द्वारा अपने निजी रिकार्ड के लिए रख ली जाएगी।

(3) पंजीकृत निर्यातक को निम्नलिखित ब्यौरों वाला एक रजिस्टर रखना होगा :—

(1) क्रम संख्या,
(2) बिक्री वाउचरों की संख्या,
(3) बिक्री की तिथि,
(4) विदेशी क्रेता का नाम,
(5) उसके पासपोर्ट की संख्या,
(6) बेची गई मद की संख्या और उस सामग्री का नाम जिससे वह बनी है।
(7) रुपयों में मूल्य,
(8) अभ्यर्पित की गई तुल्य विदेशी मुद्रा,
(9) उस बैंक का नाम जिसमें विदेशी यात्रा चैक/रेखांकित विदेशी बैंक ड्राफ्ट/चैक जमा किए गए हैं उसका नाम,
(10) जमा करने की तिथि, और
(11) अभ्युक्तियां।

सरकार रजिस्टर की कभी भी जांच कर सकती है।

(4) आवेदनपत्र विदेशी मुद्रा में भुगतान की प्राप्ति के बाद निर्धारित अवधि के भीतर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने चाहिएं। लेकिन, आयात प्रतिपूर्ति की दर बिक्री की तिथि से सम्बन्धित होगी। आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :—

(1) आवेदनपत्र के शुल्क के लिए उपयुक्त धनराशि की बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट;

(2) (क) पर्यटक का नाम और राष्ट्रिकता, (ख) पर्यटक के पासपोर्ट की संख्या, (ग) यात्री चैक/क्रास्ड विदेशी बैंक ड्राफ्ट/विदेशी बैंको के नाम में लिखे गए वैयक्तिक चैकों, (घ) जिस सामग्री से वे वस्तुएं बनी हैं उसको निर्दिष्ट करते हुए बेची गई वस्तुओं का विस्तृत विवरण और (ङ) प्रत्येक वस्तु के मूल्य के ब्यौरे देते हुए बिक्री वाउचरों/कैश मीमों की सत्य प्रमाणित प्रतियां,

(3) सम्बन्धित बिक्री वाउचर/कैश मीमों की संख्या और तिथि निर्दिष्ट करते हुए और सम्बन्धित विदेशी मुद्रा यात्री चैक/क्रास्ड विदेशी बैंक ड्राफ्ट/विदेशी बैंकों के नाम लिखे गए व्यक्तिगत चैक की प्राप्ति और भारतीय मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग को किए गए अभ्यर्पण को प्रदर्शित करते हुए बैंक प्रमाणपत्र। (विदेश बैंकों के नाम व्यक्तिगत चैकों के मामलों में बैंक को यह भी प्रमाणित करना चाहिए कि चैकों की रकम मुद्रा विनिमय नियंत्रण विनियमों के अनुसार विदेशी मुद्रा में वसूल की गई है), और

(4) बिक्री वाउचर/कैश मीमो, इसकी संख्या और दिनांक, जिस सामग्री से बनी है उसको निर्दिष्ट करते हुए बेची गई वस्तुओं के विवरण, अभ्यर्पित की गई विदेशी मुद्रा के रुपयों में मूल्य, यात्री चैक/विदेशी बैंक ड्राफ्ट/व्यक्तिगत चैक को अभ्यर्पित करने की तिथि और व्यक्तिगत चैक के मामले में विदेशी मुद्रा की वसूली की तिथि के ब्यौरे देते हुए परिशिष्ट-10 के अनुबन्ध-13 के नमूना प्रपत्र के अनुसार बिक्रियों का एक विवरणपत्र।

(5) डिनर्स क्लब और अमरीकन एक्सप्रेस इन्टरनेशनल के द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्डों के माध्यम से की गई ऐसी बिक्रियों के भुगतान भी इस पैरे में निर्धारित शर्तों के अधीन और प्राधिकृत बैंक सूत्रों के माध्यम से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के साक्ष्य पर इस नीति के अन्तर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान करेंगे।

रत्न और आभूषणों का निर्यात

77. रत्न और आभूषणों के निर्यातकों को वही दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे जो अन्य निर्यातकों को प्रस्तुत करने हैं। अन्तर केवल इतना होगा कि ऐसे निर्यातकों को सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा विधिवत् साक्ष्यांकित बीजक की एक प्रति अतिरिक्त प्रस्तुत करनी होगी। प्रेषण के आधार पर निर्यातों के मामले में विदेशी मुद्रा की पावती का बैंक प्रमाणपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-10 के अनुबन्ध-9 में दर्शाए गए प्रपत्र में भेजा जाना चाहिए।

रत्न और आभूषण की मदों की विदेशी पर्यटकों को बिक्री

78. (1) पंजीकृत निर्यातक (आभूषण व्यापारी) जिसके पास भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया गया "प्राधिकृत मनी चेन्जर्स" लाइसेंस हो और जो निर्यात संवर्धन प्राधिकरण, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास द्वारा और अन्य पत्तनों पर लाइसेंस अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो वह विदेशी पर्यटकों को की गई रत्न और आभूषणों की बिक्री के मद्दे आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए उन मामलों में पात्र होगा जिन में भुगतान प्राधिकृत मनी चेन्जर्स लाइसेंस के अन्तर्गत अनुमेय तरीके से प्राप्त किए गए हों। भारत से बाहर के बैंक के नाम लिखे गए व्यक्तिगत चैकों के मामले में विदेशी मुद्रा प्राधिकृत व्यापारी से इस सम्बन्ध में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए कि चैक की रकम वसूल कर ली गई है। अन्य सभी मामलों में इस सबंध में एक यह प्रमाणपत्र पर्याप्त होगा कि चैक/धनराशि भारतीय मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग को अभ्यर्पित कर दी गई है।

(2) पंजीकृत निर्यातक (आभूषण व्यापारी) जो अवमूल्यन तिथि से पहले अनुमोदित किया गया था और जिसके पास अब भी "प्राधिकृत मनी चेन्जर्स" (सराफा) लाइसेंस है, वह इन उपबन्धों के अनुसार प्रतिपूर्ति का दावा करने के उद्देश्य के लिए "अनुमोदित" रूप में समझा जाएगा।

(3) इस योजना के अन्तर्गत लाभों की इच्छा रखने वाला पंजीकृत निर्यातक (आभूषण व्यापारी) जिस के पास "मनी चेन्जर्स" (सराफा) लाइसेंस नहीं है वह निर्धारित प्रपत्र में भारतीय रिजर्व बैंक से ऐसे लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता

है और उसको प्राप्त करने पर वह सम्बद्ध निर्यात संवर्धन परिषद्/लाइसेंस प्राधिकारी से अनुमोदन के लिए सम्पर्क कर सकता है।

(4) विदेशी मुद्रा में भुगतान की वसूली के लिए आभूषणों के एक अनुमोदित व्यापारी को विदेशी पर्यटकों को 50,000/- रुपये के बराबर न्यूनतम वार्षिक बिक्री करनी होगी। अनुमोदन के लिए आवेदन करते समय पंजीकृत निर्यातक (आभूषण व्यापारी) पत्तनों पर सम्बद्ध अनुमोदन प्राधिकारी को इस सम्बन्ध में एक वचनपत्र भेजेगा कि (क) न्यूनतम 50,000/- रुपये के मूल्य की बिक्री विदेशी पर्यटकों को अगले 12 महीनों के दौरान कर दी जाएगी और (ख) रद्द हो जाने पर वह इसकी सूचना तुरन्त सम्बद्ध अनुमोदन प्राधिकारी को भेजेगा।

(5) यदि एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर बिक्री की न्यूनतम सीमा पूरी नहीं हो पाती है या यदि इस अवधि के दौरान किसी कारण से प्राधिकृत "मनी चेन्जर्स" (सराफा) लाइसेंस वापस ले लिया जाता है तो संबद्ध पंजीकृत निर्यातक (आभूषण व्यापारी) विदेशी पर्यटकों को बिक्री के मद्दे अनुमेय प्रतिपूर्ति के लिए हकदार नहीं होगा।

(6) वाणिज्य मंत्रालय और/या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात कोई भी कारण बताए बिना ही पत्तनों पर अनुमोदन प्राधिकारी द्वारा दिए गए अनुमोदन को वापस ले सकता है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए लाइसेंस को रद्द करने की सिफारिश कर सकता है।

(7) विदेशी मुद्रा/यात्री चैकों पर भारत में विदेशी पर्यटकों को की गई रत्न और आभूषण की मदों की बिक्री के सम्बन्ध में आभूषणों के पंजीकृत अनुमोदित व्यापारियों द्वारा अपनाई जाने वाली क्रियाविधि निम्नलिखित है :—

(क) अनुमोदित पंजीकृत आभूषण व्यापारियों को मुद्रित, क्रमवार संख्यांकित वाउचर पुस्तकें रखनी होंगी जिनके ब्यौरे अनुमोदित प्राधिकारी को पहले ही अधिसूचित कर देने चाहिएं। वाउचर का एक नमूना परिशिष्ट-10 (अनुबन्ध-14) में है।

(ख) पर्यटक का नाम और राष्ट्रिकता, उसके पासपोर्ट की संख्या, बेचे गए रत्न व आभूषण मदों का विवरण, विदेशी मुद्रा में बिक्री मूल्य और पर्यटक द्वारा दिये गये विदेशी मुद्रा यात्री चैकों के तुल्य रुपये के ब्यौरे प्रदर्शित करते हुए प्रत्येक बिक्री वाउचर चार प्रतियों में होगा।

(ग) मूल बिक्री वाउचर पर्यटक को सुपुर्द कर देना चाहिए क्योंकि भारत छोड़ते समय उसे सीमा शुल्क प्राधिकारी को देना होगा।

(घ) बिक्री वाउचर की अनुलिपि प्रति पर्यटक को उसके अपने उपयोग के लिये दे दी जाएगी।

(ङ) बिक्री वाउचर की तीसरी प्रति आभूषणों के व्यापारी द्वारा प्रतिपूर्ति लाइसेंस के आवेदनपत्र के साथ भेज दी जाएगी।

(च) चौथी प्रति आभूषणों के व्यापारी द्वारा अपने रिकार्ड के लिये रख ली जाएगी।

(8) आभूषणों के अनुमोदित व्यापारी को निम्नलिखित ब्यौरों के साथ एक रजिस्टर रखना होगा :—

(1) क्रम संख्या,

(2) बिक्री वाउचर की संख्या,

(3) बिक्री की तिथि,

(4) विदेशी क्रेता का नाम,

(5) उसके पासपोर्ट की संख्या,

(6) बेची गई मद का विवरण,

(7) रुपयों में मूल्य,

(8) अभ्यर्पित की गई तुल्य विदेशी मुद्रा,

(9) उस बैंक का नाम जिसमें विदेशी यात्री चैक जमा किये गये हैं,

(10) जमा करने की तिथि, और

(11) अभ्युक्तियां।

सरकार कभी भी रजिस्टर की जांच कर सकती है।

(9) डिनर्स क्लब और अमरीकन एक्सप्रैस इन्टरनेशनल द्वारा जारी किये गये क्रेडिट कार्डों के माध्यम से की गई ऐसी बिक्रियों पर भुगतान निर्धारित शर्तों के अधीन और प्राधिकृत बैंक सूत्रों के माध्यम से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के साक्ष्य पर इस नीति के अन्तर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिये पात्रता प्रदान करेंगे।

(10) सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को आयात के लिये आवेदनपत्र विदेशी मुद्रा में भुगतान की प्राप्ति के बाद निर्धारित अवधि के भीतर भेजने चाहिएं लेकिन, ऐसे मामलों में आयात प्रतिपूर्ति बिक्री की तिथि से सम्बन्धित होगी। आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :--

(1) आवेदनपत्र शुल्क के लिये निर्धारित धनराशि की बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी,

(2) बेची गई मदों, भारतीय रुपये में उनका मूल्य, विदेशी पर्यटकों के ब्यौरे, उसके पासपोर्ट की संख्या, भुगतान के तरीके और विदेशी मुद्रा यात्री चैकों की धनराशि का पूर्ण विवरण देते हुए बिक्री वाउचरों की तीन प्रतियां; और

(3) यात्री चैक के आधार पर विदेशी पर्यटकों को की गई बिक्री से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति का साक्ष्य देते हुए मूलरूप में बैंक प्रमाणपत्र।

फिल्मों (अभिवर्धित) का निर्यात

79. सिनेमेटोग्राफिक (अभिवर्धित) फिल्मों, टी. वी. फिल्मों, समाचार फिल्मों और मूक समाचार फोटो के निर्यातक को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :—

(क) विदेशी मुद्रा की वसूली प्रदर्शित करते हुए और निर्यातित माल के ब्यौरे निर्दिष्ट करते हुए परिशिष्ट 10 अनुबंध 9 में दिया गया बैंक प्रमाण-पत्र। निर्यातक जहां अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस प्राप्त करता है वहां निर्यात आभार पूर्ण करने के साक्ष्य में निर्धारित प्रपत्र में बैंक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए)।

(ख) बैंक द्वारा विधिवत् सांख्यांकित बीजक।

अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस

80. आयात नीति 1982-83 में अग्रिम लाइसेंस और अग्रदाय लाइसेंस प्रदान करने की व्यवस्था है। "अग्रिम

लाइसेंस" शब्द का प्रयोग केवल उन मामलों में किया जाता है जहां आयात की स्वीकृति कर छूट योजना (आयात नीति का परिशिष्ट-19) के अन्तर्गत दी जाती है जबकि "अग्रदाय लाइसेंस" शब्द का प्रयोग उन मामलों में किया गया है जहां आयात की स्वीकृति, कर छूट योजना की सीमा से परे दी जाती है।

अग्रदाय लाइसेंस

81. (1) आयात लाइसेंस के लिये आवेदनपत्रों पर निर्यात आदेश के मद्दे विचार किया जाएगा और उन मामलों में भी जिनमें निर्यातक गत दो लाइसेंस अवधियों के दौरान नियमित निर्यातक रहा है और उसे निर्यात उत्पादन के लिये आयातित निवेश की आवश्यकता है चाहे उसके पास उस समय कोई भी निर्यात आदेश न हो।

(2) सामान्यतः एक निर्यात आदेश यदि वह अपरिवर्तनीय साख-पत्र या पर्याप्त अग्रिम भुगतान के साथ हो तो पक्का आदेश माना जाएगा। लेकिन भुगतान की विभिन्न पद्धतियों जैसे साइट ड्राफ्ट/डी.ए. आधार, के साथ अन्य प्रकार के पक्के निर्यात आदेशों के निष्पादन के लिए आवेदनपत्रों पर भी विचार किया जा सकता है।

(3) निम्नलिखित किस्म के मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी आयात लाइसेन्स जारी करने से पूर्व मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा:--

(1) जहां आयात की जाने वाली कोई मद, आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट-4 में आती है।

(2) जहां निर्यात उत्पाद और आयात की जाने वाली मद 1982-83 की आयात-निर्यात नीति के परिशिष्ट-17 के अनुसार हो परन्तु आवेदित अग्रदाय लाइसेन्स का मूल्य आयात नीति के परिशिष्ट-17 में संबंधित निर्यात उत्पाद के सामने संकेतिक आयात प्रतिपूर्ति दर के अनुसार स्वीकृत मूल्य से अधिक हो।

(3) जहा निर्यात उत्पाद आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट-17 में आता हो, और आवेदक एक ऐसी मद जो आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट 3, 4 या 6 में दर्शाई गई है का आयात करना चाहता हो। लेकिन वह मद उस निर्यात उत्पाद के मद्दे परिशिष्ट-17 के कालम 4 या 5 में न आती हो; और या जो सम्बद्ध निर्यात उत्पाद के मद्दे परिशिष्ट-17 में कालम 4 या 5 में अनुमित मूल्य से अधिक मूल्य के लिए आयात की जानी हो।

(4) जहां निर्यात उत्पाद आयात-निर्यात नीति, 1982-83 परिशिष्ट-17 में न आता हो और आवेदक आयात-निर्यात नीति 1983-84 के परिशिष्ट-3, 4 अथवा 6 में दर्शाई गई मद का आयात करना चाहता हो लेकिन उत्पाद व्यापार में जोड़ा गया मूल्य 75 प्रतिशत से कम हो; और

(5) जब आयात की जाने वाली मद आयात-निर्यात नीति, 1983-84 में आयात के लिए सरणीबद्ध है और सम्बद्ध निर्यात उत्पाद के मद्दे परिशिष्ट-17 में कालम 4 अथवा 5 में नहीं दर्शाई गई है।

(4) सिनेमेटोग्राफ फिल्म (अभिदर्शित) के निर्यातों के मद्दे किसी किस्म के अग्रदाय लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(5) अग्रदाय लाइसेंस के लिये आवेदनपत्र परिशिष्ट-10 (अनुबंध-15) में दिये गये प्रपत्र में सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों को निम्नलिखित दस्तावेज के साथ भेजे जाने चाहिए:--

(1) आवेदनपत्र शुल्क के भुगतान के प्रति अपेक्षित धनराशि की बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी;

(2) जहां कहीं उपलब्ध हो निर्यात आदेश और साखपत्र की प्रमाणित प्रति (जहां आवेदन निर्यात आदेश के मद्दे किया गया हो);

(3) निर्यात किये जाने वाले उत्पाद का विवरण, मात्रा और जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और 1980-81 और 1981-82 में किये गये उसी उत्पाद के निर्यातों का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य (जहां कोई भी निर्यात आदेश न हो);

(4) उन मामलों में जहां उत्पाद का निर्यात किया जाना है और आयात की मदें या आवेदित अग्रदाय लाइसेंस का मूल्य पूर्ण रूप से परिशिष्ट-17 के अनुरूप नहीं है वहां स्वतंत्र व्यावसायिक सनदी लेखापाल (या उत्पादन के मुख्य तकनीकी अधिकारी/सनदी लेखापाल या लागत लेखापाल जैसा भी मामला हो) का एक प्रमाण-पत्र जिसमें आयात की जाने वाली मदों की सूची, उनकी मात्रा और अपेक्षित प्रत्येक मद के मूल्य को दर्शाया गया हो;

(5) यदि निर्यात आस्थगन भुगतान के आधार पर किए गए हों तो भुगतान शर्तों के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की एक प्रति।

(6) वे महानिदेशक तकनीकी विकास के एकक जिन्हें चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम पूरा करना है उन के द्वारा संघटकों के लिए सम्बद्ध आयात नीति के अध्याय-20 में किए गए प्रावधान लागू होंगे।

(6) यदि निर्यात आदेश के बिना अग्रदाय लाइसेन्स जारी कर दिया गया है तो दूसरा लाइसेंस तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक प्रथम लाइसेन्स के मद्दे निर्यात आभार पूर्ण न कर दिये गये हों या निर्यात आदेश न प्राप्त कर लिया गया हो और आभार उस आदेश के साथ न लगा दिया गया हो। लाइसेंस प्राधिकारी सामान्यतः मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात के विशेष अनुमोदन के बिना ऐसे आवेदक जिसे अभी दो या दो से अधिक अग्रदाय/अग्रिम लाइसेंसों के निर्यात-आधार पूर्ण करने हैं, को पहले के अग्रदाय अग्रिम लाइसेंसों के निर्यात-आधार पूर्ण करने हैं, को तब तक अग्रदाय लाइसेंस जारी नहीं करेगा जब तक (क) निर्यात आदेश अपरिवर्तनीय साख-पत्र द्वारा समर्थित न हो या (ख) निर्यात आदेश सरकार या विदेश में सार्वजनिक क्षेत्र संस्थान (या आई. बी. आर. डी./आई. डी. ए. द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं के मामलों में भारत में) द्वारा प्राप्त न किया गया हो या (ग) आवेदक सार्वजनिक क्षेत्र संस्था है या एक ऐसा निर्यात सदन है जिसके पास 3 वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए जारी किया गया प्रमाणपत्र है।

(7) जिन मामलों में अग्रदाय लाइसेंस स्वीकृत प्रतिपूर्ति से कम मूल्य के लिए जारी किया गया है उनमें आवेदक विचाराधीन पक्के आदेश के मद्दे किए गए निर्यातों और मुक्त कर दिए गए निर्यात बाण्ड के पश्चात् शेष धनराशि के लिये आयात लाइसेंस का दावा कर सकते हैं बशर्ते कि जारी किये गये लाइसेंस

के लिये कोई प्रतिकूल शर्त न हो। सामान्यतः निर्यातकों से यह आशा की जाती है कि वे अलग से एक समेकित आवेदनपत्र दाखिल करें जिसमें विशेष अग्रदाय लाइसेंस के संबंध में बाण्ड आभार के अलावा किये गये सारे अतिरिक्त निर्यात शामिल हों। लेकिन इस शर्त को प्रत्येक मामले में लिखित रूप से दिये जाने वाले कारण के आधार पर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा हटाया जा सकता है। ऐसे मामलों में, आवेदन-पत्र सम्बन्धित निर्यात बांड के विमोचन की तिथि से 3 मास के भीतर दिये जाने चाहिएं।

(8) **आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदनपत्र** में निर्यात आदेश के निष्पादन के लिये समुद्रपार क्रेताओं के साथ सहमत संभरण की विशिष्ट अवधि का साफ-साफ उल्लेख करें। यह आवेदन-पत्र के ठीक निपटान और निर्यात आभार को पूरा करने के लिए उचित समय के निर्धारण में भी सहायता करेगा। जहां तक अन्यथा रूप से इस विधि से व्यवस्थित न हो लाइसेंस-धारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह अग्रिम लाइसेंस के मद्दे प्रथम प्रेषण के आयात की तारीख से छः मास के भीतर निर्यात आभार को पूरा करें।

(9) प्रथम प्रेषण के आयात की तिथि से पूर्व किन्तु अग्रदाय लाइसेन्स के लिये आवेदन करने की तारीख के बाद किए गए निर्यात पर भी निर्यात-आभार अनुपालन के रूप में विचार किया जा सकता है। लेकिन, ऐसे मामलों में अग्रदाय लाइसेंस (या पूर्व की नीतियों के अन्तर्गत जारी किये गये अग्रिम लाइसेंस) के मद्दे आयात किये गए और सम्बद्ध निर्यात आदेश के निष्पादन के लिये निर्यातित माल के विनिर्माण में उपयोग न किए गए माल का उपयोग आगामी निर्यात आदेशों के निष्पादन के लिये या निर्यात उत्पादन के लिए लाइसेंसधारी के कारखाने में घरेलू उत्पादन के लिए किया जा सकता है। यदि इस माल का उपयोग किसी अन्य तरीके से किया जाना है या किसी अन्य पार्टी को हस्तांतरित किया जाना है तो लाइसेंसधारी को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व-लिखित अनुमति लेनी चाहिए और ऐसा करते समय उसे इस संबंध में उचित औचित्य देने चाहिएं कि वह निर्यात उत्पादन के लिए उपर्युक्त माल का उपयोग करने में क्यों असमर्थ रहा।

(10) प्रथम प्रेषण की निकासी से पूर्व या रिहाई आदेश के मद्दे माल के संभरण को प्राप्त करने से पूर्व जैसा भी मामला हो, आवेदक के लिए यह आवश्यक होगा कि वह निर्यात आभार को पूरा करने के लिए लाइसेंस/रिहाई आदेश के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के 50% के बराबर (या लघु पैमाने के विनिर्माता निर्यातक के मामले में 25% के बराबर) (या अदा करने योग्य सीमा शुल्क दर की धनराशि के तुल्य, इनमें से जो भी ज्यादा हो) धनराशि के लिए निर्धारित प्रपत्र में बैंक गारन्टी के साथ एक बाण्ड का निष्पादन करें। बांड के प्रपत्र का नमूना परिशिष्ट 23 में दिया गया है।

(11) निम्न प्रकार के मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी बैंक गारंटी के स्थान पर कानूनी करार स्वीकार कर सकता है:--

(क) उन विनिर्माता निर्यातकों के मामले में जो पिछले 2 वर्षों से अपने उत्पाद का निर्यात कर रहे हैं।

(ख) उन मामलों में जहां अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस का मूल्य 5 लाख रुपया या इससे अधिक हो, चाहे आवेदक एक व्यापारी हो या विनिर्माता या (लघु पैमाना क्षेत्र के विनिर्माता निर्यातकों के मामले में 2.5 लाख रुपये या इससे अधिक हो)।

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र के विनिर्माता-निर्यातकों के मामले में।

टिप्पणी :--(1) यह लाइसेंस प्राधिकारी की इच्छा पर होगा कि वह ऊपर (क) एवं (ख) में उल्लिखित मामलों में भी लाइसेंस (सों) के मद्दे आयात की जाने वाली मद (दों) की किस्म को ध्यान में रख कर बैंक गारन्टी मंगवाए।

(2) यह लाइसेंस प्राधिकारी पर निर्भर होगा कि वह नए निर्यातको और उन निर्यातकों के मामले में, जो नियमित रूप से निर्यात व्यापार में स्थापित नहीं हुए हैं, अपनी संतुष्टि के लिए बैंक गारन्टी मांगे।

(3) लाइसेंस प्राधिकारी को यह भी छूट होगी कि वह आवेदित मूल्य के भीतर किसी भी एक समय में कम मूल्य के लिए अग्रदाय/अग्रिम लाइसेंस प्रदान करें किन्तु यह आयात की जाने वाली मद (मदों), निर्यात व्यापार और साथ ही साथ उद्योग में निर्यातक के स्थान और अन्य संबद्ध विचारणीय बातों पर निर्भर करेगा।

(12) निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्यात आभार को पूर्ण न करने पर बान्ड की धनराशि जब्त की जा सकती है। यह कार्रवाई उस अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त होगी जो लाइसेन्स-धारी या किसी व्यक्ति के विरुद्ध यथा-संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन उनके आगामी वास्तविक उपयोक्ता लाइसेन्सों, आर. ई. पी. लाइसेन्सों और अन्य लाइसेन्सों में कटौती करके पहले प्रदान किए गए अति लाइसेन्सों के समंजन करने, उनका विपंजीकरण करने या कोई अन्य कार्रवाई करने से सम्बद्ध होगी।

(13) सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी मामले के गुण-दोष के आधार पर सम्बद्ध निर्यात आभार को पूरा करने के लिए 6 मास तक की समय-वृद्धि की स्वीकृति प्रदान कर सकता है। लेकिन और आगे समय-वृद्धि के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए।

(14) निर्यात आभार को पूरा करने के साक्ष्य और बाण्ड की विमुक्ति के लिए लाइसेंसधारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह वही दस्तावेज भेजे जो पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत पिछले निर्यातों के लिए प्रतिपूर्ति लाइसेंस का दावा करने के लिए भेजने होते हैं। (पूंजीगत माल लाइसेंस या औद्योगिक लाइसेन्स या विदेशी सहयोग के अनुमोदन पर लगाए गए निर्यात आभार को पूरा करने के मद्दे वही निर्यात अलग से भी उपयोग में लाया जा सकता है)

अग्रिम लाइसेंस

82. (1) कर छूट योजना के लिए ब्यौरे 1983-84 की आयात निर्यात नीति के परिशिष्ट-19 में दिए गए हैं।

(2) **इस योजना के अन्तर्गत अग्रिम लाइसेंस के लिए आवेदन-**पत्र 1983-84 की आयात-निर्यात नीति में यथानिर्धारित प्रपत्र में संबद्ध प्रायोजक/लाइसेन्स प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए। साथ ही साथ आवेदक को चाहिए कि वह आवेदन-पत्र की प्रतियां मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ईपी-2 अनुभाग), महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली (आयात तथा निर्यात नीति सेल)

और राजस्व तथा कंपनी विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग (पार्लियामेंट स्ट्रीट), नई दिल्ली के उप-सचिव (शुल्क वापसी) को भी भेजें। सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा अग्रिम लाइसेंस मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली की अग्रिम लाइसेंस समिति द्वारा लिये गए निर्णय के आधार पर जारी किया जाएगा।

(3) अग्रिम लाइसेंस उपयुक्त निर्यात आभार की शर्तों के अधीन होगा। जहां लाइसेन्स के लिए आवेदन निर्यात आदेश के मद्दे किया जाता है वहां ऐसे आदेश का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य ही निर्यात-आभार की गणना करने का आधार होगा। यदि आवेदक के पास निर्यात आदेश नहीं है तो निर्यात-आभार उसी आवेदक द्वारा उसी उत्पाद के नवीनतम निर्यात के लगभग मात्रक जहाज पर्यन्त निः शुल्क मूल्य के आधार पर नियत किया जाएगा।

(4) अग्रिम लाइसेंस जारी करने वाला लाइसेंस प्राधिकारी सम्बन्धित कर छूट हकदारी प्रमाण-पत्र भी जारी करेगा। प्रमाण-पत्र दो पृथक-पृथक भागों में जारी किया जाएगा—एक आयात के लिए और दूसरा निर्यात के लिए।

(5) जिन मामलों में किसी निर्यात उत्पाद के सम्बन्ध में सम्बन्धित निवेश/उत्पाद मानदण्ड को अग्रिम लाइसेन्स समिति ने अनुमोदित कर दिया हो और वही निर्यातक, उसी निर्यात उत्पाद के लिए निर्यात उत्पादन के उसी मानदण्ड के आधार पर कर की छूट का लाभ प्राप्त करना चाहता हो तो वह एक और अग्रिम लाइसेंस (जो प्राप्त निर्यात आदेश पर आधारित हो या अन्यथा रूप से हो) सम्बद्ध कर छूट हकदारी प्रमाणपत्र की मंजूरी के लिए भी सम्बन्धित क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है, आवेदनपत्र और समर्थक दस्तावेज की प्रति मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ईपी-2 अनुभाग), नई दिल्ली, निदेशक (शुल्क वापसी), वित्त मंत्रालय, (राजस्व विभाग), नई दिल्ली को भेजेगा। ऐसे मामले में लाइसेंस प्राधिकारी अग्रिम लाइसेंस और कर छूट हकदारी प्रमाणपत्र जारी करेगा और इसकी कार्योत्तर सूचना अग्रिम लाइसेंस समिति को देगा। ऐसे मामले में अग्रिम लाइसेंस प्रदान करने के लिए भी मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात जहां आवश्यक समझे क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी को अग्रिम लाइसेंस समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए निदेश दे सकता है।

(6) अग्रिम लाइसेन्स के मद्दे माल के प्रथम प्रेषण की निकासी से पूर्व या रिहाई आदेश के मद्दे माल के संभरण को प्राप्त करने से पूर्व, इनमें से जो भी मामला हो, उस में पार्टी को सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी के पास एक निर्यात बाण्ड (देखें परिशिष्ट-38) का निष्पादन करना होगा। सीमा शुल्क कर छूट और आयात व्यापार नियंत्रण दोनों के लिए यह एक संयुक्त निर्यात बांड होगा। उपर्युक्त कंडिका 81 की उप कंडिका (10), (11) और (12) में की गई व्यवस्थाएं ऐसे मामलों में लागू होंगी।

(7) यदि एक निर्यातक ने अग्रिम लाइसेंस प्राप्त किया हो तो लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा अग्रिम लाइसेन्स आवेदनपत्र प्राप्त करने की बाबती की तिथि से निर्यातक द्वारा किए गए निर्यात, निर्यात आभार पूरा करने के लिए स्वीकार किए जा सकते हैं बशर्ते कि निर्यात अन्यथा रूप से स्वीकार्य हो और सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा संगत कर छूट हकदारी प्रमाणपत्र में विधिवत पृष्ठांकन कर दिया गया हो। निर्यातक इस सुविधा का दावा अधिकार के रूप में नहीं कर सकता।

(8) यदि अग्रिम लाइसेन्स के मद्दे प्रथम परेषण के आयात से पूर्व अग्रिम लाइसेन्स के मद्दे आंशिक रूप में निर्यात आभार पूरा किया गया हो तो लाइसेंस प्राधिकारी अनुरूपतः कम मूल्य के लिए ऊपर के उप-पैरा (6) में उल्लिखित सम्मिलित निर्यात बाण्ड को स्वीकार कर सकते हैं जिससे केवल निर्यात आभार के अपूर्ण हिस्से का पता लग सके। ऐसे मामलों में जिस घटाए गए आभार के लिए निर्यात बांड लिया जा सकता है, लाइसेन्स प्राधिकारी उसका निश्चय सम्बन्धित सीमा शुल्क प्राधिकारियों से सलाह करके करेगा।

(9) जहां आवेदक एक सरणीबद्ध मद के लिए कर छूट के लिए हकदार है वहां उसे यह छूट होगी कि वह चाहे तो उस मद का सीधे आयात कर ले या सम्बद्ध सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण के बांडिड स्टाक में से आयातित माल का संभरण प्राप्त करने के लिए अग्रिम रिहाई आदेश प्राप्त करे।

(10) लाइसेन्स प्राधिकारी आवेदन करने पर उन मामलों में मूल्य को बढ़ा सकता है जहां अधिक भाड़े के कारण या मुद्रा दर में अधिक भिन्नता के कारण ऐसी वृद्धि आवश्यक हो बशर्ते कि अग्रिम लाइसेन्स के मूल्य में ऐसी वृद्धि से बढ़ाया गया मूल्य न्यूनतम निर्धारित स्तर में बढ़ाए गए मूल्य को कम न करता हो।

(11) जहां विदेशी मुद्रा के प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के फलस्वरूप अग्रिम लाइसेन्स का मूल्य कम पड़ता हो, वहां सीमा शुल्क प्राधिकारी इस आधार पर बढ़ाए जाने वाले लाइसेन्स के मूल्य पर जोर न दें।

(12) निर्यात आभार को पूरा करने के लिए अवधि में 6 मास तक की अवधि वृद्धि के लिए आवेदन पत्रों पर सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है। इससे अधिक समय-वृद्धि के लिए अग्रिम लाइसेंस समिति द्वारा विचार किया जाएगा। (विस्तृत क्रियाविधि आयात नीति के परिशिष्ट-19 में दी गई है)

(13) यदि कोई निर्यातक इस प्रयोजन के लिए प्रारम्भिक निर्धारित वैध अवधि और प्रदान की गई समय वृद्धि के दौरान निर्यात आभार को पूर्ण करने में असफल रहता है तो वह आयात पर उस सीमा शुल्क कर की धनराशि का भी भुगतान करेगा जिसके लिए उसे छूट प्रदान की गई थी और उसके साथ ही उसे आयातित माल की निकासी की तारीख से उसे वापिस की गई सीमा शुल्क कर की धनराशि की तारीख तक भुगतान की जाने वाली सीमा शुल्क कर की धनराशि पर 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना पड़ेगा। ब्याज का यह भुगतान इस संबंध में की जाने वाली अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त होगा।

नौभार निर्यात का समेकन

83. जिन मामलों में मान्यता प्राप्त नौभार के माध्यम से निर्यातों के लिए अलग-अलग निर्यात प्रेषणों का समेकन किया जाता है उन में इस सम्बन्ध में निर्यातकों द्वारा अपनाई जाने वाली क्रियाविधि परिशिष्ट-34 में दी गई है।

अनुज्ञप्ति/निष्पादन गारन्टी अवधि के दौरान मुफ्त बदलाई के रूप में फालतू पुर्जों का निर्यात

84. (1) मशीनरी और उपस्कर के निर्यातकों को मशीनरी/उपस्कर के फालतू पुर्जों को बदलाई के रूप में मुफ्त निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाएगी जब कि वे निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हों :—

(1) विषयाधीन फालतू पुर्जे, मशीनरी और उपस्कर के विदेशी खरीददार को अनुज्ञप्ति/निष्पादन गारन्टी की अवधि के दौरान संभरित किए जा रहे हों;

(2) मुफ्त में संभरण किए जाने वाले फालतू पुर्जों का कुल मूल्य निर्यातित मशीनरी/उपस्कर के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 2.5% से अधिक न हो;

(3) इस व्यवस्था के अधीन फालतू पुर्जों का संभरण मुख्य उपस्कर के साथ या बाद में किया जा सकता है;

(4) यदि मुख्य उपस्कर के साथ फालतू पुर्जों का संभरण किया जाता है तो ऐसे फालतू पुर्जों को निर्यातक के बीजक, लदान बिल और जी-आर-आई प्रपत्र में दर्शाया जाना चाहिए। निर्यातक द्वारा लाभ प्राप्त करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी को भेजे जाने वाले बैंक प्रमाणपत्र में ऐसे फालतू पुर्जों के ब्यौरों को दर्शाना आवश्यक नहीं होगा; और

(5) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत ऐसे फालतू पुर्जों के निर्यात आर. ई. पी. लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे। ऐसे फालतू पुर्जों के मूल्य को निर्यातक की आर. ई. पी. हकदारी के मद्दे बढ़ाया भी नहीं जाएगा।

(2) उन मामलों में जहां इस व्यवस्था के अधीन मुख्य उपस्कर/मशीनरी के निर्यात के बाद फालतू पुर्जों का संभरण किया जाता है, वहां निर्यातक इस संबंध में सीमाशुल्क प्राधिकारियों को साक्ष्य प्रस्तुत करेगा कि फालतू पुर्जों का संभरण अनुज्ञप्ति/गारंटी अवधि के दौरान किया जा रहा है। निर्यातक फालतू पुर्जों का निर्यात करते समय सीमाशुल्क प्राधिकारी को एक घोषणा-पत्र भी प्रस्तुत करेगा कि उसी मशीनरी/उपस्कर के संबंध में मुफ्त बदलाई में पहले से ही संभरण किए गए फालतू पुर्जों का और इस समय संभरण किए जा रहे फालतू पुर्जों का कुल मूल्य संबद्ध मशीनरी/उपस्कर के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 2.5% से अधिक नहीं है।

(3) जहां मुफ्त में संभरण किए गए फालतू पुर्जों का मूल्य मुख्य उपस्कर के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 2.5% से अधिक हो जाए वहां निर्यातक को भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक से ऐसी अनुमति प्राप्त करते समय निर्यातक को यह भी चाहिए कि वह उसी उपस्कर/मशीनरी के संबंध में पहले से ही मुफ्त में संभरण किए गए फालतू पुर्जों के मूल्य और निर्यात किए गए उपस्कर/मशीनरी के कुल लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बारे में भी भारतीय रिजर्व बैंक को बताए।

(4) निर्यातक के लिए ऐसे फालतू पुर्जों के निर्यात के लिए लाइसेंस प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि ऐसे फालतू पुर्जों के लिए निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 के अधीन एक निर्यात लाइसेन्स की आवश्यकता न हो।

(5) उपर्युक्त व्यवस्थाओं के अन्तर्गत न आने वाले पुर्जों के निर्यात के लिए आवेदनपत्रों पर भी गुण दोष के आधार पर विचार किया जाएगा ताकि निर्यातक बिक्री के बाद सेवा/वारन्टी आभार या विदेश में ली गई परियोजनाओं के निष्पादन से सम्बद्ध अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। ऐसे मामलों में निर्यात के लिए दी गई अनुमति यथा उल्लिखित शर्तों के अधीन होगी।

सलाहकार फर्मों/निर्माण अभिकरणों/डिजाइन इन्जीनियर फर्मों को तदर्थ लाइसेंस

85. ऐसी फर्मों के नाम में तदर्थ लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदनपत्र परिशिष्ट-10 (अनुबन्ध-18) में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजे जाएं।

विदेश में भारतीय ठेकेदारों द्वारा मोटर वाहनों की खरीद

86. ऐसे भारतीय ठेकेदार जो विदेश में परियोजना पूर्ण (टर्नकी)/निर्माण ठेके में लगे हुए हैं, वे अपने परियोजना क्रियाकलापों के भाग के रूप में विदेशी मोटर वाहनों की खरीद के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी खरीद को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित शर्तों का पालन करना पड़ेगा:—

(1) भारतीय कार के संभावित उपयोग की पूरी तरह जांच करने के बाद ही विदेश में कम से कम कार/वाहनों को खरीदा जाए;

(2) कार/वाहनों की पूरी कीमत ठेके की सेवा सेगमेन्ट के आधार पर प्राप्त होने वाले फण्ड में से अदा की जानी चाहिए (न कि भारतीय संभरण के मूल्य में से जो कि भारत को पूर्ण रूप से प्रेषित किया जाना है);

(3) विदेशी मुद्रा अर्जन में से विदेशी कार/वाहनों के लिए ऐसी चुकाई गई कीमत को रिजर्व बैंक के अनुमोदन के साथ विशिष्ट ठेके के निष्पादन के संबंध में खोले गए विदेशी मुद्रा बैंक लेखे के लिए संचालन के विवरण में पूर्ण रूप से दर्शाया जाना चाहिए और इसके साथ अन्य उपर्युक्त दस्तावेजी साक्ष्य भी होना चाहिए;

(4) विशिष्ट परियोजना/ठेके के पूर्ण होने के बाद भारत में खरीद करके लाई गई ऐसी कारों/वाहनों का आयात समय-समय पर लागू आयात नीति के अधीन होना चाहिए; और

(5) विदेश में खरीदी गई ऐसी कार/वाहन यदि विदेश में ही बेच दी जाती है तो बिक्री से प्राप्त मूल्य सामान्य बैंकिंग सूत्र के माध्यम से भारत को प्रेषित किया जाना चाहिए और इसके समर्थन में रिजर्व बैंक का एक प्रमाणपत्र भी भेजा जाना चाहिए।

व्यापार विकास प्राधिकरण द्वारा पैकेज सेवाएं

87. व्यापार विकास प्राधिकरण द्वारा अपने ग्राहकों को अर्पित पैकेज सेवाओं के ब्यौरे परिशिष्ट-14 में उद्धृत किए गए हैं।

निर्यात उत्पादों का वर्गीकरण/पुनः वर्गीकरण

88. निर्यात उत्पादों के वर्गीकरण/पुनः वर्गीकरण के लिए सुझाव पूर्ण औचित्य, आयात प्रतिपूर्ति की दर के सम्बन्ध में समर्थक आंकड़े और उत्पाद के विनिर्माण में उपयोग के लिए अपेक्षित आयातित सामग्री के साथ सम्बद्ध निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य वस्तु बोर्ड के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ई. पी. सैल.), नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं।

एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स के माध्यम से आयात

89. जिस मामले में आयात एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स के माध्यम से किए गए हों उसमें वायु भाड़े की धनराशि आयात लाइसेंस के नामे डालने के लिए क्रियाविधि परिशिष्ट-31 में दी गई है।

अध्याय 5

पूंजीगत माल

पात्रता

90. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 में शामिल मदों के विनिर्माण के लिए पूंजीगत माल के वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के आवेदनपत्र पर केवल तब विचार किया जाएगा जबकि उस को उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आशय-पत्र जारी कर दिया गया हो। यदि अन्यथा रूप से अनुमित हो, तो आशय-पत्र को औद्योगिक लाइसेंस के परिवर्तन की प्रत्याशा में पूंजीगत माल के लिए आयात लाइसेंस भी जारी किया जा सकता है।

91. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की शर्तों से छूट वाले संस्थानों के मामले में आवेदन-पत्रों पर केवल तब विचार किया जाएगा जबकि आवेदक आवेदन-पत्र के साथ उस सम्बन्ध में एक घोषणापत्र ऐसी छूट के समर्थन में सरकारी अधिसूचना की संख्या और तिथि का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करें।

92. प्रत्येक आवेदनपत्र के साथ औद्योगिक लाइसेंस, आशय-पत्र या पंजीकरण प्रमाणपत्र जो भी उचित हो, की फोटोस्टेट प्रति होगी।

93. जिस मामले में आशय-पत्र या औद्योगिक लाइसेंस यह निर्धारित करता है कि संयंत्र और मशीनरी के आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी, उस मामले में केवल मशीनरी के आधुनिकीकरण बदलाई, सुरक्षा, परीक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और गुण नियंत्रण उपस्कर के आयात के लिए आवेदन-पत्रों पर लागू नीति के अनुसार विचार किया जा सकता है बशर्ते कि ऐसे उपस्कर का आयात अनुज्ञप्त अनुमोदित क्षमता से अधिक न हो।

94. जिन मामलों में पूंजीगत माल के आयात की व्यवस्था विदेशी सहयोग के अन्तर्गत की जाती है, उनमें आवेदन-पत्र के साथ सम्बन्धित सरकारी अनुमोदन की फोटोस्टेट प्रति, उसके मूल विषय और जिस विशेष धारा के अन्तर्गत आयात किया जाना है, उसका उल्लेख लगा होना चाहिए।

95. (1) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट-2 में आने वाले पूंजीगत माल का आयात वास्तविक उपयोक्ताओं के लिये खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन उसमें निर्धारित शर्तों के अधीन अनुमेय होगा ।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 में निर्धारित शर्तों के अधीन खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन जिगों जुडनारों, मोल्डस (डाई कास्टिंग के लिए मोल्डस सहित) मोल्ड के भाग और प्रेस औजारों का आयात कर सकते है।

96. (1) संबंधित आयात-निर्यात नीति और इस अध्याय में दिए गए प्रावधानों के अधीन पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदनों पर संबंध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित आयात की अनिवार्यता, महानिदेशालय तकनीकी विकास द्वारा या किसी अन्य सम्बद्ध तकनीकी प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई देशीय दृष्टिकोण से निकासी और आयात के लिए वित्तदान करने के लिए विदेशी साधनों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाएगा।

(2) पूंजीगत माल/एच ई पी के आयात के लिए जारी किए गए सभी लाइसेंस "वास्तविक उपयोक्ता शर्तों" के अधीन होंगे। लाइसेंस में सीमाकारी गुणक के रूप में मूल्य और मात्रा दोनों का संकेत होगा।

आवेदन प्रस्तुत करना

97. (1) पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदनपत्र निम्नलिखित तरीके से प्रस्तुत किए जा सकते हैं:—

(1) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 20 लाख रुपये तक हो उसमें आवेदनपत्र उस लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करना चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र में लाभग्राही कारखाना या संस्थान स्थित हो।

(2) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 20 लाख रुपए से अधिक और 50 लाख तक हो, आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को प्रस्तुत करना चाहिए।

(3) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक हो, उसमें आवेदनपत्र औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय, उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रस्तुत करना चाहिए। (ऐसे आवेदन पत्रों की प्रतियां मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को पृष्ठांकित करने की आवश्यकता नहीं है)।

(4) उपर्युक्त शर्तें उस सीमा के अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उद्यमों के लिए लागू होती हैं जिस सीमा तक उनके लिए नीचे के पैरा 101 और 102 की शर्तें लागू होती हैं।

(2) अधिकतम 2 लाख रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य की मशीनरी के आयात के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) के आवेदनों पर प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के बिना ही सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है। लेकिन, इसके लिए देशी दृष्टिकोण से निकासी प्राप्त करनी होगी।

98 (1) प्रतिस्थापन, संतुलन या आधुनिकीकरण के लिए या सामान्य प्रचालन के लिए मशीनरी के आयात के लिए आवेदन करने वाली विद्यमान यूनिट 6 महीने में आवेदन-पत्र भेज सकता है। द्वितीय छमाही में आवेदन पत्र, फरवरी के अंत होने से पूर्व देने चाहिए वे मामले जिनकी आवश्यकता के बारे में लाइसेंस प्राधिकारी सन्तुष्ट है उसी लाइसेंस अवधि के अन्दर एक तीसरे आवेदन पत्र पर भी विचार किया जा सकता है। लेकिन, निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं के मामले में एक बार से अधिक आवेदनपत्रों पर भी विचार किया जा सकता है, इसी प्रकार आपातकालीन परिस्थिति अर्थात् मशीनरी के खराब हो जाने पर या विशेष विदेशी ऋण को पूरा करने के लिए या आर ई पी हकदारियों के अभ्यर्पण के मद्दे बारम्बार आवेदनपत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।

(2) अखबारी कागज प्रतिष्ठान फरवरी, 1984 के अन्त तक एक वर्ष में किसी भी समय दो आवेदन पत्र दे सकते हैं।

(3) उन मामलों में जहां एक औद्योगिक एकक एक से अधिक अन्तिम उत्पादों के विनिर्माण में लगा हुआ है और उसके पास ऐसे प्रत्येक अन्तिम उत्पाद के लिए अलग-अलग औद्योगिक लाइसेंस या पंजीकरण है तो छः मास में एक बार लागू होने वाली सामान्य प्रक्रिया प्रत्येक अन्तिम उत्पाद के लिए अपेक्षित मशीनरी के लिए भी लागू होगी।

99. (1) जिन मामलों में 5 लाख रुपये से अधिक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के अनुकृति उपस्कर सहित इलैक्ट्रानिकी मदों को या मूल्य को ध्यान में न रखते हुए समुद्री उपस्कर आयात करने की इच्छा की गई हो, उनमें इलैक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसलिए, आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को आवेदनपत्र प्रस्तुत करते समय उपर्युक्त इलैक्ट्रानिकी मदों का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपने आवेदनपत्र की एक प्रतिलिपि इलैक्ट्रानिकी विभाग को भेजें।

(2) जहां कागज, चीनी, इस्पात, एल्यूमीनियम और सीमेन्ट उद्योगों के लिए आयात किए जाने वाले पूंजीगत माल में नियंत्रण और औद्योगिक इलैक्ट्रोनिक उपस्कर/सब सिस्टम शामिल हों वहां आयातों की स्वीकृति से पूर्व इलैक्ट्रानिक विभाग (महानिदेशक, तकनीकी विकास से परामर्श करने के बाद) से विशिष्ट निकासी भी आवश्यक होगी।

परियोजना अनुमोदन बोर्ड

100. मिश्रित प्रस्तावों अर्थात् वे प्रस्ताव जिनमें पूंजीगत माल के आयात सहित एक से अधिक अनुमोदन हों, उन पर औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय में परियोजना अनुमोदन बोर्ड विचार करेगा। ऐसे मामलों में आवेदनपत्र औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय (समन्वय अनुभाग), उद्योग मंत्रालय को प्रस्तुत करने चाहिए।

101. (1) 5 करोड़ रुपये तक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (नई परियोजना की स्थापना करने या पर्याप्त विस्तार करने से संबंधित) में पूंजी निवेश के मामलों में भी औद्योगिक लाइसेंस, विदेशी सहयोग शर्तें यदि कोई हों तो, के लिए और पूंजीगत माल के आयात के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड की आवश्यकता होगी। ऐसा आवेदनपत्र इस सचिवालय को पहले भेजना चाहिए।

(2) सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यन्वयन के अन्तर्गत सभी नई परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपए मूल्य तक के पूंजीगत माल के लिए आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए न कि सम्बन्धित क्षेत्रीय प्राधिकारियों को, बशर्ते कि आयात के लिए विदेशी मुद्रा सरकार द्वारा परियोजना के नाम में रिहा कर दी गई हो। परियोजना प्राधिकारी को चाहिए कि वह आयात की जाने वाली मदों के सम्बंध में भी महानिदेशक तकनीकी विकास से देशी निकासी प्राप्त कर ले।

102. यदि ऐसी पूंजी निवेश 5 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए तो विदेशी मुद्रा के आबंटन सहित आवश्यक निकासी प्राप्त करने के बाद आवेदनपत्र सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को प्रस्तुत करने चाहिए।

103. लेकिन, उर्वरक परियोजना से सम्बद्ध मिश्रित प्रस्ताव परियोजना अनुमोदन बोर्ड को भेजने के बजाय उर्वरक परियोजना विषयक सचिवों की विशेष समिति, रसायन एवं उर्वरक विभाग, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं।

अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के लिए पूंजीगत माल का आयात

104. अनुसन्धान और विकास कार्यों के लिए पूंजीगत माल के आयात के लिए औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा।

भारी विद्युतीय संयंत्र

105. भारी विद्युतीय संयंत्र और मशीनरी जिस में संबंधित उपस्कर और विद्युत संयंत्र के लिए अनिवार्य सामग्री भी शामिल है (विद्युतीय पावर के जनरेशन या ट्रांसफोरमेशन के आयात के लिए आवेदन पत्र निर्धारित सी. जी. प्रपत्र में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के माध्यम से उपर्युक्त कन्डिका 97 में बताए गए के अनुसार सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को प्रस्तुत करने चाहिए। राज्य विद्युत बोर्ड/संस्थान/परियोजना की आवश्यकताओं के लिए पूंजीगत माल के मामलों में आवेदन-पत्रों के साथ विद्युत बोर्ड/संस्थान/परियोजना से यह घोषणापत्र होना चाहिए कि इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा आबंटित कर दी गई है। ऐसे मामलों में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण इस क्षेत्र द्वारा सामान्यतः अपेक्षित मदों के लिए या तो अलग-अलग आवेदनपत्रों के सम्बन्ध में या पैकेज निकासी के रूप में देशी निकासी की स्वीकृति महानिदेशक, तकनीकी विकास से प्राप्त करेगा।

वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)

106. (1) वास्तविक उपयोक्तों (गैर-औद्योगिक) के मशीनरी के आयात के लिए आवेदनपत्रों पर भी उपर्युक्त पैरा 97 में उल्लिखित लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जा सकता है। इस प्रकार के आवेदनपत्रों पर विचार राज्य उद्योग निदेशक या राज्य या केन्द्रीय सरकार के आवेदन से संबंधित उचित प्राधिकारियों की सिफारिश पर विचार किया जाएगा। आवेदनपत्र, जब तक अन्यथा रूप से व्यवस्था न कर दी जाए, इस पुस्तक में वास्तविक उपयोक्ताओं (गैर-औद्योगिक) के लिए निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिए। इन आवेदन-पत्रों पर विचार करते समय देशीय दृष्टिकोण से उपलब्धता, आयात के लिए अनिवार्यता, इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा की उपलब्धता और अन्य संबंधित बातों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

(2) निर्माण संबंधी मशीनरी के आयात के लिए आवेदनपत्रों पर विचार संबंधित अभिकरणों द्वारा किया जाएगा। आवेदन-पत्र प्रपत्र "ई" (पूंजीगत माल) में भेजे जाने चाहिए और उसे मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को संबोधित किए जाने चाहिएं, जो राज्य सरकार के संबंधित विभाग के साथ परामर्श कर अपनी सिफारिश करेगा। आवेदक को चाहिए कि वह इस बात का उल्लेख करे कि जो उपस्कर वह आयात कर रहा है, वह किस देश से कर रहा है।

(3) स्टूडियो उपस्कर के आयात के लिए आवेदनपत्र पर विचार राज्य उद्योग निदेशक या राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की सिफारिश पर फिल्म स्टूडियों और फिल्म प्रोसेसिंग लैबोरेट्रीज द्वारा किया जा सकता है। आवेदनपत्र उपर्युक्त पैरा 97 में उल्लिखित लाइसेंस प्राधिकारी को भेजा जाना चाहिए।

(4) रसायनिक विश्लेषण और अन्य औद्योगिक एककों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जांच पड़ताल में लगे हुए एककों के आवेदनपत्रों पर उन आवश्यक मशीनरी, मशीनी-औजार और उपस्करों के आयात के लिए विचार किया जाएगा जो देश में नहीं बनाए जाते। आवेदनपत्र निर्धारित प्रपत्र में राज्य उद्योग निदेशक के माध्यम से संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंस

प्राधिकारियों को भेजे जाने चाहिएं। उद्योग निदेशक को चाहिए कि वे लाइसेंस के लिए सिफारिश करने से पहले महा-निदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली से देशी निकासी प्राप्त कर लें।

पूंजीगत माल के आवेदन पत्रों की प्रतियां

107. आवेदक द्वारा सभी पूंजीगत माल आवेदनपत्रों की प्रतियां सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों को साथ-साथ भेजी जानी चाहिए।

कम्प्यूटर सिस्टम (और उनके प्रारम्भिक फालतू पुर्जे)

108. (1) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय 5 में यह व्यवस्था की गई है कि मूल्य को ध्यान में रखे बिना (आर ई पी लाइसेंसों के मद्दे आयात किए जाने वाली मदों सहित) सभी कम्प्यूटर सिस्टम के लिए इलैक्ट्रानिक विभाग से पूर्व आयात निकासी प्राप्त करनी होगी। सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को इलैक्ट्रानिक विभागों (कम्प्यूटर निदेशालय), लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली के माध्यम से आवेदन करना होगा जो कि कम्प्यूटर सिस्टम के लिए प्रायोजक प्राधिकारी है। उस विभाग द्वारा दी गई निकासी के आधार पर मामले निम्न प्रकार से निपटाए जायेंगे :—

(क) वास्तविक उपयोक्ताओं के आवेदनपत्रों का निपटान ऊपर के पैरा 97 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

(ख) वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) अर्थात् अनुसंधान एवं विकास एकक आदि जो 1983-84 की आयात-निर्यात नीति के पैरा 48 के अन्तर्गत आते हैं, उन्हें खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन प्रारम्भिक फालतू पुर्जों के साथ कम्प्यूटर सिस्टम का आयात करने की अनुमति होगी, यदि वे अन्यथा रूप से स्वीकृत हैं तो यह अनुमति केवल इलैक्ट्रानिक विभाग से उनके द्वारा प्राप्त की गई पूर्व आयात निकासी के आधार पर ही दी जाएगी।

(2) निर्यात अभिमुख एककों को कम्प्यूटर सिस्टम के आयात की अनुमति निर्यात आभार की शर्त के अधीन निम्नलिखित तरीके से दी जा सकती है:—

(क) जहां आवेदक अनुमित आयात के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के दुगुने के बराबर जहाज पर्यन्त निः-शुल्क मूल्य के साफ्ट वेयर के निर्यात करने का वचन देता हो,

(ख) जहां आवेदक विदेश में कमाई गई अपनी निजी विदेशी मुद्रा में से कम्प्यूटर सिस्टम का आयात करता हो और अनुमित लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के साफ्ट वेयर का निर्यात करने का वचन देता हो,

(घ) निर्यात आभार जिस तिथि को आयातित कम्प्यूटर के लिए आवेदन करते समय आवेदक को यह साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि निर्धारित किए जाने वाले निर्यात आभार के कम-से-कम 20% को शामिल करते हुए पक्के निर्यात आदेश उसके पास हैं।

(घ) निर्यात आभार जिस तिथि को आयातित कम्प्यूटर सिस्टम लगाया गया है उस तिथि से आरम्भ करके अधिकतम 5 वर्षों की अवधि के भीतर पूर्ण किया जाएगा। आगे यह भी शर्त होगी कि आभार पूर्ण करने के लिए किए जाने वाले निर्यात निम्न-लिखित तरीके से किए जाएंगे :—

(1) द्वितीय वर्ष के अन्त तक पूरा किए जाने वाले निर्यात का स्तर कुल आभार का कम-से-कम 20% रखा जाएगा।

(2) तृतीय वर्ष के अन्त तक पूरा किए जाने वाले निर्यात का स्तर कुल आभार का कम-से-कम 40% रखा जाएगा।

(3) चतुर्थ वर्ष के अन्त तक पूरा किए जाने वाले निर्यात का स्तर कुल आभार का कम-से-कम 60% रखा जाएगा, और

(4) पांचवें वर्ष के अन्त तक पूरा किए जाने वाले निर्यात का स्तर आभार के कुल मूल्य के बराबर होगा।

(ङ) लाइसेंस के मद्दे आयात के प्रथम प्रेषण के समय आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में एक निर्यात बान्ड भरना होगा।

(च) आवेदक किए गए निर्यातों का एक अर्धवार्षिक विव-रणपत्र कम्प्यूटर निदेशालय, इलैक्ट्रानिकी विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली को भेजेगा।

(3) विशिष्ट निर्यात आदेश के मद्दे हार्डवेयर और/या साफ्ट वेयर सिस्टम का विस्तार करने/संशोधन करने के उद्देश्य के लिए भी कम्प्यूटर सिस्टम के आयात के लिए आवेदन पत्र इस शर्त के साथ स्वीकार किए जा सकते हैं कि आयातित कम्प्यूटर सिस्टम निर्यात आदेश के निष्पादन के बाद पुनः निर्यात कर दिया जाएगा। ऐसे मामलों में आयातित कम्प्यूटर सिस्टम का उपयोग घरेलू कार्य के लिए नहीं किया जाएगा।

(4) यदि कम्प्यूटर सिस्टम का आयातक उन शर्तों का अनु-पालन करने में असफल रहता है जिनके अधीन आयात की अनु-मति है तो ऐसे मामलों में उनके विरुद्ध आयात-निर्यात नियंत्रण विनियमनों के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

(5) वास्तविक उपयोक्ताओं को परिशिष्ट-11 में पूंजीगत माल प्रपत्र में ही आयात लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहिए। अन्य वास्तविक उपयोक्ता इस पुस्तक में दिए गए प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं।

(6) भारत में न रहने वाले भारतीयों के लिए आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय-14 में एक अलग प्रावधान भी है।

मुद्रण मशीन का आयात

109. (1) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट-2 में सूचीबद्ध प्रिंटिंग मशीनरी के आयात की अनुमति पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं को खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन दी जाएगी।

(2) यदि मशीनरी का मूल्य 50 लाख (लागत-बीमा-भाड़ा) रुपये से अधिक न हो तो अन्य प्रिंटिंग मशीनों के आयात के लिए आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजने चाहिएं और यदि मशीनरी का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक हो तो आवेदन पत्र उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय, नई दिल्ली को भेजने चाहिए।

(3) रुपये में भुगतान व्यवस्थाओं के अन्तर्गत परियोजना एवं उपस्कर निगम लि. द्वारा आयातित मुद्रण मशीनों का वितरण, पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं को लाइसेंस प्राधिकारी

द्वारा जारी किए गए निकासी परामर्श पत्र के आधार पर परियोजना एवं उपस्कर निगम द्वारा ही किया जाएगा। ऐसे मामलों में भी, जैसा भी मामला हो, आयात आवेदनपत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली या औद्योगिक अनुमोदन के लिए सचिवालय को भेजे जाने चाहिएं।

यंत्रों, परीक्षण मशीनों आदि का आयात

110. (1) यन्त्रों, परीक्षण उपस्कर, भार तोलने की मशीनों, प्रयोगशाला उपस्कर, औजारों और टैकल्स आदि के आयात के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं के आवेदनपत्र उसी प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित किये जायेंगे जो कि इस अध्याय में पूंजीगत माल आयातों के लिए लागू है।

(2) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के परिशिष्ट-15 में सूचीबद्ध वैज्ञानिक और मापने के यंत्रों के आयात को आयात नीति में दिए गए उपबंधों के अनुसार विनियमित किया जाएगा। जो यंत्र उक्त परिशिष्ट-15 में प्रदर्शित नहीं हैं, उनके आयात के लिए आवेदनपत्रों पर पूंजीगत माल के लिए लागू नीति और क्रियाविधि के अनुरूप पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा।

(3) ऐसे संस्थान (गैर औद्योगिक) जिन्हें अपने स्वयं के उपयोग के लिए औजारों की आवश्यकता है वे परिशिष्ट-11 में निर्धारित प्रपत्र में प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं।

विज्ञापन क्रियाविधि

111. (1) जिस मामले में अपेक्षित पूंजीगत माल का मूल्य 20 लाख रुपए से अधिक हो, उसमें इच्छुक आवेदक को नीचे दिए गए तरीके से अपनी आवश्यकता का विज्ञापन देना चाहिए जिससे इच्छुक देशी विनिर्माताओं को पहले उसका उत्तर देने का अवसर प्राप्त हो सके। अन्य बातों के साथ-साथ विज्ञापन में सम्बद्ध पूंजीगत माल के विशिष्टिकरण के पर्याप्त ब्यौरे, मेक, माडल और/या अन्य ब्यौरे, वितरण की वांछित अवधि और अन्य यथार्थ तथ्य जो आवेदक पसन्द करें, के ब्यौरे दिए जाएंगे। इसमें यह भी उल्लेख होना चाहिए कि सम्बन्धित ड्राइंग पहले ही उपलब्ध है या बाद में दी जाएगी। (केवल मुख्य मद को विज्ञापित किया जाना चाहिए अर्थात उप-साधित्र फालतू पुर्जों, औजारों आदि को छोड़कर)।

(2) जहां आयात किए जाने वाले पूंजीगत माल में डी. सी. ड्राइव्स, प्रोगामेबल लाजिक नियंत्रण सिस्टम, इन्स्ट्रूमेन्टेशन सिस्टम, बिजली से तौलने का सिस्टम आदि शामिल हो तो इन मदों के पूर्ण विशिष्टिकरण विज्ञापन में दिए जाने चाहिए ताकि देशी विनिर्माताओं से सार्थक उत्तर प्राप्त किए जा सकें। मुख्य मेकेनिकल संयंत्र के एक भाग के रूप में अपूर्ण विशिष्टिकरण के साथ या सामान्य विवरण के अन्तर्गत ऐसी मदों के आयात के लिए स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

112. विज्ञापन या तो (1) भारतीय व्यापार पत्रिका में या (2) भारतीय निर्यात सेवा बुलेटिन में प्रकाशित होना चाहिए। पहले (प्रदर्शन के रूप में विज्ञापन) के सम्बन्ध में सभी पत्राचार भारत सरकार मुद्रणालय, सत्रागाच्छी, हावड़ा को सम्बोधित किए जाएंगे। इसके साथ ही विज्ञापन सामग्री की एक प्रति विभागीय प्रभारी, भारत सरकार के बुक डिपो सं. 8, के. एस. राय रोड, कलकत्ता-1 को भेजी जाए। बाद वाले के संबंध में प्रबंध निदेशक, भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, नई दिल्ली को संबोधित किया जाना चाहिए।

113. देशी विनिर्माताओं को अपना प्रस्ताव (इच्छुक) आवेदक को देने के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन की अवधि उपलब्ध होगी। ऐसी पार्टियों को अपने प्रस्ताव आवेदक को सीधे भेजने चाहिए और प्रस्तावों की एक-एक प्रति पंजीकृत पावती डाक द्वारा महा-निदेशक, तकनीकी विकास (समन्वय अनुभाग), नई दिल्ली को और सम्बद्ध विज्ञापन के प्रायोजक प्राधिकारी को भेजनी चाहिए। इन प्रतियों में सम्बद्ध विज्ञापन की क्रम संख्या और तिथि का उल्लेख किया जाएगा। देसी विनिर्माता जिन मदों की आपूर्ति करने की स्थिति में हों, उनके विशिष्टिकरण और अन्य पर्याप्त ब्यौरे, सुपुर्दगी की वह अवधि जिसके लिए आश्वासन दिया जा सकता है, कीमत और अन्य यथार्थ सूचना प्रस्तावों में होनी चाहिए।

114. जिन अन्य वास्तविक उपयोक्ताओं के पास उनकी निजी आवश्यकता से अधिक पूंजीगत माल हो और उनकी समझ में वह माल आवेदक की आवश्यकता के लिए उपयुक्त है, वे भी अपने प्रस्ताव इसी प्रकार भेज सकते हैं।

115. ऊपर निर्धारित सीमा का पालन न करने पर देशी विनिर्माता/वास्तविक उपयोक्ता के मामले आगे विचार करने के लिए/प्रतिवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

116. विज्ञापन की तिथि से 45 दिन की अवधि बीत जाने के बाद इच्छुक आयातक विषयाधीन पूंजीगत माल का आयात करने के लिए सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है (यदि ऐसा आवेदन उस तारीख के 12 माह के भीतर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी या प्रायोजक प्राधिकारी को नहीं किया जाता है, और सचिव, तकनीकी विकास विभाग द्वारा उसके नाम में विशेष रूप से छूट नहीं दे दी जाती है तो विज्ञापन की प्रक्रिया दोहराई जानी चाहिए)। आयात के लिए आवेदनपत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की क्रम संख्या और तिथि, प्राप्त किए गए प्रस्ताव और आवेदक द्वारा उनके अलग-अलग मूल्यांकन का उल्लेख होना चाहिए। प्रस्ताव अस्वीकार करने के कारण स्पष्ट रूप से देने चाहिए। आवेदन-पत्र के साथ विज्ञापन की दो फोटोस्टेट प्रतियां भी होनी चाहिए।

117. (1) लेकिन विज्ञापन प्रक्रिया मुद्रण मशीनरी, सिनमेटोग्राफिक उपस्कर कम्प्यूटर सिस्टम और उनके फालतू पर्जों आदि-रूपों अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं द्वारा अपेक्षित पूंजीगतमाल, अन्य वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्थान, केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य उच्चतर शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान, केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य उच्चतर शैक्षणिक संस्थान या हस्पताल के लिए लागू नहीं होगी, साथ ही साथ यह प्रक्रिया विदेशों से लौटने वाले भारतीयों के लिए विशेष लागू योजनाओं, या विदेशों में रह रहे अप्रवासी भारतीयों/भारत मूल के व्यक्तियों के लिए जो अनुमोदित औद्योगिक संस्थाओं में पूंजी लगा रहे हैं, उनके लिए भी लागू नहीं होगी। पुरानी (उपयोग की गई) मशीनरी के आयात के लिए भी विज्ञापन प्रक्रिया लागू नहीं होगी।

(2) सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक उपक्रम के मामले में यदि सरकार ने पूंजीगत माल के आयात को पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा रिहा कर दी है और आयात की जाने वाली मदों के लिए देशी निकासी प्राप्त कर ली गई है तो उपक्रम के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह आयात लाइसेंस के लिए आवेदन करने से पूर्व विज्ञापन करें।

(3) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली पूंजीगत माल की उन मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, तकनीकी विकास या अन्य सम्बद्ध तकनीकी प्राधिकारियों से भारी मात्रा में देशी निकासी प्राप्त कर सकता है जो सामान्यतः देशी दृष्टिकोण से

आयात के लिए स्वीकृत कर दी जाती है। पूंजीगत माल की ऐसी सूची परिशिष्ट-45 में दी गई है। व्यक्तिगत वास्तविक उपयोक्ता जो उस पूंजीगत माल का आयात करने के इच्छुक हों उन के लिए विज्ञापन देना आवश्यक नहीं होगा। वे विज्ञापन के बिना ही निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कुछ उद्योगों के सम्बन्ध में पूंजीगत माल के आयात के लिए विशेष क्रियाविधि

118. देशी पूंजीगत माल वाले उद्योगों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकताओं से सामंजस्य बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों में पूंजी निवेश की कुल लागत को कम करने की आवश्यकता को मान्यता प्रदान की गई है और ऐसी परियोजनाओं/उद्योगों की निम्नलिखित सूची इस उद्देश्य के लिए अभिज्ञात की गयी है :—

1. उर्वरक ।
2. अखबारी कागज और कागज।
3. प्राथमिक औषधि।
4. कीटनाशक दवाइयों और महामारीनाशी दवाइयों के लिए प्राथमिक तकनीकी सामग्री।
5. विद्युत उत्पादन, संचरण और वितरण।
6. खनिज की खोज, खनन और लाभग्रहण ।
7. पैट्रोलियम पर्यवेक्षण और उत्पादन।
8. पोलिमर की अवस्था तक पैट्रो-कैमिकल्स।
9. व्यावसायिक श्रेणी के इलैक्ट्रानिक संघटकों का विनिर्माण।
10. वेस्ट डिस्पोजल रिसाइकिलिंग और एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्रोजेक्ट्स और परिस्थिति विज्ञान सम्बन्धी इंजीनियरी।
11. पत्तनों पर माल का संचालन करने की परियोजनाएं।
12. चीनी।
13. सीमेन्ट और सीमेन्ट उत्पाद (अदह सहित)।

119. उपर्युक्त क्षेत्रों में से किसी में भी महत्वपूर्ण विस्तार के लिए व्यक्तियों द्वारा ली गई परियोजनाओं के लिए अधिप्राप्त किए जाने वाले वांछित सभी पूंजीगत माल के लिए विश्व निविदाएं आमंत्रित कर सकते हैं और ये निविदाएं इस तथ्य को ध्यान में रखे बिना की जा सकती है कि पूंजीगत माल देश में विनिर्मित है या नहीं । माल आपूर्ति करने के लिए देशी विनिर्माताओं को सुअवसर प्रदान करने के लिए आवेदक को उपर्युक्त पैरा 111 में उल्लिखित क्रियाविधि के अनुसार भी विज्ञापन देना चाहिए, परन्तु विज्ञापन का उत्तर देने के लिए न्यूनतम 60 दिनों की अवधि दी जानी चाहिए। जहां कहीं लागू हो, विज्ञापन में पूंजीगत माल की मदों आई. एस. आई. के अनुरूप विशिष्टिकरण निर्दिष्ट होने चाहिए। लेकिन, उत्पादन लागत को कम करने और स्रोतों को आशावादिता की दिशा में ले जाने वाली प्रोद्योगिकी की उन्नति के हित में विशिष्टिकरण में अन्तर की अनुमति दी जाएगी। लेकिन, विज्ञापित विशिष्टिकरण आपूर्ति के केवल स्रोतों के अनुकूल ही नहीं होने चाहिए ।

120. यदि उपर्युक्त अनुसार दिए गए विज्ञापन के प्रत्युत्तर में कोई आदेश हो तो उसकी प्राप्ति के बाद परियोजना प्राधिकारी अधिप्राप्त किए जाने वाले वांछित पूंजीगत माल (या तो आयातित या देसी या आयातित/देसी) के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं, इन प्रस्तावों के साथ स्थलीय लागत अर्थात् लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर देशी और विदेशी बोलियों के बीच तुलना और विदेशी बोली के संबंध में उद्ग्राह्य शुल्क का एक विवरणपत्र होना चाहिए। प्रस्तावों पर भारी उद्योग विभाग की अधिकृत समिति द्वारा विचार किया जाएगा और यह समिति भारी उद्योग सचिव की अध्यक्षता में होगी जिसमें अन्य सम्बद्ध मंत्रालयों के प्रतिनिधि होंगे (उपर्युक्त पैरा 99 के प्रावधान भी ऐसे प्रस्तावों पर विचार करने के लिए संगत होंगे) और सामान्यतौर पर ऐसे प्रस्तावों की प्राप्ति के 8 सप्ताह के भीतर समिति अपने विचारों/सिफारिशों को अन्तिम रूप देगी। इन विचारों/सिफारिशों में समिति के निर्णय में यथा उपर्युक्त विदेशी मुद्रा के स्रोत के साथ-साथ अपेक्षित निकासी भी शामिल होगी। सम्बद्ध आयात लाइसेंस जारी करने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को निर्णय से सूचित किया जाएगा। अधिकृत समिति किसी परियोजना प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित सहायता भी निविदा-पूर्व स्तर पर भी दे सकेगी।

121. उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत भारतीय परियोजना प्राधिकारियों से उपस्कर के लिए आदेश प्राप्त करने वाले भारतीय संभरकों को ऐसे पूंजीगत माल के विनिर्माण के लिए अपेक्षित कच्ची सामग्री, संघटकों, उपभोज्यों और अतिरिक्त सामान के आयात के लिए अनुमति देसी उपलब्धता के दृष्टिकोण से किसी भी प्रतिबन्ध के बिना दी जाएगी। ऐसे आयात पर आयात शुल्क की दर सम्बद्ध पूंजीगत माल के लिए लागू दर से अधिक नहीं होगी । उपर्युक्त सुविधाएं अतिरिक्त होंगी और सामान्य नीति के अन्तर्गत वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को उपलब्ध सुविधाओं के बदले में नहीं होंगी।

क्रियाविधि

122. आवेदनपत्र प्रपत्र "ड" (सी जी) में 4 अतिरिक्त प्रतियों के साथ, आवेदन शुल्क के भुगतान की बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट के साथ पूंजीगत माल की सूची की सात प्रतियां भी होनी चाहिए । उद्गम देश/देशों का उल्लेख करने के अतिरिक्त निम्नलिखित सूचना आवेदनपत्र के साथ होनी चाहिए :—

(क) प्रत्येक मुख्य मद के अलग-अलग लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के साथ पूंजीगत माल की विस्तृत सूची;

(ख) (आवेदित पूंजीगत माल के आयात के देश की मुद्रा में) (1) भाड़ा और (2) लागत बीमा भाड़ा मूल्य में शामिल किए गए बीमे के निमित्त धन राशि को या आयात के वैकल्पिक स्रोत को अलग-अलग प्रदर्शित करते हुए विदेशी संभरकों के बीजक-प्रपत्र की चार साक्ष्यांकित या फोटोस्टेट प्रतियां; और

(ग) विनिर्माताओं का निदर्शी पेम्फलेट (आवेदनपत्रों के शीघ्र निपटान के लिए जितना शीघ्र संभव हो सके प्राप्त करने चाहिए और भेजने चाहिए ।)

123. जिस मामले में आवेदक किसी अनुमोदित वित्तीय संस्थान से पूंजीगत माल की लागत पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा का ऋण मांगना चाहता है तो इस का उल्लेख आवेदनपत्र में विशेषरूप से करना चाहिए। ऐसे आवेदकों से यह आशा की जाती है कि—वे आशय पत्र की प्राप्ति के 6 महीनों के भीतर वित्तीय संस्थान को आवेदन करें।

पुरानी मशीनरी का आयात

124. (1) 50 लाख रुपए (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य तक के पुराने पूंजीगत माल (उपयोग किया हुआ) के आयात के लिए आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए। इस से अधिक मूल्य के लिए आवेदन पत्र, उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली के औद्योगिक अनुमोदन के लिए सचिवालय को भेजे जाने चाहिएं। क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी पुराने (उपयोग किए गए) पूंजीगत माल के आयात के लिए किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं करेंगे।

(2) जिन मामलों में पुराने (उपयोग की हुई) पूंजीगत माल के आयात की इच्छा की गई हो उनमें सम्बन्धित आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/सूचना होनी चाहिए :—

(क) स्वतन्त्र व्यवसायी सनदी इंजीनियर उस देश के किसी समकक्ष संस्थान से जहां से मशीनरी का आयात किया जाता हो यह संकेत करते हुए एक प्रमाण-पत्र :—

(1) संयन्त्र और मशीनरी के विनिर्माता का नाम।

(2) विनिर्माण का वर्ष ।

(3) मुख्य रिकन्डीशनिंग/मरम्मत की लागत, यदि कोई की गई हो तो और समुद्रपार की उस फर्म का नाम जिसने रिकन्डीशनिंग/मरम्मत की है।

(4) संयन्त्र और मशीनरी की वर्तमान दशा और उसकी भावी शेष अवधि । ऐसे आयात के माध्यम से किस प्रकार की प्रौद्योगिकी का उत्पादन होगा, स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए, और

(5) यदि कोई नया माल खरीदा गया हो तो समतुल्य पूंजीगत माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

(ख) पुराने संयन्त्र और मशीनरी का पूर्ण विशेष विवरण और यदि उपलब्ध हो तो इसके फोटोग्राफ के साथ कीमत (प्रपत्र बीजक)। जहां सम्भव हो तो अलग-अलग मूल्य अर्थात् पूंजीगत माल का मूल्य, पुर्जे खोलने की लागत, भाड़ा और बीमा, अलग से प्रपत्र बीजक में दिखाया जाना चाहिए।

(ग) यदि संभरक से कोई निष्पादन गारन्टी प्राप्त की गई हो तो उसका स्वरूप।

(घ) ऐसे आयातों के औचित्य से संगत सूचना, विशेष-कर वे फायदे जो कि आयातित पुराने प्लान्ट की शीघ्र प्राप्ति होने के कारण मूल्य में और लागत से ह्रास होने से प्राप्त होंगे।

टिप्पणी:—खुले सामान्य लाइसेंस में शामिल मशीनरी की पुरानी मदों का आयात करने के लिए संगत आयात-निर्यात नीति के उपबन्धों का उल्लेख किया जाए।

125. जिन मामलों में पूंजीगत माल के आयात के लिए देशी दृष्टिकोण से निकासी कर दी गई हो, परन्तु पूंजीगत माल के लिए लाइसेंस जारी करने में वित्तीय या औद्योगिक लाइसेन्स औपचारिकताओं या क्रियाविधि से सम्बन्धित औप-चारिकताओं को पूर्ण करने की प्रतीक्षा की जा रही हो तो ऐसे अनुमोदन की तिथि से अधिकतम 24 महीनों की अवधि इन औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए आवेदक को उपलब्ध होगी। जिस मामले में यह अवधि अपर्याप्त होगी उसमें नई निकासी मांगनी पड़ेगी। ऐसे मामलों में नए विज्ञापन की आवश्यकता नहीं होगी।

126. कीमत में वृद्धि हो जाने के कारण या माल में केवल परिवर्तन के कारण या विशिष्टिकरण में अपेक्षाकृत छोटे परिवर्तन के कारण पूंजीगत माल के लाइसेंस के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य में अधिकतम 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए आवेदनपत्र सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को सीधे भेजे जा सकते हैं। यदि कोई अन्य परिवर्तन होता है तो आवेदक को केवल प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से लाइसेंस प्राधिकारी को आवेदन करना चाहिए।

तकनीकी विकास निधि के लिए विशेष समिति

127. प्रौद्योगिकी विकास और आधुनिकीकरण को संवर्धित करने के लिए उद्योग मंत्रालय ने निम्नलिखित के लिए विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए एक तकनीकी विकास निधि की स्थापना की है :—

(क) पैदावार के गुण और/या मात्रा पर पर्याप्त संघात रखने वाले कम मूल्य के संतुलन करने वाले उपस्कर के आयात के लिए;

(ख) आयातित तकनीकी ज्ञान के लिए;

(ग) विदेशी परामर्शदायी सेवा के लिए, यदि आवश्यकता हो तो;

(घ) ड्राइंग और डिजाइन के आयात के लिए; और

(ङ) सामान्य रूप से या विशेष रूप से अपनी निर्यात क्षमता में सुधार करने के लिए औद्योगिक एककों द्वारा अपेक्षित किसी अन्य निवेश के लिए।

अब इस योजना की स्वीकृति सभी उद्योगों के लिए दे दी गई है।

128. इस योजना के अन्तर्गत किसी भी यूनिट के लिए लगाई गई कुल विदेशी मुद्रा प्रति वर्ष 5 लाख अमरीकी डालर है। निम्नलिखित के लिए जिन प्रस्तावों का लक्ष्य तेजी से और समेकित तरीके से सुधार करने का होगा उन्हें अधि-मान्यता दी जाएगी:—

(1) निर्यात क्षमता और निर्यात मात्रा,
(2) लागत कटौती,
(3) क्षमता का उपयोग,
(4) प्रौद्योगिकी विकास,
(5) उत्पाद-मिश्रित पुनर्गठन, और
(6) आधुनिकीकरण और वैज्ञानिकीकरण।

129. आयात के लिए आवेदनपत्र विशेष समिति, तकनीकी विकास निधि, भारी उद्योग विभाग (प्राप्ति व निर्गम अनुभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली को पूंजीगत माल के आयात, विदेशी सहयोग आदि के लिए निर्धारित प्रपत्र में और अपेक्षित प्रतियों के साथ भेजने चाहिए। इस पुस्तक की कन्डिका 98(1) में दर्शाए गए प्रतिबन्ध इन मामलों में नहीं लागू होंगे। पूंजीगत

माल के लिए आवेदनपत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क के लिए बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट होना चाहिए। इनके साथ यूनिट की व्यापक आधुनिकीकरण योजना का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए और आयातित माल निर्यात विकास प्रौद्योगिकी सुधार क्षमता के उपयोग आदि में किस प्रकार सहायता करेगा, इसका उल्लेख करते हुए एक टिप्पणी होनी चाहिए।

130. (1) अनुमोदित परियोजनाओं के सुविधापूर्वक शीघ्र कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित सरलीकरण भी आरम्भ किया गया है :—

(क) विदेशी मुद्रा का निर्धारण आयात के अनुमोदन के साथ-साथ होगा और आगे विदेशी मुद्रा का ऋण मांगने के लिए किसी क्रियाविधि की आवश्यकता नहीं होगी;

(ख) प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा देशी निकासी की जाएगी और उपयुक्त मामलों में देशी निकासी की शर्त हटा दी जाएगी;

(ग) आवेदनपत्रों पर निर्णय 45 दिनों के भीतर दिया जाएगा; और

(2) आयात लाइसेंस क्षेत्रीय लाइसेंस कार्यालयों द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

131. जो आवेदनपत्र इस योजना के अन्तर्गत अनुमोदित नहीं किए जाएंगे उन पर सामान्य क्रियाविधि के अन्तर्गत निपटाने के लिए स्वतः विचार किया जाएगा। आवेदक के लिए नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

डीजल जनरेटिंग सेट का आयात

132. (1) 1000 के वी ए और इससे अधिक के रेटिंग डीजल जनरेटिंग सेटों के आयात के लिए लाइसेंस की मंजूरी के लिए आवेदनपत्रों पर विचार किया जाएगा। लेकिन, 500 के वी ए से अधिक और 1000 के वी ए तक की रेन्ज के डीजल जनरेटिंग सेटों के आवेदन पत्रों पर देशी स्रोतों से उनके वितरण को देखते हुए, गुणवत्ता के आधार पर विचार किया जाएगा। पात्र वास्तविक उपयोक्ता जहां मूल्य 50 लाख रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य से अधिक न हो अपने आवेदनपत्र परिशिष्ट-11 में पूंजीगत माल के आयात के लिए निर्धारित प्रपत्र (प्रपत्र 'ङ' सी जी) में सीधे ही मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (सी. जी. सेल), नई दिल्ली को भेज सकते हैं और जहां मूल्य इससे अधिक हो तो औद्योगिक अनुमोदन के लिए सचिवालय उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं।

(2) 500 के वी ए तक के डी जी सेटों के आयात के लिए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

133. (1) आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना/दस्तावेज होने चाहिए :—

(क) जिस वास्तविक उपक्रम या संस्थान के लिए आयात करने की मांग की गई है, उसका ब्यौरा।

(ख) विद्युत विधान के अनुसार उपयुक्त राज्य विद्युत बोर्ड से या अन्य विद्युत आपूर्ति प्राधिकरण से एक "अनापत्ति प्रमाणपत्र" मूल रूप में आयात आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना चाहिए।

(ग) आयात के लिए प्रस्तावित जनरेटिंग सेटों के रेटिंग और अन्य विशिष्टिकरण, आयात का सम्भाव्य देश; लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य और वितरण अनुसूची जिस के साथ विदेशी संभारकों का मूल रूप में बीजक प्रपत्र हो।

(घ) जिस उपक्रम/संस्थान के लिए (अब) आवेदन किया जा रहा है, उसके लिए आवेदक के पास पहले से ही किसी स्टेन्डबाई/कैप्टिव जनरेटिंग क्षमता का ब्यौरा।

(2) आवेदनपत्रों पर सामान्य क्रियाविधि के अंतर्गत विचार किया जाएगा, परन्तु जो लाइसेंस प्रदान किया जाएगा, उसकी अवधि इस शर्त के साथ केवल 12 महीने होगी कि संभरकों को केवल प्रथम 6 महीनों के अन्दर आदेश दे दिए जाएंगे।

(3) विनिर्माता-निर्यातकों को उनके ही प्रयोग के लिए 500 के वी ए से अधिक के डीजल जनरेटिंग सैटों को उनके आर ई पी लाइसेन्स के मद्दे देशी दृष्टिकोण से निकासी के सन्दर्भ के बिना ही आयात करने की अनुमति दी जा सकती है।

(4) आवेदकों के लिए विज्ञापन क्रियाविधि का अनुसरण करना आवश्यक नहीं होगा चाहे आयात करने के लिए प्रस्तावित जनरेटिंग सेट्स का मूल्य 20 लाख रुपये से भी अधिक क्यों न हो।

(5) 3.5 के वी ए तक के विद्युतीय पोर्टेबल जनित्रों का आयात निषेध है। अधिक क्षमता के आयात के लिए आवेदन पत्र सामान्य पूंजीगत माल प्रक्रिया द्वारा शासित होंगे।

आर. ई. पी. हकदारियों के मद्दे पूंजीगत माल का आयात

134. (1) वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को आर. ई. पी. लाइसेंसों के मद्दे पूंजीगत माल का आयात करने की स्वीकृति नीचे संकेतित विधि दी जा सकती है :—

(2) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 में यह प्रावधान है कि एक विनिर्माता-निर्यातक को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के बिना और देशी निकासी प्राप्त किए बिना ही पूंजीगत माल/आदि रूपों के आयात के लिए उसके अपने विनिर्मित उत्पादों के निर्यातों के मद्दे उसे जारी किए गए आर ई पी लाइसेन्स(सों) का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि (1) सम्बद्ध विनिर्माता-निर्यातक ने पिछले किसी भी दो वित्तीय वर्षों में चुनिंदा उत्पादों के कम से कम 10% उत्पादन का निर्यात किया था जो न्यूनतम 5 लाख रुपये के अधीन था या पिछले किसी भी दो वित्तीय वर्षों के दौरान उसके चुनिंदा उत्पादों के निर्यातों का जहाज पर निशुल्क मूल्य कम से कम 1 करोड़ रुपये था, (2) 1983-84 वर्ष में आयात की जाने वाली मशीनरी का कुल लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 20 लाख रुपये से अधिक न होता हो, (3) आयात की जाने वाली मशीनरी 1983-84 की आयात-निर्यात नीति की निषेध सूची में न दर्शाई गई हो, (4) आवेदक यह घोषणा करता हो कि विषयाधीन मशीनरी उसकी अनुज्ञप्त/अनुमोदित क्षमता से अधिक नहीं होती और (5) मशीनरी का आयात "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के अधीन होगा। इस सुविधा के लिए पात्र बनने के लिए विनिर्माता-निर्यातकों को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली के निर्यात आयुक्त से निर्यात निष्पादन प्रमाण पत्र प्राप्त करने होंगे जिनके लिए उन्हें आयात-निर्यात

नीति, 1983-84 के अध्याय-20 में यथा निर्धारित प्रपत्र में और विधि के अनुसार 31 अक्तूबर, 1983 को या इससे पूर्व आवेदन करना पड़ेगा। निर्यात निष्पादन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् पात्र विनिर्माता-निर्यातक निम्नलिखित दस्तावेज के साथ उस सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को आवेदन कर सकते हैं जिसके क्षेत्राधिकार में वास्तविक उपयोक्ता का कारखाना स्थित हो :--

(क) निर्यात निष्पादन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति,

(ख) सम्बद्ध औद्योगिक एकक के औद्योगिक लाइसेन्स या पंजीकरण की प्रमाणित प्रति,

(ग) इस सम्बन्ध में मूल घोषणा पत्र कि आवेदित मशीनरी का आयात आवेदक एकक की अनुज्ञप्त/अनुमोदित उत्पादन क्षमता से अधिक नहीं होगा।

(घ) आर ई पी लाइसेंसों के ब्यौरे देते हुए एक विवरण अर्थात् उनकी संख्या, दिनांक और मूल्य या उन निलम्बित आर ई पी लाइसेन्सों के ब्यौरे जिनके मद्दे अभी लाइसेन्स जारी किए जाने हैं और जिनके मद्दे विषयाधीन मशीनरी का आयात किया जाना है।

(ङ) आयात की जाने वाली मशीनरी का पूर्ण विवरण (5 प्रतियां)।

(3) आयात-निर्यात नीति, 1983-84 में यह व्यवस्था है कि उपर्युक्त उप-कंडिका (1) में उल्लिखित सुविधा उस विनिर्माता-निर्यातक को भी उपलब्ध होगी जिस के पिछले किसी भी दो वित्तीय वर्षों में चुनिंदा उत्पादों के निर्यात उपर्युक्त उल्लिखित सीमा से कम थे किन्तु उसके मामले में आयात जैसा भी मामला हो, महानिदेशक, तकनीकी विकास या वस्त्र आयुक्त या पटसन आयुक्त से देशी निकासी के अधीन होगा। यदि आयात की जाने वाली मशीनरी का मूल्य 1982-83 में एक लाख रुपए से अधिक हो जाता है तो उपर्युक्त (2) में बताई गई अन्य शर्त लागू होंगी। इस श्रेणी में आने वाले विनिर्माता-निर्यातक भी उपर्युक्त उल्लिखित उन्हीं दस्तावेज के साथ सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को आवेदन कर सकते हैं किन्तु अन्तर केवल इतना होगा कि उन्हें निर्यात निष्पादन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के बजाए आयात की जाने वाली मशीनरी के सम्बन्ध में सम्बद्ध तकनीकी प्राधिकारी से प्राप्त किए गए मूल निकासी प्रमाण पत्र भेजना चाहिए। किन्तु यह वहां लागू होगा जहां आयात एक लाख रुपए से अधिक हो जाता है। लाइसेन्स प्राधिकारी को आवेदन करने से पूर्व आवेदक को चाहिए कि वह सम्बद्ध प्राधिकारी से देशी निकासी प्राप्त कर लें। महानिदेशक, तकनीकी विकास के मामले में निकासी महानिदेशक, तकनीकी विकास (आयात-निर्यात नीति सेल) उद्योग भवन, नई दिल्ली से प्राप्त की जानी चाहिए।

(4) उपर्युक्त (2) तथा (3) के अन्तर्गत न आने वाले मामलों में, अर्थात् जहां मशीनरी का आयात आवेदक द्वारा विनिर्मित उत्पादों के मद्दे उसके स्वयं के निर्यातों के लिए जारी किए गए से भिन्न आर ई पी लाइसेन्सों के मद्दे किया जाना है और या उसका मूल्य निर्धारित उच्च सीमा से अधिक हो जाता है तो सामान्य पूंजीगत माल क्रियाविधि तभी लागू होगी यदि मशीनरी/आदि रूपों के आयात के लिए आर ई पी लाइसेन्स का उपयोग करने की मांग की गई हो। ऐसे मामलों में पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन पत्र, पूंजीगत माल आवेदन पत्रों को प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार भेजे जाएं। आवेदक को चाहिए कि वह उन आर ई पी लाइसेन्सों/हकदारियों के ब्यौरों का संकेत करें जिनके मद्दे मशीनरी का आयात किया जाएगा।

(5) उपर्युक्त सभी प्रकार के मामलों में अधिक संख्या में वैध आर ई पी लाइसेंसों के लिए भी स्वीकृति प्रदान की जाएगी जिससे कि इन व्यवस्थाओं के अधीन लाइसेन्स धारक मशीनरी के आयात के प्रयोजन के लिए उनके मूल्य को समेकित करने में समर्थ हो सके।

(6) इन व्यवस्थाओं के अधीन मशीनरी के आयात के प्रयोजन के लिए अभ्यर्पित किए जाने वाले आर ई पी लाइसेन्सों में पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन करने की तारीख को, कम से कम तीन मास की शेष अप्रयुक्त वैध अवधि होनी चाहिए। अभ्यर्पित आर ई पी लाइसेन्सों/आर ई पी हकदारियों के मद्दे जारी किए गए पूंजीगत माल के लिए लाइसेन्स के लिए, यथा लागू सामान्य वैधता अवधि प्रदान की जाएगी।

7. आयात निर्यात नीति में लकड़ी के फर्नीचर के निर्यात के लिए, लकड़ी के फर्नीचर के विनिर्माता-निर्यातकों के लिए भी उन के लकड़ी के फर्नीचर के निर्यात के मद्दे अपेक्षित मशीनों के आयात के लिए आयात लाइसेन्स प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इस उद्देश्य के लिए जैसा भी निर्यातक चाहे तिमाही या छमाही या सालाना आधार पर आवेदन पत्र दिए जा सकते हैं। ये आयात आर ई पी हकदारी के नामे नहीं डाले जाते हैं।

8. उपर्युक्त उपकंडिका-2 में निहित सुविधा उस विनिर्माता को भी उपलब्ध होगी जिसका कोई भी उत्पाद परिशिष्ट-17 में दिए गए के अनुसार आर. ई. पी. हकदारी के लिए पात्र न होता हो, चाहे 1982-83 के दौरान उसके द्वारा विनिर्मित ऐसे उत्पादों के निर्यात का जहाज पर निशुल्क मूल्य उसके उत्पादन के वास्तविक मूल्य के 25% से कम का और 5 लाख रुपए (जहाज पर निशुल्क मूल्य) से भी कम का नहीं था। बशर्ते कि 1983-84 के दौरान अनुमेय मशीनरी का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य उसके निर्यातों के जहाज पर निशुल्क मूल्य के 5% से अधिक न हो, और यह अधिकतम 20 लाख रुपए मूल्य के अधीन हो। उपर्युक्त उप-कंडिका-2 में निर्धारित (3), (4) और (5) की अन्य शर्तें समान रूप से लागू होंगी।

9. आयात आवेदन-पत्र के साथ उत्पादित माल का विवरण, आयात की तारीख और जहाज पर निशुल्क मूल्य को प्रदर्शित करते हुए बैंक प्रमाण पत्र होना चाहिए। आवेदक के लिए यह आवश्यक होगा कि वह इस उद्देश्य के लिए प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश प्रस्तुत करें।

10. समुद्री उत्पादों के विनिर्माता-निर्यातकों के मामले में जो आर ई पी हकदारी के मद्दे मशीनरी का आयात करना चाहते हैं, उनके लिए प्रायोजक प्राधिकारी समुद्री उत्पाद निर्यात विकास (एम पी ई डी ए) प्राधिकरण होगा।

135. (1) आयात-निर्यात नीति में इस बात का भी प्रावधान है कि निर्यात सदन व्यापार सदन को वास्तविक उपयोक्ताओं को बिक्री के लिए ऐसी निकासी के अधीन अपने आर ई पी लाइसेन्सों के मद्दे एक वर्ष में 20 लाख रुपये तक खुले सामान्य लाइसेंस से भिन्न मशीनरी के आयात करने की अनुमति दी जा सकती है। जो निर्यात सदन/व्यापार सदन इस सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें चाहिए कि वे अपने निर्यात या हस्तांतरण द्वारा प्राप्त किए अतिरिक्त लाइसेंसों, आर ई पी लाइसेंसों पर मशीनों के पृष्ठांकन के लिए क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी से सम्पर्क स्थापित करें। उन्हें सर्व प्रथम महानिदेशक, तकनीकी विकास (आयात-निर्यात नीति सेल), उद्योग भवन, नई दिल्ली से देशी अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। यदि आवेदक ने महानिदेशक तकनीकी विकास से देशी निकासी प्राप्त नहीं की है तो लाइसेंस प्राधिकारी आयात की अनुमति देने से पहले इसे प्राप्त करेंगे। मशीन के आयात के लिए पृष्ठांकन इस शर्त पर होगा कि मशीनरी वास्तविक पात्र उपयोक्ता (औद्योगिक) को बेची जाएगी और इस बिक्री के तुरन्त बाद इसकी सूचना सम्बन्धित लाइसेन्स प्राधिकारी और प्रायोजक प्राधिकारी को दी जाएगी।

(2) आयात-निर्यात नीति में इस बात का प्रावधान है कि निर्यात सदनों/व्यापार सदनों को आर ई पी लाइसेन्सों के मद्दे पूंजीगत माल के आयात की अनुमति दी जाए ताकि वे आम सेवा केन्द्रों की स्थापना कर सकें। जो निर्यात सदन/व्यापार सदन इस सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, वे आयात की जाने वाली मशीनरी का विवरण, लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य और उनके द्वारा स्थापित किए जाने वाले आम सेवा केन्द्रों का ब्यौरा देते हुए मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, (ई पी-3), नई दिल्ली से सम्पर्क स्थापित करें। जब उन्हें मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से देशी अनुमति मिल जाती है तो इस उद्देश्य के लिए आयात की जाने वाली मशीनरी के लिए अपने खुद के निर्यातों पर प्राप्त या उनके द्वारा अधिप्राप्त किए गए अपने अतिरिक्त लाइसेन्सों या आर ई पी लाइसेन्सों पर उपयुक्त पृष्ठांकन के लिए सम्बन्धित लाइसेन्स प्राधिकारी से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए। ऐसे लाइसेंस वास्तविक उपयोक्ता शर्तों के अधीन होंगे।

विदेश से वापस आने वाले/विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए विशेष सुविधाएं

136. (1) आयात-निर्यात नीति 1983-84 का अध्याय 14 उन गैर-आवासी भारतीयों से संबंधित है जो भारत में बसने के लिए वापस लौट रहे हों और उनसे भी संबंधित है जो विदेश में ही रहना जारी रखते हों, परन्तु भारत के अनुमेय उद्यमों में पूंजी लगाना चाहते हों।

(2) 1983-84 के लिए आयात नीति अवासीय भारतीयों को खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन 20 लाख रुपए (लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य) मूल्य तक की मशीनरी का आयात करने की अनुमति देती है।

(3) खुले सामान्य लाइसेन्सों के अन्तर्गत न आने वाले आयात के लिए आवेदन-पत्र परिशिष्ट-11 में निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिए। आवेदन-पत्र मूल्य पर ध्यान दिए बिना ही मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए।

(4) जो व्यक्ति उपर्युक्त उपबंधों के अंतर्गत मशीनरी के आयात के लिए पात्र हैं, वे आयात करने के बजाय वही मशीनरी स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में किए जाने वाले भुगतानों के मद्दे देसी उत्पादकों से खरीद सकते हैं। ऐसे संभरण के बदले देसी उत्पादक पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात-नीति के अंतर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए और निर्यात आभार यदि कोई हो तो उसके लिए पात्र होगा।

पूंजीगत माल लाइसेंसों पर निर्यात शर्तें

137. पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदनपत्रों पर प्रत्येक मामले में यथानिश्चित निर्यात शर्तों के अधीन विचार किया जा सकता है; जिसके लिए यथा निर्धारित शर्तों के अनुसार विशेष विवरण और मूल्य/मात्रा के माल का निर्यात निर्धारित समय सीमा के भीतर लाइसेन्सधारी को करना होगा। भूटान को निर्यात करने से निर्यात आभार से छुटकारे के लिए पात्रता प्राप्त नहीं होगी, इसी प्रकार अफगानिस्तान और नेपाल को भी स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में निर्यात करने से निर्यात आभार से छुटकारा नहीं मिलेगा।

138. निर्यात आभार की शर्त के साथ पूंजीगत माल के आयात के लिए जारी किया गया लाइसेंस अन्य बातों के साथ-साथ इस शर्त के अधीन होगा कि लाइसेंसधारी निर्धारित निर्यात निष्पादन को पूर्ण करने के संबंध में बांड भरेगा। बांड के साथ वार्षिक निर्यात आभार के मूल्य के बराबर की बैंक गारन्टी होनी चाहिए। बैंक गारन्टी के बदले में लाइसेंसधारी द्वारा इस सम्बन्ध में भरे गए एक कानूनी समझौते को भी लाइसेंस प्राधिकारी स्वीकार कर सकते हैं कि निर्धारित निर्यात आभार के अनुसार माल का सीधे निर्यात करने में अपनी असमर्थता या असफलता पर वह निर्धारित वार्षिक निर्यात वचनबद्धता/आभार और वास्तविक निर्यात के बीच के अंतर के बराबर मूल्य के माल को राज्य व्यापार निगम को या ऐसी अन्य एजेन्सी को जो सरकार (मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली सहित) नामित करे, को सौंप देगा और इसके अतिरिक्त निर्धारित हानि की निर्दिष्ट धनराशि को नामित एजेन्सी को चुकाएगा। जिस प्रपत्र में लाइसेंसधारी को कानूनी समझौता देना होगा वह परिशिष्ट 22 में प्रदर्शित है। यह स्पष्ट कर लिया जाए कि लाइसेंसधारी द्वारा यह बांड/कानूनी समझौता या तो उस क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी के साथ भरना चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र में वह स्थित है या लाइसेंस के मद्दे आयात किए जाने वाले माल की निकासी के पत्तन पर लाइसेन्स प्राधिकारी के साथ। लाइसेन्सधारी को पूंजीगत माल लाइसेन्स जारी करने वाले लाइसेन्स प्राधिकारी को उस लाइसेन्स कार्यालय के नाम से अवगत कराना चाहिए जिसमें वह बांड/कानूनी समझौता भरेगा जिससे कि लाइसेन्स प्राधिकारी पूंजीगत माल के लाइसेंस पर लगाई गई निर्यात शर्तों में उस कार्यालय के नाम को समाविष्ट कर सके।

139. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में "निर्यात आभार कक्ष" (एक्सपोर्ट आबलिगेशन सेल) के नाम से अभिज्ञात एक कक्ष खोला गया है जिसका कार्य उन मामलों में अनुवर्ती कार्रवाई करना है जिनमें पूंजीगत माल के आयात लाइसेंस, औद्योगिक लाइसेंस या विदेशी सहयोगियों को अनुमोदन, निर्यात शर्तों के अधीन दिए जाते हैं। सम्बद्ध विनिर्माता यूनिटों को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, उद्योग भवन, नई दिल्ली (निर्यात आभार कक्ष) को अपने निर्यात निष्पादन निर्दिष्ट करते हुए उस प्रपत्र में और उस तरीके से आवधिक विवरणपत्र भेजने होंगे जो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात निर्धारित करें। ऐसे विवरणपत्र उन विवरणपत्रों के अतिरिक्त होंगे जो यूनिट को बांड/कानूनी समझौते के अनुसरण में क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों और सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालयों को भेजने पड़ेंगे।

140. जिन विनिर्माता यूनिटों को पूंजीगत माल के आयात लाइसेंस, या उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अंतर्गत उद्योग लाइसेंस, या विदेशी सहयोग व्यवस्थाओं का अनुमोदन, निर्यात आभार की शर्त के अधीन प्रदान किए जाते हैं, उनके निष्पादन पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालय समिति द्वारा पुन: विचार किया जाएगा, इस समिति में सम्बद्ध मंत्रालयों और विभागों तथा राज्य व्यापार निगम के प्रतिनिधि, सदस्य के रूप में होंगे।

141. अप्रैल, 1970 से निर्यात आभार पूर्ण करने के लिए विनिर्माताओं द्वारा किए गए निर्यात पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अनुसार आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान करने के लिए ऐसी शर्तों या प्रतिबंधों के अधीन पात्र होंगे जो इस संबंध में निर्धारित की जाएं। पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्र समझे गए निर्यात भी निर्यात आभार को पूरा करने के लिए पात्र समझे जाएंगे।

142. जिस मामले में औद्योगिक यूनिट को आयातित मशीनरी की अनुमति निर्यात आभार की शर्त के अधीन दी जाए और मशीनरी के आयात के लिए यूनिट को सीधे ही आयात लाइसेंस जारी न किया जाए, परन्तु मशीनरी राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या किसी ऐसी ही अन्य एजेन्सी के माध्यम से प्राप्त की जाए तो ऐसे मामले में निर्यात आभार को पूर्ण करने के लिए यूनिट को बान्ड/कानूनी समझौता राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से मशीनरी प्राप्त करने से पहले भरना पड़ेगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम आदि को जारी किए गए आयात लाइसेन्सों के मामले में इस सम्बन्ध में एक उपयुक्त शर्त होगी।

मुख्यत: देशी मशीन का प्रयोग करने वाले औद्योगिक एककों द्वारा मशीनों का आयात।

143. आयात-निर्यात नीति 1983-84 के अध्याय-3 में देशी स्रोतों से अधिप्राप्त या अधिप्राप्ति के लिये प्रस्तावित पूंजीगत माल के क्रय मूल्य के 10% के समतुल्य लागत-बीमा-भाड़ा तक के पूंजीगत माल का आयात करने के लिए आवेदनपत्रों पर विचार करने की व्यवस्था है, बशर्ते कि आयात 1 करोड़ रुपए लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य से अधिक न हो।

144. पात्र वास्तविक उपयोक्ता जो उपर्युक्त कंडिका 143 में व्यवस्थित सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें अपने आवेदन पत्र सीधे ही सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रपत्र (इ. सी. जी.) में भेजने चाहिए और उनके साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी भेजने चाहिए :—

(1) आवेदन-शुल्क के भुगतान के प्रति उचित धनराशि की बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट ।

(2) जहां किसी औद्योगिक लाइसेंस की आवश्यकता न हो वहां वैध औद्योगिक लाइसेंस या सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के पास पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक प्रति के साथ।

(3) अपनी जरूरतों की 90% की सीमा तक देशी स्रोतों से मशीन खरीदने के सम्बन्ध में साक्ष्य। देसी स्रोतों से पहले से ही अधिप्राप्त मशीन के क्रय मूल्य के समर्थन में सनदी लेखापाल या लागत लेखापाल (जो व्यवसाय में हो) का प्रमाण पत्र या प्रायोजक प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

(4) देसी स्रोतों से प्रस्तावित अधिप्राप्त की जाने वाली मशीन के मामले में, विषयाधीन मशीन के खरीदने के लिए आवेदक द्वारा देशी विनिर्माताओं के साथ की गई संविदा की सत्यापित प्रति।

145. नियमानुसार नई परियोजना स्थापित करने या वास्तविक विस्तार के लिए अपेक्षित संयंत्र और मशीन के वास्तविक मूल्य के आयात लाइसेन्सों के आवेदनपत्रों पर निम्नलिखित एक या एक से अधिक स्वीकार्य वित्त दान के साधनों के मद्दे विचार किया जाएगा :—

(क) परियोजना की पूंजी में लम्बी अवधि की विदेशी पूंजी निवेश;

(ख) भारतीय औद्योगिक ऋण निवेश निगम, बम्बई और औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली से परियोजना के लिए विदेशी मुद्रा ऋण;

(ग) समय-समय पर यथा अनुमोदित और घोषित, वित्त-दान संस्थान से लम्बी अवधि के लिए विदेशी मुद्रा ऋण;

(घ) भारतीय राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, नई दिल्ली द्वारा लघु पैमाना उद्योगों के लिए उनकी भाड़े पर खरीद योजना के अधीन वित्तदान किए गए आयात;

(ङ) विदेशी सरकार या वित्तीय संस्थान से भारत सरकार को ऋण जिसके मद्दे नकद लाइसेंस प्रदान किया जा सकता है; और

(च) भारत सरकार और विदेशों के बीच व्यापार और भुगतान समझौते जिनके मद्दे नकद लाइसेंस प्रदान किया जा सकता है।

146. योजना की प्राथमिकता और प्रस्तावित वित्तदान की पद्धति को ध्यान में रखकर आयात लाइसेंस के लिए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। नियमानुसार, आयात के वित्तीय स्रोत ऊपर के पैरा 145 में संकेतिक विकल्पों तक सीमित होंगे। यदि योजना की उचित प्राथमिकता को न समझा गया हो और/या सरकार के पास उपलब्ध निधि को आबंटित न किया गया हो तो ऐसी योजनाओं के संबंध में आयात आवेदनपत्रों को रद्द कर दिया जाएगा।

कर्जों के लिए पत्र-व्यवहार

147. आयातकर्ताओं द्वारा कर्जों के संबंध में विदेशी वित्त दाता संस्थाओं के साथ पत्र-व्यवहार करने के लिए सिद्धांत रूप में सरकार की पूर्व-स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। आयात-कर्ताओं द्वारा विदेशी वित्त-दाता संस्थाओं के साथ कर्जों के सम्बंध में सीधे पत्र-व्यवहार करने के लिए सिद्धांत रूप में सरकार से पूर्व-स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। इस प्रकार के आवेदन संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय को भेजे जाएं। इन आवेदनों में यह बताया जाए कि संबंधित उपस्कर का मूल्य, आयात करने का प्रयोजन क्या है, उसे किस देश या किन देशों से आयात किया जाना है, उस आयातित कच्चे माल/उन संघटकों का मूल्य कितना है जिनकी यूनिट को उत्पादन आरंभ कर देने के बाद हर वर्ष जरूरत होगी, और यदि परियोजना के लिए उद्योग (विकास तथा विनियम) अधिनियम के अधीन कोई विनिर्माण लाइसेंस प्राप्त किया गया हो, तो उस लाइसेंस का ब्यौरा भी आवेदन-पत्र में दिया जाए।

स्वतंत्र साधनों के आधार पर आयात

148. नकद या आस्थगित अदायगी पर स्वतंत्र साधनों के आधार पर आयातक:—यदि आयातित संयंत्र और उपकरण पर परिव्यय अपेक्षाकृत कम हो और योजना के कार्यान्वयन के परिणाम स्वरूप तीन वर्ष के अंदर इससे होने वाली मुद्रा की बचत या उसकी अर्जित राशि से उसे पूरा किया जाना हो (आयात/निर्यात के वर्तमान स्तर को विधिवत् ध्यान में रखते हुए) तो नकद या आस्थगित अदायगी के आधार पर स्वतंत्र साधनों के मद्दे लाइसेन्स देने के लिए कुछ सीमा तक आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा सकता है। सामान्यतः सरकार अल्प या मध्यम पूर्तिकर्ता क्रेडिट शर्तों पर, आयात को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव नहीं रखती और आस्थगित भुगतान व्यवस्थाओं पर अपवाद स्वरूप मामलों में केवल तब विचार किया जाएगा जबकि सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो कि आयात किए जाने के लिए प्रस्तावित संयंत्र और मशीनरी में उत्पादन के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा की बचत भुगतान आभार को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त होगी। इसी प्रकार जिस माल के उत्पादन के लिए संयंत्र का आयात किया जाना है उस माल के लिए संतोषजनक गारन्टी है तो ऐसी व्यवस्था अनुमोदित की जा सकती है।

अध्याय-6

सरणीबद्ध करना

149. आयात निर्यात नीति (जिल्द I) 1983-84 के परिशिष्ट 8 और 9 सरणीबद्ध मदो की सूची निर्दिष्ट करते हैं। परिशिष्ट 9 मे शामिल मदे सरकार के संबद्ध प्रशासकीय मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार शासित होंगी।

150. निम्नलिखित क्रियाविधि परिशिष्ट-8 में विशिष्टकृत सरणीबद्ध मदो के आयात और वितरण के लिये लागू होगी :—

(1) कच्चा रेशम और रेशम का कीडा (कोकून) (2) कच्ची रूई (3) पोलिएस्टर फिलामेंट यार्न जिसमे बेस फ्लैट फर्स्ट क्वालिटी (पूर्ण/आंशिक रूप से अभिमुख) और नाइलान फिलामेंट यार्न धागो मे निम्नलिखित शामिल नहीं है. (1) बेउ फ्लैट फर्स्ट क्वालिटी (पूर्ण/आंशिक रूप से अभिमुख) और (2) 210 डेनियर और अधिक के औद्योगिक नाइलान यार्न। (4) संश्लिष्ट गैर सल्युलोज जिसमे पोलिएस्टर फाइबर/टो पोलिनोसिक फाइबर, नाइलान फाइबर/ए एक्रिलिक फाइबर और पोलिप्रोपलीन फाइबर/टो शामिल नहीं है। (5) किसी भी पशु से उत्पन्न टेलो, जिसमे मटन टेलो भी शामिल है। (6) प्राकृतिक रबड (7) डी० डी० टी० तकनीकी और 75 डब्ल्यू डी० पी० (8) केप्रोलेक्टम (9) सभी प्रकार के लेखन एवं मुद्रण कागज जिसमें आर्ट और क्रोम कागज और बोर्ड शामिल नहीं है। (10) लोहे की कतरन जिसमें पिग आयरन चिप्स भी शामिल है। (11) सभी श्रेणी के कार्बन स्टील मेल्टिंग स्क्रैप	आयात की मात्रा और वितरण के लिए नीति सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी।
(12) सभी श्रेणी के कार्बन स्टील -रि-रोले-बल स्क्रैप (13) अलाय स्टील (जिसमें जगावरोधी/ताप अवरोधक/हाई स्टील भी शामिल है) मैल्टिंग स्क्रैप लेकिन इसमें रि-रोलेबल स्क्रैप शामिल नहीं है। (14) ब्रेक अप के लिए पुराने जहाज, पोत आदि।	आयात और वितरण इस्पात विभाग, नई दिल्ली के परामर्श से किया जायेगा।
(15) एल्यूमीनियम/एल्यूमीनियम राड्स (परिष्कृत/अपरिष्कृत)।	आयात की मात्रा सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी। आयातित माल का वितरण सर्वश्री भारत एल्यमीनियम कपनी लिमिटेड (बाल्को) के माध्यम मे किया जा सकता है।
(16) निम्नलिखित इलैक्ट्रानिक घडियो के संघटक/माड्यूल्स — (क) सभी किस्म की इलैक्ट्रानिक घडियो के संपूर्ण इलैक्ट्रानिक माड्यूल्स, (ख) इलैक्ट्रानिक्स घडियो, दीवार घडियो और टाइमपीसो (डिजिटल और एनलाग दोनो के लिए) के निम्नलिखित संघटक — (1) घड़िया, दीवार घडियो और टाइमपीसो मे उपयोग के लिए सभी किस्म के बडे पैमाने व इनटिग्रेटिड सर्किट्स/डिवाइसिस/चिप्स। (2) तरल क्रिस्टल डिस्प्ले (3) क्वारटज क्रिस्टल (4) स्टेप्पर मोटर (17) निम्नलिखित विद्युतीय संघटक — (1) फ्लोपी ड्राइव्स (स्टेन्डर्ड/मिनी)। (2) मैट्रिक्स प्रिन्टर्स (120/80 सी०पी० एस०) (3) लाइन प्रिन्टर्स (300/600 एल० पी० एम) (4) विनचेस्टर ड्राइव्ज (50/80 एम० ब्यूट्स)।	आयात की मात्रा और वितरण की नीति इलैक्ट्रानिक्स विभाग, नई दिल्ली की सिफारिश पर निर्धारित की जाएगी। केवल वे औद्योगिक एकक जिनका विनिर्माण कार्य क्रम केन्द्रीय सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित है, वे ही सरणीबद्ध अभिकरण से आयातित माल का आबटन प्राप्त करने के लिए पात्र होगे।
(18) कोल्ड रालिंग के लिए आयातित हाट रोल्ड/जंगावरोधी इस्पात शीट 500 एम एम० से अधिक चोड़ाई वाले ताप रोधक इस्पात कायल	वे वास्तविक उपयोक्ता जिनके पास जिस चाडाई में आयात किया जाता है, उसी मे कायल के रूप मे मे ऐसे माल को कोल्ड रोल्ड करने के लिए सुविधाए है, वहीं केवल पात्र होंगे।
(19) फिलिन्ट बट्नस (अनवतनाक 1625, 1,645 और 1,700)	आयात की मात्रा सरकार द्वारा समय-समय पर निश्चित की जाएगी और आयातित माल का वितरण सर्व श्री भारत आप्थाल्मिक ग्लास लि० के माध्यम से किया जाएगा।

151. (क) तांबे के मामले मे वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) अपनी आवश्यकताएँ सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण (खनिज तथा धातु व्यापार निगम) और देशी उत्पादक, सर्वश्री हिन्दुस्तान कापर लि० के पास इस प्रकार दर्ज करा सकते हैं —

खनिज तथा धातु व्यापार निगम	हिन्दुस्तान कापर लि०
(1)	(2)
(1) इन्सुलेटिड वाइंडिंग तार/स्ट्रिप्स के विनिर्माता	(1) सभी सरकारी विभाग
(2) इन्सूलेटिड केबल के विनिर्माता	(2) खनिज तथा धातु व्यापार निगम के अन्तर्गत आने वाले से भिन्न सभी केन्द्रीय/राज्य सार्वजनिक उद्यम।
(3) दूर संचार केबल के विनिर्माता	(3) सेमि, अलाय और आटो अनुषंगी के विनिर्माता
(4) कम्प्यूटर सेगमेन्ट/प्रोफाइल्स केवल वह ताम्बा जिसके ऊपर चॉंदी लगी हुई हो) के विनिर्माता	(4) अन्य कोई भी उपयोक्ता
(5) स्विचगेयर और ट्रान्सफार्मर के विनिर्माता।	
(6) कम्यूटेटर सेगमेन्टस/बिना चॉंदी वाले तॉंबे के प्रोफाइल्स के विनिर्माता	
(7) सर्वश्री भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि०, सर्वश्री न्यू गवर्नमैंट इलैक्ट्रिक फैक्ट्री बंगलौर और सर्वश्री हिन्दुस्तान कैबिल्स लि०	
(8) नगे तॉंबे की तार/पटिटया।	

(ख) खनिज तथा धातु व्यापार निगम हिन्दुस्तान कापर से उक्त माल को प्राप्त करने वाले पात्र वास्तविक उपयोक्ता किन्हीं भी पिछले दो वित्तीय वर्षों या 1982-83 इनमें से जो भी अधिक हो, उसके दौरान अपने प्रमाणित उपयोग की सीमा तक अपनी आवश्यकताओं को पंजीकृत करा सकते है। लेकिन बडे पैमाने के एककों के मामले में उनकी यह स्वीकृति पंजीकृत मात्रा के 125 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ग) उपर्युक्त (ख) में संकेतित ताम्बे के मामले में वास्तविक खपत का आधार अन्य गैर लौह धातुओं के लिए भी लागू होगा अर्थात् जिंक, टिन और निकल।

(घ) नए एकक या वे एकक जिनकी पिछले दो वर्षों में कोई खपत न थी या वर्तमान वास्तविक उपयोक्ता जिन्हें अतिरिक्त मात्रा की आवश्यकता हो, वे उपर्युक्त श्रेणियों के अनुसार खनिज तथा धातु व्यापार निगम को या हिन्दुस्तान कापर लि. को तभी आवेदन कर सकते हैं जब कि उनकी मांगें संबद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रायोजित कर दी जाती हों।

152. उपर्युक्त के अतिरिक्त वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) अपने अनुज्ञप्त/प्राधिकृत विनिर्माण कार्यकलापों के लिये आवश्यक अन्य सरणीबद्ध मदों के लिये अपनी आवश्यकताएं आयात-निर्यात नीति, 1983-84 (जिल्द-।) के परिशिष्ट-12 में निर्धारित तरीके से और प्रपत्र में पंजीकृत करा सकते हैं।

153. प्रत्येक सरणीबद्ध अभिकरण समय-समय पर उन मदों का निश्चय कर सकता है जिन मदों के लिए आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अनुसार अतिरिक्त सूचना या स्पष्टीकरण चाहेगा।

154. 1983-84 की आयात निर्यात नीति के अधीन सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण से यह आशा की जाती है कि वह आयातों की व्यवस्था करने से पूर्व देशी उत्पादित सामान की उपलब्धता को ध्यान में रखे। किसी भी व्यक्ति को जिसने अपनी आवश्यकताएं सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण के पास पंजीकृत कराई हों, उसे किसी विशेष ब्रांड या मेक के बारे में पूछने का अधिकार नहीं होगा।

155. (1) सरणीबद्ध मदों के आबंटन के लिए सरणीबद्ध अभिकरण के साथ अपनी आवश्यकता पंजीकृत कराते समय वास्तविक उपयोक्ता को सरणीबद्ध अभिकरण को त्रैमासिक आधार पर या मासिक आधार पर यदि ऐसा सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा निर्धारित किया जाए, माल प्राप्ति का चरणबद्ध कार्यक्रम निर्दिष्ट करना चाहिए। सरणीबद्ध अभिकरण ऐसे पंजीकरण की जांच करेगा और 90 दिनों की अवधि के भीतर वह व्यवस्था निर्दिष्ट करेगा जिसके अनुसार वह संभरण कर सकेगा। यदि सरणीबद्ध अभिकरण (क) पंजीकरण की तिथि से कम से कम तीन महीने आगे तक संभरण की अवधि के लिए ऐसा कोई संकेत नहीं देता है या (ख) अपने साथ यथा पंजीकृत वितरण को प्रभावित नहीं करता है और जिस के लिए उस के पास या उसने 1983-84 की आयात-निर्यात नीति में निर्धारित वित्तीय सहायता प्राप्त कर ली हो तो वास्तविक उपयोक्ता मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (मोनिटरिंग समिति), नई दिल्ली से सीधे आयात के तरीके से उचित राहत के लिए सम्पर्क कर सकता है। वास्तविक उपयोक्ताओं को सीधे ही आयात करने की भी अनुमति सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा जारी किए गए 'अनापत्ति' प्रमाण पत्र के आधार पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा दी जा सकती है या वहां भी दी जा सकती है जहां मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस बात से संतुष्ट हो जाए कि सरणीबद्ध अभिकरण ने वास्तविक उपयोक्ता की उनकी ओर से किसी भी प्रकार की त्रुटि के न होते हुए भी माल का संभरण नहीं किया है या माल का संभरण करने में असमर्थ रहा है।

(2) यदि वास्तविक उपयोक्ता ने अपनी मांग को सम्बद्ध सरणीबद्ध प्राधिकारी के पास पंजीकृत करवाया है और सरणीबद्ध अभिकरण माल सप्लाई करने के लिए उस तारीख से जिस तारीख से वास्तविक उपयोक्ता ने अग्रिम धन भुगतान किया है, तीन महीने के अंदर कोई ठोस कदम नहीं उठाता है, तो वास्तविक उपयोक्ता वह पिछले वित्तीय वर्ष में सरणीबद्ध करने वाले प्राधिकारी द्वारा आबंटित उस माल की मात्रा 25% तक के लिए सीधे आयात लाइसेन्स के लिए सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी के पास आवेदन कर सकता है जो कि अधिकतम 1.0 लाख रुपये मूल्य (लागत-बीमा-भाड़ा) के अधीन होगा और इसके लिए उसे सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण से "अनापत्ति" प्रमाण पत्र प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। सीधे आयात लाइसेंस के लिए ऐसे आवेदन पत्र के साथ आवेदक फर्म/कम्पनी के वरिष्ठ व्यवस्थापक द्वारा सरणीबद्ध अभिकरण के पास अग्रिम धन के भुगतान की तारीख, पंजीकृत माल के विवरण, उसकी मात्रा को दर्शाते हुए एक घोषणा पत्र होना चाहिए, जिसमें यह भी साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि अग्रिम धन के भुगतान से तीन महीने के भीतर सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण ने माल की सप्लाई करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। घोषणा पत्र में आवेदक फर्म/कम्पनी को सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में आबंटित उसी माल के विवरण और मात्रा का भी संकेत होना चाहिए। लेकिन, यह सुविधा 1983-84 के लिए आयात-निर्यात नीति की उपर्युक्त कंडिका 150 और 151 में सूचीबद्ध मदों और परिशिष्ट 9 की मदों के लिए उपलब्ध नहीं होगी।

156. यह नोट कर लिया जाए कि समय-समय पर लागू नीति के अन्तर्गत जो माल आयात के लिए सरणीबद्ध हैं उनका आयात जब तक अन्य प्रकार से व्यवस्थित न किया जाए तब तक लागू आयात नीति के अनुसार उस विशेष मद के आयात के लिए मनोनीत सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा ही आयात किया जाएगा। उपहार के रूप में उनके आयात के लिए आवेदनों पर भी मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक मामले को पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसा करते समय आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय 16 में निर्धारित सामान्य शर्तें ध्यान में रखी जाएंगी।

अध्याय 7

विशेष उपबन्ध

पिछड़े क्षेत्रों की या शिल्पियों आदि की यूनिटें

157. पिछड़े क्षेत्रों के उद्योगों के लिए या व्यावसायिक विषयों में स्नातकों/डिप्लोमाधारियों द्वारा या भूतपूर्व सैनिकों/अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों के व्यक्तियों द्वारा लगाए गए उद्योगों के लिए आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अनुसार विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं। जिन पिछड़े क्षेत्रों के लिए यह सुविधा लागू होती है उनकी सूची परिशिष्ट 28 में दी गई है।

कम्प्यूटर सिस्टम और अन्य इलैक्ट्रानिकी मदें

158. आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय 3 की कंडिका 7 के साथ पढ़े जाने वाले अध्याय 5 की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। इस संबंध में पूंजीगतमाल के लाइसेन्स प्रदान करने की त्रि-स्तरीय पद्धति संशोधित कर दी गई है। पूंजीगत माल का लाइसेन्स प्रदान करने के उद्देश्य से आवेदन पत्र पर विचार करने से पहले प्रत्येक कम्प्यूटर सिस्टम के आयात की निकासी इलैक्ट्रानिकी विभाग से करा लेनी पड़ेगी (यदि कम्प्यूटर सिस्टम का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 5 लाख रुपये या इससे अधिक हो तो ऐसे आयातों की निकासी के लिए उस विभाग में एक विशेष क्रियाविधि है)। आवेदक को अपने आयात आवेदनपत्र की एक प्रति निकासी प्राप्त करने के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग को भेजनी चाहिए। ऐसे मामलों में आवश्यक निकासी देने के बाद आयात लाइसेन्स सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाएंगे।

राज्य विद्युत बोर्ड/परियोजनाएं/औद्योगिक संस्थाएं

159. इन मामलों में भारत सरकार द्वारा विदेशी मुद्रा की रिहाई सम्बद्ध बोर्ड/परियोजना/औद्योगिक संस्थान के पक्ष में उनकी अतिरिक्त पुर्जों और भण्डारगारों के रखरखाव और परिचालन आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए की जाती है। इसका संचारेक्षण केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया जाता है। जैसा कि आयात-निर्यात नीति, 1983-84 में दिया गया है, फालतू पुर्जों के आयात के लिए उनका परिचालन खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत होना चाहिए। 20 लाख रुपये मूल्य तक के पूंजीगत माल सहित उनकी अन्य आवश्यकताओं के लिए आयात आवेदन पत्र परिशिष्ट 11 में वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए निर्धारित प्रपत्र में क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए। लेकिन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के लिए उपभोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने या आयकर घोषणापत्र दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :—

(1) आयात करने के लिए चाहे गए माल को शामिल करते हुए विदेशी मुद्रा की रिहाई की स्वीकृति वाले पत्र की एक साक्ष्यांकित प्रति,

(2) आयात की जाने वाली प्रस्तावित मदों की सूची की 5 प्रतियां (निषेध सूची या पूंजीगत माल की सूची में आने वाली मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशी निकासी प्राप्त करनी चाहिए)

(3) आवेदनपत्र के निर्धारित शुल्क के भुगतान को प्रदर्शित करते हुए एक बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी, और

(4) जिस मामले में 5 लाख रुपये या इससे अधिक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए प्रतिकृति उपस्कर सहित इलैक्ट्रानिकी मदों को आयात करने का प्रस्ताव किया गया हो, उसमें इलैक्ट्रानिकी विभाग से निकासी।

टिप्पणियां:—(1) यदि किसी मामले में सम्बन्धित आयात को शामिल करने के लिए विदेशी मुद्रा का कोई आबंटन किया गया हो तो आवेदनपत्र केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली के माध्यम से भेजने चाहिएं।

(2) उपर्युक्त अनुसार जारी किए गए लाइसेंस के आधार पर माल का आयात करने के बाद बोर्ड/परियोजना/औद्योगिक संस्थान को वास्तव में आयात की गई मदों की एक सूची केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली को तुरन्त भेजनी चाहिए जिससे कि यह प्राधिकरण देसी उपलब्धता की तुलना में इस प्रकार आयात की गई मदों की पुनरीक्षा कर सके।

(3) एक विशेष लाइसेंस अवधि में रख-रखाव और परिचालन के लिए मदों के आयात के लिए खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत फालतू पुर्जों के आयात द्वारा और लाइसेन्स प्राप्त करके इस प्रकार उपयोग की गई विदेशी मुद्रा की धनराशि के ब्यौरे देते हुए राज्य विद्युत बोर्ड/परियोजना/औद्योगिक संस्थान को एक त्रैमासिक विवरण-पत्र सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालय/राज्य/केन्द्रीय सरकार के विभाग और वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग—एफ. ई. बी. 2 शाखा) को भेजना चाहिए।

2. राज्य विद्युत बोर्ड/परियोजना/औद्योगिक संस्थान आयात-निर्यात नीति में उल्लिखित तरीके से आपाती फालतू पुर्जों के आयात के लिए भी लाइसेन्सों के लिए पात्र है। ऐसे लाइसेन्स जारी करने के साथ-साथ लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे लाइसेंसों को

ब्यौरे केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली को भेजेगा जिससे कि वह प्राधिकरण सम्बद्ध बोर्ड/परियोजना/औद्योगिक संस्थान को दी गई विदेशी मुद्रा की रिहाई का समन्वय और संचारेक्षण करेगा (ऐसे आपाती लाइसेंसों की वैधता की अवधि साधारणतः 6 महीने होगी, परन्तु एक साधारण आवेदन करने पर लाइसेंस प्राधिकारी इस अवधि को बढ़ाकर 12 महीने कर सकते हैं)।

समाचार-पत्र प्रतिष्ठान

160. जैसा कि प्रेस एण्ड रजिस्ट्रेशन आफ बुक्स एक्ट, 1867 में परिभाषा दी गई है, समाचारपत्रों के मामले में भारत के समाचारपत्र पंजीयक, प्रायोजक प्राधिकारी होंगे।

161. अखबारी कागज का आयात और वितरण भारत के राज्य व्यापार निगम के माध्यम से सरणीबद्ध है। समाचार-पत्र प्रतिष्ठानों को अखबारी कागज की अपनी आवश्यकताओं के लिए परिशिष्ट-11 में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में आबंटन के लिए आवेदन करना चाहिए।

162. समाचारपत्र प्रतिष्ठानआयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय-9 में दिए गए के अनुसार अनुमेय और गैर-अनुमेय अतिरिक्त पुर्जों का आयात करने के लिए पात्र होंगे।

163. (1) अन्य सामग्री और उपभोज्य (अतिरिक्त पुर्जों से भिन्न) की अपनी परिचालन और रख रखाव की आवश्यकताओं के लिए वे सनदी या लागत लेखापाल जो आवेदक फर्म या सहयोगी फर्म में साझीदार, संचालक या कर्मचारी न हो, के द्वारा विधिवत् प्रमाणित निर्धारित प्रपत्र में एक खपत प्रमाणपत्र के आधार पर या 1981-83 या 1982-83 जो भी आवेदक चाहे, के लिए ऐसी सभी मदों की खपत को प्रदर्शित करते हुए प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्रमाणित खपत प्रमाणपत्र के आधार पर एक आटोमैटिक लाइसेन्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। उक्त खपत प्रमाणपत्र में इस प्रकार उपभोग की गई मदों का और उनके कुल लागत—बीमा-भाडा मूल्य का ब्यौरा होना चाहिए। आटोमैटिक लाइसेंस के साथ उन्हीं मदों की सूची होगी जो खपत प्रमाणपत्र में प्रदर्शित की गई है।

टिप्पणियां:—(1) उपर्युक्त क्रियाविधि इस तथ्य पर विचार किए बिना लागू होगी कि सम्बद्ध मदें प्रतिबंधित/निषेध सूचियों में हैं या वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) के लिए खुले सामान्य लाइसेन्स में है।

(2) जो प्रतिष्ठान केवल स्थलीय लागत के ब्यौरे भेजने की स्थिति में हों, परन्तु प्रदर्शित मदों के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के ब्यौरे भेजने की स्थिति में न हों, उसके मामले में इस प्रकार प्रमाणित किए गए खपत प्रमाणपत्र की गणना उस लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य की गणना करने के उद्देश्य के लिए 60 प्रतिशत पर की जाएगी जिस पर आटोमैटिक लाइसेन्स का प्रदान किया जाना 1983-84 पर आधारित होगा।

(2) वे प्रतिष्ठान प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश पर सम्पूरक लाइसेंस प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगे। सब प्रकार से पूर्ण आवेदनपत्र 29-2-1984 तक किसी भी समय भेजे जा सकते हैं।

164. अखबारी कागज और अन्य आवश्यकताओं के लिए उपर्युक्त सुविधाओं का विस्तार उन सहयोगी मुद्रणालयों के लिए भी किया जाएगा, जिन्होंने समाचारपत्रों के मुद्रण के लिए समाचारपत्रों के मालिकों के साथ लम्बी अवधि के लिए व्यवस्थाएं/ठेके कर लिए हैं। ऐसे मामलों में आवेदक को ऐसी व्यवस्था/ठेके का संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।

165. समाचारपत्रों की सामूहिक स्वामित्व की यूनिटें को अपनी विभिन्न यूनिटों की आवश्यकता शामिल करते हुए और प्रत्येक यूनिट की आवश्यकता का ब्यौरा देते हुए संयुक्त आवेदन-पत्र भेजना चाहिए। ऐसे आवेदन-पत्र उस क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र में सम्बंधित मुख्य कार्यालय स्थित हो।

166. समाचारपत्र प्रतिष्ठानों की पूंजीगत माल की आवश्यकताओं के लिए भी पूंजीगत माल प्रक्रिया लागू होगी।

167. समाचारपत्रों प्रतिष्ठानों को आयातित माल की खपत और उपयोग का एक लेखा परिशिष्ट 18-क में दिए गए प्रपत्र में रखना चाहिए।

वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) द्वारा बिक्री के बाद सेवा

168. आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अनुसार वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) अपने ग्राहकों को आश्वासन/बिक्री के बाद आभार प्रदान करने के लिए अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। इस उद्देश्य के लिए अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए आवेदनपत्र वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए निर्धारित प्रपत्र में सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी को भेजने चाहिए। इस उपबन्ध के अन्तर्गत जारी किए आयात लाइसेंस निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे :—

"इस लाइसेन्स पर आयात किया गया माल, लाइसेन्सधारी द्वारा विनिर्मित मशीनरी/उपस्कर/वाहन की केवल मरम्मत और रख-रखाव के लिए उपयोग किया जाएगा चाहे मुफ्त हो या मूल्य पर हो।"

गैस सिलिण्डरों, अन्य आधानों आदि का आयात

169. (1) गैस सिलिन्डर, लौटाने योग्य कोप्स और बोबिन्स, ड्रम क्लोजर्स, समुद्र में चलने वाले आधानों आदि जैसी मदें जो कि आयातित मदों की सहायक मदें हैं, उनके मामले में सीमा शुल्क प्राधिकारी, उनके पुनः निर्यात करने के तरीके के विषय से अपने आपको संतुष्ट करके उनके आयात की अनुमति बिना किसी लाइसेंस के दे सकते हैं।

(2) ऊपर पैरा (1) में दिए गए प्रावधान उन खाली गैस सिलिण्डरों के आयात के लिए भी लागू होंगे जिनका गैस भरने के बाद निर्यात किया जाना है। आयातित सिलिण्डरों की निकासी के समय आयातक को विस्फोटक निदेशक, नागपुर से सिलिण्डरों की उपयुक्तता के विषय में एक प्रमाणपत्र सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करना होगा। अपेक्षित प्रमाण-पत्र के लिए विस्फोटक निदेशक से सम्पर्क करते समय आयातक को विषयाधीन सिलिण्डरों के ब्यौरे यह निर्दिष्ट करते हुए भेजने चाहिए :—(1) सिलिण्डरों के विनिर्माता का नाम और पता (2) वह विशिष्टिकरण सिलिण्डर जिसके समरूप है (3) वह विशिष्टिकरण जिसके समरूप सिलिण्डरों में फिट किए गए वाल्व हैं और (4) सिलिण्डरों की क्रम संख्या।

विद्युत् ट्रांसफार्मरों के साथ-साथ ट्रांसफार्मरों के तेल का आयात

170. (1) ट्रान्सफार्मर के साथ पहली बार भरने के लिए दिया गया तेल भी ट्रान्सफार्मर का ही एक भाग समझा जा सकता है और इसकी निकासी की अनुमति ट्रान्सफार्मरों के लिए जारी किए गए लाइसेंस पर दी जा सकती है। लेकिन, यह बात नोट कर ली जाए कि इस प्रकार अनुमित किए गए ट्रान्सफार्मर तेल की मात्रा किसी भी परिस्थिति में ट्रान्सफार्मर के टैन्क की क्षमता से अधिक नहीं होगी। इस बात का सुनिश्चय कर लेना भी आवश्यक है कि तेल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य और ट्रान्सफार्मर का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य मिल कर ट्रान्सफार्मर के लिए लाइसेंस में निर्दिष्ट लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के भीतर होना चाहिए।

(2) जिस मामले में तेल और सम्बन्धित ट्रांसफार्मर अलग-अलग देशों से लादे गए हों, उसमें तेल के लिए अलग लाइसेंस की आवश्यकता होगी। लेकिन, यदि ट्रान्सफार्मर के लिए लाइसेंस ट्रान्सफार्मर के साथ अपेक्षित तेल के लिए भी कुछ निर्धारित शर्तों के अधीन विशेष रूप से वैध किया गया है तो यह शर्त लागू नहीं होगी।

अनुमोदित होटलों की विशेष आवश्यकताएं

171. अनुमोदित होटल अर्थात् जो पर्यटन विभाग द्वारा इस उद्देश्य के लिए मान्यता प्राप्त हैं, वे विदेशी पर्यटकों की विशेष आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए आवेदन पत्र पर्यटन विभाग, नई दिल्ली के माध्यम से मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को प्रस्तुत करेंगे। आवेदन-पत्रों पर सिफारिश करने से पहले पर्यटन विभाग अनुमेय मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से आवश्यक निकासी प्राप्त करेगा। लाइसेन्स उस धनराशि के लिए जारी किए जाएंगे जिसके लिए आर्थिक कार्य विभाग से परामर्श करके पर्यटन विभाग सिफारिश करेगा।

औद्योगिक कच्चा माल सहायता केन्द्र योजना

172. (1) आयात-निर्यात नीति, 1982-83, राज्य व्यापार निगम/खनिज तथा धातु व्यापार निगम/राज्य लघु उद्योग विकास निगम और सार्वजनिक क्षेत्र की इसी प्रकार की अन्य एजेन्सियों द्वारा औद्योगिक कच्चा माल केन्द्र योजना (आई. आर. एम. ए. सी.) के अन्तर्गत हाजिर आयातित कच्चे माल के सम्भरण के लिए व्यवस्था प्रदान करती है। इस उद्देश्य के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियां थोक में अग्रिम लाइसेन्स के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए लागू निर्धारित पत्र में योजना के प्रचालन के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को आवेदन-प्रपत्र भेज सकती हैं, परन्तु इन्हें खपत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। बाद में लाइसेन्सों के लिए आवेदन पत्र पहले ही वितरित कर दिए गए स्टाक की प्रतिपूर्ति करने के लिए दिए जा सकते हैं।

(2) आयात-निर्यात नीति में यह व्यवस्था की गई है कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली वास्तविक उपयोक्ताओं को आई. आर. एम. ए. सी. की सुविधायें प्रदान करने के लिए कुछ निर्यात सदनों और व्यापार सदनों को अनुमति दे सकता है। ऐसे निर्यात सदन/व्यापार सदन थोक में आयात लाइसेन्सों की मन्जूरी के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात से भी आवेदन कर सकते हैं।

मोटर वाहनों का आयात

173. कारों और अन्य मोटर वाहनों के आयात के लिए लागू नीति और क्रियाविधि परिशिष्ट-6 में दी गई है। ऐसे सभी आवेदनपत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजने चाहिए।

कृषि विकास और खाद्य संसाधन उद्योगों के लिए आयात

174. (1) 1982-83 की आयात-निर्यात नीति में कृषि विकास और खाद्य संसाधन उद्योगों के लिए खाद्य मशीनरी और अन्य मदों के आयात के लिए विशेष प्रावधान है। कृषि विकास के लिए मशीनरी, हरित सदनों और अन्य मदों के आयात के लिए इन प्रावधानों के अंतर्गत मदों के लिए जो देशी रूप में उपलब्ध नहीं है, उनके आवेदनपत्रों पर संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिशों पर पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। आवेदनपत्र राज्य सरकार के कृषि विभाग के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं। इस प्रकार के आयात के लिए विज्ञापन और अन्य पूंजीगत माल प्रक्रिया लागू नहीं होगी। आवेदन-पत्रों की जांच पड़ताल 1983-84 की आयात एवं निर्यात नीति, (भाग-I) के अध्याय-19 में उल्लिखित मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की समन्वय समिति द्वारा की जाएगी। समन्वय समिति ऐसे मामलों पर वाणिज्य मंत्रालय के निर्यात संवर्धन प्रभाग की सिफारिश पर भी विचार कर सकती है।

(2) आवेदन पत्र इस उद्देश्य के लिए परिशिष्ट-11 में निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिए। किये जाने वाले आयात के लिए पूर्ण औचित्य दिया जाना चाहिए। विशेष रूप से इस बात का भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि क्या प्रस्तावित आयात निर्यात में भी सहयोग प्रदान करेगा और यदि हां, कब और किस सीमा तक।

(3) इन मामलों में आयात लाइसेन्स मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तों के अधीन होंगे। निर्यात वास्तविक उपयोक्ता शर्त के अधीन होगा।

(4) इस प्रकार के आवेदन पत्रों पर विचार विदेशी मुद्रा की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

अशक्त/शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों का स्वास्थ्य लाभ

175. (1) केवल अशक्त/शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए उद्योग स्थापित करने के लिए अपेक्षित विशेष अशक्तता नियंत्रण/यंत्रों के साथ फिट की हुई मशीनरी के आयात के लिए वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) 20 लाख रुपए (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य तक के आवेदन पत्रों पर विचार पात्रता के आधार पर किया जाएगा। इस प्रकार के आवेदनपत्र सीधे ही मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं। इस व्यवस्था के अंतर्गत वर्तमान औद्योगिक उपक्रम भी मशीनरी के आयात के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे अपनी स्थापना में अशक्त/शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के स्वास्थ लाभ प्रदान करने के लिए इच्छा जाहिर करते हैं।

(2) औद्योगिक एकक जो उपर्युक्त उप-पैरा (1) के अंतर्गत आयात लाइसेंस के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें राज्य उद्योग निदेशक के पास जैसाकि लघु पैमाने के एककों के लिए अपेक्षित है, पंजीकृत होना पड़ेगा।

(3) इस प्रकार के वाहनों के विनिर्माता अशक्त/शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों द्वारा उपयोग करने के लिए वाहनों के विनिर्माण में उनके द्वारा फिट किए जाने के लिए अपेक्षित अशक्तता नियंत्रण/यंत्रों के आयात के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस प्रकार के आवेदन पत्र वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्यो-

गिक) द्वारा कच्चे माल और संघटकों के आयात के लिए निर्धारित प्रपत्र में महानिदेशक, तकनीकी विकास के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारियों को भेजे जा सकते हैं। इस प्रकार के मामलों में जारी किए जाने वाले लाइसेन्स अन्य बातों के साथ-साथ इस शर्त के अधीन होंगे कि वाहनों के विनिर्माता महानिदेशक, तकनीकी विकास को इस प्रकार के विनिर्मित वाहनों और उनके निपटानों की एक विशेष उत्पादन विवरणिका भेजेंगे।

खेलों का विकास

176. (1) स्पोर्टस् शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों, खिलाड़ियों की संस्थाओं खेल-कूद क्लबों और श्रेष्ठ खिलाड़ियों से सम्बन्धित केन्द्र या राज्य सरकार के संगठनों से देश में अनुपलब्ध खेल के समान/उपस्कर के आयात के लिए उन आवेदन पत्रों पर पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के सम्बद्ध विभागों द्वारा विधिवत प्रायोजित और अनुसंसित हों।

(2) आवेदन पत्र परिशिष्ट-1। में इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र में संबद्ध प्राधिकारी के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाएं। आयातों की सिफारिश करने से पूर्व, प्रायोजक प्राधिकारी महानिदेशक तकनीकी विकास (आयात-निर्यात नीति सेल) उद्योग भवन, नई दिल्ली से देशी निकासी प्राप्त करेंगे। लेकिन इसमें वे मदें शामिल नहीं होंगी जिनकी देशी निकासी दी जा चुकी हो और जो आयात निर्यात पुस्तक (जिल्द-1) 1983-84 के परिशिष्ट 37 में सूचीबद्ध है।

(3) ऐसे मामलों में आयात लाइसेंस ऐसी शर्तों के अधीन होंगे जो आयातित उपस्कर के उपयोग और वितरण के सम्बन्ध में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ने विनिर्दिष्ट की हैं।

(4) विदेशी मुद्रा की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ऐसे आवेदन-पत्रों पर विचार किया जाएगा।

पूंजीगत माल/प्रारम्भिक स्थापन/संयोजन के लिए अपेक्षित मशीनरी के संघटक पुर्जों का आयात—शुल्क की रियायती दर के लिए पात्रता

177. (1) किसी परियोजना के प्रारम्भिक स्थापन के लिए या मौलिक विस्तार के लिए अपेक्षित पूंजीगत माल और संबंधित कच्ची सामग्री और संघटकों के लिए जारी किए गए आयात लाइसेन्सों पर स्वीकार्यता के अनुसार शुल्क की रियायती दर उपलब्ध करने के लिए सम्बन्धित प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिशों पर पृष्ठांकन किया जाएगा। सिफारिश करने से पूर्व प्रायोजक प्राधिकारी स्वयं इस बात की संतुष्टि करेगा कि वित्त मंत्रालय द्वारा इस सम्बन्ध में जारी की गई अधिसूचना के अन्तर्गत यह मामला आता है। लाइसेंस पर पृष्ठांकन निम्नलिखित अनुसार किया जाएगा :—

"सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (1975 का 51) के खण्ड-16 की शीर्ष संख्या-84.66 के अधीन निर्धारण के लिए परियोजना आयात"।

(2) यह नोट कर लिया जाए कि एक विशेष आयात, परियोजना आयात के रूप में सीमा-शुल्क की रियायती दर के लिए पात्र है या नहीं, इसका सुनिश्चय करने के लिए सीमाशुल्क प्राधिकारी उपयुक्त प्राधिकारी है। जहां कहीं अनुमेय होगा, ऐसे प्राधिकारी रियायती सीमा-शुल्क दर की अनुमति दे सकते हैं और यहां तक कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित लाइसेन्स पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा पृष्ठांकन नहीं किए जाने पर भी प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश पर वे अनुमति दे सकते हैं।

(3) जहां मशीनरी का आयात खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत अनुमेय हो तो वहां सीमा शुल्क की रियायती दर का लाभांश सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश पर पत्तन अधिकारी द्वारा अनुमित किया जा सकता है।

पुनः निर्यात के आधार पर निर्माण उपस्कर और अन्य सामग्री का आयात

178. सरकारी परियोजनाओं/उपक्रमों से सीमा शुल्क निकासी परमिटों की मंजूरी के लिए आवेदन पत्रों पर निर्माण उपस्करों और अन्य सामग्री के पुनः निर्यात के आधार पर आयात के लिए विचार किया जा सकता है। ऐसे मामलों में आयात की अनुमति केवल महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली से प्राप्त देसी निकासी की शर्त के अधीन दी जाएगी। यदि किसी मामले में सीमा शुल्क परमिट जारी किए जाएंगे तो अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे :—

"लाइसेंस के अधीन आयात किया गया और निर्माण कार्य के दौरान उपभोग न किया गया माल उस कार्य के पूर्ण होने पर पुनः निर्यात कर दिया जाएगा जिसके लिए उसका आयात किया गया था या आयात की तिथि से दो वर्षों के भीतर उसका पुनः निर्यात कर दिया जाएगा, इनमें जो अवधि पहले हो वही लागू होगी। लाइसेंसधारी आयात के पत्तन पर लाइसेंस प्राधिकारी के पास पुनः निर्यात के लिए एक बान्ड भरेगा।"

निर्यात बांड के समर्थन में परियोजना प्राधिकारी से कोई बैंक गारन्टी नहीं ली जाएगी।

रेडिओ-एक्टिव आइसोटाप्स का आयात

179. रेडियो एक्टिव आइसोटाप्स के आयात के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई में आवेदन करना होगा।

संवाददाताओं और समाचार एजेंसियों को फिल्म के लिए सीमाशुल्क परमिट प्रदान करना।

180. नियमित संवाददाताओं/समाचार एजेंसियों द्वारा अप्रदर्शित फिल्मों के निःशुल्क आयात के लिए सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी करने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो, नई दिल्ली की सिफारिश पर क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा।

न पहचानने योग्य या लावारिस माल, अतिरिक्त अवतरित माल, भाडन आदि की निकासी

181. (1) न पहचानने योग्य या लावारिस माल की निकासी के लिए स्टीमर के एजेन्टों से प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी सीमा-शुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं। जिस मामले में ऐसे माल का मूल्य 80/- रुपए से अधिक न हो उसमें सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निकासी की अनुमति दी जा सकती है।

(2) अतिरिक्त संख्या में अवतरित माल की निकासी के लिए सीमा शुल्क निकासी परमिट प्रदान करने के लिए भी

स्टीमर एजेन्ट क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों से आवेदन कर सकते हैं। ऐसे मामलों में यदि माल का मूल्य 5000/- रुपए से अधिक हो तो सम्बद्ध सीमा शुल्क प्राधिकारियों से माल की वास्तविकता का सत्यापन करने के बाद सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी किया जाएगा।

(3) सीमा शुल्क प्राधिकारी वास्तविक झाड़न (अर्थात् गोदी में शेडों की झाड़न द्वारा प्राप्त थैलों में भरे हुए माल के अवशिष्ट) की निकासी की अनुमति आयात लाइसेंसों के बिना ही दे सकते हैं चाहे वह शुल्क योग्य हो अथवा नहीं, बशर्ते कि :—

(1) झाड़न एक विशेष पोत से प्राप्त हो;

(2) यदि माल शुल्क चुकाने योग्य हो तो विषयाधीन पोत के सारे सूचीबद्ध माल पर पूर्ण शुल्क चुका दिया गया हो या यदि माल शुल्क मुक्त हो तो सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा सारे सूचीबद्ध माल की निकासी कर दी गई हो।

(3) एक विशेष पोत पर अतिरिक्त माल नहीं था और

(4) पत्तन ट्रस्ट प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित कर दिया गया हो कि झाड़न यथार्थ है और गोदी के शेडों से प्राप्त किया गया है।

(4) इन मामलों में यदि निकासी किए जाने वाले माल का आयात लागू आयात नीति के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की एजेन्सी के माध्यम से सरणीबद्ध हो तो निकासी इस शर्त के अधीन होगी कि सरणीबद्ध अभिकरणों को माल स्थलीय लागत पर बेचा जाएगा।

बेकार पोत भण्डार की निकासी

182. बेकार पोत भण्डारों की निकासी निम्नलिखित अनुसार नियंत्रित की जाएगी :—

(1) प्रत्येक मामले में 2000/- रुपये की मूल्य सीमा तक बेकार पोत भण्डार की निकासी की अनुमति सम्बद्ध सीमा शुल्क समाहर्ता द्वारा सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही दी जा सकती है।

(2) जिस मामले में बेकार पोत भण्डारों का मूल्य एक समय में 2000/- रुपये से अधिक हो और विदेशी पोतों से निकासी की अनुमति दे दी गई हो, उस मामले में क्षेत्रीय लाइसेंस अधिकारी करेन्सी द्वारा निर्धारित दर के आधार पर मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियों के बिना सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं। ऐसे सभी सीमा शुल्क निकासी परमिटों का मूल्य, सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की तदर्थ उच्चतम सीमा के नामे डाल दिया जाएगा।

(3) जिन मामलों में विदेशी पोत शामिल नहीं हैं और भण्डारों का मूल्य 2000/- रुपए से अधिक है, ऐसे सभी मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियों के बिना सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं।

महानिदेशक, सम्भरण और निपटान द्वारा आदेशित सरकारी ठेके/भण्डार

183. महानिदेशक, संभरण और निपटान द्वारा व्यक्तियों या व्यापार फर्मों आदि को माल के लिये दिये गये ठेकों के सम्बन्ध में आयात लाइसेंसों के लिये उनके आवेदनपत्रों को निपटाने के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।

184. आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र :—ऐसे मामलों में आवेदक को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें दर्शाते हुए उपयुक्त संभरण निदेशक से आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र (आई. आर. सी) प्राप्त कर लेना चाहिए :—

(1) ठेके की संख्या और तिथि।

(2) माल का विवरण और आयात का देश।

(3) माल का ठेका सम्बन्धी मूल्य।

(4) माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

(5) माल वितरण की प्रत्याशित अवधि।

(6) मांगकर्ता का नाम।

(7) जिस सन्दर्भ के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा रिहा की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।

(8) वह स्रोत जिससे विदेशी मुद्रा की व्यवस्था की गई है और भुगतान का तरीका।

(9) आयात के लिये आवेदित माल के सम्बन्ध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशी दृष्टिकोण से जो निकासी प्राप्त की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।

(10) प्रतिरूप उपस्कर सहित इलैक्ट्रानिक मदों के संबंध में 5 लाख रुपये या अधिक मूल्य के लिये और जहाजी उपस्कर और उनके पुर्जों के संबंध में मूल्य को ध्यान में न रखते हुए इलैक्ट्रानिकी विभाग से जो निकासी प्राप्त की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।

टिप्पणियां (क) यह बात स्पष्ट की जाती है कि लाइसेंस के लिये आवेदन पत्र देते समय लागू आयात नीति के अनुसार जिस माल के लिए लाइसेंस, वास्तविक उपयोक्ताओं को दिया जा सकता है उस माल के आयात के लिये किसी भी देशी निकासी की आवश्यकता नहीं होगी। निषेध मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, आपूर्ति और निपटान के लिये यह आवश्यक होगा कि आयात की सिफारिश करने से पहले वह महानिदेशक, तकनीकी विकास से निकासी प्राप्त करें। इस्पात की मदों के मामले में भी, इसी प्रकार की निकासी, इस्पात विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त की जाएगी। यदि कोई उपस्कर आयात करना होगा तो उसके मामले में सभी मदों के लिए देशी दृष्टिकोण से निकासी की आवश्यकता होगी और उपस्कर की निषेध किस्मों की मदों के आयात की अनुमति नहीं होगी।

(ख) महानिदेशक, आपूर्ति और निपटान संगत ठेके से सम्बन्धित सभी शर्तों के निर्णीत हो जाने के बाद आयात संस्तुति प्रमाणपत्र जारी करेगा और आयात संस्तुति प्रमाणपत्र में इस संबंध में संकेत करेगा।

185. आवेदनपत्र का प्रपत्र और उसे भेजने का तरीका :—आयात संस्तुति प्रमाणपत्र की प्राप्ति पर आवेदक को इस पुस्तक के परिशिष्ट-11 में दिये गये प्रपत्र "ख" में प्रत्येक संविदा के संबंध में सभी माल को शामिल करते हुए एक समेकित आवेदनपत्र देना चाहिए। आवेदनपत्र के शीर्ष पर "महानिदेशक, आपूर्ति और निपटान ठेका" साफ-साफ अक्षरों में लिखा होना चाहिए। आवेदनपत्र के साथ इसके शुल्क के भुगतान को दर्शाते हुए बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी सहित आपूर्ति निदेशक से प्राप्त प्रमाण-पत्र और अन्य सम्बन्धित दस्तावेज होने चाहिए और इन्हें मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, नई दिल्ली को भेजना चाहिए। इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदनपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि कोई नहीं होगी।

186. लाइसेंस प्राधिकारी को सूचना :—यदि किसी कारण से लाइसेंसधारी आयातित माल को उस कार्य में उपयोग करने में असमर्थ रहता है जिस कार्य के लिये उसको लाइसेंस जारी किया गया है और उसी अवधि के दौरान उपयोग करने में असमर्थ रहता है जो अवधि संबंधित ठेके में निर्धारित है तो जिस उद्देश्य के लिये माल के आयात की अनुमति दी गई थी, उस उद्देश्य के लिये माल का उपयोग करने में असफल रहने के कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को इस सम्बन्ध में लिखित रूप में तुरन्त आवश्यक सूचना देगा। इस सूचना के प्राप्त होने पर लाइसेंस प्राधिकारी यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10-ग के अन्तर्गत कार्रवाई प्रारम्भ करने पर विचार कर सकता है और यह कार्रवाई उस अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त होगी जो लाइसेंसधारी या अन्य व्यक्ति के विरुद्ध इस सम्बन्ध में की जा सकती है।

रेलवे द्वारा आदेशित भण्डार

187. स्टेट रेलवे द्वारा व्यक्तियों या फर्मों आदि को दिए गये आदेशों को शामिल करने के लिए उनके आयात लाइसेंसों के लिए आवेदनपत्रों को निपटाने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

188. आवेदन पत्र का प्रपत्र और उसे भेजने का तरीका :—आवेदक को प्रत्येक ठेके के सम्बन्ध में केवल एक आवेदनपत्र परिशिष्ट-11 में प्रदर्शित निर्धारित प्रपत्र 'ख' में भेजना चाहिए। आवेदन पत्र रेलवे सम्पर्क अधिकारी, नई दिल्ली के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए।

189. लाइसेंस के लिए सिफारिश :—आयात के लिये सिफारिश करते समय रेलवे प्राधिकारियों को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित ब्यौरे भी निरपवादरूप से देने चाहिए :-

(1) रेलवे आदेश, उसकी संख्या और दिनांक।
(2) आयात के लिये आवेदित माल का विवरण और आयात का देश।
(3) माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।
(4) माल की सुपुर्दगी की प्रत्याशित अवधि।
(5) मांगकर्ता का नाम।
(6) जिस संदर्भ के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा रिहा की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।
(7) वह स्रोत जिससे विदेशी मुद्रा दी गई है और भुगतान का तरीका।
(8) जिस संदर्भ के अन्तर्गत महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशी दृष्टिकोण से निकासी प्राप्त की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।
(9) प्रतिरूप उपस्कर सहित इलेक्ट्रानिक मदों के संबंध में 5 लाख रुपये या अधिक मूल्य के लिये और जहाजी उपस्कर तथा उनके सम्बन्ध में मूल्य को ध्यान में न रखते हुए इलेक्ट्रानिकी विभाग से जो निकासी प्राप्त की गई है, उसकी संख्या और दिनांक।

टिप्पणी:

(1) यह बात स्पष्ट कर भी दी जाए कि लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र देते समय लागू आयात नीति के अनुसार जिस माल के लिए लाइसेंस, वास्तविक उपयोक्ताओं को दिया जा सकता है, उस माल के आयात के लिए किसी भी देशी निकासी की आवश्यकता नहीं होगी। अन्य सभी मदों के सम्बन्ध में रेलवे सम्पर्क अधिकारी के लिए यह आवश्यक होगा कि आयात की सिफारिश करने से पहले वह महानिदेशक, तकनीकी विकास/इस्पात विभाग से निकासी प्राप्त करें।

(2) संगत ठेके से सम्बन्धित सभी शर्तें निर्णीत हो जाने के बाद रेलवे प्राधिकारी लाइसेंस के लिए सिफारिश जारी करेंगे और अपनी सिफारिश में इस सम्बन्ध में संकेत देंगे।

रक्षा ठेके

190. (1) रक्षा संगठन द्वारा व्यक्तियों या फर्मों आदि को दिए गए ठेकों से सम्बन्धित माल के लिए उन व्यक्तियों या फर्मों के आवेदनपत्रों पर भी ऐसे संगठन द्वारा जारी किए गए आयात संस्तुति प्रमाण पत्रों के आधार पर विचार किया जाएगा। आवेदनपत्र परिशिष्ट-11 में दिए गए प्रपत्र (ख) में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को सम्बोधित होने चाहिए।

(2) आयात सिफारिश प्रमाण-पत्र उपर्युक्त कंडिका 189 में यथा निर्धारित तरीके से ही जारी किया जाएगा।

नेपाल से आयात और नेपाल को निर्यात

191. नेपाल से आयात और नेपाल को निर्यात की अनुमति आयात-निर्यात नियंत्रण प्रतिबंधों के बिना दी जाती है, बशर्ते कि माल या तो सम्बन्धित देशों में उत्पादित हो या उन में विनिर्मित हो, यह उन अपवादों और सीमाओं के अधीन होगा जो बना दी गई है और लागू है, या भविष्य में बनाई जा सकती है।

व्यापार समझौतों के अधीन लाइसेंस प्रदान करना

192. भारत सरकार ने कई विदेशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। ये व्यापार समझौते समय-समय पर परिशोधित किए जाते हैं। व्यापार समझौतों के अतिरिक्त कुछ देशों के साथ विशेष भुगतान एवं व्यापार व्यवस्थाएं भी लागू की गई हैं। इन विशेष देशों के साथ विशेष भुगतान और व्यापार व्यवस्थाओं के अधीन समय-समय पर लाइसेंस जारी किए जाते हैं। आयातकों को सलाह दी जाती है कि पूर्ण विवरण के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से सम्पर्क करें।

अध्याय 8

लाइसेंसों की वैधता की अवधि और पुनर्वैधीकरण

आयात

वैधता की अवधि

193. आयात-निर्यात नीति में इसके अन्तर्गत प्रदान किए गए लाइसेन्सो की विभिन्न श्रेणियो के लिए लागू वैधता की अवधि निर्धारित की गयी है। जब तक अन्यथारूप से व्यवस्था न की जाए आयात लाइसेंस की प्रारम्भिक वैधता अवधि 12 मास की होगी।

194. विभिन्न पण्यवस्तु सहायता कार्यक्रमों या रुपये में भुगतान व्यवस्था के अन्तर्गत प्रदान किए गए आयात लाइसेंस (पूंजीगत माल से भिन्न मदों के लिए) के मामले में वैधता की अवधि 12 महीने होगी, यह इस शर्त के अधीन होगी कि वैधता की अवधि संबंधित ऋण की अंतिम तिथि से आगे नहीं हो।

195 प्रतिबद्ध ऋण या विदेशी सहायता के प्रति पूंजीगत माल लाइसेन्सो से भिन्न अन्य पूंजीगत माल लाइसेन्सो की आरम्भिक वैधता अवधि 24 महीने होगी। "प्रतिबद्ध ऋण/विदेशी सहायता" के प्रति जारी किए गए पूंजीगत माल लाइसेंसो के मामले में वैधता की प्रारम्भिक अवधि 24 महीने या सम्बन्धित "ऋण या सहायता" की अंतिम तिथि, इनमें से जो भी पहले हो, वह होगी।

196 पूंजीगत माल के लिए आयात लाइसेंस इस शर्त के अधीन होंगे कि ऐसे लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 6 महीनों अथवा लाइसेंस में इस प्रयोजन के लिए दर्शाई गई अवधि के भीतर विदेशी संभरक को पक्का आदेश दे दिया गया हो। यदि इस अवधि के भीतर लाइसेंसधारी पक्का आदेश देने में असमर्थ रहता है या विदेशी संभरक इस अवधि के भीतर आदेश को स्वीकार नहीं करता है तो आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए आवेदन पर लाइसेन्स प्राधिकारी पात्रता के आधार पर विचार कर सकते हैं। यह बात पंजीकृत निर्यातकों के लिए नीति के अन्तर्गत आयात के लिए अनुमेय पूंजीगत माल के लिए भी लागू होगी।

197. महानिदेशक, संभरण और निपटान, रेलवे और रक्षा ठेकों को पूर्ण करने के लिए जारी किए गए लाइसेंसो की वैधता की अवधि सम्बन्धित सिफारिशों के अनुसार होगी।

198. सीमाशुल्क निकासी परमिट की प्रारम्भिक वैधता अवधि 6 महीने होगी। परन्तु यदि आवेदक को अधिक अवधि की आवश्यकता होगी तो लाइसेंस प्राधिकारी इस अवधि को 12 महीनों तक बढ़ा सकता है।

199 आपाती लाइसेन्स की प्रारम्भिक वैधता की अवधि 6 महीने होगी। ऐसे लाइसेंसों के पुनर्वैधीकरण के लिए प्रार्थना साधारणतः स्वीकार नहीं की जाएगी।

पुनर्वैधीकरण

200. (1) 1 अप्रैल, 1978 को या इसके बाद में किए गए निर्यातों के मद्दे जारी किए गए आर. ई. पी. लाइसेन्सो की वैधता की अवधि में वृद्धि के लिए किसी भी आवेदन पर सामान्यतः विचार नहीं किया जाएगा। लेकिन, यथार्थ कठिनाई वाले मामलो में पुनर्वैधीकरण सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा, लगाई जाने वाली शर्तों के अधीन अनुमित किए जा सकते हैं और यह अवधि 6 मास से अधिक के लिए नहीं होगी। लम्बी अवधि के लिए, समय वृद्धि के लिए आवेदनपत्रों पर पात्रता के आधार पर, लगाई जाने वाली शर्तों के अधीन, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के अनुमोदन पर विचार किया जाएगा।

(2) वे आर ई पी लाइसेंस जिन का उपयोग आयात-निर्यात नीति (जिल्द-I) की कंडिका 138 के अधीन कर लिया जाता है उन की वैधता अवधि में वृद्धि के लिए आवेदनपत्रों पर संबंधित लाइसेंस प्राधिकारियो द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जा सकता है और एक समय में 6 मास तक के पुन. वैधीकरण की स्वीकृति दी जाएगी और यह कुल मिला कर 12 मास से अधिक की भी नहीं होगी।

(3) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत जारी किए गए अग्रिम और अग्रदाय लाइसेंसों की वैधता की अवधि में वृद्धि के लिए आवेदनों पर सम्बन्धित लाइसेंस प्राधिकारियो द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जा सकता है और ऐसा पुनर्वैधीकरण अधिकतम 6 महीने के लिए प्रदान किया जा सकता है। इससे अधिक अवधि के लिए भी पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदनो पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के अनुमोदन से विचार किया जा सकता है।

201. (1) सरकारी विभागो और सार्वजनिक क्षेत्र के निगमो/निकायों (गैर-औद्योगिक) को जारी किए गए आयात लाइसेन्सों के पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदनपत्रों पर सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारियो द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (औद्योगिक) के मामले में एक समय 6 मास तक और कुल मिला कर 2 मास तक की अवधि के लिए पुनः वैधीकरण के लिए आवेदनपत्रो पर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियो द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा ।

(2) अन्य लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदनो पर सम्बन्धित लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा और अधिकतम 6 महीने की अवधि के लिए पुनर्वैधीकरण की अनुमति दी जाएगी। इससे अधिक अवधि के लिए पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदनो पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली के पूर्व अनुमोदन और लागू की गई शर्तों के अधीन विचार किया जाएगा ।

(3) पूंजीगत माल लाइसेंस के मामलो में, लाइसेंस में निर्धारित प्रारंभिक अवधि के बाद पोतलदान अवधि में वृद्धि के लिए आवेदन विदेशी संभरकों द्वारा संविदा के अनुसार पूंजीगत माल की सुपुर्दगी की अवधि को ध्यान में रखते हुए लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जा सकता है। (लेकिन टाइड क्रेडिट अथवा अनुदान के मद्दे जारी किए गए लाइसेंसों के मामले में, पुनर्वैधीकरण के लिए ऐसे आवेदनो पर विचार करने समय अन्तिम तिथि को ध्यान में रखा जाएगा)। पूंजीगत माल के लाइसेंसो की वैधता अवधि में ऐसी वृद्धि लाइसेंस जारी होने की तिथि से 3 वर्षों की अवधि तक लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा की जा सकती है, इस से आगे वैधता की अवधि में वृद्धि के लिए लाइसेंस प्राधि-

कारी को पहले मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से आदेश प्राप्त करने होंगे।

पोतलदान/परेषण की तिथि

202. वैधता की अवधि का अर्थ है सम्बद्ध माल के लिए अनुमेय पोतलदान/परेषण की अवधि।

203. समुद्र द्वारा किए गये पोत लदानों के मामले में यह तिथि लदान बिल की तिथि होगी।

204. वायु मार्ग द्वारा आयातों के मामलों में सम्बन्धित माल परेषण नोट की तिथि सामान्य रूप से परेषण की तिथि समझी जाएगी, इस की यह शर्त होगी कि यह उस तिथि को प्रदर्शित करती हो जिसतिथि को माल ने उस देश का अन्तिम हवाई अड्डा छोड़ा हो जिससे आयात किया गया है। सीमा शुल्क प्राधिकारियों को इस बात की छूट होगी कि वे इस सम्बन्ध में अपने आपको संतुष्ट करने के लिए आगे सूचना मांगें।

205. डाक पार्सलों के मामले में पैकेट पर परेषक कार्यालय की मोहर की तिथि या परेषण नोट की तिथि परेषण की तिथि समझी जाती है।

206. स्थल से जुड़े हुए देशों से आयात के मामले में रेल, सड़क या परिवहन के अन्य अभिज्ञात तरीके से माल परेषण के आधार पर भारत में प्रेषित के माल के परेषण की तिथि पोत लदान की तिथि समझी जाएगी (यह जर्मन जनवादी गण राज्य के लिए किए गए आयातों के सम्बन्ध में उस देश द्वारा जारी किए गए ख़ास बार्डर प्रमाण-पत्रों के लिए भी लागू होगी)।

टिप्पणी :—सभी वास्तविक ब्यौरों में समरूप और यात्रा में पड़ाव या व्यवधान द्वारा अनुचित विलम्ब नहीं हुआ है इस का साक्ष्य देते हुए एक "आद्योपान्त लदान पत्र" सामान्यतः 'सम्पूर्ण माल परेषण' का प्रचुर प्रमाण होगा।

आयात को पूरा करने के लिए आयात लाइसेंसों की वैधता

207. (1) **वैधता पोतलदान/माल भेजने की तिथि से संबंधित है** :—आयात लाइसेंस की वैधता माल भेजने वाले देश से वास्तविक पोतलदान/माल भेजने की तिथि से निश्चित की जाती है, भारतीय पत्तन पर माल पहुंचने की तारीख से नहीं।

(2) जिस मामले में आयात लाइसेंस की समाप्ति की तिथि महीने की अंतिम तिथि से पहले पड़ती है, तो ऐसे मामलों में उस महीने के अन्त तक लाइसेंस स्वतः वैध होगा। लाइसेंस की वैधता की अवधि की गणना करने में भी लाइसेंस जारी करने की तिथि छोड़ दी जाती है। उदाहरणार्थ, यदि एक लाइसेंस 10 नवम्बर, 1982 को जारी किया गया है और वह 12 महीने के लिए वैध है तो वह साधारणतः 10 नवम्बर, 1983 को समाप्त होगा, लेकिन इस कण्डिका के प्रावधानों के अनुसार ऐसा लाइसेंस 30 नवम्बर, 1983 तक वैध समझा जाएगा।

रियायती अवधि

208. जिन मामलों में आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से पहले या लाइसेंस की वैधता में वृद्धि के अनुमोदन से पहले माल का लदान कर दिया गया हो, परन्तु वह लदान उस तिथि के बाद हुआ हो जिसको आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हो, उनमें सीमा शुल्क प्राधिकारी माल की निकासी की अनुमति दे सकता है, बशर्ते कि (क) माल का पोत लदान आवेदनपत्र की तिथि को या इसके बाद में हुआ हो और (ख) भारतीय पत्तन पर माल आ पहुंचने के समय तक आवेदक आयातक को एक वैध आयात लाइसेंस/वैधता की अपेक्षित वृद्धि प्रदान कर दी गई हो।

209. (1) लाइसेंसों के आधार पर सामान के लदान/प्रेषण को सुविधाजनक बनाने के लिए लाइसेंस अवधि समाप्त होने की तारीख के बाद 60 दिन तक छूट-अवधि दी जाती है। उपर्युक्त उप-पैरा 205 (2) में उल्लिखित मामले में छूट की अवधि 1 दिसम्बर, 1983 से आरम्भ होगी, और 30 जनवरी, 1984 को यह लाइसेन्स पूर्णतः समाप्त हो जाएगा।

(2) सीमाशुल्क निकासी परमिटों के सम्बन्ध में भी 60 दिन की छूट की अवधि दी जाएगी।

(3) आयातकर्ता पुनर्वैधीकृत लाइसेंसों के सम्बन्ध में भी 60 दिन की छूट की अवधि का लाभ उठा सकते हैं।

(4) छूट की अवधि अधिकार रूप में नहीं मांगी जा सकती। छूट की अवधि के दौरान लाइसेंस के मद्दे न तो कोई साख-पत्र खोला जा सकता है और न ही कोई आदेश दिया जा सकता है।

(5) विदेशी क्रेडिट के आधार पर जारी किए गए लाइसेंसों के सम्बन्ध में भी छूट की अवधि का उपयोग किया जा सकेगा बशर्ते कि यह अवधि संबंधित विदेशी क्रेडिट पर लागू होने वाली शर्तों में अनुबद्ध माल के लदान/प्रेषण की अनुबद्ध तारीख के अन्दर ही पड़ती हो।

(6) कुछ अवसरों पर, जैसे सामान का लदान करने वाले देश में डाक यार्ड की हड़ताल के समय, जबकि आयातकर्ताओं को वास्तव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और माल का लदान समय से नहीं किया जा सकता है तो लाइसेन्स प्राधिकारी पत्र जारी करके किसी लाइसेन्स की वैधता की अवधि तदर्थ आधार पर निश्चित अवधि के लिए बढ़ा सकता है। यदि किसी मामले में ऐसी अवधि प्रदान की जाएगी तो वह बढ़ाई गई रियायती अवधि के रूप में होगी और आयातक ऐसी वृद्धि के दौरान माल की आपूर्ति के लिए साख-पत्र खोलने अथवा आदेश देने के लिए हकदार नहीं होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि इस प्रकार बढ़ाई गई वृद्धि 60 दिन से अधिक है तो लाइसेंसधारी इस कंडिका की उप-कंडिका (1) के अन्तर्गत 60 दिन की सामान्य रियायती अवधि को अलग से उपयोग में नहीं ला सकता।

210. (1) पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदन-पत्र समय के भीतर ही भेजे जाने हैं :—

लाइसेंसों के पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदन लाइसेंस की वैधता-अवधि के अन्दर ही भेजे जाने चाहिए। फिर भी वास्तविक कठिनाई के मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी पुनर्वैधीकरण के लिए दिए गए आवेदनपत्र के विलम्ब को माफ कर सकता है यदि ऐसा प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि पुनर्वैधीकरण के लिए दिए गए आवेदन-पत्र में विलम्ब लाइसेंसधारी के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण था।

(2) **वह तारीख जिससे पुनर्वैधीकरण किया जाएगा--**

(क) लाइसेंस की अवधि समाप्त होने से पहले लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदन-पत्र किए जाने पर यदि लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण की अनुमति दे दी जाती है तो वह उस तारीख से आरम्भ होगी जिस तारीख को वह समाप्त हुआ था।

(ख) जिन मामलों में लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण के लिए वैधता की अवधि समाप्त होने के बाद प्रस्तुत किया गया हो और उसके पुनर्वैधीकरण की अनुमति दे दी गयी हो, तो लाइसेंस उस तारीख से वैध होगा जिस तारीख को इस सम्बन्ध में आवेदन-पत्र भेजा गया था और लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस पर इस आशय का विशेष रूप से एक पृष्ठांकन करेगा।

(ग) उपर्युक्त उप-पैरा (ख) के उपबन्धों में की गयी व्यवस्था के बावजूद विशेष कठिनाई वाले मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस समाप्त होने की तारीख से पुनर्वैधीकरण की अनुमति दे सकता है चाहे पुन: वैधीकरण के लिए सम्बन्धित लाइसेंस, लाइसेंस अवधि समाप्त होने के बाद क्यों न प्रस्तुत किया गया हो।

(3) लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण के लिए सभी आवेदन केवल लाइसेंसधारी द्वारा ही किए जाने चाहिए; ऐसे पुनर्वैधीकरण को पृष्ठांकित करने के लिए लाइसेन्स प्राधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत करने का उत्तरदायित्व भी उसका होगा।

(4) पुनर्वैधीकरण के लिए आवेदन पत्र 50/- रुपये की बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ निर्धारित प्रपत्र (प्रपत्र-च) में दिया जाना चाहिए।

रिहाई आदेश की वैधता अवधि और पुनर्वैधीकरण

211. (1) रिहाई आदेश की वैधता अवधि उसके जारी होने की तारीख से 12 महीने होगी।

(2) रिहाई आदेशों के पुनर्वैधीकरण के लिए उन आवेदनों पर विचार किया जा सकता है जहां पर माल, रिहाई आदेश के धारक के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण मूल वैधता अवधि के भीतर नहीं भेजा जा सका हो।

(3) ये शर्तें देशी उत्पादकों अथवा आई आर एम ए सी योजना के अन्तर्गत निर्यात सदन से माल प्राप्त करने के लिए जारी किए गए रिहाई आदेशों पर भी लागू होंगी।

निर्यात

पोतलदान की अवधि

212. जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो, एक निर्यात लाइसेंस (पोत लदान बिल पर लाइसेंस पृष्ठांकन से भिन्न) उसमें उल्लिखित माल के पोत लदान के लिए लाइसेन्स के जारी होने की तिथि से तीन महीने की अवधि के लिए वैध होगा। लेकिन, उच्चतम सीमा व्यवस्था के अधीन जारी किया गया निर्यात लाइसेंस केवल 45 दिनों के लिए वैध होगा। लाइसेंस के मद्दे पोतलदान भारत में किसी भी पत्तन से किया जा सकता है, लेकिन प्रलेखन, पुनर्वैधीकरण आदि के लिए निर्यातक को उस लाइसेंस प्राधिकारी को रिपोर्ट करनी होगी जिसने निर्यात लाइसेंस जारी किया है।

213. जब तक उसमें अन्य तिथि निर्दिष्ट न की जाए, पोत लदान बिलों पर लाइसेंस पृष्ठांकन के मामले में, माल के पोत लदान के लिए वैधता की अवधि एक महीना होगी।

जिन पड़ोसी देशों के साथ भारत रेलों द्वारा जुड़ा हुआ है, उनके किसी स्थान को रेल द्वारा बुक किए गए माल परेषण के निर्यात की निर्णायक तिथि

214. जिन पड़ोसी देशों के साथ भारत रेल द्वारा जुड़ा हुआ है उनके किसी स्थान को रेलवे के माध्यम से जब कोई माल भेजा जाए तो निर्यात व्यापार नियंत्रण के उद्देश्य के लिए रेलवे रसीद की तिथि निर्यात की तिथि समझी जाएगी बशर्ते कि निर्यात लाइसेंस और साखपत्र रेलवे रसीद के जारी होने की तिथि को वैध हो। यदि माल परेषण की यात्रा के दौरान बार्डर पर अन्तिम भारतीय सीमा शुल्क चैकपोस्ट पर सीमा शुल्क विभाग द्वारा निकासी कर देने तक निर्यात लाइसेंस और साखपत्र की वैधता समाप्त हो जाती है तो उसके पश्चात् इन की वैधता समाप्त होने के कारण से माल परेषण को मना नहीं किया जाएगा। रेलवे रसीद जारी होने के बाद ऐसे माल के निर्यात पर लगाया गया कोई प्रतिबन्ध भी ऐसे माल परेषण पर लागू नहीं होगा।

पुनर्वैधीकरण

215. **(1) उपर्युक्त पैरा 212 में उल्लिखित सीमित** निर्धारित उच्चतम सीमा के अन्तर्गत निर्यात लाइसेंस जिसकी प्रारम्भिक वैधता अवधि 45 दिन की हो, के मामले में पोत लदान की वैधता की अवधि में कोई भी वृद्धि उन परिस्थितियों के अतिरिक्त नहीं की जाएगी जो नीति में दी गई हैं।

(2) निर्यात लाइसेंसों या पोत लदान बिलों पर लाइसेंस पृष्ठांकन के अन्य मामलों में वृद्धि के लिए आवेदन (यदि यह आवेदन अन्य सब प्रकार से वर्तमान निर्यात नीति के अनुरूप है) पर संबद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा तब विचार किया जा सकता है जब कि वह इस बात से सन्तुष्ट हो कि देश के भीतर पण्य-वस्तु की कीमत और संभरण की स्थिति संतोषजनक चल रही है और यह कि माल के पोत लदान में विलम्ब निर्यातक के नियंत्रण से बाहर के कारणों से हुआ था। ऐसे मामलों में प्रदान की गई वृद्धि एक समय में एक महीने से अधिक नहीं होगी और कुल मिला कर तीन महीने से अधिक नहीं होगी बशर्ते कि इस प्रकार प्रदान किया गया पुनर्वैधीकरण उस लाइसेंस अवधि के समाप्त होने से 15 दिन से अधिक नहीं है जिस अवधि में निर्यात लाइसेंस जारी किया गया था या पोत लदान बिल पृष्ठांकित किया गया था। (लेकिन, यह उपबन्ध उन मामलों में लागू नहीं होगा जिनमें सम्बन्धित लाइसेन्स अवधि के लिए निर्यात नीति में उससे बाद में आने वाली लाइसेंस अवधि में कोई परिवर्तन न हुआ हो)।

अध्याय—9

निर्यात लाइसेंस प्रदान करने की क्रियाविधि

निर्यातकों की श्रेणियां

216. लाइसेंस के लिए निर्यातकों को निम्नलिखित दो मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है :—

(1) सुस्थापित निर्यातक अर्थात् वे निर्यातक जिनके पास लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा स्वीकृत निर्धारित आधारभूत अवधि में विशेष प्रकार की पण्यवस्तु का निर्यात हो। आधारभूत अवधि एक पण्यवस्तु से दूसरी पण्यवस्तु के लिए बदलती रहती है।

(2) नए व्यापारी अर्थात वे व्यापारी जिनके पास निर्धारित आधारभूत अवधि में कोई निर्यात न हो, परन्तु विशेष क्षेत्र में या तो आधारभूत अवधि से बाहर निर्यातक के रूप में या सम्बद्ध पण्यवस्तु के आंतरिक व्यापार में व्यापारी के रूप में काफी अनुभव हो।

कोटा लाइसेंस देना

217. (1) पण्य वस्तुएं जिनका निर्यात कोटे के आधार पर सुस्थापित निर्यातकों को अनुमेय है, उनका उल्लेख निर्यात-नीति जिल्द-I में किया गया है। जहां ऐसी किसी पण्यवस्तु के लिए निर्यातक, निर्यात कोटा लेने की इच्छा जाहिर करता है तो उसे ऐसी पण्यवस्तु के लिए निर्धारित आधारभूत विनिर्दिष्ट अवधि में से उस के द्वारा चुने गए एक वर्ष या एक वर्ष के किसी एक भाग के दौरान उस पण्यवस्तु के निर्यात को सिद्ध करना अपेक्षित है।

(2) निर्यातक को यह स्वतंत्रता है कि वह निर्धारित आधारभूत अवधि में से अपने सर्वोत्तम वर्ष या उसके एक भाग, जैसा भी मामला हो, को चुने। आधारभूत अवधि के निर्यात के समर्थन में लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित साक्ष्य स्वीकार किए जा सकते हैं :—

(क) लदान बिल;

(ख) जहां लदान बिल उपलब्ध नहीं है, वहां सीमाशुल्क के मेनीफेस्ट निकासी विभाग से प्रमाणपत्र;

(ग) उन मामलों में जहां निर्यात रेल या सड़क के जरिये किया जाता है वहां भूमि सीमा शुल्क अनुबन्ध की सत्यापित प्रतियां;

(घ) निर्यात बीजक; और

(ङ) डाक द्वारा निर्यात के मामले में डाक रसीद। (जहां विदेशी ग्राहकों को, वसूली के उद्देश्य के लिए मूल डाक रसीद बैंकों द्वारा भेजी जाती है तो सम्बद्ध बैंकों से प्रमाणपत्र, वैध साक्ष्य के रूप में स्वीकृत है)।

(3) निर्यातक के कोटे की गणना सामान्यतः उसके "मूल निर्यात" के आधार पर की जाती है, लेकिन कुछ मामलों में जिनमें समता के विचार से वृद्धि कर दी गई है, वे समायोजन के अधीन होंगे जैसे निर्यात कोटे के लिए न्यूनतम और/या अधिकतम सीमा निर्धारण। कभी-कभी किसी पण्यवस्तु की सीमित मात्रा निर्यात के लिए रिहा की जाती है। ऐसे मामलों में प्रत्येक निर्यातक के कोटे का हिसाब अनुपात के आधार पर लगाया जाता है, और निर्यात के लिए कुल रिहा की गई मात्रा पर किए गए निर्धारित निर्यात के प्रतिशत पर आकलन आधारित है।

(4) अधिकतर मामलों में, निर्यात के लिए अनुमत्य मूल्य या मात्रा के आकलन के लिए निर्धारित प्रतिशत की घोषणा कर दी जाती है। व्यक्तिगत निर्यातक के कोटे का हिसाब उसके मूल निर्यात के लिए निर्धारित प्रतिशत को ध्यान में रख कर लगाया जाएगा।

(5) कुछ मामलों में जहां सुस्थापित निर्यातकों की संख्या, निर्यात के लिए उच्चतम निर्धारित सीमा की तुलना में अधिक है वहां कोटा समान दर पर प्रदान किए जाते हैं।

(6) उन मामलों में जहां कोटे का कम उपयोग हुआ हो या बिल्कुल उपयोग न हुआ हो, वहां मद अन्य निर्यातकों के लिए अनुमति देने के लिए समझी जाती है और यह आवश्यक समझी जाने वाली शर्तों के अधीन है।

(7) कोटे के सद्दे जिन मदों के लिए लाइसेन्स दिया जा सकता है, उनके लिए आवेदनपत्र, परिशिष्ट-12 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार दिए जाने चाहिएं। इसके साथ में जहाजरानी बिल, लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त कोटा स्लिप और/या अन्य ऐसे दस्तावेज जो संगत व्यापार सूचनाओं की शर्तों के अनुसार भेजे जाने आवश्यक हैं या आवेदक उन्हें भेजना आवश्यक समझता है, भेजे जाने चाहिएं।

नए आगन्तुकों को लाइसेंस देना

218. यदि पहले से विद्यमान सुस्थापित निर्यातकों के कोटे की तुलना में निर्यात के लिए जब तक अनुमत्य मात्रा कम रहती है तो सामान्यतः नए व्यापारियों को निर्यात व्यापार में शामिल करने के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जाता है। केवल ऐसी व्यापारिक संस्थाएं, नव-आगन्तुक व्यापारी लाइसेन्स के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं जिन्हें

सम्बद्ध पण्यवस्तु की अच्छी जानकारी है तथा जो आर्थिक स्थिति आदि में मजबूत हैं। साधारणतः आवेदकों को विशेष अवधि के दौरान पण्यवस्तु के आंतरिक व्यापार से अपनी स्थिति सिद्ध करनी आवश्यक होती है। जो शर्तें एक व्यक्ति को पूर्ण करनी चाहिए और जिस तरीके से उसे अपने अनुभव को सिद्ध करना चाहिए उनकी घोषणा आवेदन पत्र मांगते समय कर दी जाती है। सनदी लेखापालों, जो कि प्रार्थी फर्म या उसकी सम्बद्ध शाखाओं में भागीदार, निदेशक या कर्मचारी नहीं हैं द्वारा क्रय एवं विक्रय को प्रमाणित करते हुए प्रमाण-पत्र साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाते हैं। कभी-कभी प्रदत्त बिक्री-कर की रसीदों को साक्ष्य के लिए मांगा जाता है। इसके अतिरिक्त, नए आगन्तुक आवेदक के लिए यह आवश्यक है कि लाइसेंस प्राधिकारी के पास पहले से ही उसके द्वारा विदेशी खरीददारों के साथ तय की गई बिक्री संविदा प्रस्तुत करते हुए, वह निर्यात व्यापार में शामिल होने की अपनी योग्यता सिद्ध करे।

219. नए व्यापारियों को निर्यात के लिए आवेदनपत्र परिशिष्ट 12 में दिए गए प्रपत्र में देने चाहिएं। इसके साथ जहाजरानी बिल और/या ऐसे अन्य दस्तावेज जो संगत व्यापार सूचना की शर्तों के अधीन भेजे जाने हैं या आवेदक द्वारा आवश्यक समझे जाते हैं, संलग्न होने चाहिए।

सरणीबद्ध निर्यात

220. निर्यात की कुछ मदें सरणीबद्ध अभिकरण अर्थात् राज्य व्यापार निगम या अन्य मान्यताप्राप्त अभिकरण/संगठन के माध्यम से निर्यात की जाती हैं। ऐसी मदों की सूची और ऐसे मनोनीत अभिकरण, 1983-84 के लिए निर्यात-नीति (जिल्द-2) के खण्ड-2 के अनुबन्ध-1 में दिए गए हैं। इन मदों के लिए निर्यात की अनुमति केवल सम्बन्धित सरणीबद्ध अभिकरणों के माध्यम से ही दी जाएगी। इन मदों के सम्बन्ध में जिस मात्रा तक निर्यात की अनुमति दी जा सकती है और उनसे सम्बन्धित अन्य जो ब्यौरे हो सकते हैं उनका निश्चय सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाता है। इसलिए, इस सम्बन्ध में सरणीबद्ध करने वाले अभिकरणों के संचालन सरकार द्वारा उनको दिए जाने वाले ऐसे निदेशों के अधीन हैं।

खुला सामान्य लाइसेंस

221. खुला सामान्य लाइसेन्स जब तक वैध है, उसके अधीन आने वाली मदें, लाइसेंस की औपचारिकता के बिना ही उसमें अनुमित सभी गन्तव्य स्थानों को निर्यात की जा सकती है।

222. इस समय निम्नलिखित चार खुले सामान्य लाइसेन्स लागू हैं और उनका मूल पाठ 1983-84 की निर्यात नीति पुस्तक (जिल्द-2) में निहित है :—

(क) खुला सामान्य लाइसेन्स संख्या-1 निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 के लिए अनुसूची-1 में शामिल किसी भी माल का जिसका परेषण ट्रांजिट ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए निर्धारित क्रियाविधि के अंतर्गत किया जाता है, तो भारत के निकटवर्ती किसी भी देश जिसकी कोई भी समुद्री बंदरगाह नहीं है, को स्थल मार्ग से निर्यात करने के लिए लागू होता है।

(ख) खुला सामान्य लाइसेन्स 2, वास्तविक नमूनों के निर्यात के लिए लागू होता है।

(ग) खुला सामान्य लाइसेन्स 3 उन मदों की सूची दर्शाता है जो प्रत्येक मद के सामने कालम 4 में दर्शायी गई शर्तों को पूर्ण करने पर निर्यात की जा सकती है।

(घ) खुले सामान्य लाइसेंस 4 में उन मदों की सूची शामिल है जो प्रत्येक मद के सामने कालम 4 में उल्लिखित सरणीबद्ध अभिकरणों द्वारा सीधे ही निर्यात की जा सकती हैं।

सीमित स्वतन्त्र लाइसेंस प्रदान करना

223. जहां किसी पण्यवस्तु का निर्यात उच्चतम निर्धारित सीमा के भीतर नियंत्रित है या जहां व्यापार का कोई सुव्यवस्थित तरीका नहीं है, वहां निर्यात पहले आए सो पहले पाए के आधार पर अनुमेय होगा। ऐसे मामलों में निम्नलिखित सिद्धान्त एवं प्रक्रिया लागू होगी :—

(1) नीति घोषित करते हुए तथा उन लाइसेंस कार्यालयों को दर्शाते हुए जिनको ऐसे आवेदनपत्रों पर विचार करने के उद्देश्य से उपलब्ध उच्चतम निर्धारित सीमा नियत की गई है, एक सार्वजनिक सूचना/व्यापार सूचना जारी की जाएगी;

(2) जब तक सार्वजनिक सूचना/व्यापार सूचना में अन्यथा रूप से नहीं दर्शाया गया हो, आवेदनपत्र सार्वजनिक/व्यापार सूचना के जारी होने की तिथि से 15 दिन के बाद प्राप्त किए जाएंगे;

(3) प्रपत्र "ए. एक्स." में दिये गए सभी आवेदनपत्र जो सब प्रकार से पूर्ण होंगे और निर्धारित तिथि को प्रातः 10-30 और 1 बजे के बीच में प्राप्त किए जाएंगे उन्हें एक समान वरीयता प्राप्त होगी। ऐसे आवेदनपत्रों के साथ इस आशय का साक्ष्य होना चाहिए कि भारतीय निर्यातक आवेदक ने विदेशी खरीददारों का पण्यवस्तु खरीदने का प्रस्ताव आवेदित मात्रा के लिए स्वीकार कर लिया है, लेकिन यह केवल इस शर्त के अधीन होगा कि लाइसेंस उसके नाम में है;

(4) नियमानुसार लाइसेंस प्राधिकारी आवेदनपत्र अस्वीकार करने के कारणों को लिखित रूप से रिकार्ड करेंगे;

(5) प्रत्येक निर्यातक को एक दिन में केवल एक आवेदन-पत्र देने की अनुमति होगी और इसके साथ एक विदेशी क्रेता से केवल एक संविदा भेजी जाएगी। प्रत्येक निर्यात आवेदन-पत्र के साथ निर्यातक इस सम्बन्ध में एक घोषणा-पत्र भी भेजेगा कि उसने उसी लाइसेंस अवधि के दौरान किसी अन्य लाइसेन्स प्राधिकारी को उसी पण्य-वस्तु के लिए कोई निर्यात आवेदन-पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। लाइसेन्स प्राधिकारी उप-कंडिका (6) में निर्धारित शर्तों के अधीन पूर्णरूप से यथा अनुपात के आधार पर कोटे का आबंटन करेंगे।

(6) किसी भी पात्र आवेदक को एक दिन में सीमा के 10 प्रतिशत से अधिक की अनुमति सम्बद्ध कार्यालय को आबंटित उच्चतम निर्धारित

नहीं दी जाएगी। यदि पहले दिन प्राप्त होने वाले आवेदनपत्रों के निपटान के बाद उच्चतम सीमा की कुछ मात्रा बच जाती है तो उसे अगले दिन प्राप्त होने वाले नए आवेदनपत्रों के लिए रख लिया जाएगा; यह प्रक्रिया तब तक दुहराई जाएगी जब तक उच्चतम सीमा खत्म न हो जाए।

(7) जारी होने की तिथि से 45 दिन की वैध अवधि के साथ, निर्यात लाइसेंस जारी करके निर्यात की अनुमति दी जाएगी;

(8) वह संविदा जिसके मद्दे लाइसेन्स जारी किया गया है, उसमें आने वाली मात्रा का वैध अवधि के भीतर पोतलदान किया जाएगा। निम्नलिखित परिस्थिति के सिवाय अन्य किसी भी हालत में समय की रियायत प्रदान नहीं की जाएगी :—

(क) लाइसेंस जारी करने वाला प्राधिकारी, लाइसेंस जारी होने के सात दिन के भीतर इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि उक्त 45 दिन की अवधि के भीतर परेषण ले जाने के लिए कोई जहाज उपलब्ध नहीं है; या

(ख) लाइसेन्स की वैध अवधि के भीतर, पत्तन पर वह लाइसेन्स प्राधिकारी जिसे परेषण दिया जाता है, संतुष्ट है कि प्रारंभिक वैध अवधि के भीतर जहाज के पहुंचने में विलम्ब हुआ है।

दोनों ही स्थितियों में पोतलदान पूरा करने के लिए केवल 15 दिन तक की रियायत दी जाएगी। दूसरी बार रियायत नहीं दी जाएगी अर्थात् इसके बाद लाइसेंस स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।

(9) पोतलदान करने के बाद लेकिन पोतलदान के सात दिनोंकी अवधि के भीतर प्रत्येक लाइसेंसधारी लाइसेंस जारी करने वाले लाइसेंस प्राधिकारी को वास्तव में किए गए पोतलदान की सूचना देगा। उस मामले में भी जहां पर लाइसेंस बिल्कुल उपयोग में नहीं लाया गया है अथवा आंशिक उपयोग में लाया गया है, लाइसेन्सधारी पोतलदान की तारीख से 7 दिनों के भीतर अथवा लाइसेंस की समाप्ति की तारीख को, जैसा भी मामला हो, सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को स्थिति के बारे में अवगत कराएगा। ऐसा न करने पर लाइसेंस अवधि के लिए समय-समय पर यथा संशोधित निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की धारा 5 (थ) के अधीन सीमित उच्चतम निर्धारित सीमा के अन्तर्गत अनुमेय मदों का और आगे निर्यात करने के लिए निर्यात लाइसेंस प्रदान नहीं किया जाएगा।

(10) पहले के लाइसेंस के मद्दे आबंटित कोई भी मात्रा जो उपर्युक्त कारणों से समाप्त हो गई हो, वह सम्बद्ध लाइसेन्स कार्यालय को, उसी ढंग से पुनःआबंटन के लिए उपलब्ध हो सकती है जैसा कि ऊपर निर्धारित किया गया है।

स्वतन्त्र रूप से लाइसेंस देना

224 जहां एक मद निर्यात के लिए स्वतंत्र रूप से अनुमेय है, परन्तु वह खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन नहीं आती है तो इच्छुक निर्यातक को सम्बद्ध जहाजरानी बिलों पर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से लाइसेंस पृष्ठांकन प्राप्त करना चाहिए। आवेदनपत्र परिशिष्ट-12 में दिए गए प्रपत्र में दिया जाना चाहिए।

तदर्थ लाइसेंस देना

225. (1) नए बाजारों के विकास के लिए और नए निर्यात उत्पादों के उत्पादन में घरेलू धन्धों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए छोटी मात्रा में निर्यातों के लिए आवेदनों पर कभी-कभी तदर्थ आधार पर विचार किया जाता है, चाहे ऐसी मदों का स्वदेशी उत्पादन कुछ हद तक सीमित क्यों न हो। एकत्र स्टाक की निकासी करने और निरन्तर उत्पादन बनाए रखने के लिए एक उद्योग या यूनिट को समर्थ बनाने के लिए तदर्थ लाइसेंस प्रदान किया जाता है।

(2) ऐसी मदों के निर्यात के लिए आवेदनपत्र निर्धारित प्रपत्र में दिए जाने चाहिए और उसके साथ जहाजरानी बिल और/या अन्य ऐसे दस्तावेज जो संगत व्यापार सूचनाओं की शर्तों के अनुसार भेजे जाने आवश्यक है या आवेदक उन्हें भेजना आवश्यक समझता है, भेजे जाने चाहिए।

निषेध से पूर्व के किए गए सौदे

226. (1) जब तक अन्यथा रूप से व्यवस्था नहीं की जाती, निषेध पूर्व (नियंत्रण से पूर्व सहित) निम्नलिखित सौदों के लिए साधारणतः निर्यात नियंत्रण के उद्देश्य के लिए मान्यता दी जाएगी :—

(क) निर्यातक/निर्यात करने वाली फर्म के मामले में जहां पर एक विशिष्ट निर्यात आदेश के मद्दे विदेशी खरीददार द्वारा परेषण के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 100 प्रतिशत के बराबर एक अपरिवर्तनीय साख पत्र खोला गया है और निषेध/नियंत्रण की तिथि से पूर्व भारत में अनुसूचित बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया है;

(ख) जहां पर अग्रिम धन प्राप्त कर लिया गया है बशर्ते कि;

(1) एक विशिष्ट निर्यात आदेश के मद्दे अग्रिम धन प्राप्त किया गया है और जो परेषण के जहाज पर निशुल्क मूल्य के 100% के बराबर है; और

(2) अग्रिम भुगतान विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी के माध्यम से निषेध की तिथि को अथवा इस से पूर्व प्राप्त किया गया है।

सरकार उपर्युक्त बातों के होते हुए भी उपर्युक्त प्रावधानों के अंतर्गत न आने वाले किसी अन्य दावे को भी समुचित कारणों के आधार पर निषेध पूर्व के सौदों के रूप में मान सकती है।

(2) निषेध से पूर्व की गई वचनबद्धताओं/निर्यात संविदाओं (या नियंत्रण से पूर्व वचनबद्धताओं/संविदाओं) की प्रतियां सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजी जानी चाहिए और इसके साथ में, की गई वचनबद्धताओं/संविदाओं के समर्थन में विश्वसनीय प्रलेखीय साक्ष्य भी भेजा जाना चाहिए। ये दस्तावेज सार्वजनिक/व्यापार सूचना सम्बद्ध पण्यवस्तु के निर्यातों पर लगाए गए प्रतिबंधों की घोषणा करने की अधिसूचना होने की तारीख से या जिस तारीख से इस

प्रकार की पण्यवस्तु को निर्यात नियंत्रण के अधीन लाया गया हो। जैसा भी मामला हो, उस तारीख से 15 दिन की अवधि के भीतर रजिस्ट्री डाक से लाइसेंस प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए। सुनवाई केवल तभी की जाएगी यदि दस्तावेज समय पर दाखिल कर दिए गए हैं। लेकिन साक्ष्य प्रस्तुत कर देने से सम्बद्ध व्यक्ति को यह अधिकार नहीं मिल जाएगा कि वह निर्यात लाइसेंस या निर्यात की अनुमति अवश्य प्राप्त करेगा।

टिप्पणी :—प्रस्ताव किए जाने के बाद और दूसरी पार्टी द्वारा स्वीकृत हो जाने पर संविदा निर्णीत समझी जाएगी। आपस में स्वीकृत शर्तों के सम्बन्ध में यह सुस्पष्ट होना चाहिए अर्थात् यह निर्दिष्ट होना चाहिए कि इसके बाध्यकरण के संदर्भ में यह दोनों के लिए बाध्यकारी है।

227. जहां ऐसे साक्ष्य जैसा कि पैरा 225 में मांगे गए हैं, तार/टेलेक्स सन्देश की प्रकृति के हैं जिसमें प्रस्ताव या संविदा की स्वीकृति के ब्यौरे हों, तो निषेध से पूर्व वचनबद्धता/निर्यात संविदा (या नियंत्रण से पूर्व की वचनबद्धता/संविदा) को प्रमाणित करने वाले विश्वसनीय साक्ष्य के साथ, उपर्युक्त संदेश भेजने के तत्काल बाद सम्बद्ध लिफाफा जिस पर डाकखाने की मोहर लगी हो, के साथ संदेश की (पुष्टि करने वाली) डाक प्रति भी होनी चाहिए।

आवेदनपत्र का प्रपत्र

228. निर्यात लाइसेंस या जहाजरानी बिलों पर लाइसेंस पृष्ठांकन के लिए आवेदनपत्र निर्धारित प्रपत्रों में संगत दस्तावेजों के साथ दिए जाने हैं। ये प्रपत्र परिशिष्ट-12 में दिए गए हैं। आवेदक अपने टाइप किए हुए/साइक्लोस्टाइल्ड या मुद्रित प्रपत्रों का भी उपयोग कर सकता है।

आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकृत व्यक्ति

229. निर्यात लाइसेंस या जहाजरानी बिलों पर लाइसेंस पृष्ठांकन के प्रत्येक आवेदनपत्र स्वयं आवेदक द्वारा या उसके द्वारा विधिवत्/कानूनी तौर पर प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। आवेदनपत्र/दस्तावेज/प्रपत्र हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा गृहीत स्थिति या ऐसे कानूनी प्राधिकार की प्रकृति उसमें स्पष्ट रूप से दी जानी चाहिए और इसके साथ उससे सम्बद्ध हैसियत के कार्यालय की मोहर भी होनी चाहिए। अन्यथा, लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे आवेदनपत्रों, दस्तावेजों या प्रपत्रों पर कोई ध्यान नहीं देंगे। यह आवश्यकता सारणीबद्ध अभिकरणों को दिए गए आवेदनपत्रों के लिए भी लागू होगी।

अपूर्ण आवेदनपत्र

230. जो आवेदनपत्र (1) निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, (2) जिनके साथ आवश्यक निर्यात दस्तावेज संलग्न नहीं हैं, (3) हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकारी का ब्यौरा नहीं है; या (4) जो निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होते हैं, उन्हें एकदम अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदकों से आशा की जाती है कि वे आवेदनपत्र के सभी कालम ठीक-ठीक एवं उचित तरीकों से भरेंगे। यह निश्चय करने के लिए कि सभी जरूरतें पूर्ण हो गई हैं, वे खिड़की पर प्रदान की जाने वाली सहायता प्रक्रिया से सहायता ले सकते हैं।

लाइसेंसों में संशोधन एवं परिवर्तन

231. लाइसेंसधारी द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा माल के ब्यौरों में या परेषक या परेषिती के नाम में और लाइसेन्स की शर्तों एवं अधिनियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कोई भी अप्राधिकृत परिवर्तन लाइसेंस को अप्रभावी कर देगा और इसके अलावा अपराधी को दंडनीय भी घोषित करेगा। संशोधन या परिवर्तन के लिए आवेदन-पत्र, लाइसेंस जारी करने वाले अधिकारी को भेजे जाने चाहिए।

आदेश प्राप्त करने और पुनः आयात करने के लिए भारतीय मूल के नमूनों का निर्यात

232. कुछ शर्तों एवं कुछ औपचारिकताओं के अनुपालन के अधीन आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 और सीमा शुल्क अधिनियम 1962, विक्रेताओं का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए भारतीय व्यापारियों द्वारा विदेश में भेजे गए या उनके द्वारा ले जाए गए नमूनों के पुनः आयात की अनुमति प्रदान करते हैं। भारतीय व्यापारियों को पुनः आयात करते समय जो कठिनाइयां आती हैं उनसे बचने की दृष्टि से भावी निर्यातकों को चाहिए कि वे विदेशों में नमूनों का निर्यात करने से पूर्व सीमा शुल्क/आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी से सम्पर्क करें और इसका सुनिश्चिय करें कि निर्धारित की गई विभिन्न शर्तें पूर्ण कर दी गई हैं।

क्षेत्राधिकार

233. जब तक अन्यथा रूप से उल्लेख न किया गया हो, जो मदें सामान्यतः अनुमेय नहीं हैं या जिनका निर्यात गुण-वत्ता के आधार पर अनुमेय है, उन मदों के निर्यात के लिए आवेदनपत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को सम्बोधित किए जाने चाहिए। अन्य सभी नियंत्रित मदों के निर्यात के लिए आवेदनपत्र, जिस पत्तन से निर्यात किया जाना है, परिशिष्ट-8 में दिए गए लाइसेन्स प्राधिकारी में से जो उनसे सम्बन्धित हो, किसी एक को सम्बोधित किए जाने चाहिए। उन पण्य वस्तुओं के मामले में जहां निर्यात उच्चतम सीमा, एक या एक से अधिक विशिष्ट लाइसेंस प्राधिकारियों के अधिकार के अधीन होगी, इच्छुक निर्यातक इनमें से ऐसे किसी एक लाइसेन्स प्राधिकारी को भी आवेदन करें सकते हैं। ऐसे मामलों में प्रत्येक आवेदनपत्र के साथ निर्यातक को इस संबंध में एक घोषणापत्र भी भेजना चाहिए कि उसने किसी भी अन्य लाइसेंस प्राधिकारी को उसी पण्यवस्तु के लिए (उसी लाइसेंस अवधि के लिए) आवेदन नहीं किया है।

नए सुस्थापित निर्यातकों को मान्यता एवं कोटे का हस्तांतरण (टी.क्यू.आर.)

234. (1) एक सुस्थापित निर्यातक; (1) एक व्यक्ति, (2) साझीदार संस्था, (3) परिवार के व्यापारके सम्बन्ध में अविभाजित हिन्दू परिवार का कर्ता, (4) एक लिमिटेड कम्पनी, तथा (5) कोई संघ या व्यक्तियों का निकाय हो सकता है। सस्थापित निर्यातकों से सम्बद्ध व्यापार के नाम में लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं। जहां कहीं व्यापार के स्वामित्व, व्यवस्था या नाम में परिवर्तन होता है तब चूंकि वह सुस्थापित निर्यातक नहीं रहता है इसलिए लाइसेंस के लिए पात्र नहीं होगा। लेकिन, सार्वजनिक हित में और व्यापार को चालू रखने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी आगे के पैरा में दिए गए प्रावधानों के अनुसार किसी व्यापार के संबंध में नए सुस्थापित निर्यातकों को मान्यता दे सकते हैं।

(2) जहां कहीं किसी सुस्थापित निर्यातक के व्यापार के नाम में बिना किसी परिवर्तन के, व्यापार के स्वामित्व या व्य-

संस्था में परिवर्तन होता है और नया स्वामी या पुनः संस्थापित संस्था जैसा भी मामला हो, वास्तविक संस्था से संबंधित कोटे को पूर्ण रूप से प्राप्त कर लेती है तो वास्तविक संस्था से सम्बद्ध कोटा नई संस्था को हस्तान्तरित किया गया समझा जाएगा। नए संस्थान ऐसे कोटे के आधार पर निर्यात लाइसेंस प्राप्त कर लेता है, यदि अन्यथा रूप से स्वीकार हो। ऐसे मामले में टी. क्यू. आर. के लिए कोई आवेदनपत्र नहीं दिया जाना चाहिए। परन्तु परिशिष्ट-26 के अनुसार परिवर्तन की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी को परिवर्तन की तिथि से 90 दिन के भीतर भेज देनी चाहिए। लाइसेंस के लिए अगले आवेदनपत्र में परिवर्तन की प्रकृति और किस तिथि से परिवर्तन किया गया है, उसका संकेत करते हुए नए संस्थान की व्यवस्था का भी सामान्य रूप से संकेत किया जाना चाहिए। जहां 90 दिन की अवधि समाप्त हो जाने पर परिवर्तन के बारे में सूचना भेजी जाती है तो परिवर्तन के बाद प्रथम लाइसेंस अवधि में आवेदक 25 प्रतिशत कटौती के लिए उत्तरदायी होगा। लेकिन, लाइसेंस प्राधिकारी यदि संतुष्ट है कि आवेदक के नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण विलम्ब हुआ था तब वे विलम्ब को क्षमा कर सकते हैं।

(3) जहां व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था में परिवर्तन किए बिना सुस्थापित निर्यातक के व्यापार में परिवर्तन होता है, वहां टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र देना आवश्यक नहीं है। सुस्थापित निर्यातक को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी के पास आवश्यक परिवर्तन के लिए कोटा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। उसके साथ नाम के परिवर्तन का शपथ-पत्र और यह स्वीकृति होनी चाहिए कि भविष्य में पुराने नाम से वह किसी लाइसेंस का दावा नहीं करेगा। जहां एक निजी लि. कम्पनी, सार्वजनिक लि. कम्पनी बन जाती है या एक सार्वजनिक लि. कम्पनी निजी कम्पनी बन जाती है तो सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को तथ्य बताए जाने चाहिए।

(4) जहां सुस्थापित निर्यातक के व्यापार के नाम के साथ साथ उसके स्वामित्व या व्यवस्था में भी परिवर्तन होता है, तब नई संस्था टी.क्यू.आर. अपने नाम में प्राप्त किए बिना मूल संस्थान के कोटे के आधार पर निर्यात लाइसेंस का दावा नहीं कर सकती। टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए।

(5) जहां सुस्थापित निर्यातक के व्यापार में स्वामित्व या व्यवस्था में परिवर्तन होता है और ऐसे परिवर्तन के परिणामस्वरूप मूल संस्था के कोटे का एक भाग अलग किया जाता है या मूल संस्था का कोटा विभाजित किया जाता है, कोटे के ऐसे पृथक्करण या विभाजन, जैसा भी मामला हो, के आवेदनपत्र सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को दिये जाने चाहिए। यदि अलग किए जाने वाला कोटा किसी व्यक्ति के नाम में हस्तांतरित भी किया जाना है तो हस्तांतरक को भी सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र देना चाहिए। ऐसे मामलों में नए स्वामी या पुनः स्थापित संस्था टी.क्यू.आर. प्राप्त किए बिना मूल संस्थापक के नाम के कोटे के आधार पर निर्यात लाइसेंस का दावा नहीं कर सकती।

(6) जहां सुस्थापित निर्यातक एक लिमिटेड कम्पनी है और कम्पनी किसी अन्य कम्पनी के साथ मिल गई है, नई कम्पनी के नाम के टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए। इसके साथ सक्षम कोर्ट आदेश या विलय होने के अन्य साक्ष्य होने चाहिए।

टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र

235. टी. क्यू. आर. के लिए आवेदनपत्र परिशिष्ट-12 में दिए गए प्रपत्र (प्रपत्र टी एक्स) में निर्धारित पर्याप्त साक्ष्य के साथ दिया जाना चाहिए। पत्तन के लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा ऐसे आवेदनपत्रों पर विचार करने के क्षेत्राधिकार परिशिष्ट-32 में दिए गए हैं। सभी शाखाओं को शामिल करते हुए आवेदक के सम्बद्ध मुख्य कार्यालय द्वारा टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र दिया जाना चाहिए और ऐसे आवेदनपत्र उस लाइसेंस प्राधिकारी को दिए जाने चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में मुख्य कार्यालय स्थित है।

236. उपर्युक्त पैरा 234 (6) और 235 की शर्तों के अनुसार दिए गए आवेदनपत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए :—

(1) किसी व्यक्ति की मृत्यु के मामले में मृत्यु प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए;

(2) किसी व्यक्ति के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधिकार छोड़ने के मामले में अधिकार छोड़ने का शपथपत्र दिया जाना चाहिए;

(3) यदि कोटे का हस्तान्तरण का दावा वसीयत के आधार पर किसी वैध उत्तराधिकारी या उत्तराधिकारियों के नाम में किया जाता है तो आवेदनपत्र के साथ उक्त वसीयत और उसका इच्छापत्र या अन्य वैध उत्तराधिकारियों की सहमति का शपथ-पत्र होना चाहिए;

(4) अलग होने वाली संस्था का साझीदारी संलेख;

(5) यदि यह साझीदार संस्था है तो इसमें शामिल होने वाली संस्था का साझीदारी संलेख;

(6) यदि व्यापार बेचा गया है तो दस्तावेजों के पंजीकर्त्ता के पास विधिवत् पंजीकृत हस्तान्तरण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, यदि फर्म विघटित की गई है तो विघटन पत्र प्रस्तुत करना चाहिए;

(7) जहां कोटे के परिकलन के लिए समान आधार वर्ष की अपेक्षा है तो आवेदनपत्र के साथ इस आशय का शपथपत्र होना चाहिए कि पार्टियां अलग होने वाली संस्था द्वारा किए गए व्यापार के आधार पर उन्हीं मदों या उन्हीं की तरह की मदों के संबंध में कोटे की स्थापना के लिए समान आधार वर्ष का चुनाव करेंगी; और

(8) अन्य दस्तावेज, जिस पर आवेदक अपने आवेदन-पत्र के समर्थन में निर्भर कर सकता है।

237. कोटे के हस्तांतरण/विभाजन के लिए आवेदक द्वारा आवेदनपत्र के साथ प्रस्तुत किया गया शपथपत्र प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट या नोटरी पब्लिक के सामने शपथ लिया हुआ होना चाहिए।

238. (1) नीचे के उप-पैरा (2) के प्रावधानों की शर्तों के अनुसार एक सुस्थापित निर्यातक कोटे से सम्बद्ध व्यापार को संपूर्ण रूप में हस्तांतरित करने के सिवाय और किसी रूप में हस्तान्तरित नहीं कर सकते।

(2) यदि किसी सुस्थापित निर्यातक की दो या दो से अधिक शाखाएं हैं और उनसे संबंधित प्रत्येक का कोटा अलग-अलग है तो ऐसे सुस्थापित निर्यातक के लिए यह स्वतंत्रता होगी कि वह किसी भी ब्रांच के व्यापार को उस ब्रांच के हिस्से के संपूर्ण कोटे के साथ हस्तांतरित करेगा।

239. निम्नलिखित किस्म के मामलों में निर्यात लाइसेंसों के लिए दावा केवल उसी मद या समान मदों के संबंध में समान मूल वर्ष पर परिगणित कोटों के मद्दे अलग होने वाली व्यापार संस्था द्वारा किए गए व्यापार (व्यवसाय) के आधार पर किया जा सकता है।

(1) जहां कई व्यक्तियों में अलग-अलग कई हिस्सों में कोटे को विभाजित और हस्तांतरित किया गया हो तो जिस व्यक्ति के नाम से कोटा हस्तांतरित किया गया हो, उसे समान आधार वर्ष चुनना होगा। लेकिन, जहां कोई व्यक्ति अपने नाम में हस्तांतरित किसी मद का कोटा प्राप्त करता है और उसके पास उसके द्वारा स्वयं किए गए अलग व्यापार की वजह से उसी मद का पहले से ही कोटा हो तो उसके लिए उसे यह स्वतंत्रता होगी कि वह उन्हीं मदों या उसी प्रकार की मदों के सम्बंध में दोनों कोटों के मिश्रित मूल्य पर लाइसेंस का दावा करे, चाहे कोटा प्रमाणपत्र अलग-अलग आधार वर्षों के क्यों न हों। यह प्रक्रिया दो लिमिटेड कम्पनियों के विलय के मामले में भी लागू होगी;

(2) उपर्युक्त पैरा 238 (2) के अधीन आने वाले मामलों में हस्तांतरक और हस्तान्तरी को उन्हीं मदों का या उसी प्रकार की मदों का समान आधार वर्ष चुनना होगा; और

(3) इस पैराग्राफ में दिए गए प्रावधान उन मामलों में भी लागू होंगे जहां पार्टियों को टी क्यू.आर. के आवेदनपत्र देने से मुक्त किया गया हो।

240. जहां इन प्रावधानों के अनुसार टी. क्यू. आर. के आवेदनपत्र दिए जाने हैं वहां सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनपत्र, जैसा भी मामला हो, व्यापार के स्वामित्व, व्यवस्था या नाम में परिवर्तन की तिथि से 90 दिनों के भीतर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने चाहिए। लेकिन, लाइसेंस प्राधिकारी उचित मामलों में, इस प्रकार के आवेदन पत्र देने में हुए विलम्ब को माफ कर सकते हैं यदि ऐसे प्राधिकारी संतुष्ट हैं कि विलंब आवेदक के नियंत्रण के बाहर की स्थिति के कारण हुआ है। यदि दस्तावेजी पंजीकर्ता के पास पंजीकृत व्यापार के हस्तांतरण पत्र प्राप्त करने में की गई औपचारिकताओं के कारण आवेदक, निर्धारित 90 दिन की अवधि में, सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनपत्र देने में असमर्थ है तो हस्तांतरण पत्र की सत्यापित प्रति साथ में यह दिखाने के लिए भेज सकता है कि मूल दस्तावेज पंजीकरण के लिए जमा करवा दिए गए हैं और उसे इस आशय की वचनबद्धता देनी चाहिए कि विधिवत् पंजीकृत मूल दस्तावेज, पंजीकरण के 15 दिन के भीतर भेज दिए जाएंगे।

241. जहां टी क्यू. आर. के लिए आवेदनपत्र सभी प्रकार से पूर्ण हैं अर्थात् उपर्युक्त पैरा 236 में निर्धारित दस्तावेजों के साथ, व्यापार के स्वामित्व, व्यवस्था या नामों में परिवर्तन जैसा भी मामला हो, की तिथि से 90 दिन के भीतर सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्राप्त होते हैं या आवेदनपत्र प्राप्त होने में विलम्ब को लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा माफ कर दिया गया है तो जैसा कि ऊपर पैरा 240 में उल्लिखित है, लाइसेंस की जिस अवधि में यह परिवर्तन हुआ है, उसी अवधि में हस्तांतरक कोटे के हस्तांतरण के लिए पात्र होंगे। अन्य मामलों में, टी.क्यू.आर. उस लाइसेंस अवधि से प्रभावी होंगे जिस अवधि के दौरान टी.क्यू.आर. के लिए सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन-पत्र दिए गए हों। त्रुटिपूर्ण आवेदनपत्रों के मामलों में, टी.क्यू. आर. उस अवधि से वैध होगा जिसमें उपर्युक्त पैरा 236 में निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हों।

242. जहां आवेदक उपर्युक्त पैरा 236 में निर्धारित प्रपत्र में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ हो, वहां टी.क्यू.आर. के आवेदनपत्र के समर्थन में उनकी फोटोस्टेट/प्रमाणित/सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत कर सकता है। बाद में आवेदक मूल दस्तावेज यह दिखाने के लिए भेज सकता है कि फोटोस्टेट/प्रमाणित/सत्यापित प्रतियां ठीक हैं। ऐसे मामलों में टी. क्यू. आर. का लाभ उस तिथि से दिया जाएगा जिस तिथि को उक्त दस्तावेजों की फोटोस्टेट/प्रमाणित/सत्यापित प्रतियां प्राप्त हुई हों, यदि ऐसी तिथि में टी.क्यू.आर. अन्यथा रूप से स्वीकार्य हो।

243. लाइसेंस प्राधिकारी टी. क्यू. आर. के आवेदन-पत्रों का अविलम्ब निपटान करेंगे। यदि टी.क्यू.आर. के लिए सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनपत्र एक मास के भीतर नहीं निपटाया जाता है तो लाइसेंस प्राधिकारी आवेदक को अन्तरिम जवाब भेजेंगे। यदि कोई आवेदक इस सीमित अवधि में अंतरिम जवाब नहीं प्राप्त करता है तो वह सम्बद्ध निर्यात व्यापार नियंत्रण कार्यालय के जन-सम्पर्क अधिकारी के सामने इस मामले को रख सकता है या अपने आवेदनपत्र के निपटान में हुए विलम्ब का कारण जानने के लिए पूछताछ अधिकारी के माध्यम से सम्बद्ध अधिकारी से साक्षात्कार का समय ले सकता है।

244. जहां एक सुस्थापित निर्यातक ने लाइसेंस के लिए विधिवत आवेदनपत्र दिया हो, लेकिन, लाइसेन्स प्रदान करने से पूर्व व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था या नाम में परिवर्तन हो जाता है तो लाइसेंस ऐसे आवेदनपत्र पर जारी किया जाएगा, यदि अन्यथा रूप से नए स्वामी या स्वामियों या नई स्थापित फर्म आदि को उनके सुस्थापित निर्यातक के रूप में मान्यता प्राप्त करने के पश्चात् स्वीकार्य हो, बशर्ते कि टी. क्यू. आर. की वैधता उपर्युक्त पैरा 241 के अधीन आती हो। लाइसेंस प्राधिकारी व्यापार के दौरान पुराने स्वामियों के रोके गए दावों के मद्दे व्यापार के नए स्वामी (यों) या पुनः स्थापित उद्योगों आदि के नाम से लाइसेंस प्रदान करने पर विचार कर सकते हैं यदि अन्यथा रूप से स्वीकार्य हों, बशर्ते कि पार्टियों के बीच में समझौता या शपथपत्र या स्वत्व त्याग आदि के आशय का विशेष प्रावधान निहित हो।

245. यदि लाइसेंस प्राधिकारी सन्तुष्ट है कि आवेदक के नियंत्रण के बाहर की स्थितियों के कारण मान्यता का अनुमोदन और कोटे के अनुदान में विलम्ब हुआ है तो यह लाइसेंस प्राधिकारी की इच्छा पर होगा कि यदि आवेदनपत्र अन्यथा रूप से ठीक हो, तो अनुमोदन से पूर्व ही आवेदक को लाइसेन्स प्रदान करें।

246. निम्न प्रकार के मामलों में सुस्थापित निर्यातक का कोटा रद्द हो जाएगा:—

(1) यदि सुस्थापित निर्यातक एक व्यक्ति हो और दिवालिया घोषित कर दिया जाता है; और

(2) सुस्थापित निर्यातक एक लिमिटेड कम्पनी हो जो अपने व्यापार के हस्तान्तरण की व्यवस्था किए बिना ही समाप्त हो जाती है।

247. निम्न प्रकार के मामलों में इन नियमों के लिए व्यापार के स्वामित्व में कोई परिवर्तन नहीं होगा:—

(1) सार्वजनिक या निजी लिमिटेड कम्पनी में संचालकों या साझीदारों में कोई परिवर्तन नहीं होगा;

(2) जब तक अन्यथा रूप से कर्त्ता की मृत्यु न हो जाए या सेवा निवृत्ति न हो जाए। जन्म या मृत्यु से हिन्दू अविभाजित परिवार में कोई परिवर्तन नहीं होगा; और

(3) सुस्थापित निर्यातक के व्यापार के पत्ते का परिवर्तन।

248. कोई भी मामला जो उपर्युक्त पैराग्राफ के अधीन नहीं आता है, उस पर उसके अनुरूप नियमों के अनुसार विचार किया जाएगा।

249. उन मामलों में जहां पूर्वोक्त प्रावधानों के अधीन टी.क्यू.आर. के लिए आवेदनपत्र भेजना आवश्यक नहीं है, आवेदनपत्र के साथ परिशिष्ट 26 में दिए गए प्रपत्र में घोषणा-पत्र संलग्न होना चाहिए।

250. जहां नए सुस्थापित निर्यातकों को टी. क्यू. आर. के लिए आवेदनपत्र देने से छूट दी गई है, यदि अन्यथा रूप से स्वीकार्य है तो, उन्हें सामान्य रूप से नियमित लाइसेंस जारी किया जाएगा। लेकिन, लाइसेंस के लिए अपने आवेदनपत्र में, व्यापार में हुए परिवर्तनों और किस तिथि से ये परिवर्तन हुए हैं, उनका उल्लेख करना होगा। यदि ऐसे मामलों में, किसी समय में दावा किए गए लाइसेंस या प्रदान किए गए लाइसेंस पर किसी व्यक्ति द्वारा आरोप लगाया गया हो तो लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे आरोपों की जांच करेंगे और दोनों पार्टियों से आवश्यक समझे जाने वाले साक्ष्य मंगवाए जाएंगे। यदि जांच के परिणामस्वरूप, लाइसेंस प्राधिकारी यह पाता है कि सुस्थापित निर्यातक वह सारा कोटा या उसका कुछ भाग प्राप्त करने का हकदार नहीं है जिसके आधार पर वह टी. क्यू. आर. की मंजूरी लिए बिना लाइसेंस का दावा कर रहा है तो सुस्थापित निर्यातक का कोटा तदनुसार कम किया जाएगा और गलत घोषणा दिए जाने और इन नियमों का उल्लंघन करने में दोषी पाई गई पार्टियां आयात-निर्यात नियंत्रण, अधिनियम और उसके अधीन जारी किए गए आदेशों के अधीन दण्ड की भागी होंगी। ऐसे मामलों में, पार्टी द्वारा पहले से प्राप्त लाइसेंस के बढ़े हुए मूल्य/मात्रा को भी भविष्य में पार्टी की किसी भी मद के कोटे में समंजित किया जाएगा।

251. यदि उपर्युक्त पैरा 250 की शर्तों के अनुसार, सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को सुस्थापित निर्यातक के व्यापार की व्यवस्था, स्वामित्व या नाम में परिवर्तन की तिथि से 3 मास की अवधि के भीतर आरोप लगाए जाते हैं और आपत्तिकर्ता पूर्ण कोटा या कोटे के हिस्से का हकदार पाया जाता है तो वह ऐसे कोटे को अपने नाम में हस्तांतरण करने का हकदार होगा। यदि लाइसेंस प्राधिकारी संतुष्ट होता है कि आरोप लगाए जाने में विलम्ब आपत्तिकर्ता के नियंत्रण से परे की स्थिति के कारण हुआ है तो वह आरोप लगाए जाने में विलम्ब को माफ कर सकता है।

252. निम्नलिखित मामलों में टी. क्यू. आर. के आवेदन पत्र को रद्द करना लाइसेंस प्राधिकारी पर निर्भर होगा:--

(1) यदि आवेदनपत्र या आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज त्रुटिपूर्ण है;

(2) यदि लाइसेंस प्राधिकारी यह निर्णय करे कि कोटे की मान्यता या अनुदान सार्वजनिक हित में या व्यापार को जारी रखने के लिए नहीं है;

(3) यदि लाइसेंस प्राधिकारी निर्णय लेता है कि कोटे का हस्तान्तरण/विभाजन हस्तांतरण करने वाले के लेनदारों को पराजित करने के इरादे से मांगा गया है; और

(4) रिकार्ड किए जाने वाले किसी भी अन्य कारणों के आधार पर।

253. जिन व्यक्तियों को सुस्थापित निर्यातक के रूप में मान्यता प्रदान की गई है और जिन्हें कोटा प्रदान किया गया है तो इस सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें पाई जाने पर उन्हें सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के बाद, लाइसेंस प्राधिकारी नए सुस्थापित निर्यातक को मान्यता और प्रदान किए गए कोटे से सम्बन्धित आदेश को संशोधित कर सकता है या रद्द कर सकता है :—

(1) कि कोटे की मान्यता और अनुदान के लिए आवेदन-पत्र में कोई झूठी, धोखेबाजी या गुमराह करने की सूचना शामिल है;

(2) कि आवेदक द्वारा दिए गए साक्ष्य में कोई ऐसा दस्तावेज शामिल है जो झूठा या जाली है या उसमें कोई हेर-फेर किया गया है;

(3) कि आवेदक अपने आवेदन-पत्र के मामले में भ्रष्ट या छलपूर्ण व्यवहार के लिए दोषी है; और

(4) किसी झूठी या गलत सूचना की वजह से या असावधानी से या गलती से कोटे की मान्यता दी गई है।

कोटा लाइसेंस का उपयोग करने की अनुमति

254. जहां एक सुस्थापित निर्यातक को निर्यात लाइसेंस प्रदान किया गया हो और लाइसेंस प्रदान करने के बाद किन्तु उपयोग करने से पूर्व सुस्थापित निर्यातक के व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था या नाम में परिवर्तन हो जाता है तो व्यापार का नया स्वामी या पुनः स्थापित उद्योग जैसा भी मामला हो, जिस लाइसेंस प्राधिकारी ने लाइसेंस जारी किया था या निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की उपधारा 4(2) की शर्तों के अनुसार ऐसे प्राधिकारी द्वारा उसके नाम में प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति से विधिवत् लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना विषयाधीन लाइसेंस का प्रयोग नहीं कर सकता। ऐसे मामलों में सम्बद्ध प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र के साथ, प्रथम श्रेणी के मैजिस्ट्रेट या नोटरी पब्लिक के सामने शपथ-ग्रहण कर इस आशय का शपथपत्र संलग्न होना चाहिए कि वह उस व्यापार का असली अधिकारी है जिसके लिए उक्त लाइसेंस जारी किया गया था। इस सम्बन्ध में बाद

में पाए गए किसी भी गलत विवरण के परिणामस्वरूप की जाने वाली कारवाई के लिए वह उत्तरदायी होगा।

कोटा विभाजन/हस्तान्तरण के परिणामस्वरूप नया कोटा प्रमाणपत्र जारी करना

255. (1) नए स्वामी या पुन: स्थापित उद्यम में जैसा भी मामला हो, व्यापार के नाम में परिवर्तन किए बिना व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था में परिवर्तन होने पर टी. क्यू. आर. के लिए आवेदन पत्र नहीं देना है, मूल उद्यम के नाम कोटा प्रमाण-पत्र सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा उसमें परिवर्तन की प्रकृति और तिथि जिससे परिवर्तन हुआ है का संकेत करते हुए पृष्ठांकित किया जाएगा।

(2) यदि व्यापार का नाम बदल जाता है तो सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी सुस्थापित निर्यातक के कोटा प्रमाणपत्र में प्रदर्शित व्यवसाय के नाम में परिवर्तन करते हुए कोटा प्रमाण-पत्र में संशोधन करेगा। जिस तिथि से परिवर्तन हुआ है उसका संकेत देते हुए कोटा प्रमाण पत्र पर एक पृष्ठांकन भी किया जाएगा।

(3) जहां कोटे का विभाजन किया गया हो वहां विघटित फर्म के नाम में आने वाले कोटा प्रमाणपत्र और उसके प्रतिपर्ण रद्द कर दिये जाएंगे और नाम में कोटा हस्तांरित के भाग (शेयर) के अनुसार सम्बद्ध परवर्ती पार्टी के नाम में नए कोटा प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। जिस आदेश के अधीन सम्बद्ध निर्यात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा विभाजन/हस्तान्तरण की अनुमति दी गई है, उसकी संख्या एवं तिथि दर्शाते हुए पुराने और नए कोटा प्रमाणपत्रों पर उनके प्रतिपर्ण पर उचित पृष्ठांकन किया जाएगा।

(4) ऊपर संकेतित परिवर्तन होने के तत्काल बाद ही संबंधित व्यक्ति को कोटा प्रमाणपत्र जारी करने वाले लाइसेंस प्राधिकारी के पास कोटा प्रमाणपत्र आवश्यक पृष्ठांकन/संशोधन के लिए भेजने चाहिए। उन मामलों में जहां नये स्वामी या पुन:-सुस्थापित उद्यम को, टी. क्यू. आर. के लिए आवेदन करना है, नए स्वामी या पुन:सुस्थापित उद्यम को, जैसा भी मामला हो, सुस्थापित निर्यातक के रूप में मान्यता देने के बाद, तत्काल ही हर हालत में, 30 दिन से पूर्व कोटा प्रमाणपत्र आवश्यक पृष्ठांकन/संशोधन के लिये संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को दिया जाना चाहिए।

अध्याय 10

अपील

256. (1) जहां कोई व्यक्ति लाइसेन्स प्राधिकारी/अपील सुनने वाले प्राधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो वह उसके लिए निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार उक्त निर्णय के विरुद्ध अपील/परिशोधन आवेदन पत्र दे सकता है :—

(2) निम्नलिखित किस्म के मामलों में अपील/परिशोधन आवेदन पत्र पर विचार किया जाएगा :—

(क) आयात लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र के संबंध में;

(ख) निर्यात आभार को पूरा करने के लिए या आयात लाइसेंस के लिए लागू किसी भी शर्त के लिए आयातकों द्वारा निष्पादित विधि समझौतों/निर्यात बाण्ड/बैंक गारंटी के प्रवर्तन से सम्बन्धित मामलों में।

(3) निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाणपत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में और निर्यातकों के पंजीकरण/अपंजीकरण से सम्बद्ध मामलों में इस अध्याय में किए गए प्रावधानों के अनुसार अपील/पुनरीक्षा आवेदनपत्रों पर भी विचार किया जाएगा।

(4) इसके बाद की निहित क्रियाविधि उन मामलों में भी आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होगी जिनमें निर्यातक अपने आवेदन पत्र के विरुद्ध लिए गए निर्णय से असन्तुष्ट हो और इस सम्बन्ध में अपील/परिशोधन आवेदनपत्र देना चाहता हो।

257. **पहली अपील** :—उपर्युक्त कंडिका 256 की उप-कंडिका (2) में उल्लिखित आयात लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र, या विधि समझौतों के प्रवर्तन से सम्बन्धित मामलों में आवेदन पत्र के सम्बन्ध में अपील, पहली बार निम्नलिखित को छोड़कर उस कार्यालय के अध्यक्ष के पास की जाएगी जिसमें आवेदन-पत्र पर विचार किया गया था :—

(क) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (लाइसेंसिंग) के मुख्यालय में विचार किए गए आवेदन पत्र के सम्बन्ध में,

(ख) (1) पांडिचेरी (2) चण्डीगढ़ और श्रीनगर (3) शिलांग, अगरतला, पटना और कटक (4) राजकोट और काण्डला, (5) विशाखापत्तनम और (6) पणजी में आयात व्यापार नियंत्रण कार्यालयों में विचार किए गए आवेदन-पत्र के सम्बन्ध में क्रमशः मद्रास, केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र (नई दिल्ली), कलकत्ता, अहमदाबाद हैदराबाद और बम्बई के संयुक्त मुख्य नियंत्रक विचार करेंगे।

258. **द्वितीय अपील** :—यदि अपीलकर्ता अपनी प्रथम अपील पर अपील सुनने वाले प्राधिकारी द्वारा किए गए निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली (अपील स्कन्ध) से द्वितीय अपील कर सकता है।

259. पुनरीक्षा याचिका.—(1) द्वितीय अपील पर किए गए निर्णय के परिशोधन/पुनरीक्षण के लिए याचिका पर भी मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जाएगा। परिशोधन/पुनरीक्षण की याचिका पर निर्णय किए जाने के बाद आगे किसी भी आवेदन पर पुनरीक्षा के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

(2) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली भी अपने किसी अधीनस्थ अधिकारी के पास विचाराधीन या उसके द्वारा निर्णीत निर्णय किसी भी मामले के रिकार्ड को अपने आदेश से या अन्यथारूप से मंगा सकता है और उसके सम्बन्ध में ऐसा आदेश दे सकता है जिसे वह उपयुक्त और न्यायोचित समझे।

(3) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली अपील/पुनरीक्षा आवेदनों को या तो स्वयं सुन सकता है और निपटा सकता है या अपने सामान्य या विशेष आदेश से किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी (प्राधिकारियों) को इस उद्देश्य के लिए नामित या नियुक्त कर सकता है।

अपील/पुनरीक्षा याचिका प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा

260. (1) अपील/पुनरीक्षा याचिका इस प्रकार प्रस्तुत करनी चाहिए कि जिस आदेश/निर्णय के विरुद्ध अपील की जा रही है उस आदेश/निर्णय की प्राप्ति की तिथि से 45 दिनों के भीतर सम्बद्ध प्राधिकारी को पहुंच जाए। लेकिन, यदि अपील सुनने वाला/पुनरीक्षा करने वाला प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि अपीलकर्ता पर्याप्त कारणों से निर्धारित समय में अपील नहीं कर सका तो वह अपील/पुनरीक्षा याचिका प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब को माफ कर सकता है। निर्यात सदन प्रमाणपत्र प्रदान करने/नवीकरण करने के संबंध में यदि इनकार कर दिया जाता है तो उस के लिए किए गए प्रतिवेदनों पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा तभी विचार किया जा सकता है जब कि ऐसे प्रतिवेदन रद्द करने का आदेश जारी करने के 45 दिनों के भीतर दाखिल कर दिए जाते हैं।

(2) यदि आयात के लिए आवेदन-पत्र संगत आयात नीति में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रायोजक प्राधिकारी या किसी अन्य प्राधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है और आवेदक उस आवेदनपत्र पर किए गए निर्णय से संतुष्ट न होने के कारण प्रथम अपील करना चाहता है तो ऐसी अपील उस प्रायोजक प्राधिकारी या अन्य प्राधिकारी, जो भी हो, के माध्यम से अपील सुनने वाले प्राधिकारी को सम्बोधित की जाए जिसको मूल आवेदनपत्र भेजा गया था।

(3) निर्णय भेजते समय, लाइसेन्स प्राधिकारी/अपील सुनने वाला प्राधिकारी इस बात का संकेत करेगा कि असंतुष्ट व्यक्ति द्वारा किस प्राधिकारी को अपील/पुनरीक्षा के लिए आवेदन किया जाए।

व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर

261. यदि कोई अपीलकर्ता या याचिकादाता उसके द्वारा दायर की गई अपील/पुनरीक्षा/परिशोधन आवेदनपत्र के सम्बन्ध में व्यक्तिगत रूप से कुछ कहना चाहता है और उसने अपनी अपील/याचिका में एक विवरण भेजा है या विशेष रूप से इस सम्बन्ध में संकेत किया है तो उसे व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर प्रदान किया जाए। लेकिन, यदि अपीलकर्ता/याचिकादाता उसके दिए गए मौके का लाभ नहीं उठाता तो अपील पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर गुणवत्ता के आधार पर निर्णय दे दिया जाएगा।

अपील/परिशोधन आवेदन के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज

262. (1) अपील/परिशोधन आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज और विवरण दो प्रतियों में भेजे जाने चाहिए:--

(1) अपीलकर्त्ता का नाम और पता

(2) आयातक/निर्यातक की श्रेणी

(3) वह लाइसेंस अवधि जिससे आवेदनपत्र सम्बद्ध है

(4) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण

(5) मूल आवेदन पत्र और इसके साथ भेजे गए अन्य दस्तावेज की प्रति

(6) निर्णय/आदेश के विरुद्ध की गई अपील की एक प्रति

(7) अपील/परिशोधन का आधार

(8) कोई अन्य दस्तावेज/साक्ष्य जिसके आधार पर अपील की गई है।

(9) इस कथन के साथ कि क्या अपीलकर्त्ता व्यक्तिगत सुनवाई के लिए इच्छुक है।

(2) दूसरी अपील/पुनरीक्षा/परिशोधन याचिका के मामले में 10 रुपए की बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट शुल्क भुगतान के सबूत भी भेजना चाहिए।

(3) सभी अपील/परिशोधन याचिकाओं के पृष्ठ के बिल्कुल ऊपर यह स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि यह प्रथम अपील है या द्वितीय अपील है या परिशोधन याचिका है और संबंधित आवेदक की श्रेणी को भी दर्शाया जाना चाहिए।

निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र को अस्वीकार अथवा रद्द करने के विरुद्ध अपील

263. (1) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अधीन निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र प्रदान करने अथवा नवीकरण करने के लिए आवेदन पत्र को रद्द करने के निर्णय के विरुद्ध की गई अपील अथवा निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र को रद्द करने के विरुद्ध की गई अपील मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली (ई. पी. प्रभाग) को भेजी जाएगी। इस प्रकार की गई अपील उस निर्णय की प्राप्ति की तिथि से जिसके विरुद्ध अपील की गई है 45 दिनों की अवधि के अन्दर अपील सुनने वाले प्राधिकारी के पास पहुंच जाए।

(2) उपर्युक्त उप-कंडिका (1) के अधीन अपील पर लिए गए निर्णय का परिशोधन/पुनरीक्षा के लिए आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा संशोधित/पुनरीक्षा किए जाने वाले निर्णय की प्राप्ति की तिथि से 45 दिनों की अवधि के अन्दर भी प्राप्त किए जाएंगे।

सीमा शुल्क द्वारा लिए गए निर्णयों के विरुद्ध अपील

264. सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णय के विरुद्ध सीमा-शुल्क विनियमों के अनुसार-निर्धारित सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास अपील की जाएगी।

सांविधिक आदेशों के विरुद्ध अपील

265. उन मामलों में जहां आदेश आयात एवं निर्यात अधिनियम या आयात/निर्यात (नियंत्रण) आदेश के अधीन पास किया गया है, तो अपील उनसे सम्बन्धित अधिनियमों एवं आदेशों में निहित प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

266. (1) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10(2) में यह व्यवस्था है कि जहां कोई व्यक्ति धारा 8 या 8-क या 9 के अधीन की गई कार्रवाई से असन्तुष्ट होता है तो, वह ऐसी की गई कार्रवाई के विरुद्ध की गई कार्रवाई की सूचना की तिथि से 45 दिनों के भीतर ऐसे प्राधिकारी के पास अपील कर सकता है जिसे अपीलों की सुनवाई के लिए केन्द्रीय सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से व्यवस्था करती है।

(2) निर्यात (नियंत्रण) आदेश, की धारा 12(2) में यह वयवस्था है कि जहां कोई व्यक्ति धारा 7 या 8 या 11 (1) के अधीन की गई कार्रवाई से असन्तुष्ट होता है तो वह ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध की गई कार्रवाई की सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऐसे प्राधिकारी के पास अपील कर सकता है जिसे केन्द्रीय सरकार अपीलों की सुनवाई के लिए सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से व्यवस्था करती है।

(3) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10 की उपधारा (2) और निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की धारा 12 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर केन्द्रीय सरकार ने आयात (नियंत्रण) आदेश की धारा 8-क की उपधारा (1) और (3) तथा धारा 9 (1) और निर्यात (नियंत्रण) आदेश की धारा 7, 8, 11 (1) के अधीन कानूनी आदेशों के विरुद्ध अपील सुनने और उन्हें निपटाने के उद्देश्य के लिए निम्नलिखित प्राधिकारियों की नियुक्ति की है :--

(I) जहां उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा कार्रवाई की गई हो वहां प्रथम अपील मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या निर्यात आयुक्त, नई दिल्ली को की जाएगी।

(II) जहां उपर्युक्त मद सं. (1) में उल्लिखित प्राधिकारी से भिन्न अन्य प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाती है तो वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली के सचिव और दो संयुक्त सचिव और मुख्य सतर्कता अधिकारी से बनी समिति को अपील की जाएगी।

(4) इस प्रावधान के अधीन की गई अपील के साथ जिस आदेश के विरुद्ध अपील की गई है, उसकी सत्यापित प्रति

और कोई अन्य दस्तावेज या सूचना जिन पर अपीलकर्ता को विश्वास हो, लगी होनी चाहिए। अपील के साथ निम्नलिखित सूचना देते हुए एक प्रपत्र संलग्न होना चाहिए :—

(क) वह प्राधिकारी जिसके निर्णय के विरूद्ध अपील की गई है,

(ख) जिस आदेश के विरूद्ध अपील की गई है उसकी तिथि;

(ग) क्या अपील, लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित करने या आस्थगन के विरुद्ध है (विवर्जन के मामले में, जिस अवधि के लिए अपीलकर्ता को लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित किया गया हो उस अवधि का भी उल्लेख किया जाए); और

(घ) अपील करने के आधार (संक्षेप में)।

(5) जिस प्राधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील की जा रही है, उस अपील की एक प्रति अपीलकर्ता द्वारा उस प्राधिकारी को भी निरपवाद रूप से भेजी जाए।

निर्यातकों के पंजीकरण/अपंजीकरण से संबंधित अपील और पुनरीक्षण आवेदन-पत्र

267. (1) जहां निर्यातक परिशिष्ट 10 (अनुबन्ध 1) में सूचीबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट हो, जिसने उसे पंजीकृत या विपंजीकृत करने से मना किया हो तो जिस पत्र के निर्णय के विरुद्ध अपील की जा रही है उस की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को अपील कर सकता है।

(2) यदि कोई व्यक्ति मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा उपर्युक्त उप पैरा (1) अथवा इस पुस्तक के पैरा 62 के अन्तर्गत लिए गए निर्णय से असन्तुष्ट हो तो वह ऐसे निर्णय के पुनरीक्षण के लिए जिस पत्र के निर्णय के विरूद्ध प्रतिवेदन किया जा रहा है उस की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर प्रतिवेदन कर सकता है। ऐसे प्रतिवेदनों पर विचार करने पर यदि ऐसा निश्चय किया जाता है तो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली या तो स्वयं निर्यातक का पुनः पंजीकृत कर सकता है अथवा पंजीकरण को फिर से चालू कर सकता है या वह पंजीकरण प्राधिकारी को ऐसे निर्यातक को पुनः पंजीकृत करने या उसके पंजीकरण को चालू करने के लिए निदेश दे सकता है। ऐसे मामलों में पुनः पंजीकरण या पंजीकरण को चालू रखना, मुख्य नियंत्रक द्वारा निर्णीत शर्तों के अधीन होगा।

अध्याय 11

आयात-निर्यात लाइसेंस क्रियाविधियों से छूट

आयात

आयात प्रतिबंधों से छूट

268. (1) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधाव खंड 11 के अन्तर्गत उल्लिखित माल के आयात के लिए किसी आयात लाइसेंस या सीमाशुल्क निकासी परमिट की आवश्यकता नहीं है।

(2) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की बचाव कंडिका 11 (1) (न) उस माल के आयात के लिए आयात लाइसेंस अथवा सीमाशुल्क निकासी परमिट प्रस्तुत करने से छूट देता है जिसके माल का आयात सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-20 के अधीन पुनः आयात करने पर सीमाशुल्क से विमुक्त है। पुनः आयात करने पर आयात लाइसेंस/सीमाशुल्क निकासी परमिट प्रस्तुत करने की यह छूट उस माल के आयात पर भी लागू होगी जिस के लिए आयातक को भारतीय सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-20 के प्रवधानों के अनुसार शुल्क वापसी और निर्यात करने के समय उपलब्ध की गई उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क के बदले में सीमाशुल्क चुकाना है।

269. आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के उप-खंड 11 (1) (छछ) में यह दिया गया है कि उपहार के रूप में प्राप्त किए गए माल से भिन्न इस खंड के अन्तर्गत आयातित माल के संबंध में भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। इस संबंध में निम्नलिखित बातें स्पष्ट की जाती हैं:--

(1) कथित उप-खंड में वह उपहार-पार्सल शामिल नहीं है जिसके संबंध में उपहार प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा विदेश में रखी गई विदेशी मुद्रा के लेखे में से भुगतान किया जाता है; और

(2) विदेश में विदेशी मुद्रा का वह लेखा जो भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से परिचालित किया जा सकता है, उसके लेखाधारी व्यक्ति उक्त उप-खंड के अन्तर्गत आयातित माल के संबंध में ऐसी निधियों में से केवल भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से, यदि अन्यथा रूप से स्वीकार्य हो तो भुगतान कर सकते हैं।

270. आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के बचाव खंड 11 (1) के उपखंड (ज) के अनुसार सीमाशुल्क प्राधिकारियों को कार्य निष्पादन संबंधी यह अनुदेश जारी किए गए हैं कि निम्नलिखित किस्मों के माल के आयात को प्रत्येक माल के सामने उल्लिखित सीमा तक आयात व्यापार नियंत्रण क्रियाविधियों से छूट दी जाए:--

अभिदर्शित सिनेमेटोग्राफिक फिल्मों को बांड में रखना

271. सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा सेंसरशिप पुनरीक्षा या पुनः निर्यात के लिए आयात की गई और बांड में रखने के लिए अनुमित अभिदर्शित फिल्में।

अनुमोदन के आधार पर मरकत और अन्य बहुमूल्य रत्नों और हीरों का आयात और निकासी से पहले अन्तर्वस्तुओं की जांच

272. जल मार्ग या वायुमार्ग (डाक से भिन्न) द्वारा आयातित मरकत और अन्य बहुमूल्य पत्थर और हीरे आ पहुंचने पर निरीक्षण के लिए बांड में रखे जाते हैं। माल की वह मात्रा जो निरीक्षण के पश्चात् अनुमोदित की जाती है, उस की निकासी की अनुमति वैध आयात लाइसेंस के मद्दे दी जा सकती है।

टिप्पणी--पूर्वोक्त सुविधा डाक पार्सलों द्वारा मरकतों और बहुमूल्य के रत्नों के आयात के मामले में उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि यूनिवर्सल पोस्टल कनवेंशन के अंतर्गत एक पार्सल दो भागों में विभाजित नहीं किया जा सकता अर्थात् एक भाग रख लेने और दूसरा भाग भेजने वाले को लौटा देने के लिए विभाजित नहीं किया जा सकता है। इसलिए, डाक पार्सलों की अंतर्वस्तुएं या तो स्वीकार की जा सकती हैं या कुल मिलाकर अस्वीकार की जा सकती हैं। लेकिन, यदि माल पाने वाला ऐसा चाहेगा तो आयातक या उसके एजेंट को ऐसे डाक पार्सलों की अंतर्वस्तुओं का सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में निरीक्षण करने की सुविधाएं दी जाएंगी। निरीक्षण की अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट समय और तिथि को दी जाएगी। यदि आयातक नियुक्त समय और तिथि को निरीक्षण के लिए नहीं आता है तो पार्सल भेजने वाले को लौटा दिया जाएगा। यदि आयातक पार्सल को स्वीकार कर लेता है तो वह वैध लाइसेंस के आधार पर इसकी निकासी प्राप्त कर सकता है और पार्सल का सारा मूल्य लाइसेंस के नामे डाल दिया जाएगा और एक बार लाइसेंस के नामे डाला गया मूल्य रद्द नहीं किया जाएगा।

जिन मामलों में विदेश व्यापार में लगे हुए जलयान तटीय व्यापार में हस्तान्तरित कर दिए जाते हैं, उनमें पोत के भंडारगारों का हस्तान्तरण

273. उन मामलों में जहां विदेश व्यापार में लगे हुए जलयान तटीय व्यापार को हस्तान्तरित कर दिए जाते हैं, उनमें जलयान के उपभोज्य भंडार को सीमाशुल्क के भुगतान पर जलयान के साथ ही हस्तान्तरित करने की अनुमति दी जाती है।

विज्ञापन ब्लाक्स

274. प्रेषित माल के साथ विज्ञापन ब्लाक्स जो भारतीय प्रेस में विदेशी व्यापार संस्थाओं द्वारा दिए गए विज्ञापन से संबंधित समाचार प्रतिष्ठानों को निःशुल्क भेजे गए हों बशर्ते कि उनका लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य किसी भी एक समय में 800/- रुपए से अधिक न होता हो।

खाद्य पदार्थ के पार्सल

275. उपहार के रूप में विदेश से भेजे गए खाद्य पदार्थ के पार्सल।

धर्मार्थ संगठनों/व्यक्तियों द्वारा खाद्य पदार्थ आदि

276. जाति, धर्म या वर्ण के किसी भेद के बिना गरीबों और दरिद्रों को मुफ्त वितरण के लिए किसी विदेशी लोकोपकारी संगठन से या व्यक्तियों से मुफ्त उपहारों के रूप में किसी धर्मार्थ संगठन या किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त वस्तुएं जैसे खाद्य पदार्थ, औषधियां, कपड़े और कम्बल, अधिसूचना सं. 84 कस्टम्स, दिनांक 13-8-1960 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हैं।

विदेशी नागरिकों द्वारा खाद्य पदार्थ और खाद्य सामग्री

277. भारत में रहता हो परन्तु भारत का नागरिक न हो, ऐसे व्यक्ति द्वारा वे खाद्य पदार्थ और खाद्य सामग्री (फल उत्पाद, अल्कोहल और तम्बाकू को छोड़कर) जो अधिसूचना सं. 135-कस्टम्स, दिनांक 20-6-1966 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हैं, बशर्ते कि एक व्यक्ति जिसके साथ उस पर निर्भर कोई संबंधी न रहता हो, उसके मामले में एक वर्ष में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 800/- रुपये से अधिक न हो और जिस व्यक्ति के साथ उस पर निर्भर कोई संबंधी रहता हो उसके मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य एक वर्ष में 1600/- रुपये से अधिक न हो।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी को मुफ्त उपहार

278. भारतीय रेडक्रास सोसायटी को विदेश से प्राप्त मुफ्त उपहार बशर्ते कि ऐसे माल पर सीमा शुल्क छूट हो।

पेंटिंग

279. चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट, नेहरू हाउस, नई दिल्ली, को संबोधित "शंकर्स इन्टरनेशनल कम्पीटीशन" के लिए बच्चों की पेंटिंग।

निर्यातकों द्वारा नमूने

280. विदेश यात्रा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की ब्लैंकिट रिहाई की मद्दे निर्यात संवर्धन के लिए निर्यातकों द्वारा आयातित नमूने।

सरकारी समझौतों के अधीन राहत सप्लाई और पैकेज

281. विदेशी सरकार के साथ भारत सरकार द्वारा किए गए समझौते में शामिल किसी सरकारी एजेंसी या अन्य अनुमोदित एजेन्सी के माध्यम से समझौते में दी गई शर्तों के अधीन उपहारों के रूप में प्राप्त राहत सप्लाई और पैकेज—बशर्ते कि वे सीमाशुल्क से मुक्त हों।

वैज्ञानिक उपस्कर

282. वैज्ञानिक अनुसन्धान या गैर-वाणिज्यिक शिक्षा के उद्देश्य के लिए शिक्षा व समाज कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जिन वैज्ञानिक या शैक्षिक संस्थानों (लाभ न कमाने वाले) का अनुमोदन किया जा सकता है या कर दिया गया है, वे पुनः निर्यात की शर्त के अधीन नीचे निर्दिष्ट वैज्ञानिक उपस्कर का आयात कर सकते हैं बशर्ते कि वे उपस्कर अधिसूचना सं. 84/एफ.-11/75-कस्टम-5 दिनांक 11-9-1971 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हों :—

(1) वैज्ञानिक उपस्कर जैसे औजार, उपकरण, मशीन या उनके उप-साधित्र;

(2) ऊपर (1) में उल्लिखित वैज्ञानिक उपस्कर के फालतू पुर्जे; और

(3) जो वैज्ञानिक उपस्कर केवल वैज्ञानिक अनुसंधान या शिक्षा के उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाता है, उसके रख-रखाव, जांच करने, गेज करने या मरम्मत करने के लिए विशेष रूप से रूपांकित यंत्र।

लेबल, कीमत टैग और ऐसी ही निर्यात उत्पादों के लिए वस्तुएं

283. (1) भारतीय निर्यातकों को विदेशी क्रेताओं द्वारा दिए गए विशेष आदेशों के आधार पर माल पर लगाए जाने के लिए विदेशी क्रेताओं द्वारा भेजे गए लेबल, कीमत टैग और ऐसी वस्तुओं की निकासी की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि सीमाशुल्क प्राधिकारी मामले की प्रमाणिकता से सन्तुष्ट हों। इस में मुफ्त में संभरित किए जाने वाले "हैंगर्स" की के आयात भी शामिल होंगे जिनका पोशाकों के साथ पुनः निर्यात किया जाना है।

(2) पोशाकों, सलाई से बुने हुए वस्त्रों और तैयार मदों के पंजीकृत निर्यातक जब वे बाहर से आ रहे हों तो उन्हें किसी भी आयात नियंत्रण के बिना अधिकतम 1,000 रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य) तक के लिए असबाब के एक भाग के रूप में लेबल्स की आयात करने की अनुमति होगी।

यात्रियों का असबाब

284. यात्री के असबाब के रूप में एक व्यक्ति द्वारा आयातित माल के लिए आयात लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु यह समय-समय पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड द्वारा जारी किए गए असबाब नियमों के अधीन प्राप्त सीमा तक कुछ सीमाओं/शर्तों के अधीन है। केवल ऐसी वस्तुओं के लिए यह अनुमति दी जाएगी जो असबाब नियमों के अन्तर्गत यथार्थ असबाब समझे जाएंगे।

285. असबाब नियमों के अधीन माल के आयात के लिए सुविधाओं के ब्यौरे देते हुए संबंधित सीमाशुल्क अधिसूचना और पब्लिक नोटिस परिशिष्ट 4 में उद्धृत किए गए हैं। पर्यटकों, कर्मीदलों के लिए लागू नियम और निवास स्थान हस्तान्तरण नियम भी उसी परिशिष्ट में निहित हैं।

286. असबाब के रूप में मोटर वाहनों के आयात के लिए आवेदनपत्र पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा परिशिष्ट 6 में दी गई क्रियाविधि के अनुसार विचार किया जाएगा।

राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान

287. राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान में दी गई वस्तुएं या रक्षा कर्मचारियों के उपयोग के लिए भारत सरकार को दान में दी गई वस्तुएं और भारतीय रेड क्रास सोसायटी को दान में दिए गए ऊन/ऊनी वस्त्र और ऊनी परिधान, बशर्ते कि वे कस्टम्स अधिसूचना सं. 168, 169 और 170—कस्टम्स, दिनांक 8-11-1972 (समय-समय पर यथा संशोधित) अनुसार सीमाशुल्क कर से मुक्त हों।

वाणिज्यिक नमूने/विज्ञापन सामग्री

288. वे वाणिज्यिक नमूने और विज्ञापन सामग्री, जिनका आयात 7-11-1952 को जनेवा में हुए अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अन्तर्गत और उसके अनुसार सीमाशुल्क कर से मुक्त है। पूर्ण ब्यौरे सम्बद्ध सीमाशुल्क समाहर्ता से प्राप्त किए जा सकते हैं।

टेलीविजन/टेप रिकार्डिंग आदि का उपहार

289. टेलीविजन/टेप रिकार्डिंग, विद्युतीय रिकार्डिंग/डिस्कस और ग्रामोफोन रिकार्ड्स के मुफ्त उपहार जिनमें कोई विदेशी मुद्रा शामिल नहीं है और जिनका कोई वाणिज्यिक

मूल्य नहीं हो, की अनुमति आकाशवाणी अथवा दूरदर्शन को है।

संयुक्त राष्ट्र संघ

290. संयुक्त राष्ट्र संघ के कर्मचारी और इसकी विशेष एजेन्सियां जो संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार एवं प्रतिरक्षण) अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत सीमाशुल्क कर के भुगतान से मुक्त है, के द्वारा माल का आयात जिसमें आयात के समय संयुक्त राष्ट्र संघ या इसकी विशेष एजेन्सियों द्वारा उनके संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिकर्ताओं द्वारा या इसकी विशेष एजेन्सियां जो भी हों—द्वारा प्रकाशनों का आयात शामिल है।

अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रदर्शनियों या मेलों के लिए अपेक्षित प्रदर्शन की वस्तुएं

291. भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण या भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रदर्शनियों या मेलों के संबंध में अपेक्षित गैर-उपभोज्य माल के आयात की अनुमति बिना किसी आयात लाइसेंस या सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जा सकती है बशर्ते कि भारत में आयात की तिथि से 6 महीनों की अवधि के भीतर विषयाधीन माल का पुनः निर्यात किया जाए और माल की निकासी के समय इस उद्देश्य के लिए एक अपेक्षित बांड और बैंक गारन्टी या सक्षम सीमा शुल्क अधिकारी की संतुष्टि के लिए कोई दस्तावेज सीमाशुल्क प्राधिकारियों को भेजा जाए।

292. प्रदर्शन की वस्तुओं की बिक्री की यदि अनुमति दी जाती है तो वह केवल निर्यात के लिए अनुमित बांड अवधि के भीतर वैध आयात लाइसेंस की मद्दे दी जाएगी। यह सुविधा ऐसे वास्तविक उपयोक्ताओं को भी उपलब्ध होगी जो खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत उसी माल का आयात करने के लिए पात्र हैं। यदि आयातक के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण माल की बिक्री बांड की अवधि के भीतर नहीं की जाती है तो सीमाशुल्क प्राधिकारी अपने स्वविवेक से बांड की अवधि की वृद्धि की अनुमति दे सकते हैं।

293. प्रदर्शन की वस्तुओं से सम्बन्धित उपभोज्य मदों जैसे मुद्रित सामग्री, पैम्फलेट, साहित्य आदि के आयात की भी आयात व्यापार नियंत्रण क्रियाविधि से छूट होगी। विज्ञापन की वस्तुओं के अतिरिक्त 1500 रुपये तक के उपभोज्य माल की निकासी की अनुमति भी सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा सीमाशुल्क निकासी परमिट या आयात लाइसेंस के बिना दी जा सकती है।

विदेशी पर्वत आरोहण अभियान दल द्वारा असबाब के रूप में माल

294. विदेशी पर्वत आरोहण अभियान दलों के सदस्यों द्वारा असबाब के रूप में आयातित माल, बशर्ते कि ऐसा माल :—

(1) सीमाशुल्क कर के भुगतान से मुक्त हो; और

(2) माल की निकासी के समय आयातक सीमाशुल्क प्राधिकारियों को यह घोषणापत्र दे कि वह भारत छोड़ेगा तो गैर-उपभोज्य माल का पुनः निर्यात किया जाएगा।

टिप्पणी :—यदि आयातित माल अभियान दल के किसी एक सदस्य का नहीं है, परन्तु सारे दल का है तो दल के नेता द्वारा उपर्युक्त (2) में उल्लिखित घोषणापत्र दिया जा सकता है; तब यह देखना उसका उत्तरदायित्व होगा कि उसके द्वारा भारत छोड़ने से पहले समय तक विषयाधीन माल का पुनः निर्यात कर दिया जाता है।

भारतीय डाक्टरों द्वारा चिकित्सा उपस्कर का आयात

295. भारत में व्यवसाय करने के लिए विदेश से लौटने वाले भारतीय डाक्टरों (मेडिकल प्रैक्टीशनरों) को अधिकतम एक लाख रुपये के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के नए या उपयोग किए गए चिकित्सा उपस्करों की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि (1) सम्बन्धित व्यक्ति कम से कम दो वर्षों की अवधि से लगातार विदेश में रह रहा हो; (2) आयातित उपस्कर भारत में उसके अपने निजी पेशे के उपयोग के लिए अपेक्षित हो; (3) विषयाधीन उपस्कर विदेश में उसकी विदेशी मुद्रा की कमाई से खरीदा गया हो। एक लाख रुपए की अधिकतम मूल्य सीमा उन मामलों में लागू नहीं होगी जहां विषयाधीन उपस्कर का उपयोग आयातक द्वारा उसके भारत लौटने से पूर्व विदेश में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया हो।

वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक औजारों/उपकरणों का आयात

296. भारत में स्थायी रूप से रहने के लिए आने वाले उच्च योग्यता प्राप्त वैज्ञानिकों को नए या उपयोग किए गए व्यावसायिक वैज्ञानिक औजारों या उपकरणों के आयात की अनुमति अधिकतम एक लाख रुपये के मूल्य तक बिना किसी आयात लाइसेंस या सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जा सकती है बशर्ते कि :—

(1) सम्बन्धित वैज्ञानिक कम से कम 2 वर्षों की अवधि से लगातार विदेश में रह रहा हो;

(2) आयातित उपस्कर की आवश्यकता भारत में उसके निजी उपयोग के लिए हो; और

(3) उपस्कर विदेश में विदेशी मुद्रा की उसकी निजी कमाई में से खरीदा गया हो।

एक लाख रुपए की अधिकतम मूल्य सीमा उन मामलों में लागू नहीं होगी जहां विषयाधीन उपस्कर का उपयोग आयातक द्वारा उसके भारत लौटने से पूर्व विदेश में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया हो, किन्तु कम्प्यूटर सिस्टम के मामले में (चाहे वह नया हो या पुराना) जिस का आयातक द्वारा विदेश में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए उपयोग कर लिया जाता है तो अधिकतम मूल्य सीमा 5 लाख रुपए लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य तक होगी।

इस उद्देश्य के लिए, उच्च योग्यता प्राप्त वैज्ञानिक वह व्यक्ति होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री या इसके बराबर डिग्री रखता हो और जिसने अपनी विशिष्टता के क्षेत्र में विदेश में एक साल से अधिक वैतनिक पेशा किया हो।

297. जिस मामले में उपर्युक्त पैरा 295 और 296 में उल्लिखित आयातित चिकित्सा उपस्कर/औजार का मूल्य एक लाख रुपये से अधिक होता हो, उसमें सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी करने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को आवेदनपत्र भेजना चाहिए। यह तभी किया जा सकता है जबकि आयातक उपर्युक्त कंडिका 295 और 296 में यथा व्यवस्थित उच्च मूल्य सीमा में छूट के लिए पात्र नहीं हों। ऐसे मामलों में सीमाशुल्क निकासी परमिट 1.5 लाख

रुपये के मूल्य तक बिना देशी निकासी की आवश्यकता के जारी किया जाएगा।

कमियों को दूर करने के लिए माल का पुनः आयात और उसके बाद पुनः निर्यात

298. भारतीय विनिर्मित माल का निर्यात और माल पाने वाले से मरम्मत और पुनः निर्यात के लिए विनिर्माता द्वारा उस माल की वापस प्राप्ति।

निजी प्रदर्शनी और प्रदर्शन के उद्देश्य के लिए पुनः निर्यात की शर्त के साथ आयात

299. (1) निजी प्रदर्शनी/प्रदर्शन के उद्देश्य के लिए उपस्कर के आयात की अनुमति बिना किसी भी आयात लाइसेन्स सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जाएगी बशर्ते कि विषयाधीन माल आयात करने की तिथि से 6 महीने की अवधि के भीतर पुनः निर्यात किया जाए और सम्बद्ध सीमाशुल्क प्राधिकारी के माध्यम से और उसके पास से माल की निकासी के समय आयातक इस उद्देश्य के लिए एक बांड और बैंक गारन्टी या सक्षम सीमा शुल्क अधिकारी की संतुष्टि के लिए कोई दस्तावेज का निष्पादन करें।

(2) यदि 6 महीनों की निर्धारित अवधि के भीतर आयातक माल का पुनः निर्यात करने में असमर्थ हो तो वह ऐसी अवधि की वृद्धि के लिए पात्रता के आधार पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से आवेदन कर सकता है।

(3) प्रदर्शन की वस्तुओं की बिक्री, यदि अनुमेय हो तो, निर्यात के लिए अनुमित बान्ड अवधि के भीतर केवल वैध आयात लाइसेंस के मद्दे अनुमति दी जाएगी। यह सुविधा ऐसे वास्तविक उपयोक्ताओं को भी उपलब्ध होगी जो खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत उसी माल का आयात करने के लिए पात्र हैं।

खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 के अन्तर्गत आयात

300. (1) यथा संशोधित आयात नीति में पुनः प्रदर्शित खुला सामान्य लाइसेंस सं. 4, उसमें निर्धारित शर्तों के अधीन लाइसेंस तथा सीमाशुल्क निकासी परमिट के बिना कुछ मदों के आयात की अनुमति देता है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं :—

(1) सीमा शुल्क प्राधिकारी खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 के अन्तर्गत अनुमेय नमूनों और विज्ञापन सामग्री की निकासी की अनुमति दे सकते हैं चाहे सम्बन्धित आयातक को भाड़ा और बीमा खर्च क्यों न देना पड़े, बशर्ते कि नमूनों अथवा विज्ञापन सामग्री का कुल मूल्य जिसमें भाड़ा और बीमा खर्च भी शामिल हो, एक प्रेषण में खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 में दर्शाई गई सीमा से अधिक न हो। ऐसी परिस्थिति में, सीमा शुल्क समाहर्ता सम्बन्धित प्रविष्टि बिल पर समुचित रूप से पृष्ठांकन करेगा ताकि आयातक भाड़ा और बीमा खर्चे के सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक से प्रेषण सम्बन्धी सुविधाएं प्राप्त कर सके।

(2) यह प्रतिवेदित किया गया है कि कुछ मामलों में तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों का आयात हवाई भाड़ा पार्सल द्वारा किया जाना चाहिए जबकि प्रेषण का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 में निर्धारित सीमा से अधिक होता हो। यह निश्चय किया गया है कि वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों की निःशुल्क की गई ऐसी आपूर्ति के संबंध में यदि विदेशी संभरक बीमा और वायु भाड़े से सम्बन्धित खर्च भी सहता है तो सीमा शुल्क प्राधिकारी निकासी की अनुमति दे सकता है बशर्ते कि आयात अन्यथा रूप से खुले सामान्य लाइसेंस-4 के अन्तर्गत आता हो।

(3) एक प्रश्न उठाया गया है कि खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 के अन्तर्गत वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूने अथवा विज्ञापन सामग्री के अनेक प्रेषण, जिसमें प्रत्येक प्रेषण अनुमेय मूल्य सीमा के अन्तर्गत हो, एक ही संभरक द्वारा उसी प्रेषक को भेजा जाता है और उसी डाक से प्राप्त किया जाता है तो निकासी के उद्देश्य के लिए उसको एक ही प्रेषण माना जाना चाहिए अथवा विभिन्न प्रेषण। यह निश्चय किया गया है कि उपर्युक्त दर्शाए गए तरीके से विभिन्न प्रेषणों का आयात (यद्यपि प्रत्येक प्रेषण निर्धारित मूल्य सीमा से अधिक नहीं है) एक प्रेषण में वास्तविक तकनीकी और व्यापार सामग्री अथवा विज्ञापन सामग्री के आयात के लिए निर्धारित की गई सीमा का उल्लंघन होगा अतः खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली रियायत नहीं दी जाएगी।

(4) यद्यपि खुले सामान्य लाइसेंस 4 में किसी विशेष प्रकार के आयातक का उल्लेख नहीं है जो कि नमूने आयात करने के लिए पात्र है, यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल ऐसे आयातक जो कि उत्पादन अथवा वाणिज्यिक बिक्री अथवा माल के वितरण से सम्बन्धित हैं वे, विदेशी संभरकों से निःशुल्क नमूने/विज्ञापन सामग्री मंगवा सकते हैं। अतः यह निश्चय किया गया है जो आयातक उत्पादन अथवा वाणिज्यिक बिक्री अथवा वितरण से संबंधित नहीं हैं वे इन रियायतों को प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। लेकिन, वे निर्यात संवर्धन परिषद और निर्यात सदन जिनके पास मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्यात सदन प्रमाण-पत्र हैं, सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा खुले सामान्य लाइसेंस 4 के अन्तर्गत तकनीकी और व्यापार नमूनों के आयात के सम्बन्ध में रियायत दी जाएगी।

(5) व्यापार नमूना वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए सम्बद्ध मद की बिक्री को बढ़ाने के लिए है। विनिर्माता द्वारा तकनीकी नमूने की आवश्यकता उसके अन्तिम उत्पाद(दों) के डिजाइन को सुधारने/उसका विकास करने के लिए है। यह स्पष्ट किया जाता है कि खुले सामान्य लाइसेंस संख्या 4 के अन्तर्गत व्यापार नमूनों के रूप में आयात की जाने वाली उस मद के लिए, सीमा शुल्क प्राधिकारी अनुमति नहीं देगा यदि विषयाधीन मद पोतलदान के समय चालू नीति के अन्तर्गत आयात के लिए अनुमेय नहीं हो। सीमा शुल्क प्राधिकारी तकनीकी नमूने के रूप में आयात की जाने वाली मद के लिए भी अनुमति नहीं देगा यदि आयातक इस मद के उत्पादन में नहीं लगा हुआ हो और न ही इस स्थिति में हो कि वह सीमा शुल्क प्राधिकारी को

संतुष्ट कर सके कि विषयाधीन मद के उत्पादन के लिए उसकी योजना सम्बन्धित प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दी गई है।

विदेशी तकनीशियनों द्वारा निजी असबाब के रूप में निर्माण औजारों का पुनः निर्यात के आधार पर आयात

301. (1) अध्ययन, अनुसंधान अथवा अन्य अनुमोदित कार्यक्रमों के लिए भारत में आने वाले विदेशी तकनीशियन/विशेषज्ञों को भारत में उनके कार्य से सम्बन्धित औजारों और उपस्करों को पुनः निर्यात के आधार पर सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही निकासी के लिए स्वीकृति दी जा सकती है और यह स्वीकृति ऐसी वचनबद्धता के अधीन होगी जिसे सीमा शुल्क प्राधिकारी आवश्यक समझें।

(2) संरचना कार्य के लिए आने वाले विदेशी तकनीशियनों को संरचना कार्य के लिए आवश्यक संरचना औजार/परीक्षण उपकरण के लिए सीमा-शुल्क निकासी परमिट के बिना ही पुनः निर्यात के आधार पर आयात करने की स्वीकृति दी जाएगी किन्तु यह सीमा-शुल्क प्राधिकारी द्वारा मांगी जाने वाली वचन बद्धता के अधीन होगा।

विदेशी प्रचारकों अर्थात् रेडियो, प्रेस, फिल्मों और दूरदर्शन दलों और दूरदर्शन कम्पनियों द्वारा उपस्करों, कोरी फिल्मों आदि का आयात।

302. (1) भारत आने वाली विदेशी दूरदर्शन कम्पनियों द्वारा आयात किए गए उपस्कर और कोरी फिल्मों को आयात व्यापार नियंत्रण से छूट दी जाएगी; इसकी शर्त यह होगी कि विदेश मंत्रालय के विदेश प्रचार प्रभाग से और जहां आवश्यक हो, गृह मंत्रालय से भी निकासी प्राप्त करने के बाद, भ्रमण विदेश मंत्रालय/सूचना और प्रसारण मंत्रालय/पर्यटन विभाग द्वारा प्रयोजित किया गया हो। निकासी की अनुमति देते समय सीमाशुल्क प्राधिकारी आयातक से बैंक गारंटी या अन्य जमानत के साथ इस सम्बन्ध में एक वचनपत्र प्राप्त करेंगे कि भारत छोड़ते समय आयातक आयातित मदों का पुनः निर्यात कर देगा।

(2) भारत में फिल्मों की शूटिंग के लिए पुनः निर्यात के आधार पर विदेशी फिल्म कम्पनियों द्वारा सिनेमा उपस्कर और कोरी फिल्म के आयात को आयात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्ध से मुक्त किया गया समझा जाएगा बशर्ते कि विषयाधीन आयात को वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा सीमा शुल्क से छूट दे दी गई हो और इस के लिए या तो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय या विदेश मंत्रालय (एक्स पी. डी.) द्वारा निकासी प्रदान कर दी गई हो।

भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, पूना द्वारा फिल्मों का आयात

303. भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार द्वारा और बाल फिल्म सोसाइटी, बम्बई द्वारा (1) उपहारों के रूप में (2) या ऋण पर (3) या विनिमय के आधार पर (4) या विभिन्न देशों से भुगतान के आधार पर फिल्मों के आयात की अनुमति आयात नियंत्रण प्रतिबन्धों के बिना दी जायेगी बशर्ते कि आयात सीमाशुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त हो।

निर्यात

निर्यात प्रतिबन्धों से छूट

304. निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 के खंड 15 की व्याप्ति के भीतर आने वाले माल के लिये किसी निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार से आयात-निर्यात नीति (जिल्द-II) 1983-84 में प्रदर्शित खुले सामान्य लाइसेंस (सो) में शामिल माल के लिये किसी निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

वास्तविक निजी असबाब

305. जिन मदों के निर्यात के लिये सामान्यतः निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता होती है और जिन्हें यात्री अपने निजी उपयोग के लिये या यादगार के रूप में भारत से बाहर ले जाना चाहते हैं, उनके लिये निर्यात लाइसेंसों के लिये **आवेदन करने की कठिनाई से यात्रियों को बचाने के लिये कुछ रियायतें दी गई हैं।**

306. बाहर जाने वाले यात्रियों के निजी वास्तविक असबाब, चाहे उनका निर्यात यात्रियों के साथ किया गया हो या उनके द्वारा भारत छोड़ने के 4 महीने पहले या बाद में निर्यात किया गया हो, निर्यात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्धों से मुक्त हैं। उपर्युक्त मामलों में सीमाशुल्कः समाहर्ता द्वारा उसके निजी विवेक से समय सीमा एक साल तक बढ़ाई जा सकती है।

307. यह रियायत केवल परिशिष्ट 5 में सूचीबद्ध उपयोग की गई या उपयोग न की गई वस्तुओं के लिये सूची में निर्धारित सीमा तक प्रतिबन्धित है बशर्ते कि वे वस्तुएं यात्री के निजी उपयोग के लिये या उसके साथ यात्रा करने वाले उसके परिवार के सदस्यों के लिये हों और अन्य पार्टियों को बिक्री या हस्तान्तरण के लिये न हों। यदि कोई यात्री ऐसी कोई वस्तु अपने साथ ले जाना चाहता हो जो परिशिष्ट 5 की सूची के क्षेत्र से बाहर है तो उसे पोत आरोहण के पत्तन या स्थल सीमा शुल्क चुंगी के सीमा शुल्क प्राधिकारियों से या साथ में न जाने वाले असबाब के मामले में निर्यात के पत्तन के सीमाशुल्क प्राधिकारियों से आवेदन करना चाहिये। सीमाशुल्क समाहर्ता अपने विवेक से निर्यात की अनुमति देने के लिये प्राधिकृत है। यदि परिशिष्ट 5 में निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा होगी तो इस सम्बन्ध में निर्यात लाइसेंस के लिये आवेदनपत्रों पर साधारणतः निर्यात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारियों द्वारा किसी नियंत्रित खाद्य वस्तु जैसे अनाज, दाल आदि वस्तुओं के अतिरिक्त के लिये विचार नहीं किया जायेगा।

पोत-भण्डार

308. विदेश में जाने वाले भारतीय जलयान और विदेशी जलयान जिन में भारतीय शिपिंग एजेन्ट हों और यात्रा के दौरान भारतीय पत्तनों से होकर जाएं तो कर्मीदल और यात्री दोनों के वास्तविक उपयोग के लिए पोतभण्डारगारों के रूप में जहाजरानी तथा परिवहन मंत्रालय परिवहन विंग द्वारा भारत के राजपत्र दिनांक 2-8-1975 में प्रकाशित अधिसूचना एस. ओ. सं. 2473 के अनुसार निर्धारित अनुपात में (परिशिष्ट 39 में दर्शाया गया) है। नियंत्रित खाद्य पदार्थ और रसद जैसे गेहूं, आटा, चावल, दाल, वनस्पति तेल आदि ले जा सकते हैं। उपर्युक्त अनुपात के आधार पर मदों का निर्यात सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा सीधे ही अनुमेय होगा।

डाक द्वारा निर्यात

309. उपहार के रूप में या वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिये डाक पार्सल द्वारा माल का निर्यात पोस्टल नोटिस सं. 13, दिनांक 3-12-1973 की शर्तों के अनुसार नियंत्रित किया गया है। पोस्टल नोटिस परिशिष्ट 17 में उद्धृत किया गया है।

310. पोस्टल नोटिस की व्याप्ति के भीतर आने वाली मदों को छोड़कर अन्य सभी मदों के निर्यात की अनुमति (दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका संघ को छोड़कर) चाहे उपहार के रूप में या वाणिज्यिक माल परेषण के रूप में निर्यात लाइसेन्सों के बिना दी जायेगी।

311. पोस्टल नोटिस में शामिल वस्तुओं वाले पार्सलों का निर्यात तब तक अनुमेय नहीं है जब तक उपयुक्त लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये निर्यात लाइसेन्सों में वे मदें शामिल न हों। लाइसेंसों के लिये आवेदन पत्र परिशिष्ट 12 में उद्धृत प्रपत्र बी. एक्स में देने चाहिए।

312. डाक पार्सल द्वारा या जलमार्ग या वायुमार्ग द्वारा भेजे गए वाणिज्यिक नमूने आयात-निर्यात नीति (जिल्द-I) 1983-84 के परिशिष्ट 17 में उद्धृत खुले सामान्य लाइसेंस-2 में शामिल हैं।

313. माल भेजने वाले का यह उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चित करे कि जिस मामले में ऐसे लाइसेंस की आवश्यकता हो, तो उस मामले में पार्सल उचित निर्यात लाइसेंस में शामिल है, ऐसा न होने पर पार्सल वापस किया जा सकता है। पार्सल पहली बार में ही डाकखाने द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है, तो इस बात की गारन्टी नहीं मिल जाती है कि निर्यात नियंत्रण की आवश्यकताएं पूरी कर ली गई हैं और डाक से भेजने की वजह से प्रतिपूर्ति या वापसी के लिये कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अध्याय 12

आयात/निर्यात व्यापार नियंत्रण विनियमनों का अतिक्रमण

314. इस समय लागू आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 और निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977, परिशिष्ट 1 और 2 में उद्धृत किए गए हैं। आयातक, निर्यातक और अन्य सम्बद्ध व्यक्ति अधिनियम और उससे सम्बद्ध आदेशों में दिए गए प्रावधानों को ध्यान पूर्वक पढ़ें क्योंकि उनका किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर उन्हें सजा दी जाएगी।

315. अधिनियम के खंड 6 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर केन्द्रीय सरकार ने अधिनियम के खंड 5 के अधीन सजा योग्य किसी भी प्रकार के अपराध के सम्बन्ध में अदालत में लिखित रूप में शिकायत करने के लिए निम्नलिखित प्राधिकारियों को प्राधिकृत किया है :—

(1) संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात (2) उप मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात (3) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अधीन सीमाशुल्क के अधिकारी (4) लोहा एवं इस्पात, नियंत्रक और लोहा एवं इस्पात उपनियंत्रक (5) केन्द्रीय जांच ब्यूरो के आर्थिक जुर्म खंड के पुलिस अधीक्षक।

316. जुर्माने के अलावा जो कि यथा-संशोधित आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अधीन लगाए जा सकते हैं जारी किए गए लाइसेन्स, जैसा भी मामला हो, आयात (नियंत्रण) आदेश या निर्यात (नियंत्रण) आदेश में उल्लिखित एक या अन्य स्थितियों में रद्द अथवा अप्रभावित किए जा सकते हैं।

आयातित माल के उपयोग की जांच करना

317. (1) वास्तविक उपयोक्ता और पंजीकृत निर्यातकों द्वारा आयातित माल के उपयोग की जांच के लिए, जांच-पड़ताल की एक प्रक्रिया विद्यमान है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत (राज्य) औद्योगिक निदेशक से और अन्य प्रायोजक प्राधिकारी से परामर्श कर लाइसेंस प्राधिकारी, वास्तविक उपयोक्ताओं ने जिस सीमा तक और जिस तरीके से आयातित माल का उपयोग किया है, उसकी जांच करेंगे और यह जांच उन शर्तों को ध्यान में रखकर करेंगे जिन शर्तों के अधीन ऐसे माल के आयात/आबंटन की अनुमति दी गई थी।

(2) जहां एक वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) को किसी भी उत्पाद के संबंध में महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली या विकास आयुक्त (लघु पैमाना उद्योग), नई दिल्ली या इलैक्ट्रोनिक विभाग, नई दिल्ली या संबद्ध प्रायोजक अधिकारी द्वारा यथा निर्धारित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम पूरा करना है तो ऐसे वास्तविक उपयोक्ता द्वारा इस प्रकार के उत्पाद के 63 विनिर्माण के लिए आयात लाइसेंस के मुद्दे या लागू आयात नीति के अन्तर्गत खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन आयातित संघटकों का उपयोग, पूरी तरह निर्धारित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम की शर्तों के अनुसार किया जाएगा। अनुमोदित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम की शर्तों का उल्लंघन करके यदि आयातित संघटकों का किसी भी प्रकार से उपयोग किया जाता है तो प्रायोजक प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपने अधिकारों का प्रयोग कर वास्तविक उपयोक्ता के विरुद्ध जो भी कार्रवाई कर सकता है उस के अलावा वास्तविक उपयोक्ता के विरुद्ध आयात व्यापार नियंत्रण विनियमों के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

318. अन्य बातों के साथ-साथ रिहाई आदेश इस शर्त के अधीन भी है कि आयातक निर्धारित तरीके से आयातित माल के उपभोग एवं उपयोग का निर्धारित तरीके से लेखा रखेगा और ऐसे लेखे को लाइसेंस प्राधिकारी/प्रायोजक प्राधिकारी या अन्य सम्बद्ध प्राधिकारी को उनके द्वारा निर्दिष्ट समय में प्रस्तुत करेगा।

319. अपराध की किस्में जिनमें आयात/निर्यात व्यापार नियंत्रण अधिनियमों के उल्लंघन के साथ-साथ आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम या उसके अधीन जारी आदेशों या उन शर्तों का उल्लंघन भी शामिल है जिनके अधीन लाइसेंस जारी किया गया था और साथ ही लाइसेंस प्राप्त करने में या आयातित माल का आबंटन प्राप्त करने में कोई गलत अभ्यावेदन या विदेश व्यापार में अन्य कोई अपराध किया गया हो तो वह भी शामिल है। सीमा-शुल्क, विदेशी मुद्रा अधिनियम आदि से सम्बद्ध अन्य कानूनों का उल्लंघन करने पर भी कार्रवाई की जाएगी।

320. जहां कोई लाइसेन्स किसी समय अस्थाई रूप से या गलती से या असावधानी से जारी किया गया है या किया गया था या लाइसेंसधारी की हकदारी से अधिक है या भ्रामक अभ्यावेदन से प्राप्त किया गया है या लागू नियमों एवं अधिनियमों के विपरीत प्राप्त किया है तो इस विषय में की जाने वाली अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना लाइसेंस प्राधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे लाइसेंसों का मूल्य घटा ले या उस मद की या किसी अन्य मद या मदों की किसी श्रेणी के अन्तर्गत लाइसेंसधारी की बाद की हकदारी में उसे समंजित करे। यह प्रक्रिया सरणीबद्ध अभिकरणों द्वारा किए गए आबंटन और रिहाई आदेश के लिए भी लागू है।

रिहाई आदेश को रद्द करना

321. लाइसेन्स प्राधिकारी आयातित माल के आबंटन के लिए जारी किए गए रिहाई आदेशों को रद्द कर सकता है या अन्यथा रूप से उन्हीं आधारों पर अप्रभावी कर सकता है जो आयात लाइसेंस को रद्द करने के लिए लागू होते हैं। रिहाई आदेश रद्द करने की कार्रवाई करने से पूर्व रिहाई आदेशधारी को मामले की सुनवाई के लिए उचित अवसर दिया जाएगा।

सनदी/लागत लेखापाल/सनदी इंजीनियर की जिम्मेदारी

322. आयात-नीति के अंतर्गत सनदी/लागत लेखापाल/सनदी इंजीनियर को विभिन्न प्रकार के दायित्वपूर्ण कार्य सौंपे गए हैं। उनसे यह आशा की जाती है कि वे सम्बद्ध आवेदक को ऐसे प्रमाण पत्र देते समय आवश्यक सावधानी और कर्त्तव्यपरायणता का उपयोग करेंगे। ऐसा करने में असमर्थ होने पर और अनुचित या गलत प्रमाणपत्र देने पर उन के विरुद्ध दण्डात्मक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है यह उन सभी व्यक्तियों के लिए बराबर लागू होगा जिन्हें आयात नीति के अधीन इसी प्रकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अध्याय 13

अप्राधिकृत आयात

वैध आयात

323. आयात लाइसेन्स के अधीन किए गए आयात को तभी विधिवत् माना जाता है जब आयातित माल का ब्यौरा, मूल्य और मात्रा लाइसेंस के अनुसार हो और संभरक देश से माल का पोत-लदान/परेषण लाइसेंस की वैध अवधि में हो जाता है।

लाइसेंसों के अधीन न आने वाले आयात

324. कोई मद जिसके लिए लाइसेन्स अपेक्षित हो यदि वह बिना वैध लाइसेंस के ही आयात की जाती है या उसकी निकासी की जाती है तो देश में उसका आगमन अप्राधिकृत माना जाएगा और माल का आयातक/स्वामी, आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और उसके अधीन जारी किए गए आदेशों के अधीन इस विषय में की गई अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना ही सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के अधीन सजा का भागी होगा।

सीमा-शुल्क के क्षेत्राधिकार

325. माल की निकासी और कर-निर्धारण का काम सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आयातित माल लाइसेंस में दिए गए ब्यौरे के समरूप है या नहीं, उनका निर्णय करना सीमाशुल्क प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार में होगा। यद्यपि लाइसेंस में दिए गए माल के सही ब्यौरे या आयात से सम्बद्ध अन्य मामले के सम्बन्ध में सन्देह होने पर सीमाशुल्क प्राधिकारी आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं; परन्तु अन्ततः मामला सीमाशुल्क प्राधिकारियों के हाथों में ही रहेगा।

संयुक्त समिति

326. वास्तविक कठिनाइयों के मामले में आयातकों की सहायता के लिए, प्रत्येक पत्तन पर लाइसेंस और सीमाशुल्क प्राधिकारियों की संयुक्त समिति बनाई गई है। समिति की नियमित बैठक होती है और आयातों से पहले एवं बाद की पूछ-ताछ और आयातकों की कठिनाइयों पर विचार करती है।

पोतलदान से पूर्व संशोधनों के लिए निवेदन

327. यदि आयातक लाइसेन्स में कोई असंगति पाता है तो उसे सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को लाइसेंस में संशोधन के लिए तत्काल आवेदन करना चाहिए। किसी भी मामले में इस प्रकार के संशोधन के लिए संभरण को देश से माल लादे जाने/प्रेषण किए जाने से पूर्व निवेदन करना चाहिए जिससे कि यदि किसी वजह से परिवर्तन या संशोधन की अनुमति नहीं दी जाती है तो आयातक अपने संभरक को आवश्यक समंजन की सलाह दे सकें। लाइसेंस में किसी संशोधन या पुनर्वैधीकरण चाहने वाले आवेदक को स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए कि उस लाइसेंस के अधीन आने वाले माल को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में पहले से ही लादा गया है/परेषण किया गया है या नहीं। इस विषय में कोई भी भूमिक/या गलत विवरण देने पर लाइसेंसधारी/आयातक पर, आयात व्यापार नियंत्रण नियमों एवं विनियमों के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

328. संभरक देश से माल के पोतलदान/परेषण के बाद लाइसेंस के संशोधन के लिए किए गए निवेदन, यदि कोई हो तो, को आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी सरसरी तौर पर रद्द कर सकता है। ऐसी अवस्था में मामला सीमा शुल्क प्राधिकारियों के पास पड़ा रहेगा इसलिए आयतकों को उस सीमा शुल्क प्राधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए जो संगत नियमों के संदर्भ में ऐसे मामलों पर विचार करेंगे।

अप्राधिकृत आयात के लिए दण्ड

329. अप्राधिकृत आयात के संबंध में लगाया गया जुर्माना/दण्ड अधिक भी हो सकता है और यहां तक की माल को जब्त भी किया जा सकता है या माल के आयात/स्वामी पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है। विशेष परिस्थितियों में, माल के आयातक/स्वामी को माल के पुनः लदान की अनुमति भी दी जा सकती है; परन्तु, ऐसे मामलों में भी माल का आयातक/स्वामी देय जुर्माने/दण्ड का भागी होगा। इसलिए, आयातक अपने भले के लिए यह आश्वासन दें कि जो कुछ भी माल देश में वे आयात कर रहे हैं वे लाइसेंस में दिए गए ब्यौरों के बिल्कुल अनुरूप हैं और न तो परेषण लाइसेंस में दिए गए मूल्य या मात्रा की सीमा से अधिक है और न ही जो कुछ भी आयात के लिए प्राधिकृत किया गया है उससे किसी भी तरह भिन्न है।

जब आयातक लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ हो तब माल की निकासी

330. उस मामले में जहां आयातक आयातित माल के लिए वैध आयात लाइसेंस रखने का दावा करता है परन्तु वह विभिन्न पत्तनों पर लाइसेंस के अधीन आने वाले माल के पहुंच जाने पर, विशेष पत्तन पर सीमा शुल्क समाहर्ता को लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है या अन्य किसी वजह से लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है तो सीमाशुल्क समाहर्ता यदि आयातक के तर्क से सन्तुष्ट होता है तो जहां तक आयात व्यापार नियन्त्रण अधिनियमों का सम्बन्ध है, आयातक द्वारा बांड या परिशिष्ट 25 में दिए गए प्रपत्र में गारन्टी पत्र प्रस्तुत करने पर माल की निकासी की अनुमति देगा। यह सीमाशुल्क समाहर्ता की इच्छा पर निर्भर होगा कि वह बाद की तिथि को माल के लिए आयात लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए आयातक से बांड या गारन्टी पत्र स्वीकार करे या न करे।

अध्याय 14

जन-सम्पर्क

331. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में जन-सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। छोटे कार्यालयों में, कार्यालय का प्रमुख अधिकारी यह कार्य स्वयं करेगा।

काउन्टर सहायता पद्धति

332. लाइसेन्सों के लिए आवेदन-पत्रों को शीघ्र निपटाने के लिए लाइसेंस कार्यालयों में "काउन्टर सहायता पद्धति" आरम्भ की गई है। इस पद्धति के अंतर्गत लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्रों को औपचारिक रूप से दाखिल करने से पहले उसकी तुरन्त जांच करने के लिए प्रत्येक लाइसेंस कार्यालय में काउंटर पर कम से कम नियंत्रक के ओहदे का एक अधिकारी उपलब्ध होगा। इसलिए आवेदक काउन्टर पर ऐसे अधिकारी से सम्पर्क कर सकता है और विधिवत् भरा हुआ अपना आवेदन-पत्र उनको दिखा सकता है। सम्बद्ध अधिकारी आवेदन-पत्र को पढ़ेगा और यदि कोई त्रुटि होगी तो उसे आवेदक को बताएगा। आवेदन पत्रों की पहले ही इस प्रकार जांच कर लेने से बार-बार पत्राचार करने में और आवेदनपत्रों को निपटाने में जो विलम्ब होता है उसमें पर्याप्त कमी होगी और इससे आवेदक को सहायता मिलेगी।

333. काउन्टर पद्धति उन छोटे संशोधनों या लाइसेन्सों के पुनर्वैधीकरण के लिए भी उपलब्ध की जा सकती है जिनमें विस्तृत जांच की आवश्यकता नहीं होती, जैसे माल की सूची में शुद्धियों के लिए आवेदन करना, लाइसेंस पर या माल की सूची पर सुरक्षा मोहर लगाना, या लाइसेंस पर लगाई गई किसी शर्त के नीचे या लाइसेंस से संलग्न माल की सूची पर लाइसेंस प्राधिकारी के हस्ताक्षर कराना। ऐसे मामलों में आवेदन-पत्र एक रसीद देकर "काउन्टर" पर लिए जाएंगे और आवेदक को लाइसेंस वापस लेने के लिए निश्चित तिथि दी जाएगी जो उक्त रसीद वापस कर देने पर दिया जाएगा।

विलम्ब की रोकथाम

334. (1) लाइसेन्सों के लिए आवेदन-पत्रों या पत्राचारों को निपटाने में होने वाले विलंब को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयत्न किया जाता है। अत्यधिक विलम्ब के मामलों की सूचना जन-सम्पर्क अधिकारी को दी जा सकती है।

(2) आयात आवेदन-पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रीय लाइसेंस कार्यालयों में एक "समयबद्ध" निपटान पद्धति आरंभ की गई है। इस पद्धति के विस्तृत ब्यौरे मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के सभी कार्यालयों में उपलब्ध हैं।

335. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को विलम्ब से संबंधित भेजी गई शिकायतों के शीर्ष पर "विलम्ब के विरुद्ध शिकायत" शब्द विशेष रूप से लिखे होने चाहिएं। ऐसी शिकायतों पर उचित समय के भीतर कार्रवाई की जाए इसको सुकर बनाने के लिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी शिकायतें दो प्रतियों में भेजें।

पूछ-ताछ स्लिप

336. यदि किसी आवेदक को उसके आवेदन-पत्र की तिथि से 15 दिनों की अवधि (संशोधित/पुनर्वैधीकरण के मामले में 10 दिन) के भीतर उसके आवेदन-पत्र का उत्तर प्राप्त नहीं होता है और वह आवेदक अपने मामले की स्थिति का पता लगाना चाहता है, तो वह परिशिष्ट 30 में दिए गए प्रपत्र में पूछताछ स्लिप भरे और उसे सम्बद्ध लाइसेंस कार्यालय में पूछताछ काउन्टर पर दे। जन-सम्पर्क अधिकारी/पूछ-ताछ अधिकारी सम्बन्धित सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदक को तिथि और समय बताएगा। उसे सूचना एकत्र करने के लिए दी गई तिथि और समय पर कार्यालय से सम्पर्क करना चाहिए।

आयात/निर्यात नीति और क्रियाविधियों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण

337. आयात-निर्यात नीति, 1983-84 के अध्याय 20 के उपबंधों की ओर विशेष ध्यान दिलाया जाता है। जो व्यक्ति आयात-निर्यात नीति और संबन्धित क्रियाविधियों के संबंध में किसी प्रकार का मार्ग दर्शन प्राप्त करना चाहते हैं, वे क्षेत्रीय कार्यालयों के जन-संपर्क अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। यदि वे जन-संपर्क अधिकारी द्वारा दी गई सूचना से संतुष्ट नहीं हैं तो उनको कार्यालय अध्यक्ष से मिलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात भी व्यापार और उद्योग सदनों/संस्थाओं से/नीति और क्रियाविधियों के सम्बन्ध में पत्रों पर सहर्ष विचार करेगा। एक ही विषय पर बार-बार में स्पष्टीकरण न देना पड़े, इसके लिए वे अपने प्रश्न मासिक आधार पर समेकित कर सकते हैं। मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात प्रश्नकर्ताओं और वाणिज्य विभाग के प्रकाशनों के लिए चन्दा देने वाले व्यापार सदनों और संस्थानों को उत्तर परिचालित करेंगे।

मुलाकात

338. सामान्य रूप से सभी मामले पत्राचार द्वारा तय कर लेने चाहिए, परन्तु अपने मामले की स्थिति को सुनिश्चित करने के लिए आवेदक द्वारा पूछ-ताछ स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध की जा सकती है। लेकिन, जिन मामलों में पूछ-ताछ स्लिप में दी गई सूचना से या अपील के सम्बन्ध में आवेदक संतुष्ट न हुआ हो और वह व्यक्तिगत रूप से मामले पर लाइसेंस अधिकारी से विचार विमर्श करना आवश्यक समझता हो, तो वह संबद्ध अधिकारी से मुलाकात कर सकता है। उचित मामलों/परिस्थितियों में मुलाकातों के लिए उन आवेदनों पर भी विचार किया जा सकता है जिसमें आवेदक ने उपर्युक्त पैरा 336 में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग न किया हो।

339. (1) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से और क्षेत्रीय लाइसेंस कार्यालयों के मुख्य अधिकारियों से मुलाकात करने की व्यवस्था उनके निजी सचिवों के माध्यम से करनी चाहिए।

(2) अन्य अधिकारियों से मुलाकात की व्यवस्था सामान्यतः प्रत्येक कार्यालय से सम्बद्ध पूछताछ कार्यालय के माध्यम से होनी चाहिए। आवेदक को मुलाकात का उद्देश्य और अपने मामले का ब्यौरा निर्धारित प्रपत्र, देखिए परिशिष्ट-16, में देना चाहिए। जन सम्पर्क अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए प्रपत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। विशेष रूप से बाहर से आने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रपत्र में सूचना न देने पर मामले का ब्यौरा देते हुए, अनुरोध करने पर उनको मुलाकात करने का मौका दिया जाए।

(3) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या इस से ऊपर के अधिकारी आवेदक द्वारा परिशिष्ट 16 का प्रपत्र भरे बिना भी अत्यावश्यक मामलों में मुलाकात की अनुमति दे सकते हैं।

340. जब तक अन्यथा रूप से प्राधिकृत न किया गया हो, मुलाकात केवल उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या इससे ऊपर के अधिकारियों द्वारा मंजूर की जाएगी। यह बात नोट कर लेनी चाहिए कि मुलाकात बुक कराने वाला व्यक्ति आवेदक फर्म या कम्पनी का मालिक/साझीदार/संचालक होना चाहिए या उसका नियमित कर्मचारी होना चाहिए या वह व्यक्ति आवेदक फर्म द्वारा उस लिखित प्राधिकारपत्र द्वारा प्राधिकृत होना चाहिए जो मुलाकात बुक कराते/मांगते समय पूछ-ताछ अधिकारी और मुलाकात अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। मुलाकात चाहने वाले व्यक्ति को ऐसी मुलाकातों से सम्बन्धित सभी अनुदेश जो सभी लाइसेंस कार्यालयों में नोटिस बोर्ड पर लिखे हुए हों या अन्यथा प्रकाशित किए गए हों, का अनुपालन करना चाहिए। लेकिन, आयात व्यापार नियंत्रण संगठन के कर्मचारियों के कमरों में प्रविष्टि या स्टाफ के साथ व्यक्तिगत रूप से सम्बन्ध पर कठोर प्रतिबन्ध है।

341. (1) एक लाइसेन्स प्राधिकारी अपनी निजी समझ-बूझ से उस व्यक्ति को मुलाकात के लिए मना कर सकता है जो आवेदक फर्म या कम्पनी का मालिक/साझीदार/संचालक न हो या उसका नियमित रूप से कर्मचारी न हो चाहे, उस व्यक्ति के पास आवेदक फर्म का प्राधिकार पत्र क्यों न हो।

(2) आयातकों और निर्यातकों को अपने निजी हित के लिए उन व्यक्तियों (फर्म या कम्पनी के या इनके नियमित रोजगार में स्वामी/साझीदार/संचालक से भिन्न) के नाम और पूर्ण पते देते हुए अग्रिम सूचना सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजनी चाहिए जो उनके मामलों को लाइसेंस कार्यालयों में प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने प्राधिकृत किए हैं। ऐसी सूचना सम्बद्ध लाइसेंस कार्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी को अधिक से अधिक 15 मई, 1983 तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद ऐसे व्यक्तियों को मुलाकात की अनुमति केवल तब दी जाएगी जब कि उन के नामों की सूचना विधिवत् प्राप्त हो गई हो। इन में वे मामले शामिल नहीं होंगे जिनमें मुलाकात प्राधिकारी अन्य विश्वसनीय कारणों से व्यापार/उद्योग मंडल/संघ आदि के सदस्यों को मुलाकात की अनुमति देगा।

(3) वे आयातक और निर्यातक जिन्होंने 1982-83 में उपर्युक्त उप-कंडिका (2) के अंतर्गत लाइसेंस प्राधिकारियों को सूचनाएं भेज दी थीं, उन्हें पुनः वही सूचना भेजने की तब तक आवश्यकता नहीं है जब तक कि पहले भेजे गए नामों में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

अध्याय 15

विविध

पंजीकरण का पत्तन

342. आयात तथा निर्यात नीति 1982-83 के अन्तर्गत जारी किया गया प्रत्येक आयात लाइसेंस भारत में किसी भी सीमा शुल्क पत्तन (वायु सीमा शुल्क सहित) के माध्यम से माल के आयात के लिए वैध होगा। किसी भी प्रकार का पृष्ठांकन नहीं किया जाएगा या इस सम्बन्ध में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। अतः प्रत्येक लाइसेंसधारी को सलाह दी जाती है कि वह अपने लाइसेन्स को सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 और उसमें बताए गये नियम एवं क्रियाविधि के अन्तर्गत पत्तन के उस उचित सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराये जिसके माध्यम से वह आयात करना चाहता है।

खण्डित लाइसेंस

343. (1) लाइसेन्स प्राधिकारी विभिन्न सीमा शुल्क पत्तनों पर माल की निकासी के लिए या आर. ई. पी. लाइसेंसों के आंशिक रूप से हस्तान्तरण के लिए प्रमुख लाइसेंस के बदले में 'खंडित' लाइसेंस जारी करने के आवेदनों पर विचार कर सकते हैं। लाइसेंसधारी को 'खंडित' लाइसेंसों के लिए अपने आवेदन के समर्थन में पर्याप्त औचित्य प्रस्तुत करना चाहिए। 'खंडित' लाइसेंसों के लिए आवेदन पर सीमा शुल्क पत्तन पर केवल मुख्य लाइसेंस के पंजीकरण के पूर्व ही विचार किया जाएगा। (एक ही सीमा शुल्क कार्यालय के विभिन्न भागों के माध्यम से माल की निकासी के लिए लाइसेंसधारी नीचे की कंडिका 343 के अन्तर्गत पूरक लाइसेंस प्राप्त कर सकता है)।

(2) "खंडित" लाइसेंस जारी करते समय मुख्य लाइसेंस का मूल्य तदनुरूप घट जाएगा। 'खण्डित' लाइसेंस की वही वैधता अवधि होगी जो मुख्य लाइसेंस की है।

(3) वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को जारी किए गए आटोमैटिक लाइसेंसों के मामले में 'खण्डित' लाइसेंस पर एक शर्त यह होगी कि वे निषेध मदों के आयात के लिए वैध नहीं होंगे।

(4) निर्यात सदनों, व्यापार सदनों को जारी किए गए अतिरिक्त लाइसेन्सों के मामले में 'खंडित' लाइसेन्स जारी करते समय लाइसेंस प्राधिकारी निम्न प्रकार से मुख्य लाइसेंस पर और प्रत्येक 'खण्डित' लाइसेंस पर भी पृष्ठांकन करेगा :—

> "लाइसेंसधारी इस बात का सुनिश्चय करेगा कि यदि मुख्य लाइसेंस और 'खण्डित' लाइसेंस दोनों को मिला दिया जाए तो उनके मद्दे एकल मद के आयात का मूल्य निर्धारित अधिकतम मूल्य सीमा से अधिक नहीं होगा और इस सम्बन्ध में वह सम्बद्ध प्रविष्टि बिल पर एक घोषणा भी करेगा।"

दूसरी ओर लाइसेंसधारी को मुख्य अतिरिक्त लाइसेंस और इसके 'विखण्डित' लाइसेंसों की प्रत्येक मद के लिए अनुमेय अधिकतम मूल्य सीमा को विभाजित करने की स्वतन्त्रता होगी और यह तब तक होगी जब तक कि नीति के अधीन अनुमेय उस मद का अधिकतम मूल्य/मदवार मूल्य आयात के लिए अनुमेय कुल मूल्य से अधिक न हो जाता हो।

(5) आर. ई. पी. लाइसेंसों (अतिरिक्त लाइसेंसों से भिन्न) के सम्बन्ध में भी 'खण्डित' लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदनों पर विचार किया जा सकता है बशर्ते कि :—

(1) मांगे गए "खण्डित" लाइसेंस का मूल्य 5 लाख रुपये से कम न हो और इसके साथ-साथ मुख्य लाइसेंस में बाकी रहा शेष मूल्य भी 5 लाख रुपए से कम न हो, और

(2) जहां मुख्य लाइसेंस एक मद के आयात के लिए प्रतिशत, मूल्य सीमा और साथ ही साथ सम्पूर्ण अधिकतम मूल्य सीमा दोनों के अधीन वैध हो तो मुख्य लाइसेंस और साथ ही साथ 'खंडित' लाइसेंस पर प्रतिशत मूल्य सीमा की अतिरिक्त उपयुक्त विशिष्ट अधिकतम मूल्य सीमा भी चिह्नित होगी जिससे कि 'खंडित' लाइसेंस का मद-वार मूल्य अनुमेय सीमाओं से अधिक न हो जाए।

(6) उन मामलों में भी 'खंडित' लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदनों पर विचार किया जा सकता है जिनमें आर. ई. पी. लाइसेंस का धारक आर. ई. पी. लाइसेंस का एक भाग हस्तांतरण करना चाहता हो और शेष भाग 'वास्तविक उपयोक्ता' शर्त के साथ उपयोग करना चाहता हो। ऐसे मामलों में उपर्युक्त उप-कंडिका 5 में आने वाले मामलों को छोड़कर मुख्य लाइसेंस के मद्दे एक से अधिक 'खंडित' लाइसेंस नहीं जारी किया जाएगा।

(7) 'खंडित' लाइसेंस के लिए आवेदन पत्रों के निर्धारित आवेदन शुल्क के भुगतान को दर्शाते हुए प्रत्येक खंडित लाइसेंस के लिए 25 रुपए की बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट लगा होना चाहिए।

पूरक लाइसेंस

344. (1) एक ही सीमा शुल्क कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के माध्यम से माल की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए पत्तन के लाइसेंस प्राधिकारी वर्तमान लाइसेंस के आधार पर सहायक लाइसेंस जारी करने के आवेदन-पत्रों पर विचार करेंगे। सहायक लाइसेंस प्राप्त करने के सम्बन्ध में किसी भी पत्तन के लाइसेंस प्राधिकारी को आवेदन-पत्र दिया जा सकता है। मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, नई दिल्ली मुख्यालय से जारी किये गये लाइसेंसों के विषय में ऐसे अन्य आवेदन पर भी क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी विचार करेंगे।

(2) **हवाई अड्डों पर सामान की निकासी के लिए सहायक लाइसेंस**:—हवाई अड्डों के सीमा शुल्क प्राधिकारियों के माध्यम से सामान की निकासी के लिए सहायक लाइसेंस प्राप्त करने के सम्बन्ध में आये आवेदनों पर भी विचार किया जायेगा।

(3) **सहायक लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र**:—सहायक लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र भेजते समय आवेदक को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :—

(1) सहायक लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र सामान भेजने वाले देश से सामान की रवानगी/लदान से काफी पहले भेजना चाहिए।

लेकिन, एक लाइसेंस प्राधिकारी मुख्य लाइसेंस समाप्त हो जाने पर लाइसेंसधारी को मुख्य लाइसेंस की वैधता अवधि के दौरान माल की निकासी में समर्थ बनाने के लिए सहायक लाइसेंस प्रदान करने के आवेदन-पत्र पर विचार कर सकते हैं।

(2) मूल लाइसेंस के मूल्य को ध्यान में न रखते हुए सहायक लाइसेंस की सुविधा देने पर विचार किया जायेगा।

(3) यदि सहायक लाइसेंस दे दिया गया हो तब भी उसके सम्बन्ध में अंकित मूल्य के प्रतिबन्ध या मूल लाइसेंस पर लागू होने वाली अन्य शर्तें लागू होंगी। आयातक को यह छूट है कि वह आवेदन करें और स्वीकार्य सीमा तक अंकित मूल्य प्रतिबंध वाली मदों के लिए विशेष रूप से वैध अलग से सहायक लाइसेंस प्राप्त करें। मुख्य या मूल लाइसेंस के मुवद अनुमित प्रतिबंधित वस्तुओं का मूल्य दिखाने वाले ये लाइसेन्स अप्रतिबंधित मदों के आयात के लिये भी वैध होंगे।

(4) सहायक लाइसेंसों के आवेदन-पत्र के साथ प्रत्येक सहायक लाइसेन्स के लिए निर्धारित 25-रु. की आवेदन-फीस की अदायगी के प्रमाण के रूप में खजाना रसीद भी संलग्न की जानी चाहिए।

(5) सहायक लाइसेंस की वैधता अवधि वही होगी जो मुख्य लाइसेंस की होगी। यदि मुख्य या मूल लाइसेंस का पुनर्वैधीकरण किया गया हो तो वह सहायक लाइसेंस पर भी लागू होगा। सामान की निकासी की सुविधा के लिये लाइसेंस प्राधिकारी सहायक लाइसेंस पर वैधता अवधि लिखेंगे।

(6) संदर्भ और जांच की सुविधा के लिये सहायक लाइसेंस पर मुख्य लाइसेंस की संख्या और तारीख पृष्ठांकित की जायेगी।

सहायक लाइसेंस जारी करते समय लाइसेंस प्राधिकारी सहायक लाइसेंस के मूल्य/मदों की सीमा तक माल की निकासी और परेषण के लिए मुख्य लाइसेंस को अवैध कर उस पर उचित (सीमा शुल्क और मुद्रा विनिमय नियंत्रण दोनों प्रतियों पर) पृष्ठांकन करेंगे। लाइसेंस प्राधिकारी को यह स्वतन्त्रता होगी कि वह केवल सीमा-शुल्क प्रति के लिए अनुपूरक लाइसेंस जारी करे और न कि मुख्य लाइसेंस की मुद्रा विनियम नियंत्रण प्रति के लिए ।

प्रतिस्थापन लाइसेंस

345. (1) पहले आयात किया हुआ माल जो खराब पाया गया था या प्रयोग के लिये दोषपूर्ण पाया गया था या आयात के बाद खो गया था या नष्ट हो गया था, उस माल के बदले में आयात किये गये माल की निकासी खुले सामान्य लाइसेंस सं 4 के अधीन अनुमेय की जाएगी बशर्ते कि उक्त खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन निर्धारित शर्तें पूर्ण कर दी गई हों। ऐसे प्रतिस्थापन आयात के सम्बन्ध में पोतलदान उस तिथि से 24 मास के भीतर करना चाहिए जिस तिथि से सीमा शुल्क द्वारा पहले ही आयात किए गए माल की निकासी की गई हो या मशीनों या उनके पुर्जों के मामले में गारन्टी अवधि के भीतर पोतलदान करना चाहिए। उन मामलों में जहां पोतलदान 24 मास के भीतर नहीं किया गया है, सामान्यतया उस पर विचार नहीं किया जायेगा। लेकिन, आवेदक के नियंत्रण के बाहर के कारणों की वजह से वास्तविक कठिनाइयों वाले मामले में लाइसेंस प्राधिकारी प्रत्येक मामले के निवेदन पर गुणवत्ता के आधार पर विचार करेगा। ऐसे मामलों में, आवेदकों को चाहिए कि वे वही दस्तावेज प्रस्तुत करें जो आयात के लिए खुले सामान्य लाइसेन्स 4 में निर्धारित किए गए हैं और यह कारण भी बताएं कि खुले सामान्य लाइसेंस 4 के अधीन आयात क्यों नहीं किए जा सके ।

(2) उन मामलों में जहां माल कम लाया गया हो, कम उतारा गया हो या वास्तविक आयात से पूर्व पारगमन में खो गया हो, और उसका पता सीमा शुल्क के माध्यम से निकासी के समय चला हो, तो वहां माल की कमी पूरी करने के लिए कोई लाइसेन्स नहीं जारी किया जायेगा। उन मामलों में जहां मूल लाइसेंस की वैधता अवधि समाप्त हो गई हो, वहां ऐसे माल के पुनः आयात को सरल बनाने के लिए लाइसेंस को पुनः वैध किया जायेगा।

(3) उपर्युक्त उप-कंडिका (1) और (2) में न आने वाले मामलों में प्रतिस्थापन लाइसेंस जारी करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी आवेदन-पत्र पर गुणवत्ता के आधार पर विचार कर सकते हैं। ऐसे आवेदन-पत्र सम्बद्ध आवेदकों की श्रेणी के लिए संगत प्रपत्र में दिए जाने चाहिए।

पूर्तिकर्ताओं को भुगतान

346. (1) यदि खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत माल का आयात किया जाना है तो, विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत विक्रेता इस बात से संतुष्ट होने पर कि जिन वस्तुओं के आयात के लिए आदेश दिया गया है, वे वस्तुएं खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत शामिल की गयी हैं, तो उनके संबंध में वे साख-पत्र खोल सकते हैं या अन्य प्रकार से धन भेज सकते हैं।

(2) जो वस्तुएं खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत नहीं आतीं, उनके संबंध में जब तक आयातकर्ता के पास विदेशी मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रति सहित एक वैध आयात लाइसेंस न हो तब तक न तो साख-पत्र खोला जा सकता है और न ही विदेशी मुद्रा भेजी जा सकती है। विदेशी मुद्रा के किसी प्राधिकृत विक्रेता को यदि विदेशी मुद्रा के प्रेषण के लिए आवेदन भेजना हो, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह प्राधिकृत विक्रेता को लाइसेन्स की एक प्रति प्रस्तुत करे जिस पर "विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी प्रयोजनों के लिए" लिखा होना चाहिए।

(3) यह नोट कर लेना चाहिए कि सौदे तय करने के प्रयोजन से जिस अवधि के लिए साख-पत्र खुला रखा जाना चाहिए। उसे निर्धारित करने के लिए कोई भी साख-पत्र खोलते समय खुले सामान्य लाइसेंस या वैध लाइसेंस के समाप्त होने की तारीख को ध्यान में रखा जाना चाहिए ।

347. **लदान सम्बन्धी दस्तावेज प्राप्त करने से पहले कोई राशि न भेजी जाये:**—यह नोट कर लिया जाये कि यद्यपि सामान के लदान/रवानगी से पहले लाइसेंस की विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति के आधार पर साख-पत्र खोला जा सकता है, लेकिन उसका प्रेषण तभी संभव होगा जब लदान संबंधी दस्तावेज प्राप्त हो चुके हों। पूंजीगत माल और भारी विद्युत संयंत्रों के लाइसेंस के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी पूर्तिकर्ताओं को बयाने की राशि के रूप में आंशिक भुगतान करने का प्राधिकार दे सकता है।

348. (1) आयात लाइसेन्स में दिया गया मूल्य हमेशा आयात की जाने वाली वस्तुओं के मूल्य के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर होता है, और उसमें पूर्तिकर्ता/विनिर्माता द्वारा आयातकर्ता या एजेन्ट को दिया गया कमीशन भी शामिल होता

है। सीमा-शुल्क के प्रयोजनों के लिए आयात-लाइसेंस की राशि के नामे डाले जाने वाला मूल्य, आयात की गयी वस्तुओं के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर होगा और इसका निर्धारण सीमा शुल्क प्राधिकारी करेंगे। आयात लाइसेंस के अंतर्गत दी गयी वस्तुओं के मूल्य की अदायगी के संबंध में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण विनियम लागू होंगे और इस राशि में विदेशी पूर्तिकर्ताओं/विनिर्माताओं द्वारा आयातकर्ताओं/एजेन्टों को दिया जाने वाला कमीशन, छूट और इसी प्रकार की अन्य कटौतियों को शामिल नहीं किया जाएगा। अतः लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस पर इस आशय की एक शर्त विशेष रूप से लिखेगा कि इसके मद्दे किए जाने वाले प्राधिकृत भुगतान में विदेशी पूर्तिकर्ताओं/विनिर्माताओं द्वारा भारत के आयातकर्ताओं/एजेंटों को दिया जाने वाला कमीशन, छूट और इसी प्रकार की अन्य कटौतियां शामिल नहीं होंगी।

टिप्पणी:—(1) वस्तुओं के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य में जहाज के कुलियों का खर्च भी शामिल है, क्योंकि यह भी भाड़े का ही एक भाग है और ऐसे खर्च लाइसेंस के नामे डाले जाते हैं।

(2) यदि सामान पोत निःशुल्क लादा गया हो तो लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का पूरी तरह उपयोग नहीं हो सकता। ऐसे मामलों में, रुपयों में भुगतान करने के लिए बीमे और भाड़े की लागत के लिए कुछ गुंजाइश रखनी पड़ती है। जब भाड़े या बीमे की रकम का भुगतान भारत में रुपयों में हुआ हो, तो उस राशि को विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत विक्रेता के लाइसेंस के मूल्य में से घटा दिया जाएगा।

सीमा-शुल्क सदनों द्वारा आयात लाइसेंस को अन्तिम रूप से नामे डालना

349. सीमा-शुल्क कार्यालय कभी-कभी आयातित वस्तुओं के 'भारित मूल्य को अनन्तिम रूप से आयात लाइसेंसों की राशि के नामे डाल देते हैं। बाद में जांच करने के पश्चात् या किसी अपील पर कोई लाइसेंस-अवधियों के बाद लदान की मात्रा कम कर दी जाती है 'भारित मूल्य' में कमी के कारण लाइसेंस का पुनर्वैधीकरण नहीं किया जाएगा।

लाइसेंसों के संयुक्त धारकों के रूप में बैंक

350. (1) जहां किसी आयातकर्ता ने किसी बैंक के माध्यम से एक अपरिवर्तनीय साख-पत्र खोला हो और बाद में वह बिल की अदायगी न कर पाए और उस संबंधित बैंक ने विदेशी पूर्तिकर्ताओं को विदेशी मुद्रा में भुगतान करने का वचन भी दिया हो तो बैंक को आयात करने में काफी कठिनाई होती है क्योंकि उसके पास लाइसेंस नहीं होता। ऐसी संभावना से बचने के लिए विनियम बैंक या जिन प्राधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से साख-पत्र खोला गया हो उन्हें उस सीमा तक लाइसेंस का संयुक्त धारक समझा जाएगा, जहां तक वे वस्तुएं उस क्रेडिट के अन्तर्गत आती हों, इससे बैंक विदेशी पूर्तिकर्ताओं के साथ किए गए वचन का पालन कर सकता है। इस सम्बन्ध में क्रिया-विधि का उल्लेख परिशिष्ट 27 में किया गया है।

(2) इस पैरा के उप-पैरा (1) में उल्लिखित मामलों में और उन मामलों में भी जहां सामान किसी बैंक या किसी राज्य वित्त निगम के पास बंधक हो और उधारकर्ता अपनी शर्तों को पूरा न करे तो जैसा भी मामला हो, बैंक या राज्य वित्त निगम के पास रखे आयातित सामान के संबंध में यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10 ग के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में इस पुस्तक के पैरा 374 में लिखी कार्य पद्धति के अनुसार वास्तविक उपयोक्ताओं या राज्य व्यापार निगम/खनिज और धातु व्यापार निगम, राज्य लघु उद्योग या इसी प्रकार की किसी अन्य एजेन्सी को सामान बेचा जा सकता है।

विदेशों में मरम्मत होने के बाद माल का पुनः आयात

351. जो माल आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अनुच्छेद 11(1) (ट) के अधीन नहीं आते हैं और जो मरम्मत करवाने और बाद में वापस मंगवाने के लिये निर्यात किए जाते हैं, उन मामलों में आयातक को पहले से ही आयात लाइसेंस प्राप्त करना चाहिये और मरम्मत करवाने के लिये माल का निर्यात संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से उनके लिए पुनः आयात लाइसेंस प्राप्त करने के बाद करना चाहिए। जहां माल की मरम्मत करवाने के बाद पुनः आयात में विदेशी मुद्रा का मामला शामिल होता है, वहां मरम्मत, भाड़ा एवं बीमा की लागत के लिये प्रेषित की जाने वाली धन-राशि लाइसेंस के आवेदन-पत्र में संकेतित होनी चाहिए।

उपर्युक्त प्रावधान मरम्मत आदि के लिए बाहर भेजे गए भारतीय मूल की मदों के लिए भी लागू होगा। लेकिन, ऐसे मामलों में महानिदेशक, तकनीकी विकास से इस सम्बन्ध में एक प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा कि विषयाधीन माल की भारत में मरम्मत नहीं की जा सकती।

टिप्पणी:—अधिकृत विदेशी सम्वाददाताओं के मामलों में व्यावसायिक उपकरणों की मरम्मत के लिए आवेदनपत्रों पर प्रेस सूचना ब्यूरो की सिफारिश पर विचार किया जाएगा।

आयात/निर्यात लाइसेंसों/सीमाशुल्क निकासी परमिटों/रिहाई आदेशों की अनुलिपि प्रतियां

352. जहां लाइसेंस, (अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस सहित) सीमा-शुल्क निकासी परमिट या रिहाई आदेश खो जाता है या अस्थानस्थ हो जाता है तो अनुलिपि प्रति के लिये आवेदनपत्र पर केवल तभी विचार किया जायेगा जब संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी निवेदन की प्रमाणिकता के बारे में संतुष्ट हो जाता है।

353. जिन पत्तन पर लाइसेन्सधारी ने लाइसेन्स पंजीकृत करवाया है, उसके सम्बन्ध में घोषणापत्र के साथ ऐसे आवेदनपत्र मूल लाइसेंस/रिहाई आदेश जारी करने वाले लाइसेंस प्राधिकर को भेजे जाने चाहिये। ऐसे आवेदन-पत्रों के साथ आवेदन शुल्क के रूप में 25 रु. की बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट और परिशिष्ट 20 में निर्धारित स्टाम्प पेपर पर उचित न्यायिक प्राधिकारी के सम्मुख विधिवत् शपत लेकर एक शपथपत्र भी होना चाहिये।

354. लाइसेन्स/रिहाई आदेश की अनुलिपि प्रति को अनुलिपि के रूप में चिन्हित किया जायेगा (आयात लाइसेन्सों के मामले में सीमा-शुल्क निकासी और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियां दोनों पर) और लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट शब्दों में निम्न प्रकार से पृष्ठांकन किया जाएगा :—

"चूंकि लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश सं. ------------------ दिनांक ....

का पूर्ण मूल्य या आंशिक मूल्य------रु. तक उपयोग करने पर रद्द कर दिया गया था, इसके बदले में लाइसेन्स/सीमा-शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश जारी किया गया है" ।

355. लाइसेंस की अनुलिपि जारी करने की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा उस सीमाशुल्क प्राधिकारी को भेजी जाएगी जिसके पास मूल लाइसेंस पंजीकृत करवाया है। उन मामलों में जहां लाइसेंस सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत करवाने से पूर्व खो गया है, उसकी सूचना सभी सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को भेजी जायेगी। मूल लाइसेंस रद्द करने के आदेश भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए जायेंगे।

रिहाई आदेश के मामले में अनुलिपि रिहाई आदेश जारी करने की सूचना सम्बद्ध सरणीबद्ध अभिकर्ता को भेजी जायेगी।

356. 1-4-78 या इससे पूर्व जारी किये गये स्वतंत्र रूप से हस्तान्तरणीय आर.ई.पी. लाइसेंसों के मामले में कोई अनुलिपि प्रति जारी नहीं की जाएगी। लेकिन, ऐसे मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी केवल उस स्थिति में अनुलिपि लाइसेंस प्रदान करने के लिये आवेदनपत्रों पर विचार कर सकते हैं जहां मूल लाइसेंस खो गया हो, या आयात तथा निर्यात नियंत्रण संगठन में अस्थानस्थ हो गया हो तो ऐसे आवेदन-पत्रों के लिए संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा निर्णय लिया जायगा। (उन मामलों में जहां उप मुख्य नियंत्रक ही सब से बड़ा अधिकारी है, वहां जिस क्षेत्र में वह कार्यालय पड़ता है वहां के संयुक्त मुख्य नियंत्रक का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

दो प्रतियों में जारी किया गया लाइसेंस

357. सामान्यतः आयात लाइसेंस की दो प्रतियां जारी की जाती हैं। इनमें से एक प्रति, जो सीमा शुल्क के प्रयोजन के लिए होती है, आयातकर्ता को आयात किए गए माल को छुड़ाने के लिए प्रविष्टि बिल के साथ सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी। दूसरी प्रति अर्थात विदेशी मुद्रा नियंत्रण प्रति आयातकर्ता साख-पत्र प्राप्त करने के लिए या विदेशी मुद्रा भेजने के लिए बैंक को प्रस्तुत करेगा। जिन मामलों में विदेशी मुद्रा न भेजी जानी हो, उनमें लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति जारी नहीं की जाती ।

बेचे गए, पुराने या मरम्मत किए गए माल का आयात

358. (1) 7 दिसम्बर, 1955 को यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अनुसार प्रत्येक लाइसेंस की एक शर्त यह है कि जब तक लाइसेंस में अन्यथा निर्दिष्ट न हो, जिन वस्तुओं के लिए लाइसेंस दिया गया है वे निपटान किए गए माल से भिन्न नयी वस्तुएं होंगी। निपटाने योग्य वस्तु चाहे वे नई ही क्यों न हों, उनको नई नहीं समझा जाएगा ।

(2) निपटाए जाने वाले या पुराने अथवा मरम्मत किए गए माल के आयात के लिए आवेदन मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के पूर्व अनुमोदन के बिना स्वीकार नहीं किए जाएंगे। लेकिन, मरम्मत किए गए पुराने पूंजीगत माल के आयात के लिए इस पुस्तक के अध्याय 5 में दी गई क्रिया-विधि लागू होगी।

लाइसेंस/रिहाई आदेश देने से इन्कार किया जाना

359. (1) लाइसेंस प्राधिकारी निम्नलिखित मामलों में लाइसेंस/रिहाई आदेश देने से इन्कार कर सकता है:—

(क) यदि आवेदन-पत्र 7 दिसम्बर, 1955 को यथा-संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की किसी भी शर्त के अनुरूप न हो;

(ख) यदि आवेदन-पत्र में कोई झूठा, छलपूर्ण या भ्रामक वक्तव्य हो;

(ग) यदि आवेदक ने आवेदन-पत्र की पुष्टि में कोई ऐसा प्रलेख प्रस्तुत किया हो जो झूठा हो या जाली हो या फेर बदल वाला हो;

(घ) यदि लाइसेंस/रिहाई आदेश के लिए दिया गया आवेदन-पत्र किसी भी प्रकार से त्रुटिपूर्ण हो और निर्धारित नियमावली और क्रियाविधि के अनुसार न हो;

(ङ) यदि आवेदक संबंधित और लागू आयात व्यापार नियंत्रण नीति और क्रियाविधि के अनुसार लाइसेंस/रिहाई आदेश पाने का पात्र न हो;

(च) यदि आवेदक कोई ऐसा प्रलेख प्रस्तुत न कर पाये जिसे लाइसेंस प्राधिकारी ने मांगा हो;

(छ) यदि आवेदक लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर अपने आवेदन-पत्र में किसी कमी को पूरा नहीं कर पाता;

(ज) यदि लाइसेंस/रिहाई आदेश प्राप्त करने के लिए आवेदक ने गलत तरीकों का इस्तेमाल किया हो; और

(झ) कोई भी अन्य कारण जिसका उल्लेख लिखित रूप में किया गया हो।

(2) लाइसेंस प्राधिकारी 7 दिसम्बर, 1955 को यथा-संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 6 की शर्तों के अनुसार भी लाइसेंस देने से इन्कार कर सकता है।

360. निर्यात सम्बन्धी दायित्व को पूरा करने के लिए आयातकर्ता को परिशिष्ट 22 में उल्लिखित बांड का फार्म भरना होगा।

अनुसंधान एवं विकास एककों को मान्यता

361. औद्योगिक संस्थानों से संलग्न ऐसे अनुसन्धान एवं विकास एकक जो खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयात नीति 1983-84 के लाभ प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे केन्द्रीय सरकार से मान्यताप्राप्त करने के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग, नई दिल्ली को आवेदन कर सकते हैं। आवेदनपत्र परिशिष्ट-19 में निर्धारित प्रपत्र में 12 प्रतियों में सचिव, विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, तकनीकी भवन, नई महरौली रोड, नई दिल्ली-110016 को भेजे जाएंगे। मान्यता साधारणतः 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाती है जिसकी समाप्ति संबंधित वित्तीय वर्ष की 31 मार्च होती है। कुछ मामलों में मान्यता कम अवधि के लिए भी प्रदान की जाती है। मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदनपत्र परिशिष्ट-19 "क" में निर्धारित प्रपत्र में 6 प्रतियों में अंतिम तिथि से तीन मास पूर्व भेजे जाने चाहिए।

362. लेकिन, निम्नलिखित संस्थाओं के मामले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग से अलग स्वीकृति लेनी आवश्यक नहीं है :—

(1) केन्द्रीय या राज्य सरकार के अधीन केन्द्रीय सरकार के अनुसन्धान विभाग और/या शिक्षण संस्था (सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को छोड़कर);

(2) सी एस आई आर, आई सी ए आर और आई सी एम आर की सभी प्रयोगशालायें;

(3) सभी विश्वविद्यालय, आई आई टी, भारतीय विज्ञान संस्था और भारतीय खान विद्यालय, धनबाद;

(4) विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग के साथ परामर्श करने पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा अधिसूचित की गई अन्य संस्थायें;

(5) संसद या सम्बद्ध राज्य के विशेष अधिनियम द्वारा निर्धारित सभी संस्थायें।

(6) औद्योगिक क्षेत्र के सभी संघ जो सी एस आई आर/मंत्रालय से सहायक अनुदान प्राप्त कर रहे हैं।

वास्तविक उपयोक्ता के व्यापार के नाम, गठन या स्वामित्व में परिवर्तन

363. जब तक हस्तान्तरी द्वारा पूर्ण रूप से या व्यक्तिगत रूप से हस्तान्तरक के वैध आभारों और दायित्वों को ले नहीं लिया जाता है तब तक लाइसेंसधारी के नाम, गठन या स्वामित्व में परिवर्तन को प्रभावित करने के लिये मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली का अनुमोदन आवश्यक नहीं है।

नाम में परिवर्तन

364. जहां इसके परिणामस्वरूप व्यापार/क्रियाकलाप या लाइसेंसधारी की पहचान में कोई परिवर्तन नहीं होता है अर्थात् अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति से कोई हस्तान्तरण नहीं होता (उसके नाम में) तो वर्तमान लाइसेंस में किसी आवश्यक संशोधन के लिये इस लाइसेंसधारी को उस लाइसेंस प्राधिकारी के पास आवेदन करना चाहिये जिसने लाइसेंस जारी किया था। ऐसे निवेदन सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से किए जाने चाहिये।

365. परिवर्तन की तिथि के बाद लाइसेंस के लिये दिये गये प्रथम आवेदन पत्र में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होना चाहिये कि उसके विनिर्माता के व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था में परिवर्तन किये बिना उसके नाम में परिवर्तन हुआ है। यदि लागू आयात नीति की शर्तों के अनुसार ऐसे आवेदन-पत्र सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से न भेज कर सीधे ही लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने की जरूरत पड़े तो वास्तविक उपयोक्ता अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रायोजक प्राधिकारी के लिये इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि प्रायोजक प्राधिकारी के पास वास्तविक नाम का पंजीकरण तदनुसार संशोधित कर दिया गया है।

स्वामित्व या गठन में परिवर्तन

366. जहां पर वास्तविक उपयोक्ता के व्यापार के नाम में परिवर्तन होने पर या परिवर्तन हुए बिना उसके स्वामित्व या गठन (विभाजन द्वारा परिवर्तन भी उसमें शामिल है) में परिवर्तन होता है तब निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे:—

(1) यदि मूल स्वामी ने सम्बद्ध औद्योगिक एकक में आयातित मशीन या अन्य कोई आयातित माल रखा था तो उसे सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी से नये स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, व्यापार हस्तान्तरित करने की पूर्व अनुमति लेनी चाहिये। मूल स्वामी को भी सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को परिवर्तन की सूचना देनी चाहिये। उस मामले में जहां किसी साझीदार के प्रवेश करने या अलग हो जाने से या मृत्यु हो जाने के कारण व्यापार की व्यवस्था में परिवर्तन होता है और पुनः स्थापित फर्म उनके नाम या पते में परिवर्तन किये बिना ही सारा व्यापार सम्भाल लेती है तो प्रायोजक प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। मूल फर्म को केवल परिवर्तन की सूचना लाइसेंस प्रदान करने वाले और सम्बद्ध प्रायोजित प्राधिकारियों को भेजनी चाहिये।

(2) ऊपर उल्लिखित (1) में परिवर्तन होने पर, मूल स्वामी को चाहिए कि हस्तान्तरित की जाने वाली सभी मशीनरी एवं एकक में उपयोग किए जाने के लिए आयातित सभी सामग्री को नये स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, के नाम में हस्तान्तरित कर दे।

(3) जहां मूल स्वामी को आयात लाइसेंस जारी किया गया हो और उक्त लाइसेंस के मद्दे माल के आयात से पूर्व व्यापार के स्वामित्व या गठन में परिवर्तन हो जाता है, तो आयात नियंत्रण आदेश, 1955 की शर्तों के अनुसार व्यापार के वास्तविक और नये स्वामी को, जिस लाइसेंस प्राधिकारी ने लाइसेंस जारी किया था, उसे नये स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, के नाम में लाइसेंस हस्तान्तरण की अनुमति के लिये संयुक्त आवेदनपत्र देना चाहिये। आवेदन पत्र नये स्वामी के प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से दिया जाना चाहिये और आवेदनपत्र में यह स्पष्ट कर देना चाहिये कि व्यापार के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में वास्तविक स्वामी के लिये उचित अनुमोदन प्रायोजक प्राधिकारी से ले लिया है या नहीं जैसा कि ऊपर उपखंड (1) में बताया गया है।

(4) यदि परिवर्तन के समय कोई अप्रयुक्त लाइसेंस पास में नहीं है तो नए स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम को जैसा भी मामला हो, परिवर्तन की तिथि के बाद लाइसेंस के लिये दिये गये प्रथम आवेदनपत्र में यह स्पष्ट सूचित करना चाहिये कि व्यापार के स्वामित्व या गठन में परिवर्तन हो चुका है। यदि वर्तमान आयात नीति की शर्तों के अनुसार ऐसे आवेदनपत्र सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को न भेज कर लाइसेंस प्राधिकारी को सीधे ही भेजने आवश्यक हों तो आवेदनपत्र के साथ इस आशय का साक्ष्य होना चाहिये कि व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था के सम्बन्ध में वास्तविक स्वामी के लिये प्रायोजक प्राधिकारी का पूर्ण अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है और नये स्वामी को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के पास विधिवत् पंजीकृत करवा दिया गया है।

367. जहां वास्तविक उपयोक्ता फैक्टरी या आयातित मशीनरी का केवल एक ही हिस्सा हस्तान्तरित करता है या वह व्यापार या फैक्टरी जिसके लिये उक्त माल आयात किया गया था, उसे बेचे बिना जब कोई वास्तविक उपयोक्ता किसी अन्य आयातित माल को बेचने का प्रस्ताव रखता है; या जहां वास्तविक उपयोक्ता अपनी फैक्टरी/विनिर्माण करने वाले व्यापार को बेच देता है, परन्तु खरीददार सम्बद्ध औद्योगिक एकक से सम्बन्धित आयातित कच्चे माल, संघटक, उपभोज्य सामग्री या फालतू पुर्जे प्राप्त नहीं करता है और वास्तविक उपयोक्ता को ऐसा माल दूसरी पार्टी को बेचना पड़ता है, तो

ऐसी बिक्री इस अध्याय में अन्यथा रूप से निर्धारित प्रक्रिया और आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10-सी द्वारा नियंत्रित होगी।

368. प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के आधार पर लाइसेंसों के हस्तान्तरण के आवेदनपत्रों पर लाइसेंस प्राधिकारी केवल उन्हीं मामलों पर विचार करेगा जहां आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन हस्तान्तरी लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित या निलम्बित नहीं हुआ हो। उसी प्रकार से प्रायोजक प्राधिकारी व्यापार के हस्तान्तरण के निवेदनों पर केवल उन्हीं मामलों में विचार करेंगे जब हस्तांतरक और हस्तांतरी दोनों ही आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित या निलम्बित न किये गये हों।

369. उपर्युक्त प्रावधान पंजीकृत निर्यातकों को जारी किये गये लाइसेंसों के लिये भी समान रूप से लागू होंगे। ये केवल आयात नीति, 1978-79 के अधीन जारी किये गये आर. ई. पी. लाइसेंसों में लागू नहीं होंगे, यदि वे स्वतन्त्र रूप से हस्तान्तरणीय हों।

आयातित माल का हस्तान्तरण करना/उधार देना

370. जहां वास्तविक उपयोक्ता जिस उद्देश्य के लिये माल प्राप्त करता है, उसके लिये आयातित माल का उपयोग करने में असमर्थ होता है या आयातित माल उसकी आवश्यकताओं से अधिक है, तो वह सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी की लिखित अनुमति से अन्य वास्तविक उपयोक्ता को ऐसे आयातित माल को हस्तान्तरित कर सकता है या उधार दे सकता है बशर्ते कि क्रेता और विक्रेता वास्तविक उपयोक्ता (उधार देने वाला और लेने वाला) एक ही प्रायोजक प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में हों।

371. जहां तत्सम्बन्धी प्रायोजक प्राधिकारी अलग-अलग हों, परन्तु संविदा करने वाले वास्तविक उपयोक्ता उसी राज्य या संघ क्षेत्र में स्थित हों, तो (राज्य) उद्योग निदेशक, आयातित माल के हस्तान्तरण करने/उधार देने की लिखित अनुमति दे सकता है और बाद में उसका अनुश्रवण भी कर सकता है।

372. अन्य मामलों में, लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति आवश्यक है। हस्तान्तरण की शर्तों पर सहमत होने पर दोनों वास्तविक उपयोक्ताओं अर्थात् क्रेता और विक्रेता को क्रेता वास्तविक उपयोक्ता के प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से आवेदन करना चाहिए।

373. उपर्युक्त व्यवस्थाएं खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयातित या सरणीबद्ध अभिकरण से प्राप्त किए गए माल के लिए भी लागू होंगी।

सार्वजनिक क्षेत्र अभिकरण को आयातित माल का हस्तांतरण

374. सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण या राज्य (लघु) उद्योग विकास निगम को आयातित माल हस्तांतरित करने के लिये प्रायोजक प्राधिकारी या लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति अपेक्षित नहीं है। वास्तविक उपयोक्ता रजिस्टर्ड डाक द्वारा केवल ऐसे हस्तांतरण की सूचना 30 दिन की अवधि के भीतर लाइसेंस प्राधिकारी और प्रायोजक प्राधिकारी को भेजेगा।

अनुसूचित बैंकों द्वारा आयातित माल का निपटान

375. अनुसूचित बैंकों के पास पड़े हुए माल के निपटान में उपर्युक्त प्रक्रिया वहां लागू होगी जहां (क) जिस लाइसेंस के मद्दे माल का आयात किया गया था उसके संयुक्तधारक के रूप में सीमाशुल्क से माल की निकासी करवा ली गई हो या (ख) आयात किया गया माल बैंक के पास लाइसेंसधारी द्वारा गिरवी रखा हुआ हो और लाइसेंसधारी विषयाधीन माल को छुड़वाने की स्थिति में न हो बशर्ते कि बैंक ने बिक्री के लिए वैध अधिकार प्राप्त कर लिया है।

376. जब राज्य व्यापार निगम/धातु एवं खनिज व्यापार निगम या इसी प्रकार के अन्य अभिकरण बैंक से आयातित माल खरीदने के इच्छुक न हों और बैंक प्रायोजक प्राधिकारी या प्रसिद्ध अखबारों के उचित विज्ञापन के माध्यम से ऐसे माल का कोई अन्य क्रेता नहीं ढूंढ पाता है तो बैंक माल की नीलामी की अनुमति के लिए सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से सम्पर्क कर सकता है, बशर्ते कि लाइसेंसधारी बिक्री के लिए सहमत हो या बैंक के पास वैध संविदा सम्बन्धी शर्तों के अन्तर्गत अन्यथा रूप से माल बेचने के लिए वैध अधिकार हो।

राज्य (लघु) औद्योगिक विकास निगम सहित सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकर्ताओं द्वारा माल का निपटान

377. जहां कुछ वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण ने माल आयात किया हो और ये वास्तविक उपयोक्ता माल उठाने में असमर्थ हों तो लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति के बिना दूसरे वास्तविक उपयोक्ता को माल बेच सकते हैं, परन्तु उस बिक्री की सूचना इसमें बिक्री की तिथि से 30 दिनों के भीतर लाइसेंस प्राधिकारी को भेजी जानी चाहिए।

सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान

378. सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान, सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में दूसरे वास्तविक उपयोक्ता को, आयातित कच्चे माल, संघटक, उपभोज्य सामग्री या फालतू पुर्जे हस्तांतरित कर सकते हैं। जो एकक हस्तांतरणों को प्रभावी करते हैं उन्हें ऐसे हस्तांतरण की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऐसे हस्तांतरण का विवरण रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रायोजक प्राधिकारी के साथ साथ लाइसेंस प्राधिकारी को भी भेजना चाहिए। उपर्युक्त व्यवस्थाओं के अधीन न आने वाले मामले के लिये लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक है।

पूंजीगत माल का हस्तांतरण

379. (1) फालतू पुर्जे, उसके सहायक पुर्जे (या संलग्नक) सहित पूंजीगत माल के आयात किये जाने की तिथि से 10 वर्ष बीत जाने के बाद उस माल को केवल वास्तविक उपयोक्ताओं के नाम में हस्तांतरण के लिये लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक नहीं होगी। लेकिन, उसकी सूचना बिक्री के दिन से 30 दिनों के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रायोजक प्राधिकारी के साथ-साथ लाइसेंस प्राधिकारी को भी भेजी जानी चाहिए। यह क्रेता पर निर्भर है कि वह सुनिश्चित करे कि विषयाधीन माल खरीदने पर वह लाइसेंस में दी गई/प्राधिकृत की गई क्षमता को नहीं बढ़ाएगा।

(2) उपर्युक्त उप-कंडिका (1) में न आने वाले पूंजीगत माल के हस्तान्तरण से संबंधित मामले उपर्युक्त कंडिकाओं 370--387 में दर्शाए गए प्रावधानों के अनुसार निपटाए जाएंगे।

मुक्त व्यापार क्षेत्रों में आयातित माल का हस्तांतरण

380. मुक्त व्यापार क्षेत्र में आयात किये गए माल के हस्तांतरण अथवा ऋण के लिये निम्नलिखित क्रियाविधि लागू होगी :—

(1) आयातित माल संबंधित क्षेत्र के विकास आयुक्त की लिखित अनुमति के आधार पर उसी क्षेत्र में दूसरे एकक को हस्तान्तरण अथवा ऋण के रूप में दिया जा सकता है।

(2) मुक्त व्यापार क्षेत्रों में आयातित माल को उस क्षेत्र से बाहर स्थित एकक को ऋण के रूप में देने की अनुमति नहीं होगी।

(3) उन मामलों में जहां क्षेत्र में स्थित एकक आयातित माल को उस प्रयोजन के लिये उपयोग में लेने में असमर्थ है जिसके लिये उसका आयात किया गया था अथवा उक्त माल उसकी आवश्यकता से अधिक है तो वह माल क्षेत्र से बाहर वास्तविक उपयोक्ता अथवा सार्वजनिक क्षेत्र अभिकरण को संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के आधार पर हस्तांतरित किया जा सकता है बशर्ते कि (1) मामला संबंधित क्षेत्र के विकास आयुक्त और क्रेता के प्राधिकृत प्राधिकारी (जहां क्रेता एक वास्तविक उपयोक्ता है) द्वारा भेजा गया हो (2) क्षेत्र की सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को सीमा-शुल्क, अन्य खर्चें, यदि कोई हो तो, का भुगतान होने पर क्षेत्र से बाहर माल ले जाने में कोई आपत्ति नहीं है।

सामान्य

381. (1) उपर्युक्त सभी मामलों में क्रेता और विक्रेता वास्तविक उपयोक्ताओं को आयातित कच्चे माल/पूंजीगत माल आदि का मूल्य निर्धारण करना चाहिए।

(2) उन सभी मामलों में जहां प्रायोजक प्राधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति से उधार दिया जाता है/हस्तांतरण होता है, क्रेता और विक्रेता दोनों वास्तविक उपयोक्ता को चाहिए कि उस तरह हस्तांतरित किये गये/अधिप्राप्त किये गये माल की मात्रा का ब्यौरा परिशिष्ट 18 में निर्धारित किए गए के अनुसार आयातित माल के भंडार की प्राप्ति और उपभोग के लिये रखे गये रजिस्टर में प्रविष्टि करें।

(3) वास्तविक उपयोक्ता द्वारा खरीदे गये आयातित माल का मूल्य, उसका वर्तमान लाइसेंस यदि कोई हो तो, उसके लिये/सामान्य हकदारी के लिये नामे नहीं डाला जायेगा।

(4) अखबारी कागज उधार देने/हस्तांतरण करने के मामले में अखबारी कागज (नियंत्रण) आदेश लागू होंगे।

(5) उपर्युक्त कंडिकाओं 370-380 में दर्शाए गए प्रावधान उन आयातित माल पर लागू होंगे जो अग्नि में नष्ट हो गए है अथवा उपयोग के लिए ठीक नहीं है।

उद्योग संघ, सार्वजनिक क्षेत्र निगम और निर्यात सदनों व्यापार सदनों के माध्यम से आयातों के लिए योजना

382. (1) सार्वजनिक क्षेत्र निगम, सहकारिता समितियों उद्योग संघ और उनके मान्यता प्राप्त निर्यातों सदनों/व्यापार सदनों को लघु एककों को उनकी कच्चे माल, संघटकों, उपभोज्य सामग्री और फालतू पुर्जों की आयात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए अनुमति दी जाएगी। वे सम्बद्ध एककों को माल के आयात और वितरण के लिए इस प्रकार के एककों की ओर से निम्नलिखित निर्धारित प्रावधानों के अधीन समेकित लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं :

(1) इस योजना के अन्तर्गत सम्बद्ध अभिकरण (अर्थात् एक संघ, सहकारिता समिति सार्वजनिक क्षेत्र, निगम, निर्यात सदन/व्यापार सदन) उन एककों के बारे में समेकित आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा जो उसी राज्य में स्थित हैं और उसी उद्योग में लगे हुए हैं जिन्हें पर्याप्त रूप से आयात की उन्हीं मदों की आवश्यकता है। आवेदन पत्र उसी क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी को किए जाएंगे जिसके क्षेत्राधिकार में औद्योगिक एकक स्थित हों। प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के एककों के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र दिए जाने चाहिए।

(2) संघों और सहकारिता समितियों के मामले में केवल उन्हीं के आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा जिन्हें इस प्रयोजन के लिए सम्बद्ध राज्य उद्योग निदेशक द्वारा मान्यता प्राप्त है।

(3) आवेदन पत्र परिशिष्ट I में दिए गए प्रपत्र "ट" में भेजे जाने चाहिए। इनके साथ एक संबद्ध एकक के ब्यौरे, उनके नाम और पते (कारखाने के पते सहित) विनिर्मित अन्तिम-उत्पाद, प्रत्येक मामले में मद वार आवेदित मूल्य और तत्संबंधी कुल मूल्य देते हुए एक विवरण होना चाहिए। प्रत्येक सम्बद्ध एकक द्वारा इस सम्बन्ध में एक घोषणा पत्र भेजा जाना चाहिए कि आयातित माल का उपयोग "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के अनुसार उसके अपने कारखाने में किया जाएगा। आटोमेटिक लाइसेंस के मामले में प्रत्येक एकक का खपत प्रमाणपत्र भी भेजा जाना चाहिए। अनुपूरक लाइसेंसों के लिए अभिकरण को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से आवेदन करना चाहिए और खपत प्रमाण पत्र को छोड़कर उपर्युक्त विवरण भेजे जाने चाहिए और प्रत्येक एकक के लिए एक नोट भेजा जाना चाहिए जिसमें अनुपूरक लाइसेंसों का औचित्य दर्शाया जाना चाहिए।

(4) ऐसे समेकित आवेदन पत्रों के लिए भुगतान किए जाने वाले आवेदन पत्र शुल्क की गणना आवेदित कुल मूल्य के आधार पर की जाएगी।

(5) इस योजना के अधीन 'नए' या 'प्रस्तावित' एकक शामिल नहीं किए जाएंगे।

(6) सम्बद्ध आवेदक अभिकरण के नाम में आयात के लिए अनुमेय मदों, की सूची और मूल्य और/या प्रत्येक मद के लिए मात्रा के साथ जारी किए जाएंगे क्योंकि लाइसेन्स का कुल मूल्य सीमाकारी तत्व होंगे।

(7) आयात लाइसेंस इन शर्तों के अधीन होगा कि अभिकरण उन सम्बद्ध एककों को आयातित कच्चे माल का वितरण करेगा जिनकी ओर से उसने लाइसेंस प्राप्त किया है और वितरण से संबद्ध रिपोर्ट संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी और सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को भेजेगा।

2. यह योजना "सीधे" आबंटन योजना के अधीन आने वाली सरणीबद्ध मदों के आबंटन प्राप्त करने के लिए भी लागू होगी। विस्तृत जानकारी के लिए अभिकरणों को संबद्ध सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण के साथ सम्पर्क स्थापित करना चाहिए।

3. यह योजना कुटीर क्षेत्र के एककों या व्यक्तिगत उपयोक्ताओं जैसे मछुए/कृषक आदि को उनके मान्यता प्राप्त संघ या सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों के माध्यम से आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी लागू होगी।

4. उपर्युक्त ढंग से प्रदान किया गया कोई लाइसेंस/सीधा आबंटन इस शर्त के अधीन होगा कि इस प्रकार प्राप्त माल उन वास्तविक उपयोक्ताओं को अभिकरणों द्वारा आबंटित किया जाएगा जिनके नाम पर लाइसेंस/सीधे आबंटन के लिए आवेदन पत्र दिया गया था; उनके बदले में, उक्त लाइसेंस आबंटन में भाग लेने वाले प्रत्येक लघुपैमाना एकक व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार वास्तविक उपयोक्ता शर्तों के अधीन होंगे; मानो कि लाइसेंस/सीधा आबंटन उनके अपने खुद के नाम में और उनके पक्ष में किया गया था।

5. खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत जैसा भी मामला हो, ऐसे व्यक्तियों को जिनके पास अपने आयातित मोटर वाहन या कृषि ट्रैक्टर हैं, उनके अपने उपयोग के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक मोटर/ट्रैक्टर के लिए 5,000/- रुपए लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य तक के लिए मोटर वाहन/कृषि ट्रैक्टरों के फालतू पुर्जों का आयात खुले सामान्य लाइसेंस में निर्धारित शर्तों के अधीन अनुमत किया गया है। इस सुविधा का उपयोग ऐसे पंजीकृत संघों/सहकारी समितियां द्वारा जिनके पास उनके सदस्य के रूप में आयातित मोटर वाहन या कृषि ट्रैक्टर हैं, अपने सदस्यों के नाम में मोटर-वाहनों और कृषि ट्रैक्टरों के फालतू पुर्जों का आयात करने के लिए भी किया जा सकता है। आयातित माल की निकासी के समय और आयात के प्रति प्रेषण के समय संबंधित संघ/सहकारी समिति, सीमा-शुल्क प्राधिकारियों/विदेशी मुद्रा के व्यापारियों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे :—

(क) उन सदस्यों के नाम की सूची जिनकी ओर से आयात किया गया है जिसमें (1) सदस्य का नाम और पता, (2) सदस्य द्वारा प्राप्त आयातित मोटर-वाहन/ट्रैक्टर का मेक (3) वाहन/ट्रैक्टर के पंजीकरण प्रमाण पत्र की संख्या एवं दिनांक (4) तिथि जिस तक पंजीकरण प्रमाण पत्र वैध है और (5) संबंधित सदस्य के लिए आयातित फालतू पुर्जों का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य दिया गया हो।

(ख) प्रत्येक सदस्य से इस संबंध में संघ/सहकारी समिति द्वारा विधिवत् प्रति हस्ताक्षरित एक घोषणा पत्र कि सदस्य ने मोटर वाहन अधिनियम, 1839 के अन्तर्गत करों का अद्यतन भुगतान कर दिया है और उसी वित्तीय वर्ष के दौरान पहले से आयातित उसी मोटर वाहन या कृषि ट्रैक्टर के ऐसे माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 5000/- रुपये से अधिक नहीं है। घोषणा पत्र में, संबंधित सदस्य को यह भी बताना चाहिए कि उसने संबंधित संघ/सहकारी समिति को अपनी ओर से आयात करने के लिए प्राधिकृत किया है।

(ग) संगत कानून के अन्तर्गत संबंधित संघ अथवा सहकारी समिति का वर्तमान वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र।

एक शर्त यह होगी कि आयातकर्ता संघ/सहकारी समिति द्वारा उस प्रत्येक सदस्य को आयातित पुर्जे संभरित किए जाएंगे जिसके लिए आयात किया जाता है। संघ/सहकारी समिति ऐसे सभी आयात और वितरण का (रजिस्टर के रूप में) लेखा रखेंगे और यह लाइसेन्स प्राधिकारियों अथवा इनकी ओर से किसी भी अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा हर समय निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा। लेकिन, वास्तविक उपयोक्ता की शर्त ऐसे सभी मामलों में इसी प्रकार लागू होगी जैसा कि आयात प्रत्येक सदस्य द्वारा अपनी इच्छा से सीधे ही किया गया हो।

6. उपर्युक्त उप-कंडिका (5) के अन्तर्गत ट्रैक्टर के फालतू पुर्जों के आयात, सम्बद्ध राज्य के ट्रैक्टर के अलग-अलग स्वामियों की ओर से राज्य एग्रो-इन्डस्ट्रीज कार्पोरेशन द्वारा भी किए जा सकते हैं। लेकिन उनके मामले में उप-कंडिका (5) में विस्तृत क्रियाविधि लागू नहीं होगी। इसके अतिरिक्त वे नियमों के अधीन निर्धारित सम्बद्ध प्रविष्टि बिल या अन्य किसी दस्तावेज में यह घोषणा करेंगे कि "फालतू पुर्जों का आयात लागू आयात नीति के प्रावधानों के अधीन उन आयातित ट्रैक्टर के अलग-अलग स्वामियों की ओर से किया गया है जो (राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम दिया जाना है) में स्थित हैं"। इस बातका सुनिश्चय करने का उत्तरदायित्व निगम का होगा कि ट्रैक्टर के वे अलग-अलग स्वामी जो उनके माध्यम से सम्भरण प्राप्त करते हैं वे उसी लाइसेन्स अवधि के दौरान उपर्युक्त उप-कंडिका (5) में उल्लिखित किसी भी संघ/सहकारी समितियों के माध्यम से या स्वयं सीधे ही उनका आयात नहीं करते हैं।

एजेन्टों के माध्यम से आयात

383. (1) 1978-79 से लागू आयात नीति में लाइसेंसधारी की ओर से लाइसेंस के मद्दे माल को आयात करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को प्राधिकृत करते हुए प्राधिकारपत्र जारी करने की लाइसेंस प्राधिकारी के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। लाइसेंसधारी को एतद्द्वारा यह अधिकार दिया जाता है कि लाइसेंस द्वारा अनुमित आयातों को व्यवस्था करने के लिए अपने एजेन्ट के रूप में किसी भी व्यक्ति को नियुक्ति करें। लेकिन, लाइसेंस लाइसेंसधारी के ही नाम में रहता रहेगा और लाइसेंसधारी या प्राधिकारपत्र के धारक के कर्तव्यों और आभारों के संबंध में आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अन्य प्रावधान संबद्ध व्यक्तियों पर क्रमशः लागू रहेंगे अन्य शर्तों और कानूनी आवश्यकताओं के अधीन लाइसेंसधारी के लिए यह स्वतंत्रता होगी कि वह अपना निजी प्राधिकारपत्र निश्चित करें। परन्तु ऐसे प्राधिकारपत्र के धारक के कार्य इन बातों तक सीमित होंगे कि वह आदेश दे, साख-पत्र खोले, माल का आयात करने के लिए भुगतान के धन का परेषण करें, माल के संचालन की व्यवस्था करें और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के खण्ड 147 को ध्यान में रखते हुए लाइसेंसधारी की ओर से सीमा शुल्क के माध्यम से माल की निकासी करायें और विषयाधीन लाइसेंस के प्रचालन से सम्बन्धित किसी अन्य मामले की व्यवस्था करें, परन्तु इसके स्वामित्व की नहीं।

(2) वर्तमान आयात नीति के उप-पैरा (1) में दी गई सुविधाएं निर्यात गृहों तथा व्यापारिक गृहों को आयात के लिए उपलब्ध नहीं होंगी क्योंकि आयात लाइसेंस "अहस्तांतरणीय" चिह्नित हैं। उदाहरणतः अतिरिक्त लाइसेंस या आर ई पी लाइसेंस अहस्तांतरणीय चिह्नित हैं। इस प्रकार के लाइसेंस के लिए निर्यात गृहों/व्यापारी गृहों को अपनी ओर से लाइसेंस का संचालन करने या आयातित वस्तुओं का वितरण करने के लिए एजेन्ट नियुक्त करने या प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुमति नहीं चाहिए। इस प्रकार के कार्य स्वयं निर्यात सदन व्यापार सदन को ही करने चाहिए। निर्यात गृह या व्यापारिक गृह को किसी विशेष लाइसेंस या आयातित मदों के संबंध में वैध कारणों से एजेन्ट नियुक्त करना आवश्यक हो तो पूर्व अनुमति के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए जिस पर मुख्य नियंत्रक पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और वह उन शर्तों के अधीन होगा जो लगाई जा सकें।

(3) उपर्युक्त उप कंडिका (1) में व्यवस्थित सुविधा विदेशी मशीनरी/औजार विनिर्माता के भारतीय अभिकर्ताओं को उन मामलों में उपलब्ध नहीं होगी जहां लागू सम्बद्ध आयात नीति के प्रावधानों के अधीन स्टाक और बिक्री के लिए फालतू पुर्जों के आयात के लिए ऐसे अभिकर्ताओं को लाइसेंस जारी कर दिए गए हों।

384. (1) खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत माल का आयात करते समय कोई व्यक्ति केवल आदेश देने, माल का संचालन करने या सीमाशुल्क के माध्यम से माल की निकासी की व्यवस्था करने के लिए एजेन्ट की सेवाओं का उपयोग कर सकता है, परन्तु धन परेषण के लिए या साख-पत्र खोलने के लिए नहीं। खुले सामान्य लाइसेंस की सुविधा के लिए हकदार व्यक्ति एजेन्ट के कार्य या अकार्य से उत्पन्न उन्हीं कानूनी आभारों और जुर्मानों का पात्र समझा जाएगा जिनके लिए अन्यथा रूप से वह स्वयं पात्र होता।

(2) निम्नलिखित मामलों में एजेन्ट भी पात्र आयातकों की ओर से साख-पत्र खोल सकते हैं और धन का परेषण कर सकते हैं:—

(1) केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक या अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उच्चतर शिक्षा के संस्थानों और अस्पताल के लिए माल का आयात करने वाले एजेन्ट।

(2) सरकार के विभागों, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अपने निजी या इन के द्वारा नियंत्रित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित सांविधिक निकायों के लिए माल का आयात करने के लिए एजेन्ट।

(3) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किए गए वैध निर्यात गृह/व्यापार गृह प्रमाणपत्रों के धारक और वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से माल का आयात करने वाले निर्यात सदन व्यापार सदन।

(4) राज्य के सम्बद्ध उद्योग निदेशक द्वारा मान्यता प्राप्त और अपने सदस्यों की ओर से माल का आयात करने वाली सहकारी समितियां या वास्तविक उपयोक्ताओं के संघ।

(5) वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से माल आयात करने वाले सार्वजनिक उपक्रम अभिकरण।

(3) उपर्युक्त उपकंडिका (2) में शामिल मामलों में आयातित माल सम्बद्ध सहकारी समिति/संघ या अभिकर्ता द्वारा लाभग्राही वास्तविक उपयोक्ता को दिया जाएगा। ऐसे सारे आयातों और माल के वितरण का लेखा (रजिस्टर के रूप में) रखा जाना चाहिए और यह लेखा प्रत्येक समय लाइसेंस प्राधिकारी और प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

(4) यदि आयातित माल का किसी भी तरीके से दुरुपयोग किया जाएगा या ऐसे एजेन्ट द्वारा आयात नीति (सम्बन्धित लाइसेंस के उपयोग के सम्बन्ध में) में किसी प्रकार का उल्लंघन किया जाएगा तो उपर्युक्त व्यवस्थाओं से लाइसेंसधारी को मुक्ति नहीं मिल जाएगी या किसी भी प्रकार से उसे आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अंतर्गत उत्तरदायित्वों से छुटकारा नहीं मिल जाएगा।

लाइसेंसों का संशोधन/पुनर्वैधीकरण

385. लाइसेंस के संशोधन या पुनर्वैधीकरण के लिए सभी आवेदन केवल लाइसेंसधारी द्वारा किए जाएंगे। उसका यह भी उत्तरदायित्व होगा कि वह ऐसे संशोधन या पुनर्वैधीकरण प्राप्त करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी के सामने लाइसेंस प्रस्तुत करें। यह कार्य अभिकर्ता द्वारा निष्पादित नहीं किया जा सकता है।

कन्टेनरों का उपयोग

386. कम लागत पर आयात करने में देश को समर्थ बनाने के लिए लाइसेंसधारी या खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति एक ही स्थान/पोतलदान के पत्तन से आरम्भ होने वाले अपने आयातों को कन्टेनरों में अधिक परिमाण में भर सकते हैं।

सहयोगी व्यापार संस्थाएं

387. आयात/निर्यात नीति और क्रियाविधियों के उद्देश्य के लिए व्यापार संस्थाएं आपस में सहयोगी हैं या नहीं, इसका सुनिश्चय करने के लिए निम्नलिखित मापदण्ड होंगे :—

(1) दोनों व्यापार संस्थाओं का आय-कर निर्धारण संयुक्त रूप से होता हो या स्वामित्व सामान्य हो; या

(2) दोनों व्यापार संस्थाओं का आयकर निर्धारण अलग-अलग होता हो और उनका स्वामित्व सामान्य न हो; परन्तु

(क) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था का साझीदार जिसका उस संस्था में प्रमुख भाग हो, वह दूसरी व्यापार संस्था का मालिक हो; या

(ख) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था में साझीदार या कुछ साझीदार दूसरी व्यापार संस्था में प्रमुख भाग रखता हो या रखते हों; या

(3) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था लिमिटेड कम्पनी हो और लिमिटेड कम्पनी का संचालक दूसरी व्यापार संस्था में मालिक के रूप में रुचि रखता हो; या

(4) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था दूसरी संस्था का परामर्शदाता हो या ठेकेदार हो; या

(5) व्यापार संस्थाएं मूल रूप से संचालकों के सामान्य बोर्ड सहित लिमिटेड कम्पनी हों या एक ही परिसर में स्थित पंजीकृत कार्यालयों के साथ लिमिटेड कंपनी हों।

388. कीटनाशक का आयात कोई भी व्यक्ति जो खुले सामान्य लाइसेंस या लाइसेंस के अधीन भुगतान के मद्दे या मुफ्त नमूने के रूप में या अन्यथा रूप से कीटनाशक का आयात करना चाहता है, उसे चाहिए कि वह आयात के ब्यौरों को दर्शाते हुए पादप सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार फरीदाबाद को इस की सूचना भेजे। जिस प्रपत्र में यह सूचना दी जानी चाहिए उसे परिशिष्ट-40 में दर्शाया गया है।

परिशिष्ट

परिशिष्ट-1

आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम

30 अप्रैल, 1979 तक यथा-संशोधित आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम--1947

यह अधिनियम आयात एवं निर्यात को निषिद्ध करने या नियंत्रित करने के लिए है, चूंकि आयात और निर्यात को निषिद्ध, प्रतिबंधित या अन्यथा नियंत्रित करने के लिए यह आवश्यक है।

इसलिए एतद्द्वारा यह अधिनियम बनाया जाता है :--

1. संक्षिप्त नाम, व्याप्ति, प्रारंभ और अवधि

(1) यह अधिनियम, आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 कहलाएगा।

(2) यह सम्पूर्ण भारत में लागू होगा।

(3) यह 25 मार्च, 1947 से लागू होगा।

2. **परिभाषा** :--इस अधिनियम में जब तक संदर्भ में अन्यथा रूप से आवश्यक न हो :--

(क) "न्याय प्राधिकारी" का अर्थ है खण्ड 4ट के अंतर्गत या उसमें विशिष्टिकृत प्राधिकारी;

(ख) "अपील प्राधिकारी" का अर्थ है, खण्ड-4-ढ में उल्लिखित प्राधिकारी;

(ग) "मुख्य नियंत्रक" का अर्थ है, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात;

(घ) "नियंत्रण आदेश" का अर्थ है इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाया गया या बनाया गया समझा जाने वाला नियंत्रण आदेश;

(ङ) "सीमा शुल्क केन्द्र" का अर्थ वही है जो सीमा शुल्क अधिनियम 1962 में उसके लिए दिया हुआ है;

(च) "उप-मुख्य नियंत्रक" का अर्थ है, उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात;

(छ) "आयात" और "निर्यात" का अर्थ है समुद्री जहाज, स्थल वाहन या हवाई जहाज द्वारा क्रमशः भारत में सामान लाना या बाहर भेजना;

(ज) "प्राधिकार-पत्र" का अर्थ है एक ऐसा पत्र जिसमें लाइसेंसधारी को प्राधिकृत किया गया हो कि उस को प्रदान किए गए लाइसेंस के मद्दे उक्त पत्र में नामांकित किसी अन्य व्यक्ति को सामान के आयात करने की अनुमति दी जाए;

(झ) "लाइसेंस" का अर्थ है प्रदान किया गया एक लाइसेंस और इसमें किसी भी नियंत्रण आदेश के अन्तर्गत जारी किया गया सीमा शुल्क निकासी परमिट भी शामिल है;

(ञ) "निर्धारित" का अर्थ इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियमों द्वारा निर्धारित नियम;

(ट) "मान्यताप्राप्त अभिकरण" का अर्थ है वह अभिकरण जिसको आयातित माल के वितरण का कार्य मुख्य नियंत्रक, द्वारा सौंपा गया हो।

3. **आयात और निर्यात को निषेध या प्रतिबंधित करने का अधिकार** :--(1) केन्द्रीय सरकार राजपत्र में आदेश प्रकाशित करके निम्नलिखित सभी मामलों में या इन मामलों की विशेष श्रेणियों में यदि कोई हो तो और ऐसे अपवादों के अधीन निषेध करने, प्रतिबंधित करने या अन्यथा रूप से नियंत्रित करने के लिए शर्तें बना सकती है जो उस आदेश द्वारा या उस के अधीन बनाई जाए :--

(क) उल्लिखित प्रकार के माल का तट से आयात या निर्यात करना या पोत भण्डार के रूप में उसका लदान;

(ख) यदि उल्लिखित प्रकार का माल जहाज या वाहन जिसमें वह ले जाया जा रहा है उसमें से उतारे बिना भारत से बाहर ले जाया जा रहा हो तो उसे भारत के किसी पत्तन या स्थान पर लाना।

(2) जिस माल पर उप-धारा (1) के अधीन कोई आदेश लागू होता हो उसका आयात या निर्यात सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 11 के अधीन निषिद्ध माना जाएगा और उस पर तदनुसार उपर्युक्त अधिनियम के सभी उपबन्ध लागू होंगे।

(3) उपर्युक्त अधिनियम में उल्लिखित बातों के बावजूद भी केन्द्रीय सरकार राजपत्र में आदेश प्रकाशित करके भारत में आयातित किसी भी सामान या किसी विशेष श्रेणी के सामान की निकासी को निषेध कर सकती है, प्रतिबंधित कर सकती है या उस पर शर्तें लगा सकती है चाहे वह सामान घरेलू खपत के लिए हो या विदेश को लदान के लिए।

(4) **वर्तमान आदेशों का जारी रहना** :--भारत सुरक्षा नियमावली के नियम 84 के अधीन या आपात् उपबन्ध (जारी रखने का) अध्यादेश 1946 (वर्तमान आदेश 1946 का 20 जारी रहना) के अधीन और इस अधिनियम के लागू होने से तुरन्त पहले लागू उक्त नियम के अधीन जारी किए गए सभी आदेश जिस सीमा तक वे इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत नहीं हैं उस सीमा तक, लागू रहेंगे और उन्हें इस अधिनियम के अंतर्गत माना जाएगा।

(4क) **लाइसेन्स के लिए आवेदन करने, और उसे जारी करने अथवा उसका नवीकरण करने की फीस** :--केन्द्रीय सरकार आदेश जारी कर के, उस आदेश में यदि किसी व्यक्ति या किसी श्रेणी के व्यक्तियों के संबंध में कोई छूट दी गई हो

तो उसे छोड़कर शेष मामलों में किसी आवेदन-पत्र के लिए या इस अधिनियम के अधीन दिए गए अथवा इस अधिनियम के अधीन जारी माने गए आदेश के अधीन जारी किए गए या नवीकरण किए गए लाइसेंस के लिए फीस वसूल कर सकती है।

4ख. प्रवेश और निरीक्षण करने के प्राधिकार :— इस बारे में मुख्य नियंत्रक द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत किया हुआ कोई व्यक्ति या उसके अधीन कार्य करने वाला कोई अधिकारी जो उप मुख्य नियंत्रक के पद से कम का न हो, (उसे इसके बाद इस अधिनियम में ''प्राधिकृत व्यक्ति'' कहा जाएगा) वह किसी भी उचित समय पर ऐसे किसी भी स्थान में प्रवेश कर सकता है जहां :—

(1) ऐसा आयातित माल या सामग्री हो जिसे इस अधिनियम के अधीन जब्त किया जा सकता हो, या

(2) लेखा पुस्तकें या दूसरा कोई दस्तावेज या चीजें, जो उसकी राय में, इस अधिनियम के अधीन कार्रवाई करने के लिए उपयोगी होंगे या उससे संबद्ध होंगे उन्हें छिपाकर रखने का सन्देह है तो वह ऐसे आयातित माल, सामग्री लेखा पुस्तकों, दस्तावेजों और चीजों का निरीक्षण कर सकता है और यदि उचित समझे तो उन लेखा पुस्तकों या दस्तावेज की नकल या उनसे उद्धरण ले सकता है।

4ग. तलाशी लेने का अधिकार :— यदि प्राधिकृत व्यक्ति को किसी कारणवश यह विश्वास हो जाए कि :—

(1) कोई आयातित माल या सामग्री, जिसे इस अधिनियम के अधीन जब्त किया जा सकता है, या

(2) कोई लेखा, पुस्तक, या दूसरे दस्तावेज या चीजें जो उसकी राय में, इस अधिनियम के अधीन कार्रवाई करने के लिए उपयोगी होंगी या उससे सम्बन्ध रखती होंगी, किसी जगह छिपाकर रखी है, तो वह ऐसे आयातित माल, सामग्री, लेखा पुस्तकों, दस्तावेज या चीजों की तलाशी लेने के लिए ऐसे स्थान या परिसर में प्रवेश कर सकता है और उसकी तलाशी ले सकता है।

4घ. आयातित माल या सामग्री को जब्त करने का अधिकार :—

(1) यदि प्राधिकृत व्यक्ति को किसी कारणवश यह विश्वास हो जाए कि इस अधिनियम के अधीन किसी आयातित माल या सामग्री को जब्त करना जरूरी है तो वह उस माल और सामग्री और यदि वे किसी पैकेज या कागज या बर्तन में हों तो उन्हें भी और यदि आयातित माल या सामग्री किसी दूसरे माल और सामग्री में मिला कर रखी हो तो उस माल और सामग्री को भी जब्त कर सकता है :

किन्तु यदि ऐसे माल या सामग्री को जब्त करना व्यावहारिक न हो, तो प्राधिकृत व्यक्ति माल या सामग्री के मालिक को आदेश दे सकता है कि वह उस की पूर्वानुमति के बिना उस माल या सामग्री को न हटाए, न अलग करे या उसे अन्यथा न निपटाए।

(2) यदि उपधारा (1) के अधीन किसी माल या सामग्री को जब्त किया गया हो और उस माल या सामग्री को जब्त करने के छः महीने के भीतर धारा 4ठ के अंतर्गत उनकी जब्ती का कोई नोटिस नहीं दिया गया हो तो जिस व्यक्ति से उस माल या सामग्री को जब्त किया गया है उस व्यक्ति को वह माल और सामग्री वापस की जाएगी।

किन्तु मुख्य नियंत्रक उपर्युक्त छः महीने की अवधि को पर्याप्त कारण होने पर ज्यादा से ज्यादा छह महीने और बढ़ा सकता है।

(3) प्राधिकृत व्यक्ति ऐसे किसी भी दस्तावेजों या चीजों को जब्त कर सकता है जो उस की राय में इस अधिनियम के अधीन कार्रवाई करने के लिए उपयोगी होंगी या उससे सम्बन्धित होंगी।

(4) जिस व्यक्ति से उपधारा (3) के अधीन किसी दस्तावेज को जब्त किया जाएगा उस व्यक्ति को प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में उन दस्तावेज की प्रतिलिपियां बनाने या उनसे उद्धरण लेने की अनुमति दी जाएगी।

(5) जो व्यक्ति उपधारा (3) के अधीन जब्त किए गए दस्तावेज या दूसरी चीजों का कानूनी हकदार है उसे यदि प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा उन दस्तावेज या चीजों को अपने पास रख लेने पर किसी कारण से आपत्ति हो तो उसे अपनी आपत्ति का कारण बताते हुए उन दस्तावेज और चीजों को लौटाने के लिए केन्द्रीय सरकार से आवेदन करना होगा।

(6) केन्द्रीय सरकार उपधारा (5) के अधीन आवेदन मिलने पर आवेदक को अपनी बात कहने का अवसर देगी और उस पर जो आदेश देना उचित समझेगी वह आदेश देगी।

(7) जहां :—

(क) किसी व्यक्ति ने कोई दस्तावेज पेश या प्रस्तुत किया हो अथवा किसी व्यक्ति की अभिरक्षा या नियंत्रण से इस अधिनियम या इस समय लागू किसी दूसरे कानून के अधीन कोई दस्तावेज जब्त किया गया हो, अथवा

(ख) इस अधिनियम के अधीन किसी व्यक्ति के संबंध में अपराध के किसी आरोप की जांच करते समय भारत से बाहर किसी स्थान से (ऐसे प्राधिकारी या व्यक्ति द्वारा निर्धारित ढंग से विधिवत् अधिप्रमाणित) कोई दस्तावेज प्राप्त हुआ हो।

और जिस व्यक्ति ने वह दस्तावेज पेश किया हो या जिस व्यक्ति से वह दस्तावेज जब्त किया हो उस व्यक्ति के खिलाफ अथवा उसके साथ जिस व्यक्ति पर मुकदमा चल रहा हो या कार्रवाई की जा रही हो उस व्यक्ति के खिलाफ वह दस्तावेज प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया जाए तो यथास्थिति अदालत या न्याय निर्णय करने वाला प्राधिकारी, उस समय लागू किसी भी दूसरे कानून में उसके विपरीत की गई व्यवस्था के बावजूद भी :—

जब तक अन्यथा प्रमाणित न हो जाए यह मानेगा कि हस्ताक्षर और उस दस्तावेज का प्रत्येक अंश, जो किसी खास व्यक्ति के हाथ का लिखा प्रतीत होता है या जिसके बारे में अदालत या न्याय

करने वाला प्राधिकारी उचित कारणों से यह समझेगा कि वह हस्ताक्षर और हस्त-लेख किसी खास व्यक्ति का है, उस खास व्यक्ति की अपनी लिखावट में है और जो दस्तावेज लिखा या साक्ष्यांकित किया गया है उसके मामले में यह मानेगा कि जिस व्यक्ति द्वारा वह लिखा या साक्ष्यांकित किया गया प्रतीत होता है उसी व्यक्ति ने उसका निष्पादन और साक्ष्यांकन किया है,

(ii) यदि वह दस्तावेज अन्यथा प्रमाण स्वरूप स्वीकार्य हो तो स्टाम्प लगे न होने पर भी उसे प्रमाण स्वरूप स्वीकार करेगा।

4ङ. **वाहनों को रोकने और कब्जे में लेने का अधिकार** :--

यदि किसी प्राधिकृत व्यक्ति को किसी कारणवश सन्देह हो कि किसी ऐसे आयातित माल या सामग्री को, जो उस अधिनियम के अधीन जब्त हो सकती है, ले जाने के लिए कोई वाहन या जानवर इस्तेमाल किया जा रहा है या इस्तेमाल किया जानेवाला है और इस प्रकार माल या सामग्री ले जाने से इस अधिनियम के किसी उपबन्ध का उल्लंघन हो रहा है या होने वाला है तो वह किसी भी समय ऐसे वाहन या जानवर को रोक सकता है अथवा यदि वह वाहन हवाई जहाज हो तो उसे जमीन पर उतरने को मजबूर कर सकता है, और

(क) उस वाहन या उसके किसी भाग की छानबीन कर सकता है अथवा तलाशी ले सकता है;

(ख) वाहन में या जानवर पर रखे माल या सामग्री की जांच कर सकता है और उसकी तलाशी ले सकता है;

(ग) यदि किसी वाहन या जानवर को रोकना जरूरी हो तो वह उसके लिये सभी प्रकार के कानूनी तरीके अपना सकता है और यदि कानूनी तरीके विफल हो जाएं तो वाहन या जानवर पर गोली चला सकता है।

और यदि उसे इस बात का यकीन हो जाए कि इस अधिनियम के किसी उपबन्ध या किसी नियंत्रण आदेश अथवा किसी लाइसेंस या प्राधिकार-पत्र की शर्तों का उल्लंघन करने के लिये ऐसे वाहन या जानवर को कब्जे में लेना आवश्यक है तो वह उसे कब्जे में ले सकता है।

स्पष्टीकरण.--इस धारा में जहां भी वाहन शब्द आया है वहां उसमें यदि संदर्भ से अन्यथा अभिप्रेत न हो तो हवाई जहाज, गाडी और जलयान शामिल है।

4च. **तलाशी और जब्ती दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार किए जाएंगे** :--इस अधिनियम के अधीन जो भी तलाशी ली जाएगी और जब्ती की जाएगी उस पर तलाशी और जब्ती के संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के उपबन्ध, जहां तक हो सके, लागू होंगे।

4छ. **अधिग्रहण** : कोई भी आयातित माल या सामान जिस के, सम्बन्ध में :--

(क) जिस लाइसेंस या प्राधिकार पत्र के अधीन आयात किया गया है उसमें उस माल या सामग्री के उपयोग या वितरण के संबंध में उल्लिखित किसी शर्त का, या

(ख) उक्त माल या सामग्री के उपयोग या वितरण के संबंध में जिन शर्तों पर वे किसी मान्यताप्राप्त एजेन्सी से या उसके माध्यम से प्राप्त हुए हैं उनमें से किसी शर्त का, या

(ग) नियंत्रण के आदेश में उस माल या सामग्री की बिक्री के बारे में उल्लिखित किसी निदेश का

उल्लंघन किया गया हो, या किया जा रहा हो या करने की कोशिश की गई हो तो उस माल या सामग्री को और साथ ही जिस पैकेज, कवरिंग या बर्तन में वे थे उस पैकेज, कवरिंग या बर्तन का अधिग्रहण कर लिया जाएगा और यदि वह माल या सामग्री किसी दूसरे माल या सामग्री के साथ इस तरह मिलाकर रखी हो जिससे उन्हें आसानी से अलग नहीं किया जा सकता हो तो उस दूसरे माल या सामग्री का भी अधिग्रहण कर लिया जाएगा;

किन्तु यदि यह प्रमाणित हो जाए और न्याय निर्णय करने वाले प्राधिकारी इस बारे में संतुष्ट हों कि इस अधिनियम के अधीन जिस माल या सामग्री का अधिग्रहण किया जा सकता है वह माल और सामग्री किसी व्यापार या उद्योग के लिये नहीं है बल्कि निजी उपयोग के लिये आयात किया गया था/की गई थी और वह उस व्यक्ति का नहीं है जिसके किसी कार्य या चूक के कारण उसका अधिग्रहण किया गया है और उसने यह कार्य या चूक उस व्यक्ति की जानकारी या सहमति के बिना की है जिसका कि यह माल या सामग्री है, तो न्याय निर्णय करने वाला प्राधिकारी अधिग्रहण का आदेश नहीं देगा; लेकिन जिस व्यक्ति के किसी कार्य या चूक के कारण उस माल या सामग्री का अधिग्रहण किया जा रहा था उस व्यक्ति पर इस अधिनियम के अधीन कोई दूसरी कार्रवाई की जाएगी।

4ज. **वाहन का अधिग्रहण** :--इस अधिनियम के अधीन जिस आयातित माल या सामग्री का अधिग्रहण किया जा सकता है उस माल या सामग्री को ले जाने के लिए जो वाहन या जानवर इस्तेमाल किया गया था, किया जा रहा है या करने की कोशिश की गई, उस वाहन या जानवर का अधिग्रहण कर लिया जाएगा, लेकिन यदि वाहन या जानवर का मालिक यह प्रमाणित करे कि स्वयं मालिक या उसके एजेन्ट की अथवा उस वाहन या जानवर के प्रभारी व्यक्ति की जानकारी या सहमति के बिना उसका इस्तेमाल इस काम के लिये किया गया था, किया जा रहा अथवा किया जाने वाला था, और उनमें से प्रत्येक व्यक्ति ने वाहन या जानवर का इस तरह इस्तेमाल होने के विरुद्ध सभी उचित पूर्वोपाय किए हैं, तो उस वाहन या जानवर का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा;

किन्तु माल या यात्रियों को ले जाने के लिये इस्तेमाल किए गए किराए के जानवर के मामले में वाहन या जानवर के मालिक को वाहन या जानवर के अधिग्रहण के बदले में, उस वाहन से जो आयातित माल या सामग्री ले जाई गई, ले जाई जा रही थी, या ले जाने की कोशिश की गई उसके मूल्य तक के बराबर जुर्माना देने का विकल्प होगा।

4झ. (1) **जुर्माने की देयता** :—जो व्यक्ति,

(क) किसी लाइसेंस या प्राधिकार पत्र के अधीन आयातित किसी माल या सामग्री का उपयोग या इस्तेमाल उस लाइसेंस या प्राधिकार-पत्र की शर्तों के अनुसार न करके अन्यथा करता है; या

(ख) मान्यताप्राप्त एजेन्सी द्वारा आयातित या सामग्री दिए जाने पर उसका उपयोग और इस्तेमाल, जिस प्रयोजन से उसे वह माल या सामग्री दी गई थी उस प्रयोजन के लिये प्रयोग न करके किसी अन्य प्रयोजन के लिये प्रयोग करता है या करवाता है; या

(ग) निम्नलिखित को प्राप्त करने के लिए घोषणा-पत्र दे दिया हो :—

(1) किसी माल या सामग्री के आयात करने का लाइसेंस या प्राधिकार-पत्र लेने के लिये, या

(2) उस लाइसेंस या प्राधिकार-पत्र में कोई तबदीली करवाने के लिए, या

(3) किसी भी आयातित माल के आबंटन को प्राप्त करने के लिये ऐसा घोषणा पत्र देता है और उस घोषणा-पत्र में कोई गलत या झूठा बयान पाया जाए; या

(घ) जिस लाइसेंस अथवा प्राधिकार पत्र के अनुसरण में माल अथवा सामग्री का आयात किया गया था उसकी शर्तों का उल्लंघन करते हुए आयातित माल या सामग्री खरीदता है, उसे बेचता है अथवा उसे अन्यथा रूप से दे देता है अथवा उसे खरीदने, बेचने अथवा अन्यथा रूप से देने की अनुमति देता है; या

(ङ) मान्यता प्राप्त एजेन्सी द्वारा किए गए आबंटन की शर्तों का उल्लंघन करके कोई आयातित माल अथवा सामग्री खरीदता है, बेचता है अथवा अन्यथा रूप से दे देता है अथवा उसे खरीदने, बेचने अथवा अन्यथा रूप में दे देने की अनुमति देता है; या

(च) जिस माल अथवा सामग्री का आयात किसी लाइसेंस अथवा प्राधिकार पत्र के अन्तर्गत किया गया है अथवा जो किसी मान्यता प्राप्त एजेंसी से अथवा उसके माध्यम से प्राप्त किया गया है, उस माल या सामग्री के बेचने के बारे में जारी किए गए नियंत्रण आदेश के अन्तर्गत दिए गए किसी निर्देश का उल्लंघन करता है,

तो उसे चाहे उस माल अथवा सामग्री का अधिग्रहण किया गया हो अथवा न किया गया हो या अधिग्रहण के लिए वह मौजूद हो या न हो, उस माल अथवा सामग्री के मूल्य के पांच गुणा अथवा एक हजार रुपए इसमें से जो भी अधिक हो तक अर्थ दण्ड दिया जा सकता है।

स्पष्टीकरण : इस धारा में "मूल्य" का अर्थ वही लिया जाएगा जो अर्थ सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 14 की उपधारा (1) में दिया गया है।

(2) यदि कोई व्यक्ति ऐसे किसी कार्य को करने या न करने के लिए उकसाता है जिस कार्य को करने या न करने पर किसी व्यक्ति पर उपधारा (1) के अन्तर्गत जुर्माना किया जा सकता है या ऐसा कार्य करने की कोशिश करता है तो चाहे ऐसे माल का अधिग्रहण किया गया हो अथवा न किया गया हो या उसका अधिग्रहण किया जा सकता हो या न किया जा सकता हो, इस प्रकार उकसाने या उकसाने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को जिस माल अथवा सामग्री के बारे में उकसाया गया है अथवा उकसाने का प्रयास किया गया है, उस माल या सामग्री के मूल्य के अधिकतम पांच गुना तक अथवा एक हजार रुपये, इन में से जो भी अधिक हो, तक का अर्थ दण्ड दिया जाएगा।

(3) यदि उपधारा (1) अथवा उपधारा (2) के अन्तर्गत किया गया जुर्माना नहीं दिया जाता है तो उसे लगान के बकाया के रूप में वसूल किया जाएगा :

किन्तु उपधारा (1) अथवा उपधारा (2) के अन्तर्गत जिस व्यक्ति पर जुर्माना किया गया है उस व्यक्ति की निजी धनराशि को अथवा उसे कर्ज दी गई रकम को न्याय निर्णय प्राधिकारी आदेश जारी करके कुर्क कर सकता है और इस कुर्की की कार्यवाई उसी प्रकार होगी जैसे सिविल न्यायालय द्वारा की गई कुर्की में की जाती है।

4ञ. **अन्य दण्ड में हस्तक्षेप किए बिना अधिग्रहण या अर्थ दण्ड** :—

इस अधिनियम के अन्तर्गत किए गए अधिग्रहण अथवा जुर्माने के कारण इस अधिनियम के उपबन्धों अथवा उस समय लागू किसी अन्य कानून के अन्तर्गत दिए जाने वाले दण्ड पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

4ट. **न्याय निर्णय** :—इस अधिनियम के अन्तर्गत

(क) मुख्य नियंत्रक अथवा जिन मामलों में वह अपने सामान्य अथवा विशिष्ट आदेशों के अंतर्गत अपर मुख्य नियंत्रक को यह अधिकार दे उनमें अपर मुख्य नियंत्रक;

(ख) इस बारे में निर्धारित सीमा के अन्दर केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना जारी करके कम से कम उप मुख्य नियन्त्रक के रैंक के अधिकारी को प्राधिकृत करती है वह अधिग्रहण करने का निर्णय करेगा अथवा अर्थ दण्ड देगा।

4ठ. **माल के स्वामी को अवसर प्रदान करना आदि** :—

अधिग्रहण अथवा अर्थदण्ड का आदेश तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक कि माल, सामग्री, वाहन अथवा जानवर के मालिक अथवा अन्य सम्बद्ध व्यक्ति को लिखित रूप में :—

(1) वे कारण सूचित किए जाएं जिनके आधार पर ऐसे माल, सामग्री, वाहन अथवा जानवर का अधिग्रहण करने अथवा उसे अर्थदण्ड देने का प्रस्ताव है;

(2) लिखित नोटिस देकर उसे नोटिस में निर्दिष्ट समय के भीतर उसमें उल्लिखित अधिग्रहण अथवा अर्थ दण्ड के विरुद्ध अपना लिखित अभिवेदन का समुचित अवसर न दिया जाए और यदि वह चाहे तो उसे मौखिक रूप से अभ्यावेदन करने का अवसर भी दिया जाएगा ।

4ङ. अपील :—इस अधिनियम के अंतर्गत किए गए निर्णय या दिए गए आदेशों से यदि कोई व्यक्ति व्यथित हो तो निम्नलिखित स्थितियों में वह अपील कर सकता है :—

(क) जिन मामलों में मुख्य नियन्त्रक अथवा अपर मुख्य नियन्त्रक अथवा केन्द्रीय सरकार ने निर्णय दिया हो अथवा आदेश जारी किया हो,

(ख) जिन मामलों में अपर मुख्य नियन्त्रक से नीचे के स्तर के अधिकारी ने निर्णय लिया हो उन मामलों में मुख्य नियंत्रक को, अथवा जिस मामले में वह ऐसा निर्देश दे उसमें अपर मुख्य नियंत्रक को अपील कर सकता है।

उस व्यक्ति को अपनी अपील, आदेश प्राप्त होने से 45 दिन के भीतर करनी होगी :

किन्तु अपील प्राधिकारी यदि इस बात से सन्तुष्ट है कि अपीलकर्ता पर्याप्त कारणों से उक्त 45 दिनों के अन्दर अपील दायर न कर सका, तो इस प्रकार की अपील दायर करने के लिए वह 45 दिन का समय और दे सकता है :

किन्तु अर्थ दण्ड के आदेशों के विरुद्ध की जाने वाली अपील पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि अपीलकर्ता अर्थ दण्ड की रकम जमा नहीं करता :

किन्तु यदि अपील प्राधिकारी के विचार में अर्थ दण्ड की रकम जमा कराने से अपीलकर्ता को अकारण परेशानी होगी तो वह अपने विवेकाधिकार से, बगैर किसी शर्त के अथवा शर्त के साथ उसे जुर्माने की राशि जमा कराने से मुक्त कर सकता है।

(2) यदि अपीलकर्ता चाहे तो अपील प्राधिकारी उसे सुनवाई का उचित मौका देकर और आवश्यक पूछताछ करने के बाद पिछले आदेशों की पुष्टि कर सकता है, उनमें परिवर्तन कर सकता है अथवा निर्णय बदल सकता है, या अपील के खिलाफ आदेश दे सकता है, अथवा वह जैसा उचित समझे और यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त साक्ष्य लेकर अपने निर्देशों सहित मामले को फिर से न्याय अथवा निर्णय के लिए लौटा सकता है :

किन्तु जुर्माने को बढ़ाने या लगाने या अधिक मूल्य के माल अथवा सामग्री का अधिग्रहण करने के आदेश इस धारा के अन्तर्गत तब तक जारी नहीं किए जाएंगे जब तक कि अपीलकर्ता को अपने बचाव में लिखित अभिवेदन देने तथा यदि वह चाहे तो सुनवाई का अवसर न दिया जाए।

4छ. **मुख्य नियंत्रक को पुनरीक्षण के अधिकार** :—मुख्य नियंत्रक स्वयं या अन्यथा किसी भी ऐसी कार्रवाई के अभिलेख मंगवाकर, जिसमें अधीनस्थ अधिकारी ने अधिग्रहण अथवा अर्थ दण्ड का आदेश दिया हो, और जिसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की गई हो, उस आदेश या निर्णय की सत्यता, वैधता या औचित्य के बारे में स्वयं को संतुष्ट करने के लिए उनकी जांच कर सकता है और उस पर जैसा उचित समझे वैसा आदेश जारी कर सकता है :

किन्तु इस धारा के अधीन किसी निर्णय या आदेश में इस प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा जिसमें किसी व्यक्ति पर उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़े जब तक कि उस व्यक्ति को—

(क) ऐसे निर्णय या आदेश दिए जाने की तारीख से दो वर्ष के अन्दर निर्णय या आदेश बदलने के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस न दिया जाए, और

(ख) बचाव में अपनी सफाई देने का उचित मौका न दिया जाए और यदि वह सुनवाई चाहता है तो उसकी सुनवाई न की जाए।

4ज. **न्याय निर्णय और अन्य प्राधिकारियों के अधिकार** :—

(1) इस अधिनियम के अधीन न्याय निर्णय करने वाले या किसी अपील को सुनने वाले या पुनर्विचार करने का अपने अधिकारों का प्रयोग करने वाले प्रत्येक प्राधिकारी को निम्नलिखित मामलों में मुकदमे सुनते समय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन सिविल न्यायालय के सभी अधिकार प्राप्त होंगे, अर्थात्:—

(क) गवाहों को बुलाने और उनकी हाजिरी सुनिश्चित करने में;

(ख) किसी दस्तावेज को खोजने और पेश कराने में;

(ग) किसी न्यायालय अथवा कार्यालय से सार्वजनिक अभिलेख या उनकी प्रति मांगने में,

(घ) हलफिया बयान लेने में; और

(ङ) गवाहों और दस्तावेज की जांच के लिये कमीशन भेजने में।

(2) इस अधिनियम के अधीन न्याय निर्णय करने या अपील की सुनवाई करने वाले या पुनरीक्षण के अधिकार का प्रयोग करने वाले प्रत्येक प्राधिकारी को दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 345 और 346 के उद्देश्यों के लिये सिविल न्यायालय समझा जाएगा।

(3) इस नियम के अधीन न्याय निर्णय करने वाले या अपील की सुनवाई करने वाले या पुनरीक्षण के अधिकार का प्रयोग करने वाले प्रत्येक प्राधिकारी को ऐसे अन्तिम आदेश जैसा कि वह उचित समझे, देने का अधिकार होगा, और वह किसी भी निर्णय या आदेश को पर्याप्त कारण होने पर स्थगित करने के लिए आदेश दे सकता है।

4झ. **मृत्यु या दिवालिया होने की स्थिति में कार्रवाई का चालू रहना** :—

(1) यदि न्याय निर्णय करने वाले अधिकारी ने जुर्माना कर दिया हो और—

(क) इस प्रकार अर्थ दण्ड दिए जाने के आदेश के विरुद्ध अपील प्राधिकारी के समक्ष कोई अपील न की गई हो और अपील दाखिल किए जाने की अवधि समाप्त होने से पहले अपील करने के हकदार व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाए, या

(ख) इस प्रकार अर्थ दण्ड दिए जाने के आदेश के विरुद्ध अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर दी गई हो लेकिन अपील पर निर्णय होने से पहले अपीलकर्ता की मृत्यु हो जाए या उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाए,

तो उस व्यक्ति के बदले में, जैसा भी मामला हो, उसके कानूनी प्रतिनिधि या सरकारी समनुदेशिती या सरकारी रिसीवर को अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने या अपील पर कार्रवाई जारी रखने की अपील दायर करने का कानूनी अधिकार होगा और जैसे भी मामला हो, ऐसी अपील पर यथा

सम्भव 4ड धारा के उपबन्ध लागू होंगे या लागू होते रहेंगे।

(2) उपधारा (1) के अधीन सरकारी प्रतिनिधि या सरकारी रिसिवर के अधिकारों का प्रयोग, जैसा भी मामला हो, प्रेसिडेन्सी टाउन्स इन्सॉल्वेन्सी एक्ट, 1909 या प्रान्तिशियल इन्सोलवेन्सी एक्ट 1920 के उपबन्धों के अनुसार किया जाएगा।

5. **दण्ड** —यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन दिए गए या दिए गए समझे गए किसी आदेश से या इन आदेशों के अधीन मंजूर किए गए लाइसेंस की शर्तों का या ऐसे प्राधिकार जिसके अधीन मान्यताप्राप्त अभिकरण के माध्यम से उस आयातित माल प्राप्त हुआ था, से सबद्ध शर्तों का उल्लंघन करे, या उल्लंघन करने का प्रयत्न करे या उल्लंघन करने में सहायता करे तो वह सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) के उपबन्धों के अधीन अधिग्रहण या दण्ड पर विपरीत प्रभाव डाले बिना ही निम्नलिखित अनुसार होगा —

(क) जिस सामान के सम्बन्ध में इस प्रकार का उल्लंघन किया गया हो या उल्लंघन करने का प्रयास किया गया हो या उल्लंघन करने में सहायता की गई हो यदि उस सामान का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक हो तो सात साल तक की कैद और जुर्माने का भी दण्ड दिया जा सकता है, तथा

(ख) किसी अन्य मामले में तीन साल तक की कैद और जुर्माने की सजा भी दी जा सकती है।

किन्तु इसके विरुद्ध विशेष और पर्याप्त कारणों के अभाव में, जिनका न्यायालय के निर्णय में उल्लेख किया जाएगा यह कैद छः महीने से कम नहीं होगी।

5क. न्याय प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी द्वारा दिए गए आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना —यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी न्यायिक अधिकारी या अपील प्राधिकारी द्वारा किया गया जुर्माना अदा नहीं करता या इस अधिनियम के अधीन दिए गए या दिए गए समझे गए किसी निदेश या आदेश का उल्लंघन करता है, तो न्यायालय में दोष सिद्ध हो जाने पर उसे 2 वर्ष तक की कैद या जुर्माने की सजा दी जा सकती है या उसे यह दोनों दण्ड दिए जा सकते हैं।

5ख **लेखन या गणना की गलतियां ठीक करना** :—किसी निर्णय या आदेश में लेखन या गणना की गलतियां या संयोगवश हुई किसी भूल-चूक के कारण कोई अशुद्धि हो गई हो, तो निर्णय या आदेश देने वाला प्राधिकारी उसे किसी भी समय स्वयं या व्यथित व्यक्ति द्वारा आवेदन करने पर ठीक कर सकता है

परन्तु यदि इस धारा के अधीन किए जाने वाले सुधार से किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो, तो ऐसे व्यक्ति को इस विषय में प्रतिवेदन करने का उचित अवसर दिए बगैर इस प्रकार का सुधार नहीं किया जाएगा और यह सुधार उस निर्णय या आदेश के दिए जाने की तारीख से 2 वर्ष व्यतीत होने के बाद नहीं किया जाएगा।

6 **अपराधों का संज्ञान** —केवल केन्द्रीय सरकार द्वारा इस बारे में, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की गई लिखित शिकायत के अलावा कोई भी न्यायालय, धारा 5 के अधीन दण्डनीय किसी भी अपराध की सुनवाई नहीं करेगा और प्रेसीडेन्सी मैजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट से निम्न न्यायालय ऐसे किसी अपराध की जांच नहीं कर सकेगा।

7. इस अधिनियम के अधीन दिए गए या दिए गए समझे गए किसी आदेश को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी और न ही किसी व्यक्ति के विरुद्ध इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक किए गए या करने का इरादा रखे गए किसी काम के विरुद्ध या इसके अधीन दिए गए या दिये गए समझे गए किसी आदेश के विरुद्ध कोई मुकदमा, अभियोजन या अन्य कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकेगी।

8 **नियम बनाने का अधिकार** —(1) केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना निकाल कर इस अधिनियम के उपबन्ध लागू करने के लिए नियम बना सकती है।

(2) भारत से बाहर किसी स्थान से किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरीके से प्राप्त कोई भी दस्तावेज अधिप्रमाणित माना जाएगा अर्थात् —

(क) इन नियमों में निम्नलिखित सब मामलों या किसी भी मामले की व्यवस्था विशेष रूप से और पूर्वोक्त अधिकार की व्यापकता को ध्यान में रखे बिना की जा सकती है,

(ख) कोई अन्य विषय जिसका विधान करना अनिवार्य हो, या जिसका विधान किया जाए।

(3) इस अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये प्रत्येक नियम बनाए जाने के यथा शीघ्र बाद संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष तब प्रस्तुत किए जाने चाहिए जब सदन की सत्रावधि एक सत्र में या दो या दो से अधिक अनुवर्ती सत्रों में कुल मिलाकर 30 दिन हो और यदि ऐसे सत्र के तत्काल बाद के सत्र या पूर्वोक्त अनुवर्ती सत्रों के समाप्त होने से पहले दोनों सदन उस नियम में कोई परिशोधन करने की स्वीकृति दे दें या दोनों सदनों की यह राय हो कि नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो उसके बाद जैसा भी मामला हो या तो संशोधित नियम लागू होगा या बिल्कुल लागू नहीं होगा, परन्तु इस प्रकार के संशोधन या निषेध से ऐसे नियम के अधीन पहले से की गई किसी बात की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

परिशिष्ट—2

आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955

भारत सरकार

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय

आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 (15 अप्रैल, 1983 तक यथासंशोधित)

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर, 1955

सं. 17/55—केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा भारत में और पाण्डिचेरी राज्य में लागू आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) की धारा 3 और 4क के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित आदेश का निर्माण करती है, अर्थात्:—

आदेश

1. संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख:

(1) यह आदेश आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 कहा जाएगा।

(2) यह तत्काल लागू होगा।

2. **परिभाषा** : इस आदेश में, जब तक सन्दर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो तब तक:—

(क) "अधिनियम" से आयात और निर्यात नियंत्रण अधिनियम, 1947 (1947 का 18) अभिप्रेत है;

(कक) "लाइसेंस" के लिए आवेदन में आयात व्यापार नियंत्रण नियमावली के अधीन दिया गया कोई भी आवेदन सम्मिलित है;

(ककक) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात में अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय में निर्यात आयुक्त, संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, उपमुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात और लोहा तथा इस्पात उप नियंत्रक सम्मिलित हैं;

(कककक) "लाइसेंस" में इस आदेश के अधीन जारी किया गया सीमा शुल्क निकासी परमिट सम्मिलित है;

(ख) "लाइसेंसधारी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे इस आदेश के अधीन लाइसेंस या सीमा शुल्क निकासी परमिट दिया गया हो;

(ग) "लाइसेंस देने वाला प्राधिकारी" से वह प्राधिकारी अभिप्रेत है जो इस आदेश के अधीन लाइसेंस या सीमा शुल्क निकासी परमिट देने के लिए सक्षम हो;

(घ) "अनुसूची" से इस आदेश की अनुसूची अभिप्रेत है;

(ङ) "मूल्य" से वह अर्थ अभिप्रेत है जो अर्थ सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा 14 की उपधारा (1) में दिया गया है।

3. **कुछ माल के आयात पर रोक**:—(1) इस आदेश में अन्यथा की गई व्यवस्था को छोड़कर, कोई भी व्यक्ति केन्द्रीय सरकार या अनुसूची 2 में निर्दिष्ट किसी अन्य अधिकारी द्वारा दिए गए लाइसेंस या सीमा शुल्क परमिट के अधीन या उसके अनुसार आयात किए जाने वाले माल को छोड़कर अनुसूची 1 में निर्दिष्ट माल का आयात नहीं करेगा।

(2) यदि किसी मामले में, यह पता चल जाए कि लाइसेंस अधीन आयातित माल लाइसेंस में दिए गए ब्यौरे के अनुसार नहीं है या जिस लाइसेंस के अधीन माल आयात किया गया है उसके जारी होने की तारीख से पहले माल जहाज से रवाना हो चुका था, तो उस आयात के बारे में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अधीन लाइसेंसधारी के विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह समझा जाएगा कि लाइसेंस का उपयोग उक्त माल के आयात के लिए कर लिया गया है।

(3) यदि किसी मामले में यह पता चल जाए कि लाइसेंस के अधीन आयातित माल सभी बातों में निम्नलिखित अनुसार अर्थात् :—

(1) लाइसेंस में दिए गए माल के विवरण या मूल्य; के अनुसार, या

(2) लाइसेंस पर लागू होने वाली या लाइसेंस में दिए गए ऐसे माल से सम्बन्धित अन्य शर्तों के अनुसार नहीं है—

तो ऐसे माल का आयात वर्जित समझा जाएगा।

3-क. यदि आयातक उस लाइसेंस को माल के आ जाने पर प्रस्तुत न कर सके जो उसे प्रदान किया गया था, तो सीमा शुल्क प्राधिकारी अपने विवेक पर आयातक को माल छुड़ाने की अनुमति दे सकता है, बशर्ते कि आयातक इस आशय का एक बाण्ड अथवा जमानत-पत्र निष्पादित करे कि उसके पास आयात किए गए माल का वैध लाइसेंस है, जिसे वह यथोचित सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय में प्रस्तुत कर देगा और यदि वह ऐसा करने में असमर्थ रहा तो वह संबंधित माल के अप्राधिकृत आयात के लिए सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अधीन उसके विरुद्ध हो सकने वाली कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बाण्ड या जमानत पत्र में उल्लिखित धन राशि यथोचित सीमा शुल्क प्राधिकारी को दे।

4. **लाइसेंस के लिए आवेदन-शुल्क** :—(1) लाइसेंस के लिए प्रत्येक आवेदन पत्र लाइसेंस देने वाले उचित प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) प्रत्येक आवेदन के लिए अनुसूची 3 में उल्लिखित फीस उसी प्रकार दी जाएगी जिस प्रकार अनुसूची में कहा गया है लेकिन ऐसे आवेदन के बारे में कोई फीस नहीं दी जाएगी, जो निम्नलिखित द्वारा दिया गया हो:—

(क) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी विभाग या कार्यालय द्वारा;

(ख) किसी स्थानीय प्राधिकरण द्वारा निजी उपयोग के लिए माल के आयात के लिए;

(ग) किसी शिक्षा संस्था, धर्मार्थ संस्था या मिशनरी संस्था द्वारा निजी उपयोग के लिए माल के आयात के लिए।

(घ) किसी आदेश के पुनर्विचार के लिए आवेदन अर्थात् लाइसेंस देने वाले उस प्राधिकारी को जिसने मामले पर मूल रूप से विचार किया हो, लाइसेंस के लिए दिए गए आवेदन-पत्र पर की गई प्रथम अपील के लिए।

एक बार प्राप्त हुई फीस निम्नलिखित को छोड़कर, किसी भी मामले में वापस नहीं की जाएगी:—

(1) जब निर्धारित राशि से अधिक फीस जमा की गई हो;

(2) जब फीस तो जमा की गई हो परन्तु आवेदन पत्र न दिया गया हो;

(3) जब फीस गलती से जमा कर दी गई हो लेकिन आवेदक को लाइसेंस फीस की अदायगी के लिए छूट दी गई हो;

नोट: मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को की गई अपील के लिए जमा की गई फीस किसी भी परिस्थिति में लौटाई नहीं जाएगी।

5. **लाइसेंसों की शर्तें**:—(1) लाइसेंस देने वाले प्राधिकारी इस आदेश के अधीन लाइसेंस जारी करते समय नीचे दी गई एक या एक से अधिक शर्तों पर लाइसेंस जारी कर सकते हैं:—

(1) यह कि लाइसेंस में उल्लिखित माल लाइसेंस देने वाले प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट तरीके के अलावा किसी अन्य तरीके से निपटाया नहीं जाएगा या लाइसेन्स देने वाले प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत किए गए व्यक्ति की लिखित स्वीकृति के बिना उसका अन्यथा उपयोग नहीं किया जाएगा;

(2) यह कि लाइसेंस के अधीन माल के आयात के बाद लाइसेंस में दिए निदेशों के अनुसार निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर न तो बेचा जाएगा और न ही वितरित किया जाएगा;

(3) यह कि लाइसेंस के लिए आवेदक एक बाण्ड भरेगा जिसमें वह यह वचन देगा कि मैं उन शर्तों का अनुपालन करूंगा जिन पर मुझे लाइसेन्स दिया जा रहा है।

2. इस आदेश के अधीन जारी किया गया लाइसेंस अनुसूची 5 में दी गई शर्तों के भी अधीन होगा।

3. प्रदान किया जाने वाला प्रत्येक लाइसेंस निम्नलिखित शर्तों के भी अधीन समझा जाएगा:—

(1) कोई भी व्यक्ति लाइसेंस देने वाले प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए लाइसेंस को लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी या इस बारे में ऐसे प्राधिकारी द्वारा जिसे अधिकार प्रदान किए जाए उस व्यक्ति की लिखित स्वीकृति के बिना किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं करेगा और न ही उसे हस्तांतरण द्वारा प्राप्त करेगा।

(2) वह माल जिसके आयात के लिए लाइसेंस दिया गया है, आयात के समय और इसके बाद जब तक कि सीमा शुल्क कार्यालय से उसे छुड़ा न लिया जाए, लाइसेंस धारी की सम्पत्ति होगी।

परन्तु इस उप-खण्ड की मद (1) और (2) की शर्त भारत के राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम और केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण और स्वामित्वाधीन इस प्रकार की अन्य संस्थाओं और एजेन्सियों को जिन्हें आयात सरणीबद्ध करने का काम सौंपा गया है, को जारी किए गए लाइसेन्स पर लागू नहीं होंगी।

इसके अलावा इस उप-खण्ड की मद (1) और (2) की शर्तें (क) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अधीन वास्तविक उपयोक्ताओं को बेचे जाने वाले माल के आयात के लिए पात्र निर्यात सदनों या व्यापार सदनों को जारी किए गए लाइसेंस; और (ख) लागू आयात नीति के अंतर्गत वास्तविक उपयोक्ता के लिए माल के निपटान के लिए केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित या लिए गए अभिकरणों को जारी किए गए लाइसेंस पर भी लागू नहीं होगी।

(3) जिस माल के आयात के लिए लाइसेंस दिया गया है वह माल यदि लाइसेंस में अन्यथा उल्लिखित न हो तो डिस्पोजल के माल से इतर नया माल होगा।

(4) इस आदेश के अधीन प्रदान किए गए लाइसेंस में ऐसी अन्य शर्तें भी हो सकती हैं जो अधिनियम या इस आदेश से असंगत नहीं हों और जिन्हें लाइसेंस प्राधिकारी ठीक समझें।

5. लाइसेंसधारी इस खण्ड के अन्तर्गत लगाई गई अथवा लगाई जाने वाली सभी शर्तों का पालन करेगा।

6. **लाइसेंस मंजूर न करना**.—(1) केन्द्रीय सरकार या आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक निम्नलिखित स्थितियों में लाइसेंस देने से इन्कार कर सकते हैं या लाइसेंस देने वाले किसी अन्य प्राधिकारी को लाइसेंस प्रदान न करने के लिए कह सकते हैं:—

(क) यदि इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा उपलब्ध न हो;

(ख) यदि आवेदक को लाइसेंस देना राज्य के हितों के विरुद्ध हो;

(ग) यदि सामग्री का आयात और वितरण किसी विशेष या विशेषज्ञ एजेंसी या किसी अन्य माध्यम से सरणीबद्ध करने का निश्चय किया गया हो;

(घ) यदि आवेदक किसी भागीदार फर्म में साझीदार या प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का निदेशक हो जिस-

के सम्बन्ध में फिलहाल खण्ड 8, 8क अथवा 8ख के अधीन कोई कार्रवाई की जा रही हो;

(घघ) यदि आवेदक पर फिलहाल खण्ड-8, 8क अथवा 8ख के अधीन कोई कार्यवाही की जा रही है;

(ङ) यदि आवेदक ऐसी भागीदारी फर्म या लिमिटेड कम्पनी है, तो उसका कोई साझी या पूर्णकालिक निदेशक अथवा संचालक, जैसी भी स्थिति हो, जिसके विरुद्ध खण्ड 8, 8क या 8ख के अधीन कार्रवाई की जा रही है;

(च) यदि सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के अधीन आवेदक से जो राशि जमा करने के लिए कहा गया है या उक्त अधिनियम के अधीन उस पर जो जुर्माना किया गया है, वह तीन महीने से दिया नहीं गया है; और

(छ) यदि आवेदक अधिनियम के अंतर्गत अंतिम रूप में उस पर लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में असमर्थ रहता है।

(2) उप-खण्ड (1) के अन्तर्गत लाइसेंस प्रदान करने से इन्कार कर देने पर उस अन्य कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा जो लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा सम्बन्धित आयात नीति और लागू क्रियाविधि के अधीन की जाएगी।

7. **लाइसेंस में संशोधनः**—लाइसेंस देने वाला प्राधिकारी स्वयं या लाइसेंसधारी द्वारा आवेदनपत्र दिए जाने पर इस आदेश के अधीन दिए गए लाइसेंस में ऐसा संशोधन कर सकता है जो लाइसेंस को इस अधिनियम या इस आदेश या उस समय लागू किसी कानून के उपबन्धों के अनुसार बनाने के लिए या लाइसेंस की किसी अशुद्धि या त्रुटि को सुधारने के लिए आवश्यक हो, लेकिन लाइसेंस देने वाला प्राधिकारी, लाइसेन्सधारी के अनुरोध पर लाइसन्स में जो भी संशोधन करेगा वह आयात व्यापार नियंत्रण विनियमावली के अनुसार ही करेगा।

8. **माल आयात करने से, लाइसेंस प्राप्त करने से या आयातित माल के आबंटन से वंचित करने का अधिकार :—**

(1) केन्द्रीय सरकार या आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक किसी लाइसेंसधारी या आयातक या किसी अन्य व्यक्ति को सभी से या निम्नलिखित में से प्राप्त एक अर्थात् माल का आयात करने या लाइसेंस प्राप्त करने या आयातित माल को भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम या इसके समान किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से या सीधे आबंटन के लिए वंचित कर सकते हैं और उसके विरूद्ध इस सम्बन्ध में की जाने वाली किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल असर डाले बिना यह आदेश दे सकते हैं कि कोई लाइसेंस या आयातित माल का आबंटन नहीं किया जाएगा और उसे इस आदेश के अंतर्गत एक निश्चित अवधि के लिए माल का आयात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) यदि लाइसेंस के लिए उसका आवेदन-पत्र किसी भी समय इस आदेश के उपबन्धों के अनुसार न पाया जाए; या

(ख) यदि ऐसे आवेदन-पत्र में कोई कथन मिथ्या, कपटपूर्ण या भ्रामिक हो; या

(ग) यदि यह पता लगे कि उसने अपने आवेदन-पत्र के समर्थन में किसी ऐसे प्रलेख का उपयोग किया है जो मिथ्या या जाली है या जिसमें तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा गया है; या

(घ) यदि उसने, किसी भी समय, आयात लाइसेंस में कोई हेरफेर किया हो या बिना लाइसेंस के माल आयात किया हो या अपने व्यापार के सिलसिले में या लाइसन्स प्राप्त करने में किसी भ्रष्ट तरीके या धोखाधड़ी के कार्य में शामिल हो कर या किसी लाइसेंसधारी को कुछ प्रलोभन देकर या अन्यथा कोई लाइसेंस प्राप्त करने की कोशिश करता पाया गया हो; या

(ङ) यदि उसकी तरफ से उसके किसी एजेंट या कर्मचारी ने लाइसेंस प्राप्त करने में कोई भ्रष्ट तरीका अपनाया हो या धोखाधड़ी के किसी काम में शामिल हुआ हो; या

(च) यदि उसने लाइसेंस या लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र में दी गई या उसके साथ लगी शर्तों का पालन नहीं किया हो या उल्लंघन किया हो या उल्लंघन करने का प्रयास किया हो या उल्लंघन करने के लिए किसी को प्रेरित किया हो; या

(छ) यदि उसने सीमा शुल्क, माल के आयात और निर्यात या विदेशी मुद्रा से सम्बद्ध किसी कानून को भंग (किसी नियम, आदेश या विनियम सहित) किया हो; या

(ज) यदि उसने आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक या लाइसेंस देने वाले किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा मांगी गई कोई सूचना न दी हो या कोई दस्तावेज प्रस्तुत न किया हो; या

(झ) यदि वह डी जी टी डी अथवा किसी अन्य संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को नियमित रूप से उत्पादन विवरण प्रस्तुत करने में असमर्थ हो; या

(ञ) यदि वह आयातित माल के संबंध में वितरण पर नियंत्रण, जहां पर यह नियंत्रण लागू हो, करने में असमर्थ हो।

(2) केन्द्रीय सरकार अथवा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, विशिष्ट लिखित आदेश द्वारा :—

(क) विवर्जित कर सकता है —

(1) उस व्यक्ति को जिसके संबंध में विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी कार्यकलाप निरोध अधिनियम, 1974 (1974 का 52) (इसके बाद 1974-अधिनियम कहा गया है) के अधीन कारावास का आदेश लागू किया गया हो, या

(2) उस साझेदार फर्म या प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी जिसका ऐसा व्यक्ति साझेदार या पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंध संचालक हो, को भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम अथवा किसी अन्य ऐसे ही अभिकरण के माध्यम से

लाइसेंस अथवा आयातित माल का आबंटन प्राप्त करने से; और

(ख) ऐसे व्यक्ति साझीदार फर्म या कम्पनी के विरुद्ध जो अन्य कार्रवाई की जा सकती है इस पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह निदेश दे सकते हैं कि ऐसे व्यक्ति साझीदार फर्म या कम्पनी को ऐसे विशेष आदेश में निदिष्ट अवधि के लिए माल के आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी और लाइसेंस अथवा आयातित माल का आबंटन प्रदान नहीं किया जाएगा। शर्त यह होगी कि ऐसे व्यक्ति, या जैसा भी मामला हो, साझीदार फर्म या कम्पनी जिसका वह व्यक्ति साझीदार या पूर्णकालिक संचालक या प्रबंध संचालक हो, के संबंध में ऐसा विशिष्ट आदेश तब लागू नहीं होगा जब कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कारावास का आदेश :—

(1) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड-9 या खण्ड 12-क के परन्तुक लागू न होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश इस अधिनियम के खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट पर या सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट प्राप्त होने से पहले या सलाहकार बोर्ड को संदर्भ भेजने से पहले रद्द कर दिया गया हो, अथवा

(2) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड 9 के परन्तुक लागू होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश खण्ड 9 के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत पुनरीक्षा के लिए समय की समाप्ति से पहले या पुनरीक्षा के आधार पर या उस अधिनियम के खण्ड 9 के उप-खण्ड (2) के साथ पढ़े जाने वाले खण्ड-8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट पर रद्द कर दिया गया हो; अथवा

(3) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड 12 (क) के परन्तुक लागू होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश उस खण्ड के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत प्रथम पुनरीक्षा के लिए समय की समाप्ति से पहले या प्रथम पुनरीक्षा के आधार पर या उस अधिनियम के खण्ड 12क के उप-खण्ड (6) के साथ पढ़े जाने वाले खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर रद्द कर दिया गया हो, या

(4) सक्षम अधिकार क्षेत्र की अदालत द्वारा वह कारावास का आदेश हटा दिया गया हो।

(3) केन्द्रीय सरकार अथवा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात एक आयातक अथवा लाइसेंसधारी अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम या इससे मिलते जुलते किसी अन्य अभिकरण के माध्यम से किसी भी माल का आयात करने अथवा लाइसेंस प्राप्त करने अथवा आयातित माल का आबंटन करने से रोक सकती है और इस मामले में ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध की जाने वाली अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त यह निदेश दे सकती है कि ऐसे व्यक्ति को न तो कोई लाइसेंस और न ही आयातित माल का आबंटन प्रदान किया जाएगा और इस आदेश के अन्तर्गत विशिष्टिकृत अवधि के लिए ऐसे व्यक्ति को किसी भी माल का आयात करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी यदि केन्द्रीय सरकार अथवा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के विचार में,

(क) ऐसा लाइसेंसधारी, आयात अथवा अन्य व्यक्ति; या

(ख) जहां, जैसा भी मामला हो, ऐसा लाइसेंसधारी, आयातक अथवा अन्य व्यक्ति, साझीदार फर्म अथवा एक लिमिटेड कम्पनी हो या उसका साझीदार अथवा पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंध संचालक हो, अथवा

(ग) जहां, जैसा भी मामला हो, ऐसा लाइसेंसधारी, आयातक अथवा अन्य व्यक्ति साझीदार फर्म में साझीदार हो अथवा लिमिटेड कम्पनी, साझेदारी की फर्म या साझेदारी की लिमिटेड कम्पनी में पूर्णकालिक निदेशक या प्रबन्ध संचालक हो,

(1) ऐसा लाइसेंसधारी, आयातक अथवा अन्य व्यक्ति अथवा ऐसा साझीदार अथवा पूर्ण-कालिक निदेशक अथवा प्रबन्धक संचालक अथवा ऐसी साझीदार फर्म अथवा लि. कम्पनी, जैसा भी मामला हो, प्रदान किए गये किसी भी आयात लाइसेंस का बिना किसी उचित कारण के इस्तेमाल करने में असमर्थ रहा है अथवा पूर्ण रूप से इस्तेमाल करने में असमर्थ रहा है, अथवा

(2) निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की धारा 7 की उप-धारा (3) की कण्डिका (1) में निर्दिष्ट कोई कार्य किया है।

8क. माल का आयात करने, लाइसेंसों की मंजूरी या आयातित माल के आबंटन को स्थगित करने के अधिकार :—

केन्द्रीय सरकार या आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक किसी भी व्यक्ति द्वारा माल का आयात अथवा लाइसेंस की मंजूरी या भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम या इसके समान किसी अन्य एजेन्सी के माध्यम से लाइसेंसधारी को या आयातक को या किसी अन्य व्यक्ति को आयातित माल का आबंटन तब तक के लिए रोक सकते हैं जब तक कि उसके विरुद्ध खण्ड 8 में दिए गए एक या इससे अधिक आरोपों की जांच का निर्णय न हो जाए। लेकिन इससे उसके विरुद्ध की जाने वाली किसी अन्य कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

लेकिन इस खण्ड के अधीन लाइसेंस की मंजूरी या आयातित माल का आबंटन सामान्य रूप से 12 महीने से अधिक अवधि के लिए स्थगित नहीं किया जाएगा;

किन्तु स्थगन का ऐसा आदेश वापस लिए जाने पर उप-र्युक्त प्राधिकारी जो शर्तें, पाबन्दियां या सीमाएं निर्धारित करना उचित समझे उन शर्तों, पाबन्दियों और सीमाओं के अधीन स्थगन की अवधि के लिए विदेशी मुद्रा की स्थिति, स्वदेशी उत्पादन और अन्य संगत कारणों को ध्यान में रखते हुए लाइसेन्स या आयातित माल का आबंटन कर सकता है।

8ख. लाइसेंस के लिए आवेदन या आयातित माल के आवंटन को स्थगित करने के अधिकार :—

जब किसी लाइसेंसधारी या आयातक या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध खण्ड 8 में उल्लिखित किसी आरोप की जांच चल रही हो और केन्द्रीय सरकार या आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक इस बात से सन्तुष्ट हों कि उक्त आरोप के बारे में और जांच पूरी किए बिना लाइसेंस देना या आयातित माल का आवंटन करना लोक हित में नहीं है, तो केन्द्रीय सरकार या आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक इस आदेश में उल्लिखित किसी भी बात के बावजूद ऐसे व्यक्ति से लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदन पर निर्णय को स्थगित कर सकते हैं या भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम या इसके समान किसी अन्य एजेन्सी को ऐसे व्यक्ति को आयातित माल का आवंटन बिना कारण बताए और इस बारे में की जाने वाली किसी अन्य कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना स्थगित रखने के लिए आदेश दे सकते हैं —

लेकिन इस खण्ड के अधीन लाइसेंस की मंजूरी या आवंटन सामान्य रूप से 6 महीने से अधिक समय के लिए स्थगित नहीं किया जाएगा।

8ग. खण्ड 8 या 8क के अधीन की गई कार्रवाई का प्रचार

(1) यदि केन्द्रीय सरकार के विचार में जिस व्यक्ति या व्यक्तियों के विरुद्ध खण्ड 8 या 8-क के अधीन कार्रवाई की गई है उसके या उनके नाम तथा अन्य सम्बद्ध विवरण लोक हित को ध्यान में रखते हुए प्रकाशित करना जरूरी या लाभप्रद है तो वह ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम तथा इस प्रकार का विवरण जिस तरीके से चाहे प्रकाशित कर सकती है अथवा प्रकाशित करवा सकती है।

(2) यदि अपील दायर न की गई हो तो जब तक अपील प्राधिकारी के पास अपील दायर करने की अवधि समाप्त न हो जाए तब तक और यदि अपील दायर की गई हो तो जब तक अपील पर निर्णय न हो जाए तब तक इस संबंध में की गई इस प्रकार की किसी भी कार्रवाई के बारे में उप-खण्ड (1) के अधीन कुछ भी प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

व्याख्या:—किसी फर्म, कम्पनी या व्यक्तियों की अन्य संस्था के बारे में यदि केन्द्रीय सरकार की राय में मामले की परिस्थितियां उचित ठहरें तो जैसा भी मामला हो, फर्म के साझीदारों के नाम, कम्पनी के निदेशकों, प्रबन्धक एजेन्टों, सचिवों और खजांचियों या प्रबन्धकों के नाम या संस्था के सदस्यों के नाम प्रकाशित किए जा सकते हैं।

9. लाइसेंस रद्द किया जाना:—(1) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या इस सम्बन्ध में प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी इस आदेश के अन्तर्गत दिए गए किसी भी लाइसेन्स को निम्नलिखित परिस्थितियों में रद्द कर सकता है या उसे निष्प्रभावी बना सकता है — -

(क) यदि लाइसेन्स भूल से या गलती से जारी किया गया है या धोखाधड़ी अथवा तथ्यों को गलत बयान करके प्राप्त किया गया हो;

(ख) यदि लाइसेन्स इस आदेश के उपबन्धों या नियमों के विपरीत प्रदान किया गया हो,

(ग) यदि लाइसेन्सधारी ने लाइसेन्स की किसी शर्त का उल्लंघन किया हो;

(घ) यदि केन्द्रीय सरकार या सम्बद्ध अधिकारी को यह विश्वास हो कि जिस प्रयोजन के लिए लाइसेंस दिया गया था उससे वह प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा;

(ङ) यदि लाइसेंसधारी ने सीमाशुल्क के किसी कानून या सामान के आयात-निर्यात संबंधी किसी नियम और विनियमन या विदेशी मुद्रा संबंधी किसी विनियमन का उल्लंघन किया हो।

(2) केन्द्रीय सरकार अथवा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात अथवा इस सम्बंध में अन्य कोई प्राधिकृत अधिकारी लिखित रूप में विशिष्ट आदेश द्वारा इस आदेश के अंतर्गत निम्नलिखित को प्रदान किए गए किसी भी लाइसेंस को अप्रभावी कर सकता है —

(क) एक व्यक्ति को जिसके संबंध में अधिनियम-1974 के अन्तर्गत कारावास का आदेश लागू किया गया हो, अथवा

(ख) एक साझेदार फर्म अथवा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी को जिसका वह व्यक्ति साझेदार अथवा पूर्णकालिक निदेशक या प्रबन्धक संचालक, जैसा भी मामला हो!

शर्त यह होगी कि ऐसा विशिष्ट आदेश उस व्यक्ति के सम्बंध में या उस साझेदारी की फर्म या कम्पनी के सम्बन्ध में लागू नहीं होगा जिसका वह व्यक्ति साझेदार या पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबन्धक संचालक हो जब कि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध दिया गया ऐसा कारावास का आदेश:—

(1) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए 1974 के अधिनियम के खण्ड 9 या खण्ड-12क के परन्तुक लागू न होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश इस अधिनियम के खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट पर या सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट प्राप्त होने से पहले या सलाहकार बोर्ड को संदर्भ भेजने से पहले रद्द कर दिया गया हो; अथवा

(2) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए अधिनियम 1974 के खण्ड 9 के परन्तुक लागू होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश खण्ड 9 के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत पुनरीक्षा के लिए समय की समाप्ति से पहले या पुनरीक्षा के आधार पर या उस अधिनियम के खण्ड 9 के उप-खण्ड (2) के साथ पढ़े जाने वाले खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट पर रद्द कर दिया गया हो; या

(3) वह कारावास का आदेश हो जिस के लिए अधिनियम 1974 के खण्ड 12-क के परन्तुक लागू होते हों इस कारण वह कारावास का आदेश उस खण्ड के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत प्रथम पुनरीक्षा के लिए समय की समाप्ति से पहले या प्रथम पुनरीक्षा के आधार पर या उस अधिनियम के खण्ड 12-क के उप-खण्ड (6) के साथ पढ़े जाने वाले खण्ड (8) के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर रद्द कर दिया गया हो; अथवा

(4) सक्षम अधिकार क्षेत्र की अदालत द्वारा वह कारावास का आदेश हटा दिया गया हो।

(3) केन्द्रीय सरकार अथवा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात अथवा इस मामले में कोई भी प्राधिकृत अधिकारी लिखित रूप में विशिष्ट आदेश द्वारा इस आदेश के अधीन जारी किए गए

किसी भी लाइसेंस को अप्रभावित घोषित कर सकता है अथवा रद्द कर सकता है जब कि ऐसे लाइसेंस को रद्द करने की प्रक्रिया उपधारा (1) के अंतर्गत की गई हो, लेकिन फिर भी ऐसा प्रत्येक विशिष्ट आदेश ऐसे मामले में रद्द कर दिया जाएगा जिसमें लाइसेंस रद्द करने का फैसला ऐसी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद किया गया हो।

10. सुनवाई का अवसर दिया जाना—(1) सुनवाई का उचित अवसर दिए बगैर किसी लाइसेंसधारी या किसी आयातक या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध धारा 7 की उप-धारा (1) या उप-धारा (3) या धारा 8-क या धारा 9 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(2) यदि कोई व्यक्ति धारा 8 या धारा 8 (क) की उप-धारा (1) या उप-धारा (3) या धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन उसके विरुद्ध की गई किसी कार्रवाई से व्यथित हो तो वह की गई कार्रवाई की सूचना दिए जाने की तारीख से 45 दिन के भीतर इस प्रकार की कार्रवाई के विरुद्ध अपील दायर कर सकता है। यह अपील उस अधिकारी के पास दायर की जाएगी जिसकी नियुक्ति अपीलें सुनने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सरकारी राजपत्र में अधिसूचित की गई हो।

(3) उप-खण्ड (2) में निर्दिष्ट प्राधिकारी आवेदक को उसकी इच्छा पर सुनवाई के लिए उचित अवसर प्रदान करने के पश्चात और आगे अपनी इच्छानुसार कोई आवश्यक पूछताछ करने के पश्चात अपील के विरुद्ध की गई कार्रवाही की पुष्टि करते हुए उसमें आशोधन करते हुए या उसको प्रतिलोमित करते हुए ऐसा आदेश दे सकता है जो वह उचित समझे या यदि वह आवश्यक समझे तो अतिरिक्त साक्ष्य प्राप्त करने के बाद ऐसे निर्देश के साथ मामले को नई कार्रवाई या कार्यवाही के लिए वापस भेज सकता है, जिन्हें वह उचित समझे।

बशर्ते कि धारा 8 के अन्तर्गत जिस अवधि के लिए आवेदक वंचित किया गया है उसमें वृद्धि करने के लिए कोई आदेश इस धारा की उपधारा के अंतर्गत तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसको यदि वह ऐसा चाहता है, अपने पक्ष में सुनवाई के लिए प्रतिवेदन करने का अवसर प्रदान न किया गया हो।

10क. आयातित माल के मूल्य, किस्म आदि की घोषणा:—

चाहे शुल्क लगता हो अथवा नहीं, किसी भी सामान का किसी भी सीमा शुल्क पत्तन पर आयात करने पर, इस प्रकार के सामान का मालिक अपनी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार प्रविष्टि बिल या नियमानुसार निर्धारित किए गए प्रलेख में इस प्रकार के सामान के मूल्य, किस्म तथा गुण के बारे में विवरण देगा और इस प्रकार के प्रविष्टि बिल या प्रलेखों में नीचे की ओर, दिए गए ब्यौरे के सत्य होने की घोषणा करेगा।

आयातक कोड संख्या के रूप में घोषणा किसी भी सीमा शुल्क पत्तन पर किसी भी माल का आयात करते समय आयातक आयात को प्रविष्टि बिल अथवा नियमों द्वारा निर्धारित अन्य दस्तावेजों पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसको आबंटित "आयातक कोड संख्या" का अभिलेख करेगा। और ऐसे प्रविष्टि बिल अथवा दस्तावेज के अन्त में इस प्रकार के किए गए अभिलेख की सच्चाई के समर्थन में घोषणा देगा। जहां पर इस प्रकार की आयातक को आयात कोड संख्या प्राप्त करने से छूट प्राप्त है वह इस प्रकार की छूट प्रदान करने वाले मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के प्राधिकारी का नाम बतायेगा। (यह धारा 1 जुलाई 1982 से लागू होगी।

10ख. आयातित माल का उपयोग—(1) भारतीय व्यापार निगम द्वारा या मान्यताप्राप्त किसी अन्य एजेंसी द्वारा किए गए आबंटन या वितरण के दौरान प्राप्त किया गया किसी भी आयातित माल का उपयोग वह भी ऐसे ही तरीके से और उसी उद्देश्य के लिए करेगा जो उसने आबंटन या वितरण के लिए अपने आवेदनपत्र में या ऐसे आवेदनपत्र की पुष्टि में दिए गए दस्तावेजों में घोषित किया हो।

(2) धारा 10(ग) के उपबन्धों के अधीन कोई भी व्यक्ति लाइसेंस के मद्दे आयात किए गए माल को, आयात व्यापार के नियंत्रण अधिनियम के अधीन जारी किए गए प्राधिकार पत्र के बल पर तब तक न तो उपयोग करेगा न बेचेगा जब तक कि ऐसे प्राधिकार-पत्र में ऐसा करने की शर्तें न हों।

10ग. कुछ मामलों में आयातित माल की बिक्री के लिए निर्देश देने का अधिकार :—

(1) जिस मामले में माल का आयात करने पर या उसके बाद किसी समय भी, मामले की सुनवाई के लिए लाइसेंसधारी को उचित अवसर प्रदान करने के बाद मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि ऐसे माल का उपयोग इस उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है जिस के लिए वह आयात किया गया था, तो वह आदेश द्वारा अथवा माल के आयात को (यदि माल का आयात खुले सामान्य लाइसेंस अथवा विशेष सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत किया हो) अथवा लाइसेंसधारी को या ऐसे माल को या अधिकार नियंत्रण में रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे माल का ऐसे व्यक्ति को ऐसे समय के भीतर ऐसी कीमत पर और ऐसे तरीके से बेचने का निर्देश दे सकता है जो उस निर्देश में उल्लिखित हो।

(2) उप खंड (1) के अधीन निर्धारित किये जाने वाले मूल्य में सामान के उतारने तक की कुल कीमत, छुलाई और लदाई तथा इस संबंध में मामले की परिस्थितियों को देखते हुए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जो भी प्रासंगिक खर्चे उचित समझे जाएं, शामिल किए जाएंगे।

(2-क) यदि माल का आयात भारतीय राज्य व्यापार निगम, भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम या सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन इसी प्रकार के किन्हीं अन्य संस्थाओं या एजेंसियों या किसी अन्य मान्यताप्राप्त एजेंसी की मार्फत किया गया हो और इस प्रकार आयात किया गया सामान किसी व्यक्ति को आबंटित किया गया हो तो ऐसे व्यक्ति को भी सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

(3) जिस लाइसेंसधारी या व्यक्ति को खण्ड (1) के अधीन कोई निर्देश दिया जाए, उसे उस निर्देश का पालन करना होगा।

10 घ किसी घोषणापत्र, विवरणपत्र या दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने आदि की मनाही :—

(1) यदि किसी व्यक्ति को यह ज्ञात हो या उसके पास यह मानने का पर्याप्त आधार हो कि किसी घोषणा, वक्तव्य या प्रलेख में कोई ब्यान गलत दिया गया है तो वह कोई लाइसेन्स प्राप्त करने या किसी प्रकार का सामान आयात करने के लिए इस प्रकार की कोई घोषणा नहीं करेगा

या वक्तव्य या प्रलेख नहीं देगा या प्रलेख पर हस्ताक्षर नहीं करेगा और न ही किसी दूसरे से ऐसी घोषणा करवायेगा या वक्तव्य नहीं दिलवाएगा या प्रलेख पर हस्ताक्षर नहीं करवाएगा और न उन्हें इस्तेमाल करेगा और न ही किसी को इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेगा।

(2) लाइसेंस प्राप्त करने या कोई माल आयात करने के लिए कोई भी व्यक्ति कोई भ्रष्ट तरीका या कपटपूर्ण पद्धति नहीं अपनाएगा।

10क मुख्य नियंत्रक/अपर मुख्य नियंत्रक द्वारा संशोधन करने का अधिकार :—

मुख्य नियंत्रक अथवा अपर मुख्य नियंत्रक अपनी इच्छानुसार या अन्यथा रूप से किसी भी ऐसी कार्रवाई के रिकार्ड को मंगवा सकता है और जांच पड़ताल कर सकता है जिसमें उसके अधीनस्थ किसी भी अधिकारी द्वारा धारा 8 की उप-धारा (1) अथवा उप-धारा (3) के अन्तर्गत विवर्जित करने या धारा 9 की उप धारा (1) के अन्तर्गत लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई हो अथवा उसे पूर्ण किया गया हो (जो भी कुछ इसका परिणाम हो) और ऐसी कार्यवाही के सही होने, वैधानिकता अथवा औचित्य के लिए उसको संतुष्ट करने के प्रयोजनार्थ कोई अपील प्रस्तुत न की गई हो और उस कार्रवाई पर ऐसे आदेश दे सकता है जो वह ठीक समझे

बशर्ते कि इस उप-धारा के अन्तर्गत की गई कोई भी कार्रवाई इस सीमा तक परिवर्तित नहीं होगी कि वह किसी भी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाले जब तक कि वह व्यक्ति :—

(1) ऐसी कार्रवाई की जाने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के भीतर यह कारण प्रदर्शित करने का एक नोटिस प्राप्त न करले कि ऐसी कार्रवाही परिवर्तित क्यों न कर दी जाए, और

(2) जब तक कि उसे प्रतिवेदन देने का उचित अवसर प्रदान न किया गया हो और यदि वह ऐसा चाहे तो बचाव के लिए सुनवाई का सुअवसर न दिया गया हो।

11. **बचाव :— (1)** इस आदेश में से कोई भी बात निम्नलिखित किसी भी माल के आयात पर लागू नहीं होगी :—

(क) रक्षा कार्यों के लिए केन्द्रीय सरकार या केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण या स्वामित्व के अधीन एजेंसियों/उपक्रमों द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुएं।

(ख) आपूर्ति मंत्रालय के क्रय संगठन के अभिकरण अर्थात लन्दन स्थित इण्डिया सप्लाई मिशन और वाशिंगटन स्थित इन्डिया सप्लाई मिशन की मार्फत केन्द्रीय सरकार अथवा किसी राज्य सरकार, साविधिक निगम, सार्वजनिक निकाय या संयुक्त स्टाक कम्पनी के रूप में चलाए जा रहे किसी सरकारी उपक्रम द्वारा आयात किया जाने वाला सामान;

(ग) केन्द्रीय सरकार, किसी राज्य सरकार या किसी सांविधिक निगम या सार्वजनिक निकाय या संयुक्त स्टाक कम्पनी के रूप में चलाए जा रहे किसी सरकारी उपक्रम द्वारा आयात किया जाने वाला ऐसा सामान जिसके बारे में आदेश महानिदेशालय, पूर्ति और निपटान, नई दिल्ली की मार्फत दिये जाते हों;

(घ) वाहनान्तरण द्वारा या आयातित और आ पहुंचने पर पोत भंडार के रूप में या अन्य प्रकार से भारत से बाहर परन्तु नेपाल, तिब्बत और भूटान को छोड़कर किसी देश को पुनः निर्यात के लिए बान्डिड या आयातित और आ पहुंचने पर यथापूर्वोक्त पुनः निर्यात के लिए बान्डिड माल परन्तु बाद में राजनयिक कर्मचारियों, भारत में कान्सुलर अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र संघ के कर्मचारियों और उसकी विशेष एजेंसियों को रिहा किया गया माल जिन्हें क्रमश: वित्त मंत्रालय (डी. आर.) अधिसूचना सं. 3 दिनांक 8 जनवरी, 1957 और संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार तथा प्रतिरक्षण) अधिनियम, 1947 के अधीन शुल्क का भुगतान करने से छूट है;

(घघ) अनुमोदित कर मुक्त दुकानों पर बिक्री के लिए पहुंचने पर आयातित और बान्डिड चाहे वह स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में भुगतान के मद्दे बाहर जाने वाले या आने वाले यात्रियों के लिए हो;

(ङ) ऐसा सामान जो डाक द्वारा या अन्यथा रूप से भारत के रास्ते से भेजा जा रहा हो या उसे नेपाल, तिब्बत और भूटान को छोड़कर डाक द्वारा या अन्यथा रूप से भारत से बाहर किसी अन्य देश को पुनः प्रेषित किया जा रहा हो, परन्तु शर्त यह है कि ऐसा सामान भारत में जब तक रहे तब तक वह डाक/सीमा शुल्क प्राधिकारियों के कब्जे में रहे;

(च) शुल्क से छूट या शुल्क की पूर्णरूप से या आंशिक रूप से वापसी का दावा करते हुए नेपाल, तिब्बत और भूटान को भारत के रास्ते से वायुमार्ग द्वारा अफगानिस्तान को या स्थल मार्ग से भारत से बाहर किसी अन्य देश को भेजा जाने वाला माल, परन्तु शर्त यह है कि सामान का आयात किसी ऐसे देश द्वारा स्वयं या उसकी सरकार की ओर से किया गया हो जिसकी सीमा भारत से लगती हो या आयातकर्ता यह वचन दे कि वह निश्चित अवधि के भीतर यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर देगा कि इस प्रकार का सामान भारत की सीमा से बाहर चला गया है और यदि ऐसा न हुआ तो वह यथोचित सीमा-शुल्क प्राधिकारी द्वारा इस सामान के बारे में जो भी जुर्माना किया जाएगा वह जुर्माना भरेगा, इसके अलावा यह शर्त भी होगी कि उस सामान में कोई ऐसी वस्तुएं न हों जो निर्यात व्यापार नियन्त्रण विनियमावली के अधिकार क्षेत्र से बाहर हों;

(छ) यात्री असबाब के रूप में किसी व्यक्ति द्वारा उस समय लागू असबाब नियमावली के अन्तर्गत स्वीकार्य सीमा तक आयात किया जा सकता हो परन्तु इस सामान में अनुसूची-1 के शीर्ष सं. 29.01/45 के अन्तर्गत आने वाली 1/2 पौंड पाउडर की 500 गोलियां या 100 एम्पमूल्स से अधिक कुनेन शामिल नहीं है।

परन्तु किसी पर्यटक द्वारा किये जाने वाले आयात के मामले में शर्त यह है कि जिन मूल्यवान वस्तुओं को पर्यटक असबाब नियमावली 1978 के नियम 7 के अनुसार पुनः निर्यात करना अनिवार्य हो उसे भारत छोड़ने पर पुनः निर्यात किया जाएगा और ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि वे वस्तुएं

ऐसी हैं जिनका सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52वां) के अधीन आयात निषेध है;

इसके अलावा जिन वस्तुओं पर इस उप पैरा के उपबन्धों के अधीन छूट है उनके मामले में यह छूट इस शर्त पर होगी कि (क) अग्नि शस्त्रों और टी. वी. सेटों के मामले में जब तक इन्हें इस प्रकार के व्यक्तियों या यात्रियों या कर्मीदल के सदस्यों द्वारा छुड़ाए जाने की तारीख से क्रमशः कम से कम 5 वर्ष तक इस्तेमाल न कर लिया जाए अथवा (ख) अन्य वस्तुओं के मामले में, जब तक कि उनका बाजार मूल्य उनकी खरीद के नए बाजार मूल्य की तुलना में घटकर 50% से कम नहीं रह जाता, जब तक इस प्रकार की वस्तुएं नहीं, प्रदर्शित या विज्ञापित नहीं की जाएगी और न ही इन्हें बेचने के सम्बन्ध में कोई बात की जाएगी और न ही किसी दुकान में बिक्री के लिए प्रदर्शित की जाएगी;

(छछ) किसी व्यक्ति द्वारा डाक के जरिए निजी प्रयोग के लिए आयात किया गया सामान या किसी संस्थान अथवा अस्पताल द्वारा अपने प्रयोग के लिए आयात किया गया सामान, परन्तु जिसमें निम्नलिखित सामान शामिल नहीं है :—

(1) अनुसूची 1 की शीर्ष संख्या 12.05/10 के अन्तर्गत आने वाले वनस्पति बीजों के पैकेट पार्सल जिनका वजन एक पौंड से अधिक हो।

(2) अनुसूची-1 की शीर्ष संख्या - 01.01/06 के अंतर्गत आने वाली सजीव निर्जीयां।

(3) अनुसूची - 1 की शीर्ष संख्या 09.01/10 के अंतर्गत आने वाली चाय।

(4) पुस्तकें, पत्रिकाएं, जर्नल और साहित्य जिसको फिलहाल लागू आयात नीति के अनुसार आयात करने की मनाही हो।

(5) माल, जिसका आयात लागू आयात नीति के अन्तर्गत सरणीबद्ध है।

(6) नशीले पेय-पदार्थ ।

परन्तु शर्त यह है कि एक समय में यथा पूर्वोक्त आयात किए गए माल का लागत बीमा भाड़ा मूल्य 500 रुपये से अधिक नहीं होगा।

टिप्पणी.—उपहार में प्राप्त वस्तुओं के अलावा, अन्य वस्तुओं के मूल्य की अदायगी रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की अनुमति से प्राधिकृत व्यापारियों के जरिये विदेशी मुद्रा में की जा सकेगी।

(ज) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा सीमा शुल्क प्राधिकारियों के लिए जारी किये गये किसी कार्यकारी अनुदेश के अन्तर्गत आने वाली वस्तुएं।

(झ) राजनयिकों, कांसुलरों, अधिकारियों और भारत में व्यापार आयुक्तों द्वारा या उनकी ओर से आयात किया गया सामान जिस पर इन्हें भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की दिनांक 8 जनवरी, 1957 की अधिसूचना संख्या 3 के अनुसार सीमा शुल्क अदा नहीं करना पड़ता।

(ञ) किसी ऐसे देश से आयात किया गया सामान जिसे पुनः आयात करने पर सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52वां) की धारा 20 के अधीन भारत सरकार वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की तारीख 16 मई, 1957 की सीमा शुल्क अधिसूचना सं. 113, तारीख 25 मार्च, 1958 की अधिसूचना सं. 103, 11-10-1958 की अधिसूचना सं. 260 और 261, 25-10-1958 की अधिसूचना सं. 269, 270, 271, 273 274, 275 और 276 और 27-5-1961 की अधिसूचना सं. 68 या 24-9-1966 की यथा संशोधित अधिसूचना सं. 174 भारत सरकार वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की या तारीख 21-6-1969 की अधिसूचना सं. 98 या तारीख 29-8-1970 की अधिसूचना सं. 80 के अनुसार सीमा शुल्क नहीं देना होता है।

(ट) भारत में या विदेशों में निर्मित ऐसी वस्तुओं के पुर्जे जो विनिर्माताओं को परेषिती से मरम्मत करने और पुनः निर्यात करने के लिए प्राप्त हुए हों, परन्तु शर्त यह है कि :—

(1) सीमा शुल्क प्राधिकारियों को सम्बद्ध मामले की सत्यता पर विश्वास हो; और

(2) तारीख 9-12-1961 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 132 के अधीन पुनः आयात करने पर सीमा-शुल्क की अदायगी में छूट प्राप्त वस्तुओं से इतर वस्तुओं के मामले में आयातकर्ता सम्बद्ध पत्तन पर आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी के पास यह बंध-पत्र प्रस्तुत करे कि इस प्रकार आयात की गई वस्तुएं मरम्मत करने के बाद 6 महीने के भीतर पुनः निर्यात कर दी जाएगी।

(ठ) संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकारियों और उसकी विशेष एजेंसियों द्वारा आयात किया जाने वाला सामान जिस पर संयुक्त राष्ट्र संघ (विशेषाधिकार और प्रतिरक्षण) अधिनियम, 1947 के अनुसार सीमा शुल्क की छूट है।

(ड) निजी गाड़ियों के अस्थायी आयात संबंधी सीमा-शुल्क समझौते के अनुच्छेद 1 में परिभाषित गाड़ियां या उक्त समझौते के अनुच्छेद 4 में उल्लिखित उनके पुर्जे, जिन पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या 53-कस, दिनांक 1 मई, 1977 द्वारा उत्तरोत्तर यथा संशोधित अधिसूचना सं. 296 दिनांक 2 अगस्त, 1976, के अनुसार सीमा शुल्क की छूट है, परन्तु शर्त यह है कि —

(1) इस प्रकार की गाड़ियां या उनके पुर्जे उक्त अधिसूचना में दी गई अवधि या सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा बढ़ाई गई अवधि के भीतर पुनः निर्यात कर दिए जाएं।

(2) इस प्रकार की गाड़ियां या उनके पुर्जों के बारे में अस्थायी वाहन आयात अनुज्ञापत्र या पारगमन अनुज्ञापत्र के उपबन्धों या उक्त अधिसूचना के उपबन्धों का उल्लंघन न किया जाए;

अन्यथा इस प्रकार की गाड़ियों और संघटक पुर्जों पर इस आदेश में दिए गए उपबंध लागू होंगे और इस प्रकार की गाड़ियां या संघटकों को ऐसी वस्तुएं माना जाएगा,

जिनका सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अनुसार आयात करने की मनाही है।

परन्तु शर्त यह है कि इन अपवादों में दी गई किसी भी बात से किसी वस्तु या किसी ऐसी अन्य मनाही या विनियमावली पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा जो ऐसी वस्तुओं को आयात किये जाने के समय लागू हों।

(ण) कोई ऐसा सामान जो नेपाल की सरकार द्वारा जारी किए गए आयात लाइसेंस में शामिल हो और आयातक यथोचित सीमा-शुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुसूचित बैंक में यथोचित सीमा शुल्क प्राधिकारी को इस संबंध में जमानत दे कि वह उस सम्पूर्ण माल या उसके किसी भाग के सम्बन्ध में शुल्क और आयात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्धों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया जुर्माना चुकाएगा जिसके नेपाल राज्य में दाखिल होने की अनुमति नहीं है।

(त) भारतीय निर्माता को या अन्यथा रूप से केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा मरम्मत के लिए माल और जो विदेशों में भारतीय दूतावासों या विदेशों में स्थित केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों के किसी अन्य कार्यालय को पुनः निर्यात किया जाना हो।

(2) इस आदेश का कोई भी उपबन्ध भारतीय खाद्य निगम द्वारा आयात किए जाने वाले खाद्यान्न पर लागू नहीं होगा बशर्ते कि निकासी के समय आयातक सीमा शुल्क प्राधिकारियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर दे कि सम्बद्ध आयात के लिए केन्द्रीय सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

(3) इस आदेश में दिया गया कोई भी उपबन्ध मुफ्त दी जाने वाली ऐसी किसी सामग्री तथा खाद्य सामग्री के आयात पर लागू नहीं होगा जो संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनुमोदित एजेंसियों द्वारा मुफ्त उपहार के रूप में सप्लाई की जाती है और जिन पर वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की 21 जून, 1975 की अधिसूचना संख्या-जी एस आर 766 के अधीन सीमा शुल्क की छूट प्राप्त है।

(4) धारा 5 की उप-धारा (3) के पैरा (3), धारा 8, धारा 8-क, धारा 8-ग और धारा 10-ग को छोड़कर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए खुले सामान्य लाइसेंस अथवा विशेष सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत किसी भी माल का आयात इस आदेश में दिए गए के अनुसार लागू नहीं होगा।

12. निरसन——अनुसूची 4 में दी गई अधिसूचना में निहित आदेश एतद् द्वारा निरस्त किये जाते हैं :——

परन्तु किये गये किसी भी कार्य या की गई किसी भी कार्रवाई को जिसमें उक्त आदेशों के अधीन की गई नियुक्ति या जारी किया गया लाइसेंस भी शामिल है, इस आदेश के अनुरूप उपबन्धों के अधीन किया गया कार्य या की गई कार्रवाई माना जाएगा।

परिशिष्ट 2—जारी

अनुसूची 1

(खंड 3 देखें)

नोट :—कालम (1) में प्रत्येक शीर्षक संख्या सीमा शुल्क दर अधिनियम, 1975 (1975 का 21) की अनुसूची के संबंधित अध्याय और शीर्ष संख्या के अनुरूप है, तथा कालम (2) की प्रत्येक प्रविष्टि का वही अर्थ और सीमा है जो उक्त पहली अनुसूची के तदनुरूपी अध्याय और शीर्षक की है।

शीर्षक संख्या	वस्तुओं का विवरण
1	2

खंड—1

जीवित पशु : पशु उत्पाद

अध्याय—1

जीवित पशु

01·01	जीवित घोड़े, गधे, खच्चर और हिनी
01·02	गोजातीय किस्म के जीवित पशु
01·03	जीवित सूअर
01·04	जीवित भेड़ तथा बकरियां
01·05	जीवित कुक्कुटादि, जैसे मुर्गे, बत्तखें गीज, पीरू और गायना मुर्गे
01·06	अन्य जीवित पशु

अध्याय—2

मांस और मांस के भोज्य छीछड़े

02·01	शीर्षक सं. 01·01, 01·02, 01·03 अथवा 01·04 के अन्तर्गत आने वाले पशुओं के मांस और मांस के भोज्य छीछड़े, ताजा, शीतित अथवा जमे हुए।
02·02	मृत कुक्कुटादि (जैसे मुर्गे, बत्तख, हंस, पीरू और गायना मुर्गे) और उनके भोज्य छीछड़े (जिगर को छोड़कर), ताजा, शीतित अथवा जमे हुए।
02·03	कुक्कुटादि जिगर, ताजा, शीतित, जमे हुए, नमकीन अथवा लवण-जल में रखे हुए।
02·04	अन्य मांस एवं मांस के भोज्य छीछड़े, ताजा, शीतित अथवा जमे हुए।

1	2
(5) स्कूटर/आटो साइकिल/ मोटर साइकिल/मोपेड्स सहित एक वाहन के आयात के लिए आवेदनपत्र के सम्बन्ध में अदा किए जाने वाले शुल्क की धनराशि 500/- रुपए होगी और यह आवेदन-पत्र में विशिष्टिकृत ग्रेड के मूल्य को ध्यान में लिए बिना होगी।

बशर्ते कि यह निम्नलिखित के सम्बन्ध में कोई शुल्क नहीं दिया जाएगा:-

(क) किसी भी वस्तु के लिए (वाहन को छोड़कर) यदि उस व्यक्ति विशेष को उन वस्तुओं का आयात अपने वैयक्तिक प्रयोग के लिए करना हो न कि व्यापार या विनिर्माण कार्यों के लिए तो उस सम्बन्ध में आयात लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए भेजा गया आवेदन-पत्र; या

(ख) समाचार प्रतिष्ठान द्वारा 40 टन की मात्रा से कम अखबारी कागज आयात करने के लिए, आयात लाइसेंस प्राप्त करने के लिए भेजे गए आवेदन-पत्र।

शुल्क वसूल करने के लिए, सार्वजनिक जानकारी के लिए निम्नलिखित हिदायतें दी गई हैं :—

(1) शुल्क मुख्य शीर्षक "097 विदेश व्यापार और निर्यात संवर्धन" के अधीन शीर्षक 'आयात लाइसेन्स आवेदन-पत्र शुल्क' में जमा करना चाहिए।

(2) आयात व्यापार नियंत्रण निक्षेप को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत भारतीय केन्द्रीय बैंक की किसी भी एक शाखा में शुल्क जमा करना चाहिए।

(3) यदि आवेदक ऐसे स्थान पर रहता है जहां आयात व्यापार नियंत्रण निक्षेप प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत भारतीय केन्द्रीय बैंक की कोई शाखा नहीं है, तो आवेदन शुल्क एवं अन्य आयात व्यापार नियंत्रण निक्षेपों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराने की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

(4) इस आदेश के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क के भुगतान का प्रमाण जब तक आवेदन-पत्र के साथ नहीं भेजा जाएगा, तब तक उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

परिशिष्ट 2— (जारी)

अनुसूची 4

(खण्ड—12 देखें)

1. विगत वाणिज्य विभाग द्वारा जारी की गई यथासंशोधित अधिसूचना सं. 23-आई. टी. सी./43, दिनांक 1 जुलाई 1943

2. विगत वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना सं. 2-आई. टी. सी./48, दिनांक 6 मार्च, 1948

3. विगत वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना सं. 4-आई. टी. सी./48, दिनांक 1 मई, 1948

4. विगत वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना सं. 51-आई. टी. सी./50, दिनांक 15 नवम्बर, 1950

5. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया गया आदेश स. 4/55, दिनांक 30 जून 1955

परिशिष्ट—2 (जारी)

अनुसूची—5

(खण्ड—5 देखें)

आयात लाइसेन्सों के लिए लागू शर्तें

1. निम्नलिखित शर्तें सभी आयात लाइसेन्सों के लिए लागू होंगी :—

(1) यदि किसी मामले में, लाइसेन्सधारी द्वारा लाइसेन्स में शामिल किसी माल के आयात के वित्तदान के लिए अपरिवर्तनीय साखपत्र खोला जाए, तो विदेशी मुद्रा के जिस प्राधिकृत व्यापारी के माध्यम से साख खोला जाए वह भी साख में शामिल माल की सीमा तक संयुक्त लाइसेंसधारी माना जाएगा।

(2) लाइसेंस के मद्दे किए जाने वाले प्राधिकृत भुगतानों में भारत में आयातक/एजेन्ट को विदेशी संभरक/विनिर्माता द्वारा दिया गया कमीशन, बट्टा या छूट शामिल नहीं होंगे।

2. वास्तविक उपयोक्ताओं को "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के साथ जारी किए गए आयात लाइसेंसों के लिए निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :—

(1) लाइसेंस के मद्दे आयात किए गए माल का उपयोग लाइसेंसधारी द्वारा केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा जिसके लिए वह आयात किया गया था और उसका उपयोग उसी कारखाने, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, संस्थान, व्यावसायिक कार्यालय या अन्य सम्बद्ध परिसर में किया जाएगा जिसका पता उस आवेदनपत्र में दिया गया है जिसके मद्दे यह लाइसेंस प्रदान किया गया है। उस माल का कोई भी भाग किसी अन्य पार्टी को न तो हस्तान्तरित किया जाएगा, न उसके द्वारा उपयोग किया जाएगा और न ही किसी भी तरीके से उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी; लेकिन, जिस मामले में वास्तव में आवश्यक होगा तो जब तक वास्तविक उपयोक्ता शर्त का पालन हो तब तक वह माल अन्य कारखाने में संसाधित कराया जा सकता है या दूसरे प्रतिष्ठान में उपयोग के लिए रखा जा सकता है।

(2) लाइसेन्सधारी लाइसेन्स के मद्दे आयातित माल की खपत और उपयोग का एक उचित लेखा निर्धारित प्रपत्र में और निर्धारित तरीके से रखेगा और उस लेखे को लाइसेंस प्राधिकारी या अन्य सरकारी प्राधिकारी को ऐसे समय के भीतर प्रस्तुत करेगा जो उसके द्वारा निर्धारित किया जाए।

(3) सभी वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक एकक) महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली को या सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को उत्पादन का विवरण नियमित रूप से प्रस्तुत करेंगे।

(4) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक एकक) महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली को या संबद्ध प्रायोजक अधिकारी को और इलैक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली (जो भी आयातित मद के लिए उपयुक्त हो) को अपने द्वारा आयातित मदों का अर्ध वार्षिक विवरण-पत्र भेजेगा।

(5) यदि अनुसंधान और विकास एककों द्वारा किए गए आयातों का मूल्य किसी एक समय में एक लाख रुपए से अधिक हो तो सीमाशुल्क कार्यालय के माध्यम से माल की निकासी के 30 दिनों के भीतर सभी अनुसन्धान और विकास एककों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को सूचित करना होगा। किसी इलैक्ट्रानिक मद के बारे में उन्हें इलैक्ट्रानिक विभाग, नई दिल्ली को भी सूचित करना चाहिए।

3. पूंजीगत माल के आयात के लिए जारी किए गए लाइसेंसों के लिए निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :—

(1) लाइसेन्स के अन्तर्गत आयातित माल का उपयोग उस आवेदन-पत्र में दर्शाए गए पते पर लाइसेंसधारी की फैक्टरी में किया जाएगा जिसके मद्दे लाइसेन्स जारी किया गया है और यह कि उसका कोई

भी भाग न तो बेचा जाएगा, न किसी अन्य पार्टी को उसका उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी बैंक और राज्य वित्तीय निगम के अतिरिक्त अन्य किसी वित्त दाता के पास बन्धक नहीं रखा जाएगा, बशर्ते कि बन्धक रखे जाने वाले माल का ब्यौरा लाइसेंसधारी द्वारा पहले ही लाइसेंस प्राधिकारी को भेज दिया गया हो।

(2) लाइसेन्सधारी द्वारा सांख्यिकी निदेशालय, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली को प्रत्येक वर्ष की 28 फरवरी और 31 अगस्त को लाइसेंस के मद्दे किए गए वास्तविक आयात और धन प्रेषण दर्शाते हुए इससे संलग्न अनुबन्ध में दिए गए प्रपत्र में एक अर्धवार्षिक विवरण पत्र भेजा जाएगा। जैसा कि बताया गया है प्रत्येक छमाही के लिए विवरण छमाही के समाप्त होने के 15 दिन की अवधि के भीतर भेजा जाएगा।

4. सरकारी संविदाओं के निष्पादन के लिए जारी किए गए आयात लाइसेंस इस शर्त के अधीन होंगे कि आयातित माल आपूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय, रेलवे प्राधिकारियों अथवा रक्षा प्राधिकारियों, जैसा भी मामला हो, द्वारा किए गए आदेश में निर्धारित तरीके से उपयोग में लाया जाएगा अथवा बेचा जाएगा अथवा उसका निपटान किया जाएगा, और आयातित माल लाइसेंस प्राधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी अन्य प्रकार से उपयोग में नहीं लाया जाएगा अथवा उसका निपटान नहीं किया जाएगा।

अनुबंध

अनुसूची 5

. . . . को समाप्त होने वाली छमाही के लिए उपयोग रिपोर्ट ।

1. लाइसेंसधारी का नाम और पता

2. लाइसेंस की सं. और दिनांक

3. माल का संक्षिप्त ब्यौरा

4. लाइसेन्स का कुल मूल्य रुपयों में

5. रिपोर्ट की छमाही के दौरान आयातित माल का मूल्य :—

आयात करने की तिथि	मूल्य रुपयों में	निकासी का पत्तन
1	2	3

6. जिस छमाही की यह रिपोर्ट है, उसके अन्त में लाइसेन्स की सीमा-शुल्क प्रति में अप्रयुक्त शेष धन राशि रुपयों में ------------

7. जिस छमाही की यह रिपोर्ट है, उसके दौरान लाइसेन्सों के मद्दे किए गए धन प्रेषण का ब्यौरा

8. जिस छमाही की यह रिपोर्ट है, उसके अन्त में लाइसेन्स की मुद्राविनियम नियंत्रण-प्रति में अप्रयुक्त राशि रुपयों में ------------------

9. जिस छमाही की यह रिपोर्ट है, उसके दौरान लाइसेंस के मद्दे दिए गए आदेशों का ब्यौरा

10. जिस छमाही की यह रिपोर्ट है, उसके दौरान लाइसेंस के मद्दे खोले गए साख पत्रों का ब्यौरा

प्रेषण की तिथि मूल्य रुपयों में

11. यदि लाइसेन्स को पुनर्वैध करने की कोई अवधि हो, तो उसके सहित लाइसेन्स की वैधता अवधि की समाप्ति की तिथि।

मैं/हम एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि भेजे गए/दिखाए गए ब्यौरे मेरे/हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं।

दिनांक . . . .

लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर

परिशिष्ट--2 (जारी)

निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

निर्यात व्यापार नियंत्रण (सं. 1/77-ईटीसी)

नई दिल्ली, दिनांक 24 मार्च, 1977

एस. ओ. 254 (ई)—आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) के खण्ड 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश की रचना करती है; अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ**—(1) इस आदेश को निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की संज्ञा दी जाए।

(2) यह 1 अप्रैल, 1977 से लागू होगा।

2. **परिभाषा**—इस आदेश में जब तक अन्यथा रूप से सन्दर्भ की आवश्यकता न हो :—

(क) "अधिनियम" का अर्थ है आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18);

(ख) "मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात" में अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, निर्यात आयुक्त, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय में संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात तथा नियंत्रक, आयात-निर्यात शामिल है।

(ग) "सीमा-शुल्क समाहर्ता" का वही अर्थ है जो सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) में नियत है;

(घ) "लाइसेन्स" में निम्नलिखित शामिल है :—

(1) इस आदेश के अन्तर्गत पोतलदान बिल में किया गया लाइसेन्स पृष्ठांकन।

(2) इस आदेश के अन्तर्गत आबंटित माल के निर्यात के लिए कोटा, चाहे ऐसा आबंटन लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा किया गया हो या इस सम्बन्ध में लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी भी अन्य अभिकरण द्वारा किया गया हो।

(ङ) "लाइसेन्सधारी" का मतलब वह व्यक्ति है, जिसको इस आदेश के अन्तर्गत लाइसेन्स प्रदान किया जाता है;

(च) "लाइसेन्स प्राधिकारी" का मतलब है वह समर्थ प्राधिकारी जो इस आदेश के अन्तर्गत लाइसेन्स प्रदान करता है;

(छ) "अनुसूची" का मतलब है इस आदेश की अनुसूची;

(ज) "मूल्य" का मतलब वही है जो सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 के 52) की धारा 14 की उपधारा (1) में है।

3. **कुछ मदों के निर्यात पर प्रतिबन्ध**—(1) इस आदेश में अन्यथा रूप से जो दिया गया है, उसे छोड़ कर कोई भी व्यक्ति अनुसूची-1 में उल्लिखित विवरणों के किसी भी माल का निर्यात नहीं करेगा, किन्तु उनको छोड़ कर जिन्हें केन्द्रीय सरकार या अनुसूची-2 में उल्लिखित अधिकारी द्वारा नियमानुसार लाइसेन्स प्रदान किया गया हो।

(2) कोई भी व्यक्ति पाकिस्तान को किसी भी माल का निर्यात नहीं करेगा, लेकिन उनको छोड़ कर जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा या अनुसूची-2 में उल्लिखित अधिकारी द्वारा नियमानुसार लाइसेन्स प्रदान किया गया हो।

(3) उप-अनुच्छेद (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी अनुसूची-3 में विशिष्टिकृत माल का निर्यात उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करने पर किया जा सकता है।

3क. **कोटा आबंटन के लिए आवेदन-पत्र का शुल्क** :—पोशाकों के निर्यात के लिए कोटा आबंटन के लिए प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ खजाना रसीद/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा की गई 50 (पचास) रुपए की फीस होनी चाहिए। जमा की गई फीस किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी। लेकिन, उन मामलों को छोड़कर जहां फीस जमा कर दी गई है, परन्तु कोटा आबंटन के लिए कोई आवेदन-पत्र नहीं भेजा गया है।

(4) यदि किसी भी मामले में यह पाया गया कि निर्यात किए जाने वाले माल का मूल्य, प्रकार, विशिष्टिकरण, किस्म और विवरण निर्यातक की घोषणा के अनुसार नहीं है या ऐसे माल की किस्म और विशिष्टिकरण निर्यात संविदा की शर्तों के अनुसार नहीं है तो ऐसे माल का निर्यात निषेध समझा जाएगा।

4. **लाइसेन्स की शर्तें**—(1) इस आदेश के अन्तर्गत प्रदान किए गए लाइसेन्स में इस तरह की शर्तें हो सकती हैं, जो इस अधिनियम या इस आदेश के अनुरूप न हों, परन्तु जिन्हें लाइसेंस अधिकारी उपर्युक्त समझें।

(2) इसे प्रत्येक लाइसेन्स के लिए एक शर्त के रूप में समझा जाएगा कि :—

(क) लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए लाइसेन्स को कोई व्यक्ति हस्तान्तरित नहीं करेगा और

न कोई व्यक्ति हस्तान्तरण द्वारा प्राप्त करेगा, किन्तु उन मामलों को छोड़ कर जिनमें उस प्राधिकारी की लिखित अनुमति मिल जाती है जिसने लाइसेन्स प्रदान किया है या अन्य कोई व्यक्ति जो इस प्रकार के अधिकारी द्वारा उसकी ओर से ऐसा करने के लिए समर्थ बनाया गया है।

(ख) जिस माल के निर्यात के लिए लाइसेन्स प्रदान किया जाता है वह माल निर्यात के समय लाइसेन्सधारी की सम्पत्ति होगी।

(3) इस अनुच्छेद के अन्तर्गत रखी गई या रखी जाने वाली शर्तों का सभी लाइसेन्सधारी पालन करेंगे।

5. **लाइसेन्स अस्वीकार करना** :--लाइसेन्स प्राधिकारी लाइसेन्स देने से इनकार कर सकता है :--

(क) यदि लाइसेन्स के लिए दिया गया आवेदन-पत्र इस आदेश के किसी उपबन्ध के अनुसार नहीं है;

(ख) यदि इस प्रकार के आवेदन-पत्र में किसी प्रकार का झूठा या जालसाजी करने या गुमराह करने वाला विवरण पाया जाता है;

(ग) यदि आवेदक अपने आवेदन-पत्र के समर्थन में कोई ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत करता है जो झूठा है या जाली है या जिसमें हेरफेर किया गया है;

(घ) यदि लाइसेन्स प्राधिकारी यह समझता है कि लाइसेन्स प्रदान करना देश के हित में नहीं होगा;

(ङ) यदि आवेदक के कार्य-कलाप राज्य के हित के प्रतिकूल हैं;

(च) यदि आवेदक ने किसी सीमाशुल्क या विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित किसी कानून (जिसमें कोई नियम, आदेश या अधिनियम शामिल है) का उल्लंघन किया है;

(छ) यदि आवेदक ने किसी समय निर्यात लाइसेन्स में कोई फेर-बदल की है या बिना लाइसेन्स के माल निर्यात किया है या अपने वाणिज्यिक कार्यों में या किसी प्रकार से लाइसेन्स प्राप्त करने में किसी भ्रष्ट या धोखेबाजी के कामों में भाग लिया है या यह पाया जाता है कि उसने लाइसेन्सधारी को किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या अन्य तरीके से लाइसेन्स पाने के लिए याचना की है;

(ज) यदि आवेदक के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में आवेदक के किसी अभिकर्ता या कर्मचारी ने किसी भ्रष्ट या जालसाजी के कामों में भाग लिया है;

(झ) यदि निर्यात लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र दोषपूर्ण पाया जाता है और निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं पाया जाता है;

(ञ) यदि आवेदक अधिनियम के अन्तर्गत बनाए या बनाए गए समझे जाने वाले किसी आदेश या इस प्रकार के किसी आदेश के अन्तर्गत किए गए लाइसेन्स की किसी शर्त का उल्लंघन करता है; या उल्लंघन करने का प्रयास करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है या निर्यात व्यापार नियंत्रण विनियमों को भंग करता है;

(ट) यदि आवेदक निर्यात नियंत्रण विनियमों के अनुसार लाइसेन्स के लिए पात्र नहीं है;

(ठ) यदि लाइसेन्स प्राधिकारी निर्यात को विशेष या विशिष्ट अभिकरणों से या सूत्रों के माध्यम से सरणीबद्ध करने का निश्चय करता है;

(ड) यदि आवेदक एक साझीदार फर्म में साझीदार है या उस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का पूर्ण समय के लिए निदेशक या प्रबन्ध निदेशक है जो कुछ समय के लिये अनुच्छेद 7 या अनुच्छेद 8 या अनुच्छेद 9 के अन्तर्गत कार्रवाई के अधीन है;

(ढ) यदि आवेदक अनुच्छेद 7 या अनुच्छेद 8 या अनुच्छेद 9 के अन्तर्गत थोड़े समय के लिए किसी कार्रवाई के अधीन है;

(ण) यदि आवेदक एक साझीदार फर्म में या प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में कोई साझीदार या पूर्ण समय के लिए निदेशक या प्रबन्ध निदेशक हो या, जैसा भी मामला हो, थोड़े समय के लिए अनुच्छेद 7 या 8 या 9 के अन्तर्गत किसी कार्रवाई के अधीन है;

(त) यदि सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 के अन्तर्गत आवेदक से किसी प्रकार की धनराशि की मांग की जाती है या उक्त अधिनियम के अन्तर्गत किसी प्रकार का लगाया गया दण्ड 3 महीने की अवधि तक चुकाया नहीं गया है;

(थ) यदि आवेदक किसी प्रकार के उस दस्तावेज को प्रस्तुत करने में असमर्थ है जिसकी मांग मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा की जाती है; और

(द) यदि आवेदक, अधिनियम के अन्तर्गत उस पर अन्तिम रूप से लगाए गए जुर्माने को चुकाने में असफल रहता है।

6. **लाइसेन्स का संशोधन**--लाइसेन्स प्राधिकारी अपने स्वयं के प्रस्ताव पर या लाइसेन्सधारी के आवेदन पर, इस आदेश के अन्तर्गत प्रदान किए गए लाइसेन्स में ऐसा संशोधन कर सकता है, जो कि अधिनियम की या इस आदेश की या थोड़े समय के लिए लागू किसी अन्य कानून की व्यवस्थाओं के अनुरूप आवश्यक समझे या लाइसेन्स में किसी प्रकार की गलती या भूल का सुधार कर सकता है।

बशर्ते कि लाइसेन्स प्राधिकारी लाइसेन्सधारी के अनुरोध पर लाइसेन्स में निर्यात व्यापार नियंत्रण विनियमों के अनुसार किसी संगत तरीके से संशोधन करे।

7. **लाइसेन्स प्राप्त करने या माल निर्यात करने से वंचित करने का अधिकार**--(1) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात लाइसेन्सधारी को या निर्यातक या किसी अन्य व्यक्ति को निम्नलिखित सभी के लिए या इनमें से किसी के लिए वंचित कर सकते हैं; अर्थात् लाइसेन्स प्राप्त करने से या किसी माल का निर्यात करने से वंचित कर सकते हैं और अन्य कोई कार्रवाई, जो इस सम्बन्ध में की जाए उसे ध्यान में रखे बिना यह निदेश दे सकता है कि उसे कोई लाइसेन्स प्रदान नहीं किया जाएगा या इस आदेश के अन्तर्गत एक विशिष्टिकृत अवधि के लिए किसी माल के निर्यात के लिए उसे कोई अनुमति नहीं दी जाएगी :--

(क) यदि लाइसेन्स के लिए उसका आवेदन-पत्र किसी समय इस आदेश की किसी व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया जाता है; या

(ख) यदि इस प्रकार के आवेदन-पत्र में किसी प्रकार का झूठा, जाली या गुमराह करने वाला विवरण शामिल होता है; या

(ग) यदि यह पाया जाता है कि उसने अपने आवेदन-पत्र के समर्थन में जो प्रलेख दिया गया है, वह झूठा है या जाली है या उनमें हेर-फेर किया हुआ है; या

(घ) यदि उसने किसी समय निर्यात लाइसेन्स में हेर-फेर किया है या लाइसेन्स के बिना माल निर्यात किया है या वाणिज्यिक व्यवहार करने में या लाइसेन्स प्राप्त करने में या किसी माल का निर्यात करने में भ्रष्ट या धोखेबाजी के काम में भाग लिया है, या यह पाया जाता है कि लाइसेन्सधारी ने किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या किसी अन्य तरीके से लाइसेन्स पाने के लिए याचना की है;

(ङ) यदि उसके अभिकर्ता या कर्मचारी ने किसी भ्रष्ट या धोखेबाजी के काम में किसी लाइसेन्स प्राप्त करने या उसकी ओर से किसी माल का निर्यात करने में किसी धोखेबाजी के काम में भाग लिया है; या

(च) यदि वह लाइसेन्स में दी गई शर्तों या लाइसेन्स में संलग्न किए गए आवेदन-पत्र में दी गई शर्तों में किसी शर्त का अनुपालन करने में असफल रहता है या उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने का प्रयत्न करता है या उल्लंघन करने में सहायता देता है; या

(छ) यदि वह सीमाशुल्क या माल के आयात और निर्यात या विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित किसी कानून (इसमें कोई आदेश या विनियम शामिल है) को भंग करता है; या

(ज) यदि वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या किसी अन्य लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है।

(झ) यदि वह अपने और अन्य पार्टी के बीच में हुई निर्यात संविदा का जान बूझ कर उल्लंघन करता है।

टिप्पणी : इस अनुच्छेद में, "लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र" में निर्यात व्यापार नियंत्रण विनियमों के अन्तर्गत दिया गया कोई भी आवेदन-पत्र शामिल है।

(2) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात लिखित रूप में विशेष आदेश द्वारा :--

(क) विवर्जित कर सकते हैं :--

(1) उस व्यक्ति को जिसके सम्बन्ध में विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं तस्करी कार्यकलाप निवारण अधिनियम, 1974 (1974 के 52) (जिसे इसके बाद अधिनियम, 1974 कहा गया है) के अधीन कारावास का आदेश दिया गया है, अथवा,

(2) एक साझेदार फर्म या प्राइवेट कम्पनी के ऐसे व्यक्ति को जो भागीदार हो या निदेशक या प्रबन्ध निदेशक जैसा भी मामला हो, लाइसेन्स प्राप्त करने से या माल का निर्यात करने से; और

(ख) ऐसे व्यक्ति साझेदारी की फर्म या कम्पनी के विरुद्ध जो अन्य कार्रवाई की जा सकती है, उसको ध्यान में रखे बिना यह आदेश दे सकते हैं कि ऐसे विशेष आदेश में जो अवधि निर्धारित की जाए उसके लिए ऐसे व्यक्ति, साझेदारी की फर्म या कम्पनी को कोई माल निर्यात करने के लिए कोई लाइसेन्स या अनुमति नहीं दी जाएगी : बशर्ते कि ऐसा विशेष आदेश ऐसे व्यक्ति/साझेदारी की फर्म या कम्पनी जिसका यह व्यक्ति पूरे समय के लिए प्रबन्ध निदेशक या निदेशक जो भी हो, के विरुद्ध तब लागू नहीं होगा जबकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध दिया गया कारावास का आदेश--

(1) वह कारावास का आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड 9 या खण्ड 12-क के प्रावधान लागू न होते हों और वह उस अधिनियम के खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट पर रद्द कर दिया गया हो या सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट प्राप्त होने से पहले रद्द कर दिया गया हो या सलाहकार बोर्ड को सन्दर्भ भेजने से पहले रद्द कर दिया गया हो; या

(2) वह आदेश कारावास का ऐसा आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड 9 के प्रावधान लागू होते हों, परन्तु वह उस अधिनियम के खण्ड 9, उप-खण्ड (2) के साथ पढ़े जाने वाले खण्ड 8 के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर या खण्ड 9 के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत जांच के आधार पर समय की समाप्ति से पहले रद्द कर दिया गया हो; या

(3) वह कारावास का ऐसा आदेश हो जिसके लिए अधिनियम, 1974 के खण्ड 12-क के प्राव-

धान लागू हो और वह उस खण्ड के उप-खण्ड (3) के अन्तर्गत प्रथम जांच के आधार पर या उस अधिनियम के खण्ड 12-क के उप-खण्ड (6) के साथ पढ़े जानेवाले खण्ड (8) के अन्तर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर समय की समाप्ति से पहले रद्द कर दिया गया हो; या

(4) समर्थ क्षेत्राधिकार के न्यायालय द्वारा वह रद्द कर दिया गया हो।

(3) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात लाइसेन्सधारी या निर्यातक या किसी अन्य व्यक्ति को लाइसेन्स प्राप्त करने या किसी माल का निर्यात करने से रोक सकते हैं और जो इस सम्बन्ध में उनके विरुद्ध कोई भी कार्रवाई की जा सकती है उसको ध्यान में रखे बिना यह निदेश दे सकते हैं कि ऐसे व्यक्ति को इस आदेश के अन्तर्गत एक विशिष्ट अवधि के लिए माल का निर्यात करने के लिए कोई लाइसेन्स प्रदान नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी, यदि केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के विचार में :—

(क) ऐसा लाइसेन्सधारी, निर्यातक या अन्य व्यक्ति; या

(ख) जहां ऐसा लाइसेन्सधारी, निर्यातक या अन्य व्यक्ति एक साझेदारी फर्म या लिमिटेड कम्पनी में कोई साझेदार या पूर्ण समय के लिए जैसा भी मामला हो संचालक या प्रबन्ध संचालक हो; या

(ग) जहां ऐसा लाइसेन्सधारी, आयातक या अन्य व्यक्ति एक साझेदारी फर्म में साझेदार या लिमिटेड कम्पनी; ऐसी साझेदारी फर्म या लिमिटेड कम्पनी का पूर्ण समय के लिए, जैसा भी मामला हो, संचालक या प्रबन्ध संचालक हो; और

(1) ऐसा लाइसेन्सधारी, निर्यातक या अन्य व्यक्ति या साझेदार या पूर्ण समय के लिए संचालक या प्रबन्ध संचालक या ऐसी साझेदारी फर्म या लि. कम्पनी, जैसा भी मामला हो, प्रदान किए गए किसी निर्यात लाइसेन्स या आबंटित कोटे का उपयोग करने या पूर्णतया उपयोग करने में बिना यथेष्ट कारण के असफल रहा हो; या

(2) उसने आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के उप-अनुच्छेद (3) के पैरा (1) में उल्लिखित कोई गलत कार्य किया हो।

8. **लाइसेन्सों की मंजूरी निलम्बित करने या माल निर्यात करने की अनुमति के लिए अधिकार**—केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात उस लाइसेन्सधारी या निर्यातक या अन्य व्यक्ति को लाइसेन्सों की मंजूरी देने या माल निर्यात करने से निलम्बित कर सकते हैं जिसके विरुद्ध धारा 7 में उल्लिखित एक या अधिक अभियोगों की जांच चल रही हो; यह कार्रवाई उस अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त होगी जो इस सम्बन्ध में की जा सकती है;

बशर्ते कि लाइसेन्स मंजूर करना या माल के निर्यात के लिए अनुमति देना साधारणतः 12 महीनों की अवधि से अधिक के लिए इस धारा के अन्तर्गत निलम्बित नहीं किया जाएगा;

आगे यह भी शर्त होगी कि निलम्बन हटाने पर उसकी ऐसी शर्तों और प्रतिबन्धों के अधीन निलम्बन की अवधि के लिए लाइसेन्स प्रदान किया जा सकता है जो कि पूर्वोक्त प्राधिकारी द्वारा सम्बन्धित आर्थिक तथ्यों को ध्यान में रख कर तय की जाए।

9. **निर्यात किए जाने वाले माल के लिए आवेदन-पत्रों को आस्थगन में रखना**—उन मामलों में जहां लाइसेन्सधारी या निर्यातक या किसी भी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध परिच्छेद 7 में उल्लिखित आरोपों में किसी भी आरोप के लिए जांच पड़ताल करना बाकी है और जहां केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस प्रकार के आरोपों के सम्बन्ध में और विस्तृत जानकारी का पता लगाए बिना ही संतुष्ट हो जाता है कि लाइसेन्स प्रदान करना या माल का निर्यात करने के लिए स्वीकृति प्रदान करना सार्वजनिक हित में नहीं है तो इस आदेश में निहित किसी भी बात के होते हुए भी केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ऐसे व्यक्ति को लाइसेन्स प्रदान करने के लिए या माल का निर्यात करने के लिए उसके किसी भी आवेदन-पत्र को, कोई भी कारण बतलाए बिना ही इस सम्बन्ध में की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना ही, आस्थगन में रख सकता है :

बशर्ते कि इस परिच्छेद के अन्तर्गत ऐसे लाइसेन्स के लिए मंजूरी देने या माल के निर्यात के लिए अनुमति देने की निलम्बन अवधि साधारणतः 6 महीने से अधिक नहीं होगी।

10. **परिच्छेद 7 अथवा 8 के अन्तर्गत की गई कार्रवाई का प्रचार** :—

(1) यदि केन्द्रीय सरकार के विचार में यह आवश्यक है या सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए यह उचित है कि परिच्छेद 7 या 8 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति या व्यक्तियों जिन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, के नामों या अन्य ब्यौरों को प्रकाशित किया जाए तो जैसा भी वह उचित समझे ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के नामों को और ऐसे ब्यौरों को प्रकाशित करा सकती है या प्रकाशित कराने का कारण बन सकती है।

(2) उप-परिच्छेद (1) के अन्तर्गत ऐसी किसी कार्रवाई के सम्बन्ध में कोई भी प्रकाशन तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि अपील सुनने वाले प्राधिकारी

को अपील प्रस्तुत किए बिना, अपील प्रस्तुत करने का समय बीत न गया हो या अपील निपटा न दी गई हो ।

व्याख्या :— फर्म, कंपनी या व्यक्तियों की अन्य संस्था के मामले में, फर्म के साझीदारों, संचालकों, प्रबन्ध एजेन्टों, सचिवों और कोषाध्यक्षों या कंपनी के प्रबन्धकों या संस्था के सदस्यों, जैसा भी मामला हो, के नाम भी प्रकाशित किए जा सकते हैं बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार के विचार में मामले की परिस्थितियां इसे न्याय संगत ठहराएं।

11. **लाइसेन्सों को रद्द करना**—(1) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या उस की ओर से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी इस आदेश के अन्तर्गत प्रदान किए गए किसी भी लाइसेंस को रद्द कर सकता है या अन्यथा रूप से उसे अप्रभावी कर सकता है :—

(क) यदि लाइसेंस भूल या गलती से प्रदान किया गया है या जालसाजी या मिथ्या निरूपण से प्राप्त किया गया है,

(ख) यदि लाइसेंस, नियमों या इस आदेश की शर्तों के प्रतिकूल प्रदान किया गया है,

(ग) यदि लाइसेन्सधारी ने लाइसेन्स की शर्तों में से किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है,

(घ) यदि केन्द्रीय सरकार या ऐसा अधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि लाइसेंस उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा जिस के लिए वह प्रदान किया है, या

(ङ) यदि लाइसेंसधारी ने सीमाशुल्क से संबंधित किसी कानून या माल के आयात-निर्यात से संबंधित किन्हीं नियमों या विनियमों या विदेशी मुद्रा के विनियमों से संबंधित किसी कानून का उल्लंघन किया हो :

इसकी शर्त यह भी है कि इस आदेश में कोई बात निहित होते हुए भी केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या उसकी ओर से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी यदि इस बात से संतुष्ट है कि लाइसेंस को रद्द करना या उसे अप्रभावी करना सार्वजनिक हित में है तो वह कोई भी कारण बताए बिना ही ऐसा कर सकता है।

(2) केन्द्रीय सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या उसकी ओर से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी इस आदेश के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों को प्रदान किए गए किसी भी लाइसेंस को लिखित रूप में विशेष आदेश द्वारा अप्रभावी कर सकता है :—

(क) ऐसा व्यक्ति जिस के संबंध में अधिनियम 1974 के अंतर्गत कारावास का आदेश दिया गया हो, या

(ख) एक साझेदारी की फर्म या प्राइवेट लि. कम्पनी जिसका ऐसा व्यक्ति साझीदार या पूर्ण समय के लिए निदेशक या प्रबंध निदेशक हो ।

शर्त यह है कि ऐसे व्यक्ति के संबंध में या साझेदारी फर्म या कंपनी, जो भी हो, जिसका ऐसा व्यक्ति साझीदार या संचालक हो, के संबंध में ऐसा विशेष आदेश, उस समय अपना कोई प्रभाव नहीं रखेगा जब कि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध दिया गया कारावास का आदेश :—

(1) कारावास का ऐसा आदेश हो जिस के लिए अधिनियम 1974 के अनुच्छेद 9 या अनुच्छेद 12-क के प्रावधान लागू न होने के कारण उसे उक्त अधिनियम के अनुच्छेद 8 के अधीन सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर या सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट की प्राप्ति से पहले या सलाहकार बोर्ड को संदर्भ भेजने से पहले रद्द कर दिया गया हो; या

(2) कारावास का ऐसा आदेश हो जिसके लिए अधिनियम 1974 की धारा 9 की शर्त लागू होती हों, और वह धारा 9 की उपधारा (3) के अंतर्गत प्रथम पुनःविचार के लिए दिए गए समय की समाप्ति से पहले या प्रथम पुनःविचार के आधार पर या इस अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 8 के अंतर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर रद्द कर दिया गया हो; या

(3) कारावास का ऐसा आदेश हो जिस के लिए अधिनियम 1974 की धारा 12क की शर्तें लागू होती हों और वह इस धारा की उपधारा (3) के अंतर्गत प्रथम पुनर्विचार के लिए दिए गए समय की समाप्ति से पहले या प्रथम पुनर्विचार के आधार पर या इस अधिनियम की धारा 12क की उपधारा (6) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा के अंतर्गत सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर रद्द कर दिया गया हो या

(4) कारावास का ऐसा आदेश हो जो सक्षम न्याय अधिकारी के न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया हो।

12. **लाइसेन्सधारी आदि को सुनवाई के लिए सुअवसर प्रदान करना** :—

(1) अनुच्छेद 6 या उपधारा (आई.) या अनुच्छेद 7 की उपधारा 3 या अनुच्छेद 8 या अनुच्छेद 11 की उपधारा (1) के अंतर्गत लाइसेंसधारी या निर्यातक या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि उसे सुनवाई का उचित सुअवसर प्रदान न कर दिया गया हो।

(2) यदि किसी मामले में अनुच्छेद 7 या 8 या अनुच्छेद 11 की उपधारा (1) उस मामले को छोड़कर जिस में उस के परन्तुक के अन्तर्गत रद्द करने का आदेश दिया गया हो, के अन्तर्गत की गई कार्रवाई से कोई व्यक्ति संतुष्ट नहीं है तो वह कार्रवाई के पत्र की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध ऐसे प्राधिकारी से अपील कर सकता है जिसे केन्द्रीय सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अपील सुनने के लिए निर्धारित करें ।

13. **निर्यात किए गए माल के मूल्य, किस्म, गुण आदि की घोषणा** :—

किसी सीमा शुल्क पत्तन से किसी भी माल का निर्यात करने पर चाहे वह माल सीमा-शुल्क के अधीन हो या नहीं उस माल

का मालिक या निर्यातक अपने ज्ञान और विश्वास के अनुसार पोत लदान बिल में या अन्य संगत दस्तावेज में उस माल के मूल्य, किस्म, विशिष्टिकरण गुण और विवरण का उल्लेख करेगा और यह प्रमाणित करेगा कि इन दस्तावेजों में उल्लिखित माल की किस्म और विशिष्टिकरण उसी निर्यात संविदा के अनुसार है जो क्रेता और माल के परेषक के बीच की गई है और जिस के अनुसरण में माल का निर्यात किया जा रहा है और ऐसे उल्लेख की घोषणा की सच्चाई में ऐसे बिल या अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेगा।

14. **किसी घोषणा, विवरण पत्र या दस्तावेजों को तैयार करने, उन पर हस्ताक्षर आदि करने के संबंध में निषेध :—**

(1) लाइसेंस प्राप्त करने में या किसी माल का निर्यात करने में कोई भी व्यक्ति किसी घोषणा पत्र, विवरण पत्र या दस्तावेज पर यह जानते हुए या विश्वास रखते हुए न तो हस्ताक्षर करेगा और न हस्ताक्षर करने का कारण उत्पन्न करेगा कि ऐसे घोषणा पत्र, विवरणपत्र या दस्तावेज में कोई विशेष बात झूठी है।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी भी लाइसेंस को प्राप्त करने या किसी भी माल का निर्यात करने में भ्रष्ट या कपटपूर्ण तरीकोंका प्रयोग नहीं करेगा।

14—क. **मुख्य नियंत्रक, या अपर मुख्य नियंत्रक को संशोधन करने का अधिकार :—**

मुख्य नियंत्रक या अपर मुख्य नियंत्रक अपनी मर्जी से या किसी अन्य प्रकार से किसी भी ऐसी कार्रवाई का रिकार्ड मंगाकर जिसमें अधीनस्थ अधिकारी द्वारा धारा 7 की उपधारा (1) या उपधारा (3) अथवा धारा 11 की उपधारा (1) के अंतर्गत विवर्जित करने की कार्रवाई की गई हो और जिस के खिलाफ कोई भी अपील नहीं की गई हो, ऐसी कार्रवाई के सहीपन, कानूनी वैधता या औचित्य का अपनी संतुष्टि के लिए परीक्षण कर सकते हैं और उस पर जैसा भी उचित समझें आदेश दे सकते हैं :

बशर्ते कि इस उप-धारा के अंतर्गत की गई कार्रवाई में ऐसी विविधता नहीं होगी जिससे किसी व्यक्ति पर उसका प्रतिकूल असर पड़े जब तक कि ऐसे व्यक्ति को :—

(क) ऐसी कार्रवाई करने की तिथि से दो वर्षों के भीतर यह पूछते हुए कारण बताओ नोटिस प्राप्त न हुआ हो कि ऐसी कार्रवाई में परिवर्तन क्यों न कर दिया जाए;और

(ख) यदि उसने अपने बचाव की इच्छा व्यक्त की है और बचाव के लिए समय चाहता है तो उसे अभ्यावेदन करने का और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए सुअवसर प्रदान न किया गया हो।

15. अपवाद :—निम्नलिखित के लिए आदेश में से कुछ भी लागू नहीं होगा

(क) केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन निर्यात किया गया कोई भी माल;

(ख) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किए गए निष्पादन अनुदेशों में शामिल कोई भी माल;

(ग) बाहर जाने वाले किसी जलयान या अन्य वाहन के भंडार या उपस्कर के रूप में कोई भी माल, किन्तु भोजन सामग्री से भिन्न;

(घ) भारत से बाहर जाने वाले किसी भी व्यक्ति (बाहर जाने वाले किसी जलयान या वाहन में यात्री या दल के सदस्य को छोड़कर) के वास्तविक निजी नाविक असबाब में शामिल कोई भी माल;

शर्त यह है कि अनुसूची 1 के भाग "क" में विशिष्टिकृत जंगली जीव (मृत या जीवित या उनके अंग या उनके उत्पाद) ऐसे निजी असबाब में शामिल नहीं किए जाएंगे :—

(ङ) डाक प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए पोस्टल नोटिस में विशिष्टिकृत शर्तों के अंतर्गत डाक द्वारा या वायुयान द्वारा निर्यात किया गया कोई भी माल;

(च) भारत के पत्तन पर वाहनान्तरित कोई भी माल जब कि वह भारत से बाहर के पत्तन से प्रेषण के समय ऐसे वाहनान्तरण के लिए माल सूची में लिख दिया गया हो;

(छ) आयात किया हुआ और भारत पहुंचने पर नेपाल और भूटान के अतिरिक्त भारत से बाहर किसी भी देश को पुनःनिर्यात के लिए आबद्ध कोई भी माल;

(ज) यात्रा में डाक द्वारा भारत से होकर कोई भी माल या नेपाल और भूटान को छोड़कर भारत से बाहर किसी भी गन्तव्य स्थान को डाक द्वारा भेजा गया कोई भी माल बशर्ते कि भारत में रहते समय ऐसा माल सदैव डाक प्राधिकारियों के संरक्षण में रहा हो।

(झ) वैध आयात लाइसेंस के बिना आयात किया गया और प्राधिकृत सीमा-शुल्क अधिकारी द्वारा निर्यात के लिए दिए गए आदेश के अनुसार निर्यात किया गया कोई भी माल;

(ञ) कान्डला मुक्त व्यापार क्षेत्र में विनिर्मित और वहां से निर्यात किए गए उत्पाद;

(ट) निदेशक, राष्ट्रीय रक्त ग्रुप संदर्भ प्रयोगशाला बम्बई द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान या आपात् कालीन रोगों के उपचार के लिए मानवता के आधार पर जीवन रक्षा के उपायों के रूप में रक्त ग्रुप ओ (बम्बई फीनोटाइप) का निर्यात उन के द्वारा इस विषय में प्रत्येक मामले में जारी किए गए विशिष्ट प्रमाणपत्र के आधार पर।

16. निरसन :—समय-समय पर यथासंशोधित एस. ओ. 927 दिनांक 8 मार्च, 1968 के अंतर्गत भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आदेश से प्रकाशित किया गया निर्यात (नियंत्रण) आदेश 1968 एतद् द्वारा रद्द किया जाता है :—

शर्त यह है कि उपर्युक्त आदेश या अभिसूचना की शर्तों में किसी एक शर्त के अन्तर्गत किए गए किसी भी फैसले या जारी किए गए किसी भी लाइसेंस सहित कोई भी बात या कार्यवाही इस आदेश की तदनुरूपी शर्तों के अन्तर्गत ही की गई समझी जाएगी।

टिप्पणी :—निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 के एक भाग के रूप में अनुसूची 1 से 3 को यहां पुनः उद्धृत नहीं किया गया है। ये आयात निर्यात नीति 1983-84 (जिल्द-II) में दर्शाई गई है ।

परिशिष्ट--3 हटा दिया गया है

परिशिष्ट-4

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना संख्या 27-आई.टी.सी. (पी. एन.)/80

नई दिल्ली, 15 जुलाई 1980

विषय . निजी असबाब के रूप में माल का आयात

नेपाल को छोड़कर किसी भी देश से आने वाले यात्रियों के लिये लागू वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली की अधिसूचना सख्याएं 101 कस्टम, दिनांक 16 मई, 1978, 102 कस्टम, दिनांक 16 मई, 1978, 103 कस्टम, दिनांक 16 मई, 1978 एवं 105 कस्टम, दिनांक 16 मई, 1978 की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

2. यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की उप-धारा 11 (1) (छ), पहले से हो थोड़े समय के लिये लागू असबाब नियमों के अन्तर्गत स्वीकृत सीमा तक यात्री असबाब के रूप में आयातित माल को लिये उक्त आदेश को लागू करने से छूट प्रदान करती है।

3. किसी भी गैर-पर्यटक यात्री के बिना आयात लाइसेन्स के, लेकिन सीमा-शुल्क कर चुकाने पर ही निजी या घरेलू सामान से संबंधित मदों को निजी असबाब के अंग के रूप में उसके स्वयं के उपयोग के लिये या उसके परिवार के उपयोग के लिये आयात करने की अनुमति दी जा सकती है। शर्त यह होगी कि अग्न्यस्त्र का आयात इन शर्तों के अधीन होगा कि --

(1) किसी यात्री ने पिछले दस वर्षों के दौरान इसी श्रेणी के विदेशी अग्न्यस्त्र का आयात नहीं किया हो या उसे अन्यथा रूप से प्राप्त नहीं किया हो,

स्पष्टीकरण : इस प्रयोजन के लिये रिवाल्वर और पिस्तौल एक ही श्रेणी के अग्न्यस्त्र माने जाएंगे तथा बन्दूक और राइफल दूसरी श्रेणी के अग्न्यस्त्र माने जायेंगे,

(2) रिवाल्वर या पिस्तौल .32 बोर या इससे कम बोर की हो, और

(3) प्रतिधारक को अग्न्यस्त्र बेचा नहीं जाएगा, उपहार के रूप में नहीं दिया जाएगा या अन्यथा रूप से निकासी की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए उससे अलग नहीं किया जाएगा।

4. भारत मूल का एक पर्यटक यात्री जिसके पास भारतीय पासपोर्ट हो या विदेशी पासपोर्ट हो और जो सामान्यतया विदेश में रह रहा हो उसे निजी या घरेलू सामान की मदों को उपहार के रूप में या अपने मित्रों या सम्बन्धियों को यादगार के रूप में देने के लिये सीमा-शुल्क कर का भुगतान करने पर बिना किसी आयात लाइसेंस के निजी असबाब के भाग के रूप में आयात करने की स्वीकृति दी जा सकती है बशर्ते कि अग्न्यस्त्र का प्रयोग इन शर्तों के अधीन होगा कि .--

(1) यात्री ने पिछले दस वर्षों के दौरान उसी श्रेणी के विदेश में निर्मित अग्न्यस्त्र का आयात न किया हो,

स्पष्टीकरण : इस प्रयोजन के लिए, रिवाल्वर और पिस्तौल एक ही श्रेणी के अग्न्यस्त्र माने जाएंगे तथा बन्दूक और राइफल दूसरी श्रेणी के अग्न्यस्त्र माने जाएंगे।

(2) रिवाल्वर या पिस्तौल .32 बोर या इससे कम बोर की हो; और

(3) अग्न्यस्त्र किसी भी उस व्यक्ति को उपहार के रूप में भेंट नहीं किया जाएगा जिसने पिछले दस वर्षों के दौरान उसी श्रेणी के विदेशी अग्न्यस्त्र का आयात किया हो या जिसके पास उसी श्रेणी का विदेशी अग्न्यस्त्र हो। (उपहार प्राप्त करने वाले व्यक्ति यह भी सुनिश्चिय करेंगे कि वे इस शर्त का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं)।

5. उपर्युक्त रियायत तभी प्रदान की जा सकती है जब कि सीमाशुल्क कार्यालय का उचित अधिकारी संतुष्ट हो जाता है कि मदों का आयात वास्तव में यात्री या उसके परिवार के उपयोग के लिये, जैसा भी मामला हो, उपहार या यादगार में देने के लिये किया जा रहा है और इस शर्त के अधीन कि उन्हें तब तक बेचने, प्रदर्शित करने, विज्ञापित करने या बिक्री नहीं करने दिया जाएगा या दुकान में प्रदर्शन के लिये नहीं रखा जायेगा जब तक कि .--

(क) अग्न्यस्त्र और टी. वी. सेट्स की निकासी की तारीख से पांच वर्षों की अवधि तक के लिये ऐसे व्यक्ति या यात्री या कर्मीदल के एक सदस्य द्वारा उपयोग नहीं कर लिया गया है, या

(ख) अन्य सामान के मामले में, जब तक कि उनका बाजार मूल्य उनकी खरीद के नये बाजार मूल्य की तुलना में घटकर 50% से कम नहीं रह जाता।

6. इसके साथ-साथ, एक कुत्ता और अन्य पालतू जानवर जैसे बिल्ली और पक्षियों के आयात की स्वीकृति सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को निम्नलिखित स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर बिना किसी आयात व्यापार नियंत्रण प्रतिबंध के दी जा सकती है:—

(1) सरकार की ओर से वैध प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये प्राधिकृत पशुचिकित्सा अधिकारी से इस सम्बन्ध में एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र कि आयातित कुत्ते में आयुजोस्की डिजीज, डिस्टेम्पर, रबीज, लेश्मे-आंसेस और लेप्टोसपिरोसिस और बिल्ली के मामले में रेबीज और डिस्टेम्पर जैसी बिमारियां नहीं हैं।

(2) जिन देशों में कुत्तों और बिल्लियों में पागलपन का संक्रामक रोग है, उनमें पैदा हुए कुत्तों और बिल्लियों के आयात के मामले में टीकों के रिकार्ड, उपयोग की गई वैक्सीन, वैक्सीन के किणवन और उत्पादन प्रयोगशाला के नाम सहित इस सम्बन्ध में एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र होना चाहिये कि कुत्ते/बिल्ली को पागलपन के विरुद्ध एक महीने से अधिक टीके लगाए गये थे, परन्तु ये टीके स्नायुविक टिशू वैक्सीन के साथ वास्तविक पोत आरोहण से पहले 12 महीनों के भीतर या चिकन एम्ब्रायो वैक्सीन के साथ 36 महीनें के भीतर लगाये गये थे। दोनों वैक्सीनों का पहले पोटेन्सी परीक्षण सन्तोषजनक था।

(3) तोतों के मामले में, इस सम्बन्ध में एक प्रमाणपत्र कि वास्तविक पोत आरोहण से पहले 30 दिनों के भीतर तोतों को नकारात्मक परिणामों के साथ सिटकोसिस के लिये पूरक निर्धारण परीक्षण के लिये अधिकार में रखा गया था।

7. सार्वजनिक सूचना सं. 58 आई टी सी/(पी एन)/79, दिनांक 13 नवम्बर, 1979 द्वारा यथा संशोधित वाणिज्य मंत्रालय की पिछली सार्वजनिक सूचना सं. 34 आई टी सी (पी एन)/78, दिनांक 16 मई, 1978 का यह सार्वजनिक सूचना अधिक्रमण करती है।

स्पष्टीकरण:—सार्वजनिक सूचना में 'असबाब' का वही अर्थ लिया गया है जो कि उसके लिए सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के खण्ड 2 की उप-धारा (3) में निर्धारित किया गया है।

हस्ताक्षरित/-
(मणि नारायणस्वामी)
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

टिप्पणी:—इस बात को नोट कर लेना चाहिए कि जंगली फना और फ्लोरा पर अन्तर्राष्ट्रीय संकटापन्न जाति व्यापार सम्मेलन (सी आई टी ई एस) के लिए किसी भी परिशिष्ट में सम्मिलिति जातियां, अन्तर्राष्ट्रीय संकटापन्न जाति व्यापार सम्मेलन (सी आई टी ई एस) के अधीन विनियमों और जंगली जीव आरक्षण से सम्बद्ध क्षेत्रीय सहायक निदेशक द्वारा जांच के अधीन होंगी यदि उन का आयात अन्यथा रूप से असबाब के अन्तर्गत आता हो।

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं. : 44-आईटीसी (पी एन)/80

नई दिल्ली : 17 नवम्बर, 1980.

विषय : निजी असबाब के रूप में माल का आयात।

निजी असबाब के रूप में माल के आयात से सम्बद्ध वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 27-आईटीसी (पी एन)/80, दिनांक 15 जुलाई, 1980 और सार्वजनिक सूचना सं. 46-आईटीसी (पी एन)/78, दिनांक 30 जून, 1978 की ओर ध्यान दिलाया जाता है।

2. पुनः विचार करने पर, उपर्युक्त सार्वजनिक सूचना सं. 27-आईटीसी (पी एन)/80, दिनांक 15 जुलाई, 1980 के पैरा-4 में आने वाले विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय शब्द को हटाने का निश्चय किया गया है। उक्त पैरा 4 को तदनुसार संशोधित किया जाएगा।

3. अधिकारियों एवं जहाज के कर्मचारियों द्वारा निजी असबाब के रूप में आयात से सम्बद्ध सार्वजनिक सूचना सं. 46-आईटीसी (पी एन)/78, दिनांक 30 जून, 1978 को भी एतद् द्वारा रद्द किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, ऐसे व्यक्तियों द्वारा निजी असबाब के रूप में माल का आयात वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 27-आई टीसी (पी एन)/80, दिनांक 15 जुलाई, 1980 के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

हस्ताक्षरित/-
(मणि नारायणस्वामी)
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

असबाब नियम 1978

(अधिसूचना सं. 213-सीमा, दिनांक 13-11-1979, सं. 247-सीमा, दिनांक 26-12-1980 और अधिसूचना सं. 57/83-सीमा, दिनांक 1-3-1983 द्वारा संशोधित)

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली

दिनांक 16 मई 1978

26 वैसाख 1900 (साका)

अधिसूचना

सीमा शुल्क

जी. एस. आर. स. 290 (ई)-सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 के 52) की धारा 79 की उपधारा (2) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और सामान नियमावली, 1970 और श्री लंका सामान नियमावली, 1930

का अधिक्रमण करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा नेपाल को छोड़कर किसी भी अन्य देश से आने वाले यात्रियों (पर्यटकों को छोड़कर) को सीमा शुल्क की अदायगी के बिना सामान का आयात करने की अनुमति देने के लिये निम्नलिखित नियमों का निर्माण करती है, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम, आरम्भ :

(1) यह नियमावली, सामान नियमावली, 1978 कहलायेगी।

(2) यह नियमावली, तत्काल से लागू होगी।

2. **प्रयुक्त व्यक्तिगत सामान**—व्यक्तिगत पहनावे की प्रयुक्त वस्तुएं (गहनों को छोड़कर लेकिन केवल एक हाथ की घड़ी) जिसका मूल्य 500 रुपये से अधिक न हो, शामिल है (और जीवन की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये यात्री के व्यक्तिगत प्रयोग में आने वाली वस्तुओं को बिना शुल्क के स्वीकृति दी जाए।)

3. **सामान्य निशुल्क भत्ता**—नियम 2 में विशिष्टिकृत वस्तुओं के अतिरिक्त और नियम 9 की शर्तों के अनुसार 12 वर्ष या इससे अधिक आयु के एक यात्री को 1050 रुपये तक की वस्तुओं को बिना शुल्क के आयात करने के लिये भी स्वीकृति तब दी जा सकती है, जबकि उपयुक्त अधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसी वस्तुएं यात्री या उसके परिवार के उपयोग के लिये है, या उपहार या निशानी के रूप में देने के लिये है।

बशर्ते कि :—

(1) एक यात्री जो 12 वर्ष से कम आयु का है उसे 300 रुपये मूल्य तक की वस्तुयें निशुल्क आयात करने के लिए अनुमति तब दी जा सकती है जबकि उपयुक्त अधिकारी सतुष्ट हो जाये कि ऐसी वस्तुए ऐसे यात्रियों के उपयोग के लिये ही है।

(2) परन्तु आगे यह कि यदि कोई हवाई जहाज का यात्री जो मुफ्त भ या रियायती टिकट से यात्रा करता है और वह दस दिन से कम अवधि के भीतर विदेश में ठहर कर भारत लौट आता है, तो ऐसे व्यस्क यात्री के मामले में प्रतिदिन के हिसाब से केवल 150 रुपये तक की वस्तुओं के लिए और वह यात्री जो 18 वर्ष से कम आयु का है उनके मामले में प्रतिदिन के हिसाब से 30 रुपये तक की वस्तुओं का निशुल्क आयात करने के लिये स्वीकृति दी जा सकती है।

व्याख्या :—इन नियमों के प्रयोजनार्थ 'रियायती टिकट' का अर्थ है, वह टिकट जिसमें 75% या इससे अधिक की रियायत दी गई हो।

4. **प्रयुक्त घरेलू वस्तुओं के लिए अतिरिक्त भत्ता :**—उस यात्री के सम्बन्ध में जो तीन मास से अधिक अवधि के लिये विदेश में अपने व्यवसाय के लिये लगा हो, उसे घरेलू कार्य चलाने के लिये वास्तव में प्रयुक्त वस्तुएं जैसे लिनन, बर्तन, मेज, पर रखने वाले बर्तन, रसोईघर के उपकरण और इस्त्री जिनका कुल मूल्य 1000/- रुपये हो, का आयात करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

4(क) **यात्रियों की कुछ श्रेणियों के संबंध में प्रयुक्त** व्यक्तिगत सामान और घरेलू वस्तुओं के लिए अतिरिक्त भत्ता :—(1) पासपोर्ट अधिनियम, 1967 (1967 का 15) के अधीन जारी किए गए वैध पासपोर्ट के धारक उस यात्री के मामले में जो विदेश में एक साल की अवधि से कम न रहा हो और उसके बाद भारत में लौट रहा हो, उसकी कुल पांच हजार रुपए तक के व्यक्तिगत सामान और घरेलू वस्तुओं के लिए जो विदेश में कम से कम 6 मास की अवधि तक उस के या उसके परिवार के पास रही हों और उसके द्वारा या उसके परिवार के द्वारा वहां उपयोग में लाई गई हों वे निम्नलिखित शर्तों के अधीन किसी भी सीमा शुल्क कर के बिना आयात की जा सकती है :—

(1) ऐसा यात्री जो कम से कम एक वर्ष की अवधि से विदेश में कार्य कर रहा हो और वह उस कार्य को समाप्त करके भारत में लौट रहा हो;

(2) ऐसा यात्री घोषणा द्वारा इस बात की पुष्टि करे कि विषयाधीन सामान विदेश में कम से कम 6 मास की अवधि के लिए या उसके या उसके परिवार के पास रहा है और उसका उपयोग उसके या उसके परिवार द्वारा किया गया है और ऐसे माल की जांच करने पर सम्बन्धित परिस्थितियां विपरीत नहीं पाई जाती।

2. इस नियम में निहित कोई भी बात निम्नलिखित वस्तुओं के लिए लागू नहीं होगी :—

(क) मोटर साइकल, स्कूटर या मोपिड,

(ख) वातानुकूलक

(ग) प्रशीतक और डीप फ्रीजर्स

(घ) अग्न्यस्त्र

(ङ) 200 से अधिक सिगरेट या 50 से अधिक सिगार या 250 ग्राम से अधिक तम्बाकू, और

(च) 0.95 लिटर से अधिक अल्कोहलिक लिकर

5. **व्यवसायिक उपस्कर के लिए** :—एक यात्री जो विदेश में 3 महीने से अपना व्यवसाय कर रहा हो उसे ऐसे सुवाह्य उपस्कर, औजार, यन्त्र और साधित्र आदि जो साधारणतः ऐसे व्यवसाय में अपेक्षित हों, के लिये 5000 रुपये मूल्य तक बिना किसी कर के आयात करने की अनुमति दी जा सकती है।

बशर्तें कि सामान्य उपयोग की वस्तुएं जैसे केमरा, टंकण मशीन, कैसेट रिकार्डर और डिकटाफोन के निःशुल्क आयात की अनुमति इस नियम के अंतर्गत नहीं दी जाएगी।

6. **आभूषण** :—उस यात्री के वास्तविक उपयोग के लिये गहने जो बाहर के देश में एक वर्ष से अधिक से रह रहा हो, पुरुष यात्री होने के मामले में 1500 रुपये के कुल मूल्य तक के सामान और स्त्री यात्री होने के मामले में 3000 रुपये के कुल मूल्य तक के सामान को बिना किसी शुल्क के अनुमति प्रदान की जा सकती है।

7. **साथ न लाया गया सामान**:—(1) इन नियमों में निर्धारित शर्तों और प्रतिबन्धों के अधीन, उपयुक्त अधिकारी भारत में यात्री के पहुंचने के पश्चात साथ न लाये गये वास्तविक सामान के लिये बिना किसी शुल्क के या शुल्क के साथ आयात की

स्वीकृति प्रदान कर सकता है यदि यह सामान विदेश में उसके पास था और जो यात्री के भारत में पहुंचने के एक महीने के भीतर पोतलदान किया गया था या जो 15 दिनों के भीतर हवाई जहाज द्वारा प्रेषित किया गया था।

• किन्तु यदि सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता या सीमा शुल्क समाहर्ता, जैसा भी मामला हो, को यह सन्तुष्टि हो जाये कि बावजूद सभी उचित प्रयासों के यात्री अपने साथ न लाये गये वास्तविक सामान का उपयुक्त अवधि के भीतर पोतलदान नहीं कर सका या प्रेषित नहीं कर सका तो सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता जैसा भी मामला हो, एक महीने की समय सीमा अवधि को तीन मास तक बढ़ा सकता है या 15 दिनों की अवधि को बढ़ाकर दो मास कर सकता है और सीमा शुल्क समाहर्ता आगे किसी भी समय तक समय सीमा बढ़ा सकता है।

(2) यात्री के भारत में पहुंचने से पहले किसी भी सीमा शुल्क स्टेशन पर दो महीने के भीतर उतरे हुए वास्तविक सामान के लिए उपयुक्त अधिकारी द्वारा इन नियमों में निर्धारित शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन निशुल्क आयात की स्वीकृति दी जा सकती है : बशर्ते कि सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता या सीमा शुल्क समाहर्ता जैसा भी मामला हो, लिखित रूप में रिकार्ड किए जाने वाले कारणों से संतुष्ट हो जाता है कि यात्री को उक्त दो मास की अवधि के भीतर भारत में पहुंचने से उन कारणों से रोक लिया गया था जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं, जैसे यात्री के या उसके परिवार के सदस्य का अचानक बीमार हो जाना, या प्राकृतिक आपदाएं आ जाना, असामान्य परिस्थितियां आ जाना, या देश में या सबंधित देशों में परिवहन या यात्रा व्यवस्थाओं में बाधाएं आ जाना या अन्य कोई भी कारण जिनके आधार पर यात्री की निर्धारित यात्रा में परिवर्तन करना आवश्यक समझा जाए तो 2 मास की समय सीमा को--

(1) सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता द्वारा बढ़ाकर चार मास तक किया जा सकता है, और

(2) सीमा शुल्क समाहर्ता द्वारा एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

8. **कर्मीदल के सदस्यों पर इन नियमों का लागू होना :--** नियम 2, 3, 5, 6 और 9 उन अधिकारियों और कर्मीदल के सदस्यों पर लागू होंगे जो अपनी नियुक्ति की समाप्ति के बाद अंतिम बार अपने सामान की निकासी के लिए विदेश में जाने वाले पोतों में व्यस्त हैं,

किन्तु नियम 5 के अन्तर्गत दी गई रिआयत पहली नियुक्ति की समाप्ति पर अन्तिम बार विदेश जाने वाले पोतों में व्यस्त अधिकारियों को छोड़कर अन्य के लिये नहीं होगी।

9. वे **वस्तुएं जिन्हें शुल्क से छूट नहीं है**--इन व्यवस्थाओं या नियम 3 और 4 के होते हुए भी निम्नलिखित वस्तुओं के लिये इन नियमों के अन्तर्गत निशुल्क आयात की स्वीकृति नहीं दी जायेगी, अर्थात :-

1. मोटर साइकिल, स्कूटर और मोपिड

(2) अग्न्यस्त्र

(3) 200 से अधिक सिगरेट या 50 से अधिक सिगार या 250 ग्राम से अधिक तम्बाकू; और

(4) 0.95 लिटर से अधिक अल्कोहलिक लिकर।

सं. 101 - कस्ट/एफ नं. 495/24/78 - कस्ट 6

213 - कस्ट/एफ. नं. 495/106/79 - कस्ट 6

247 - कस्ट एफ नं 495/72 79 - कस्ट 6

57/83-कस्ट/एफ नं बड (कस)/83

पर्यटक असबाब नियम 1978

(अधिसूचना सं. 214-कस्ट दिनांक 13-11-79 द्वारा यथा संशोधित और आगे अधिसूचना स. 211 - कस्ट दिनांक 28-10-80 द्वारा संशोधित

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, 16 मई, 1978

26 वैसाख 1900 (शाका)

अधिसूचना

सीमा शुल्क

जी. एस. आर. संख्या 291/(ई.)--सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा-79 के उपखण्ड (2) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और पर्यटक सामान नियमों का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा पर्यटकों के सामान को शुल्क की अदायगी की बिना आयात करने के लिए निम्नलिखित नियमों का निर्माण करती है, अर्थात् :--

1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना---(1) यह नियमावली पर्यटक सामान नियमावली, 1978 कहलाएगी।

2. यह तत्काल से ही लागू होगी।

3. ये नेपाल मूल से आ रहे नेपाली पर्यटकों के के लिए लागू नहीं होगी।

2. **परिभाषा**--इन नियमों के अन्तर्गत, जब तक अन्यथा रूप से संदर्भ की आवश्यकता न हो, पर्यटक शब्द का अर्थ ऐसे व्यक्ति से है जो कि साधारणतः भारत का निवासी न हो और जो विधि संगत अप्रवासी प्रयोजन जैसे पर्यटन, मनोरंजन, क्रीड़ा स्वास्थ्य, पारिवारिक कारणों, अध्ययन, धार्मिक तीर्थ यात्रा अथवा व्यवसाय के लिए किसी भी 12 महीनों की अवधि के दौरान भारत में छः मास से अधिक न रहा हो।

बशर्ते कि जिन मामलों में सीमाशुल्क समाहर्ता को इस बात की तसल्ली हो जाए कि किसी पर्यटक के लिए विधि संगत अप्रवासी प्रयोजनों से भारत में छः महीने से अधिक समय के लिए रहना आवश्यक हो तो सीमा शुल्क समाहर्ता अवधि को बढ़ाकर 18 मास कर सकता है।

किन्तु यदि बोर्ड संतुष्ट है, तो वह उपर्युक्त अवधि 12 मास से और आगे बढ़ा सकता है।

3 **ऐसे व्यक्तिगत सामान के लिए सीमाशुल्क अदायगी से छूट देना, जिसका आयात अस्थायी तौर पर किया गया हो :--** (1) इस विनियमावली में निर्दिष्ट अन्य शर्तों के अधीन किसी पर्यटक को सीमा-शुल्क की अदायगी के बिना व्यक्तिगत सामान का आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

बशर्ते कि वह सामान पर्यटक के अपने ही इस्तेमाल के लिए हो, और जिसे वह अपने साथ लाया हो या जो पर्यटक द्वारा साथ लाए गये सामान में होगा और जिसके बारे में यह आशंका न हो कि उसका दुरूपयोग किया जाएगा और विदेश लौटने के लिए भारत छोड़ने पर पर्यटक इस व्यक्तिगत सामान को अपने साथ वापस विदेश ले जाएगा।

स्पष्टीकरण :—'व्यक्तिगत सामान' से अभिप्राय उन सभी नये और इस्तेमाल किए हुए वस्त्रों और अन्य वस्तुओं से है, जिनको उसके भारत आने की सभी परिस्थितियों को देखते हुए उसे व्यक्तिगत रूप और उचित रूप से जरूरत हो, किन्तु इसमें ऐसा कोई तिजारती सामान शामिल नहीं माना जाएगा, जिसका आयात वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए किया गया हो, और व्यक्तिगत सामान में निम्नलिखित वस्तुएं शामिल हैं :—

(1) व्यक्तिगत आभूषण;

(2) एक कैमरा तथा फिल्म की 12 प्लेटें या पांच रोल;

(3) एक लघु सिनेमाटोग्राफ कैमरा तथा फिल्म की दो रीलें;

(4) एक जोड़ा दूरबीन;

(5) एक सुवाह्य संगीत वाद्य यंत्र;

(6) एक सुवाह्य ग्रामोफोन दस रिकार्ड सहित;

(7) एक सुवाह्य बेतार अभिग्राही सेट;

(8) एक सुवाह्य ध्वनि रिकार्ड करने का उपकरण;

(9) एक सुवाह्य टाइपराइटर;

(10) एक बच्चा-गाड़ी;

(11) एक तंबू और शिविर लगाने के अन्य उपस्कर;

(12) खेलों के उपकरण जैसे मछली पकड़ने का उपकरण, खेल से संबंधित एक बन्दूक तथा पचास गोलियां, एक बिना मोटर की साइकिल, एक डोंगा या डोंगी, जिसकी लंबाई 5-1/2 मीटर से कम हो, एक जोड़ा स्किस, दो टैनिस रैकेट।

(2) नियम 7 के अनुसार निम्नलिखित माल लिखित स्वीकृति द्वारा शुल्क अदायगी के बिना आयात किया जा सकता है, बशर्ते कि भारत से वापस जाते समय वह पर्यटक द्वारा वापस ले जाया जाए, अर्थात :—

(1) प्रदर्शन और प्रशिक्षण देने के लिए स्लाइड और फिल्म सहित सुनने और देखने के यंत्र;

(2) सिनेमा-उपस्करों और दूरदर्शन उपस्करों सहित व्यवसायिक उपस्कर, औजार, यंत्र अथवा साधित्र।

4. **अस्थायी तौर पर आयातित यात्रा स्मृति-चिन्हों को सीमा शुल्क की अदायगी से छूट देना** :—नियम 3 में निर्दिष्ट वस्तुओं के अतिरिक्त, किसी पर्यटक को सीमा शुल्क की अदायगी के बिना कुल 500/-रु. के मूल्य तक के यात्रा स्मृति चिह्नों का अस्थायी तौर पर आयात करने की अनुमति दी जा सकती है;

बशर्ते कि पर्यटक ये स्मृति-चिह्न अपने साथ लाये या साथ लाने वाले सामान में लाए और वे वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए न हों और भारत छोड़कर विदेश जाने पर उन्हें अपने साथ वापस अवश्य ले जाए।

5. **विदेशी मूल के यात्रियों द्वारा आयातित उपहार आदि पर शुल्क से छूट** :—3 और 4 नियमों के अन्तर्गत अनुमित वस्तुओं के अतिरिक्त भारत में 24 घन्टे से अधिक रह रहे विदेशी मूल के पर्यटक को उपयुक्त अधिकारी की इच्छा से 500/- रुपए मूल्य तक की उन वस्तुओं को जो सामान नियम, 1978 के नियम 9 में उल्लिखित से भिन्न हैं, शुल्क अदा किए बिना आयात करने की अनुमति तब दी जाए यदि वे व्यक्तिगत प्रयोग के लिए अथवा उपहार देने के लिए हों।

6. **भारतीय मूल के यात्रियों द्वारा आयातित उपहारों आदि पर सीमा शुल्क की अदायगी से छूट देना** :—भारतीय मूल के यात्री, जो सामान्यत: बाहर रह रहे हैं और भारत में 24 घन्टे से ज्यादा ठहर रहे हैं, उन्हें उचित अधिकारी की इच्छा से उपहार के रूप में दी जाने वाली वस्तुओं के लिए शुल्क की अदायगी के बिना आयात करने की अनुमति दी जाए।

बशर्ते कि वस्तुएं सामान नियम, 1978 के नियम 9 के साथ पढ़े जाने वाले नियम 3 के अंतर्गत आने वाली जैसी हों।

बशर्ते आगे यह कि सामान नियम, 1978 के नियम 3 और 9 में उल्लिखित सभी शर्तें और सीमाएं पूर्ण कर दी गई हों।

7. **सीमा शुल्क प्राधिकारियों को कुछ मामलों में दिया जाने वाला वचन** :

(1) नियम 3 के उपनियम (1) के उपबंधों के बावजूद ध्वनि रिकार्डिंग उपकरण, बेतार अभिग्राही सैट और इसी प्रकार की अधिक मूल्य वाली अन्य वस्तुओं का तब तक सीमा शुल्क की अदायगी के बिना आयात नहीं किया जाएगा, जब तक कि पर्यटक सीमा शुल्क समाहर्ता को लिखित में यह वचन न दे दे कि वह उन वस्तुओं को विदेश जाते समय भारत से वापस ले जाएगा या ऐसा न करने पर वह उन वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्क की अदायगी करेगा।

(2) प्रत्येक पर्यटक को, उसके भारत पहुंचने पर और उसके सामान की जांच के बाद, उसके द्वारा लायी गई अधिक मूल्य की वस्तुओं की सूची दी जाएगी, जिस पर उस सीमा-शुल्क अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे, जिसने उसके सामान की जांच की होगी। यदि अधिक मूल्य की कोई वस्तु आयात न की गई हो, तब भी एक शून्य सूची उसे दी जाएगी, जिस पर उसी प्रकार के सामान की जांच करने वाले सीमा शुल्क अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे। भारत से विदेश के लिए प्रस्थान करने पर जब तक पर्यटक अपने सामान की जांच के समय सूची में दर्ज अधिक मूल्य वाली वस्तुओं के साथ वह सूची सीमा शुल्क प्राधिकारी को प्रस्तुत न कर दे, तब तक उसे निर्यात के लिए सीमा शुल्क सदन से अपने सामान को निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. **ऐसे सामान से संबंधित शर्तें, जो पर्यटक अपने साथ न लाया हो** :—पूर्ववर्ती नियमों में दी गई शर्तों के विपरीत दिये गये किसी उपबंध के होते हुए भी ऐसा वास्तविक सामान और पूर्ववर्ती उपबंधों के अधीन जिस सामान के आयात के लिए रियायत दी जा सकती हो और जो पर्यटक के भारत पहुंचने से एक महीना पहले या एक महीना बाद किसी सीमा शुल्क पत्तन पर पहुंचा हो, उसे उन्हीं शर्तों के अनुसार पास किया जा सकता है, जो पर्यटक द्वारा अपने साथ लाये जाने वाले सामान पर

लागू होती है; बशर्ते कि उपयुक्त अधिकारी को इस बात की तसल्ली हो जाती है कि वे सामान पर्यटक के साथ उचित कारणों में चलते नहीं आ सके।

9. **कुछ मामलों में छूट न देना** :—इन नियमों में दिये गये उपबन्धों के बावजूद सीमा शुल्क समाहर्ता किसी पर्यटक को निम्नलिखित में से किसी भी मामले में इन नियमों के अनुसार स्वीकृत सीमा शुल्क की अदायगी से छूट देने से इंकार कर सकता है अर्थात् :—

(क) जब पर्यटक द्वारा आयातित कुल पण्यवस्तु की मात्रा इन नियमों में निर्धारित सीमा से काफी अधिक हो;

(ख) यदि कोई पर्यटक एक महीने में एक बार से अधिक भारत आता है,

(ग) यदि कोई पर्यटक 17 वर्ष से कम आयु का हो।

सं. 102 -- सीमा शुल्क/मिसिल सं. 499/6/78-सीमा-6

सं. 211 - सीमाशुल्क/एफ सं. 499/6/78 - सीमा - 6 (पार्ट)

सं. 214 - सीमाशुल्क/एफ सं. 495/106/79 - सीमा - 6

आवास स्थानांतरण नियमावली, 1978

(अधिसूचना सं. 124-सीमा शुल्क, दिनांक 22-6-78 द्वारा)

यथा संशोधित)

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 16 मई, 1978

26 वैशाख, 1900 (शाका)

अधिसूचना

(सीमा शुल्क)

जी. एस. आर. सं. 292 (ई) :—सीमाशुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और आवास स्थानान्तरण नियमावली, 1969 का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा निम्नलिखित नियमावली का निर्माण करती है, अर्थात:—

1. **संक्षिप्त नाम** :—यह नियमावली स्थानांतरण नियमावली, 1978 कही जाए।

2. **ऐसा व्यक्तिगत और घरेलू सामान जिसके आयात पर कुछ शर्तों के अधीन शुल्क से छूट दी गई हो** :—व्यक्तिगत सामान (सीमा-शुल्क की छूट देने से संबंधित शर्तें) नियमावली, 1975 और इस नियमावली के नियम 3 के उपबन्धों के अधीन ऐसे व्यक्ति के व्यक्तिगत और घरेलू सामान के आयात पर सीमा-शुल्क की अदायगी से निम्नलिखित शर्तों के अधीन छूट दी जाएगी जो व्यक्ति भारत में वास्तव में रहने के लिए आया हो :—

(क) वह व्यक्ति भारत में रिहायश के लिए आने के तत्काल पहले कम से कम दो वर्षों तक लगातार विदेश में रहा हो, और भारत में कम से कम एक वर्ष तक रहने के लिए आया हो;

(ख) उस व्यक्ति को घोषणा द्वारा यह प्रमाणित करना होगा कि आयातित सामान उसका या उसके परिवार का अपना सामान है और कम से कम एक वर्ष से वह या उसका परिवार उस सामान का इस्तेमाल करता आया है और सामान की जांच करने से और परिस्थितियों की जांच करने से यही साबित भी होता हो;

(ग) पर्यटक के साथ न लाए गये असबाब का असबाब नियमावली, 1978 में विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पोतलदान कर दिया गया हो अथवा प्रेषण कर दिया गया हो अथवा वहां पहुंच गया हो।

स्पष्टीकरण :—इस नियम के प्रयोजन के लिए, "व्यक्तिगत और घरेलू असबाब" की अभ्युक्ति में बहुत अधिक सोने के आभूषण शामिल नहीं होंगे, कहने का अर्थ है कि जिन आभूषणों का मूल्य सामान्यतः सोने की मात्रा के आधार पर पुरुष यात्री के संबंध में एक हजार पांच सौ रुपए और स्त्री यात्री के संबंध में तीन हजार रुपए से अधिक न हों।

3. **ऐसी वस्तुएं जिन पर शुल्क की अदायगी से छूट नहीं दी जाती** :—नियम 2 में किसी अन्य बात के निहित होते हुए भी, इन नियमों के अन्तर्गत मोटर वाहन, पोत, वायुयान, 35 मि. मी. और इससे अधिक की सिनेमाटोग्राफ फिल्में, वातानुकूलक, रेफ्रीजिरेटर और डीप फ्रीजर के आयात की अनुमति शुल्क की अदायगी के बिना नहीं दी जाएगी।

4. **व्यावसायिक उपस्करों आदि के लिए भत्ता** :—नियम 2 के अन्तर्गत अनुमित वस्तुओं और उस नियम के खंड (ग) में दी गई समय-सीमा के अधीन अनुमित वस्तुओं के अतिरिक्त एक उच्च योग्यता प्राप्त वैज्ञानिक, शिल्प विज्ञानी, डाक्टर अथवा इंजीनियर जो कम से कम 2 वर्ष विदेश में रहने के पश्चात् स्थायी रूप से भारत में बसने के लिए लौट रहा हो उसे अपने व्यवसाय में साधारणतः अपेक्षित 30 हजार रुपये मूल्य तक के उपस्करों, औजारों, यंत्रों और साधित्रों को शुल्क की अदायगी के बिना आयात करने की छूट होगी।

स्पष्टीकरण :—इस नियम के उद्देश्य के लिए "उच्च योग्यता प्राप्त वैज्ञानिक, शिल्प विज्ञानी, डाक्टर अथवा इंजीनियर" वह व्यक्ति है जिसके पास भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय की विज्ञान, शिल्प विज्ञान, चिकित्सा अथवा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर अथवा इसके समकक्ष, जैसा भी मामला हो, डिग्री हो और वह कम से कम एक वर्ष के लिए विदेश में अपने क्षेत्र अथवा विषय में नियुक्त अथवा कार्यरत रहा हो।

5. **अल्पावधि यात्रा के लिए शर्तें** :—इन नियमों के उद्देश्य के लिए, यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त 2 वर्ष की अवधि के दौरान छोटी अवधि के लिए भारत की यात्रा पर आता है और इन यात्राओं की कुल अवधि छः मास से अधिक नहीं है, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा;

शर्त यह होगी कि यदि संबंधित व्यक्ति भारत में छः मास से अधिक रहने के यथेष्ट कारण बताए तो इस अवधि के लिए भी सीमा-शुल्क समाहर्ता उन्हें क्षमा कर सकता है।

6. **विदेश में रहने की अवधि में कमी करने से संबंधित शर्तें:**—इन नियमों के उद्देश्य के लिए, किसी व्यक्ति के विदेश में रहने की दो मास की अवधि तक की कमी को सहायक सीमा-शुल्क समाहर्ता द्वारा इस शर्त पर क्षमा किया जा सकता है जबकि वह संतुष्ट हो कि व्यक्ति सेवान्त छुट्टी अथवा लम्बी छुट्टी बिताने के लिए अथवा किसी विशेष परिस्थितियों में भारत लौट आया है।

सं. 103—कस्टम/एफ. सं. 497/6/कस. 6

सं. 124—कस्टम/एफ. सं. 497/6/78-कस. 6

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 26 सितम्बर 1980

4 अश्विनी 1902 (साका)

अधिसूचना

सीमा शुल्क

जी. एस. आर. सं. 558 (ई)—सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के खंड 25 के उपखंड (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना सं. 230-सीमा-शुल्क, दिनांक 5 दिसम्बर 1979 का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट होते हुए कि ऐसा करना जनता के हित में है, एतद् द्वारा संलग्न तालिका के कालम (2) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक माल के आयात की सीमा शुल्क दर अधिनियम 1975 (1975 का 51) की प्रथम अनुसूची के अधीन उस पर उगाहे जाने योग्य उतने अतिरिक्त सीमा शुल्क से निम्नलिखित शर्तों के अधीन छूट प्रदान करती है जितना कि उक्त तालिका के कालम (3) में संलग्न प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट दरों से अधिक हो जबकि वह व्यक्ति उन वस्तुओं का अपने असबाब के रूप में वास्तव में निवास स्थान स्थानांतरण के समय आयात कर रहा हो :—

(1) ऐसा व्यक्ति निवास का स्थानान्तरण करने से तुरन्त दो वर्ष पहले की न्यूनतम अवधि से विदेश में रह रहा हो और भारत में कम से कम एक वर्ष तक रहने के लिए अपना निवास बदल रहा हो;

(2) ऐसा व्यक्ति एक घोषणा द्वारा इस बात की पुष्टि करता हो कि माल उसके अपने अथवा उसके परिवार के अधिकार और प्रयोग में कम से कम एक वर्ष के लिए रहा है और ऐसे माल की जांच और वर्तमान परिस्थितियां देश के विरुद्ध प्रतीत न होती हों।

(3) ऐसी वस्तुओं को बेचने, प्रदर्शन करने अथवा विज्ञापित करने या बिक्री करने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि उनका बाजार भाव नये माल के बाजार भाव के 50 प्रतिशत से कम न हो, और

(4) सामान नियमावली, 1978 में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर यात्री के साथ न आने वाले माल का लदान अथवा प्रेषण कर दिया गया हो अथवा वह पहुंचा दिया गया हो।

स्पष्टीकरण :—इस अधिसूचना के उद्देश्य के लिए—

(क) यदि संबंधित व्यक्ति द्वारा उपर्युक्त 2 वर्ष की अवधि के दौरान अल्पावधि के लिए भारत की ऐसी यात्राएं की गई हों जिनकी अवधि 6 महीनों से अधिक न हो तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा;

(ख) किसी व्यक्ति के विदेश में रहने की अवधि में दो मास की अवधि तक की कमी को सहायक सीमा-शुल्क समाहर्ता द्वारा इस शर्त पर क्षमा किया जा सकता है कि वह इस बात से संतुष्ट हो कि सम्बन्धित व्यक्ति सेवान्त छुट्टियां अथवा लम्बी छुट्टी बिताने के लिए अथवा किसी अन्य विशेष कारण से भारत में पहले ही लौट आया है।

शर्त यह होगी कि छः मास से अधिक भारत में रहने की अवधि संबंधित व्यक्ति द्वारा सीमा-शुल्क समाहर्ता को समुचित कारण बताए जाने पर ही क्षमा की जा सकेगी।

सारणी

क्रम सं.	माल का ब्यौरा	सीमा शुल्क की दर
1	2	3
1.	100 लिटर तक की क्षमता के घरेलू रेफ्रीजरेटर्स	15%
2.	100 लिटर से अधिक और 165 लिटर तक की क्षमता वाले घरेलू रेफ्रीजरेटर्स	20%
3.	अन्य घरेलू रेफ्रीजरेटर्स	40%
4.	डीप फ्रीजिज	40%
5.	वातानुकूलक	50%

हस्ताक्षरित/—के. कुमार, अवर सचिव

सं. 195—कस्टम/एफ. सं. 495/92/79—कस्टम-IV

पत्तन एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क बुलेटिन

कस्टम--68/81-82

दिनांक 9 दिसम्बर 1981

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर 1981

18 अग्रहन, 1903 (साका)

अधिसूचना

पत्तन

सी. सी. एन. सं. (3)--सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 79 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा आवास स्थानान्तरण नियमावली, 1978 में आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियमों की रचना करती है, अर्थात:--

1. (1) इन नियमों को आवास स्थानान्तरण (संशोधन) नियम, 1981 की संज्ञा दी जाए;

(2) आवास नियमावली, 1978 के नियम 2 में लागू होंगे।

2. आवास स्थानान्तरण नियम, 1978 के नियम 2 में स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात:--

"स्पष्टीकरण":--इस नियम के प्रयोजन के लिए "व्यक्तिगत और घरेलू असबाब" की अभ्युक्ति में बहुत अधिक सोने के आभूषण शामिल नहीं होंगे, कहने का अर्थ यह है कि आभूषणों का मूल्य सामान्यतः सोने की मात्रा के आधार पर पुरुष यात्री के सम्बन्ध में एक हजार पांच सौ रुपए और स्त्री यात्री के सम्बन्ध में तीन हजार रुपए से अधिक न हो परन्तु उक्त सीमाएं उन आभूषणों के लिए लागू नहीं होंगी जिनके सम्बन्ध में सहायक सीमाशुल्क समाहर्ता यात्री द्वारा या उस के परिवार के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाए कि वह आभूषण भारत से बाहर से प्राप्त किया गया था।

ह. के. कुमार

अवर सचिव, भारत सरकार

(सं. 268/81)

मिसिल सं. 497/14/81-कस्टम--4

आवास स्थानान्तरण नियम, 1978 के नियम 2 में स्पष्टीकरण को संशोधन करने की आवश्यकता समझते हुए यह अधिसूचना जारी की गई है।

वाणिज्य मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 मार्च, 1983

अधिसूचना

सं० 58/83-सीमा शुल्क

जी० एस० आर:--सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के खण्ड 25 के उप खण्ड 1 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना स० 142 सीमा शुल्क, दिनांक 16 जलाई, 1980 का अधिक्रमण करते हुए और इससे सन्तुष्ट होने पर कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक है, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 (1975 का 51) की प्रथम अनुसूची की शीर्षक स० 100.01 के अन्तर्गत आने वाली और प्रस्तुत सारिणी के कालम (1) में उल्लिखित वस्तुओं का असबाब कालम (1) में उल्लिखित वस्तुओं का असबाब के रूप में किसी यात्री या कर्मीदल के सदस्य द्वारा भारत में आयात करने पर उन वस्तुओं पर उगाहे जाने योग्य उक्त प्रथम अनुसूची में उल्लिखित सीमा शुल्क कर से उस सीमा तक छूट प्रदान करती है जो उक्त सारिणी के कालम 2 की तदनुरूप प्रविष्टि में उल्लिखित दर पर गिनी गई धनराशि से अधिक हो।

सारिणी

वस्तुओं का विवरण	दर
(1)	(2)
असबाब नियमावली, 1978 के नियम 3 के अन्तर्गत ऐसे यात्री या सदस्य के लिये अनुमेय कर मुक्त भते से मूल्य में अधिक कोई वस्तु	
(क) प्रथम 2000 रूपये के लिये	130% यथा मूल्य
(ख) शेष पर	200% पर मूल्य

स्पष्टीकरण 1:--जिस ममाले में असबाब नियमावली 1978 के नियम 3 के अन्तर्गत किसी एक वस्तु का मूल्य ऐसे यात्री या सदस्य के लिये अनुमेय कर मुक्त भत्ते से अधिक हो उसमें कर की धनराशि केवल इस प्रकार अनुमेय कर मुक्त भत्ते के उस अतिरिक्त मूल्य पर उस सीमा तक गिनी जायेगी जो सीमा ऐसे यात्री या सदस्य द्वारा असबाब की अन्य वस्तु की निकासी करने के लिये उपलब्ध की गई हो।

स्पष्टीकरण 2:--जहां ऐसा यात्री या सदस्य किसी भी वस्तु का 2000 रूपये की सीमा तक के लिये उक्त सारिणी की धारा (क) के अधीन निहित दर को स्वयं उपलब्ध करना चाहता है, तो वह उस सीमा तक किसी भी मद के लिये उक्त को उपलब्ध करने के लिये हकदार नहीं होगा।

2. इस अधिसूचना में निहित कोई भी बात निम्नलिखित के लिये लागू नहीं होगी:—

(1) मोटर साइकिल स्कूटर या मोपिड,

(2) अग्न्यस्त्र

(3) सम्बन्ध असबाब नियमावली के अन्तर्गत मुक्त आयात के लिये निर्धारित मात्रा से अधिक सिगरेट, सिगार या तम्बाकू, और

(4) 500 रूपये से अधिक मूल्य के आंकड़े।

हस्ताक्षरित

जे० श्रीधरण,

अवर सचिव, भारत सरकार

परिशिष्ट—5

निर्यात सामान नियम

भारत से बाहर जाने वाले व्यक्तियों का वास्तविक व्यक्तिगत सामान

निर्यात-व्यापार नियंत्रण संबंधी प्रतिबंधों से छूट देने के लिए वास्तविक सामान में निम्नलिखित अप्रयुक्त और प्रयुक्त वस्तुएं निर्धारित सीमा तक शामिल होंगी, बशर्ते कि वे वस्तुएं यात्री या उसके साथ यात्रा करने वाले उसके परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत उपयोग के लिए हों और वे वस्तुएं बेचने के लिए न हों, या दूसरी पार्टियों के नाम स्थानान्तरित करने के लिए न हों।

निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की अनुसूची 1 के भाग 'क' में निर्दिष्ट जंगली जीव को (जीवित या मृत या उनका कोई भाग या उनसे बनी वस्तुओं को) व्यक्तिगत सामान का हिस्सा नहीं माना जाएगा।

टिप्पणी:—उन पशुओं की जातियों का निर्यात जो जंगली फौना और फ्लोरा (सी आई टी ई एस) की संकटापन्न जातियों के लिए हुए अन्तरराष्ट्रीय व्यापार विषयक सम्मेलन के किसी भी परिशिष्ट में शामिल हैं तो सी आई टी ई एस के अन्तर्गत वे विनियमन एवं क्षेत्रीय सहायक निदेशक, जंगली जीव संरक्षण, भारत सरकार द्वारा विशेष परीक्षण के अधीन होगा।

क प्रयुक्त वस्तुएं :—

(1) पहनने वाले कपड़े

(2) व्यक्तिगत और घरेलू सामान, जैसे बिस्तर की चादरें, कम्बल, तौलिये, घरेलू चादरें, इस्तेमाल किए हुए सभी प्रकार के जूते, चश्में और धूप के चश्मे, सिगरेट-केस, ऐश ट्रे, कागज की बनी कश्मीर की कलात्मक वस्तुएं, अखरोट की लकड़ी से बनी छोटी वस्तुएं अर्थात् स्टूल, चाय की छोटी मेजें, मेजों की कुर्सियां, कैम्प—काट आदि, पर्दे, मेज-पोश, गद्दियों के गिलाफ, टी-कोजियां, रसोई के इस्तेमाल किए हुए पीतल, एल्यूमीनियम या ताम्बे के बर्तन, ऐसी भारतीय कलाकृतियां, "जो चीते, तेंदुए या बाघ या ऐसे किसी अन्य जंगली जानवर की खाल की न बनी हो और जो निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की अनुसूची-I के भाग 'क' में शामिल हों।" बटन और कफलिंक, चांदी को छोड़कर अन्य धातुओं से बने छुरी-कांटे, चीनी के घरेलू बर्तन, मिट्टी के बर्तन, और कांच के बर्तन, चमड़े के सूट-केस, हैन्ड-बेग, घोड़ों आदि के जीन और साज, चमड़े के सभी प्रकार के वाद्य-यंत्र तथा जूते, सभी प्रकार के ग्रामोफोन और रिकार्ड, फ्रेमयुक्त तथा बिना फ्रेम की पिक्चरें और चित्र डाक-टिकट, छपी हुई पुस्तकें, खिलौने, खेलों का आवश्यक सामान, पेराम्बुलेटर, आवश्यक श्रृंगार प्रसाधन का सामान, फर्श के ऊनी कालीन, पांव-पोश, पश्मीना के शाल और ऊनी होजरी।

(3) कैमरा, घड़ियां, फाउन्टेन पेन दो दो नग प्रति यात्री।

(4) टाइप राइटर एक एक नग प्रति वयस्क यात्री।

(5) चलचित्र के घरेलू उपस्कर, वायर लेस रिसप्शन सेट (रेडियो) आदि और सिलाई की मशीन (विदेशी या भारतीय)—एक-एक प्रति परिवार।

(6) दीवार-घड़ियां या टाइमपीस, दूरबीन, साइकिलें (विदेशी या भारतीय)—एक-एक प्रति वयस्क यात्री।

(7) बिजली के छोटे-मोटे उपकरण, जैसे टेबल-फैन, लैम्प, केतली, इस्त्री, प्लग, साकेट आदि उचित मात्रा में।

(8) ऐसे व्यावसायिक औजार, उपकरण और साधित्र, जिनकी यात्री को अपने इस्तेमाल के लिए जरूरत होती है, जैसे शिल्पकार के औजार, चिकित्सा या शल्य-चिकित्सा के ऐसे उपकरण, जिन्हें वे सामान्यतः अपने साथ रखते हैं।

(9) चांदी के घरेलू बर्तन और फर्नीचर। सामान्यतः थोड़े समय के लिए भारत से बाहर छुट्टी पर जाने वाले व्यक्तियों को चांदी के घरेलू बर्तन या फर्नीचर अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अन्य मामलों में इन वस्तुओं का निर्यात करने की अनुमति नीचे दी गई सीमा या मूल्य तक ही दी जाएगी।

(क) जो यात्री बाहर से भारत आये हों और लंबे समय तक यहां रहने के बाद हमेशा के लिए देश छोड़ कर जा रहे हों, वे अपने साथ 3,000/- रु. तक के चांदी के बर्तन आदि ले जा सकते हैं। यह सुविधा उन विदेशियों के लिए भी लागू होगी जो भारत में 2 से 3 वर्ष तक या अधिक अवधि से रह रहे हों और उसके बाद अपने देश को चले जाते हों।

(ख) कभी-कभी थोड़े समय के लिए विदेश जाने वाले व्यक्ति प्रति व्यक्ति के हिसाब से 200/- रु. की वस्तुएं ले जा सकते हैं किन्तु एक परिवार 400/- रु. से अधिक का चांदी का सामान नहीं ले जा सकता, पर यह सामान वह तभी ले जा सकता है, जब उस सामान का वह वास्तव में उपयोग करता रहा हो।

(ग) लम्बे समय तक देश में रहने के बाद विदेश जाने वाले व्यक्ति अपने साथ ऐसा फर्नीचर ले जा सकेंगे, जिसका वे इस्तेमाल करते रहे हों।

(घ) अनिश्चित काल के लिए या 6 महीने की अवधि तक विदेश में रहने के लिए जाने वाले व्यक्ति अपने साथ 500/- रु. तक का फर्नीचर ले जा सकते हैं।

टिप्पणीः—

(1) विदेश में प्रवास करने वाले भारतीय राष्ट्रिक या असीमित समय के लिए विदेश जाने वाले भारतीय राष्ट्रिक 2000/- मूल्य के चांदी के बर्तन भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से ले जा सकते हैं।

(2) भारतीय राष्ट्रिक विदेश में रहने वाले अपने सम्बन्धियों को चांदी से बनी वस्तुओं के उपहारों को उनके मूल्य को ध्यान में रखे बिना नहीं भेज सकते हैं।

(10) प्रति परिवार 200 रुपए की दवा और औषधियां

(ख) नयी वस्तुएं :—

(1) सिलाई का धागा—1 किलोग्राम प्रति यात्री

(2) सभी प्रकार के रंजक और रंग—500 ग्राम प्रति परिवार

(3) बिना धुली हुई फिल्में—4 स्पूल प्रति यात्री, बशर्ते कि यात्री अपने साथ कैमरा ले जा रहा हो।

(4) धुली हुई फिल्में—उचित मात्रा में

(5) खाद्य पदार्थ

गेहूं और गेहूं का आटा	9 किलोग्राम प्रति यात्री किन्तु प्रति परिवार 36 किलोग्राम से अधिक नहीं।
चावल	
दालें	—नहीं—
खाद्य-तेल	
चीनी	4.5 किलोग्राम प्रति व्यक्ति किन्तु प्रति परिवार 18 किलो ग्राम से अधिक नहीं।
काली मिर्च और लाल मिर्च	1 किलोग्राम प्रति व्यक्ति किन्तु प्रति परिवार 4.5 किलोग्राम से अधिक नहीं।
चाय और काफी	प्रति व्यक्ति 1 किलोग्राम चाय और 2 किलोग्राम काफी।
मक्खन और घी	4.5 किलोग्राम प्रति यात्री किन्तु प्रति परिवार 18 किलोग्राम से अधिक नहीं।
इलायची	500 ग्राम प्रति यात्री किन्तु 5 या इससे अधिक सदस्यों के परिवार के लिए अधिक से अधिक दो किलोग्राम

(6) चाकलेट और चाकलेट से बनी मिठाई-उचित मात्रा में।

(7) फलों की संसाधित वस्तुएं जैसे जैम, मारमलेड, जैली और चीनी में पकाये गये फल, शरबत और फलों के स्क्वैश उचित मात्रा में।

(8) अन्य खाद्य-पदार्थ, जैसे चटनी, मसालें, करी-पाउडर, इमली, विविध प्रकार के मसाले (काली मिर्च और लाल मिर्च को छोड़कर) काजू और अखरोट—उचित मात्रा में।

(9) भारतीय मिठाइयां और घर की बनी मिठाइयां—उचित मात्रा में।

(10) भारतीय सूअर से बना सामान अर्थात सूअर की चर्बी, सूअर का नमकीन मांस और जैम—उचित मात्रा में

(11) केवल भारत में बने कपड़े और सिले-सिलाए वस्त्र आदि :—

(क) सूती कपड़ा या वस्त्र

(ख) रेशम या कृत्रिम रेशम का कपड़ा या वस्त्र

(ग) ऊनी कपड़ा

उपर्युक्त कपड़ों का वास्तविक उपयोग के सामान के रूप में निर्यात करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है बशर्ते कि उनका निर्यात, व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए या बेचने के लिए न किया गया हो।

(घ) बुनाई की ऊन केवल 2.25 किलोग्राम प्रति महिला।

(12) जरीः—

(क) प्रति यात्री—2.25 किलोग्राम

(ख) प्रति परिवार—4.5 किलोग्राम

(13) कश्मीर की कलात्मक वस्तुएं—उचित मात्रा में

(14) भारत की बनी ऐसी कलात्मक वस्तुएं जो चीते, बाघ या तेंदुए या किसी ऐसे जंगली जानवरों की खाल से न बनी हों, जिनके नाम निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1977 की अनुसूची 1 के भाग 'क' में शामिल हों ऐसे पर्यटकों के लिए, जिनके पास परमिट न हों 500 रु. तक का सामान, किन्तु इसके लिए शर्त यह होगी कि वह सामान, पुरावस्तु (निर्यात-नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के अधीन न आता हो।

(15) रसोई के नए बर्तन 1 जंगावरोधी इस्पात और एल्यूमीनियम बर्तनो को ले जाने पर कोई रोक नहीं है। यदि कोई यात्री निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाना चाहता हो, तो उसे अनियंत्रित वस्तुओं के लिए जाच निरोधक विभाग के सहायक समाहर्ता से और नियंत्रित वस्तुओं के लिए निर्यात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारियों से परमिट लेना चाहिए।

(16) बिजली के बल्ब (विदेशी या भारतीय)—एक दर्जन प्रति परिवार

(17) मोर के पंखों से बनी वस्तुए—उचित मात्रा में।

(18) समय-समय पर लागू निर्यात नीति के अनुसार हाथी दाँत वाले विनिर्माण और उत्पाद।

(ग) शस्त्र और गोला बारूद :—

(1) व्यक्तिगत शस्त्र और गोला बारूद साथ ले जाने की अनुमति उसी स्थिति में दी जाएगी, जब यात्री के पास उसको रखने का वैध लाइसेंस होगा या भारतीय शस्त्र अधिनियम के अधीन उनको ऐसे लाइसेंस रखने की छूट प्राप्त हो।

(2) वह व्यक्ति, जिसने पुराने हथियारों के ऐसे असली प्रतिरूप खरीद रखे हों, जो भारत में नाकारा हो गए हों और वह उन्हें भारत से बाहर जाते समय अपने सामान के एक हिस्से के रूप में केवल 4 नग अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए साथ ले जाना चाहता है तो उसे इनको ले जाने की अनुमति ऐसे सीमा शुल्क प्राधिकारियों की मर्जी से दी जाए जो सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता से कम न हो, और उसे बाहर जाने वाले पत्तन पर ऐसा वाउचर/बिक्री बीजक प्रस्तुत करना पड़ेगा जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि प्रतिरूपों का निरीक्षण सक्षम प्राधिकारियों द्वारा कर लिया गया है।

2. **निर्यात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्ध :** ऐसी नियंत्रित वस्तुएं जो ऊपर के पैरा में न दी गई हों, उनके वैध निर्यात के लिए निर्यात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारियों से लाइसेंस लेना जरूरी है। किन्तु सीमा शुल्क समाहर्ता अपने विवेकाधिकार से नीचे दिए गए वर्गों के यात्रियों को उनके सामने दी गई सीमा तक निर्यात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्धों में छूट दे सकता है, बशर्ते कि उसे इस बात की तसल्ली हो जाए कि (क) सम्बन्धित सामान यात्रियों की वास्तविक आवश्यकताओं के लिए है और (ख) सामान मुख्यतः भारत में ही उत्पादित है अथवा बनाया गया है :—

1. **वास्तविक विदेशी पर्यटक:**—निर्यात (नियंत्रण) आदेश 1977 की अनुसूची-1 के भाग क में विशिष्टिकृत से भिन्न माल को वे अपने निवास के देश में धन की किसी निर्धारित सीमा के बिना ही ले जा सकते हैं। यदि वे सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को यह दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर देते हैं कि माल विदेशी मुद्रा में भुगतान के बदले खरीदा गया है। लेकिन, चांदी के बर्तनों की अनुमति केवल 200/- रु. प्रति व्यक्ति होगी जो 400/- रु. प्रति परिवार की सीमा के अधीन होगी।

2. **विदेशी पर्यटकों से भिन्न यात्री:**—विदेशी पर्यटकों से भिन्न यात्रियों द्वारा 2,000/- रु. (केवल दो हजार रुपये) मूल्य तक की वस्तुएं बाहर ले जाई जा सकती हैं। लेकिन, उपर्युक्त सीमा के भीतर, चांदी के बर्तनों की अनुमति केवल 200/- रु. प्रति व्यक्ति होगी जो 400/- रु. प्रति परिवार की अधिकतम सीमा के अधीन होगी।

3. **व्यावसायिक नमूने :**—व्यवसाय करने वाले यात्री उचित मात्रा में व्यवसायिक नमूने चाहे वे नियंत्रित वस्तुओं के क्यों न हों, ले जा सकेंगे।

4. **विदेशी मुद्रा विनियम।**

(I) भारतीय मुद्रा

भारत से बाहर जाने वाले यात्री अपने साथ भारतीय मुद्रा के नोट और सिक्के निम्नलिखित सीमा तक ही ले जा सकते हैं, उससे अधिक नहीं :—

(क) उपहार देने के प्रयोजनार्थ अपरिचलित किस्म के विकास अभिमुख डिजाइनों के 50 रुपये और 10 रुपये के प्रत्येक दो सिक्के अपने साथ ले जा सकते हैं।

(ख) नेपाल जाने वाले व्यक्तियों के लिए भारतीय रुपये या सिक्के ले जाने पर सीमा सम्बन्धी कोई प्रतिबन्ध नहीं है (किन्तु 100/- रुपये या उससे अधिक राशि के नोटों को छोड़कर।)

(ग) बर्मा, मलेशिया, सिंगापुर, खाड़ी के पत्तनों या पूर्वी अफ्रीका को पानी के जहाज से जाने वाले यात्री प्रति व्यक्ति 20/- रुपये तक।

(घ) बांगला देश, श्रीलंका या पाकिस्तान जाने वाले यात्री प्रति व्यक्ति 20/- रुपये तक।

(II) विदेशी मुद्रा

(क) भारत से विदेश जाने वाला कोई व्यक्ति विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत विक्रेता से विदेशी मुद्रा में प्राप्त किए गए नोटों, सिक्कों, ड्राफ्टों, यात्री चैकों या साखपत्रों के रूप में अपने साथ इच्छानुसार विदेशी मुद्रा ले जा सकता है, बशर्ते कि सम्बन्धित प्राधिकृत विक्रेता द्वारा ऐसी विदेशी मुद्रा जारी करने की पुष्टि के रूप में उस यात्री के पासपोर्ट पर विधिवत आवश्यक पृष्ठांकन किया गया हो।

(ख) रिजर्व बैंक ने निम्नलिखित के सम्बन्ध में सामान्य अनुमति दे दी है :—

(1) कोई भी व्यक्ति नेपाली मुद्रा के नोट या सिक्के बिना किसी सीमा के नेपाल ले जा सकता है।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो सामान्यतः भारत का निवासी न हो, भारत से बाहर विदेशी मुद्रा की उतनी राशि ले जा सकता है, जो उस राशि से अधिक न हो, जो वह विदेशी मुद्रा में भारत लाया हो, बशर्ते कि उसने भारत पहुंचने पर सीमा-शुल्क प्राधिकारियों के सामने निर्धारित फार्म में उस राशि की घोषणा कर दी हो।

(3) बांगलादेश, भूटान और नेपाल को जाने वाले यात्रियों को छोड़ कर भारत से बाहर जाने वाला कोई भी यात्री अपने साथ भारतीय मुद्रा के 200/- रुपए के बराबर की किसी विदेशी मुद्रा के नोट और सिक्के ले जा सकता है—प्रति व्यक्ति।

(4) बांगला देश को जाने वाला कोई भी यात्री भारतीय मुद्रा के 100/- रुपए के बराबर की किसी विदेशी मुद्रा के नोट और सिक्के ले जा सकता है—प्रति व्यक्ति।

(II) आभूषण

(क) **ऐसे आभूषण, जो सोने के न हों** :—कोई व्यक्ति एक बार में भारत से बाहर ऐसे बहुमूल्य रत्न और आभूषण जो पूर्णत: या मुख्यत: सोने के न हों और जिनका मूल्य निम्नलिखित राशि से अधिक न हो, ले जा सकता है :—

(1) अफगानिस्तान, ईरान या मध्यपूर्व के खाड़ी के देशों को जाने वाले यात्री—2,000/- रु. के मूल्य आभूषण।

(2) अन्य देशों को जाने वाले यात्री—5,000/- रु. मूल्य के आभूषण।

अपवाद—जो व्यक्ति भारत का अधिवासी हो, उसको छोड़कर कोई भी अन्य व्यक्ति अपने साथ ऐसे बहुमूल्य रत्न या आभूषण किसी भी मात्रा में बाहर ले जा सकता है, जो भारत आने पर वह अपने साथ लाया हो और उनके अतिरिक्त वह 10,000 रु. तक के मूल्य के ऐसे बहुमूल्य रत्न और आभूषण भी अपने साथ ले जा सकता है जो उसने भारत में खरीदे हों और जो पूर्णतया या मुख्यतया सोने के न बने हों

(ख) **सोने के आभूषण** : रिजर्व बैंक ने ऐसे व्यक्ति को, जो सामान्यत: भारत का निवासी हो, किसी अन्य देश को एक बार में मुख्यत: या पूर्णत: सोने के बने 5,000/रु. तक के अपने ऐसे निजी आभूषण ले जाने की सामान्य अनुमति दे दी है जो उसने पहन रखे हों या जो उसके व्यक्तिगत सामान के अंतर्गत आते हों।

अपवाद—जो व्यक्ति सामान्यत: भारत का निवासी न हो, वह भारत से बाहर किसी अन्य देश को मुख्यत: या पूर्णत: सोने के बने अपने निजी आभूषण किसी भी मात्रा में ले जा सकते हैं, बशर्ते कि वह सीमा-शुल्क प्राधिकारियों की अनुमति से विदेश से वे आभूषण भारत में लाया हो। ऐसा व्यक्ति एक बार में मुख्यत: या पूर्णत: सोने के बने 2,000/- रु. तक के मूल्य के ऐसे आभूषण भारत से बाहर ले जा सकता है, जो उसने भारत में खरीदे हों।

(IV) आभूषण से भिन्न सोना और सोने से बनी वस्तुएं:

सोने के सिक्कों, ईंटों, सिल्लियों और मुख्यत: सोने की बनी वस्तुओं (आभूषणों को छोड़कर) का तब तक निर्यात नहीं किया जा सकता, जब तक कि रिजर्व बैंक ने उनके निर्यात की विशेष रूप से अनुमति न दी हो।

5. **प्रतिभूतियों का निर्यात** : रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की विशेष अनुमति प्राप्त किए बिना न तो प्रतिभूतियां ली जा सकती हैं और न ही वे भारत से बाहर किसी स्थान को भेजी जा सकती हैं।

6. **निर्यात घोषणा प्रपत्र** : सभी यात्रियों को सीमा-शुल्क निर्यात घोषणा फार्म दाखिल करना होगा, जो उन्हें जहाज से उतरने पर उस सीमा-शुल्क अधिकारी द्वारा नि:शुल्क दिया जाएगा, जो उस समय ड्यूटी पर होगा।

7. **निर्यात-प्रमाण-पत्र** : यात्रियों को यह सलाह दी जाती है कि वे व्यक्तिगत संपत्ति की उन वस्तुओं के लिए निर्यात-प्रमाण-पत्र ले लें जिनका भारत में दुबारा आयात किया जाना हो, ताकि उन्हें उन वस्तुओं को दुबारा भारत लाने के लिए सीमा-शुल्क न देना पड़े।

परिशिष्ट—6

कारों, स्टेशन वैगनों, जीपों, मोटर साइकिलों, स्कूटरों, आटो साईकिलों, मिनीकारों और मोपिडों का आयात

पात्रता

श्रेणी	अपेक्षित शर्तें
1	2
(क) सदा के लिये भारत वापस आने वाले भारतीय राष्ट्रिक	(1) कम से कम एक वर्ष के लिये विदेश में लगातार निवास ।
	(2) अपनी निजी कमाई से वाहन खरीदा गया ।
	(3) उपयुक्त प्राधिकारी के सामने इस सम्बन्ध में शपथ लेते हुए शपथ पत्र कि वह सदा के लिये भारत लौट रहा है ।
	(4) सामान्यतः आवेदक ने आयातित वाहन का कम से कम 3 मास तक विदेश में उपयोग किया हो, लेकिन, विशेष मामलों में नए खरीदे गए वाहन के आयात की भी अनुमति दी जा सकती है ।
	(5) आयातक को जब कि वह विदेश में हो तब या जब भारत में आ जाता है उसके आगमन के 2 मास के भीतर आयात आवेदन पत्र देने चाहिए और सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी होने तक वाहन नहीं खरीदा जाना चाहिए । (सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी करने से पूर्व वाहन खरीदने की शर्त वहां पर लागू नहीं होगी जहां आयात किए जाने वाला वाहन वही है जिसका आवेदक ने कम से कम 3 मास तक विदेश में उपयोग किया हो) ।

टिप्पणी:—(1) भारतीय मूल के उन विदेशी राष्ट्रिकों को इस संबंध में भारतीय राष्ट्रिकों के बराबर समझा जाएगा जो सदा के लिए भारत लौट रहे हैं ।

(2) पति-पत्नी के मामले में, यदि अन्य शर्तें पूरी की जाती हैं तो उनमें से दूसरे द्वारा अर्जित धनराशि में से खरीदे गए वाहन के आयात के लिए उनमें से किसी एक द्वारा दिए गए आवेदन पत्र पर विचार किया जा सकता है । लेकिन, यह पति या पत्नी जैसा भी मामला हो, द्वारा दाखिल किए एक शपथ पत्र के अधीन होगा कि किसी अन्य वाहन के आयात के लिए कोई भी अलग से आवेदन-पत्र नहीं दिया जाएगा ।

1	2
(ख) विदेशी महिलाएं (भारतीय मूल के व्यक्ति भी शामिल हैं) जो भारतीय राष्ट्रिकों के साथ विवाहित हों ।	(1) उपहार के रूप में :—
	(1) उपहार केवल माता-पिता की ओर से ही दिया जाना है ।
	(2) विवाह प्रमाण पत्र की फोटो स्टेट प्रति ।
	(3) उपहार दाता की वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में बैंकर के प्रमाणपत्र के साथ इस सम्बन्ध में माता-पिता से मूल प्रमाणपत्र कि यह उपहार अप्रार्थित उपहार है ।
	(4) आवेदक के जीवन काल में केवल एक बार ।
	(2) अन्यथा :—
	(1) विवाह से पहले आवेदक की वित्तीय स्थिति जो नियोक्ता प्रमाण-पत्र /आयकर प्रमाण पत्र/बैंकर के प्रमाणपत्र के साथ हो ।
	(2) उपयुक्त प्राधिकारी के सामने शपथ लेते हुए इस सम्बन्ध में शपथ पत्र कि आवेदक पहले से ही भारत में रह रहा है या सदा के लिये यहां आ रहा है ।
(ग) भारत के सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में नियुक्त विदेशी राष्ट्रिक	(1) भारत में कार्य करने की अवधि कम से कम एक वर्ष हो, जो नियोक्ता के मूल प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित हो ।

1	2
टिप्पणी :—भारतीय मूल के विदेशी राष्ट्रिक जो अन्य विदेशी राष्ट्रिकों की भांति विशेष कार्य के लिये भारत आ रहे हों, उन्हें विदेशी राष्ट्रिकों के बराबर समझा जाएगा ।	
(घ) अपने स्वयं के धंधे में लगे हुए विदेशी राष्ट्रिक	(1) राज्य/केन्द्र सरकार का प्रमाण पत्र जिसमें आवेदक के व्यवसाय की किस्म और आयात के कारण के औचित्य बताए गए हों। (2) आवेदकों द्वारा पूरी अवतरण कीमत विदेशी मुद्रा में चुकाई जानी है ।
(ङ) अन्य विदेशी विशेषज्ञ (सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत) गैर-राजनयिक/होम बेसड् स्टाफ	(1) सम्बन्धित सरकारी विभाग/राजदूतावास से कार्य/नियुक्ति का प्रमाण पत्र, इसके साथ-साथ कार्य की किस्म और सम्भाव्य कार्यकाल आदि के ब्यौरे और उसके साथ-साथ यथा लागू सहायता कार्यक्रम के ब्यौरे। (2) आयात की जाने वाली कार के स्वामित्व का क्रय बीजक/पंजीकरण प्रमाणपत्र ।
(च) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति	(1) अन्य मामलों में आयात आवेदन पत्रों पर निम्नलिखित ढंग से विचार किया जाएगा :— (i) कार में फिट किए हुए, असमर्थता नियंत्रणों के साथ कार का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 65,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। उसके समर्थन में मूल बीजक/क्रय वाउचर प्रस्तुत किया जाएगा (आटो ट्रांसमिशन को असमर्थता नियंत्रण डिवाइस नहीं समझा जाएगा)। (ii) राज्य नागरिक सर्जन या सरकारी हस्पताल का सम्बद्ध विंग का अध्यक्ष, विकलांगता की प्रकृति और वह किस सीमा तक विकलांग है उस का ब्यौरा और असफल नियंत्रण के साधन के साथ विशेष कार के उपयोग के लिए औचित्य । (iii) यदि कार उपहार के रूप में दी जा रही हो तो दाता की ओर से मूल पुष्टि पत्र जो उपहार दाता का उपहार लेने वाले के साथ संबंध भी दर्शाता हो । (iv) आवेदक द्वारा स्वतः चालित कार के आयात की आवश्यकता एवं जरूरत के बारे में स्पष्ट औचित्य देते हुए आवेदक के बारे में साक्ष्य ।
(छ) विदेशी संस्थाओं की शाखाएं/कार्यालय (जो सहायक अन्यथा रूप से हो)	(1) पहुंचने पर पूरी लागत विदेशी—स्वामियों द्वारा दी जानी है । (2) सामान्यतः एक वाहन अनुमेय है और दो की अनुमति तभी दी जायेगी यदि विभिन्न नगरों में एक से अधिक शाखा/कार्यालय हों । (3) भारत में विषयाधीन शाखाएं/कार्यालय खोलने के लिए सरकार या भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की फोटोस्टेट प्रति ।
(ज) विदेशी सहयोग वाली रुपया कम्पनी	(1) पहुंचने पर पूरी लागत विदेशी सहयोगियों द्वारा दी जाएगी। (2) सहयोग समझौते में रोजगार/विदेशी निदेशकों की यात्रा/तकनीकी विशेषज्ञ होने चाहिए। (3) विदेशी सहयोग के लिए सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की फोटोस्टेट प्रति
(झ) विदेश समाचार अभिकरणों के अधिकृत पत्रकार संवाददाता	(1) आवेदन पत्र, प्रेस सूचना कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित हो और उसके माध्यम से भेजा गया हो । (2) विदेशी नियोक्ता से इस संबंध में एक पत्र कि वाहन के पहुंचने पर पूरी लागत उनके द्वारा दी जाएगी (अंग्रेजी अनुवाद संलग्न किया जाता है) ।
(ञ) वायुयान कम्पनियां	आवेदन पत्र केवल सिविल विमानन विभाग, पर्यटन एवं सिविल विमानन मंत्रालय के माध्यम से और उसकी सिफारिश से ही भेजा जाना है ।
(ठ) विदेश में ठेके पर काम करने वाली या संयुक्त कारोबार में लगी हुई भारतीय फर्म	(1) ठेके को स्वीकृत करने वाले भारतीय रिजर्व बैंक/भारत सरकार के पत्र की फोटो स्टेट प्रति ।

1	2
	(2) केवल ऐसे वाहन जो विदेश में खर्चों के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के विशिष्ट अनुमोदन के अन्तर्गत आते हैं।
	(3) केवल ठेके के ठोस रूप से पूरे होने पर।
(ङ) भारत में काम करने वाली वात्सल्य एवं धर्म प्रचारक संस्थाएं	(1) केवल उपयोगी गाड़ियां एम्बयुलेन्स, स्टेशन वैगन, जीपों, मिनी बस या यात्री परिवहन वाहनों आदि के उपहारों पर ही विचार किया जायेगा।
	(2) सम्बन्धित सरकारी प्राधिकारी से इस बारे में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है कि संस्था वास्तव में विद्यमान है और यह जाति, वर्ण या पंथ का ध्यान न रख कर समाज कल्याण के कार्यों में जुटी हुई है।
	(3) विदेशी मुद्रा वितरण (अधिनियम) 1976 का अनुपालन किया जाएगा।

क्रियाविधि

(क) आयात लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट के लिए आवेदन पत्र अनुबन्ध में दिए गए प्रपत्र में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजने चाहिए और इसके साथ निर्धारित आवेदन शुल्क की अदायगी का वाउचर अर्थात् 500/- रुपये आवेदित मूल्यों को ध्यान में न रखते हुए भेजना चाहिए।

(ख) 2,500/- रुपये लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के फालतू पुर्जे वाहन के साथ आयात किए जाएंगे।

लागू होने वाली शर्तें

1. वाहन के भारत में पहुंचने के बाद उसे केवल लाइसेंसधारक के नाम में पंजीकृत कराना चाहिए।

2. पत्तन पर निकासी से पूर्व, लाइसेंसधारी भारत के राष्ट्रपति के नाम में वाहन के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए गणना की गई सीमा शुल्क धनराशि के बराबर के लिए स्थानीय लाइसेंस प्राधिकारियों के पास निर्धारित प्रपत्र में एक बांड का निष्पादन करेगा, जिसमें आयात लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट के लिए लागू शर्तों को पूरा करने के लिए वचन दिया जाएगा और उस बांड के साथ अनुसूचित बैंक की गारन्टी भी होगी। इसके बदले में, वह 'बिक्री बन्द' अवधि की मुद्रा के लिए उपर्युक्त वाहन को रहन रखने के मद्दे वाहन के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य की गणना की गई सीमा शुल्क के लिए अनुसूचित बैंक द्वारा जमानत प्रस्तुत कर सकता है। लेकिन, शारीरिक रूप से विकलांग लाइसेंसधारी के मामले में उसकी इस घोषणा पर कानूनी समझौता स्वीकार किया जा सकता है कि वह वित्तीय रूप से बैंक की गारन्टी/जमानत देने में समर्थ नहीं है। प्रारम्भ में, बांड/जमानत कानूनी समझौता 6 वर्ष के लिए वैध होना चाहिए, किन्तु लाइसेंस/सीमा-शुल्क निकासी परमिट के धारक को इसकी अवधि वृद्धि या पुनर्वैधीकरण के लिए प्रारम्भिक अवधि की समाप्ति से 6 महीने पहले ऐसे समय तक के लिए बढ़ा दिया या नवीकृत किया जाएगा, जिसे लाइसेन्स प्राधिकारी आवश्यक समझे (लाइसेन्सप्राधिकारी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बांड प्रपत्र में उपयुक्त आशोधन कर सकते हैं)।

3. लाइसेंसधारी नीचे दर्शाई गई 'बिक्री बन्द' की अवधि (अवधियों) के भीतर लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना वाहन के स्वामित्व या कब्जे का हस्तान्तरण नहीं करेगा। यदि हस्तान्तरण अनुमित किया जाता है तो वह ऐसी कीमत और नियम एवं अन्य शर्तों के अधीन होगा जो हस्तांतरी/स्वीकृत समय आदि के अनुकूल हों जैसा कि लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा विशिष्टिकृत किया जाए:—

(i) श्रेणियां (क, ख छ, झ, ञ, ट, ठ)	'बिक्री बन्द' अवधि वाहन के आयात करने की तिथि से पांच वर्ष होगी। सरकारी अधिकारी का विदेश में लोक हित में स्थानान्तरण हो जाने के मामले में "बिक्री नहीं" अवधि में छूट के लिए आवेदनों पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात पात्रता के आधार पर विचार कर सकते हैं, बशर्ते कि विषयाधीन वाहन खरीद की तिथि से 5 वर्ष की अवधि तक या आयात की तारीख से 2 वर्षों तक, इन में जो अवधि बाद में हो उस तक उपयोग किया गया हो।
(ii) श्रेणियां (ग, घ, एवं ङ)	आयातक के भारत छोड़ने पर वाहन का पुन: निर्यात किया जाएगा किंतु इसमें एक बार 3 मास तक की लघु विदेशी यात्रा शामिल नहीं होगी। सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा आयातक को नीचे की कंडिका 7 में निहित शर्तों के अधीन अन्य पात्र विदेशी राष्ट्रिक को भारत में वाहन बेचने के लिए भी अनुमति दी जी सकती है या किसी अन्य व्यक्ति/अभिकरण को भी ऐसी शर्तों के अधीन और अन्य शर्तें जैसे हस्तांतरी, कीमत आदि जो लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाएं।
(iii) श्रेणी-च:	(क) किसी भी समय कार बेची नहीं जाएगी या अन्यथा रूप से निपटाई नहीं जाएगी या उसका स्वामित्व किसी को दिया नहीं जाएगा या बंधक, रहन या गिरवी नहीं रखी जाएगी। लेकिन, विशेष परिस्थितियों में और वैध कारणों से और यथानिर्धा-

रित शर्तों के निवेदन पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस शर्त में ढील दे सकते हैं।।

(ख) लाइसेंसधारी को आयात करने की तिथि से 6 मास के भीतर अपना ड्राइविंग लाइसेंस उस लाइसेंस प्राधिकारी को देना चाहिए जिसके पास बिक्री बन्द बांड निष्पादित किया हो।

(ग) ये शर्तें उन सभी मामलों में भी लागू होंगी जिनमें आयात लाइसेन्स पहले से ही जारी कर दिए गए हों परन्तु सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी ने बांड अभी स्वीकार नहीं किया है।

(घ) श्रेणी ज एवं झ (क) कार विदेशी स्वामियों/सहयोग-कर्त्ताओं के कारण रोक रखी जाएगी और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली की पूर्व लिखित अनुमति के बिना और यथा-निर्धारित ऐसी शर्तों के अधीन किसी भी समय कार को न तो बेचा जाएगा या न अन्यथा रूप से निपटाया जाएगा, बंधक रखा जाएगा, गिरवी रखा जाएगा या रेहन रखा जाएगा।

(ख) ये शर्तें उन मामलों में भी लागू होंगी जहां आयात आवेदनपत्र पहले ही जारी किया जा चुका हो लेकिन सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारियों द्वारा बांड अभी स्वीकार नहीं किया गया हो।

4. श्रेणी (क) और (ख) के लाइसेंसधारी एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए विदेश यात्रा पर जाते समय भारत में वाहन को नहीं छोड़ेंगे। ऐसी अनुपस्थिति में, किसी भी हालत में उस अवधि के दौरान वाहन केवल परिवार के किसी और सदस्य की सुरक्षा में छोड़ना चाहिए और किसी गैर के पास नहीं। यदि लाइसेंस धारक को विदेश में एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जाना पड़ता है तो उसे अधिक अवधि के लिए ठहरने के कारण बताते हुए और वापस लौटने की प्रस्तावित तिथि का हवाला देते हुए उस लाइसेंस प्राधिकारी को उस की सूचना पावती पंजीकृत डाक से देनी चाहिए जिस के पास बांड निष्पादित किया गया था।

5. एक वर्ष से अधिक विदेश में ठहरने की अवधि के लिए, लाइसेंसधारी ऐसी अधिक ठहरने की अवधि के लिए बांड की अवधि को तभी बढ़ा सकता है जब कि उसे ऐसा करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों से छूट प्राप्त हो जाए। विदेश में ठहरने की कुल अवधि यदि दो वर्ष से अधिक हो जाने की संभावना है, तो सभी मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी। ऐसा न करने पर आयातित वाहन को जब्त भी किया जा सकता है।

6. लाइसेन्सधारी को यह खुली छूट होगी कि वह सदा के लिए देश को छोड़ते समय वाहन को पुनःनिर्यात कर सकता है, किन्तु उसे इसके लिए पहले से ही लाइसेंस प्राधिकारी को सूचित कर देना चाहिए।

7. लेकिन, विदेशी राष्ट्रिक लाइसेन्सधारी को यह छूट होगी कि वह वाहन को भारत में अन्य विदेशी राष्ट्रिक को बेच सकता है बशर्ते कि (क) लागू नीति के अधीन क्रेता स्वयं उसके आयात के लिए पात्र है, (ख) किसी भी ढंग से भारत से प्रेषण को शामिल किए बिना क्रेता ने अपने निजी फण्ड में से विदेश में उसका मूल्य और खर्च का भुगतान कर दिया हो, (ग) क्रेता उन शर्तों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हो जिनके अधीन आयात की अनुमति दी गई थी और (घ) लाइसेंस प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए इन जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रेता बैंक गारन्टी सहित बाण्ड को पूरा करता हो।

8. पत्तन पर वाहन की निकासी करने और बांड निष्पादित करने के पश्चात्, लाइसेंसधारी वाहन को उतारने के पत्तन पर भारत में अपने (अभिप्रेत) नियमित पते की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी को तत्काल ही देगा, अर्थात् जहां कार रखी जाएगी और उपयोग की जाएगी। तब उसके मामले से सम्बन्धित बांड और अन्य कागजात उस लाइसेंस प्राधिकारी को हस्तांतरित किए जाएंगे जिसके क्षेत्राधिकार में उपर्युक्त पता पड़ता है। उसके बाद सभी आगामी पत्राचार केवल परवर्ती प्राधिकारी के साथ होने चाहिए और इस नीति के अन्तर्गत अधिकार और आभार का उपयोग उसके द्वारा किया जाएगा।

9. लाइसेंसधारी को मांगे जाने पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या लाइसेंस प्राधिकारी या मोटर वाहन अधिनियम, पुलिस या आयात नियंत्रण से सम्बद्ध अन्य सरकारी प्राधिकारी (केन्द्र या राज्य) को यह सिद्ध करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए कि बाण्ड की अवधि के दौरान वाहन उसके स्वामित्व और अधिकार में रहा है।

10. जिन व्यक्तियों को वाहन का स्वामित्व दिया गया हो या जो इस नीति के अधीन आयातित वाहन की खरीद की बातचीत कर रहे हों, उन्हें अपने हित के लिए, इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि वे ऐसा करने के लिए स्वयं स्वतन्त्र हैं अर्थात् नीति और सम्बद्ध बाण्ड की शर्तों के अनुसार वाहन उनके अधिकार या स्वामित्व में हो सकता है। ऐसा करने के लिए प्रमाण का दायित्व उनके ऊपर ही होगा। इस नीति के अधीन अप्राधिकृत व्यक्तियों के अधिकार में पाए गए वाहन बिना किसी शर्त के जब्त कर लिए जाएंगे।

11. उपर्युक्त प्रावधानों के अधीन न आने वाले आवेदनपत्रों पर तदर्थ आधार पर, गुण दोष को सामने रखते हुए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जा सकता है।

12. जिन मामलों में वर्तमान शर्तों को लागू करने में वास्तविक परेशानियां एवं दिक्कतें होती हैं और यदि मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात, नई दिल्ली इसे आवश्यक समझे तो ऐसी ढील देने के लिए निवेदन करने पर उनके द्वारा विचार किया जा सकता है।

13. ऊपर निर्धारित किए गए किसी भी प्रावधान को ध्यान में न रखते हुए, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात यदि वाहन के आयात के औचित्य से संतुष्ट नहीं होता है तो आवेदन पत्र को रद्द कर सकता है।

परिशिष्ट—6 का अनुबन्ध

क, ख, ग, घ, ङ एवं च श्रेणियों के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र।

(1) सदा के लिए भारत लौटने वाले भारतीय राष्ट्रिक (2) भारत राष्ट्रिकों से विवाहित औरतें (भारतीय मूल के व्यक्तियों को शामिल करते हुए) (3) अन्य विदेशी राष्ट्रिक, और (4) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति

1. आवेदक का नाम।

2. राष्ट्रिकता।

3. पदनाम/व्यावसायिक स्थिति।

4. विदेश का पूरा पता।

5. भारत का पूरा पता।

6. विदेश जाने का उद्देश्य और वहां ठहरने की अवधि (भारत को वापस आने वाले भारतीय राष्ट्रिकों के लिए ही लागू)।

7. भारत छोड़ने और वापस आने की प्रस्तावित तिथि।

8. भारत में ठहरने की सम्भावित अवधि।

9. वाहन का मेक और माडल तथा लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

10. खरीद/पंजीकरण की तिथि और स्वामित्व की अवधि।

11. यदि कार का पहले ही आयात हुआ है तो बताएं कि कार/वाहन को ट्रिपटाईक/कारनेट डी-पैसेज के अन्तर्गत भारत में लाया गया है और यदि हां तो आयात किए जाने की तिथि और संख्या और कारनेट की वैधता का उल्लेख करें (कारनेट की फोटोस्टेट प्रति संलग्न की जाए)।

12. वाहन खरीदने के लिए विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का ढंग।

13. पिछले दो वर्षों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति के अधीन यदि कोई ली गई/निकाली गई विदेशी मुद्रा हो तो (केवल सदा के लिए लौटने वाले भारतीय राष्ट्रिकों के लिए लागू)।

(क) मूल कोटा

(ख) विशेष कोटा

(कृपया यह भी सूचित करें कि क्या इस प्रकार प्राप्त की गई विदेशी मुद्रा वापस कर दी गई है)।

14. वह उद्देश्य जिसके लिए भारत में कार की जरूरत है।

15. क्या आवेदक, उसकी पत्नी/पति/उस पर निर्भर करने वालों ने कभी भारत में कार आयात की है और यदि हां, तो सीमा शुल्क निकासी परमिट/लाइसेंस नम्बर सहित पूर्ण विवरण दें।

16. क्या इससे पूर्व कार इत्यादि के आयात के लिए आवेदन पत्र दिया गया था और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम रहे (पूर्ण संदर्भ उद्धृत किया जाना चाहिए)।

17. (क) भारत में कार को जहाज से उतारने के लिए अभिमान्य पत्तन।

(ख) वह राज्य जिस में कार का उपयोग किया जाएगा अर्थात् यह भारत में नियमित रूप से पंजीकृत करवाई जाएगी अर्थात् पत्तन पर अनन्तिम रूप से या अस्थायी पंजीकरण करवाने के पश्चात्।

18. आवेदन-पत्र के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज:—

(क) आवेदन-पत्र शुल्क के भुगतान का वाउचर (मूल प्रति)

(ख) खरीद/प्रपत्र बीजक/पंजीकरण प्रमाणपत्र की फोटोस्टेट प्रति

(ग) कार खरीदने से पूर्व विदेश में आवेदक की कमाई के विवरण के साथ नीति के अधीन जब भी आवश्यक हो नियोक्ता का प्रमाणपत्र, आय कर प्रमाण-पत्र/बैंकर का प्रमाणपत्र संलग्न होना चाहिए।

(घ) भारत सरकार के उपयुक्त प्राधिकारी या नोटरी पब्लिक विदेश में के सम्मुख शपथ लेते हुए इस सम्बन्ध में एक शपथ-पत्र कि आवेदक सदा के लिए भारत वापस आ रहा है।

19. आवेदकों की विशिष्ट श्रेणी के लिए संलग्न किए जाने वाले अतिरिक्त दस्तावेज:—

(क) भारतीय राष्ट्रिकों से विवाहित विदेशी स्त्रियां (उपहार के मामले में)

(क) उपहार दाता के माता-पिता से उपहार की अप्रार्थित प्रकृति घोषित करते हुए पुष्टि पत्र (मूल रूप में);

(ख) विवाह के प्रमाण-पत्र की फोटोस्टेट प्रति;

(ग) दाता की वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में बैंकर का प्रमाण-पत्र (मूल रूप में);

(घ) आवेदक और उसकी पत्नी दोनों द्वारा मजिस्ट्रेट या शपथ कमिश्नर या नोटरी पब्लिक के सामने शपथ लेते हुए स्टाम्प कागज पर इस सम्बन्ध में एक शपथ पत्र देना चाहिए कि वे भारत में स्थायी रूप से बसे हुए हैं और उन्होंने इससे पूर्व कोई भी कार आयात नहीं की है।

(ङ) आवेदक और उसके पति के पासपोर्ट की फोटो स्टेट प्रति जिस में विवाह के समय उनकी राष्ट्रिकता को दर्शाया जाए। यदि पति के पास कोई पासपोर्ट नहीं है, तो उसे अपनी राष्ट्रिकता को दर्शाते हुए एक आवेदन पत्र देना चाहिए।

(ख) भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में कार्यरत विदेशी राष्ट्रिक

(क) भारत में नियुक्ति की अवधि दर्शाते हुए नियोक्ता का प्रमाणपत्र (मूल रूप में)

(ग) अन्य विदेशी विशेषज्ञ (सहायता कार्यक्रमों के अधीन) गैर राजनयिक घर रहने वाले कर्मचारी।

(क) कार्य का सामान्य विवरण और सम्भावित अवधि के साथ सम्बन्धित सरकारी विभाग/दूतावास से नियुक्ति/नौकरी का प्रमाण पत्र (मूल रूप में)

(घ) अपना धंधा करने वाले विदेशी राष्ट्रिक:—

(क) आवेदक के व्यवसाय की प्रकृति और आयात को उचित ठहराने के कारण बताते हुए राज्य/केन्द्रीय सरकार का प्रमाण-पत्र;

(ख) माल उतरने की पूर्व कीमत को (अर्थात् सीमाशुल्क सहित) विदेशी मुद्रा में पूरा करने का घोषणा-पत्र

(ग) आवेदक की वित्तीय स्थिति दर्शाते हुए विदेशी बैंकर का प्रमाण-पत्र।

(ङ) शारीरिक रूप से विकलांग

(क) राज्य सिविल सर्जन या सरकारी हस्पताल में कार्यरत सम्बद्ध विंग के अध्यक्ष से विकलांगता की प्रकृति और विशेष नियंत्रणों सहित कार उचित ठहराने के कारणों सहित चिकित्सा प्रमाण-पत्र;

(ख) दाता का पुष्टि कारक पत्र (उस मामले में जहां कार उपहार में दी जा रही हो)

घोषणा:—

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त विवरण, मेरे ज्ञान एवं विश्वास से सत्य और ठीक है और मैं अच्छी तरह समझता हूं कि उपर्युक्त विवरण के आधार पर मेरे द्वारा मांगा गया अथवा मुझे जारी किया गया कोई लाइसेंस/सीमाशुल्क निकासी परमिट यदि यह पाया गया कि विवरण अथवा तथ्य का कोई भी भाग गलत अथवा झूठा है तो वह रद्द किया जा सकता है और इसके अतिरिक्त मामले की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार कोई और भी जुर्माना कर सकती है अथवा कोई अन्य कार्रवाई कर सकती है।

दिनांक......... हस्ताक्षर.........

संलग्नक........ नाम (साफ अक्षरों में)......

....

पूरा पता ....

....

भारत में सदा के लिए निवास करने के लिए आने वाले भारतीय राष्ट्रिकों द्वारा निष्पादित किया जाने वाला शपथ-प्रपत्र

मैं, (नाम--- -- -- -- --) सुपुत्र श्री------- का निवासी भारतीय पासपोर्ट सं.---------- दिनांक- - - - - - - -का धारक एतद् द्वारा घोषणा करता हूं और पुष्टि करता हूं कि:—

(1) मैं-----------समय से लगातार विदेश में रह रहा हूं, केवल निम्नलिखित अवधि इसमें शामिल नहीं है क्योंकि मैं उन दिनों भारत आया था:—

(1)

(2)

(3)

(2) -----------(मास/वर्ष) में, मैं भारत में स्थाई तौर पर रहने के लिए वापस आ रहा हूं।

(3) मेरे द्वारा प्रस्तावित आयात किया जाने वाला वाहन मेरे द्वारा विदेश में अर्जित धनराशि में से खरीदा गया है।

(4) वाहन विदेश में मेरे नाम में पंजीकृत है और उसकी पंजीकरण संख्या--------- -------------है।

अभिसाक्षी

श्रेणी छ, ज, झ, ञ, ट एवं ठ के लिए आवेदन-पत्र का प्रपत्र-

(1) विदेशी संस्थानों की शाखाएं/कार्यालय (सहायक या अन्यथा रूप से);

(2) वायुयान कम्पनियां (आवेदन-पत्र नागरिक उड्डयन विभाग, पर्यटन और नागरिक उड्यन मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाने चाहिए);

(3) रुपया कम्पनियां जिन्हें विदेशी सहायता प्राप्त हो,

(4) संविदा के कार्यों को कार्यान्वित करने वाली या भारतीय फर्म;

(5) विदेशी समाचार अभिकरण का अभिकृत पत्रकार/संवाददाता (प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से आवेदन-पत्र भेजे जाने हैं); और

(6) भारत में धर्मार्थ और मिशनरी संस्था

(1) आवेदक का नाम

(2) राष्ट्रिकता और पदनाम/व्यावसायिक स्थिति [केवल वर्ग (5) और (6) के लिए लागू]

(3) विदेश का पंजीकृत पूरा पता

(4) भारत का पंजीकृत पूरा पता

(5) भारत में शाखाओं की संख्या सहित उनके पते

(6) भारत में व्यवसाय/नियुक्ति की प्रकृति

(7) लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य सहित वाहन का मेक एवं माडल

(8) वह उद्देश्य जिसके लिए भारत में कार की आवश्यकता है

(9) आवेदन शुल्क के भुगतान को दर्शाने वाला वाउचर/रसीद

(10) खरीद/बीजक प्रपत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र

(11) यदि कार का पहले ही आयात हुआ है तो कृपया बताएं कि कार/वाहन को ट्रिपटाइक/कारनेट-डी-पैसेज के अन्तर्गत भारत में लाया गया है और यदि हां, तो कारनेट के आयात किए जाने की तिथि, संख्या और वैधता का उल्लेख करें (कारनेट की फोटो स्टेट प्रति संलग्न करें)

(12) जहां कार उपहार के रूप में दी जानी है वहां उसे खरीदने के लिए भारत से बाहर किस ढंग से विदेशी मुद्रा प्राप्त की गई थी, इस के साथ विदेशी स्वामी/दाता के मुख्य कार्यालय से पुष्टि पत्र (मूल रूप में) संलग्न होना चाहिए।

(13) जहां सीमा शुल्क कर विदेशी मुद्रा में दिया जाना हो, वहां विदेशी स्वामी/मुख्य कार्यालय से इस आशय का पुष्टि पत्र (मूल रूप में) होना चाहिए कि एेसे कर का भुगतान वे विदेशी मुद्रा में कर देंगे।

(14) यदि कोई कार भारत में सीधे आयात की गई हो या किसी अन्य व्यक्ति/अभिकरण से हस्तान्तरण द्वारा ली गई हो तो आयातित कार का पूर्ण विवरण, ब्यौरा दिया जाना चाहिए।

(15) क्या इससे पूर्व कार के लिए आवेदन-पत्र दिया गया था, यदि हां, तो क्या परिणाम रहा (पूरा संदर्भ दीजिए)

(16) कार के पोतलदान की प्रस्तावित तिथि

(क) भारत में जहाज से उतारने का पत्तन

(ख) भारत में वह राज्य जहां कार की जरूरत है।

घोषणा :—

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास से सत्य और ठीक है और मैं अच्छी तरह समझता हूं कि उपर्युक्त विवरण के आधार पर मेरे द्वारा मांगा गया अथवा मुझे जारी किया गया कोई भी लाइसेंस/सीमाशुल्क निकासी परमिट यदि यह पाया गया कि विवरण अथवा तथ्य का कोई भी भाग गलत अथवा झूठा है, तो वह रद्द किया जा सकता है और इसके अतिरिक्त मामले की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार कोई और भी जुर्माना कर सकती है अथवा कोई अन्य कार्रवाई कर सकती है।

दिनांक ..... हस्ताक्षर

संलग्नक........ नाम (साफ अक्षरों में).......

....

पूरा पता ....

....

(17) आवेदकों की विशेष श्रेणी के लिए संलग्न किए जाने वाले अतिरिक्त दस्तावेज

(क) रुपया कम्पनी जिसे विदेशी सहायता प्राप्त हो—

(क) उस तकनीकी सहायता समझौते की फोटो-स्टेट प्रति जिसकी शर्तों के अनुसार विदेशी विशेषज्ञों, तकनीकियों, निदेशकों को समय-समय पर भारत आना पड़ता है।

(ख) विदेश में ठेके पर काम करने वाली कारोबार में लगी हुई भारतीय फर्में :

(क) भारतीय रिजर्व बैंक/भारत सरकार द्वारा संविदा की स्वीकृति देने वाले पत्र की फोटो-स्टेट प्रति;

(ख) विदेश से कार/कारें खरीदने के अनुमोदन को दर्शाने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी ।

(ग) विदेश में संविदा/कार्य समाप्त हो गया है, यह दिखाने के लिए प्रमाण पत्र/दस्तावेजी साक्ष्य।

(ग) धर्मार्थ और मिशनरी संस्थाएं :—

(क) सम्बद्ध सरकारी प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र कि संस्था धार्मिक है और जाति-पाति अथवा रंग भेद-भाव रखे बिना जनता की भलाई के लिए कार्य कर रही है।

(ख) इस सम्बद्ध में घोषणा पत्र कि कथित वाहन उपहार है और इस उद्देश्य के लिए भारत से विदेशी मुद्रा में किए गए प्रेषण शामिल नहीं हैं ।

अनुबन्ध 6

व्यक्तिगत असबाब के रूप में कार आदि के आयातक द्वारा निष्पादित किए जाने वाले बन्धपत्र का प्रपत्र

यह सब को ज्ञात हो कि हम (1)---------जो------------ के हैं (जिन्हें इसमें आगे "आयातक" कहा गया है और इस अभिव्यक्ति में उसके/उनके उत्तराधिकारी, प्रबन्धक, प्रशासन और कानूनी प्रतिनिधि/उत्तराधिकारी और अनुमत समनुदेशिती शामिल हैं) और (2) ----------जो----------- के हैं (जिसे इसमें आगे "जमानती" कहा गया है और इसके अन्तर्गत जब तक कि संदर्भ के विरुद्ध न हो, उसके/उनके उत्तराधिकारी, प्रबन्धक, प्रशासक और कानूनी प्रतिनिधि/उत्तराधिकारी और अनुमत समनुदेशिती शामिल है) भारत के राष्ट्रपति के प्रति------------------रुपए की रकम मांगी जाने पर बिना आपत्ति के संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को चुकाने के लिए आज तारीख-------------------के इस विलेख द्वारा संयुक्त रूप से और अलग-अलग आबद्ध हैं।

जबकि संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात भारत सरकार---------------------(जो यहां उक्त संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के रूप में संदर्भित किए गए हैं, जिस अभिव्यक्ति में, वह व्यक्ति शामिल है, जो वर्तमान में संयुक्त/उप मुख नियंत्रक, आयात निर्यात - - - - -- -- -- का कार्यभार सम्भाल रहे हैं) ने -- - - - - - - - -- -जो कि पूर्णरूप से नीचे की अनुसूची में वर्णित है और जिसका आयातक द्वारा भारत में आयात किया गया है, की निकासी की अनुमति प्रदान कर दी है।

अब ऊपर लिखित बन्धपत्र की शर्त यह होगी कि:--

1. यदि उपर्युक्त आयातक इस देश से प्रस्थान करते समय कार का पुनः निर्यात करता है या छः महीने से अधिक अवधि के लिए विदेश जाते समय भारत में कार छोड़ने की आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त कर लेता है; और

2. यदि उपर्युक्त आयातक कार को न तो बेचेगा, न रहन, बन्धक रखेगा या उपर्युक्त कार का कब्जा छोड़ेगा या कार को अन्यथा रूप से बेचेगा, तो ऊपर लिखित बन्ध पत्र अमान्य और अप्रभावी हो जाएगा, अन्यथारूप से यह कायम रहेगा और पूर्ण रूप से लागू रहेगा और एतद् द्वारा दोनों के बीच यह पूर्ण सहमति हुई है और निम्नलिखित घोषणा हुई है:--

(क) कि ऊपर लिखित बन्ध पत्र उपर्युक्त------- -------------------के आयात करने की तिथि से---------------------वर्षों की अवधि के लिए पूर्ण रूप से लागू और प्रभावित रहेगा और आगे ऐसी अवधि के लिए इसे पुनः नवीकृत समझा जाएगा जिसे संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात -निर्यात उपर्युक्त अवधि की समाप्ति से पहले जितने समय के लिए उचित समझें।

(ख) आयात के खिलाफ बंध पत्र के लागू करने से भारत के राष्ट्रपति की ओर से कोई भी स्थगन कार्य या छूट (चाहे वह जमानती की जानकारी या सलाह के बिना या सहित हो) से उपर्युक्त बंधपत्र के दायित्व से कथित जमानती को किसी प्रकार से विमुक्त नहीं किया जाएगा।

(ग) यह कि यह बंधपत्र केन्द्रीय सरकार के आदेश के अन्तर्गत उस कार्यपालन के लिए किया गया जो सार्वजनिक हित में है।

(घ) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या किसी लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा जब कभी यह साक्ष्य मांगा जाए कि कार आयातक के कब्जे और स्वामित्व में है तो आयातक इसका साक्ष्य प्रस्तुत करेगा।

वर्ष	क्रम सं०	अनुसंधान एवं विकास परियोजना का नाम एवं क्षेत्र	प्रस्तावित परियोजना लीडर का नाम	परियोजना की अवधि	निम्नलिखित के अन्तर्गत परियोजना की कुल अनुमानित लागत			
					पूंजी	आवर्ती	जोड़	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9

खरीदे जाने वाले अपेक्षित विशिष्ट उपस्कर की और उसके मूल्य का संकेत करते हुए सूची	मूल्य सहित किसी भी विशेष अपेक्षित कच्चे माल की सूची	अभ्युक्ति (अनुसंधान एवं विकास परियोजना प्रस्तावित करने का यदि कोई विशेष कारण हो, तो निर्दिष्ट करें)
10	11	12

क्रमशः

अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की मान्यता के नवीकरण के लिये आवेदन करने का प्रपत्र

परिशिष्ट—19क

भाग क

1. आवेदक/फर्म का नाम . . . .
2. पता . . . .
   (क) मुख्य कार्यालय . . . . . .
   (ख) फैक्टरी/फैक्टरियां . . . . . .
   (ग) अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला/केन्द्र . . . . .
3. व्यवसाय की प्रकृति . . . . . .
4. कम्पनी की संरचना . . . .
   (क) सार्वजनिक /निजी/सहकारी/संयुक्त क्षेत्र/स्वामित्व/साझीदारी संस्था .
   (ख) क्या विदेशी साझा भागीदार हैं? कृपया विदेशी साझा भागीदार का नाम तथा उसका प्रतिशत बताइये? . . . . .
   (ग) बोर्ड के निदेशकों/स्वामियों का नाम . . . .
5. पूंजी की संरचना :—
   (क) प्राधिकृत पूंजी . . . . . .
   (ख) प्रदत्त पूंजी . . . . . .
   (ग) अन्य देयता . . . . . .
6. फर्म की श्रेणी :—
   (क) लघु पैमाना एकक . . . . . .
   (ख) महानिदेशक, तकनीकी विकास के पास पंजीकृत
   (ग) आई० डी० आर० अधिनियम के अधीन आने वाले
   (घ) एम० आर० टी० पी० अधिनियम के अधीन आने वाले .
   (ङ) अन्य (कृपया प्रायोजक प्राधिकारी का नाम निर्दिष्ट करें) . .
7. सम्बद्ध प्रशासकीय मन्त्रालय
8. तकनीकी सहायता, यदि कोई हो, तो :—

क्रम सं०	उत्पाद	तकनीकी सहयोग का नाम एवं पता	सहयोग का इतिहास
(1)	(2)	(3)	(4)

विशेष ध्यान दीजिए :—कालम 4 के अन्तर्गत, कृपया सहयोग व्यवस्था के अनुमोदन का वर्ष जिसमें समय वृद्धि भी शामिल हो तथा वर्तमान सहयोग व्यवस्थाओं की समाप्ति की तिथि भी निर्दिष्ट कीजिए।

9. पिछले तीन वर्षों (वर्ष-वार) का समस्त वार्षिक व्यापार
10. मुख्य विनिर्मित उत्पाद :—

क्रम सं०	उत्पाद	अनुज्ञप्त क्षमता	संस्थापित क्षमता	उत्पादन (तीन वर्षों में)
1	2	3	4	5

11. फर्म द्वारा नियुक्त की गई कुल मानवशक्ति
   (क) वैज्ञानिक एवं तकनीकी . . . . . .
   (ख) प्रशासनिक . . . .
   (ग) अन्य . . . .

कुल

भाग (ख) अनुसंधान एवं विकास

1. क्या अनुसंधान एवं विकास का कार्य पहले से ही प्रगति पर है (यदि हां, तो प्रारम्भ होने की तिथि) . . . . . .
2. अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य . . . . . .

3 क्या अनुसंधान एवं विकास संस्थान फैक्टरी परिसर के भीतर/बाहर अलग बिल्डिंग में स्थापित है। . .

4. क्या अनुसंधान एवं विकास कार्य आपके उत्पादन एवं गुण नियंत्रण विभाग से पृथक है और क्या अलग-अलग लेखा रखा गया है . . . . .

5 उपलब्ध उपस्कर/ पाईलेट प्लान्ट सुविधाओं का संक्षिप्त ब्यौरा (कृपया मूल्य एवं स्रोत को दर्शाते हुए सूची संलग्न करें). . . . .

6. क्या आपके पास पूरे समय के लिये अनुसंधान एवं विकास निदेशक/प्रबंधक हैं? यदि हां, तो कृपया उसका नाम एवं नियुक्ति की तिथि बताइये . . .

7. पिछले तीन वर्षों में अनुसंधान एवं विकास की उपलब्धियों का ब्यौरा (यदि आवश्यक हो तो अलग शीट लगाएं) . . . .

8. पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत या विदेश में दाखिल किये गए पेटेंट .

9. क्या आपके द्वारा किसी विकसित प्रौद्योगिकी का— .

(क) व्यापारीकरण किया गया है . . . . .

(ख) भारत में अन्य पार्टी को बेचा गया है . . .

(ग) निर्यात किया गया है . . . . .

10. प्रगति में लगी हुई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का ब्यौरा दीजिए (कृपया ब्यौरा अनुबंध "क" के प्रपत्र में दें) . . .

11. अगले तीन वर्षों में प्रस्तावित अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं (कृपया ब्यौरा अनुबंध "ख" के प्रपत्र में दें) . . . . . .

12 अनुसंधान एवं विकास कार्य पर खर्च.— कृपया पिछले तीन वर्षों (वास्तविक) चालू वर्ष (बजेटिड) और अगले तीन वर्षों के अनुमानित आंकड़े वर्ष वार, दीजिए

	पिछले तीन वर्ष (वास्तविक)	चालू वर्ष (बजेटिड)		अगले तीन वर्ष (अनुमानित)
	1	2		3
(क) पूंजी				
(ख) आवर्ती	———	———	———	———
(ग) कुल	———	———	———	———
(घ) ग के विदेशी मुद्रा के संघटक				
(1) पूंजी				
(2) आवर्ती				
कुल				

टिप्पणी:—उत्पादन से सम्बद्ध, गुण नियंत्रण, ट्रबल शूटिंग, परीक्षण बाजार अनुसंधान और इसी प्रकार के अन्य क्रियाकलापों पर किये, गए खर्चे ऊपर दिये जाने वाले आंकड़ों में शामिल नहीं किये जायेंगे।

13. कृपया पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुसंधान एवं विकास खर्चे पर आयकर छूट, यदि कोई हो, तो निर्दिष्ट करें . . . . .

14. अनुसंधान एवं विकास कार्य पर नियुक्त किये गये व्यक्ति (वर्तमान) .

	पूर्ण कालिक	अंशकालिक
	(संख्या)	(संख्या)
(क) वैज्ञानिक	———	———
(ख) इंजीनियर	———	———
(ग) तकनीशियन	———	———
(घ) अन्य	———	———
कुल		

15. अनुसंधान एवं विकास कार्मिकों की शैक्षिक स्थिति (वर्तमान)

	संख्या
(क) विना भारिधि डिग्री	
(ख) स्नातकोत्तर डिग्री	
(ग) स्नातक डिग्री	
(घ) स्नातक से कम	
जोड़	

अगले तीन वर्षों के दौरान भर्ती की चरणवार श्रेणी

श्रेणी	वर्ष 1	वर्ष 2	वर्ष 3
(क) वैज्ञानिक			
(ख) स्नातकोत्तर डिग्री			
(ग) स्नातक			
(घ) स्नातक से नीचे			
कुल			

17. पिछले तीन वर्षों के दौरान क्या आपने एन० आर० डी० सी० या अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशाला/विश्व विद्यालय/आई० आई० टी०/अन्य संस्थाओं से किसी प्रकार की सहायता/खरीददारी और जानकारी प्राप्त की है? कृपया वर्ष एवं स्रोत सहित ब्यौरा दीजिए।

18. क्या आपके द्वारा प्रगति में लगे हुए या प्रस्तावित अनुसंधान एवं विकास कार्य का कोई कार्य देश में किसी अन्य स्थान पर किया जा रहा है? यदि हां, तो कृपया स्थान संकेतित करें।

परिशिष्ट 19 क—(जारी)

अनुबन्ध "क"

प्रगति में लगे हुए अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों/परियोजनाओं का ब्यौरा

क्रम सं०	अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का नाम एवं क्षेत्र	परियोजना लीडर का नाम	किस वर्ष में आरम्भ किया गया	परियोजना की अवधि	निम्नलिखित के अन्तर्गत परियोजना की कुल अनुमानित लागत				
					पूंजी	आवर्ती	जोड़	विदेशी मुद्रा	अभियुक्तियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

अनुबन्ध "ख"

प्रस्तावित अनुसंधान और विकास कार्य के ब्यौरे (अगले तीन वर्षों के लिए)

वर्ष	क्रम सं०	अनुसंधान एवं विकास परियोजना का नाम एवं क्षेत्र	प्रस्तावित परियोजना लीडर का नाम	परियोजना की अवधि	निम्नलिखित के अन्तर्गत परियोजना की कुल अनुमानित लागत			
					पूंजी	आवर्ती	कुल	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9

खरीदे जाने वाले अपेक्षित विशिष्ट उपस्कर की सूची और उसके मूल्य का संकेत करते हुए एक सूची	मूल्य सहित किसी भी अपेक्षित विशिष्ट कच्चे माल की सूची	अभ्युक्ति (अनुसंधान एवं विकास परियोजना प्रस्तावित करने का यदि कोई विशेष कारण हो, तो निर्दिष्ट करें)
10	11	12

क्रमशः

परिशिष्ट-19 क (जारी)

भाग "ग"

प्रदान की गई मान्यता का विवरण :

(क) आदित : प्रदान की गई मान्यता का वर्ष और इसकी वैधता अवधि।

(ख) चालू मान्यता पत्र सं० और इसकी वैधता अवधि।

(ग) यदि कोई हो, तो मान्यता में व्यवधान।

2. अनुसंधान एवं विकास के लिये क्या अब कोई अलग से लेखा बनाया गया है। यदि हां, तो वह तिथि जब से यह अलग बनाया गया है। यदि नहीं, तो इसको कब पृथक-पृथक करने की संभावना है ?

3. अनुसंधान एवं विकास पद्धति, मानव शक्ति आदि में किसी प्रकार के परिवर्तन, क्योंकि मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र 2/3 वर्ष पहले दिया गया था।

4. पिछले 2/3 वर्षों के दौरान अनुसंधान विकास केन्द्र का सुधार/विस्तार/भूमि, अलग भवन, सुविधाओं में वृद्धि और सेवाओं में की गई वृद्धि के ब्यौरे प्रस्तुत करें। (सेवाएं जैसे नियंत्रित बाह्य परिस्थितियों, स्थाई पावर इत्यादि)।

5. अनुसंधान एवं विकास के लिए अधिप्राप्ति उपस्करों की सूची क्योंकि मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र 2/3 वर्ष पहले दिया गया था। (वर्ष-वार प्राप्त किए गए उपस्करों, की सूची और उनका मूल्य दर्शाएं)

6. पत्रिकाएं, प्रकाशन, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी, संगोष्ठी आदि में भाग लेना, किसी भी प्रकार का सुधार/तरीकों, विदेश में प्रयोगशालाओं/कारखानों में प्रशिक्षण के सुझाव देने के सम्बन्ध में अनुसंधान एवं विकास कर्मचारी के कार्यकलाप।

7. अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम :—

(क) पिछले आवेदन पत्र के अनुबन्ध "क" में दर्शाए गए अनुसंधान एवं विकास प्रोग्रामों का वर्तमान दर्जा।

(ख) पिछले आवेदन पत्र के अनुबन्ध "ख" में दर्शाए गए अनुसंधान एवं विकास प्रोग्रामों का वर्तमान दर्जा।

8. पुनरीक्षा अवधि के दौरान अनुसंधान एवं विकास उपलब्धियों का ब्यौरा :

(वर्ष-वार उपलब्धियों की सूची) :—

(क) नए उत्पाद विकास

(ख) नई प्रक्रिया विकास

(ग) वर्तमान उत्पादन प्रक्रिया में सुधार।

(घ) आयात प्रतिस्थापन (उत्पादित मद और बचाई गई विदेशी मुद्रा दर्शाएं)

(ङ.) अन्य

9. वर्ष वार अनुसंधान एवं विकास का कुल व्यय दर्शाएं जिसमें कर्मचारियों का वेतन शामिल हो और पुनरीक्षा अवधि के दौरान कुल आय-व्यय का प्रतिशत भी बताएं :—

वर्ष	कुल अनुसंधान एवं विकास व्यय	वार्षिक आय-व्यय	प्रतिशत
1			
2			
3			

10. पुनरीक्षा अवधि के दौरान अनुसंधान एवं विकास उद्देश्यों के लिए किए गए आयात का पूर्ण ब्यौरा।

क्रम सं०	आयात का वर्ष	आयातों और उनके उपयोग के ब्यौरे									अभ्युक्तियां
		पूंजीगत माल			कच्चा माल			अन्य			
		विवरण	लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य	कैसे उपयोग में लाया गया	विवरण	लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य	कैसे उपयोग में लाया गया	विवरण	लागत बीमा-भाड़ा मूल्य	कैसे उपयोग में लाया गया	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

11. मान्यता प्राप्त होने के कारण आपकी फर्म ने कोई लाभ/हित प्राप्त किया था, उसका संक्षिप्त विवरण दर्शाएं।

12. अनुसंधान एवं विकास पंजीकरण योजना के सम्बन्ध में क्या आप कोई सुझाव देना चाहते हैं।

13. आयकर अधिनियम, की धारा 35 (2-ख) के अधीन क्या कोई प्रोग्राम भेजा गया है। यदि हां, तो उस प्रोग्राम का नाम, अवधि, आदि का संक्षेप में ब्यौरा दिया जाए।

14. क्या आपने औद्योगिक लाइसेंस के लिए सरकारी अधिसूचना के आधार पर लाइसेंस लेने के लिए कृधिमान्य व्यवहार के लिए आवेदन किया था।

15. क्या आपने विनियोजन वृद्धि भत्ते के लिए आवेदन किया था।

संस्था के अध्यक्ष के हस्ताक्षर
पदनाम

दिनांक...........

स्थान............

परिशिष्ट 20

शपथ-पत्र का प्रपत्र

खो गए या अस्थानस्थ हो गए लाइसेंसों और सीमा शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपियां प्राप्त करने के लिए शपथ-पत्र का प्रपत्र

"मैं/हम सत्यनिष्ठा पूर्वक पुष्टि एवं घोषणा करता हूं/करते हैं कि मुझे/हमें . . . . से . . . . .के आयात/निर्यात के लिए जारी किए गए लाइसेंस संख्या . . . . दिनांक . . . . . की सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति/मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति/दोनों प्रतियां किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए बिना और बिल्कुल उपयोग किए बिना/(सीमा शुल्क कार्यालय) . . . . के पास पंजीकृत कराने और उसका आंशिक रूप से उपयोग करने के बाद खो गई/अस्थानस्थ हो गई हैं। कुल धनराशि जिसके लिए लाइसेंस जारी किया गया था वह . . . . रु. है और कुल शेष धनराशि जिसे पूरा करने के लिए अब मूल प्रति/या अनुलिपि प्रति की आवश्यकता है वह . . . . रुपये है। मैं/हम आगे सत्यनिष्ठा पूर्वक पुष्टि और घोषणा करता हूं/करते हैं कि उक्त लाइसेंस मेरे/हमारे द्वारा रद्द, धरोहर, हस्तांतरित नहीं किया गया है या मेरी/हमारी ओर से किसी भी अन्य पार्टी को किसी भी प्रयोजन/या विचार से चाहे जो कुछ हो के लिए सौंपा नहीं गया है और अनुरोध है कि मूल लाइसेंस को रद्द किया जाए और उसके स्थान पर मैंने/हमने जिस अनुलिपि प्रति के लिए आवेदन किया है वह जारी की जाए। मैं/हम इस बात से सहमत हूं/हैं और वचन देता हूं/देते हैं कि यदि मूल लाइसेंस बाद में मिल गया तो मैं/हम उसे जारी करने वाले प्राधिकारी को उनके रिकार्ड के लिए लौटा दूंगा/लौटा देंगे।"

परिशिष्ट 21

हटा दिया गया है।

परिशिष्ट 22

विधिक करार के प्रपत्र

भाग 1

विधिक करार का प्रपत्र

(मूल्य के अनुसार निर्यात बाध्यता वाले मामलों में लिमिटेड कम्पनियों द्वारा निष्पादन के लिए)

यह करार . . . . एक कम्पनी जो अधिनियम, 1956 के अधीन निगमित कम्पनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय . . . . में है (जिसे इसमें आगे "कम्पनी" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती शामिल हैं) एक पक्ष और भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे "सरकार" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) द्वितीय पक्ष के बीच आज दिनांक . . . . को किया गया।

जबकि कम्पनी को . . . . . . रुपये के लागत-बीमा और भाड़ा मूल्य के संयंत्र मशीनरी और उपस्कर के आयात के लिए आयात अनुज्ञप्ति सं. . . . . , तारीख . . . . प्रदान की गई है।

और/या जबकि सरकार ने कम्पनी . . . . . . को सर्वश्री . . . . .के साथ उसके प्रस्तावित विदेशी विनिधान/तकनीकी सहयोग व्यवस्था के निबंधन और शर्तें संसूचित कर दी हैं इस सम्बन्ध में देखिए . . . .। और/या जबकि सरकार ने कम्पनी को औद्योगिक अनुज्ञाप्ति/क्षमता के पर्याप्त विस्तार की मंजूरी के उसके प्रस्ताव की स्वीकृति के निबंधन और शर्तें संसूचित कर दी है। इस संबंध में देखिए तारीख . . . . का आशयपत्र संख्या . . . . . .।

और जबकि संयंत्र और उपस्कर के लिए उक्त आयात अनुज्ञप्ति/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/औद्योगिक अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति या आशयपत्र की एक शर्त के रूप में सरकार ने यह अनुबन्ध किया है कि कम्पनी के लिए यह आवश्यक है है कि वह . . . . लाख रुपये की विदेशी मुद्रा प्रति वर्ष/. . . . . वर्ष की अवधि में अर्जित करें अथवा . . . . वर्ष तक या उतनी अवधि तक को पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय-समय पर बढ़ाई जाए (या निर्यात . . . . इसके उत्पादों के निर्यात) यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा प्रति वर्ष अपने उत्पादों का . . . . प्रतिशत उस समय तक निर्यात करें जब तक कि परियोजना की विदेशी मुद्रा में पूरी लागत (या परियोजना की विदेशी मुद्रा लागत की दुगनी या उसकी कोई अन्य गुणज राशि) जो . . . . लाख रुपये है निर्यात उपार्जनों के रूप में वसूल नहीं हो जाती है। (ठीक-ठीक शर्त का अनुमोदन प्रत्येक मामले में पूंजीगत माल समिति/विदेशी विनिधान बोर्ड/अनुज्ञापन समिति द्वारा किया जाएगा)।

अब, इसके पक्षकारों द्वारा और उनके बीच निम्नलिखित करार किया जाता है और घोषणा की जाती है कि :—

1. कम्पनी . . . . वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षरों से समय-समय पर बढ़ाई जाए। यह संशोधन इस करार का भाव रूप समझा जाएगा प्रतिवर्ष अपने उत्पाद (उत्पादों) अर्थात् . . . . .(जिनका मूल्य . . . लाख रुपये से कम न हो/जो उसके उत्पाद के . . . . प्रतिशत से कम न हों) का उस समय तक निर्यात करके . . . . रुपये की विदेशी मुद्रा उपार्जित करेगी या वह उस समय तक निर्यात करके विदेशी मुद्रा उपार्जित करेगी जब तक निर्यातों से प्राप्त कुल विदेशी मुद्रा उपार्जन की राशि . . . . . . .रुपये नहीं हो जाती है। यह निर्यात बाध्यता ऐसी किसी अन्य निर्यात बाध्यता के अतिरिक्त होगी (अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंसों के मुद्दे निर्यात आभार को छोड़) जो कम्पनी पर किसी अन्य आधार पर अधिरोपित की गई है या अधिरोपित की जाए। भूटान को किए

गए निर्यात, निर्यात बाध्यता के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे और यदि नेपाल और अफगानिस्तान को मुक्त विदेशी मुद्रा में संदाय से भिन्न संदाय पर निर्यात किए जाते हैं तो वे निर्यात, निर्यात बाध्यता के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे। यदि विदेशी सहयोग के लिए कोई करार हुआ है तो उसको भंग करते हुए किए गए निर्यात भी, निर्यात बाध्यता के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे।

2. ऊपर वर्णित निर्यात, संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने/उत्पादन के प्रारम्भ होने के पश्चात 18वें मास में प्रारम्भ हो जाना चाहिए। संयंत्र को औद्योगिक अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट तारीख के भीतर चालू कर दिया जाएगा। यह आवश्यक है कि उत्पादन तारीख . . . . में आरम्भ हो जाए।

कम्पनी अपने मुद्रित पत्र शीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें आयात अनुज्ञप्ति के आधार पर संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने की सही तारीख दी गई हो और जिस पर यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबन्धक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधि पूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक रूप से किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। कम्पनी यह प्रमाणपत्र संयंत्र और उपस्कर के उक्त रूप में चालू होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगी।

अथवा

कम्पनी अपने मुद्रित पत्र शीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें संयंत्र और उपस्कर के लिए आयात अनुज्ञप्ति/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन अनुज्ञप्ति/आशय पत्र के आधार पर उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के प्रारम्भ की सही तारीख दी होगी और जिस पर यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबंधक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधिपूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक रूप से किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी और कम्पनी यह प्रमाणपत्र ऐसे उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन प्रारम्भ होने की तारीख से 30 दिन के भीतर देगी।

3. कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर एक रिपोर्ट आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक (निर्यात आभार सेल,) नई दिल्ली को देगी और उसकी एक प्रति संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को और एक प्रति वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात-उत्पादन अनुभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजेगी। इस रिपोर्ट में, पूर्व वित्तीय वर्ष (या इसके खंड 2 के अनुसार निर्यात शर्त के लागू होने के प्रथम वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष के एक भाग) के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण दिए जाएंगे :--

(क) उत्पादन (परिणाम तथा वहीं मूल्य के अनुसार) जो व्यवसायरत किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित किया गया हो जो कम्पनी या उसकी सम्बद्ध संस्था का निदेशक या उसका कर्मचारी न हो किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा परीक्षक हो सकता है।

(ख) निर्यात (परिमाण और पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य के अनुसार) और साथ ही निर्यात किए गए माल और उनके परिमाण और पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य और उन देशों के नाम जिनको वे निर्यात किए गए हैं, के ब्यौरे जो व्यवसायरत किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो और जो कम्पनी या उसकी सम्बद्ध संस्था का निदेशक या कर्मचारी न हो किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा परीक्षक हो सकता है।

4. कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से छः मास के भीतर के आयात और निर्यात नई दिल्ली को या संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को इसमें विनिर्दिष्ट निर्यात आभार की पूर्ति में पूर्व वर्ष के दौरान किए गए निर्यातों के मद्दे वसूल की गई विदेशी मुद्रा दर्शित करने वाले बैंक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और अन्य ऐसे दस्तावेज भी भेजेगी जो मुख्य नियंत्रक या सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात इस करार के निबन्धन और शर्तों की पूर्ति में पूर्व वर्ष में उपार्जित विदेशी मुद्रा के समर्थन में अतिरिक्त साक्ष्य के रूप में मांगे।

5. यदि किसी वर्ष विशेष में कम्पनी . . . रु. मूल्य का माल (अपने उत्पादन के . . . . . प्रतिशत) निर्यात करने में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है या असमर्थ है तो उस दशा में कम्पनी सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली को पत्र द्वारा मांग पर, उक्त पत्र की तारीख से 30 (तीस) दिन के भीतर भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड को या अन्य ऐसे व्यक्ति, फर्म या निगम निकाय को, जिसे सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली नाम निर्देशित करें (जिसे इसमें आगे "अभिकरण" कहा गया है), अभिकरण द्वारा निर्यात के लिए वर्ष के दौरान उत्पादित . . . . के सम्बन्ध में अनुबंधित वार्षिक वचनबद्धता/ आभार और उसके वास्तविक निर्यात (जो . . . . . प्रतिशत से अधिक नहीं होगा) बीच का अन्तर ऐसी कीमतों पर सौंप देगी जो वह विदेशों में प्राप्त कर सकती है। इसके अतिरिक्त कम्पनी इसके साथ ही इतनी रकम का जो निर्यात आभार के 5 प्रतिशत के बराबर, किन्तु 5 लाख रुपये से अधिक न हो, संदाय अभिकरण को "पूर्वनिर्धारित नुकसान" के रूप में करेगी। अभिकरण उपर्युक्त . . . . के निर्यात और उसके विक्रय आगम की वसूली के पश्चात् यथासंभव शीघ्र कम्पनी को ऐसे निर्यात पर अभिकरण द्वारा उपार्जित वास्तविक विदेशी मुद्रा के समतुल्य रुपये, उसमें से ऐसे व्यय (जिसके अंतर्गत अभिकरण का सामान्य कमीशन भी है) काट कर देगा जो अभिकरण न किए हैं।

6. निर्धारित वार्षिक निर्यात वचनबद्धता/आभार और किए गए वास्तविक निर्यात के बीच के अन्तर को प्रतिरूपित करने के रूप में, वार्षिक निर्यात आभार के 5 प्रतिशत को प्रतिरूपित करने वाली रकम का भी अवधारण संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा और उक्त किसी भी प्राधिकारी द्वारा किया गया विनिश्चय अंतिम और कम्पनी पर आबद्धकर होगा। मूल्य और/या परिमाण का अवधारण करते समय उक्त प्राधिकारी यदि आवश्यक समझे तो अपने

विवेकानुसार कम्पनी को ऐसा साक्ष्य पेश करने का अवसर दे सकेगा जो वह (कंपनी) इस प्रयोजन के लिए मूल्य और परिमाण के अवधारण के समर्थन में दे सकती है।

7. यदि किसी वर्ष कम्पनी इसमें अभिकथित निबंधनों और शर्तों में अपेक्षित, अपने उत्पादन के. . . . . .प्रतिशत से अधिक . . . . रु. का निर्यात करती है तो ऐसा आधिक्य पश्चात्‌वर्ती वर्ष (वर्षों) में कमी, यदि कोई हो, में से मुजरा किया जा सकेगा।

8. यदि किसी वर्ष कम्पनी अपने आभारों की पूर्ति में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है तो केवल उस दशा को छोड़कर जिसमें ऐसे आभार की पूर्ति सरकार की किसी विधि, आदेश, उद्‌घोषणा, विनियम या अध्यादेशों के कारण नहीं हो पाई थी या विलम्ब से हो पाई थी, सरकार को यह हक और स्वतंत्रता होगी कि वह कम्पनी द्वारा उत्पादित. . . . . .का उस सीमा तक कब्जा ले जो उक्त खण्ड 6 में उल्लिखित है और अन्य ऐसे कार्रवाई करे जो वह परिनिर्धारित नुकसानी वसूल करने के अतिरिक्त आवश्यक समझे। सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में जारी किया गया आदेश अंतिम और कम्पनी पर आबद्धकर होगा और कम्पनी ऐसे आदेश का अशर्त अनुपालन करने के लिए वचन देती है।

9. इस विलेख या इसके अधीन निष्पादित किसी दस्तावेज पर यदि कोई स्टाम्प शुल्क प्रभार्य है तो वह अनन्य रूप से कम्पनी द्वारा दिया जाएगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप इस पर . . . . की सामान्य मुद्रा लगा दी गई है तथा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से श्री . . . . ने इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इस विलेख में नामित कम्पनी की
सामान्य मुद्रा पर (1)
. . . . .के लिए
और उसकी ओर से श्री. . . . .
. . . ., निदेशक,

(हस्ताक्षर)

और (2) . . . . . . (1) . . . .
. . . . .के लिए (निवास स्थान का पता)

और उसकी ओर से,
श्री . . . ., निदेशक (2) . . . .

(हस्ताक्षर)

. . . .

(निवास स्थान का पता)

की उपस्थिति में लगाई गई है
और ये निदेशक कम्पनी के
निदेशक बोर्ड के तारीख
. . . . .को हुए अधि-
वेशन में पारित संकल्प द्वारा
इस प्रयोजन के लिए सम्यक्
रूप से प्राधिकृत किए गए हैं
इन्होंने--

1. . . . . (नाम, पदनाम और पता)
2. . . . . (नाम, पदनाम और पता)
की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।
भारत के राष्ट्रपति के लिए और
उनकी ओर से श्री. . . . . . .

. . . . .ने

1. . . . . (नाम, पदनाम और पता)

2. . . . . (नाम, पदनाम और पता)
की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

भाग 2

विधिक करार का प्रारूप

(उन लिमिटेड कम्पनियों द्वारा निष्पादन के लिए जिन पर उत्पादन की कुछ प्रतिशतता के अनुसार एक ही मद का निर्यात आभार है)

यह करार एक पक्षकार के रूप में . . . . .जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन निगमित कम्पनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय . . . . में है (जिसे इसमें आगे "कम्पनी" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशित भी हैं) और दूसरे पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे 'सरकार' कहा गया है और इसके अन्तर्गत पदउत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) के बीच तारीख . . . . 198 को किया गया।

कम्पनी को . . . . .रुपए के लागत-बीमा-भाड़ा सहित मूल्य के संयंत्र मशीनरी और उपस्कर के आयात के लिए आयात लाइसेन्स से . . . ., तारीख . . . . . . मंजूर किया गया है।

और/या सरकार ने कम्पनी . . . . को सर्वश्री . . . . .के साथ उसके प्रस्तावित विदेशी विनिधान/तकनीकी सहयोग व्यवस्था के निबन्धन और शर्तें संसूचित कर दी है। इस संबंध में देखिए . . . .

और/या सरकार ने कम्पनी को औद्योगिक अनुज्ञप्ति/क्षमता के पर्याप्त विस्तार की मंजूरी के उनके प्रस्ताव

की स्वीकृति के निबंधन और शर्तें संसूचित कर दी हैं। इस संबंध में देखिए तारीख . . . . का आशय पत्र संख्या . . . .

संयंत्र और उपस्कर के लिए उक्त आयात लाइसेंस/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/औद्योगिक अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति या आशयपत्र की एक शर्त के रूप में सरकार ने यह निर्धारित किया है कि कम्पनी के लिए यह आवश्यक है कि वह . . . . वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय समय पर बढ़ाई जाए (यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा) प्रतिवर्ष अपने उत्पादों का . . . . प्रतिशत निर्यात करके विदेशी मुद्रा उपार्जित करे। (ठीक ठीक शर्त का अनुमोदन प्रत्येक मामले में पूंजीगत माल समिति/विदेशी विनिधान बोर्ड/लाइसेन्स प्रदान करने वाली समिति द्वारा किया जाएगा)।

इसके पक्षकारों द्वारा और उनके बीच यह करार किया जाता है और घोषणा की जाती है कि :—

1. कम्पनी . . . . .वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय - समय पर बढ़ाई जाए (यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा) अपने वार्षिक उत्पादन के . . . . प्रतिशत का निर्यात करेगी। यह निर्यात आभार ऐसे किसी अन्य निर्यात आभार के (अग्रिम/अग्रदाय लाइसेन्सों के मद्दे निर्यात आभार को छोड़कर) अतिरिक्त होगी जो कम्पनी पर किसी अन्य आधार पर अधिरोपित किया गया हो या अधिरोपित किए जाए। भूटान को किए गए निर्यात, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे और यदि नेपाल और अफगानिस्तान को मुक्त विदेशी मुद्रा में भुगतान से भिन्न भुगतान पर निर्यात किए जाते हैं तो वे निर्यात, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे। यदि कोई विदेशी सहयोग करार हुआ है तो उसको भंग करते हुए किए गए निर्यात भी, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे।

2. ऊपर वर्णित निर्यात, संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने/उत्पादन के प्रारंभ होने के पश्चात् अठारहवें मास से प्रारम्भ हो जाना चाहिए। (संयंत्र को औद्योगिक लाइसेन्स में विनिर्दिष्ट तारीख के भीतर चालू कर दिया जाएगा) यह आवश्यक है कि उत्पादन तारीख—से आरम्भ हो जाए।

कम्पनी अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें आयात लाइसेंस के आधार पर संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने की सही तारीख दी गई हो और जिस पर, यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबन्धक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधिपूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप से किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। कम्पनी यह प्रमाणपत्र संयंत्र और उपस्कर के उक्त रूप से चालू होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगी।

अथवा

कम्पनी अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने का वचन देगी जिसमें संयंत्र और उपस्कर के लिए आयात लाइसेंस/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/उद्योग विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन लाइसेंस या आशय-पत्र के आधार पर उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के प्रारम्भ की सही तारीख दी होगी और जिस पर, यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबन्धक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधिपूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप से किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। कम्पनी यह प्रमाणपत्र ऐसे उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के प्रारंभ होने की तारीख से 30 दिन के भीतर देगी।

3. कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर एक रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, (निर्यात आभार सेल), नई दिल्ली को देगी और उसकी एक प्रति सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक आयात और निर्यात को और एक प्रति वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात उत्पादन विभाग) भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजेगी। इस रिपोर्ट में पूर्व वित्तीय वर्ष (या इसके खण्ड 2 के अनुसार निर्यात शर्त के लागू होने के प्रथम वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष के भाग) के संबंध में निम्नलिखित जानकारी और ब्यौरे दिए जाएंगे :—

(क) उत्पादन (परिणाम तथा कम्पनी द्वारा उत्पादित . . . . .की प्रति इकाई कारखाना-द्वार उत्पादन लागत से उत्पादन शुल्क, यदि कोई है, घटाने के बाद जो आए उसके आधार पर परिकलित किए जाने वाले मूल्य के अनुसार) और उक्त आंकड़े किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित किये गये हों जो कम्पनी का या उसकी सम्बद्ध संस्था का निदेशक या उसका कर्मचारी न हो; किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा परीक्षक हो सकता है।

(ख) निर्यात (परिमाण और पोत पर्यन्त निःशुल्क के अनुसार) और साथ ही निर्यात किए गए माल और उसके परिणाम और पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के ब्यौरे और उन देशों के नाम जिनको वे निर्यात किए गए हैं, किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हों, जो कम्पनी या उसकी सम्बन्ध संस्था का निदेशक या कर्मचारी न हो; किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा परीक्षक हो सकता है।

4. कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह मास के भीतर मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली को या सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को इसमें विनिर्दिष्ट निर्यात आभार की पूर्ति में पूर्व वर्ष के दौरान किए गए निर्यातों के मद्दे वसूल की गई विदेशी मुद्रा दर्शित करने वाले बैंक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और अन्य ऐसे दस्तावेज भी भेजेगी जो मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस करार के निबन्धन और शर्तों की पूर्ति पूर्व वर्ष में अर्जित विदेशी मुद्रा के समर्थन में अतिरिक्त साक्ष्य के रूप में मांगे।

5. यदि किसी वर्ष विशेष में कम्पनी अपने . . . . .के उत्पादन के . . . . प्रतिशत का निर्यात करने में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है या असमर्थ है तो उस दशा में कम्पनी संबंधित संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को पत्र-द्वारा

मांग की जाने पर उक्त पत्र की तारीख से तीस दिन के भीतर भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड को या अन्य ऐसे व्यक्ति, फर्म या निगम या निकाय, जिसे सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली नाम निर्देशित करे (जिसे इसमें आगे 'अभिकरण' कहा गया है), वर्ष के दौरान उत्पादित . . . . के संबंध में अनुबंधित वार्षिक वचनबद्धता/आभार और उसके वास्तविक निर्यात (जो . . . . . . प्रतिशत से अधिक नहीं होगा) के बीच का अन्तर ऐसी कीमतों पर सौंप देगी जो वह विदेशों में प्राप्त कर सकती है। इसके अतिरिक्त कम्पनी इसके साथ निर्यात आभार के 5 प्रतिशत के बराबर राशि का भी जो अधिक से अधिक 5 लाख रुपए (पांच लाख रुपए होगी) भुगतान अभिकरण को 'परिनिर्धारित नुकसानी' के रूप में करेगी। अभिकरण उक्त . . . . के निर्यात और उसके विक्रय आगम की वसूली के पश्चात् यथासम्भव शीघ्र कम्पनी को ऐसे निर्यात पर अभिकरण द्वारा अर्जित शुद्ध विदेशी मुद्रा के समतुल्य रुपए, उनमें से ऐसे व्यय (जिसके अन्तर्गत अभिकरण का सामान्य कमीशन भी है) काट कर देगा जो अभिकरण ने किए हैं।

परिनिर्धारित नुकसानी की रकम की संगणना कम्पनी द्वारा उत्पादित . . . . के प्रति एकक उत्पादन की कारखाना-द्वारा लागत के आधार पर, उसमें से उत्पाद शुल्क को, यदि कोई हो, घटाकर की जाएगी। प्रति यूनिट उत्पादन की कारखाना-द्वारा लागत के साक्ष्यस्वरूप कम्पनी किसी (व्यवसायरत) सनदी लेखापाल का, जो कम्पनी का निदेशक या कर्मचारी नहीं है, एक प्रमाणपत्र पेश करेगी, निर्यात आभार की पूर्ति करने में असफल रहने और/या उपेक्षा करने या असमर्थ होने की दशा में भुगतान परिनिर्धारित नुकसानी की रकम के अवधारण के लिए उत्पादन की उक्त कारखाना-द्वारा लागत का हिसाब रुपयों में लगाया जाएगा किन्तु उपर्युक्त आधार पर परिकलित रकम का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए या किसी स्कीम के अधीन (सीधे ही या भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड या अन्य किसी अभिकरण के माध्यम से किए गए) ऐसे निर्यातों पर किन्हीं फायदों का दावा करने के लिए नहीं किया जाएगा।

6. अनुबंधित वार्षिक निर्यात वचनबद्धता/आभार और किए गए वास्तविक निर्यात के बीच के अन्तर को प्रतिरूपित करने वाला मूल्य और/या परिमाण का और परिनिर्धारित नुकसानी के रूप में वार्षिक निर्यात आभार के 5 प्रतिशत को प्रतिरूपित करने वाली रकम का भी अवधारण संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा और उक्त किसी भी प्राधिकारी द्वारा किया गया विनिश्चय अंतिम और कम्पनी पर आबद्धकर होगा। मूल्य और/या परिमाण का अवधारण करते समय उक्त प्राधिकारी यदि आवश्यक समझे तो अपने विवेकानुसार कम्पनी को ऐसे साक्ष्य पेश करने का अवसर दे सकेगा जो वह (कम्पनी) इस प्रयोजन के लिए मूल्य और परिमाण के अवधारण के समर्थन में दे सकती है।

7. यदि किसी वर्ष में कम्पनी इसमें अभिकथित निर्बंधनों और शर्तों में अपेक्षित अपने उत्पादन के. . . . . .प्रतिशत से अधिक . . . . . . .का निर्यात करती है तो ऐसा आधिक्य पश्चात्वर्ती वर्ष (वर्षों) में कमी, यदि कोई हो, में से पूरा किया जा सकेगा।

8. यदि किसी वर्ष में कम्पनी अपने आभारों की पूर्ति में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है तो केवल उस दशा को छोड़कर जिसमें ऐसे आभार की पूर्ति सरकार की किसी विधि, आदेश, उद्घोषणा विनियम या अध्यादेशों के कारण नहीं हो पाई थी या विलम्ब से हो पाई थी, सरकार को यह हक और स्वतंत्रता होगी कि वह कम्पनी द्वारा उत्पादित . . . . .का उस सीमा तक कब्जा ले जो उक्त खण्ड 6 में उल्लिखित है और अन्य ऐसी कार्रवाई करे जो वह परिनिर्धारित नुकसानी वसूल करने के अतिरिक्त आवश्यक समझे। सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किया गया आदेश अंतिम और कम्पनी पर बाध्यकर होगा और कम्पनी ऐसे आदेश का अशर्त अनुपालन करने को वचनबद्ध है।

9. इस विलेख या उसके अधीन निष्पादित किसी दस्तावेज पर यदि कोई स्टाम्प शुल्क प्रभार्य है तो वह अनन्य रूप से कम्पनी द्वारा दिया जाएगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप इस पर . . . . .की सामान्य मुद्रा लगा दी गई है तथा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से श्री . . . . ने इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इस विलेख में नामित कम्पनी की सामान्य
मुद्रा इस पर (1) . . . .
के लिए और उनकी ओर से,
श्री . . . . निदेशक . . . .

(हस्ताक्षर)

(1) . . . .
(निवास स्थान का पता)

और (2) . . . . .के लिए
और उसकी ओर से,

श्री . . . . निदेशक (2) . . . . . .
(हस्ताक्षर)
(निवास स्थान का पता)

की उपस्थिति में लगाई गई है . . . .
और ये निदेशक कम्पनी के निदेशक
(निवास स्थान का पता)

बोर्ड के तारीख . . . . .को
हुए अधिवेशन में पारित संकल्प
द्वारा इस प्रयोजन के लिए सम्यक्
रूप से प्राधिकृत किए गए हैं

और इन्होंने . . . .

1. . . . .

(नाम, पदनाम और पता)

2. . . . .

(नाम, पदनाम और पता)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

भारत के राष्ट्रपति के लिए और

उनकी ओर से श्री. . . . . .ने

1. . . . .

(नाम, पदनाम और पता)

2. . . . .

(नाम, पदनाम और पता)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

भाग 3

विधिक करार का प्रारूप

(उन लिमिटेड कम्पनियों द्वारा निष्पादन के लिए जिन पर उत्पादन की कुछ प्रतिशतता के अनुसार बहुविध मदों का निर्यात आभार है)

यह करार एक पक्षकार के रूप में . . . . जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन निगमित कम्पनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय . . . . .में है। (जिसे इसमें आगे "कम्पनी" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी हैं) और दूसरे पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे "सरकार" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके पद-उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) के बीच तारीख . . . . .198 को किया गया।

कम्पनी को . . . . रुपए लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के संयंत्र मशीनरी और उपस्कर के आयात के लिए आयात-अनुज्ञप्ति संख्या . . . . , तारीख . . . . .मंजूर की गई है।

और/या सरकार ने कम्पनी . . . . (विदेशी फर्म का नाम) को सर्वश्री . . . . .के साथ उसके प्रस्तावित विदेशी विनिधान/तकनीकी सहयोग व्यवस्था के निबंधन और शर्तें संसूचित कर दी हैं। इस संबंध में देखिए . . . .।

और/या सरकार ने कम्पनी को औद्योगिक अनुज्ञप्ति/क्षमता के पर्याप्त विस्तार की मंजूरी के उसके प्रस्ताव की स्वीकृति के निबन्धन और शर्तें संसूचित कर दी हैं। इस सम्बन्ध में देखिए तारीख . . . . का आशय पत्र संख्यांक . . . .

संयंत्र और उपस्कर के लिए उक्त आयात अनुज्ञप्ति/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/औद्योगिक अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति या आशयपत्र की एक शर्त के रूप में सरकार ने यह अनुबंध किया है कि कम्पनी के लिए यह आवश्यक है कि वह . . . . वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय-समय पर बढ़ाई जाए। (यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा) प्रति वर्ष अपने उत्पादन का . . . . प्रतिशत निर्यात करके विदेशी मुद्रा उपार्जित करे। ठीक-ठीक शर्त का अनुमोदन प्रत्येक मामले में पूंजीगत माल समिति/विदेशी विनिधान बोर्ड/अनुज्ञापन समिति द्वारा किया जाएगा।]

इसके पक्षकारों द्वारा और उनके बीच यह करार किया गया है और घोषणा की जाती है कि:—

1. कम्पनी . . . . वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय-समय पर बढ़ाई जाए (यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा) प्रतिवर्ष अपने उत्पादों अर्थात् . . . . के . . . . .प्रतिशत का निर्यात करके विदेशी मुद्रा उपार्जित करेगी। यह निर्यात आभार ऐसे किसी अन्य निर्यात आभार (अग्रिम अग्रदाय लाइसेन्सों के मद्दे निर्यात आभार को छोड़कर) के अतिरिक्त होगा जो कम्पनी पर किसी अन्य आधार पर अधिरोपित किया गया हो या अधिरोपित किया जाए। भूटान को किए गए निर्यात, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे और यदि नेपाल को मुक्त विदेशी मुद्रा में निर्यात किए जाते हैं तो वे निर्यात, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे। यदि विदेशी सहयोग के लिए कोई करार हुआ है तो उसको भंग करते हुए किए गए निर्यात भी, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे।

2. ऊपर वर्णित निर्यात, संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने/उत्पादन के प्रारंभ होने के पश्चात् अट्ठारहवें मास से प्रारम्भ हो जाना चाहिए। संयंत्र को औद्योगिक अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट तारीख के भीतर चालू कर दिया जाएगा। यह आवश्यक है कि उत्पादन तारीख . . . . .से आरम्भ हो जाए।

कम्पनी अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें आयात लाइसेंस के आधार पर संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने की सही तारीख दी गई हो और जिस पर यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबन्धक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधि पूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप के किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। कम्पनी यह प्रमाण पत्र संयंत्र और उपस्कर के उक्त रूप में चालू होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगी।

अथवा

कम्पनी अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें संयंत्र और उपस्कर के लिए आयात लाइसेंस/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन अनुज्ञप्ति या आशय पत्र के आधार पर उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के प्रारम्भ की कोई तारीख दी होगी और जिस पर यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबंधक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधि पूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप से किए गए प्रति-

हस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। यह प्रमाण-पत्र उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के इस प्रकार प्रारम्भ होने की तारीख से 30 दिन के भीतर देगी।

3. 'कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर एक रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात (निर्यात आभार सेल), नई दिल्ली को देगी और उसकी एक प्रति संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को और एक प्रति वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात-उत्पाद अनुभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजेगी। इस रिपोर्ट में पूर्व वित्तीय वर्ष (या इसके खण्ड 2 के अनुसार निर्यात शर्त को लागू होने के प्रथम वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष के एक भाग) के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी और विशिष्टियां दी जाएगी—

(क) उत्पादित प्रत्येक मद की बाबत (परिणाम के अनुसार) उत्पादन जो किसी ऐसे सनदी-लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित किया गया हो जो कम्पनी का निदेशक या उसका कर्मचारी या उसका कानूनी लेखा परीक्षक न हो।

(ख) परिमाण और पोत पर्यन्त निःशुल्क (मूल्य के अनुसार) निर्यात और साथ ही निर्यात किए गए माल की विशिष्टियां और उनके परिमाण और पोत पर्यन्त निःशुल्क की विशिष्टियां और उन देशों के नाम जिनको वे निर्यात किए गए हैं, जो किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित हो जो कम्पनी या उसकी सम्बद्ध संस्था का निदेशक या कर्मचारी न हो किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा-परीक्षक हो सकता है।

(ग) यूनिट द्वारा उत्पादन की कारखाने-द्वारा लागत जिसमें से उत्पादित प्रत्येक मद के संबंध में उत्पाद शुल्क, यदि कोई हो, घटा दिया गया हो, जो (व्यवसायरत) किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो जो कम्पनी या उसकी सम्बद्ध संस्था का निदेशक या कर्मचारी न हो, किन्तु वह कम्पनी का कानूनी लेखा परीक्षक हो सकता है, प्रमाणपत्र में वह (व्यवसायरत) सनदी-लेखापाल एकक द्वारा उत्पाति सभी मदों के उत्पादन की कुल कारखाने-द्वारा लागत भी उसमें से उत्पाद शुल्क, यदि कोई हो घटाकर, प्रदर्शित करेगा।

4. कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 6 मास के भीतर मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात नई दिल्ली को या संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को इसमें विनिर्दिष्ट निर्यात आभार की पूर्ति में पूर्व वर्ष के दौरान किए गए निर्यातों के मद्दे वसूल की गई विदेशी मुद्रा दर्शित करने वाले बैंक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और अन्य ऐसे दस्तावेज भी भेजेगी जो मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात इस करार के निबंधन और शर्तों की पूर्ति में पिछले वर्ष में उपार्जित विदेशी मुद्रा के समर्थन में अतिरिक्त साक्ष्य के रूप में मांगे।

5. कुल निर्यात आभार का अवधारण, सभी मदों के उत्पादन का कुल कारखाना लागत को उसमें से उत्पाद शुल्क, यदि कोई है घटाकर, हिसाब में लेकर निकाले गए मूल्य के, जो (व्यवसायरत) लागत लेखापाल द्वारा प्रमाणित हो, अनुसार किया जाएगा। परिमाण के अनुसार वस्तुतः किए गए निर्यातों का भी, निर्यात की गई मदों के उत्पादन की लागत, लेखापाल द्वारा प्रमाणित कारखाना-द्वारा लागत को उसमें से उत्पादन शुल्क, यदि कोई हो, घटाकर, हिसाब में लेकर मूल्य में संपरिवर्तित किया जाएगा। यदि निर्यात की गई मदों के उत्पादन की कारखाने-द्वारा लागत, कम्पनी द्वारा उत्पादित सभी मदों के उत्पादन की कुल कारखाने-द्वारा लागत की प्रतिशतता के रूप में उस निर्यात आभार की प्रतिशतता के बराबर है जो पक्षकार लाइसेंसधारी पर (परिणाम के अनुसार) अधिरोपित की गई है तभी यह समझा जाएगा कि कम्पनी ने अपने निर्यात आभार का निर्वहन किया है।

6. यदि किसी वर्ष विशेष में कम्पनी अपने उत्पादन के [. . . . . .प्रतिशत का निर्यात करने में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है या असमर्थ है तो उस दशा में कम्पनी संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को पत्र द्वारा मांग की जाने पर, उक्त पत्र की तारीख से तीस दिन के भीतर भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड को या अन्य ऐसे व्यक्ति, फार्म या निगम निकाय को, जिसे सरकार या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, नई दिल्ली निर्देशित करें। (जिसे इसमें आगे "अभिकरण कहा गया है"), अभिकरण द्वारा निर्यात के लिए वर्ष के दौरान उत्पादित . . . . .के संबंध में अनुबंधित वार्षिक वचनबद्धता/आभार और उसके (जिस विशेष वर्ष में अधिकतम. . . . . .प्रतिशत तक की सीमा के अधीन रहते हुए) वास्तविक निर्यात के बीच का अन्तर ऐसी कीमतों पर सौंप देगी जो वह विदेशों में प्राप्त कर सकती है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी इसके साथ ही इतनी रकम का जो निर्यात आभार के 5 प्रतिशत के बराबर किन्तु 5 लाख रुपए से अधिक न हो, राशि का भी संदाय अभिकरण को "परिनिर्धारित नुकसानी" के रूप में करेगी। अभिकरण उक्त . . . . .के निर्यात और उसके विक्रय आगम की वसूली के पश्चात् यथासंभव शीघ्र कम्पनी को ऐसे निर्यात पर अभिकरण द्वारा उपार्जित वास्तविक विदेशी मुद्रा के समतुल्य रुपए, उसमें से ऐसे व्यय (जिसके अन्तर्गत अभिकरण का प्रसामान्य कमीशन भी है) काट कर देगा जो अभिकरण ने किए हैं।

जहां निर्यात आभार की पूर्ति नहीं की जाती है वहां परिनिर्धारित नुकसान की रकम उत्पादन की कारखाने-द्वारा कीमत में से उत्पाद शुल्क, यदि कोई है, घटाकर उसके आधार पर परिकलित की जायेगी। वस्तुतः कौन सा माल सौंपा जाएगा यह बात सरकार द्वारा चुने गए निर्यात अभिकरण के विकल्प पर छोड़ दी जाएगी और सौंपे जाने वाले माल का कुल मूल्य कम्पनी द्वारा उत्पादितमदों के उत्पादन की कुल कारखाने-द्वारा लागत और वस्तुतः निर्यात की गई या निर्यात की जाने वाली मदों के उत्पादन की कारखाने-द्वारा लागत में से उत्पाद शुल्क यदि कोई है, घटाकर आने वाली रकम के बीच का अन्तर निकाल कर किया जाएगा।

उक्त आधार पर परिकलित रकम का उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए या किसी स्कीम के अधीन (सीधे ही या भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड या अन्य किसी अभिकरण के माध्यम से किए गए) ऐसे निर्यातों पर किन्हीं फायदों का दावा करने के लिए नहीं किया जाएगा।

7. अनुबंधित वार्षिक निर्यात प्रतिबद्धता/बाध्यता और किए गए वास्तविक निर्यात के बीच के अंतर को प्रतिरूपित करने वाला मूल्य और/या परिमाण का और परिनिर्धारित नुकसानी के रूप में वार्षिक निर्यात आभार के 5 प्रतिशत को प्रतिरूपित

करनेवाली रकम का भी अवधारण संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा और उक्त किसी भी प्राधिकारी द्वारा किया गया विनिश्चय अन्तिम और कम्पनी पर आबद्धकर होगा। मूल्य और/या परिमाण का अवधारण करते समय उक्त प्राधिकारी, यदि आवश्यक समझे तो अपने विवेकानुसार कम्पनी को ऐसा साक्ष्य पेश करने का अवसर दे सकेगा जो वह (कम्पनी) इस प्रयोजन के लिए मूल्य और परिमाण के अवधारण के समर्थन में दे सकती है।

8. यदि किसी वर्ष में कम्पनी इसमें अभिकथित निर्बंधनों और शर्तों में अपेक्षित अपने उत्पादन के . . . . प्रतिशत से अधिक का निर्यात करती है तो ऐसा आधिक्य पश्चातवर्ती वर्ष (वर्षों) में कमी, यदि कोई हो, में से मुजरा किया जा सकेगा।

9. यदि किसी वर्ष में कम्पनी अपने आभारों की पूर्ति में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती है तो केवल उस दशा को छोड़कर जिसमें ऐसे आभार की पूर्ति सरकार को किसी विधि, आदेश, उद्घोषणा विनियम या अध्यादेशों के कारण नहीं हो पाई थी या विलम्ब से हो पाई थी, सरकार को यह हक और स्वतंत्रता होगी कि वह कम्पनी द्वारा उत्पादित . . . . का उस सीमा तक कब्जा ले ले जो उक्त खण्ड 7 में उल्लिखित है और अन्य ऐसी कार्रवाई करे जो वह परिनिर्धारित नुकसानी वसूली करने के अतिरिक्त आवश्यक समझे। सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किया गया आदेश अंतिम और कम्पनी पर आबद्धकर होगा और कंपनी ऐसे आदेश का बशर्ते अनुपालन के लिए वचनबद्ध है।

10. इस विलेख या इसके अधीन निष्पादित किसी दस्तावेज पर यदि कोई स्टाम्प शुल्क प्रभार्य है तो वह अनन्य रूप से कम्पनी द्वारा दिया जाएगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप इस पर . . . . को सामान्य मुद्रा लगा दी गई है तथा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से श्री . . . . .ने इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इस विलेख में नामित कम्पनी की
सामान्य मुद्रा इस पर (1) . . . .
. . . . .के लिए और उनकी
ओर से,
श्री . . . ., निदेशक . . . . .

(हस्ताक्षर)

(1) . . . . . .

(निवास स्थान का पता)

और (2) . . . . .के लिए
और उनकी ओर से,
श्री . . . ., निदेशक

(2) . . . .

(हस्ताक्षर)

की उपस्थिति में लगाई गई है
और ये निदेशक कम्पनी के निदेशक . . . .
बोर्ड की तारीख . . . . को (निवास स्थान का पता) हुए अधिवेशन में पारित संकल्प द्वारा इस प्रयोजन के लिए सम्यक् रूप से प्राधिकृत किए गए हैं और इन्होंने—

1. . . . . (नाम, पदनाम और पता)
2. . . . . (नाम, पदनाम और पता)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।
भारत के राष्ट्रपति के लिए और
उनकी ओर से श्री . . . . . . .ने

1. . . . .(नाम, पदनाम और पता)
2. . . . .(नाम, पदनाम और पता)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

भाग 4

विधिक करार का प्रारूप

(मूल्यानुसार निर्यात आभार वाले मामलों में भागीदारों/स्वत्वधारी फर्म द्वारा निष्पादन के लिए।)

(भागीदारी फर्मों की दशा में लागू)

यह करार एक पक्षकार के रूप में (क) . . . . (प्रबंध भागीदार का नाम) . . . . का पुत्र है, (ख) . . . .(भागीदार का नाम) जो . . . . .का पुत्र है, (ग) . . . . .भागीदार का नाम जो . . . . का पुत्र है, आदि जो . . . . .के नाम और अभिनाम से, जो भारतीय भागीदारी अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत फर्म है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय . . . . में है। (जिसे इसमें आगे "फर्म" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी हैं) कारोबार कर रहे हैं और दूसरे पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे "सरकार" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके पद-उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) के बीच आज तारीख . . . . . . 198 . . . . को किया गया।

(एकमात्र स्वत्वधारी/स्वत्वधारी फर्म की दशा में लागू)।

यह करार एक पक्षकार के रूप में . . . . (एक मात्र स्वत्वधारी/स्वत्वधारियों का/के नाम) जो . . . . का पुत्र है और . . . . के नाम और अभिनाम से, जो एकमात्र स्वत्वधारी/स्वत्वधारी फर्म है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय . . . . .में है (जिसे इसमें आगे "फर्म" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी हैं), कारोबार कर रहा है और दूसरे पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे "सरकार" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके पदोत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) के बीच आज तारीख . . . . 198 . . . . को किया गया।

फर्म को . . . . रुपये के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के आयात के लिए आयात अनुज्ञप्ति सं. . . . . तारीख . . . ., मंजूर की गई है।

और/या सरकार ने फर्म . . . . (विदेशी फर्म का नाम) को सर्वश्री . . . . .के साथ उसके प्रस्तावित विदेशी विनिधान/तकनीकी सहयोग व्यवस्था के निर्बंधन और शर्तें संसूचित कर दी हैं . . . .

इस संबंध में देखिए . . . .

और/या सरकार ने फर्म को औद्योगिक लाइसेंस/क्षमता पर्याप्त विस्तार की मंजूरी के उसके प्रस्ताव की स्वीकृति के निबंधन और शर्तें संसूचित कर दी हैं इस संबंध में देखिए तारीख .... का आशय पत्र संख्यांक .... ।

संयंत्र और उपस्कर के लिए उक्त आयात अनुज्ञप्ति/विदेशी सहयोग के अनुमोदन/औद्योगिक अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति या आशयपत्र की एक शर्त के रूप में सरकार ने यह अनुबन्ध किया है कि फर्म के लिए आवश्यक है कि वह .... रुपए की विदेशी मुद्रा प्रति वर्ष .... वर्ष की अवधि में उपार्जित करे। अथवा .... वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय-समय पर बढ़ाई जाएं। यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा। प्रति वर्ष अपने उत्पादों के .... प्रतिशत का निर्यात उस समय तक करे जब तक कि परियोजना की विदेशी मुद्रा में पूरी लागत (या परियोजना की विदेशी मुद्रा लागत की दुगुनी या उसकी कोई अन्य गुणज राशि) जो .... लाख रुपए है निर्यात उपार्जनों के रूप में वसूल नहीं हो जाती है। (प्रत्येक मामले में ठीक-ठीक शर्त का अनुमोदन पूंजीगत माल समिति/विदेशी विनिधान बोर्ड/अनुज्ञापन समिति द्वारा किया जाएगा)।

इसके पक्षकारों द्वारा और उनके बीच यह करार किया जाता है और घोषणा की जाती है कि—

1. फर्म .... वर्ष तक या उतनी अवधि तक जो पक्षकारों के हस्ताक्षर से समय-समय पर बढ़ाई जाए (यह संशोधन इस करार का भाग रूप समझा जाएगा) प्रति वर्ष अपने उत्पादन (उत्पादों) अर्थात् .... । जिनका मूल्य .... लाख रुपए से कम न हो/जो उसके उत्पाद के .... प्रतिशत से कम न हो) का उस समय निर्यात करके .... रुपये की विदेशी मुद्रा उपार्जित करेगी जब तक कि निर्यातों से प्राप्त कुल विदेशी मुद्रा उपार्जन की राशि .... रुपये नहीं हो जाती है। यह निर्यात आभार ऐसे किसी अन्य निर्यात आभार (अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंसों के मद्दे निर्यात आभार को छोड़कर) के अतिरिक्त होगा जो फर्म पर किसी अन्य आधार पर अधिरोपित किया गया है या अधिरोपित किया जाए। भूटान को किए गए निर्यात, निर्यात-आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे और यदि नेपाल और अफगानिस्तान को मुक्त विदेशी मुद्रा में भुगतान से भिन्न भुगतान पर निर्यात किए जाते हैं तो वे निर्यात, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे। यदि विदेशी सहयोग के लिए कोई करार हुआ है तो उसको भंग करते हुए किए गए निर्यात भी, निर्यात आभार के मोचन के लिए अर्हित नहीं होंगे।

2. ऊपर वर्णित निर्यात, संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने/उत्पादन के प्रारम्भ होने के पश्चात् अट्ठारहवें मास से प्रारम्भ होना चाहिए (संयंत्र को औद्योगिक लाइसेंस में विनिर्दिष्ट तारीख के भीतर चालू कर दिया जाएगा) यह आवश्यक है कि उत्पादन तारीख .... से आरंभ हो जाए। फर्म अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने के लिए वचनबद्ध होगी जिसमें आयात लाइसेंस के आधार पर संयंत्र और उपस्कर के चालू किए जाने की सही तारीख दी गई हो और जिस पर, यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्यात कार्य प्रबंधक के हस्ताक्षर और कम्पनी के विधि-पूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप से किए गए प्रतिहस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर फर्म की प्राधिकृत मुद्रा अंकित होगी। फर्म यह प्रमाणपत्र संयंत्र और उपस्कर के उक्त रूप में चालू होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगी।

अथवा

फर्म अपने मुद्रित पत्रशीर्ष पर एक प्रमाणपत्र देने का वचन-देगी जिसमें संयंत्र और उपस्कर के लिये आयात लाइसेंस विदेशी सहयोग के अनुमोदन/उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन अनुज्ञप्ति या आशय पत्र के आधार पर उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के प्रारम्भ की सही तारीख दी होगी और जिस पर यथास्थिति, उसके मुख्य इंजीनियर या निर्माण कार्य प्रबन्धक के हस्ताक्षर और फर्म के विधि पूर्वक प्राधिकृत व्यक्ति के सम्यक् रूप से किये गये प्रति-हस्ताक्षर होंगे तथा जिस पर कम्पनी की सामान्य मुद्रा अंकित होगी। फर्म यह प्रमाणपत्र उत्पादन या अतिरिक्त उत्पादन के इस प्रकार प्रारम्भ होने की तारीख से 30 दिन के भीतर देगी।

3. फर्म प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर एक रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात (निर्यात आभार सेल), नई दिल्ली को या संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात को देगी और उसकी एक प्रति वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात-उत्पादन अनुभाग) भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजेगी। इस रिपोर्ट में पूर्व वित्तीय वर्ष (या इसके खण्ड 2 के अनुसार निर्यात शर्तों के लागू होने के प्रथम वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष के एक भाग) के सम्बन्ध में निम्नलिखित विशिष्टियां दी जायेंगी:—

(क) उत्पादन (परिमाण तथा बही मूल्य के अनुसार) जो व्यवसायरत किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यकरूप से प्रमाणित किया गया हो जो फर्म या उसकी सम्बद्ध संस्था का भागीदार या उसका कर्मचारी नहीं है, किन्तु वह फर्म का कानूनी लेखा परीक्षक हो।

(ख) निर्यात (परिमाण और पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य के अनुसार) और साथ ही निर्यात किये गये माल के ब्यौरे और उसके परिमाण और पोत पर्यान्त निःशुल्क मूल्य के ब्यौरे और उन देशों के नाम जिनको ये निर्यात किये गये, जो किसी ऐसे सनदी लेखापाल द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो जो फर्म या उसकी सम्बद्ध संस्था का भागीदार या कर्मचारी नहीं है किन्तु वह फर्म का कानूनी लेखा परीक्षक हो।

4. फर्म प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छः मास के भीतर मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को या सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात को इसमें विनिर्दिष्ट निर्यात आभार की पूर्ति में पूर्व वर्ष के दौरान किए गए निर्यातों के मद्दे वसूल की गई विदेशी मुद्रा प्रदर्शित करने वाले बैंक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और अन्य ऐसे दस्तावेज भी भेजेगी जो मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात के या सम्बन्धित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, नई दिल्ली इस करार के निबन्धन और शर्तों की पूर्ति में पूर्व वर्ष में उपार्जित विदेशी मुद्रा के समर्थन में अतिरिक्त साक्ष्य के रूप में मांगे।

5. यदि किसी वर्ष विशेष में फर्म .... रु. मूल्य का माल (अपने उत्पादन के .... प्रतिशत) का निर्यात करने में असफल रहती है और/या उपेक्षा करती

है या असमर्थ है तो उस दशा में फर्म संबंधित संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात, नई दिल्ली को पत्र द्वारा मांग की जाने पर, उक्त पत्र की तारीख से तीस दिन के भीतर भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड को या अन्य ऐसे व्यक्ति, फर्म या निगम निकाय को, जिसे सरकार या आयात और निर्यात के मुख्य नियंत्रक, नई दिल्ली निर्देशित करे (जिसे इसमें आगे "अभिकरण" कहा गया है), अभिकरण द्वारा निर्यात के लिये वर्ष के दौरान उत्पादित........के सम्बन्ध में अनुबन्धित वार्षिक वचनबद्धता/आभार और उसके वास्तविक निर्यात (जो....प्रतिशत से अधिक नहीं होगा) के बीच के अन्तर के समतुल्य........का स्टाक ऐसी कीमतों पर सौंप देगी जो वह विदेशों में प्राप्त कर सकती है। इसके अतिरिक्त, फर्म उसके साथ ही ....लाख रु. (यह रकम निर्यात आभार के 5 प्रतिशत के बराबर होगी किन्तु 5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी) की राशि का भी भुगतान अभिकरण को "परिनिर्धारित नुकसानी" के रूप में करेगी। अभिकरण उक्त ....के निर्यात और उसके विक्रय आगम की वसूली के पश्चात यथा संभव शीघ्र कम्पनी को ऐसे निर्यात पर अभिकरण द्वारा उपार्जित शुद्ध विदेशी मुद्रा के समतुल्य रुपये, उसमें से ऐसे व्यय (जिसके अन्तर्गत अभिकरण का प्रसामान्य कमीशन भी है) काट कर देगा जो अभिकरण ने किये हैं।

(3) सामान की निकासी के समय, सामान के मूल्य की धनराशि की प्रविष्टि सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर में की जाएगी और उसमें इस बात का भी उल्लेख किया जाएगा कि माल की निकासी बैंकों द्वारा की गई है। यदि मूल लाइसेंसधारी आयात लाइसेंस की सीमाशुल्क प्रति बाद में और जैसे ही प्रस्तुत करता है, तो यह वस्तु स्थिति तत्काल अपने आप ही स्पष्ट हो जाएगी कि कुछ ऐसा सामान भी पहले ही छुड़ा लिया गया है जो लाइसेंस में शामिल है और तब सीमा शुल्क कार्यालय उस सामान की राशि को लाइसेंस के नामे डाल देगा।

(4) यह सुनिश्चित करने के लिए कि आयात लाइसेंस की सीमा शुल्क निकासी की प्रति का उपयोग किसी अन्य पत्तन पर न किया जाए, सीमा शुल्क कार्यालय बैंकों द्वारा सामान की निकासी के लिए दी गई स्वीकृति की सूचना अन्य पत्तनों को देगा और साथ-साथ ऐसे शेष सामान की सूची भी भेजेगा, जिसके लिए लाइसेंस वैध है।

परिशिष्ट 28

पिछड़े क्षेत्रों की सूची

1. **आन्ध्र प्रदेश**

श्री काकुलम जिला और 5 ''क्षेत्र'' :
22 ब्लाक्स को शामिल करते हुए रायसीना प्रदेश से 2 ''क्षेत्र''

क्षेत्र-1, 13 ब्लाक्स को शामिल करके अर्थात् चित्तूर*, बंगारूपलम*, पुलिचेरला*, पसूर*, चन्द्रगिरि और कलाहस्थी* (चित्तूर जिले से) और कोटूर राजमपेट सिद्धोत, कुड्डापाह, कमलापुरम, प्रदाटूर और पुलीवेंडला (कुड्डापाह जिले से)।

क्षेत्र-2, 9 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् ताडपत्री, सिंगानामाला, गुटी कुडायर* (अनन्तपुर जिले से) और धोन, करनूल, बंगानापल्ली* नन्दयाल* और गिद्दालूर* (करनूल जिले से)।

43 ब्लाकों को शामिल करते हुए तेलंगाना प्रदेश से 3 ''क्षेत्र''

क्षेत्र-1, 14 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् महबूब नगर,* कोडंगल,* शादनगरकल्वाकुरथी और अमंगल (महबूब नगर जिले से) और नालगोंडा, मंगडी, नाक्रेकल, सूर्यपट्ट कोडाड*, कंजरनगर*, मीरयालागुडा*, पेडाबोरा* और देवाराकोंडा* (नालगोंडा जिले से)

क्षेत्र-2, 14 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् खमाम, थीरूमलाईपलम, कल्लूर*, यलान्डू*, कोथागुदम, अश्वरावपेटा,* बूरागमपड* और भद्राचलम* (कमाम जिले से) और महबूबाबाद, नरसमपेट, हनामकोन्डा धानापुर*, जानगांव* और मुलुग* (वारंगल जिले से)
क्षेत्र-3, 15 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् जहिराबाद*, पटनचेरूव*, नार्सापुर*, मेडक* और सिद्दीपेट (मेडक जिले से) येडापल्ली*, निजामबाद,* कामरेड्डी* और डोमाकोन्डा* (निजामाबाद जिले से) और सिरसिला,* करीमनगर, सुल्तानाबाद, पेड्डापली, मानथानी* और हुजूराबाद (करीम नगर जिले से)

2. **असम**

गोलपाडा, विकीर पहाड़ी, कामरूप,* नवगोंग,* कच्छार और नया लखीमपुर* जिले, उत्तर कच्छार पहाड़ियां

3. **बिहार**

भागलपुर, दरभंगा*, चम्पारन*, पालामऊ*, सहरसा* और सन्थाल परगना* जिले, पूर्णिया, औरंगाबाद, भोजपुर और नालंदा, हजारिया

4. **गुजरात**

पंचमहल, बड़ौच* और सुरेन्द्रनगर* जिले, डंग

5. **हरियाणा**

पुनर्गठित महेन्द्रगढ़ जिला (महेन्द्रगढ़ और रिवाड़ी* उप-डिवीजनों को शामिल करके), भिवानी जिला (भिवानी और दादरी* @उप मण्डल को शामिल करके) और 8 ब्लाकों को शामिल करके एक क्षेत्र अर्थात् हिसार ब्लाक नम्बर 1 और ब्लाक बरवाला (हिसार तहसील का) हांसी ब्लाक नं. 1 (हांसी तहसील से) बहुना ब्लाक, (फतेहबाद तहसील से, टोहाना ब्लाक/तहसील (टोहाना तहसील से) --हिसार जिले से-जींद ब्लाक और जुलाना ब्लाक (जींद तहसील से) उचाना ब्लाक (नरवाणा तहसील) जींद जिले से

6. **हिमाचल प्रदेश**

@कांगड़ा, चम्बा,* कुल्लू,* सिरमौर,* और सोलन* जिला लाहुल और स्पिति, किन्नौर

7. **जम्मू और काश्मीर**

जम्मू, श्रीनगर, अनन्त नाग,* डोडा,* बारामूला,* और पुंछ कुपवारा, लद्दाख, फुलवामा, उधमपुर और राजौरी

8. **कर्नाटक**

रायचूर, मैसूर* धारवाड और बिहार जिले

9. **केरल**

अल्लैपी, कन्नौर* और मालापुरम* जिले

10. **मध्य प्रदेश**

6 ''क्षेत्र''

क्षेत्र 1--(पूर्वी प्रदेश से) 12 ब्लाकों सहित अर्थात् कोरबा, बालोड, चम्पा, कोटा, मस्तूरी और भिल्हा (बिलासपुर) ब्लाक (बिलासपुर जिले में) भाटापाड़ा, सिमगा, टील्डा, धारसिबा (रायपुर) अभानपुर और राजीम ब्लाक (रायपुर जिले से)

क्षेत्र 2--(पश्चिमी प्रदेश से) 10 ब्लाकों सहित अर्थात् देवास और टोंक खुराद ब्लाक (देवास जिले से) गुलाना, शुजालपुर और शुजापुर ब्लाक (शुजापुर जिले से) पंचोर या सारंगपुर) और बिओरा ब्लाक (राजगढ़ जिले से) चाचौरा, राघोगढ़ और गुना ब्लाक (गुना (जिले से)

क्षेत्र 3*--(उत्तरी प्रदेश से) 9 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् शिवपुरी और करेरा (शिवपुरी जिले से) दतिया और सेंधा (दतिया जिले से) भिंड, मेहगांव और गोहाड (भिंड जिले से) और मुरेना और जौरा मुरेना जिले से)

क्षेत्र 4*--(केन्द्रीय प्रदेश से) 11 ब्लाकों को शामिल करके, बीना, इटावा, खुरी और बांदा (बिनायका) राहतगढ़, सागर, शाहगढ़ (अम्बरमाऊ) (सागर जिले से) टीकमगढ़ और बलदेवगढ़ (टीकमगढ़ जिले से), विदिशा और ग्यारसपुर (विदिशा जिले से) और छतरपुर (छत्तरपुर जिले से)

क्षेत्र 5*--(पश्चिमी प्रदेश-2) 12 ब्लाकों को शामिल करके अर्थात् पेटलावाड और मेघनगर (झाबुआ जिले से) बदनावार, धार और नालछा (धार जिले से) महेश्वर और बरवाह (खरगोन जिले से) रतलाम और जोरा (रतलाम जिले से) मन्दसौर, मल्हार गढ और नीमच (मन्दसौर जिले से)

क्षेत्र 6*--(उत्तरी पूर्वी प्रदेश से. 11 ब्लाकों को

शामिल करके अर्थात् रीवा और रायपुर (गढ़) (रीवा जिले से), मझोली, सिधी, दूसार और बैधान (सिधी जिले से) सोनहाट, बैयकुंठपुर, महेन्द्रगढ़, सूरजपुर और अम्बिका (सारगुजा जिले से) चिन्दवारा बालाघाट, सिओनी, नरसिंहपुर पन्ना, माण्डला, सरगुजा और दामोह जिले, राजगढ़

11. **मणिपुर**

सभी 5 जिले।

12. **मेघालय**

पूर्वी गारो पहाड़ियां, (पश्चिमी गारो पहाड़ियां और जैनतिया पहाड़ियां)

13. **महाराष्ट्र**

रत्नगिरी, औरंगाबाद* और चन्द्रपुर* जिले

14. **नागालैण्ड**

कोहिमा, मोकोकचुंग, तुएनसांग* जिले

15. **उड़ीसा**

कालाहांडी, मयूरभंज, बोलंगीर*, धनकानल*, क्योंझर और कोरापुर* बालासोर और फुलबानी जिले

16. **पंजाब**

होशियारपुर, संगरूर* और भटिंडा* जिले

17. **राजस्थान**

अलवर जोधपुर-सिरोही, भीलवाड़ा*, चूरू*, नागौर* बांसवारा, सिन्हा सिकार, जैसलमेर और उदयपुर* जिले

18. **सिक्किम**

गंगतोक*, मानगन*, ग्यालशिंग* और नामची* जिले

19. **तमिलनाडू**

तीन क्षेत्र/ट्रैक्टस जिसमें 33 ताल्लुक हैं।

क्षेत्र-1 12 ताल्लुकों को मिलाकर (जिसमें उप-ताल्लुक भी शामिल हैं) अर्थात् रामानाथपुरम मधुकुलाथुर, सिवा-गंगा, परमाकुडी, थिरू-वाडनी, करायकुडी और थिरूपाथुर ताल्लुक (रामानाथपुरम जिले से) मेलूर ताल्लुक, (मदुरा जिले से) पुडुकोटई, थिरूमायम, आलमगुली और कुलाथूर ताल्लुकों (पुडुकोटई जिले से)

क्षेत्र-2 11 ताल्लुकों सहित अर्थात् धर्मपुरी, पालाकोड होसूर, डेनकुईकोटाह, कृष्णगिरी, उथाम-गड़िया, हरूर (धर्मपुरी जिले से) थिरूपटटूर, वनियामबाडी, वेलूर और वालजापेट (नार्थ आर-काट जिले से)

क्षेत्र-3* 10 ताल्लुकों को शामिल करके अर्थात् अरूपकोटाई, विरूधनगर, सत्तूर, श्रीविलापटटूर, राज-पलायम (रामानाथपुरम जिले के पश्चिमी राम-नाथपुरम जिले से) तिरुमनगारलम, उसीलाम-पट्टी, नीलाकोटाई, डिंडिगुल और वदासेन्दूर (मदुराई जिले से)

20. **त्रिपुरा**

सभी तीनों जिले

21. **उत्तर प्रदेश**

बलिया, झांसी, @अल्मोड़ा*, बस्ती* फैजाबाद* बान्दा, पौड़ी गढ़वाल, हमीरपुर, उत्तरकाशी, सुल्तान-पुर, फतेहपुर, चमोली, जौनपुर, टिहरी गढ़वाल, जालोन और रायबरेली जिले और कानपुर देहात।

22. **पश्चिम बंगाल**

पुरुलिया, मिदनापुर*, कूच बिहार, दार्जिलिंग, मालदाह, बांकुरा, जलपाईगुड़ी और नादिया* जिले

केन्द्र शासित क्षेत्र

1. अन्डमान एवं निकोबार द्वीप का समस्त प्रदेश
2. अरुणाचल प्रदेश, समस्त प्रदेश
3. दादरा और नगर हवेली, समस्त प्रदेश
4. गोवा, दमन और दिव का समस्त प्रदेश जिसमें राज-धानी की नगरपालिका सीमा का क्षेत्र शामिल नहीं है।
5. लक्षद्वीप का समस्त प्रदेश।
6. मिजोरम का समस्त प्रदेश
7. पांडिचेरी का समस्त प्रदेश जिसमें राजधानी की नगरपालिका सीमा का क्षेत्र शामिल नहीं है।

*10-7-72 के पश्चात् चुने गए जिले/तहसील/ताल्लुक/ब्लाक्स तहसीलों को दर्शाता है।

@हाल में पुनर्गठन से पूर्व स्थित जिलों को दर्शाता है।

परिशिष्ट—29

आदिप्ररूपों के लिए प्रपत्र

वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा मशीनरी/उपकरणों के आदिप्ररूपों के आयात के लिए दिए जाने वाले आवेदन पत्र 'ङ' के साथ संलग्न किया जाने वाला प्रपत्र

(लाइसेंस-कार्यालय में इस्तेमाल के लिए आवेदक द्वारा भरा जाना है)

1. आवेदक का नाम और पूरा डाक पता

2. उस पत्र/आवेदन-पत्र की संदर्भ संख्या और तारीख जिसके साथ प्रपत्र संलग्न किया गया है

3. मशीनरी उपकरणों के आदिप्ररूपों का उन की मात्रा के साथ मुख्य विवरण

4. आयात व्यापार नियंत्रण की उस अनुसूची की क्रम संख्या जिसके अन्तर्गत मशीनरी/उपकरणों के आदिप्ररूपों को शामिल किया जाएगा।

5. क्या आवेदक यूनिट उसी प्रकार की मशीनरी/उपकरण का पहले से विनिर्माण कर रही है, जिसके लिए आदिप्ररूपों की आवश्यकता है, और यदि हां तो—

(1) क्या विनिर्माण के प्रयोजन से सन्यन्त्र और पूंजीगत मशीनरी पहले से संस्थापित की गई? यदि नहीं तो—

(2) क्या पूंजीगत मशीनरी या अन्य मदों के आयात के लिए पूंजीगत माल का आवेदन-पत्र समय-समय पर प्रकाशित होने वाली पूंजीगत माल की योजना के विनियमों के अनुसार दिया गया है? यदि हां तो—

(3) क्या उन मदों (जिनके लिए आदिप्ररूपों की आवश्यकता है) के विनिर्माण की योजना अनुमोदित है और क्या उसके लिए आवश्यक पूंजीगत माल लाइसेंस प्रदान किया गया है/या आवश्यक संयंत्र का आयात किया गया है, यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा दें और उसके साथ स्वीकृत आयात लाइसेंसों की संख्या और तारीख भी दें।

(4) क्या देशीय पूंजीगत मशीनरी प्राप्त करने के लिए पक्के आदेश दिए गए हैं।

6. क्या मशीनरी/उपकरण के आदिप्ररूप की मद की उस प्रकार की मद का विनिर्माण आरम्भ करने से पहले किसी सक्षम प्राधिकारी से जांच और अनुमोदन कराना जरूरी है?

7. जिस मद के लिए आदिप्ररूप की आवश्यकता है, क्या उसके विनिर्माण के लिए अतिरिक्त पूंजीगत मशीनरी/कच्चे माल और संघटकों का आयात करना पड़ेगा? (पहले से विनिर्माण में संलग्न वर्तमान यूनिटों के सम्बन्ध (में) यदि ऐसा हो, तो उसका पूरा विवरण दें और वार्षिक आधार पर उसकी मात्रा और लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य भी दें।

8. क्या आदिप्ररूपों के आयात के लिए विदेशी मुद्रा लेनी पड़ेगी या विदेशी पूर्तिकर्ता लागत बीमा भाड़ा के आधार पर उनकी निःशुल्क पूर्ति करेंगे? कृपया विदेशी पूर्तिकर्ताओं का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का प्रपत्र बीजक संलग्न करें।

9. जिन मदों के लिए आदिप्ररूपों की आवश्यकता है, क्या उन मदों के विनिर्माण के लिए किसी प्रकार के वित्तीय/तकनीकी विदेशी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी? यदि हां, तो क्या इस प्रकार का सहयोग करने के लिए सरकार की स्वीकृति ले ली गई है (कृपया इस संबंध में सरकार के स्वीकृति पत्र की साक्ष्यांकित फोटोस्टेट प्रतियां संलग्न करें)।

मैं/हम यह घोषणा करता हूं/करते हैं कि (क) उपर्युक्त प्रपत्र के कालम 3 के अनुसार मशीनरी/उपकरण या आदिप्ररूपों की जिस मद के आयात के लिए आवेदन किया गया है, उसका उपयोग आदिप्ररूपों के रूप में विनिर्माण प्रयोजन के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जाएगा। (ख) आयातित आदिप्ररूपों की मदों को लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना न तो अन्यथा रूप से बेचा जाएगा, न ही किराये पर दिया जाएगा और न ही उनका निपटारा किया जाएगा। (ग) आदिप्ररूपों की मदें- - - - - - पर स्थित हमारे विनिर्माण यूनिट में संयोजित या टूटी-फूटी हालत में जांच के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी।

हस्ताक्षर-------------

नाम, साफ शब्दों में------------

पदनाम---------

निवास स्थान का पता-----------

स्थान

तारीख

संलग्नकों की सूची :—

क्रम संख्या- - - - - -

परिशिष्ट--30

आयात /निर्यात पूछताछ की पर्ची

1. आवेदक का नाम और पता

2. पूछ-ताछ करने वाले व्यक्ति का नाम, पदनाम, पता और टेलीफोन नं.

3. निम्नलिखित की तारीख और संख्या:--

(क) आवेदन

(ख) पावती

(ग) क्या बाद में कोई अन्य पत्र प्राप्त हुआ और उनका उत्तर दिया गया

(घ) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की संदर्भ संख्या, यदि कोई हो

4. (क) आवेदन पत्र की श्रेणी (अर्थात् पूंजीगत माल/कच्चा माल/विविध)

(ख) माल का संक्षिप्त विवरण

(ग) आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची का भाग और क्रम संख्या

(घ) आवेदित लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य

(ङ) आवेदन-पत्र किस उद्योग से सम्बद्ध है (अंतिम उत्पाद)

5. वह संख्या तथा दिनांक जिसके अधीन किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा आवेदनपत्र प्रेषित/सिफारिश किया गया।

6. क्या इस मामले के लिए किसी अधिकारी से मुलाकात की गई थी अथवा वर्तमान स्थिति ज्ञात की गई थी, यदि हां, तो कब--

7. **वांछित सूचना**

पूछताछ करने वाले के हस्ताक्षर

स्थिति को नीचे दर्शाने के लिए और शीघ्र ही मुझे वापस लौटाने के लिए - - - - - - - - - - -अनुभाग को भेजी जाती है।

पार्टी को दिनांक ------- को ---------- बजे दोपहर पूर्व/दोपहर बाद सूचना प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

पूछताछ अधिकारी

आवेदन-पत्र की स्थिति के विषय में अनुभाग के नियंत्रक की अभ्युक्तियां

नियंत्रक (----------------अनुभाग/शाखा)

प्रतिपर्ण

संख्या----------- दिनांक------

1. आवेदक फर्म का नाम और पता

2. माल का विवरण

3. सूचना प्राप्त करने की सम्भावित तिथि और समय

4. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की संदर्भ संख्या, यदि कोई हो।

परिशिष्ट--31

एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइन्स के माध्यम से आयात

आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर मूल्य के साथ जारी किए जाते हैं। फिर भी, आर. ई. पी. लाइसेंस-धारी (अग्रिम/अग्रदाय लाइसेंस और अतिरिक्त लाइसेंस सहित) जो ऐसे लाइसेंसों के मद्दे एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइन्स के माध्यम से माल का आयात करते हैं और भारत में अपरिवर्तनीय भारतीय रुपयों में वायुयान का भाड़ा चुकाते हैं, उन्हें आयातित माल की लागत और बीमे के अनुसार अपने लाइसेंसों के पूर्ण मूल्य का उपयोग करने की अनुमति होगी। अन्य शब्दों में, आयात लाइसेंस के मूल्य का वह भाग जिसके अन्तर्गत "भाड़े" के निमित्त रखी गई पूर्ण धनराशि आ जाती है, उसे भी आयात किए जाने वाले माल के सम्बन्ध में लागत और बीमे पर उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। वायुयान भाड़े के प्रति चुकाई गई धन-राशि लाइसेंस के मूल्य में नहीं डाली जाएगी। इस सीमा तक, आर.ई.पी. लाइसेंसधारी, भाड़े के मामले में जो आयात वह कर सकता था उसकी अपेक्षा अधिक मात्रा का ऐसा माल आयात करने का पात्र होगा, जो लाइसेंस के सम्पूर्ण मूल्य के नामे डाला जा सकता था।

2. यह सुविधा केवल कच्चे माल/संघटकों/फालतू पुर्जों/उपभोज्य सामग्री के आयात के लिए जारी किए गए वास्तविक उपयोक्ता लाइसेंसों और मुक्त विदेशी मुद्रा (सामान्य मुद्रा क्षेत्र) के मद्दे पूंजीगत माल/एच. ई. पी. के लिए जारी किए गए आयात लाइसेंसों के मामले में भी उपलब्ध होगी। लेकिन, ऐसे मामलों में भाड़े की राशि सम्बन्धित लाइसेंसों के नामे डाल दी जाएगी किन्तु ऐसा नामे डाले हुए का खर्च केवल समुद्री भाड़े के सम्भाव्य तत्व सीमा तक किया जाएगा जो कि औसतन आयातित माल की कीमत का 20 प्रतिशत होगा और वायुयान भाड़े और पोत के भाड़े के बीच का अन्तर आयात लाइसेंस के नामे नहीं डाला जाएगा।

3. यह सुविधा इन शर्तों के अधीन होगी कि (1) आयात लाइसेंस के समस्त मूल्य से अधिक नहीं होगा, (2) यदि लाइसेंस में अलग मदों के लिए कोई अंकित मूल्य प्रतिबंध हो, तो बढ़ाया नहीं जाएगा; और (3) आयात पर लागू होने वाली अन्य शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

4. जो लाइसेंसधारी यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए आवश्यक नहीं होगा कि वे इस विषय में लाइसेंस प्राधिकारी से एक पृष्ठांकन प्राप्त करें। यदि अन्यथा रूप से आवेश सही हुआ, तो इन व्यवस्थाओं के अनुसार सीमा शुल्क प्राधिकारी आयात के लिए अनुमति देंगे। इसी प्रकार से विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी भी ऐसे मामलों में विदेश में धन परेषण के लिए वायुयान भाड़े की धनराशि लाइसेंस के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के नामे नहीं डालेंगे।

5. जो लाइसेंसधारी यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं, वे अपने आदेश और साखपत्र (जहां खोला गया हो) में स्पष्ट लिखें कि विदेशी पोतवणिक को विदेश में एयर इंडिया या इंडियन एयर लाइन्स के बुकिंग कार्यालय को यह परामर्श देना चाहिए कि भारत में माल 1982-83 की आयात-निर्यात क्रिया-विधि हैण्डबुक के पैरा 89 के अधीन आयात किया गया था और इस विषय में संगत वायु मार्ग बिल के ऊपर साफ अक्षरों में संकेतित करें। वायुयान बिल पर ऐसी सूचना से एयर इंडिया/इंडियन एयर लाइन्स को यह सुनिश्चित करना सम्भव हो जाएगा कि माल वास्तविक रूप से एयर इंडिया या इंडियन एयर लाइन्स द्वारा ही ले जाया गया था और समूह व्यवस्था में साझेदार एयर लाइन्स को हस्तांतरित नहीं किया गया।

6. लाइसेंसधारी इसके लिए बाध्य होगा कि आयातित माल के सम्बन्ध में माल की सुपुर्दगी का आदेश प्राप्त करने के लिए एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइन्स से सम्पर्क करते समय वह लाइसेंस के ब्यौरे एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइन्स को ये ब्यौरे नीचे दिए गए--"सूचना पर्ची" के प्रपत्र में भेजने चाहिए :--

सूचना पर्ची

1. लाइसेंसधारी का नाम और पता
2. जिस आरईपी/एयू/सीजी लाइसेंस के मद्दे आयात किया गया है, उसकी संख्या और दिनांक
3. उपर्युक्त (2) में संदर्भित आर. ई. पी./वास्तविक उपयोक्ता/पूंजीगत माल लाइसेंस का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य
4. उपर्युक्त (3) में दिए गए मूल्य में से निकासी किए जाने वाले आयात परेषण का मूल्य

दिनांक:--

लाइसेंसधारी या उसके प्राधिकृत
प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

परिशिष्ट--32

नए सुस्थापित निर्यातकों को मान्यता और कोटा प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों के अधिकार क्षेत्र

वह प्राधिकारी जिसे नए सुस्थापित निर्यातकों को मान्यता और कोटा प्रदान करने के लिए आवेदनपत्र भेजे जाने हैं	क्षेत्राधिकार
1 संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र), इन्द्रप्रस्थ भवन, "ए" विंग, नई दिल्ली	हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर राज्य, उत्तर प्रदेश के पांच जिले अर्थात् मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर, पंजाब, हरियाणा और संघ शासित क्षेत्र दिल्ली और चण्डीगढ़।
2. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 4, एस्प्लेनेड ईस्ट, कलकत्ता	असम, बिहार, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्य और संघ शासित क्षेत्र अण्डमान और निकोबार द्वीप, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम।
3. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, सेण्ट्रल गवर्नमेंट आफिसिज, न्यू बिल्डिंग, एस. ई विंग, न्यू मैरिन लाइन्स, चर्चगेट, बम्बई	महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश राज्य और संघ शासित क्षेत्र, गोवा, दमन और दियु, दादरा और नगर हवेली।
4. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 39, राजा जी सलाय, मद्रास	तमिलनाडु राज्य (कोयम्बतूर जिले को छोड़कर) और संघ शासित क्षेत्र पाण्डिचेरी
5. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 11-6-860 रेड हिल्स, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)	आन्ध्र प्रदेश
6. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, बहुमंजलीय बिल्डिंग, लाल दरवाजा, अहमदाबाद	गुजरात
7. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 7वीं मंजिल कावेरी भवन, बंगलोर	कर्नाटक राज्य (मंगलौर जिले को छोड़कर)
8. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 17/94 स्वरूप नगर, कानपुर	उत्तर प्रदेश, उन क्षेत्रों को छोड़कर जो संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (केन्द्रीय लाइसेंसिंग क्षेत्र), नई दिल्ली के क्षेत्राधिकार में हैं।
9. उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, टी. डी रोड, एर्नाकुलम	केरल राज्य, कोयम्बतूर जिला (तमिलनाडु राज्य) कर्नाटक राज्य का मंगलोर जिला और संघ शासित क्षेत्र लक्षद्वीप।

परिशिष्ट--33

घरेलू टैरिफ क्षेत्र से मुक्त व्यापार जोन में स्थित यूनिटों को की जाने वाली सप्लाई के आधार पर आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस की मांग करने से संबंधित आवेदन पत्र

1. आवेदक का नाम
2. पूरा डाक पता
3. सप्लाई किए जाने वाले माल का ब्यौरा (विवरण, मात्रा और उसका मूल्य)
4. पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति में माल की क्रम संख्या
5. सप्लाई किस अवधि के दौरान की गई थी
6. मांगी गई आयात प्रतिपूर्ति
7. (क) पंजीकरण प्रमाणपत्र की सं. और तारीख (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति प्रस्तुत की जाए)

   (ख) क्या आवेदक का नाम विनिर्माता-निर्यातक के रूप में अथवा व्यापारी निर्यातकर्ता के रूप में पंजीकृत है :--

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

(ङ)

(च)

वचन/घोषणा

मैं/हम निष्ठापूर्वक यह वचन देता हूं/देते हैं/यह घोषणा करता हूं/करते हैं कि:--

(1) उपर्युक्त ब्यौरे सही हैं।

(2) हमने जो ठेके लिए हैं उनकी शर्तों के अनुसार इस आवेदन पत्र में उल्लिखित सामान....... को सप्लाई किया गया है।

(3) सामान की पूर्ति निर्यात मूल्यों पर की गई है।

(4) इस आवेदन पत्र में उल्लिखित सामान के निर्यात के आधार पर आयात लाइसेंस लेने के लिए कोई दूसरा आवेदन पत्र नहीं दिया गया है और न ही भविष्य में दिया जाएगा।

(5) परेषण/पार्सल लौटाया नहीं गया है/लौटाए नहीं गये हैं। यदि किसी समय किसी परेषिती द्वारा कोई निर्यातित सामान लौटाया जाएगा तो सामान लौटने के एक महीने के अन्दर जोन के विकास आयुक्त को आवश्यक सूचना भेज दी जाएगी और विकास आयुक्त लाइसेंस प्राधिकारी को यह सूचित करेगा कि इस संबंध में जो अन्य कोई कार्रवाई की जा सकती हो उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस की राशि मुझे/हमें या मेरे/हमारे नामित व्यक्तियों को भविष्य में मिलने वाले आयात की राशि में से घटा दी जाए।

(6) यदि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा किसी समय संवीक्षा करने पर यह मालूम हो कि इस आवेदन के आधार पर मुझे/हमें लाइसेंस की राशि से अधिक अदायगी की गई है, तो अधिक अदा की गई राशि को मुझे/हमें या मेरे/हमारे नामित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी वर्ग के अन्तर्गत मिलने वाले लाइसेंसों/अदायगियों की राशि में समायोजित किया जाएगा, किन्तु इससे इस सम्बन्ध में की जाने वाली किसी अन्य कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(7) मैं/हम यह वचन देता हूं/देते हैं कि यदि यह पता चले कि इस आवेदन पत्र में दी गई कोई सूचना गलत है या ठीक नहीं है या भ्रामक है, तो इस आवेदन के आधार पर दिया गया लाइसेंस इस संबंध में की जाने वाली किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना रद्द कर दिया जाएगा।

(8) मैंने/हमने बीजक में निर्यात किए जाने वाले सामान की मात्रा कम या ज्यादा नहीं भरी है।

हस्ताक्षर. . . . .

नाम स्पष्ट शब्दों में . . . . . .

पदनाम . . . .

आवेदक फर्म का नाम . . . .

परिशिष्ट--34

निर्यात के लिए हवाई जहाज से भेजे जाने वाले माल का समेकन

कुछ ऐसे जहाज एजेन्ट हैं जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन परिवहन संघ (अ.हू.प.प.स.) द्वारा अनुमोदन तथा प्रमुख एयर लाइनों द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रत्येक अनुमोदित अ.हू.-प.प.स. एजेन्ट का अलग अ.हू.प.प.स. कोड नम्बर है। ऐसे एजेन्ट अलग-अलग निर्यातकर्ताओं के लिए हवाई जहाज से भेजने के लिए माल के समेकन की व्यवस्था करते हैं। इस व्यवस्था के अन्तर्गत हवाई जहाज से विदेश को माल भेजने वाले अलग-अलग निर्यातकर्ताओं को उनके द्वारा दिए जाने वाले हवाई भाड़े में लाभ प्राप्त होगा।

2. इस सुविधा का लाभ उठाने वाले निर्यातकर्ता से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्बद्ध लदान बिल को सीमाशुल्क प्राधिकारियों से विधिवत् पारित तथा अधिप्रमाणित कराएं। ऐसे अलग-अलग पोत-परिवहन बिलों से संबन्धित सामान समेकक द्वारा इकट्ठा किया जाएगा जो अ.हू.प.प.स. के अनुमोदित अभिकर्ता हैं। समेकक एक मास्टर हवाई बिल (एम.ए.बी.) तैयार करेगा। मास्टर हवाई बिल में यथा उल्लिखित निर्यात किए गए माल का विवरण इस प्रकार दिया जाएगा "संलग्न सूची के अनुसार समेकित माल"। मास्टर हवाई बिल में निर्दिष्ट सूची में प्रत्येक परेषण के संबंध में निर्यातकर्ता का नाम, माल का विवरण और उसकी मात्रा और वजन, लदान बिल सं. और हाउस हवाई बिल सं. दी जाएगी। हाउस हवाई बिल (एच. ए. बी.) समेकक द्वारा हर ऐसे निर्यातकर्ता को जारी किया जाएगा जिससे सम्बन्धित परेषणों का माल इकट्ठा किया गया है। हाउस हवाई बिल में संबंधित अलग-अलग निर्यातकर्ता के परेषण के वे सभी ब्यौरे दिए जायेंगे जो कि सामान्य हवाई बिल में दिए जाते हैं। विषयाधीन माल मास्टर हवाई बिल के आधार पर जहाज द्वारा निर्यात किया जाएगा। ऐसे निर्यातों के मामलों में जहां आयात प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए हवाई बिल प्रस्तुत किया जाता है, उनमें बैंक और लाइसेंस प्राधिकारी यदि वे अन्यथा रूप से सही हों, तो स्वीकार करेंगे बशर्ते कि संबंधित एयर लाइन द्वारा इस आशय का प्रमाण-पत्र दिया जाए और उस मास्टर हवाई बिल की संख्या और तारीख का उल्लेख कर दिया जाए जिसका वह हिस्सा है। प्रमाणपत्र इस प्रकार होना चाहिए :

इस हाउस हवाई बिल में बताया गया माल मास्टर हवाई बिल सं. . . . . . . दिनांक. . . . . . . द्वारा निर्यात किया जा चुका है।

अलग-अलग निर्यातकर्ता अपने अपने हाउस हवाई बिल बैंक प्रमाणपत्र जारी किए जाने के लिए बैंकों को प्रस्तुत करेंगे और जहां कहीं आवश्यक हो, पंजीकृत निर्यातकर्ताओं से संबंधित आयात नीति के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के दावों के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों को भी पेश करेंगे।

3. ऐसे मामलों में निर्यात की तारीख मास्टर हवाई बिल की तारीख मानी जाएगी जो कि संबंधित एयर लाइन द्वारा हाउस हवाई बिल में उल्लिखित की गई होगी। आयात आपूर्तियों के लिए निर्यात सामग्री का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य निकालने के लिए निर्यातकर्ता द्वारा समेकक को (अ.हू.प.प.सं. एजेंट) अदा किए गए हवाई भाड़े की राशि को लेखे में शामिल किया जाएगा। सत्यापन के लिए अ.हू.प.प.सं. में एजेंट लाइसेंस प्राधिकारियों को भारतीय हवाई सामान एजेंट संस्था के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं और गन्तव्य स्थानों के लिए निर्यातकर्ताओं से वसूल की जाने वाली हवाई भाड़ा दरों की अपनी प्रकाशित अनुसूचियों की प्रतियां प्रस्तुत करेंगे।

4. उपर्युक्त पैरा 2 में बताई गई विधि के अनुसार समेकित रूप में भेजे जाने वाले सामान के लिए निर्यातकों को निर्यात ठेका निष्पादित करते समय साख पत्र में इस आशय का आवश्यक खंड भी शामिल करा लेना चाहिए ताकि ऐसे निर्यातों के लिए निर्यात की राशि वसूल की जा सके।

5. ऐसे मामलों में निर्यातकों को पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत निर्धारित दूसरे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

परिशिष्ट—35

सरणीबद्ध एजेंसियों के पते

1. बालमेर लारी एण्ड कं.,
21, नेताजी सुभाष रोड,
कलकत्ता-700001

2. भारतीय काजू निगम,
पोस्ट बाक्स नं. 1261, एम. जी. रोड,
एर्नाकुलम,
कोचीन-682011

3. केन्द्रीय सिल्क बोर्ड,
"मेघदूत"
95बी मैरिन ड्राइव,
बम्बई-400002

4. भारतीय कपास निगम,
एयर इण्डिया बिल्डिंग,
12वीं मन्जिल, नारीमन प्वाइंट,
बम्बई-400021

5. इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड और
टेक्नोलाजी डेवेलपमेंट कारपोरेशन
(ई.टी.टी.डी.सी.),
15/48, मालचा मार्ग,
नई दिल्ली-110021

6. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम,
पहली मंजिल,
13-16 रीजेन्ट चैम्बर्स,
नारीमन प्वाइंट,
बम्बई-400021

7. भारतीय खाद्य निगम,
16-20, बाराखम्भा रोड,
नई दिल्ली-110001

8. भारतीय पटसन निगम,
1, शेक्सपीयर सरणी,
कलकत्ता-700016

9. भारतीय तेल निगम,
इण्डियन आयल भवन,
जनपथ, नई दिल्ली-110001

10. भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम
एम एम टी सी
"एक्सप्रेस बिल्डिंग"
9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002

11. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारिता विपणन संघ लि., (एन ए एफ ई डी) सपना बिल्डिंग, नेहरू प्लेस, 54, ईस्ट आफ कैलाश, नई दिल्ली-110065

12. भारतीय राज्य रासायनिक एवं औषध निगम लि., (सी. पी. सी.) "चन्द्रलोक" 36, जनपथ, नई दिल्ली-110001

13. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि., (एस टी सी) "चन्द्रलोक" 36, जनपथ, नई दिल्ली-110001

14. स्टील अथॉरिटी आफ इण्डिया, "हिन्दुस्तान टाइम्स बिल्डिंग," कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001

15. धातु कतरन व्यापार निगम, 225-ई, आचार्य जगदीश बोस रोड, कलकत्ता-700001

16. भारतीय चलचित्र निर्यात निगम लि., शिव सागर एस्टेट, 'डी' ब्लाक, 5वीं मंजिल, डा. एनी बसन्त रोड, वोर्ली, बम्बई-400018

17. सेमी कन्डक्टर काम्पलेक्स लि. (एस. सी. एल.), फेज 8, एस. ए. एस. नगर, मोहाली, (पंजाब) 160051

18. राष्ट्रीय रासायनिक व उर्वरक, मारवली चेम्बूर, बम्बई-400074

19. राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि., 109-सूर्य किरण बिल्डिंग, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001

परिशिष्ट—36

(हटा दिया गया है)

परिशिष्ट—37

परामर्शदाती, डिजाइन बनाने वाली और इन्जीनियरी फर्मों द्वारा भेजे जाने वाली अतिरिक्त सूचना/दस्तावेजों के लिए प्रपत्र

(क)

1. आवेदक का नाम

2. उस परियोजना प्राधिकारी का नाम जिसने संविदा प्रदान की है।

3. उस परियोजना का नाम, जिसके लिए आयातित उपकरण चाहिए।

4. संविदा के अनुसार निर्दिष्ट कार्य की किस्म
5. संविदा के निष्पादन के लिए आयात की जाने वाली मदें

6. आयात की जाने वाली मदों का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य (रुपये और विदेशी मुद्राओं दोनों में)

7. आयात का देश

8. देशी मात्रा (लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य)
9. संविदा का कुल मूल्य देशी उपकरण, सेवा खर्चों आदि के मूल्य को मिलाकर)

स्थान................

दिनांक..............

हस्ताक्षर

नाम साफ अक्षरों में

पदनाम

घर का पता

(ख)

(परियोजना प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाना है)

1. उस परियोजना की अनुमानित लागत जिसके लिए संविदा प्रदान की गई है।

2. संगत परियोजना के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित किए गए के अनुसार आंकलित परियोजना में सांकेतिक विदेशी मुद्रा की कुल धनराशि।

3. क्या आयात के लिए अपेक्षित मदें परियोजना अनुमानित खर्च में संकेतित हैं और क्या यह उस में उल्लिखित है कि इन मदों का आयात करना आवश्यक है।

4. क्या माल का आयात, संयंत्र (परियोजना) की प्रारम्भिक स्थापना के लिए या वर्तमान संयंत्र के विस्तार के लिए किया जा रहा है?

5. क्या परियोजना प्राधिकारी ने यह सिफारिश की है कि माल की सूची आयात निर्यात क्रिया-विधि हैंड बुक 1983-84 के अनुसार सीमा शुल्क दर सूची अधिनियम, 1975 (1975 का 51) के खण्ड 16 की शीर्षक सं. 84.66 के अन्तर्गत शुल्क की रियायती दर का लाभ उठाने के लिए "परियोजना आयात" के रूप में पृष्ठांकित की जानी है?

स्थान................

दिनांक..............

हस्ताक्षर..........

नाम साफ अक्षरों में..........

....

पदनाम..........

....

....

घर का पता..........

....

....

....

संलग्नकों की सूची..........

परिशिष्ट—38

शुल्क छूट योजना के अन्तर्गत निष्पादित किया जाने वाला निर्यात आभार के बंध पत्र का प्रपत्र

यदि आयातक/जमानती कारोबार का अकेला स्वामी है तो उसका नाम और पता देते हुए उसके "वारिस, निष्पादक और प्रशासक जोड़े जायें। यदि आयातक/जमानती साझीदारी की फर्म है तो फिलहाल उपर्युक्त फर्म के साझीदार और उसके तत्सम्बन्धी वारिस, निष्पादक और प्रशासक जोड़े जाएं।" यदि आयातक/जमानती एक लि. कम्पनी है तो उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती जोड़े जायें।

इस विलेख द्वारा सभी लोगों को यह ज्ञात हो कि . . . . हम (मैं). . . . . .जिनका इसके बाद "आयातक" के रूप में उल्लेख किया गया है (जिसकी परिभाषा में उसके/उनके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती शामिल होंगे) और (2) . . . . के . . .जिसे इसके बाद—"जमानती" के रूप में कहा जाएगा (जिसकी परिभाषा में उसके/उनके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती शामिल होंगे) संयुक्त रूप से और अलग-अलग वचनबद्ध हैं और भारत के राष्ट्रपति जिसे बाद में "सरकार" कहा गया है को उपर्युक्त सरकार या उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती को अदा की जाने वाली. . . . .* रुपए की उस धनराशि के लिए आबद्ध है जिसके भुगतान के लिए हम अपने आप और हम में से प्रत्येक हमारे वारिस, निष्पादक, प्रशासक, उत्तराधिकारी और समनुदेशिती संयुक्त रूप से और अलग-अलग इस विलेख द्वारा जिसे बाद में उपर्युक्त तरीके से उपर्युक्त सरकार को अदा किए जाने के लिए कहा जाएगा, आबद्ध है।

2. आज की तारीख . . . . .को हस्ताक्षर कर दिए गए और हमारी अलग अलग मोहरों से मोहर लगा दी गई।

3. जब कि संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (जिसे बाद में संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक कहा गया है जिसकी परिभाषा में फिलहाल वह व्यक्ति शामिल है जो उपर्युक्त संयुक्त/उपमुख्य नियंत्रक का कार्य देख रहा है, को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय की अधिसूचना (यथा संशोधित राजस्व विभाग सं.-117/मिसिल सं. 602/14/79 डी. बी. के. दिनांक 9-6-1978 यथा संशोधित) के अन्तर्गत जारी किए गए शुल्क छूट हकदारी प्रमाण पत्र सं. . . . . दिनांक. . . . . . .में विशिष्टकृत माल के आयात के लिए स्वीकृति दी गई है, वहां इसके बाद उसे कुछ नियम एवं शर्तों पर अग्रिम लाइसेंस सं. . . . . .दिनांक. . . . . . से बन्ध पत्र का निष्पादन करेगा जो नीचे दी गई है :

4. और जब कि उपर्युक्त अधिसूचना की एक शर्त में यह व्यवस्था भी है कि आयातक ऐसी शर्तों के साथ निर्धारित तरीके से बन्ध पत्र का निष्पादन करेगा जो नीचे दी गई है :—

5. अब उपर्युक्त लिखित बाण्ड की शर्तें ऐसी हैं कि :

(क) यदि उपर्युक्त आयातक विषयाधीन लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/या सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा माल के संभरण के मद्दे भारत में प्रथम प्रेषण के आयात की निकासी की तारीख . . . . .महीनों के या ऐसे और समय के भीतर जो उसको प्रदान किया गया हो, उपर्युक्त शुल्क छूट हकदारी प्रमाण पत्र में विशिष्टकृत किए गए के अनुसार और उपर्युक्त अधिसूचना के अन्तर्गत यथा अपेक्षित जो सुलभ सन्दर्भ के लिए यहां नीचे लिखा हुआ है (जिसे बाद में "परिणामी उत्पाद" के रूप में कहा गया है) और जो उपर्युक्त लाइसेंस की शर्तों और शुल्क छूट हकदारी प्रमाण-पत्र (यदि स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में और भूटान में अदा नहीं किया गया हो तो नेपाल या अफगानिस्तान में से किसी भी स्थान को छोड़कर) के अनुसार भारत से बाहर परिणामी उत्पाद के तदनुसार माल का निर्यात करता है और उपर्युक्त अधिसूचना में उल्लिखित बाकी सभी उन शर्तों को पूरा करता है जिनके अधीन सीमा शुल्क समाहर्ता द्वारा माल की निकासी स्वीकृत की गई है।

(ख) यदि उपर्युक्त आयातक और/या जमानती निर्यात आभार को पूरा करने के लिए उपर्युक्त अवधि की समाप्ति की तारीख से एक महीने के भीतर संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक को यथा अपेक्षित उपर्युक्त शुल्क छूट हकदारी प्रमाणपत्र सभी 'भागों' के साथ जो विधिवत् भरा हुआ हो और पृष्ठांकित और हस्ताक्षरित किया हुआ हो सौंप देगा या सौंपे जाने का मामला है।

6. तब उपर्युक्त बांड शून्य समझा जाएगा और उसका कोई प्रभाव नहीं रहेगा। अन्यथा बांड बल, क्षमता और प्रभाव से लागू रहेगा।

7. और एतद् द्वारा यह भी घोषित किया जाता है कि:—

(क) उपर्युक्त लिखित बांड निर्यात आभार की अवधि की समाप्ति की तिथि से एक वर्ष. . . . . की अवधि के लिए लागू रहेगा।

(ख) आयात के खिलाफ उपर्युक्त बांड शर्त को लागू करते हुए सरकार की ओर से कोई भी सहिष्णुता या त्रुटि या इससे सम्बन्धित आयातक की सरकार द्वारा किसी सेवार्थ मंजूर किया जाने वाला कोई भी समय जमानती को मुक्त नहीं करेगा।

(ग) यह बांड उस अधिनियम के निष्पादन के लिए केन्द्रीय सरकार के आदेशों के अन्तर्गत दर्ज किया गया है जिस में सार्वजनिक हित निहित है।

(घ) (1) इस बांड के अंतर्गत देय कोई भी सीमा शुल्क कर और सहायक सीमा शुल्क कर किसी अन्य प्रकार की जाने वाली वसूली को ध्यान में रखे बिना ही सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 142 की व्यवस्थाओं के अनुसार और/या आयातक को देय किसी भी नकद सहायता से वसूल किया जाएगा;

और

(घ) (2) जहां वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 58-आई. टी. सी. (पी. एन.)/82 दिनांक 11 दिसम्बर, 1982 के अधीन अग्रिम लाइसेंस के मद्दे आयात के लिए अनुमेय माल सेल के माध्यम से प्राप्त किया जाता है और

लाइसेंसधारी, लाइसेंस पर लगाए गए निर्यात आभार को पूरा करने में असमर्थ हो जाता तो मांग किए जाने पर तुरन्त ही लाइसेंसधारी द्वारा प्राप्त की गई उन मदों के लिए देय सीमा-शुल्क और अतिरिक्त कर के बराबर धनराशि का भुगतान सेल को करना पड़ेगा यदि वे मदें आयात कर ली गई होती। यह कानून में प्रदान वसूली के किसी भी तरीके और या लाइसेंसधारी को भुगतान योग्य किसी भी नकद क्षतिपूर्ति की धनराशि को ध्यान में रखे बिना होगा।

(ख) बाद की धनराशि का भुगतान उपर्युक्त आयात के किसी ऐसी अन्य कार्रवाई के उत्तरदायित्व पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा जो वर्तमान समय में लागू कानून के अन्तर्गत की जा सके।

परिशिष्ट—38 (क्रमशः)

छूट प्राप्त माल

क्रम सं०	विवरण		किस्म
तकनीकी विशेषताएं	सीमाएं मात्रा	(अधिकतम) लागत बीमा भाड़ा मूल्य	

परिणामी उत्पाद

क्रम सं०	विवरण		किस्म
तकनीकी विशेषताएं	मात्रा	लागत बीमा भाड़ा मूल्य	

जिसकी साक्षी में नीचे अंकित पार्टियों द्वारा प्रथम उपर्युक्त लिखित——
————महीने———— ——वर्ष की ————————तारीख को
यह बांड विधिवत निष्पादित किया गया है।

————————————की उपस्थिति में———————— आयातक द्वारा और उनकी ओर से हस्ताक्षरित और मोहर लगा कर सौंप दिया गया।

*साक्षियों को अपना पेशा और पता भी देना चाहिए

1.* ————————
2. ————————

————————————की उपस्थिति में ————————
पर जमानती द्वारा और उसकी ओर से हस्ताक्षरित मोहर लगा कर सौंप दिया गया।

1 ————
2. ————

भारत के राष्ट्रपति के लिए और
उनकी ओर से स्वीकृत
प्राधिकृत अधिकारी का पदनाम

*यह अग्रिम लाइसेंस के मूल्य के 50 प्रतिशत या 25 प्रतिशत या लगाए जाने योग्य सीमा शुल्क कर के बराबर धन राशि, इन में जो भी अधिक हो, उसके बराबर होना चाहिए।

अग्रिम लाइसेंस के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए कानूनी समझौते का प्रपत्र

आज दिनांक. . . .198 को . . . . . .(जिनका इसके बाद "आयातक" के रूप में उल्लेख किया गया है, जिसकी परिभाषा में उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती शामिल होंगे) एक पक्ष और भारत के राष्ट्रपति जिनका इसके बाद "सरकार" के रूप में उल्लेख किया गया है, जिसकी परिभाषा में सरकार में उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती शामिल होंगे) द्वितीय पक्ष के बीच - - - - - - रुपये के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के कच्चे माल और संघटकों के आयात के लिए एक समझौता हुआ।

जबकि आयातकों ने - - - - - - - - रुपए के लागत-बीमा भाड़ा-मूल्य के कच्चे माल और संघटकों के आयात के लिए अग्रिम लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/ रिहाई आदेश सं. - - - - - - दिनांक - - - - - - प्राप्त कर लिया है।

और जबकि आयातक ने सीमा शुल्क आदि चुकाए बिना अग्रिम लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश में उल्लिखित - - - - - - रुपए मूल्य के कच्चे माल और संघटकों का आयात करने के लिए शुल्क छूट हकदारी प्रमाणपत्र सं. - - - - - - -दिनांक - - - - - - -भी प्राप्त कर लिया है। और जबकि उक्त अग्रिम लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश की एक शर्त के रूप में सरकार ने यह निर्धारित किया है कि भारत में माल की प्रथम खेप का आयात हो जाने की तिथि से- - - - - -महीनों की अवधि के भीतर या जब तक सरणीबद्ध अभिकरण उत्पाद अर्थात् . . . . का निर्यात करके विषयाधीन लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश के मद्दे माल के सभरण का समय दें ऐसे समय के भीतर - - - - - - -आयातक को - - - - - -रुपए की सीमा तक विदेशी मुद्रा कमानी होगी।

अब यह समझौता निम्नलिखित बातों के लिए साक्षी प्रदान करता है :—

1. आयातक - - - - - - - - का निर्यात करके यथा-पूर्वोक्त - - - - - - महीनों की अवधि के - - - - - - भीतर - - - - - - रुपए जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की विदेशी मुद्रा कमाएगा। (यदि अग्रिम लाइसेन्स/रिहाई आदेश/सीमा शुल्क निकासी परमिट सं. - - - - - - का उक्त आयातक द्वारा पूर्णरूपेण उपयोग न किया गया तो उसी अनुपात में निर्यात आभार कम कर दिया जाएगा)। भूटान को किए गए निर्यात, निर्यात आभार से छुटकारे के लिए उसी प्रकार पात्रता प्रदान नहीं करेंगे जिस प्रकार अफगानिस्तान और नेपाल को स्वतंत्र विदेशी मुद्रा के मद्दे किए गए भुगतान से भिन्न प्रकार से किए गए निर्यात, निर्यात आभार से छुटकारे के लिए पात्रता प्रदान नहीं करते हैं।

2. आयातक निर्यात आभार की उक्त अवधि की समाप्ति से एक महीने के भीतर निर्धारित माल, उसकी मात्रा और जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और निर्यात के देशों का ब्यौरा देते हुए किए गए निर्यात के साक्ष्य के रूप में विधिवत् भरा हुआ एक शुल्क छूट हकदारी प्रमाणपत्र संबद्ध संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को प्रस्तुत करेगा।

3. पूर्वोक्त निर्यात आभार की अवधि की समाप्ति से 6 महीनों के भीतर आयातक निर्यात आभार को पूर्ण करने में - - - - - - - को किए गए निर्यातों के मद्दे विदेशी मुद्रा की वसूली को प्रदर्शित करते हुए मूल रूप में बैंक प्रमाणपत्र और अन्य ऐसे दस्तावेज जो इस समझौते की शर्तों को पूर्ण करने में अर्जित विदेशी मुद्रा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में संयुक्त/उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा मांगे जाए, इन सम्बद्ध, संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को प्रस्तुत करेगा।

4. यदि आयातक यथापूर्वोक्त वचनबद्ध निर्यात आभार को पूर्ण करने में असफल रहेगा तो वह सम्बद्ध संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, या मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात , नई दिल्ली द्वारा अनुदेश प्राप्त होने पर निर्धारित निर्यात आभार और वास्तविक निर्यात के बीच के

अन्तर के बराबर मात्रा और जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के परिणामी उत्पाद को राज्य व्यापार निगम को या सरकार (मुख्य नियंत्रक, आयात - निर्यात) द्वारा नामित अन्य अभिकरण (जिसका आगे अभिकरण के रूप में उल्लेख किया गया है) को ऐसी कीमतों पर निर्यात के लिए देगा जो कि अभिकरण द्वारा विदेशों से प्राप्त की जा सकें। इसके साथ ही साथ आयातक सीमा शुल्क को वह धनराशि भी सीमा शुल्क प्राधिकारी को चुकाएगा जो इसके द्वारा निर्यात न किए गए उत्पाद के समरूप छूट प्राप्त माल पर उपयुक्त समय में चुकाई जानी थी। इसके अतिरिक्त आयातक - - - - - - रुपए की धनराशि (यह निर्यात आभार के 5% के बराबर होगी और अधिक से अधिक 5 लाख रुपए होगी) "निर्णीत हानि" के रूप में अभिकरण को चुकाएगा। अभिकरण (निर्यात करने के बाद और पूर्वोक्त उत्पादों की बिक्री की रकम की यथासम्भव शीघ्र वसूली के बाद) ऐसे खर्चे (अपने सामान्य कमीशन सहित) जो उसके द्वारा किए गए हों और जो इस समझौते के अंतर्गत आयातक से वसूल करने योग्य हों उनको घटा कर ऐसे निर्यातों पर कमाई गई कुल विदेशी मुद्रा के बराबर रुपए आयातक को देगा।

5. ऊपर उल्लिखित निर्धारित निर्यात आभार और वास्तविक निर्यातों के बीच के अंतर को निरुपित करते हुए जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और "निर्णीत हानि" के रूप में निर्यात आभार के 5% को निरुपित करते हुए धनराशि का निश्चय भी संयुक्त/उपमुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा, किया जाएगा और उक्त प्राधिकारी का निर्णय आयातक के लिए अंतिम और बाध्यकर होगा। मूल्य का निश्चय करते समय उक्त प्राधिकारी यदि आवश्यक समझेगा तो इस उद्देश्य के लिए मूल्य का निश्चय करने के समर्थन में आयातक को ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान करेगा जो वह प्रस्तुत कर सकता है।

6. यदि आयातक यथापूर्वोक्त वचनबद्ध निर्यात आभार को पूर्ण करने में असफल रहता है, और यदि ऐसा आभार सरकार के किसी कानून, आदेश, घोषणा, विनियम या अध्यादेश के कारण रोक न दिया गया हो या उसमें विलम्ब न हो गया हो तो सरकार आयातक द्वारा उत्पादित माल या आयातित कच्चे माल में से जो भी हो उसको अधिकार में लेने के लिए स्वतंत्र है और उसको उस तरीके से और उस कीमत पर बेचने/वितरण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर सकती है जो उसके द्वारा निश्चित की जाए और इसके साथ-साथ इस समझौते के अनुसार "निर्णीत हानि" की धनराशि वसूल कर सकती है। आयातक को आयात किए गए परन्तु निर्यात के लिए उपयोग न किए गए माल पर सीमा शुल्क भी चुकाना होगा। इस समझौते के अन्तर्गत वसूल करने योग्य कोई भी सीमा शुल्क किसी भी अन्य वसूली को ध्यान में रखे बिना सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के खण्ड 142 के प्रावधानों के अनुसार वसूल किया जाएगा और/या आयातक को चुकाने योग्य नकद सहायता में से वसूल किया जाएगा।

7. इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा जारी किया गया कोई भी आदेश अन्तिम और अनिवार्य होगा और आयातक उस आदेश को बिना शर्त अनुपालन करने का वचन लेता है।

8. इस दस्तावेज पर या इसके अधीन निष्पादित किसी भी दस्तावेज पर चुकाया जाने वाला स्टाम्प शुल्क आयातक द्वारा वहन किया जाएगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप इस पर- - - - - - - की सामान्य मुद्रा लगा दी गई है तथा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से श्री - - - - - - - - - - - - - - - - - - ने इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसमें उल्लिखित नाम के आयातक की सामान्य मोहर इनकी उपस्थिति में लगाई गई है।

(1) श्री - - - - - - - - - - - - - - - - -

(1) - - - - - - - - - - - - - - - - -

हस्ताक्षर

(निवास स्थान का पता)

संचालक और (2) श्री - - - - - - - - - - - -

(2) - - - - - - - - - - - - - - - - - -

(निवास स्थान का पता)

संचालक जो- - - - - - - - -को हुई कम्पनी की बैठक में पारित कम्पनी के- - - - - - - - -संचालक बोर्ड के संकल्प द्वारा इस उद्देश्य के लिए विधिवत् प्राधिकृत किए गए हैं और जिन्होंने निम्नलिखित की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए हैं :—

1. — — — — — — — — — — — — — (नाम, पदनाम और पता)
2. — — — — — — — — — — — — — (नाम, पदनाम और पता)

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित की उपस्थिति में हस्ताक्षरित :—

1. - - - - - - - - - - - - - - - —(नाम, पदनाम और पता)
2. - - - - - - - - - - - - - - - (नाम, पदनाम और पता)

छूट प्राप्त माल

क्रम सं०	विवरण	किस्म	तकनीकी विशेषताएं	सीमा मात्रा	(अधिकतम) लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य

परिणामी उत्पाद

क्रम सं०	विवरण	किस्म	तकनीकी विशेषताएं	मात्रा	लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य

परिशिष्ट-39

[भारत के राजपत्र के भाग 2, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में प्रकाशनार्थ दिनांक 2-8-1975]

भारत सरकार

जहाजरानी और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन खण्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 15 जुलाई 1975

अधिसूचना

(व्यापार पोत)

का. आ. 2473—व्यापार पोत अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 101 की उपधारा (2) के खण्ड (छ) के अनुसरण में और भारत सरकार के भूतपूर्व परिवहन और नौवहन मंत्रालय (परिवहन खण्ड) की अधिसूचना जो दिनांक 21 जून, 1967 के सा. आ. सं. 2169 के अन्तर्गत प्रकाशित हुई थी के अधिक्रमण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित रसद का माप नियत करती है जो न्यूनतम माप होगा और जो पहली मार्च, 1975, से भारत सरकार द्वारा स्वीकृत करार नियमावली के आधार पर जहाजों में कार्यरत नाविकों को दिया जाएगा।

अनुसूची

भारतीय करार नियमावली (विदेश गामी) पर हस्ताक्षर करने वाले नाविकों के लिए रसद का संशोधन माप :

1. चावल (क)	प्रतिदिन	350 ग्राम
2. आटा तथा रोटी (जब व्यवहार्य हो तो रोटी प्रतिदिन उपलब्ध की जाएगी (ख)	प्रतिदिन जिसमें से 80 ग्राम आटा होगा	160 ग्राम
3. दाल-तोर, मूंग, मसूर अथवा मटर की दाल (क)	प्रतिदिन	80 ग्राम
4. ताजा मछली (साबुत)-जहां उपलब्ध हो भिन्न भिन्न प्रकार की मछली दी जाएगी—सप्ताह में 6 दिन (ग)	प्रतिदिन	110 ग्राम
5. ताजा मांस (हड्डियों तथा साधारण चर्बी सहित—चर्बी 7 वें भाग से अधिक न हो—सप्ताह में 6 दिन) (घ)	प्रतिदिन	170 ग्राम
6. सब्जियां (ङ)	प्रतिदिन	345 ग्राम
7. खाद्य तेल (च)	प्रतिदिन	25 ग्राम
8. घी (एगमार्क अथवा अन्य किसी अच्छे किस्म का)	प्रतिदिन	45 ग्राम
9. शोरबा (छ)	प्रतिदिन	25 ग्राम
10. इमली अथवा कोकम	प्रतिदिन	10 ग्राम
11. नमक	प्रतिदिन	25 ग्राम
12. अचार अथवा चटनी	प्रतिदिन	15 ग्राम
13. मक्खन	प्रतिदिन	20 ग्राम
14. जाम	प्रतिदिन	10 ग्राम
15. चाय तथा/अथवा काफी (ज)	प्रतिदिन	10 ग्राम
16. चीनी	प्रतिदिन	40 ग्राम
17. संघटित दूध	प्रतिदिन	35 ग्राम
18. चूजे सप्ताह में एक बार (साफ किया हुआ)	प्रतिदिन	225 ग्राम
19. अण्डे	प्रतिदिन	1
20. फल (सप्ताह में 6 दिन) (झ)	प्रतिदिन	एक पूरा टकड़ा अथवा 115 ग्राम
21. आइसक्रीम—सप्ताह में एक बार (इसके न दिए जाने पर फल दिया जाएगा)	प्रतिदिन	115 ग्राम
22. नीबू रस	प्रतिदिन	15 ग्राम
23. पानी	साप्ताहिक	28 क्वार्टस
टेंकरों के लिए ताजा दूध (समांगीकृत अथवा अत्याधिक गर्म किया हुआ)		1 पन्ट

टिप्पणी :—

जब कोई नाविक बीमार हो और छुट्टी पर हो उसे बिस्कुट चाय अथवा काफी और चीनी, अरारोट अथवा साबूदाने के साथ जैसी आवश्यकता हो, दी जाएगी।

(क) खराब मौसम में जब चावल और दाल न पकाया जा सके तो उसके स्थान पर 185 ग्राम बिस्कुट तथा 60 ग्राम अतिरिक्त चीनी दी जायेगी।

(ख) जब रोटी न दी जाये तो 160 ग्राम आटा दिया जायेगा।

(ग) जब ताजा मछली न मिले तो ताजा मछली के स्थान पर डिब्बा बन्द मछली अथवा हैरिंगज मछली का आधार 1:2 के अनुपात में दिया जायेगा।

(घ) उन नाविकों को जो गोमांस अथवा सूअर का गोश्त न खायें भेड़ बकरे का मांस दिया जायेगा।

(ङ) 345 ग्राम में से 115 ग्राम आलू, 115 ग्राम प्याज, 115 ग्राम सेम, बेंगन, अंकुर, गोभी बन्दगोभी, फूल गोभी, भिण्डी, लाल मिर्च अथवा मटर जैसी ताजी सब्जी अथवा विविधता लाने के लिए अन्य उपयुक्त सब्जियां दी जायेंगी। जहां तक हो सके टमाटर सप्ताह में कम से कम एक बार दिए जाए। एक ही सब्जी लगातार दो दिनों से अधिक बार नहीं दी जायेगी। जब ताजी सब्जियां उपलब्ध न हो सूखी सब्जियां 1:4 अनुपात में दी जा सकती है।

(च) बम्बई के नाविकों के लिए तिल अथवा कार्डय का तेल, कलकत्ता के नाविकों के लिए जब उपलब्ध हो सरसों का तेल अन्यथा नारियल का अथवा मूंगफली का तेल।

(छ) 25 ग्राम शोरबा में से 18 ग्राम लाल मिर्च, धनिया, हल्दी, सरसों सूखा अथवा हरा लहसुन, निर्जलीय अथवा सूखी गरी तथा 7 ग्राम गरम मसाला, अर्थात दाल-चीनी, लौंग, इलायची, सफेद जीरा, काली मिर्च, खसखस, जायफल तथा जावित्री होगी। जब ताजी गिरी उपलब्ध हो तो वह सूखी या निर्जलीय गिरी के स्थान पर दी जायेगी।

(ज) जब चूर्ण काफी की अपेक्षा तैयार काफी दी जाये तो इसका अनुपात 1:4 का होना चाहिए।

(झ) जब पपीता, तरबूज आदि जैसे बड़े फल दिये जायें तो वह 115 ग्राम हों।

(ञ) जहां ताजा दूध नहीं दिया जाता वहां सप्ताह में 100 ग्राम सुखाया हुआ दूध दिया जायेगा।

(ट) ऐसी अवधि के दौरान जब नौवहन, महानिदेशक द्वारा खाद्यान्न की कमी घोषित की जाये, जब अपेक्षित मात्रा में चावल उपलब्ध न हो तो चावल की प्रतिदिन की मात्रा में से 25 ग्राम कम कर दिये जायें और उनकी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रतिदिन अन्य मदों की मात्रा में यथा निम्नलिखित वृद्धि कर दी जायेगी :

10 ग्राम ताजी मछली अथवा

5 ग्राम मांस, अथवा

50 ग्राम सूखी सब्जी अथवा

25 ग्राम ताजी सब्जी

(ठ) जब खाद्य सामग्री, बन्द डिब्बों में दी जाये तो नाविक उपरोक्त के अनुसार मानक डिब्बों में निकटतम ग्राम वजन स्वीकार करेंगे।

शीत मौसम माप

*शीत मौसम में अतिरिक्त 10 ग्राम चाय तथा/अथवा काफी, 10 ग्राम चीनी और 5 ग्राम संघटित दूध प्रतिदिन दिया जाएगा। शीत मौसम में नीबू का रस नहीं दिया जायेगा।

"शीत मौसम" में वह माप

(1) अक्तूबर से मार्च महीने तक की अवधि में उत्तरी गोलार्ध में तथा एटलांटिक समुद्र में 30° एन के उत्तर तथा अन्य किसी जगह 24° एन के उत्तर में।

(2) मई से सितम्बर तक की अवधि में दक्षिणी गोलार्ध में तथा 30° एस के दक्षिण में लागू होगा।

(सं. एम. एस. ई. (9)/75 एम. टी.)

ह. दीवान चन्द महीर

अवर सचिव, भारत सरकार

परिशिष्ट-40

कीटनाशी दवाइयों का ब्यौरा देने के लिए प्रपत्र

खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत अथवा लाइसेन्स के मद्दे भुगतान करके अथवा मुफ्त नमूने के रूप में अथवा अन्यथा रूप से कीटनाशी दवाइयों का आयात करने वाले किसी भी व्यक्ति को सीमा शुल्क के माध्यम से निकासी के 15 दिनों के भीतर कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली के अधीन पौधा संरक्षण सलाहकार, फरीदाबाद को निम्नलिखित ब्यौरों से सूचित करना चाहिए :—

(1) आयातक का नाम।

(2) विनिर्माता का नाम।

(3) संभरक का नाम

(4) तकनीकी श्रेणी की सामग्री के नाम सहित कीटनाशी दवाई का नाम एवं उसका प्रतिशत।

(5) मात्रा

(6) लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

(7) आयात का पत्तन।

(8) सुपुर्दगी/निकासी लेने की तिथि।

(9) पंजीकरण समिति/पी.पी.ए. द्वारा जारी की गई उनकी पंजीकरण संख्या/अनुमति का सन्दर्भ।

(10) लाइसेन्स की सन्दर्भ संख्या।

(11) लाइसेन्स का मूल्य।

(12) यदि खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत आयात किया गया है तो सम्बद्ध खुले सामान्य लाइसेन्स की संख्या एवं तिथि बताएं।

(13) यदि लाइसेन्स का पहले उपयोग किया गया था तो पिछले पत्राचार का सन्दर्भ दें।

दिनांक :

हस्ताक्षर . . . .

साफ अक्षरों में नाम . . . .

वर्तमान पद . . . .

परिशिष्ट-41

देशी माल की रिहाई सूचना का प्रपत्र

देशी उत्पादक का नाम . . . .

निर्गमन का कार्यालय . . . .

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

. . . . का कार्यालय

सं. . . . . दिनांक . . . .

सेवा में,

सर्वश्री . . . .

(आवेदक का नाम तथा पता)

रिहाई सूचना सं. . . . .

विषय :—देशी उत्पादक सर्वश्री . . . . द्वारा

(नाम तथा पता)

1983-84 की आयात-निर्यात नीति की कण्डिका 117 में किए गए प्रावधानों के अनुसार सर्वश्री . . . . के नाम में

(नाम तथा पता)

जारी किए गए आयात लाइसेन्स सं. . . . . . . के मद्दे . . . . का संभरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आप के आवेदन पत्र/पत्र दिनांक . . . . के सन्दर्भ में मुझे यह कहना है कि आप नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार उपर्युक्त आयात लाइसेन्स के मद्दे देशी उत्पादित माल का संभरण प्राप्त आयात के लिए सर्वश्री . . . . से सम्पर्क स्थापित करें :—

क्रम संख्या	माल का विवरण	मात्रा		मूल्य	
		अंकों में	शब्दों में	अंकों में	शब्दों में
1	2	3	4	5	6
1					
2.					
3.					
4.					

2. यह रिहाई सूचना उपर्युक्त ब्यौरों के अनुसार माल का संभरण प्राप्त करने के लिए उक्त उल्लिखित देशी उत्पादक को मूल रूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

3. यह रिहाई सूचना जारी होने की तारीख से छः मास की अवधि के लिए वैध होगी।

4. इस रिहाई सूचना के धारक द्वारा प्राप्त माल उन्हीं शर्तों के अधीन होगा जो उस आयात लाइसेन्स के लिए लागू है जिस के मद्दे यह रिहाई सूचना जारी की गई है।

5. सीमा गुणक मूल्य होगा या मात्रा तथा मूल्य दोनों उन मामलों में होगा जहां इन दोनों का संकेत किया गया है।

भवदीय,

नियंत्रक, आयात—निर्यात

कृते उप मुख्य/संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात—निर्यात

सील . . . . .

टिप्पणी 8—सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि उपर्युक्त माल के विवरण में दर्शाया गया मूल्य और मात्रा लाइसेंस में निर्धारित शर्तों के अनुसार है।

सर्वश्री . . . . को
(देशी उत्पादक का नाम तथा पता)

आवश्यक कार्रवाई के लिए।

नियंत्रक, आयात—निर्यात

पृष्ठांकन सं. . . . . दिनांक . . . . .

कृते उप-मुख्य/संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात—निर्यात

उपर्युक्त रिहाई सूचना के अधीन संभरित माल का विवरण

क्रम संख्या	माल का विवरण	संभरित मात्रा		संभरित माल का मूल्य	
		अंकों में	शब्दों में	अंकों में	शब्दों में
1	2	3	4	5	6
1					
2.					
3.					

हम उपर्युक्त ब्यौरों के अनुसार माल के संभरण की पुष्टि करते हैं।

हस्ताक्षर . . . .
(देशी उत्पादक का नाम तथा पता)

हम उपर्युक्त ब्यौरों के अनुसार माल की प्राप्ति की पुष्टि करते हैं।

हस्ताक्षर
(रिहाई सूचना के धारक का नाम तथा पता)

परिशिष्ट 42

100 प्रतिशत निर्यात अभिमुख एककों के लिए कानूनी करार का प्रपत्र

वाणिज्य मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) के संकल्प सं. 8(15)/78-ई. पी. दिनांक 31-12-80 में यथा परिभाषित 100% निर्यात अभिमुख एकक मर्वश्री . . . . जो इस करार का पक्ष है जिसका पंजीकृत कार्यालय . . . . में स्थित है (जिसे इसके बाद "एकक" कहा जाए जिसकी अभिव्यक्ति में इसके उत्तराधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हैं) और भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसके बाद "सरकार" कहा जाए जिसकी अभिव्यक्ति में उनके उत्तराधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हैं) जो दूसरा पक्ष है के बीच दिनांक . . . . . 198 को एक करार किया गया।

जबकि सरकार ने पत्र सं. . . . . दिनांक . . . . के अनुसार एकक को . . . . का विनिर्माण करने के लिए 100% निर्यात अभिमुख एकक स्थापित करने के लिए बता दिया है और एकक ने अपने पत्र संख्या . . . . दिनांक . . . . के अनुसार उक्त नियम तथा शर्तों को विधिवत् स्वीकार कर लिया है।

और जबकि एकक को संयंत्र मशीनों और उपकरण के आयात के लिए . . . . रुपए के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए लाइसेंस सं. . . . . . . दिनांक . . . . .और कच्चे माल, संघटकों तथा उपभोज्य सामग्री के आयात के लिए . . . . . रु. के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए आयात लाइसेंस सं. . . . . दिनांक . . . . प्रदान कर दिए गए हैं।

और जबकि एकक को पूंजीगत माल, कच्चे माल और संघटकों आदि के आयात के लिए आयात कर से छूट देते हुए आयात करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

और जबकि एकक को बिना किसी केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान किए . . . . रुपए मूल्य के लिए देशी पूंजीगत माल, संघटकों और कच्चे माल की खरीद के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है।

और जबकि एकक को प्रदान किए गए लाइसेन्स की एक शर्त के अनुसार सरकार ने यह निर्धारित किया है कि एकक को . . . . की अवधि से . . . . की अवधि तक के वर्षों के दौरान अपने निर्यात उत्पाद का 100 प्रतिशत उत्पादन/निर्यात करके विदेशी मुद्रा अवश्य रूप से अर्जन करनी चाहिए जो कि सरकार द्वारा स्वीकृत निश्चित अवधि के पूर्ण होने के पहले दिन से लागू होगी (जिसे इसके बाद "निर्धारित तिथि" कहा जाए) और जिसमें . . . . प्रतिशत की कटौती भी शामिल होगी।

अब करार इस प्रकार से होगा

1. एकक . . . . अवधि से . . . . . . तक की अवधि के वर्षों के दौरान अपने . . . . . . उत्पादन का 100% निर्यात करके विदेशी मुद्रा का अर्जन करेगा और यह अवधि यथा-उल्लिखित उत्पादन के . . . . प्रतिशत की कटौती के लिए स्वीकृति प्रदान करने की निर्धारित तिथि से गिनी जाएगी। भूटान को किए गए निर्यात, निर्यात आभार के विमोचन के लिए पात्र नहीं होंगे और इस प्रकार यदि अफगानिस्तान और नेपाल को भी मुक्त विदेशी मुद्रा में भुगतान से भिन्न निर्यात किए जाएंगे तो वे भी पात्र नहीं होंगे। यह निर्यात आभार एकक पर और किसी भी आधार पर लगाए गए या लगाए जाने वाले किसी भी निर्यात आभार के अतिरिक्त होगा।

2. एकक 100 प्रतिशत निर्यात के लिए उत्पादन होने की तारीख से एक महीने के भीतर इसकी सूचना संबद्ध संयुक्त/उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को देगा।

3. एकक तीन मास की अवधि के भीतर जो कि वित्तीय वर्ष के पहले दिन से लेकर निर्यात उत्पादन को आरंभ करने के बाद से होगी, संयुक्तमुख्य/उप-मुख्य नियंत्रक को एक मूल प्रमाण-पत्र और उक्त प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा जिसमें एकक द्वारा डोमेस्टिक टैरिफ एरिया से किए गए आयातों/निर्यातों और बिक्री के ब्यौरे भी निम्नलिखित अवधि के दौरान भेजे जाएंगे।

(क) (1) पूंजीगत माल, संयंत्र, मशीनरी और उपकरण और (2) कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्य सामग्री की मात्रा, विशिष्टिकरण तथा लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

(ख) देशी उत्पादित (1) संयंत्र, मशीनरी और उपकरण और (2) कच्चे माल संघटकों एवं उपभोज्य सामग्री की मात्रा, विशिष्टिकरण तथा मूल्य।

(ग) . . . . .के निर्यात की मात्रा विशिष्टिकरण और लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य

एकक इसी प्रकार के प्रमाण-पत्र और अन्य दस्तावेज उक्त प्राधिकारी को . . . . वर्षों की अवधि के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में प्रत्येक वर्ष भेजे जाएं

